वंशभास्कर

श्रीबुन्दीशाश्रित महाकवि मिश्रण

सूर्यमल्ल

विरचित

चतुर्थभाग

शाहपुरा के पोलपात्र श्रीमान् मरुधराधीशों के आश्रित तथा
राजराजेश्वर मरुधराधीश श्रीसरदारसिंहजी बहादुर के
पितृपक्ष महाराजधिराज कर्नल सर श्रीप्रतापसिंहजी
के कृपापात्र शोदा बारहठ

कृष्णसिंहजी
विरचित उदधिमंथिनी
टीका सहित

जिसको

कविराजाजी श्री मुरारिदानजी की
सहायता से
दाधीच आसोपा पंडित बलदेवात्मज पंडित
रामकर्ण-श्यामकर्ण शर्मा ने
शोधकर

॥ ओ३म् ॥

॥ भूमिका ॥

मूकं करोति वाचालं, पङ्गुं लंघयते गिरीम् ॥
यत्कृपा तमहं वन्दे, परमानन्दमाधवम् ॥ १ ॥

क्या महिमा है उस जगदाधार, सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की कि जो अपनी कृपा से मूक (गूंगे) को वाचाल और पंगु (पांगले) को पर्वत लांघनेवाला कर देता है, उस परमात्मा को नमस्कार करता हूं. अन्य विद्वान् इसके उदाहरण में "वाल्मीकि मुनि" और सूर्य के सारथि "अरुण" को मानते हैं, परन्तु इस स्थान पर मैं तो मुझही को उदाहरण रूप मानता हूं कि जिसकी कृपा से पक्षाघात जैसी असाध्य बीमारी आदि विघ्नों रूपी अग्नियों को लांघकर, इस वंशभास्कर रूपी समुद्र के पार लगा चाहता हूं, यह उसी सर्वशक्तिमान् दयालु परमेश्वर की दया का फल है कि मेरे जैसा अल्पज्ञ पुरुष ऐसे कठिनतम ग्रन्थ की टीका में पार लगसके, इसीकारण उपरोक्त श्लोक में मैंने अपनेतई उदाहरण माना है ॥

अभी इस ग्रन्थ के पांच चरित्र, जिनमें डेढ राशि पर टीका बनाना बाकी है, इस अवस्था में अपने को कृतकार्य मान लेना अनुचित है, परन्तु साढे छ राशि पर टीका बन चुकी जिसमें अनेक विद्या विषय और अनेक अप्रयुक्त गूढ इतिहास आचुके, जिनका यथार्थ विवरण और उचित समालोचना करके यथाशक्ति टीका कर दी गई, अब आगे के पांच चरित्रों में कोई कठिन विषय नहीं है, केवल रामसिंह चरित्र में वेदान्तादि कुछ विद्या विषय अवश्य हैं परन्तु वे अतिगहन नहीं हैं, और इतिहास में भी समीप का समय होने के कारण भ्रम नहीं है, इसकारण से आगे की डेढ राशि को विद्वान् लोग सुगमता से समझ सके हैं, इसीकारण मैंने अपने को कृतकार्य माना है. इसमें इतना कथनीय अवश्य है कि आगे के पांच चरित्रों में "बुधसिंह चरित्र" और "उम्मेदसिंह चरित्र" इन दोनों में शब्दालंकार अधिक होने के कारण शब्दार्थ में कठिनता अवश्य है, इसी शब्दालङ्कार के कारण राजपूताना भर में ये दोनों चरित्र अधिक फैलेहुए हैं, जिनके समझने की सब ही का उत्कंठा है, परन्तु अनेक भाषाओं के अनेक अप्रचलित शब्दों के प्रयोग होने से उनके अर्थ समझने में पाठक फलीभूत नहीं होते, और शब्दों का यमक अत्युत्तम होने के कारण औपरसज्ञ होकर छोडना भी नहीं चाहते, इसकारण से हमारा भी विचार है कि स्वास्थ्य ठीक रहा और कोई अन्य बडा विघ्न उपस्थित नहीं हुआ तो इस ग्रन्थ के अन्य भागों की अपेक्षा इन दो चरित्रों की टीका विस्तारपूर्वक रचेंगे कि जिसके कारण किसी पाठक को किसी प्रकार

की काठिनता बाकी नहीं रहै, और काव्यरसज्ञों को पूर्णानन्द मिलने के कारण हम भी अपने परिश्रम को फलीभूत मानैं ॥

यहां पर हम को थोड़ी सी टीका स्वयं ग्रन्थकर्ता (सूर्यमल्ल) की रचीहुई मिलगई है जिसमें किसी प्रकार का हस्ताक्षेप नहीं करके ज्यों का त्यों यहां पर लिखदेते हैं, इसमें किसी किसी शब्द के अर्थ को ग्रन्थकर्ता ने सुगम समझकर छोडदिया है, जिनके अर्थ लिखने की आवश्यकता दिखाई देती है परन्तु जितने शब्द इसमें रहगये हैं उनके अर्थ ऊपर की टीका में आचुके हैं अथवा आगे की टीका में आजावेंगे, इस कारण इस टीका में किसीप्रकार का हस्ताक्षेप नहीं करना ही उचित समझकर " मक्षिकास्थाने मक्षिकां पातयतु " ही किया है. इस टीका के रचेजाने की कई किम्वदन्तियें प्रसिद्ध हैं, जिनमें प्रबल कथा यह मानी जाती है कि, जयपुर राज्य में पीपलिया नामक ग्राम के ठाकुर राजावत फूलसिंह ग्रन्थकर्ता (सूर्यमल्ल) का अत्यन्त कृपापात्र था जिसने एक दिन ग्रंथकर्ता से निवेदन किया कि, कवरसियापन से तो मुझको बुधसिंह चरित्र अत्यन्त प्यारा लगता है, परन्तु अर्थ में समझ नहीं पड़ने के कारण आनन्द नहीं आता, इस कारण आप कृपा करके इस पर टीका बनादेवें, इसीकारण ग्रन्थकर्ता ने यह टीका बनाई है इस प्रसिद्धि का कुछ कारण भी मिलता है, अर्थात् जयपुर राज्य के हणूंत्या नामक ग्राम के पालावत शाखा के चारण बालाबक्स को यह टीका पीपलिया के ठाकुर फूलसिंह राजावत के घर से ही मिली है जो कि स्वयं ग्रन्थकर्ता के घर में भी नहीं है, इस टीका के अपूर्ण रहने का कारण भी यही प्रतीत होता है कि जब तक फूलसिंह की प्रेरणा रही तभी तक ग्रन्थकर्ता ने यह टीका बनाई, और जब फूलसिंह की प्रेरणा मिटी तभी टीका का बनना छूटगया, इसीसे थोड़े से ग्रन्थ पर टीका बनकर अपूर्ण रहगई, यहां पर इतना सन्देह अवश्य होता है कि यदि टीका केवल फूलसिंह के कारण से ही बनती थी तो शब्दों के जितने प्रमाण इसमें दिये गये हैं इनके देने की क्या आवश्यकता थी और संस्कृत श्लोकों के अर्थ संस्कृत भाषा में लिखेगये हैं सो क्यों लिखेजाते क्यों कि फूलसिंह संस्कृत पढाहुआ नहीं था सो हमारे इस सन्देह का समाधान अभी तक नहीं हुआ है इसके उपरान्त यदि संस्कृत में टीका बनाई भी गई थी तो उसके नीचे फूलसिंह के समझने के लिये उसका भाषानुवाद भी कर देते सो नहीं है ॥

परन्तु इसमें संदेह नहीं कि यह टीका स्वयं ग्रन्थकर्ता (सूर्यमल्ल) की बनाईहुई है, इसकारण सर्वथा माननीय है, इसीकारण इसमें किसी प्रकार का हस्ताक्षेप नहीं करके हमारी रचीहुई टीका के बीच में इसको स्थान देते हैं, आगे जहां पर यह टीका समाप्त होवेगी तहां लिखादिया जावेगा कि ग्रन्थकर्ता की रची

हुई टीका यहां पर समाप्त होती है, इस बुधसिंह चरित्र के मंगलाचरण के श्लोक की ग्रन्थकर्ता ने संस्कृत में टीका की है परन्तु फिर ग्रन्थकर्ता ने ही मूल श्लोक के शब्दों को बदलदिये इसकारण उक्त श्लोक की वह टीका छोडकर इसका भाषानुवाद हमने किया है बाकी टीका ज्यों की त्यों लिखीजाती है यदि होसका तो संस्कृत श्लोकों की टीका संस्कृत में रचीहुई है जिसका सुगमतार्थ भाषानुवाद करदेवेंगे जिसको हस्ताक्षेप नहीं समझना चाहिये यह टीका हमको हणूंत्या के पालावत चारण बालाबख्स द्वारा मिली उस समय इस ग्रन्थ पर टीका करने का हमारा विचार नहीं था इसकारण उक्त टीका का पुस्तक देख कर पीछा बालाबख्स के पास भेज दिया था परन्तु फिर आवश्यकता होने पर वही पुस्तक सीकरराज्य के चंदपुरा नामक ग्राम के रतनू शाखा के चारण रामनाथ द्वारा पुनः प्राप्त हुआ. इन दोनों महाशयों का अत्यन्त उपकार मानकर धन्यवाद के साथ इस टीका का लिखना प्रारम्भ करते हैं ॥ विक्रमाब्द १९५८ द्वितीय श्रावण बदि २ शुक्रवार तारीख२ अगस्त सन्१९०१ ईसवी को प्रारम्भ किया ॥

ओ३म्

बुधसिंह चरित्र का सूचीपत्र

उम्मेदसिंहचरित्रका सूचीपत्र ॥

—※०※—

॥ ओ३म् ॥

अजितसिंहचरित्रका सूचीपत्र ॥

॥ विष्णुसिंहचरित्रकासूचीपत्र ॥

॥ ओ३म् ॥

॥ रामसिंहचरित्रका सूचीपत्र ॥

"यहां पुनरुक्ति होकर कथा का क्रम बिगड़ता है परन्तु इस काव्य के कर्ता मुरारिदान के पास से लिखाहुआ जैसा पुस्तक हम को मिला वैसा

चोथी४चंद्राउति गर्भदंग, इम चंद्रकुमरि१९७१४परन्यौं अभंग ॥
इन४में पहिली१के इक१सुताहि,उम्मेदकुमरि१जग कहत जाहि१५
इहनिके रनबिच बुद्धि एह, बुधसिंह१९७१२दपी जयसिंह गेह ॥
चोथी४तियके दूजी२सुता सु, इह रूपकुमरि२मृत सिसुहि आसु१६
इन चउ४न माँहिं तीजी३निवारि, पतिसंग जरी पटु निखिल३नारि
अनुजा दुव२दुव२खिल अनुज उक्त,हुव जे चउ४बालहि कालभुक्त

॥ दोहा ॥

अनुजा कुसलकुमारि१९७१अरु, कल्पानादि कुमारि१९७१२ ॥
अमर१९७१३बिजय१९७१४तिम नृप अनुज, चवे सिसुहि मृत च्यारि४
भावी सानुज भूपकी, व्याह १ प्रजा२दिकवत्त ॥
वर्त्तमान२पहुराम२०३१४बिधि, अब जानहु अनुरत्त ॥ १९ ॥

॥ पद्धतिका॥

इम लियउ बुद्ध पट्टाभिषेक्क, थपि राज्यअंग बासि हुकम एक ॥
सितरोमगुच्छ ढरि दुश्दिस सीस, कनकातपत्र भूषित महीस २०
आवाप१तंत्र२चिंतन उपेत, सुभ बल१बिदग्ध२धीसख३समेत ॥
पटुसंधि१यान२बिग्रह३बिलास, द्वैधा४ऽऽसन५आश्रय६गुनप्रकास
प्रभु१मंत्र२शक्ति उत्साह३पूर, सम चतु४रुपायसामर्थ्य सूर ॥ 　रे

इमलियउ इति ॥ बुद्ध बुधसिंह. राज्यअंग राज्य के अंग. सित श्वेत. रोमगु- न च्छ चामर ॥ " चामरो रोमगुच्छप्रकीर्णक " मितिहैमः ॥ द्विदिस दोऊ२ दि- र शा. भूसित शोभित. महीस मही पृथ्वी ताको ईश ॥२०॥ आवापतंत्रइति॥ व आवाप१शत्रु वश करिबे को चिन्तवन. तन्त्र२अपने देश की वृद्धि को चिन्त- ई वन ॥ "तन्त्रं स्वराष्ट्रचिन्ता स्यादावापस्त्वरिचिन्तन" मितिहैमः ॥ बल सेना. त तामें धीसख मंत्री. तिन सहित. संधि१, यान२, विग्रह३, द्वैध४, आसन५,आ- र श्रय६ ए छ गुण हैं। तिनके प्रकाश के विलास में पटु चतुर ॥२१॥ प्रभु इति॥ए, प्रभुशक्ति, मंत्रशक्ति, उत्साहशक्ति इनमें पूर पूर्ण. सम सहित। चतुरुपाय- क, साम१, दाम२, दंड३, भेद४, ए च्यारि उपाय तिन करिके. लुप्त तृतीया है प्रग इन सहित. सामर्थ्य में सूर. सविचार विचार सहित. व्यसन सप्तक७-
[illegible]

सबिचार व्यसन सप्तक७निषेधि, बानैत बान बिन लेत वेधि २२

बिधि च्यारि हेति कोविद बिनोद, चतु४रंग चक्र साधन समोद ॥

जुत धर्म्म१नीति२अवसर जमाय, लोकानुराग नयरीति लाय २३

इत्यादि रागगुन जोर जग्गि, बुधसिंह बढिय जनु अनिल अग्गि

हुव बिदित क्रित्ति दिसदिसन हाक, अकिबकि अराति रुकि बद-
न वाक ॥ २४ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दी पतिबुधसिंहचरित्रे बुधसिंहबुन्दीपट्टाधिवेशन १ बुधसिंहविवाहत त्संततिकथनं प्रथमो मयूखः ॥ १ ॥

आदित एकोनचत्वारिंशदुत्तरद्विशततमः ॥ २३९ ॥

॥ दोहा ॥

उदयनैर जयसिंह नृप, रानाँ अर्यमबंस ॥
तास बास तनुजा चतुर, भई इंदिरा अंस ॥ १ ॥

दु: ७५ाव यह सप्त७॥ लुप्त द्वितीया कहता है। बान बाण. लुप्त तृतीया ता करिके. विन बुन्दी पत्नी. तिनकों. द्वितीया बहुवचन में नकार ॥ या प्रकार सर्वत्र बोध्यम् ॥२२॥

विधि च्यारि इति ॥ विधि च्यारि ४ च्यार विधि के शस्त्र. मुक्त चक्रादि १, मम्बाअमुक्त खड्गादि२, मुक्तामुक्त कुन्तादि३, यन्त्रमुक्त बाणादि४, ए च्यार वि- बुन्दीधि के. हेति शस्त्र ॥ "हेतिः प्रहरणं शस्त्र" मितिहैमः॥ तिनके विनोद में कोवि- के पद चतुर ॥ प्राकृत में प्राय अविभक्तिक शब्द प्रयोग होते हैं। तहां अन्वय योज- महारनी विभक्ति सर्वत्र कर लेनी॥ चतुरंग४-हस्ती१,हय२,रथ३,पदाति४, ए अंग ति- नवारी. चक्र सेना ताको साधन रहै. नय न्याय ॥ २३ " राग इति ॥ राज राज्य. लाई जग्गि चमत्कृति व्हैकैं. जनु मानौं. अनिल पवन ताकरि. अग्गि अग्नि. क्रित्ति कीर्ति ॥

अहा अराति शत्रु. "अरातिमारातिमथ" द्विरूपकोशे॥ वाक वाणी ॥२४॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बुन्दी के भूपति रावराबुधसिंह के चरित्र में बुधसिंह का बुंदी के सिंहासन पर बैठना १ बुधसिंह के. ४"यहां विवाह और सन्तानों के कथन का प्रथम १ मयूख समाप्त हुआ और आदि कर्ता से दो सौ उनचालीस २३९ मयूख हुए ॥

नेर नगर. अर्यम सूर्य के वंश में. तास ताके वास. गेह तनुज पुत्री इंदिरा ल-

हुव मंजु सुता रानाँ निकेत, उम्मेदकुमरि सुभ गुनउपेत ॥
बय रंच पंच५हायन बिधान, सौंदर्य्य रूप गुनगन समान ॥ २ ॥
लखि ताहि भूप जयसिंह आप, उद्वाह करण चिंतामवाप ॥
लग्गिय बर बिक्खन सब निहारि, बिधिसहित कनी व्याहन बिचारि
दिय दूत देसदेसन पठाय, जंघाल चतुरसति चउ४उपाय ॥
मरु१मालव२डाहल३शाल्व४अंग५, कट६ केरल७कुंतल८मगध९
बंग१० ॥ ४ ॥
जालंधर११तर्जिक१२कासमीर१३, कर्णाट१४द्रविड़१५मैथिल१६
सुबीर१७ ॥
इत्यादि बिषय उत्तम अपार, तिनमाँहिँ रान पठये स्व चार ॥ ५ ॥
कहि हेरहु बर मम वच प्रमानि, जामातृ बर्यपद योग्य जानि ॥
भूपाल१तथा भूपतिकुमार२,इन सूर राजगुनजुत उदार ॥ ६ ॥
दस१०अब्द ताव बय१रूप२देखि, बर बरन खबरि आनहु बिसेखि॥
अनिरुद्ध पट्ट बुंदिय सु थान, कुब्बहिँ सुनियत गुन रूपवान ॥ ७ ॥
तासौंहु रूप१गुन२अधिक भूप, कोउ होय ताहि हेरहु अनूप ॥
सुनि बानि चलिय दिसदिसन दूत, खोजिय असेस नृपकुल सपूत।८।
कथितादि देस लखि नृप कुमार, बुंदीपुरीहु चरचय चचार ॥

ी ॥१॥ हुवइति ॥ मंजु सुन्दर. निकेत गेह. उपेत युक्त. रंच अल्प. हायन वर्ष. सौन्दर्य सुन्दरता. गन समूह ॥२॥ लखिइति ॥ उद्वाह विवाह. करण करिवेकी. चिंता चिन्ता. अवाप पात भयो. यहां संधि कर दीनी है. लक्खन देखन बरहि बरकौं. कनी कन्या ॥३॥ दिय दूतइति ॥ जंघाल वेगवान्. चउ उपार च्यार उपायों में चतुर ॥ ४ ॥ इत्यादि इति ॥ विषय देश. रान राना नें. स्व अपने. चार दूत ॥ ५ ॥ कहि इति ॥ वच वचन. जामातृ जमाई तिनमें. वर्य श्रेष्ट. ताके पद के योग्य ॥ ६ ॥ दसेति ॥ अब्द वर्ष. ताव तावत् "तातावौ जावौ तावयावतो" इति प्राकृतप्रकाशे ॥ विशेखि विशेष करिके ॥ ७ ॥ तासौं इति ॥ सपूत पुत्रन सहित ॥ ८ ॥ कथितेति ॥ कथित कहे. तदादि देशन में. कुमार राजकुमार. चर दूत. चचार जात भये. प्रकृति राज्य के अङ्ग-स्वामी १ अमात्य २ मंत्री ३ कोश ४ देश ५ दुर्ग ६ सेना ७ ए सप्त अंग

लखि प्रकृति सप्त७ अति सावधान, बुधसिंह राज्यपति बंसभान९
बुध१धर्म२निपुन१खुरली२बिनोद,हय हत्थि चढन सह वह समोद॥
रनबीर१दान उत्सव उदार२, लावण्य ललित मारावतार॥ १० ॥
इम बुधसिंह लखि बितर्जि वैर, सानंद गये चर उदयनैर ॥
सब कहि उदंत प्रतिदिस देस, बुधसिंह कित्ति पुनि किय बिसेस११
कहि हमहु लखिय जनपद अनेक, बुंदीस सम न अन्पल एक ॥
कुमरी वरत्व लायक स एव, तत्रैव रचहु संबंध देव ॥ १२ ॥
बुंदींद्र कित्ति सबसौं बिसेस, इम ससुख श्रवन सुनि सुनि नरेस॥
संबंध चिंति तत्रहि विचार, आत्मीय पुरोहित किय तयार ॥१३॥
संतोखराम नामा सु बिप्र, तिहिं कहिय तत्र गंतव्य छिप्र ॥
दिय संग भर्म लांगलि मढाय, सासज चतुष्क४हय सत१००सुभाय
बर विबिध बस्त्र१रत्न२न समाज, मृगनाभि१चंद्र२घुसृण३दि साज
इत्यादि तिलक मंगल असेस, द्विज संग दये लखि काल १देस२
श्रीकृष्णनाम इक१गणकराज, समधीत त्रि३विधज्योतिष समाज

भान भानु (सूर्य) ॥ ९ ॥ बुधेति ॥ खुरली शस्त्राभ्यास. हत्थी हस्ती. लावण्य सुन्दरता ताकरि. मार मदन. "मदनो मन्मथो मारः" इत्यमरः॥ ताको अवतार ॥ १० ॥ इमेति ॥ नैर नगर. उदयपुर गये यह अर्थ. उदंत वृत्तान्त ॥ ११ ॥ कहीति ॥ जनपद देश. लायक योग्य. स सो. एव ही. यहां संधी करी है. देव संबोधन ॥ १२ ॥ बुन्दीन्द्रेति ॥ ससुख सुख सहित. आत्मीय अपनों ॥ १३ ॥ संतोखेति ॥ सु सो (पुरोहित). तिहँ ता प्रति. गंतव्य जावतो. छिप्र त्वरित "लघु क्षिप्रमरं द्रुत" मित्यमरः॥ "क्षस्य खछझाः" इति प्राकृतसूत्रेण क्षस्य छः॥ "संयोगादेर्लोपः" इति प्राकृतसूत्रेण कलोपः॥ भर्म सुवर्ण तासों. लांगली नालिकेर. "नालिकेरस्तु लांगली" तिहेमचन्द्रः॥ यहां इकारको विवक्षा वशसों ह्रस्व कियो है. सासज हस्ती. "शुंडालः सामजो नागः" इति धनंजयः॥ चतुष्क च्यारि ४. सुभाय सु श्रेष्ठ- भाय भावनावारे ॥ १४ ॥ बरेति ॥ समाज समूह. मृगनाभि कस्तूरी. "मृगनाभिर्मृगमदः" इति हैमः॥ चन्द्र कपूर. "घनसारः सिताभ्रश्च चंद्रः" इतिहैमः ॥ घुसृण केसर. "काश्मीरजन्मा घुसृणः" इतिहैमः ॥ साज सामग्री. तिलक मंगल तिलक संबंधी मंगल वस्तु. असेस संपूर्ण ॥१५॥ श्रीकृष्णेति ॥ गणक ज्योतिषी तिनमें. राज राजा. समधीत सं अधीत. सं स-

दाधीचजनन भव जो द्विजेन, दिय सोहि पुरोहित संग तेन॥१६॥
अरु कहिय उभय२तुम बुद्धिमान, बुंदींद्रनिकट बिरचहु प्रयान ॥
मिलि भाखहु आसिखअस्मदीय,सविनयउदंतपुनिकहिस्वकीय १७
सब वस्तु सगज१हय२लहि सुबेर५, करि तिलक निवेदहु नालिकेर
स्वीकार करहिं जो तिलक बिप्र, तो लखहु लग्न तत्रैव छिप्र१८
जो लग्न प्रथम आगामि होइ, स्वीकार अत्र लिखिदेहु सोइ ॥
यह सुनि द्विजबुंदिय आजगाम, जाहिरकिय आसिख पद ललाम१९
सुनि सचिव द्विजागम सावधान, सनमानिय साधन खानपान ॥
पुनि तदनु घस्र कतिपय बिहाय, बुंदींद्र रचिय सद बुद्धराय॥२०॥
संतोखराम लिय बुल्लि तास, दाधीच बहुरि श्रीकृष्णनाम ॥
तिन पूछि अनामय दिय असीस, इन्ह बंदिय दो२ऊ बिप्र ईस॥२१॥
लहि मिसल बैठि कहि सबन सार, बिधि सुनहु सभा सगपन बिचार,
चीतोर मोर जयसिंहरान, तिन गेह लेह तनया सुजान ॥ २२ ॥

स्यक्, पक्षा. होरा १, गणित २, संहिता३ ऐसे तीन भेद की ज्योतिष को समाज. जनन, वंश. "अन्वयो जननं वंशः" इतिहैमः॥ तामें. भव भये. जो वह. द्विजेन द्विजनमें इन स्वामी. "स्वराणां स्वरे परे प्राकृतिलोपसंधंवः" इति प्राकृतसूत्रेण संधिः॥ तेन वा राजा नें ॥ १६ ॥ अरु कहेति ॥ आशिख वैभव वृद्धि को वचन. अस्मदीय हमारो. सविनय विनय सहित. उदन्त वृत्तांत. स्वकीय अपनों ॥ १७ ॥ सगज गज सहित. स्वीकार अंगीकार. विप्र संबोधन. लखहु देखहु. तत्रैव तहांही. छिप्र.त्वरित ॥ १८ ॥ जों लग्नेति ॥ आगामि आयबेवारो. अत्र यहां. सोय सोही. आजगाम आयो. ललाम सुंदर ॥ १९॥ सुनेति ॥ तदनु तापीछे. घस्र दिन. कतिपय कितेक. विहाय व्यतीतकरि. सद सभा. "आदातमानुस्वारलोपा व्यञ्जनस्ये" ति प्राकृतसूत्रेण सकारलोपः॥ राय राजा. "क-ग-च-ज-त-द-प-य-वां प्रायो लुगि" ति प्राकृतसूत्रेण जलोपः ॥ ततः "अवर्णपरोऽद्धतस्वरो यत्वमेती" ति प्राकृतसूत्रेण यकारः ॥ २० ॥ संतोखेति ॥ बुल्लि बुलाय. तास तहां. अनामय कुशल. असीस आशिष. इन्ह इन नें ॥ २१ ॥ लहीति ॥ मिसल बैठबेको स्थान. सबन सबसों. सार तत्व. सगपन संबंध. लेह लेख. ताकरि लुप्ततृतीयाके. तनया पुत्री. सुजान सुज्ञान ॥ २२॥

बुंदियनरेस कँहँ वह बिबाहि, संबंध रचन सीसोद चाहि ॥
तुरकान सिंधु बिच जे सरोज, तिन गेह उचित संबंध मोज॥२३॥
भट१सचिव२सबन सुनि यह सुमंत, हिय हुलसि कह्यो उचितहिं उदंत ॥
लवजनन वहै उज्वल लसात, ज्यौं जनन यहै चंडासि जात।२४।
स्वीकार सबहि बुल्लिय सुबानि, मानस अपुव्व आल्हाद मानि॥
संतोखराम इम लहि सुवेर, करि तिलक निवेदिय नालिकेर २५
वर बरिय बहुरि निज अनुज जोध२, राणानुज कन्या१कहि सुबोध
दुव२बंधुन करि संबंध एम, देख्यो मुहूर्त्त सुभ प्रथित प्रेम ॥ २६ ॥
संबत द्वि पंच ऋषि इंदु१७५२ मान, मेचक तपस्य नवमी बिधान ॥
गणकन बिचारि सुभ लग्न तत्थ, इक१मास अवधि अंतर समत्थ
करि सीख तबहि द्विजबर सुजान, कोटाप्रति सत्वर किय प्रयान ॥
चहुवान राम कोटाधिईस, भुज भेटि बंदि तिन दिय असीस॥२८॥
अरु कहि लघुपुत्री हेत रान, तुमरो सुत मान्यौं संप्रदान ॥
चहुवान राम यह सुनि सचाह, उपयम अपत्य कीनौं उछाह ॥२९॥

बुंदीति ॥ चाहि चाह्यो. सिंधु समुद्र. जे वे(राना).सरोज कमल. वा पानीसों अलिप्त यह अर्थ. मोज रीझ ताकरि ॥ २३ ॥ भटेति ॥ सुमंत सुमंत्र. उदंत वृत्तान्त. लवजनन लव को.वंश. सूर्यवंश यह अर्थ. चंडासि चहुवाण. तज्जात तासों भयो ॥ २४ ॥ स्वीकारेति ॥ अपुव्व अपूर्व. "परस्य द्वित्व" मितिप्राकृतसूत्रेण रलोपः, वद्वित्वञ्च ॥ २५ ॥ बरेति॥ निजनृपको अनुज लघुभ्राता. जोध जोधसिंह नामक. राणाऽनुजकन्या राणा के अनुज की कन्या ताको. दुव बंधुन दोऊ भाईनको. प्रथित प्रत्येक प्रसिद्ध ॥२६॥ संवतेति ॥ ऋषि ७. इंदु १. सत्रहसे बावन१७५२. मान प्रमाण. मेचक कृष्णपक्ष. तपस्य फाल्गुनमास, ताकी. गणकन ज्योतिषीननें. तत्थ तहां. समत्थ समर्थ. कुयोगादि दोष रहित यह अर्थ ॥ २७ ॥ करीति ॥ सत्वर त्वरित. राम रामसिंह नामक. कोटाधिईस कोटापुर को अधिईश स्वामी ताकों. भुजभेटि भुजन करिके, भेटि मिलि. बंदि वंदित होयकें. तिन तिननें ॥ २८ ॥ अरुकहीति ॥ हेत अर्थ. रान रानानें. संप्रदान दानपात्र. उपयमअपत्य अपत्य पुत्र, ताको उपयम विवाह तामें

इम बुंदिय कोटा वरि उमंग, संतोखराम गय उदयढंग॥
सब कहि उदंत सांगोपअंग, उपयम विधान निज कृत अभंग३०
बुधसिंह बिबोढा अति उदार, बिक्रांत सुभग पटु सबप्रकार॥
तिनसौं रचि उपयम नीति बोध, दुवअनुज बरिय पुनि भीम जोध३१
अब रचहु व्याह बिधि जो अजात, अैहैं त्रि३रूच्य सुख साजि बरात
उत हुव बिबाह उपकरन एम, इत साजि बरात परिकार संप्रेम३२

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे बुधसिंहोदयपुरसंबन्धवर्णनं द्वितीयो मयूखः॥२॥
आदितश्चत्वारिंशोत्तरद्विशततमः॥ २४०॥

॥ षट्पात्॥

घमघमंकि घुग्घरन बाजि चल्लिय मग झंपत॥
धमधमंकि नउबत्ति बजत अतलादिन कंपत॥
तमतमंकि गजराज सुंडि सुरपथ फटकारत॥
झमझमंकि भूखनन रोचि रवि रोचि बिगारत॥
बानैत बिहित खुरली रमत क्रमत बीर बिरुदन बलिय॥

॥ २९ ॥ गय गयो. उदयढंग उदयपुर. "संयुक्तपूर्वोपि लघु क्वचित्स्यादि" तिवाणीभूषणवचनात् सर्वत्र न छंदोभंगः॥ उदंत वृत्तान्त. सांगोपअंग सांगोपांग. उपयम विवाह ॥ ३० ॥ बुधसिंहेति ॥ बिबोढा वर. लोकमें दुलह. बिक्रांत सूरवीर. सुभग सुन्दर. उपयम विवाह. दुवअनुज बुधसिंह के छोटे भाई. बरिय वर.(अंत के इकार-ईकार-एकार देशी प्राकृतमें इय होय. उकार-ऊकार-औकार उव होय). भीम भीमसिंह. कोटा के राजा को पुत्र. जोध जोधसिंह. बुंदी के राजा को पुत्र. ए दोऊ बुधसिंह के अनुज भये ॥३१॥ अबेति ॥ अजात नहींभये ऐसे. अैहैं आय हैं. त्रि तीन ३. रूच्य दुलहा. "रूच्यो वरयिता धवः" इतिहैमः॥ उपकरन सामग्री. एम यों ॥ ३२ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में बून्दी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में बुधसिंह के उदयपुर सम्बन्ध होने के वर्णन का दूसरा मयूख समाप्त हुआ॥ और आदि से दो सौ चालीस २४० मयूख हुए॥
घमघमंकेति॥ मग मार्ग. नउबत्ति भेरी. अतलादि अतल वितलादि लोक. ति-

बुधसिंह बिदित बुंदिय नृपति सजि सानुज दुल्लह चलिय ॥१॥

॥ दोहा ॥

बुल्लि बिदित कवि बिबुध लिय, भूसुर चारन भट्ट ॥
अगुनहु त्याग उमंग धारि, अनाहून चलि थट्ट ॥ २ ॥
सेवक जाति सिरोहिया, भाख्यो भट्ट प्रताप ॥
उदयनैर मम हेय नृप, लै न चल्लहु सँग आप ॥ ३ ॥

॥ षट्पात् ॥

कवि प्रताप यह कवहु पत्त कुल भट्ट उदैपुर ॥
राजसिंह१जँहँ रान१ईर१दासहु धीसख२धुर ॥
इक रानी अभिलाप पटकि पट्टप१कुमारपर ॥
तदनु मरायो ताहि कुमति वहिकाइ रान कर ॥
तस अनुज कुमर सरदार२तिम मंतुविनुहि लै विष मर्यो॥
तिहिँ अघ प्रताप जावन तजि रु पुरहि उदैपुर परिहर्यो॥४॥
इक्कसमय यह भट्ट उदयपत्तन संपत्तो ॥
राजसिंह तिन दिनन रान राजत छक रत्तो ॥
पट्टप पुत्रहि रान रुट्ठि मारन मन धार्यो ॥
मैंहु जनक हनि भूप रहौं यहँ हेतु बिचार्यो ॥
अनई न यहँ आन्यो जनक तव कुमार तत्काल भजि ॥
सरनागत भट्ट प्रतापके अभय मंगि हुव प्रनति सजि ॥५॥

नकों. कंपत कंपात. सुरपथ आकाश. रोचि कांति. खुरली शस्त्राभ्यास "खुरली तु श्रमो योग्याभ्यासः" इतिहैमः ॥ क्रमत·चलत. विरुद विरुदवंदीजन के स्तुति करि ॥ १ ॥ बुल्लिइति ॥ भूसुर विप्र. भट्ट भाट. अनाहूत विना बुलाये. ॥ २ ॥ सेवकोति ॥ प्रताप प्रताप नामक. हेय छोरिवे योग्य. आप तुम ॥ ३ ॥ कवेति ॥ पत्त प्राप्त. धीसख मंत्री. अभिलाप मिथ्यादोप. तदनु तापीछे. मंतु अपराध ॥ ४ ॥ इक्केति ॥ भट्ट भाट. संपत्तो संप्राप्त भयो. रान रानानें. जनक पिता, ताको. हेत कारन. मैं पिता कों हनि राजा बन्यों ज्यो यंहहु राजा बनै

रान जानि यह बत्त आय द्रुत भट्ट पटालय ॥
जचिय पुत्र तब भट्ट कहिय यह देहु अनामय ॥
अंगीकृत करि भट्ट कथित निज सुत लै आयउ ॥
अनय बिरंचि पुनि तनय अनागस मारि गिरायउ ॥
यह सुनि प्रताप अति सोक किय लिय संधा ताही छनक ॥
जो कबहु धरों मुख रानजल तो न भट्ट मामक जनक ॥ ६ ॥

(दोहा)

जलहु उदैपुरको तजन, बंदी जँहँ पन बंधि ॥
कह्यो सत्य मम भट्ट कुल, सत्यबचन यह संधि ॥ ७ ॥
वह कथ चिंति प्रताप तँहँ, न चलन अरज उचारि ॥
नृपति कह्यो हम लै चलहि, आपुन देसज बारि ॥ ८ ॥
हठ पूरब यह हुकम करि, लिय निज संग प्रताप ॥
भरि सकटन निज देस भव, रिरी करीरन आप ॥ ९ ॥
कोटाकीहु बरात बनि, मिलि मग संक्रमि संग ॥
पहुँचे दुल्लह उदयपुर, महसह उदित उमंग ॥ १० ॥

(पद्धतिः)

अतिमोद रान सनमुक्ख आइ, बिधिजुत जामाता लिय बधाइ ॥
दल उतरि द्रंग ढिग सर समीप, द्रुति वहिग आरती कलस दीप
पधराय समय महलन सप्रेम, तनि सुचित उचित उपहार तेम ॥
बुधसिंह१९७१हिं व्याहिय रक्खि रीति,बिंदा बय बाल्य सु प्रथित

यह अर्थ. अनई अन्याई ॥ ५ ॥ रानेति ॥ पटालय डेरा. यह याको. अनामय कुशल. अनागस बिना अपराध. संधा प्रतिज्ञा. मामक मेरो ॥ ६ ॥ जलेति ॥ बंदी भाट. संधि प्रतिज्ञा ॥ ७ ॥ वहेति ॥ कथ कथा. आपुनदेसज अपने देश को. बारि जल ॥ ८ ॥ हठेति ॥ रिरी पीतल. "रिरी च रीतिः" इतिहैमः॥ ताके करीर कलस. "कुटः कुम्भः करीरश्च" तिहैमः ॥ तिनमें आप जल ॥ ९ ॥ कोटेति ॥ संक्रमि चलकर. मह उत्सव ॥ १० ॥ अतिमोदेति ॥ जामाता लोके जमाई. दल सेना. द्रंग नगर. सर तड़ाग. समीप निकट ॥ ११ ॥ पधरायइति ॥

प्रीति ॥ १२ ॥

परिनाइ सोदरहु जोधनाम, पुनि भीम पितृव्यक रामजाम ॥
मुहुकम्मवंस भट बंधुबर्ग, परिनाइ नाम सालम कुसर्ग ॥ १३ ॥
इत्यादि रान बर बरि अनेक, अष्ठ८ रु सत१००ब्याहे लग्न एक ॥
बुंदीन्द्र संग बिधि उचित साजि,दुल्लह सप्तोत्तरसत१०७बिराजि१४

(दोहा)

छप्पनदेस नरेसकी, तनया ब्याही रान ॥
प्रेमरीति अंतरप्रिया, सोही रानिय सुजान ॥१५॥
ताके उर सुंदर सुता, हुव उम्मेदकुमारि ॥
सो दुलहनि बामांग बिधि, बुधसिंह अवधारि ॥ १६ ॥

(षट्पात्)

कुमरी जेठो कुमर नाम उम्मेदसिंह१९८।१जिंहिं ॥
प्रिय रानिय सुत जानि रान लगि राजदैन तिंहिं ॥

उपहार सामग्री. बिंदा लोके बींद ॥ १२ ॥ परिनाइ इति ॥ सोदर अपनों स-होदर भाइ. लोके सगो भाई. भीम भीम नामक. पितृव्यकरामजाम पितृव्य-क पिता को भाई लगतो होय तासूं काका बाबा कहे है यातें हमनें कह्यो. ऐसो कोन रामसिंह नामक कोटा को राजा ताको जाम जायो. यह अर्थ. मुहु-कम्म कुमर गोपीनाथ को पुत्र, राव शत्रुशाल को भाई ताके वंश में भयो ऐसो सालमसिंह नामक.कुसर्ग कुत्सित है प्रजा जाके. ऐसो याके पुत्र व्है हैं जे स्वामी बुधसिंह को शत्रु व्हैहैं यातें कुसर्ग कह्यो ॥ १३ ॥ इत्यादीति ॥ सप्तोत्तरं सत १०७ एक सो सात और दुल्लह और एक बून्दी को इन्द्र ए एकसो आ-ठ भये. या लग्न पर राना जयसिंह नें एक सो आठ १०८ कन्या अपनी अरु बंधु वर्गन की इकट्ठी करके ब्याही तहां तीन दुलहा तो बूंदीसों गये दोऊ भाई और एक सालमसिंह अरु एक कोटा सों ऐसे औरहू देशन के राजा तथा राजकुमार तथा उमराव वा लग्न पर एक सो आठ १०८ बिवाहे इत्यर्थः ॥ १४ ॥ छप्पनेति ॥ छप्पन बागड़ देश के समीप देश विशेष. ताको नरेस चहु-वान यह शेष. ताको तनया पुत्री, अंतर मन. तामें ॥१५॥ ताकेति ॥ अवधारि धारी ॥ १६ ॥ कुमरीति॥ कुमरीजेठो. कुमरीसों जेठो. ज्येष्ठ बडो. यह अर्थ.

सत्रुसल्ल नंदिनिय नाम गंगा गुन गाई ॥
भावसिंह भगिनी सु पुब्ब रानहिँ परिनाई ॥
अमरेस कुमर ताके उदर प्रथम भयो कुल पट्ट पति ॥
तुरकान तेज़ संगति प्रबल घरघर हिंदुन अनय रति।१७॥
लखि यह अमरकुमार राज लघुबंधव पावत ॥
कुप्पि अनय उप्फनिय जनक उप्पर भुव जावत ॥
हानि धरम हिंदून लाय घरघर इम लग्गैं ॥
अणुके सम्मित अनय भिदुर गृह पब्बय भग्गैं ॥
अमरेस उदित आहव रचन बल बिसेस धनाबिनु कठिन ॥
यह सोचि आय मातुल निलय बुंदिय गढ तिहिँ मंत्र खिन।१८।
यह भाऊ१९५।१अधिराज देत अनई न कपर्दन ॥
तीनलक्ख३०००००तब दम्मं पाय निट्ठहि मातुल सन ॥
अर कुमार अमरेस आय बेघमपुर ओसरि ॥
राउत अनुपमसिंह पग्घ पलटि रु धीसख करि ॥
बखसीस चयारि४चामर बिरचि संगर उचित अनीक साजि॥

यह कुमरी सों वहुत वर्ष पहिलैं भयो हो. जिह जाकों तिह ताकों. तव यह शेष. नंदिनिय पुत्री. पुव्व पहिलैं ॥ १७ ॥ लखीति ॥ बंधव भाई. जनकउप्पर पिता.उप्पर. भुव भू. अनय अन्याय. सोही भिदुर वज्र. ताकरिकैं "कुलिशं भिदुरं पवि" रित्यमरः ॥ गृहपव्वय गृह घर. सोही पव्वय पर्वत. भग्गें नष्ट होत. आहव युद्ध. वल सेना. मातुलनिलय मातुल मांमा. ताको निलय स्थान. तिहँमंत्रखिन वा युद्ध करिबेके मंत्र के. खिन क्षण में ॥ १८ ॥ यहेति ॥ भाऊ भावसिंह. अनई अन्याई. यानैं पितासों लरिबेकों मांगी यह अन्याय की यातें. कपर्द लोके कोडी. न नहीं. दम्म द्रम्म [illegible] रूपय्या. सव सों. अर शीघ्र. बेघम बेघम नामक नगर. ओसरि पीछो फिरकैं. रावत है अनंटक पद जाको ऐसो अनुपमसिंह अनोपसिंह नाम करि बेघमको पति ताकों. मेवार के उमराव रावत बहुत बजे हैं. पग्घ शिरोवेष्टि लोके पाघ. ताकों पलटि बदलि. उनकी पाघ इननें यह अर्थ. मूढ लोक याकों आधुनिक समय में मित्रताको चिन्ह गिनै हैं यातें. रु अरु. धीसख मंत्री. अनीक सेना. "चक्रं चानीकमस्त्रिया" मित्यमरः ॥ पुरउदय उदयपुर. बृंहित गजशब्द. हेसा हयशब्द.

पुरुउदय जाय घेरिय प्रबल बृंहित हेषा निनद बजि ॥ १९ ॥
सु सुनि रान जयसिंह पुत्र लघु सहित पलायो ॥
किल्ला कुंभिलमेरु बसि रु वह काल बितायो ॥
सुत हल्ला लखि सत्य मात गंगा सकोप मन ॥
खेटक खग्ग उचाय आय ठढ्ढी गृह तोरन ॥
पठई कहि अनुपमसिंह पहँ तुम भटवर धारत धरम ॥
समुझावहु कुतनय बिनयसन जो चौंडाघर तुम जनम २०
यह सुनि अनुपमसिंह सुमिरि निज पुव्वपितामह ॥
प्रथम मिल्यो चलबुद्धि अब सु बदल्यो डर दुस्सह ॥
साजि अप्पनों अत्थ समुख प्रतिभट व्है धायो ॥
चोसर चत्वर उदयनैर लुट्टन नहिँ पायो ॥
समुझाय कुमर अमरेसकहँ तुल्य सुभट ए ... ॥
कुल धरम थंभि सुत जनककैं सुनय साम किन्नों बहुरि२१

॥ दोहा ॥

रहैं तखत जयसिंह नृप, तोलौं अमरहिँ अप्पि ॥
राजसमुद तड़ाग तट, राजनगर गढ थप्पि ॥ २२ ॥
इम गंगा पहिले समय, पुराय पतिव्रत पाय ॥
भेदि सु अनुपमसिंह भट, लिय स्वपुत्र समुझाय ॥२३ ॥
गंगासम गंगा कही, सुधरम सतिय सुजान ॥
भीखमसम कैसैं कहौं, अनई अमर अमान ॥ २४ ॥

निनद शब्द. ॥१९॥ सुसुनेति ॥ सु सो. पुत्र उम्मेदसिंह नामक. सुत अपनों पुत्र अमरसिंह नामक ताकों. मात माता. खेटक ढाल. तोरन बाहिर को द्वार. कुतनय कुपुत्र. पितासों लरिबे आयो यातें याकों. सन सों. हेतु में पंचमी. तुम तुमारी. इतो यह शेष ॥ २० ॥ यह इति ॥ पुव्व पूर्व. ताकों चूँडा कों. यह अर्थ. समुख सामने. चोसर चार चार पंक्तिवारे चत्वर. जामें ऐसो ॥ २१ ॥ रहेति ॥ अमरसिंह कुमार कों पंच उमरावननें यह शेष. अप्पि देकैं. थप्पि थापों. ॥ २२ ॥ इमेति ॥ यह स्पष्ट ॥२३॥ गंगाइति ॥ सतिय सती (पतिव्रता) यह

लहि प्रसंग कछु यँहँ कहौं, चौंडाकी नय बत्त ॥
जाहि सुमिरि अनुपम भयो, गंगाबच अनुरत्त ॥ २५ ॥

॥ षट्पात ॥

इक१समय चीतोर रान लखपति खेतल सुत ॥
तरुन कुमर इक तास नाम चौंडा नय जय जुत ॥
नृप रनमल्ल रठ्ठोर गेह तनया मंडोवर॥
चौंडासौं संबंध करन आये तस कग्गर ॥
सुनि पत्र रानलखपति कहिय तरुननकौं हेरत जगत ॥
यह जनक बैन सुनि सुनि कुमर किय मन तिहिँ व्याहन बिरत२६
कहि चौंडा करजोरि सुनहु मरुबर सुज्ञाता ॥
व्याह पिताको रचहु वहै कन्या मम माता ॥
यहु सुनि मरुबासीन कह्यो लिखिदेहु अप्प कर ॥
रठ्ठोरनको भागिनेय चीतोर पट्ट पर ॥
यह सुनत लिखित निजहत्थ करि मरुबासिन सौंप्यो कुमर
लखपतिहु रान व्है मंदमति व्याहलइय वह वृद्धबर ॥२७॥
तुच्छ दिननके अंत गरभ रठ्ठोरि ग्रहन किय ॥
समय अंत सुत जनम, नाम सुक्कल बिप्रन दिय ॥
लखपति अज तिनदिनन काल कंठीरव मार्यो ॥
चौंडासौं रठ्ठोरि रूठि पीहर बल धार्यो ॥
बुलवाय तात रनमल्ल पुनि जोधभ्रात चीतोरगढ ॥

वृत्तान्त बहुत वर्ष पहिलैंको यहां कहि दीनों है ॥२४॥ लहि इति ॥ यँहँ यहां ॥ २५ ॥ इक्कइति ॥ तास ताको. कग्गर पत्र. तिहँ ताकों. व्याहन व्याहिबेकों बिरत बिरक्त (उदासीन) ॥२६॥ कहि इति ॥ मरुबर मरुदेश के बर श्रेष्ट. सचिवादि यह संबोधन. अप्पकर अपनें करसों. भागिनेय लोके भानेज. वह रठ्ठोर राजा रनमल्लकी कन्या. वृद्धवर बूढे बरनें॥२७॥ तुच्छेति॥ जनमि जन्म्यों. सुक्कल मोकल. लोके मोकल. अज बकरा. काल मृत्यु. सोही कंठीरव सिंह तानैं.

तिन हत्थ द्वार कुंचिय अरपि किल्ला करिय प्रपंच दढ२८
नारिबुद्धि रठोरि संमुक्किनहिं परिग फलाफल ॥
तब सुख रनमल कहिय तजैं चौंडा जब यह थल ॥
यह सुनि चौंडारान जुत्ति निकस्यो भीसम धुर ॥
मुलक छोरि मेवार गयो मालव मंडूपुर ॥
मारवन दाव लाग्यो तबहि जोधा रनमल मंत्र जपि ॥
करि भागिनेय मुक्कल कदन थिरहि लैन चीतोर थपि २९
इक्क१रान अनुचरिय नेह मंड्यो जोधासम ॥
इक१दिन आसवपान जोध बुल्ल्यो मतिविभ्रम ॥
मुक्कलकों अब मारि दुग्ग दल देस कोस हरि ॥
इक्क१मासके अंत तोहि भजिहैं रानी करि ॥
यह बत्त डोरि दासिय दई मुक्कलकी माता श्रवन ॥
सुनि सोचि तबहि रठोरिकों चौंडा आयउ चिंतमन ॥३०॥
पत्र मंडि प्रछन्न दूत मंडुव पठवायो ॥
सुनि चौंडा सजि सेन अद्ध रजनी गढ आयो ॥
करि हल्ला चढि कोट धस्यो बीराधिबीर बल ॥
कुमर जोध भजि कढिग मारिलिन्नौं नृप रनमल ॥

तात पिता. जोधभ्राता जोधसिंह नामक भाई. द्वारकुंचिय दरवाजेनकी कूं-ची. अरपि दैकैं. दढ दृढ ॥२८॥ नारिबुद्धिरिति ॥ परिग परचो. थल स्थल.(स्थान). रान राना. जुत्ति ताके जुपिकैं. भीसमधुर भीषमकी धुरकै. जा धुरकै भीषम जुप्यो ताके यह अर्थ. मारवन मरुवासीनके. कदन नाश. थपिको अन्वय मंत्र सों है ॥ २९ ॥ इक्कइति ॥ अनुचरिय दासीं. तानैं. क्रम यासौं. दासिय दासी नैं. माताश्रवन माताके कान में ॥ ३० ॥ पत्रइति ॥ सेन सेना कों. बल सेना. मुक्कलहिं मोकल कों. अरपि दैकैं. तटस्थ भिन्न. हिंदवान हिंदुस्थान. यहां वर्णाश्रम धर्म वारे या कुमारिका क्षेत्र के वासी जन हैं तिनकों म्लेच्छ लोग तो हिन्दू कहैहैं. यह हिन्दू शब्द या क्षेत्र में जवननको राज्य भये पीछे बहुत प्रकट व्हेकैं देशीप्राकृत में गयो यातें देशीप्राकृत जानिकें हमने वर्तमान कारनतें कह्यो है. अन्यथा या शब्द को अर्थ तो बुरो ही होत है; क्योंकि म्लेच्छ

मुकुलहिँ पट्टगद्दिय अरपि रहि तटस्थ जग जस लियउ ॥
हिँदवान बत्त धारहु हृदय करहु जेम चौंडा कियउ ॥३१॥

दोहा—यह चौंडा करि चिंतमन, अनुपम धरम बिचारि ॥
कियो साम सुत जनककौं, निज पुर लूट निवारि ॥३२॥
रान अनय मन ठानिकैं, राज दैनलगि जाहि ॥
ताकी बर सोदर स्वसा, बुड्ढ नरेसहिँ व्याहि ॥ ३३ ॥
तीजी३रानीकी सुता, भीमहिँ दइय बिचारि ॥
भ्रात भीमकी नंदनी, जोधसिंह अवधारि ॥ ३४ ॥
मुहुकमहर सालम अरथ, सुभट सुता परिनाय ॥
बहुरि सीख डेरन दई, सबहिन मोद सुनाय ॥ ३५ ॥
दुल्लह डेरन आय किय, बिहित नित्य सुचि होय ॥
गोरन असन निमंत्रकौं, रहे रान मग जोय ॥ ३६ ॥
रान कैफ मंडत बहुत, आतआत अलसाय ॥
गोरन दिवस अतीत व्है, समय निसीथ सु आय ॥३७॥

॥ षट्पात् ॥

लोग तो इनकों अच्छे कहैं नहीं तिन मतानुकूल उत्तम आर्य जनों को आ
करिकैं कहनों परत है कि तिन हिंदुनको स्थान है. ताके अनुस्वार कों "
स्वारो बहुलं" या प्राकृतसूत्रसों अनुनासिक कियो. जेम ज्यों ॥ ३१ ॥ व
ति ॥ साम प्रथम उपाय. निजपुर रानाको पुर (उदयपुर) ताकी [illegible] जनं
ति ॥ स्वसा भगिनी. लोके बहिनि: "जामिस्तु भगिनी स्वसे" [illegible] ॥ रान
बहिन भाईसों बहुत वर्ष पीछैं भई. व्याहि व्याही ॥ ३३ ॥ तीजी [illegible] ॥ यह
महिं कोटा के राजा को पुत्र भीमसिंह. ताकों. दइय दई. भ्रातकी [illegible] भी
यसिंह को भाई भीमसिंह. ताकी. नांदिनी पुत्री. अवधारि धारी ॥ ३४ ॥ [illegible] ज
हुकमेति ॥ हर देशीप्राकृत में वंश वारे कों कहत हैं. तातें मुहुकम वंशी य
अर्थ भयो ॥ ३५ ॥ दुल्लहइति ॥ नित्य सन्ध्यादिक कर्म. सुचि पवित्र. गोरन
विवाह के दूजे दिन कों लोक में गोरन कहै. ताके. असन भोजन के. निमंत्र
बुलावाको. रानमग राना के मार्ग कों. जोय देखि. जोय को अन्वय रहे सों
है ॥ ३६ ॥ रानइति ॥ कैफ नशा. निसीथ अर्धरात्रि ॥ ३७ ॥ सुपट्टइति ॥ सु

सु पहु रान जयसिंह मन्नि मादक सराग मन ॥
भंगि अरक भुञ्जैं सु प्रमित दुव बीस२२पहीसन ॥
प्रिय रानिय छप्पनिय भौंन पगधारि नित्य भल ॥
असन अप्प अहरहिं मेर खट६रितुहि अंबफल ॥
इम मत्त मातुलानिय अरक दसमी१०निस ससिके उदय॥
चहुवान सिबिर सीसोद चलि मातुहारि गोरन समय।३८।
मिलि उपेत सनमान राव रानाँ अनंद रजि ॥
चढि गयंद चहुवान स्वसुर महलन प्रयान सजि॥
परिकर सह परि पंति असन किन्नौं अधिराजन ॥
अति सुख डेरन आय सयन मंडिय प्रमोदसन॥
जयसिंह रान तजि३दिवस जनक द्वार मेटन जहर ॥
परताप भट्ट डेरानप्रति मुदित आय मंडिय महर ॥ ३९ ॥

(दोहा)

अग्गैं रानाँ राजसौं, रुट्ठो भट्ट प्रताप ॥
अब जयसिंह प्रसन्न किय, आय पटालय आप ॥४०॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे सप्तोत्तरशतावृन्दसहितबुधसिंहोदयपुरविवाह

सो. पहु प्रभु राजा. मन्नि मानिकैं. मादक नशे की वस्तु. तासौं. सरागमनरा- [illegible] प्रीति [illegible]सहित मनकौं. भंगि भंगा. ताको. अरक सार. भुंजैं खावै. सु [illegible]सो. प्र[illegible]त प्रमान. भौन गेह. पगधारि जायकैं. अंब आम्र. लोके आंवा. तिनके फल[illegible]सौं रुचि बहुत ही यातैं बारह मास राखते. मातुलानिय भंगा. ताके. चहुवा[illegible] बुधसिंह के. सिबिर रचना विशेषसौंफोज के डेरा. तिनप्रति. सीसो- [illegible] रा[illegible] ॥ ३८ ॥ मिलिइति ॥ उपेत युक्त. राव बुंदीनृप. राजि शोभित व्हैकैं. [illegible] सहित. असन भोजन. सन सौं. जहर विष. महर कृपा ॥ ३९ ॥ अगेति॥ [illegible]राजसौं राजसिंह नामकसौं. पटालय डेरा ॥ ४० ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बुंदी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में उदयपुर में एक सौ सात दुलहों सहित बुधसिंह के विवाह के वर्णन का तीजा ३ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दो सौ इकता-

वर्णनं तृतीयो मयूखः ॥ ३ ॥

आदित एकचत्वारिंशोत्तरद्विशततमः ॥ २४१ ॥

षट्पात्—दिन चउत्थ४ दीवानं बुल्लि रघुपतिय पुरोहित ॥
अरु चारन आनंद भट्ट परताप बुद्धबित ॥
च्यारिलक्ख४०००००निज चलन द्रम्म खज्जूर संगदिय ॥
हय बर इक्कहजार१०००दोयदस१२मत्त दंतिय ॥
सिरुपाव उच्च द्वादस सहँस१२०००कति बिधि भूखन संग किय॥
मंगनन भाग धनपति मनहुँ दैन त्याग इम हुकमदिय ॥ १ ॥
दिन पंचम२दुव२नृपन सजिय चीतोर समागम ॥
पिक्ख्यो दुग्ग सु प्रथित समर जँहँ हुव अकबर सम ॥
पुरिणम१५दिन करि गोठि फाग कौतुक किल्लापर ॥
होरिय उच्छव ठानि बहुरि आये पत्तन बर ॥
अतित्याग उफ्फल सुनिसुनि सुजस हरखि रान जयसिंह जिय॥
बिधिउचित पुज्जि बरबरनि छबि रहि रस बुंदिय सिक्ख दिय॥२॥
चलि बरात प्रतिपंथ भीम करजोरि आत धुर ॥

लीस २४१ मयूख हुए ॥

दिनइति ॥ चउत्थ चतुर्थ. चौथे दिन यह अर्थ. दीवान बुधसिंह. बुल्लि बुलाय कैं. रघुपतिय रघुपति नामक. यहां स्वार्थ में क प्रत्यय आन्यो. ताके व्यंजनको लोप करिकैं प्राकृत के मतसों यकार कियो. यह रीति सर्वत्र ऐसे प्रयोग आवैं तहां जानलेनी. आनंद आनंदराम नामक. अपनी पोळि को चारण हरिणा नाम ग्राम को स्वामी हमारे पितामह बदनसिंह को प्रपितामह यह शेष. भट्ट भाट. बुद्धिबित बुद्धि परखबे वारो."विद्ज्ञाने"धातु है. ताको वित् भयो. ताके तकारकों प्राकृतसों सस्वर कियो. द्रम्म रुप्पैया. खज्जूर खजूर रूपा. ताके. कति कितेक. धनपति कुबेर. त्याग दान. विवाह में मंगननकों दान होत ताकों त्याग कहे हैं ॥ १ ॥ दिनइति ॥ पिक्ख्यो देख्यो. दुग्ग दुर्ग. किला. सु सो. (चित्तोर). हुव भयो. समा सों. पुरणम पूर्णिमा. ताके दिन. गोठ रीति विशेषसों भोजन. पर ऊपर. होरिय यहां हुतासनि की. जाकों अग्नि में जारिये सो लेनी ॥ पत्तन नगर. तिनमैं बर श्रेष्ठ ॥ उदयपुर यह अर्थ भी होत है ॥२॥

कोटापति किय सिक्ख अप्प आयउ बुन्दीपुर ॥
दिय मिलान सब सैन जैतसागर तड़ाग तट ॥
दइवजोग निस समय अग्गि लग्गिय डेरन पट ॥
सर सेतु मध्य गृह पिहित इक१अजि रु तत्थ वर बरनि रहि ॥
हुव छार हसम डेरन सहित मनुज तुरंगहु कछुक दहि ॥ ३ ॥
इहिँ दारुन उतपात दान सत दोय२०० सविधि दिय ॥
सुद्ध समय निज नगर द्वार उत्तर प्रवेस किय ॥
पुरजन मंगलपुव्व विविध उच्छाह बधारे ॥
हट्टा चत्वर चोक सउध प्राकार सिँगारे ॥
बिधि निगम साधि वर बरनि इम नीराजित गृह गमन किय॥
कछुदिनन अंत जवनेसके चरन आय फरमान दिय ॥ ४ ॥
दिल्लियपति अवरंग४०।३तपत इक१छत्र तीन३दिस ॥
दक्खिन दव्वनकाज चढिग अतिवल अतीव रिस ॥
पहिलैं रेवापार नाम निज नगर बसायो ॥
बहुत बरस रहि तत्थ कछुक अरि अमल उठायो ॥

चलिति॥ भीम कोटानृपपुत्र. आतधुर भाइनमें मुख्य. सरसेतु तड़ागकी तट. लोके पालि. पिहित गुप्त. तत्थ तहां. छार भस्म. हसम वैभव. यह हसम शब्द देशीप्राकृतमैं है. ताको उदाहरण. "हसम हय गाय देश अति"॥ यह दोहाको चरन पृथ्वीराजरासेमें महुव्वा खंडमैं है. अरु और ठौरहु रासे में बहुत प्रयोग हैं अरु मुसलमान कहै हैं कि हमारे वैभवको नाम हशमत् है ताको यह भयो है, परन्तु यामें तकार नहीं है यातैं देशीप्राकृत ही मान्यों. मनुज मनुष्य. दहे जरे ॥३॥ इँहिँइति ॥ दारुन भयंकर. सविधि विधि सहित. उत्तर उत्तर दिशाके. हट्टा बनिकन के विक्रयको स्थान. चत्वर चुहट्ट. चोक बाजार. सउध देशीप्राकृतमें सउध, सौंध, लोके महल ॥ "सौधोऽस्त्रीराजसदन" मित्यमरः ॥ प्राकार लोके कोट. निगम वेद ताकी. नीराजित आरती उतारे भये. चरन दूतन. फरमान लिख्यो हुकम ॥ ४ ॥ दिल्लियपति इति ॥ रिस रोससों. मेकलजा नर्मदा "रेवा तु नर्मदा सोमोद्भवा मेकलकन्यके" त्यमरः॥ नामनिज अपनें नामको. तुरक मुसलमाननमें रूढ शब्द देशीप्राकृत है ॥ तहांके वासी ही तुरक

हाजरि समस्त हिंदुव तुरक जोन अवर दिस सुक्कल्यो॥
तुरकान तहर जालम जहर लोपि लहर काहुन ऋल्यो॥५॥

॥ दोहा ॥

काबल सूबा काल बस, सुनि अनिरुद्ध जरूर ॥
अब सेवन अंतर समुझि, बुल्लिय बुद्ध१९७।१हजूर ॥६॥
अहदी तब अवरंग४०।३के, अतिजव बुंदिय आय ॥
सिरधरि साहन बंदगी, चलहु कह्यो हित चाय ॥ ७ ॥
जाय समुख फरमानकैं, करि सलाम लिय झेलि ॥
उपज्यो चलन प्रपंच अब, देत हुकम को पेलि ॥ ८ ॥
सुनि कग्गर परिकर सबहि, मिलि इक्कत किय मंत ॥
स्वामि बाल सेवा कठिन, आलोचहु मतिअंत ॥ ९ ॥
इहिं अंतर अवरंग४०।३सुत, जेठो आलमसाह४०।३ ॥
बंदीगृहतैं कढिचल्यो, चिंति आगरा चाह ॥ १० ॥

(पज्झटिका)

हुव पुत्र पंच५अवरंग धाम, सुलतानमुहुम्मद४१।१प्रथम जाम ॥
सुत दूजो आलमसाह ४१।२ एह, सुत तीजो आजम ४०।३ पितु सनेह ॥ ११ ॥
सुत चोथो अकबर ४१।४ नामधार, हुव कामबखस ४१।५ पंचम कुमार ॥
जेठेसुत द्वैरमनकरि उदास, बंदीगृह डारे बिसम बास॥१२॥

बजत हैं ते यहां नहीं लैनें ॥ तहर प्रताप. जालम जुलम करिबेवारो. यह यावनीभाषा के शब्द हैं. लहर वा जहरके असर को झोला. काहु काहूसों ॥५॥ काबलसूबेति ॥ जरूर त्वरित. अंतर विक्षेप. बुध बुधसिंह ॥ ६ ॥ अहदीति ॥ साहन पातशाहनकी ॥ ७ ॥ जायइति ॥ पेलि टारि ॥ ८ ॥ सुनिइति ॥ इक्कत एकत्र. आलोचहु विचारहु. मतिअंत बुद्धिपर्यंत ॥ ९ ॥ इँहिइति ॥ चाह इच्छा॥१०॥ हुवइति॥ जाम जन्म. एह यह. जो आगराको चल्यो सो॥ पितुसनेह पिताके स्नेहवारो ॥ ११ ॥ सुतइति ॥ यह स्पष्ट ॥ १२ ॥ सुलतानइति ॥

सुलतानमुहुम्मद४।१मरियतत्थ,आलमवच्योसु४।१२आयुहिसमत्थ
याकैहु पुत्र हुव प्रथम च्यारि४, आयैं बय जुव्बन कैद डारि ॥१३॥
कैदहिमैं पाय पलित केस, अपमानित दीनहुसौं बिसेस ॥
बरसावधि पावैं दगल इक्क१, परि दुसह दहैं जूका रु लिक्क १४
नहिं बपनन्हान नहिं असन इष्ट, जूकान जनित सहियत अरिष्ट ॥
इकसमय हुक्ख अरजी कराय,जो महर नयो मिलि दगल जाय१५
अवरंग४०।३हुकम पठयो अनेह, उलटा करि धारहु दगल एह ॥
इक समय मिल्यो सरदा बिसारि,तिंहिं छेदन छुरिका हित उचारि१६
पुनि कहिय साह भरि कोप भार, सिरसैं दै फोरहु नहिं हथ्यार ॥
इम कुपित साह सुत सीस आहि,इक समय सभासौं कहिय चाहि१७
जो मिलहिं हमारे हुकम आज, तो पावहि आजम४०।३साह राज॥
जो मिलहिं खुदाके हुकम पाय, लहिहैं तो आलम साह आय १८
सुनतहि इम आजम कहिय एहु, बंदीगृह बासी सोहि देहु ॥
यह सुनत साहहिय बढि बिखाद, कोपारुन आजम प्रति जगाद१९
सुत जेष्ट ममायस धरत सीस, वह कैदी अरु तुम तखत ईस ॥
यह कहि बुलाय आलम उदास,निकस्यो तजिकारागृह निवास२०
करि गुसल बपन मंजुल कराय,अति दिव्य बसन धरि आम आय॥
लखि साह छिप्र हियसौं लपेटि,भुज हुव२गहिलीनौं भुजन भेटि२१

तत्थ तहां (कारागृहमेंही). डारि डारयो ॥ १३ ॥ कैदहिमेंइति ॥ पलित जरासूं स्वेत. जूका यूका. लोके जौं. रु अरु. लिक्क लिक्षा. लोके लीक ॥ १४ ॥ नहिंइति ॥ बपन चौरकर्म. इष्ट चाह्यो. महर कृपा होयतो ॥ १५ ॥ अवरंगेति ॥ अनेह विना स्नेहसों. सरदा उष्णकालमें फल विशेष. विसरि भूलिकैं. जानिकैं तो वाकौं कौन देतो एसो पिताको कोप हो. छेदन फारिवेकौं. उचारि कही ॥ १६ ॥ पुनिइति ॥ हथ्यार शस्त्र. नहीं है ॥ १७ ॥ जोइति ॥ यह स्पष्ट ॥ १८ ॥ सुनितेति ॥ एह यह. बिखाद खेद. जगाद कहतभयो. यह संस्कृत शुद्ध क्रियापद है ॥ १९ ॥ सुतजेष्टेति ॥ ममायस मेरो हुकम ॥ २० ॥ करीति ॥ गुसल स्नान. यह यावनी शब्द है. आम जामैं सब पहुंचै ऐसी बडी

चिरकाल कंठ गदगद बढात, दुवघाँ हुव अश्रुन अधिक पात ॥
तहँ दियउ रीझि अवरंगसाह, अकबरपुर सूबा जुत उछाह ॥ २२॥
बारहहजार१२०००मनसुब लिखाय, दिय सीखं आगरा हित बढाय
लहि सीख चलन मन करि बिचार, हुत चढिग साह आलम कुमार
रेवा उलंघि अतिदल अमान, पुर आय अवंती दिय मिलान ॥
अग्गैं अवंति सूबा पधारि, कछुकाम पीर अर्चन उचारि ॥ २४ ॥
हुत कैद जोग वह रहिय सेस, अब करिय आय पूरन सुदेस ॥
खैरात बंटि बसु बिबिध नाम, क्रमि मग्ग अग्गरापुर जगाम ।२५।
नृप बिष्णुसिंह आमेर नाथ, निज बंस सुभट हरिसिंह साथ ॥
अवरंग हुकम जो लहि जरूर, हुव आय साह आलम हजूर।२६।

॥ दोहा ॥

अग्गैं इक अवरंगको, सीस समीप बिचारि ॥
बिष्णुसिंह नृपसौं हुकम, हुव मारन जटवारि ॥ २७ ॥
बिष्णुसिंह नृप सुभट निज, लिय हरिसिंह बुलाय ॥
कियउ बिदा जटवारि पर, संगर सेन पठाय ॥ २८ ॥

॥ पट्पात्॥

हरियसिंह कछवाह जाय जटवारि बिंटिलिय ॥
बहु जट्टन सिर कट्टि खनित खड्डन प्रविष्ट किय ॥
वह लंबापुर नाथ बंस खंगार संग साजि ॥
सेवन आलमसाह आय कूरम नरेस राजि ॥
दै दल मिलान जमुना पुलिन संचरि आम सलाम करि ॥

सभा तासैं. यहहु यावनी शब्द है ॥ २१ ॥ २२ ॥ २३ ॥ रेवाइति ॥ रेवा नर्म-दा ताकों. पधारि पधारे हे तब ॥ २४ ॥ हुतकैदइति ॥ सुदेश वाही देशमें. खैरात पुण्यदान. यावनी. बसु द्रव्य. क्रमि चलि. अग्गर आगरा. जगाम जावतभयो ॥ २५ ॥ नृपइति ॥ स्पष्ट ॥ २६ ॥ अग्गैंइति ॥ हुकम पदको अन्वय अवरंग पदसों है. जटवार जाटनको देश ॥ २७ ॥ २८ ॥ हरीति ॥ खनित खोदे-

हरिसिंह सहित ठट्ठ मिसल रचि अंजलि आदाव धरि॥२९॥

॥ दोहा ॥

हरिसिंहहिं आलम दये, रीझि खिलत१ हयराय२ ॥
कूरम पतिके कथन करि, जट्ट कदन हित लाय ॥ ३० ॥
इम आलम कढि कैदसन, अकबरपुर हुत आय ॥
कूरम निज तावीन करि, वासर कछुक बिहाय ॥ ३१ ॥
यह उदंत भट सचिव सुनि, नृपहिं अलप बय जानि ॥
अरु दक्खिन अवरंगको, सेवन दूर प्रमानि ॥ ३२ ॥
आलमप्रति पुरआगरा, पठई अरज लिखाय ॥
लेहु हमहिं कहि साहसौं, निजसेवन मन लाय ॥ ३३ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे प्रत्तोदयपुरदानबुधसिंहबुन्द्यागमन१, बुधसिंहाह्वानावरंगालसदुर्जनप्रेषण२, अवरंगपुत्रपञ्चकालमशाहकारानिवसन ३, कारामुक्तालमशाहाकबरपुराधिकारप्रापण ४, यवनेन्द्रसूनुनिदेशामैरराजविष्णुसिंहजट्टजनपदविजयनं चतुर्थो मयूखः॥४॥
आदितो द्विचत्वारिंशोत्तरद्विशततमः ॥ २४२ ॥

हुए. खड्डुन खाडनमें. पुलिन तट ॥ २९ ॥ हरिसिंहेति ॥ आलम आलम शाहजादानें. खिलत सिरुपाव ॥ ३० ॥ इमइति ॥ वासर दिन ॥ ३१ ॥ यहइति ॥ उदंत वृत्तान्त ॥ ३२ ॥ आलमइति ॥ निजसेवन तुम्हारे सेवनमें ॥ ३३ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बुंदी के भूपति बुधसिंह का उदयपुर में त्याग देकर बुंदी में आना १ बुधसिंह के बुलाने को अहदी भेजना २ औरंगजेब के पांच पुत्रों का और आलमशाह के कैद में रहने का वर्णन ३ आलमशाह का कैद से छूटकर आगरे के सूबे पर जाना ४ शाहजादे की आज्ञानुसार आंमेर के राजा विष्णुसिंह का जाटों के देश को विजय करने का चौथा ४ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दो सौ बियालीस २४२ मयूख हुए ॥

॥ मुक्तादाम ॥

यहै बिनती सुनि आलम तत्त, पिताप्रति दै अरजी लिखि पत्त ॥
इहाँ नृप कूरम ज्यों भटभाव, रहैं मम संगहि बुंदिय राव ॥ १ ॥
यहै सुनि साह पठाय निदेस, रहो तुम संगहि बुद्धनरेस ॥
दयो तब आलम पत्त पठाय, स्वसंग बलापति बुद्ध बुलाय ।२।
भयो दल बंचि समस्तन मोद, बढ्यो लखि लग्न प्रयान बिनोद ॥
दये बहु दान विधानन रीति, प्रवासिन हेय तजे नय रीति ।३।
मनीं कुलदेविय पूजन मोद, नमे हरि पायन लै चरनोद ॥
किये सबिधान प्रवासिक कर्म, लखे सुभ साकुन लग्न सधर्म।४।
किते भट मंत्रिन आयस अप्पि, इहाँ गृह राज निबाहन थप्पि ॥
दये तिन्ह ग्राम पटा गज बाजि, दयो भुजभार बिचार बिराजि ॥५॥
सजी तब बुद्ध बलापति सेन, दिपैं भट तारक अप्प द्विजेन ॥
रहे निज आलय सोदर जोध, चल्यो दल होत प्रभंजन रोध ॥ ६ ॥
खुले उडि कुंभिन कंध निसान, तिरोहित व्है रविरेखुवितान ॥
हरोलन हांक नकीबन छोह, बडे गज खैंचत लंगर लोह ॥ ७ ॥
रही झुकि पीत पताकन पंति, मरातब माहिय भासिग भंति ॥

मुक्तादाम॥ यहइति॥ तत्त तहां. पत्त पत्र ॥ १ ॥ यहैइति ॥ निदेश हुकम. स्वसंग अपनें संग. बलापति बुंदी को पर्वत. जो पारियात्र अचल ताकों लोकमें मला कहै हैं ॥ २ ॥ भयोइति ॥ दल पत्र. बंचि पढिकैं. प्रवासिनहेय प्रवासी जो प्रस्थान करिवेवारे तिनके छोरिवे योग्य तीनरात्रि पहिले क्षौरकर्म. रात्रि पहिले दुग्ध. ऐसे हेय त्याज्य होत ॥३॥ मनींइति ॥ मनी मनाई. चरनोद चरनको उद जल ॥ ४ ॥ कितेइति ॥ आयस हुकम. अप्पि दैकैं. तिन तिनकों. विराजि शोभित व्हैकैं ॥ ५ ॥ सजीइति ॥ तारक नक्षत्र. द्विजेन द्विजनको इन स्वामी चंद्र. निजआलय अपने घर. प्रभंजन पवन ताको. रोध रूकनों ॥६॥ खुलेइति ॥ कुंभिन कुंभी हस्ती. तिनके. तिरोहित गुप्त ॥७॥ रहीति ॥ मरातिब माहिय, ए दोऊ बादशाहनें अपनी कृपा जनायबेकों दीनें ऐसे चिन्ह विशेष तिनमें मरातिब छोटे गंडवाके आकार. अरु माही मत्स्यी के आकार. अरु ध्व-

अकव्बरपुत्र दयो लहि काज, बज्यो वह राजत दुंदुभिराज ॥८॥
मलंगत फाँद तुरंगन जूह, चले उडि नोवति नाद दुरूह ॥
चल्यो दरकुंचन यौं चहुवान, दये मथुरापुर जाय मिलान ॥ ९ ॥
दई सतइक्क सग्रष्टक१०८गाय, समानहि हाटक हून१०८मिलाय॥
विधीरित यौं बहुधा करि दत्त, अकव्बरपत्तन आय प्रपत्त ॥१०॥
मिले क्रम आलम साह हजूर, कियो सनमान कह्यो हित पूर ॥
हन्यौं हम कृष्ण अवंतिय जेन, रह्यो तुमरौ हममैं हक तेन॥११॥
करे पलटा हमहू तसमात, लहो हमकौं भजि रिद्धिन व्रात ॥
करी सुनि यौं अरजी नरनाह, भली करिहै सब ज्यानपनाह ॥१२॥
१नाह१पनाह२अन्त्यानुप्रासः १ ॥
परस्पर प्रीति उभै२सनमान, रहे इम कूरम श्रो चहुवान ॥
उहाँ दिन वित्तत के अवरंग, सुनी सुत आलम किति अभंग १३
इते बिच सोर सुन्यो मुलतान, वढे सिख लुप्पत साहन आन ॥
तबैं सुत आलमको जवनेस, दई मुलतान सम्हारि सु पेस ॥१४॥
यहै सुनि आयस आलम साह, सजे दल हिंदुव मिच्छ सिपाह ॥
भयो बिधिसौं चतुरंग पयान, भये दरकुंच धरा मुलतान ॥ १५ ॥
कुबिग्रह मेटि रच्यो नय राज, भजे सिख तित्तिरि ज्यौं डर वाज॥
दफैकरि देस प्रजा दुख दंद, रहैं इम आलम तत्त अनंद ॥ १६ ॥
रहैं दुवरभूपनसौं अति प्रीति, सबै दलकों सुख आदर नीति ॥

र लुप्त तृतीया कहता है. पुव्व पहिले राव सुर्जन को दये हे. राजत रजत रूपा तत्संबंधी ॥८॥ ९.॥ समान गायन के प्रमानहि. विधीरित विधिसें कऱ्यो. दत्त दान. प्रपत्त प्राप्तभयो ॥ १० ॥ मिलेइति ॥ कृष्ण कृष्णसिंह कुमर तुम्हारो पितामह. अवंतिय उज्जीनमें. जेन जाकारनसों ॥ ११ ॥ करेइति ॥ व्रात समूह. पनाह रक्षक. यावनी ॥ १२ ॥ परस्परेति ॥ उभै उभय. केक कितेक॥१३॥ इतेइति ॥ मुलतान पंजाबका देश ताकों. सिख वा देश के जमीदार. सु सो. पेस अधीन ॥ १४ ॥ यहैइति ॥ मिच्छ म्लेच्छ. ज्यों वे इनकों हिंदू कहैं त्यों ए आर्य उनकों म्लेच्छ कहैं ॥ १५ ॥ कुविग्रहेति ॥ दफै नाश. यावनी ॥ १६ ॥ र-

करैं दिन इक्क नदी जल कोलि, चले चढि नाव प्रवाहन पोलि १७
रजू दुव२भूपति सेवन लार, सजैं जलकुक्कुट बंधि सिकार ॥
कही तँहँ कूरमसौं सुतसाह; करो हमसौं दुहिता निज व्याह १८
कही तब कूरम यौं करजोरि, बनैं दुहिता जब होय बहोरि ॥
सुता इक१आहि सु तो करि नेम, दई बुधसिंहहिँ पुव्वक प्रेम १९
कही बुधसिंहहिँ आलम तत्त, करी तुमसौं इन व्याहन बत्त ॥
कही तब बुन्दिय राव सहास, कही इन जो सु भई कथ तास २०
यहै सुनि जंपिग आलमसाह, ततो हमही करिहैं तव व्याह ॥
करी सुनि यौं बुधसिंह सलाम, कह्यो निज आयस है सिरकाम २१
यहै सक चोवन सत्रह१७५४साल, नई कथ व्याह बनीबसि काल
भई बय द्वादस हायन१२बुद्ध, सजैं खुरली नय साधन सुद्ध २२
दयो लखि बुद्धहिँ बीर सिपाह, परग्गन टौंक सु आलमसाह ॥
कही तब यौं करि बुद्ध सलाम, लह्यो पुर टौंक बढ्यो मम नाम २३
परंतु कह्यो हमरो इक सेस, ततो करिये पुरपट्टनि पेस ॥
गई यह पट्टनि पूरबकाल, बढ्यो जब जट्टन बैर कराल ॥२४॥
सुनी अवरंगहु खून पुकार, कियो सुत आजमको सुत त्यार ॥
दये सँग बुंदियतैं अनिरुद्ध, बन्यौं समयो गुनगोरि प्रबुद्ध ॥२५॥
रहे तिहिँ कारन द्वैदिन गेह, न काबलपैं पहुँचे तियनेह ॥

हैइति॥ पोलि लंघि ॥ १७ ॥ रजूइति ॥ रजू अनुकूल. यावनी शब्द. दुहिता पुत्री. निज अपनीकों ॥ १८ ॥ कहीति॥ आहि है. सु सो. नेम नियम. पुव्वकप्रेम प्रेम पूर्वक ॥ १९ ॥ कहीति ॥ तत्त तहां. सहास हास सहित. तास वा विवाहकी ॥ २० ॥ यहैइति ॥ जंपिग कही ॥ २१ ॥ यहैइति ॥ स्पष्ट ॥ २२ ॥ दयोइति ॥ टौंक टोंक नाम नगरके ॥ २३ ॥ परंतुइति ॥ पेस अधीन. यावनी॥२४॥ सुनीइति ॥ सुत आजम सुतत्यार अपनों छोटो पुत्र आजम नामक ताकों तयार सज्जीभूत. गुनगौरि चैत्र शुक्ल तृतीया. प्रबुद्ध सबनें जान्यों. लोकमें ख्यात यह अर्थ ॥२५॥ रहेइति ॥ तिंहकारन वा गुनगौरिके कारन तुरसी क्रोध. या-

भई तुरसा इहिँ कारनआय, समा सर बेद रु सत्रह१७४५पाय२६
लई तब पट्टनि साह उतारि, दई नृप रामहिँ काम बिचारि ॥
छुटी तबकी अब सेवन पाय, दई इन आयस साह मँगाय।२७।
जयों निज टौंक परग्गन राज, बच्यो मँहँदीपुर इक्क१अकाज
लरे मँहँदीपुरके कछवाह, तजी सुरतान पिनातिन राह ॥२८॥
भई मँहँदीपुर तोपन मार, लये सब जीति कियो गढ छार ॥
रजू इम टौंक जिला करवाय, रहैं सुलतान सु बुंदियराय।२९।

॥ दोहा ॥

दुव२भूपनकौं बरस इक१, गयो रहत सुलतान ॥
सेवत आजमसाहकौं, इम कूरम चहुवान ॥ ३० ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे यवनेन्द्रकुमारालमसेवाबुधसिंहगमन१ औरंगजेबाज्ञानुसृतिकुमारालममुलतानाशिक्खविजयन२ आलमशाहस्य टौंकपट्टनिप्रान्तद्वयबुधसिंहप्रदानवर्णनं पञ्चमो मयूखः ॥५॥
आदितस्त्रिचत्वारिंशोत्तरद्विशततमः ॥ २४३ ॥

बनी. समा वर्ष. "हायनोऽस्त्री समाब्दे" त्यमरः ॥ सर ५ पंच. बेद ४ च्यार. रु अरु. सत्रह १७ सप्तदश. सत्रहसै पैंतालीस १७४५ यह अर्थ ॥ २६ ॥लईइति॥ रामसिंह कोटा के राजाको. इन आलमशाहनें. आयस आदेश. यावनी सैं. जयोंइति ॥ महदीपुर महँदवास नामक नगर. सुरतानपिनातिन सुरतानके.पिनाती वंश के सुरतानोत कछवाहे तिननें. राह रीति ॥ २८ ॥ भईइति ॥ रजू अधीन. यावनी ॥ २९ ॥ दुव इति॥ दुव बुंदी १आमैर २ के दोऊ ॥ ३० ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बुंदी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में बुधसिंह का शाहजादे आलम की सेवा में जाना १ औरंगजेब की आज्ञा के अनुसार शाहजादे आलम का मुलतान के शिक्खों को विजय करना २ आलमशाह का बुधसिंह को टौंक और पाटण दिलाने के वर्णन का पांचवां मयूख समाप्त हुआ ॥ ५ ॥ और आदि से दो सौ तियालीस मयूख हुए ॥ २४३ ॥

॥ दोहा ॥

इकानबाब अमीरखाँ, अग्गैं कहि अवरंग ॥
थप्यो दै भुजभार निज, सूबा काबल संग ॥ १ ॥

॥ तोटकम् ॥

इतनैं वह खान अमीर मरयो, अवरंग यहै सुनि सोक परयो ॥
कहि साह उमीर रहयो जितनैं, हम भोग लहे अब दुक्ख घनैं २
लहि काबल साह यहै समयो.उत दिल्लिय राज सु दब्बि लयो
तब साह हिये तस त्रान वसी, धरकाबल आलमकों बखसी ३
इनहू मुलतान जमाय जिला, लियं काबल काम कमान चिला
ऋतु सारद बारद नष्ट भये, सरिता समि पद्धति पंक गये ॥४॥
सर बान तुरंगम इंक१७५६समा, सुत साह चढयो इसमास अमा
अति आरव भेरिनके गरजैं, पविपात कि पब्बय दै.दरजैं॥५॥
खुलि दंड पताकन पंति लसी, रसना जनु कालियकी निकसी
बढि कोसन फोज हरोल चली, बहु जंग उछाह सिपाह बली६
चहुवान रु कूरम संग चलैं, बरवीर पठान गुमान झलैं ॥
मनमैं बल मोद रजू रनमैं, उरझात सदागति सेलनमैं ॥ ७ ॥
धनु पट्टिस खेटक खग्ग कसैं, बपुद्दान हिये तृनमान बसैं ॥
इम हिंदुव मिच्छ चले रनकों, छबि निंदत भद्दवके घनकों ।८।

दोहा ॥ इक्कइति ॥ अग्गैं पहिले समयमैं ॥ १ ॥ इतनें इति ॥ इतनैं इतने अंतरमैं. कहि कहयो ॥२॥ लहिइति॥ त्रान रक्षा. धर धरा. आलम आ-लमशाह (अपनों बडो पुत्र)ताकों. बखसी दई ॥ ३ ॥ इनइति ॥ काम कार्य. सोही कमान धनुष. ताको चिल्ला लोकै पिनच. बारद मेघ. यहां बार शब्द हलंत है ताकों प्राकृतसों सस्वर कियो. सामि सर्मी समित भई. पद्धति मार्ग. तिनके ॥ "सरणी पद्धती पधे"त्यमरः ॥ ४ ॥ सरइति सर५. बान६. तुरग७. स-मा वर्ष. इसमास लोकै आसोज मास. अम अमावास्या. आरव शब्द. पवि व-ज्र. ताके पात परिवेसों, कि किधों. दरजैं दरारैं ॥ ५ ॥ खुलि इति ॥ यहस्पष्ट ॥ ६ ॥ चहुवानेति ॥ गमान गर्व. सदागति पवन ॥ ७ ॥ धनुइति ॥ पट्टिस कटा-

सननंकिय प्रोथन बात बहैं, हननंकिय हींस दिगीस दहैं ॥
रननंकिय कोच करी करकैं, फननंकिय नाग फटा लरकैं ॥९॥
गननंकिय गैंन धरा धमकैं, छननंकिय नेउर हेछमकैं ॥
भननंकिय पक्खर भार भिरैं, खननंकिय नालन अग्गि खिरैं १०
ठननंकिय कुंभिन घंट घसैं, मननंकिय भेरिय हूर हसैं ॥
बजि आरव आरब कूह चली, बहुभाँति अनीक रमैं खुरली ११
भट केक त्रिभागन दाव अरैं, कमनैत बिहंगन बेध करैं ॥
भपटाय तुरंगन बाह बचैं, असि मग्ग उदग्ग कितेबिरचैं ।१२।
भट केक बँदूकन लच्छय लहैं, बहुवार कटार गदा निबहैं ॥
करटीन नवीन घटा बहुधा, बरछीन अनीन अकास सुधा १३
खुरतालन खेह बितान जुरयो, नद तालन पंकिल नीर घुरयो
इलसे इम काबलकी धरपैं, दल आलमके जय संगरपैं ।१४।

॥ षट्पात् ॥

अटक सरित उल्लंघि कटक आलम बढि धायो ॥
काबलपति प्रति पत्र प्रथम लिखवाय पठायो ॥
मरतहिँ खान उमीर छिद्र तुम तकत निहारयो ॥

र. खेटक ढाल. हान त्याग ॥ ८ ॥ सननंकियइति ॥ सननंकिय यह घोरे के श्वासको अनुकरण है ॥ ऐसे आरहु लिखे ते अपनें अपनें शब्दन के अनुकरन जानों. प्रोथ हयनासा. तिनमें. बात पवन. हींस हयशब्द दिगीस दिग्पाल. कोच कवच. तिनकी. फटा फन ॥ ९ ॥ गननंकिय इति ॥ गैंन गगन. है हय तिनके. नाल खुरताल. तिनकरि ॥१०॥ ठननंकियइति॥ आरव वाद्यविशेष. आरव शब्द. ताकी. कूह कोलाहलता ॥ ११ ॥ भटइति ॥ केक कितेक. त्रिभागे भाले. तिनकरि. दाव शस्त्रके वार. तिनसों. असि खड्ग ताके. उदग्ग उदग्र. उछलते हैं अग्रभाग जिनमें ऐसे. यह मार्गको विशेषन है ॥ १२ ॥ भटइति ॥ लच्छया लक्ष्य. करटी हस्ती. तिनकी घटा समुदाय. अकास आकाश. सुधा वृथा. भयो यह शेष ॥ १३ ॥ खुरतालइति ॥ पंकिल पंकवारो. दल कटक. संगर युद्ध. तापैं ॥ १४ ॥ षट्पदी ॥ अटकइति॥ अटक अटक नामक. पहुमी पृथ्वी. ल-

दिल्लिय थानाँ खंडि अमल अप्पन उपचार्यो ॥
अब छोरि पहुमि अवरंगकी करन जोरि लग्गहु चरन ॥
दिल्लीस सेन जानहु दुसह इक इक लक्खन लरन ॥ १५ ॥
काबलपति दल बंचि समय बलवान सोधि मति ॥
रहि अप्पन निज गेह सेन पठयो आलम प्रति ॥
आय सेन अति बेग भिरन तुरकन मन बट्ठे ॥
लटाबंध अभिधान अद्रि घाँटा रुकि ठट्ठे ॥
इत उमगि साह आलम चमू सीमा संगर सीम हुव ॥
तिन्न दिनन भाल दिल्लीसकै बिधि मंड्यो जयपत्त ध्रुव ॥१६॥
इत तोपन जुरि पंति इक्क१तोपन उत रक्खैं ॥
इत परिमित आहार इक्क१बक्कर उत चक्खैं ॥
इत लाखन बहुरंग उत सु अयुत१००००हि इकरंगी ॥
इत बल बुद्धि अपार उत सु बपुजोर अभंगी ॥
दिल्लिय सुहाग इत भार परि उत गर लग्गी गज्जनिय ॥
दुवदलन जुद्ध जालम जुरिग परिग रोर पात कि पविय१७
गिरिनि चूर हयखुरन मग्ग उब्बट धर पद्धर ॥
खुंदि कमठ खुप्परिय उरग फनमाल थरत्थर ॥
दिक्पालन उर संक कंक गिद्धन पर बज्जैं ॥
गहकि चिल्ल गोमायु भार भीरुन गन भज्जैं ॥

रन लरिबेवारे ॥ १५ ॥ काबलइति ॥ दल पत्र. अभिधान नाम. अद्रि पर्वत ताको. सीमा अपनी अमलदारी की. तहां. संगर युद्ध. ताको. भाल ललाट तापैं. पत्त पत्र. ध्रुव ध्रुव निश्चय ॥ १६ ॥ इतइति॥ इत दिल्लीकी सेनाकी तरफ. उत काबल की सेना की तरफ. परिमित अल्प. अयुत १०००० दशहजार. सुहाग सौभाग्य. गजनविय यह पहले वा देशकी राजधानीको नगर. जालम जुलम करिबेवारो. यावनी शब्द. पात परिबेसों. कि किधों. पवि वज्र. ताकै पविको अन्वय पात शब्दसों है ॥ १७ ॥ गिरन इति ॥ उब्बट विना मार्ग की. धर धरा तामैं. पद्धर सीधे. यह मार्ग को विशेषन है. खुंदि मर्दित भई. उरग सर्प. यहां सामान्य नाग नामक कह्यो. परन्तु फनमाल के योग से शेषही ले

दुव दलन वीर बंत्थन बिलगि मनहु मित्र चिरकाल मिलि॥
बिधि च्यारि४हेति उड्डत बिसम्म धारन धार प्रहार झिलि१८
बाजि आयुध रन रीठ फूटि हड्डिन पल छुट्टैं॥
कवच खंड अलि करक्कि तरक्कि अंत्रावलि तुट्टैं॥
सरन सोक सननंकि परत झरि दंड पताकन॥
झुकत बीर घनघाय मनहुँ पामर मद छाकन॥
इम बिरचि मुक्त आयुध कलह अब अमुक्त गहि छोरि हय॥
करि हल्ल दुदल गिरिसिर चढिग जुरि जुरि जंपत जयति जय१९

॥ दोहा ॥

बुंदिय पति आमैर पति, ठट्ठे हय असवार॥
आलम गज आरूहि रह्यो, उत्तरि अंबर चपार॥२०॥
उत इततैं नहिं बढिसके, इत उततैं नहिं कम्म॥
इक्क१पहर वह गिरि रह्यो, बाजागरको द्रम्म॥२१॥

॥ षट्पात्॥

तब दुव२दिस तजि हयन चढिग गिरि सिखर महाभट॥
कहि करीम रब तुरक होत हरि हर हिन्दुन रट॥
बुद्ध नृपतिको बंधु राजसिंहह कुल जायो॥
नाम सु अनुपमसिंह तबहि मधुसुवन चलायो॥
दससहँस१००००सेन निज संग करि नृप पिल्ल्यो गिरि बिकट पर॥
मिलि बत्थ लुत्थि कटि कटि परत मनहुँ बिश्वंधव बंटि घर॥२२॥

नों.थरत्थर यह धूजिबेको अनुकरन है. कंक पक्षी विशेष लोकें करगस. चिल्ह लोकें चील्ह. गोमायु लोकें स्याल. भीरु कातर तिनकें. गन समूह. विधिच्यारि च्यार ४ विधिके. हेति शस्त्र ॥ १८ ॥ बजेति ॥ रीठ घने जोरको लगवो. सोंक शब्द विशेष. कलह युद्ध. दुदल दोऊ दल ॥ १९ ॥ २० ॥ उतइति ॥ द्रम्म द्रम्म. लोके रुपय्या ॥ २१ ॥ षट्पदी ॥ तबेति ॥ करीम ओर रब ए दोऊ यावनीमें परमेश्वर के नाम हैं. बंधुवर्ग लोके भाई कुटुंबी. राजसिंहह राजसिंह. कुमर गोपीनाथ को पुत्र ताके हकार प्राकृतमें सर्व विभक्ति के स्थान में होत है. यहां प

॥ दोहा ॥

बुंदिय दल आमैर दल, पब्बय चढिग रिसाय ॥
कलह भिरे भट काबली, उततैं बढि अतिकाय ॥ २३ ॥

॥ षट्पात् ॥

पहर इक्क१दिन सेस बहुरि आलम दल पिल्ल्यो ॥
दुदिस छोह छकि लोह बीर बत्थन बल ठिल्ल्यो ॥
उडत फुट्टि नागोद जंत जावक सम लोहित ॥
धपि धावत बिनु मत्थ होत अच्छरिगन मोहित ॥
बाहुल सिरस्क कंकट कटत फटत मुंड भेजन भरकि ॥
खिलखिलत मिलत जुग्गिनि जटिय किलकिलात कालिय करकि
घटिय दोय२दिन रहत जोर दिल्लिय दल जित्यो ॥
कट्यो कटक काबलिय बिसम प्रलयानल बित्यो ॥

छी के अर्थमैं जानिये ॥ २२ ॥ दोहा ॥ बुंदियइति॥ यह स्पष्ट ॥ २३ ॥ षट्पात्॥ पहरइति ॥ बल सेना. नागोद उदर की सिलह "नागोदमुदरत्राण" मितिहैमः। लोहित रुधिर. लोकें लोही. बाहुल हाथकी सिलह. लोके दस्ताना "बाहुत्राणं बाहुलं स्या"द्धैमः ॥ सिरस्क मस्तक की सिलह. लोके टोप. "शिरस्कं शीर्षकं च त" द्धैमः ॥ कंकट कवच "सन्नाहो वर्म कंकटः" इतिहैमः॥ जटीय जटी(शिव) ॥ २४ ॥ घटिय दोय इति ॥ काबलिय काबल संबंधी. यहां काबली प्रयोग होय तो षट्पदी को लच्छन बनैं नहीं क्योंकि षट्पदी के पूर्व में च्यार चरन हैं तिनमें एक एक चरन प्रति पहिले एक एक षट्कलगन. पीछे ४ चतुष्कलगन. पीछे एक द्विकलगन. ऐसे छै ६ गन होत हैं. तिनमें छठी सप्तमी दशमी ग्यारहीं बारहीं चौदवीं पंद्रवीं अठारवीं उन्नीसवीं बाईसवीं तेईसवीं मात्रा मिलकर दीर्घ होय नहीं ऐसे चौबीस २४ मात्रा के मिलकर दीर्घ होय नहीं. ऐसे चोबीस मात्रा के च्यारि४ चरन होय. पीछै सामान्य अठाईस मात्रा के दोय चरन उल्लालय के होय तिनमें गन का नियम नहीं. तथाहि "षट्कलमादौ तदनु चतुस्तुरगं परिमन्तनु ॥ शेषे द्विकलं कलय चतुष्पदमेवं संचिनु॥ छन्दः षट्पदनाम भवति फणिनायकगीतं ॥ रुद्रे ११ विरतिमुपैति नृपतिमुखकरमुपनीतम्॥उल्लालयुगलमन्ते भवेदष्टाविंशतिकलमितं॥शृणु पंचदशे विरतिस्थितं पठिते पंडितजनहितम् ॥" इति नागराजानुगवाणीभूषणे. यह यहां लिखिदीनों सो सर्वत्र जानिये. प्राकृत के प्राचीन कविननैं ऐसे षट्पदी, दोहा-

गोपीनाथ वतंस परयो अनुपम मधुनंदन ॥
माधवहर गुम्मान दोय२हड्डे हनि दुज्जन ॥
इत्यादि बहुत आलम चमू पब्बयपर कटि कटि परिय ॥
करि तत्थ बहुरि अप्पन अमल काबल दल हनि बिजय कियर२५
इम आलम लहि बिजय सीम काबल करि पद्धर ॥
बिष्णुसिंह बुधसिंह सहित रहि तँहँ वहु बच्छर ॥
सुनि सुतको जय सुजस साह अवरँग सुख किन्नौं ॥
नाम बहादुरसाह रीझि आलमकँहँ दिन्नौं ॥
इम जीति बहादुरसाह वह रसि काबल सूबा रह्यो ॥

दिक छंदन के लच्छन किये ते बोध बिनबनायेतैं अशुद्ध जानिये॥ तथाहि "अंगद जिमअङ्कुरयो॥" तथाहि "सुर मरन संगली" ॥तथाहि "सुतसोमेश्वर वडो" इत्यादि पृथ्वीराजरासे में बहुत हैं॥ तथा "बचै न बडी सबीलहू॥" तथा "लोयन बडी बलाय" तथा "गांठैं भरी मिठास" इत्यादि बिहारीसतसई में. ऐसे बहु ग्रंथन में है ॥ अरु षट्पदी दोहा को शुद्ध लच्छन यह है सो जानिये ॥ SSS. S. SI.IS. S. SSS. S. ॥ आदि में षट्कल ताके तेरह १३ भेद ॥ पुनि द्वि२कल ताके दोय २ भेद. पुनि त्रिकल ताके तीन ३ भेद. पुनि त्रि३कल ताके तीन३ भेद. पुनि द्वि २ कल ताके दोय २ भेद. पुनि षट् ६ कल ताके तेरह १३ भेद. पुनि द्वि२कल ताके दोय भेद. ऐसे एक १ चरनके भेद भये. शेष तीन चरन भी याही प्रकार गिनिये ॥ अरु अंत में उल्लालय छंद के द्वै चरन होवैं S. SSS. S. S. I. S. SSS. S. S. I. S. ॥ ऐसे षट्पदी छंद को शुद्ध लच्छन जानिये ॥ दोहा यथा ॥ SSS. S. S. I. S. SSS. S. S. I. आदि षट्कल. पुनि द्विकल. पुनि द्विकल. पुनि लहुनेमिक. पुनि द्विकल. षट्कल. पुनि द्विकल. पुनि गुरु. लहु नेमिक॥ ऐसे दोहा के एक चरन को क्रम॥तदानुकारही द्वितीय २ चरन को जानिये ॥ प्रलयानल प्रलय को सो अनल अग्नि. वा युद्धमें भयो हो सो. गोपीनाथवतंस गोपीनाथ के वंश को वतंस शिरको भूषण विशेष॥ "वतंसः शिरसः स्रजी" तिहैम॥ माधवहर माधववंशी. माधवसिंह कुमर गोपीनाथ को छोटो भाई. ताके वंश को गुमान नामक. अनुपमसिंह अरु गुम्मानसिंह ए द्वै हाडे चहुवानवा लराईमें. दुज्जन शत्रुओंको. हनि मारिकैं परे. इत्यादि इनकों आदि लेकैं अवरहु यह अर्थ ॥२४॥ घटियइति॥ यह स्पष्ट ॥ २५ ॥ इमइति ॥ लहि पाय. बच्छर वत्सर वर्ष. आलम आलम

चहुवान बहुरि कूरम दुहूँ प्रेम परस्पर निब्बह्यो ॥ २६ ॥
खट रु पंच हय इक्क१७५६साल आगम सक बिक्रम ॥
झुकि जुब्बन कछु झलक बुद्ध भूपति बय उत्तम ॥
बुंदियतैं बुलवाय अप्प अंतहपुर लिन्नौं ॥
साहबहादुर संग जंग जित्तन जस किन्नौं ॥
सुलतान सुता सगपन भयो तबतैं नृप आमैरपति ॥
बुधसिंह हिंतु मंडत बिनय गिनतसिद्ध जामात गति॥२७॥

(दोहा)

खरव कबंध सुताहु यह, ब्याह्यो पूरब काल ॥
संतति त्रिक३ताकै भयो, ढुंढाहर धरपाल ॥ २८ ॥
पुब्ब प्रसव पुत्रिय प्रकटि, नाम सु अमरकुमारि ॥
जयसिंह२सु दूजे२प्रसव, तीजे बिजय३बिचारि ॥ २९ ॥
कन्या अरु पट्टप कुमर, अंतर हायन तीन३॥
नृप आयस दोऊ२रहत, पुरआमैर प्रबीन ॥ ३० ॥
विजयसिंह लघुपुत्र अरु, कछु पातरिगन संग ॥
इम काबल आमैरपति, रहत बुद्ध रस रंग ॥ ३१ ॥

शाहकों. ॥ २६ ॥ खटइति ॥ हय७ सस. सत्रहमैं छप्पन १७५६ के सालके.सक विक्रम राज के सकमैं ॥ या ग्रंथमैं सर्वत्र स्थल विक्रमादित्यको ही शक राख्यो है शालिवाहनको शक नहीं राख्यो॥ अप्प अपनैं. अंतहपुर जनाना. सगपन संबंध. हिंतु सों. सिद्धजामाता अबाहि अपनीं पुत्री बुधसिंह कों विवाही नाहिं तथापि जैसे बिवाह किये पीछै गिनैं तैसैं ॥ २७ ॥ दोहा ॥ खरव इति ॥ संतति संतान ताको. त्रिक ३ त्रय ढुंढाहर अपनों देश ताकी. धर धरा. ताके पाल पालक. वे संतान. अथवा ढुंढाहर धरा को पालक राजा विष्णुसिंह तासों भये यह अर्थ करिये ॥ २८ ॥ पुब्ब प्रसव इति ॥ पुब्ब पहिलैं. प्रसव प्रसूति काल मैं. बिजय विजयसिंह नामक ॥ २९ ॥ कन्याइति ॥ कन्या के अरु पट्टप ताके पाटवी. बडो कुमर जयसिंह ताके. हायन वर्ष. लुप्त षष्ठीक. कन्या सों तीन वर्ष पीछै.जयसिंह भयो यह अर्थ. नृप अपनों पिता. ताके. आयस हुकम सों. दोऊ कन्या और बडो कुमर ॥ ३० ॥ विजयसिंहेति ॥ बुद्ध बुधसिंह सों. रसरंग अनुकूल ॥ ३१ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे काबलाधिकारकुमारालमायत्तीभवन १, काबलामीरसेनाबिजयनहत्वालमशाहार्थयवनेन्द्रप्रसादबहादुरशाहनामप्रपणं षष्ठो मयूखः ॥ ६ ॥

आदितश्चतुश्चत्वारिंशोत्तरद्विशततमः॥ २४४ ॥

(षट्पात्)

प्रीति स्वसुर जामात साल जामिप मंडत अति॥
गृहबिधि दुव अवनीस जात आवत डेरन प्रति॥
कूरम पतिके संग पान आसव नृप लग्गो॥
नच्चन वादन गान मान तानन मन पग्गो॥
जिनदिनन पातसाहन सभा जात न सायुध इक्क१जन ॥
लैजात सबहि केवल फलक विनु बुंदिय हिंदुव जवन १
अग्गैं अकबर बेर राव सुरजन यह रक्खी ॥
कसि कटार इहिंहेतु रहैं बुधसिंह समक्खी ॥
बसु सायक हय इंदु१७५८जेठ ग्रीखम रन रत्तो ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बुन्दी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में काबल का सूबा शाहजादे आलम के आधीन होना १ काबल के अमीर की सेना से विजय पाने के कारण आलमशाह को बादशाह की ओर से बहादुरशाह नाम पाने का छठा ६ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दो सौ चवालीस २४४ मयूख हुए ॥

षट्पात् ॥ प्रीतिइति ॥ श्वसुर बिष्णुसिंह. जामात बुधसिंह. साल शालक. लोके साला. (विजयसिंह). जामिप जामि भगिनी ताको पति बुधसिंह. लोके बहिनोई. "जामिस्तु भगिनी स्वसे" तिहैमः ॥ पग्गो आसक्त भयो. सायुध आयुध सहित. फलक ढाल"फलकोस्त्री फलं चर्मत्सरः विनुबुंदिय यहां लच्छन लच्छनासों बुंदी के राजा बिना यह अर्थ करनों॥१॥ अग्गैं. इति ॥ बेर समय. यह एक आयुध जाने की. हेतु कारन. ताकरि. समक्खी समक्ष. यावनी में रूबरू. बसु ८ अष्ट. सायक ५ पंच. हय ७ सप्त. इन्दु १ एक. सत्रह सै अट्ठावन१७५८के साल. जेठ ज्येष्ठमास. ग्रीखम ग्रीष्म ऋ

साह बहादुर धाम आम अवसर नृप पत्तो ॥
जवनिका द्वार लंघे जुगल२तीजे द्वार समीप भुव ॥
पहुँचत नरेस बुधसिंहप्रति जवन इक्क१भटभेर हुव ॥ २॥
वहै जवन अति दर्प्प साहआलमको किंकर ॥
सहसा भिरन प्रसंग बक्यो अप्रिय कुबाद पर ॥
सुनि कुबैन संभरिय कुप्पि मारिय कट्टारिय ॥
कालखंज हिय चक्खि अधप पहुँची अनियारिय ॥
रीढक विदारि निकसी चुवत मनहुँ बिज्जु मानिक बमत॥
कै तिय सहीय परकीयको बातायन कर जावरत ॥ ३ ॥
पट बेणुक प्राकार अयुत१००००हत्थन चतुरायत ॥
सात फेर संपुटित चित्र तोरन बनि चायत ॥
कृत बिछाति कुंकुमिय नीर जलजंत्रन नच्चैं ॥
उडि उसीर आमोद राग गायक बहु रच्चैं ॥

ामैं. धाम स्थान. आम वडो दरीखांनां ताके.अवसर समय.नृप बुधसिंह.पत्तो प्राप्तभयो.जवनिका लोके कनात.तथा सिरायचा.ताके.युगल२द्वै॥२॥वहैइति॥ दर्प अभिमान.सहसा अचानक.कुवाद खोटे वाद मैं.पर तत्पर.संभरिय संभरी बुधसिंह तानैं. राजा माणिक्यराज१३४ चहुवाननैं बहुत वर्ष पहिले संभर नामक नगर जहां लोन की खान है तहां राज्य कियो हो यातैं वाके वंश के चहुवान संभर तथा संभरी तथा संभरीक कहे जाते हैं. कालखंज कलेजा. हिय हृदय. अधप विना धापी (भूखी) यह अर्थ. रीढक पृष्ठिवंश. लोके वांसे को हाड ताको"रीढकः पृष्ठिवंशः स्या"दितिहैमः॥ बिज्जु बिजुरी. बमत वमन करते उगलते यह अर्थ.कै अथवा.तिय स्त्री.सुहीय सुहृदया.-चतुर ऐसी. परकीय परकीया नायिका को. बातायन गवाक्ष. लोके भरोखा तासैं. कर हाथ. जाव जावक. ताकरिकैं रत्त रक्त. लोके लाल. जैसे रजस्वला परकीया अपनें जारकों अपनी दशा दिखायकैं संकेतसैं वाको जावनों बरजिबेकों चुवते जावकको हाथ वातायनमैं निकासैं तैसैं यह अर्थ. इहां चेष्टा जन्य ध्वनि है ॥३॥ पटबेणुइति॥ वेणु वंश. लोके वांस. स्वार्थेकः॥ तिनमय. प्राकार कोट. बाहिर मैंवासमें राजनके कनात को ही कोट रहतो हो सो कोटहू कैसो. अयुतहत्थ दशहजार हाथ को. चतुरायत चोतरफ विस्तारित. तब एक दिशा को कोट२॥अढाई ह-

मोहत गुलाब मल्लिय महकि इंद्र बिभव सोहत अजब ॥
दिल्लीस सुवन जहँ थित मुदित तहँ नृप यह डारिय गजब॥४॥
जहँ जमीन जोजनन सेन संकुलि नहिं सुज्झत ॥
तीन सहँस३०००तुक्खार परिधिचोकिय बढि बुज्झत ॥
सहँस१०००तोप सावात जाल चहुँदिस जंजीरित ॥
झंडन केतु झपेट पौंन क्रंदत पथ पीरित ॥
असवार अहोनिस पंचसत५००प्रतितोरन जामिक राहँग ॥
बुंदिय नरेस बुधसिंहकी तहँ प्रकुप्पि पट्टिस बहिग ॥ ५॥
चूक चूक चहुँकोद कूक कढ्ढत कटार परि ॥
बहत भीरु चलबिचल गिरत तुरकान गरब गरि ॥
मारि जवन इम राव चुवत पट्टिस ढकि ठड्ढो ॥
साहबहादुर संक गंजि चाहत रन गड्ढो ॥

ज़ार हाथ को भयो सो एक कोस के षोड़शांश १६ सहित एक कोस के चतुर्थांश ४ प्रमान भयो. यथा—"यवोदरैरंगुलमष्टसंख्यैर्हस्तोऽङ्गुलैः षड्गुणितैश्चतुर्भिः॥ हस्तैश्चतुर्भिर्भवतीह दंडः क्रोशः सहस्रद्वितयेन तेषाम् ॥" इति भास्कराचार्यः ॥ सोहू कैसो सात फेर संपुटित ऐसे प्राकारके सात गिरद लगे तहां यह कह्यो ता प्रकारको कोट बाहर ही बाहरको जानिये. ताके गिरदके माहि उचित अंतराय सों छै ६ प्राकार और जानिये ऐसें सात भये तब सातही७द्वार जानिये. तोरन बाहिर को द्वार ॥ "बहिर्द्वारं तु तोरण" मितिहैमः॥ चायन चाय(मोद). ताके बढायबेवारे. कुंकुमिय कुंकुम के रंगको.उसीर लोकें खस ताके. "उशीरं वीरणीमूल" मितिहैमः ॥ आमोद अति मनोहर गंध. "आमोदः सोऽतिनिर्हारी" त्यमरः॥ मल्लिय मल्ली. लोकें मोगरा. अजब अद्भुत ॥ ४ ॥ जहँइति ॥ जमीन पृथ्वी. यावनीशब्द. तुक्खार घोरे. यहां उदात्त लच्छनासूं घोरेन के असवार जानिये.परिधिचोकी सेना की परिधि की चोकी के पहरायत. लोकें छबीनां. सावात बारूद ताके जालवारी. जंजीरित खींचिबेको जंजीरन सहित. झंडन झंडे(ध्वजा). तिनकी केत पताका. तिनकी झपेटसों. पोंन पवन. क्रंदत कूककरत. अहोनिस दिनरात्रि.प्रतितोरन तोरन तोरन प्रति. जामिक पहरायत पट्टिस कटारी ॥ ५ ॥
चूकचूकइति ॥ बहत कटारके बहतैं. भीरु कातर. गिरत या जवन के गिरतें.

सुत साह हिंतु भाखी सबन आनि अरज उप्पर अरज ॥
कुणपहि सदोस आलम कह्यो गुनह आप्पि हेरिय गरज ६

(दोहा)

कहि आलम सागस हन्यौं, नहिं बुंदियपति दोस ॥
खलक इलाही कुबच सुनि, को नहि रंगत रोस ॥ ७ ॥

(गीर्व्वाणभाषा)

(इन्द्रवज्रा)

औरङ्गिरेवम्प्रविचार्य्य कृत्यं बुन्दीन्द्रमाहूय समक्षमाशु ॥
आश्वास्य नीचाऽनुजतो जिगीषुर्द्दिल्लीभरम्भूपभुजे बबन्ध॥८॥

(शालिनी)

भोजाचारं रत्नसेवान्तथैव दिल्लीशत्रं शत्रुशल्यञ्च भावम् ॥

संक भय ताकों. गंजि अनादर करिकैं. सुतसाहहिंतु साह बादशाह औरंगजेब ताके सुत आलमशाहसों. कुणप मृतक. "कुणपःशवमस्त्रिया"मित्यमरः॥ सदोस दोष सहित. गुनाह अपराध. यावनी शब्द ॥ ६ ॥ दोहा॥ कहीति॥ सागस आगस अपराध ता सहित. खलक संसार.इलाही परमेश्वर,यावनी ताकोहू. कुबच खोटे वचन. को कौन ॥७॥ गीर्वाणभाषा ॥ इद्रवज्रा ॥ औरंगि औरंग पुत्रः"अत इञ्" इतीञ्॥ जित्वा इत्यर्थः। कृत्यम् निरपराधत्वात्प्रतिष्ठाकरणरूपं समक्षं प्रत्यक्षं. आशु शीघ्रं. आश्वास्य विश्वास्य, नीचाऽनुजतः नीचो यः पितुः प्रेष्टत्वाद्राज्यलिप्सुः स्वीयोऽनुजः आजमसाहनामातं द्वितीयार्थे तसि॥ भरं भारं बुधसिंहभुजे बबंध बंधितवान् ॥ ८ ॥ शालिनी ॥ भोजाचारमिति॥ भोजः अकबरसाहसमये योऽभूत्स सुर्जनपुत्रस्तस्याचरणं सुरतिपुराधिराजमारणांतःकरणेनाकबरशाहसेवनम् । रत्नसेवा तद्भोजपुत्रो यो रत्नसिंहःतत्कृताकबरशाहपुत्रजहांगीरशाहसेवनम्। दिल्लीशत्रं दिल्लीशो जहांगीरशाहस्तत्त्रा

॥ भाषानुवाद ॥

इन्द्रवज्रा ॥ नीच छोटे भाई को जीतने की इच्छावाले औरंगजेब के पुत्र (बहादुरशाह) ने इसप्रकार कार्य का विचार कर बुन्दी के इन्द्र (बुधसिंह) को शीघ्र रूबरू बुलाकर विश्वास देकर दिल्ली का भार राजा के भुजों में बांधा ॥ ८ ॥ शालिनी॥ राव भोज का आचार, इसीप्रकार रत्नसिंह की सेवा, दिल्लीश की रक्षा करनेवाले शत्रुशाल और भावसिंह, कृष्णसिंह को उज्जैन में छलघात से मारने का स्मरण करके औरंगजेब के पुत्र(बहादुरशाह)ने शुद्धभाव धारण किया

कृष्णं छद्मनाऽवन्तिकाप्राप्तमृत्युं स्मृत्वौरङ्गिः शुद्धभावं दधार९

(प्रायःप्राकृती मिश्रितभाषा)

(दोहा)

यह उदंत दिसदिस उडिग, जस बुंदियपति जग्गि ॥
इम काबल सूबा अवनि, लगन स्वामि भट लग्गि ॥ १०॥
कूरम पतिको लघु कुमर, बिजयसिंह रुचि रंग ॥
जावत अवसर आमके, स्वजनक जामिप संग ॥ ११ ॥
बालबेस कौतुक बिरचि, लगि छोनिय कछु लाह ॥
प्रथक पाय हिंडोनिपुर, सेवत आलमसाह ॥ १२ ॥
कूरमपति तत्थहि मरिय, लघुसुत रहिय समीप ॥
पट्ट लहिय जयसिंह नृप, पुर आमेर प्रदीप ॥

(हरिगीतम्)

लहि पट्ट नृप जयसिंह यौं बय अब्द द्वादस१२मैं तहाँ ॥
भट मंत्रि बर्ग बुलायकैं कहि कोन मंत्र अबैं यहाँ ॥
करिकैं समस्तन मंत्र भाखिय काल देस प्रमानिये ॥
अवरंग साह समीप सेवनमैं सबैं सुख जानिये ॥ १४ ॥
यह थप्पिकैं जयसिंह लै दल देस दक्खिनकौं गयो ॥
दरगाह साह सलाम कै मिल थान अप्पनपै ठयो ॥

हंज्यहांनामा तद्गणकमेतादृशं रत्नसिंहपौत्रं शत्रुशल्यनमानं च पुनः भावम्
औरंगशाहनिदेशेन स्वजुवानगरादियुद्धविजेतारं शत्रुशल्यपुत्रं भावसिंहनामा
नम्। कृष्णं कृष्णसिंहं भावसिंहभ्रातृभीमसिंहपुत्रं । आत्मनैवालमशाहेन छद्म-
ना कपटेन अवन्तिकापूर्यां प्राप्तो मृत्युर्येन तं तादृशं शुद्धभावं चित्तशुद्धिं कपट-
राहित्यामिति यावत् । दधार धारयतिस्म ॥ ९ ॥ प्रा०कृ०प्रा०सि०॥ दोहा॥ यह
इति ॥ उदंत वृत्तांत. लगन प्रीति. स्वामी बहादुरशाह के. अरु भट उमराव.
बुधसिंह ताके ॥१० ॥ कूरमेति ॥ आम बडी सभा ताको. स्व अपनें. जनक वि-
ष्णुसिंह. जामिप बुधसिंह. तिनके ॥ ११ ॥ बालबेसेति ॥ बेस अवस्था तासें
पृथक् जुदो. हिंडोनिपुर हिंडोनि नाम नगर ॥ १२ ॥ कूरमपतिरिति ॥ तत्थ त-
हाँ. काबल के सूबा में. प्रदीप दीपक ॥ १३ ॥ हरिगीत ॥ लहिइति ॥ अब्द वर्ष-

बुलवाय साह समीप श्रो जुवरहत्थ अंजलि संग्रह्यो ॥
करिहै कहा अब जेर तू इम व्याज कोपित ह्वै कह्यो१५
जयसिंह यह सुनि उच्चरयो मम भाग आज उदोतहैं ॥
कर इक्क थंभत साह जो नर सर्ब उप्पर होतहैं॥
अवरंग यह सुनि मोद मन्नि रु छोरि आयस अप्पयो ॥
नृप मानके कुल मानसो जयसिंह भूपतिहू भयो ॥१६॥
बय बाल अरु बच बृद्ध तो नृप मानसौंहु सिवायहैं ॥
यह सिवाइजयसिंह नृप अब नाम एह कहायहैं ॥
यह बत्त अंक रु बान सप्त रु इक्क१७५९संबतमैं भई ॥
पहुमी न इक्कहिं रत्त अब कछु होत जात नई नई॥ १७ ॥

(दोहा)

हिंदुनकी पहुमी प्रिया, भोगी तुरकन आय ॥
ज्यहाँगीरं जारहि मरत, रतिरस अब न अघाय ॥ १८ ॥
कछु अवरंगहु तरुनपन, भोगी सकति निहारि ॥
अब यह जरठ जईफ बो, नित्यनई यह नारि ॥ १९ ॥

(पट्पात्)

सर ससि हय इक१७१५साल भ्रात दारा हनि जिठ्ठो ॥

यहइति॥ यद्यपि यह मंत्र करिकैं. थानअप्पनपैं अपनें खरो रहिबे के स्थान पैं. ठयो रह्यो. साह औरंगजेबनैं. श्रो अरु. जुवहत्थअंजालि दोऊ हाथनतैं अंजालि करि राख्यो सौं. व्याजकोपित झूठैं ही कोप करिकैं ॥ १५ ॥ जयसिंह इति ॥ या छंद के दूजे चरण के वाच्यार्थ सों मेरे दोऊ हाथ गहे हैं, यातैं मैं सबनतैं विशेष बढिहों यह व्यंग्यार्थ पायो. आयेस हुकम. अप्पयो दीनों ॥ १६ ॥ बय बालइति ॥ बय अवस्था. बच वचन तामैं. बृद्ध बडो. अंक नव ९. बान पंच ५. सत्रह से गुनसाठि १७५९ के संवत् मैं. इक्कहि एकसौं. रत्त आसक्त ॥ १७ ॥ दोहा ॥ हिंदुनकीइति ॥ ज्यहांगीरजारहि जहांगीरशाह अकब्बरशाहको पुत्र राजनीतिमैं कुशल हो ताके ॥ १८ ॥ कछुइति॥ जरठ बृद्ध. जईफ बृद्ध. बा वनी. बृद्धपदको प्रयोग द्वै बेर कियो यातैं अतिबृद्ध जानिये ॥ १९ ॥ पट्पात्॥ सरइति ॥ सर पंच५. ससि एक १. हय सप्त ७. सत्रह से पंद्रहके साल१७१५

जित्ति धोलपुर समर तखत अवरंग बइट्ठो ॥
बसु रु वेद४८मित बरस पातसाही निरवाही ॥
गुन खट हय ससि१७६३ साल आय अब समय इलाही ॥
इकदिन बुलाय सुत आजमहिं करि रहस्य अवरंग कहि ॥
जंपत निमाज समासिर अलग करहु पुल तरवारि गहि२०

॥ दोहा ॥

भुग्गि जरा बय साह अब, लयो मृत्यु निज जोय ॥
जान्यों दिल रबमें रहैं, जो निमाज बध होय ॥ २१ ॥

॥ षट्पात् ॥

सुनि आजम यह सकुचि बत्त मन सोधि विचारिय ॥
इहिं उद्यम संधान होत संदेह जियन हिय ॥
कहत साह कछु ओर करत कछु ओर दुरासय ॥
यह दृढ करि उच्चरिय होय मोसों न यह नय ॥
जो चहत अप्प मम सुख जनक तो यह हुकम अलीक करि॥
दिल्लिय समेत अकबरनगर सूबा अप्पहु महर धरि ॥२२॥

॥ दोहा ॥

सुनत साह अवरंग इम, प्रिय सुत आजम बैन ॥
अकबरपुर दिल्लिय अरपि, सूबा मुनसुब सैन ॥ २३ ॥

॥ षट्पात् ॥

बरस. यावनी. दारा दाराशाह नामक. जिट्ठा ज्येष्ठ. (बडो). बसु अष्ट८. अरु वेद च्यार ४. ऐसें ४८ अठतालीस तिनके. मित प्रमानवारे. गुन तीन३. खट ६ छै. हय ७ सप्त. ससि १ एक. ऐसें सत्रह सै त्रेसठि १७६३ के साल वर्ष. यावनी. तासैं. रहस्य एकांत मंत्र. जंपत पढत. निमाज यावनी धर्मपुस्तक. अलग भिन्न ॥ २०. ॥ दोहा ॥ भुग्गिइति ॥ भुग्गि भोगिकैं. जोय देखि. दिल मन. यावनी. रब परमेश्वर. यावनी. मैं तामैं ॥२१॥ षट्पात् ॥ सुनिइति॥ सँधान युक्त करिबो. तासों. दुरासय दुर्गम है आशय हृदय विचार जाको, ऐसो. नय न्याय. अलीक मिथ्या. अप्पहु देहु. महर कृपा. यावनी॥२२॥ दोहा॥ सुनत इति ॥ अरपि दये. सैन सेना ॥ २३ ॥ षट्पात् ॥ कियइति ॥ संगर युद्ध

किय आजम यह मंत्र साह मरिहै अब जीरन ॥
मैं दिल्लियपुर जाय बैठि गद्दिय प्रपंचपन ॥
साहबहादुर सुत अजीम संजुत हनि संगर ॥
कामबखस पुनि अनुज मारि इकछत्र तपों धर ॥
यह सोचि सीख दिल्लिय लई आजम उचित अनीक सजि
चढि चलिय चाहि गद्दिय गरज तब अवरंगाबाद तजि २४
साहबहादुर सुत अजीम अभिधान नेक नर ॥
पूरब पुर पटनाँ सु रहत हुकम अवरंग बर ॥
कछुक काज तिन दिनन साह बुल्ल्यो अजीम वह ॥
बंचि पितामह पत्र चल्यो दक्खिन दरकुंचह ॥
खट६मिजल रक्खि अकबर नगर मैंनपुरी सु अजीम रहि ॥
उत समय पाय आजम चल्यो दिल्लिय आयस साह लहि२५
प्रथम साहकै पुत्त भयो सुरतान मुहुम्मद१ ॥
कारागृह संकटिय मरयो दुखपाय मितंबद ॥
दूजो आलमसाह२ सोहु कारागृह डारयो ॥
जब आजम जच्चयो सु तबहि द्रुत साह निकारयो ॥
आजम३यहै सु तीजो तनय ताहि साह हित करि चहै ॥
सुत कामबखस४चोथो सु पै साह हुकम अति निब्बहै २६
तुरकनकैं नहिं बरन अवधि चंडाल इक्क लव ॥

तामैं. अनुज छोटो भाई ताकों. दिल्लिय दिल्लीकी. अनीक सेना. गरज सुख इच्छा. देशीप्राकृत ॥ २४ ॥ साहबहादुरइति॥ अजीमअभिधान अजीम नामक. नेक धार्मिष्ठ. यावनी. पूरबपुरपटना पूर्व दिशाको सूबा पटना. या पुर को नाम. तहां. सु सो(अजीम). हुकम आज्ञा. यावनी. बुल्लयो बुलायो. दरकुंच नित्यही कूँच करिकैं. हकार.यहां तृतीयाके बहुबचनमैं है. अकबरनगर आगरा. मैनपुरी चहुवाननको नगर विशेष॥ २५ ॥ प्रथमेति॥ साहकै अवरंगजेबकै. संकटिय संकटवान होयकैं. मितंबद थोरो बोलिबेवारो. कारागृह बंदीखाने. जच्चो मांग्यो. सु सो (आलमशाह). तनय पुत्र ॥ २६ ॥ तुरकनकैइति ॥ बरन ब्राह्मक्षत्रियादि अवधि चंडाल पर्यंत. लव अंश. गणिका वेश्या. ताके. पिंड उदर

काम बखस यह कुमर भयो गणिका पिचंड भव ॥
याहि साह करि रोक्क धरा दक्खिन सूबा धुर ॥
भागनगर अप्पो रु बहुरि दिन्नौं बीजापुर ॥
पंचमौं पुत्र अकबर प्रकटि अति जुब्बन उद्धत वह्यो ॥
परघरन तक्कि मंडत अनय कुप्पि साह बध्यहि कह्यो २७

॥ दोहा ॥

अकबर मारक जनक सुनि, भजि मारवधर आय॥
रट्ठोरन ढाकि रक्खयउ, पुनि भय गयउ पलाय ॥२८॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे आलमसाहप्रकोष्ठदुर्वचनभाषियवनबुधसिंहहनन १ आमेराधीशविष्णुसिंहकनिष्ठसूनुविजयसिंहहिण्डोनपुरप्रापण २ आमेराधीशविष्णुसिंहस्वर्गवासपट्टपपुत्रजयसिंहपट्टासादनसमसवाईपदाधिगम ३ पितृवधास्वीकारिकुमाराजमार्थयवनेन्द्रौरंगजेबाद्दिल्ल्यकबरपुराधिकारद्वयवितरण ४ औरंगजेबसूनुपंचककनिष्ठाकबरस्य तातविरोधितया पलायनवर्णनं सप्तमो मयूखः ॥७॥ आदितः पञ्चचत्वारिंशोत्तरद्विशततमः ॥ २४५ ॥

मैं " पिचंडो जठरोदरे " इतिहैम: ॥ भव भयो. ऐसो याही कामबखसकों. साह अवरंगजेबनें. धुर मुख्य. अप्पो दयो. उद्धत निरंकुश. बध्य मारिबेयोग्य. ॥ दोहा ॥अकबरइति ॥ मारवधर मारवारि धरामें. ढकि छिपाय ॥२८॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बुन्दी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में आलमशाह की ड्योढी पर बुधसिंह का दुर्वचन कहनेवाले एक यवन को मारना १ आमेर के राजा विष्णुसिंह के छोटे पुत्र विजयसिंह को हिंडोनपुर मिलना २ आमेर के राजा विष्णुसिंह का देहांत होने पर पाटवी पुत्र जयसिंह का गद्दी बैठकर सवाई पद पाना ३ पिता को मारने का अस्वीकार करनेवाले शाहजादे आजम को बादशाह औरंगजेब का दिल्ली और आगरे के दो सूबों का देना ४ औरंगजेब के पांच पुत्रों में लघु पुत्र अकबर का पिता के विरुद्ध होकर भाग जाने के वर्णन का सातवां मयूख समाप्त हुआ ॥ ७ ॥ और आदि से दो सौ पैंतालीस मयूख हुए ॥ २४५ ॥

(गीर्व्वाणभाषा)

अनुष्टप्युग्मविपुला ॥

सिंहावलोकिनी गाथा प्रबन्धेषुप्रबध्यते ॥
योजनीयोऽन्वयो वाक्यमहावाक्यावसानयोः ॥ १ ॥

द्रुतविलम्बितम् ॥

अथ तथा कथयामि न कोप्यऽभूज्जगति शाहनिदेशपराङ्मुख ॥
स्वशरणं सविचार्य्य यथा मनागकबरो गतवानपि धन्वनि ॥२॥

प्रायःप्राकृती मिश्रितभाषा ॥पज्झटिका

अग्गैं नरेस जसवंत नाम, उज्जैन जंग तजि भजिग धाम ॥
हुव जनक रुक्कि अवरंग साह, तब जाय मंद संग्यो गुनाह॥ ३ ॥

गीर्वाणभाषा ॥ अनुष्टप्युग्मविपुला ॥ सिंहावलोकनीति ॥ सिंहावलोकनी भूत्वा पुनरवशिष्टवृत्तान्त वक्तुं प्रवर्तनी गाथा वाग्विशेषः। वाक्यं एकतिङ् महावाक्यं वाक्य समूहः। तयोरवसानयोरतयो रित्यत्रे तरेतरयोगो द्वन्द्वः। द्वन्द्वान्ते श्रूयमाणं पदं प्रत्येकं संबध्यते इति संबंधः ॥ १ ॥ द्रुतविलम्बितम् ॥ अथ इति ॥ अथ शब्दो वक्ष्यमाणवृत्तान्तप्रारंभ द्योतकः।तथा तेन प्रकारेण कथयामि वर्णयामि। तथा कथं यथा. शाहनिदेशपराङ्मुखः शाह औरंगजेब स्तदाज्ञाविमुखः कोपि नाभूत्. कश्चिदपि नासीत्। तथा च मनाक ईषत्. स्वशरणं विचार्य. ज्ञात्वा स शाहस्य पंचमपुत्रोऽकबरनामापि धन्वनि मरुदेशे "समानौ मरुधन्वानौ" वित्यमरः॥ गतवान् जगाम। धन्वनीत्यधिकरण विवक्षायां सप्तमी। कथिधातोरेतद्वाक्यार्थकर्मकत्वं ज्ञेयम् ॥ २ ॥ पज्झटिका ॥ अग्गैइति ॥ अग्गै पहिले. सत्रह से चउदह १७१४ के सालमैं. जनक पिता ताकों. रुक्कि रोक (कैद करिकैं). शाहको अन्वय दूसरों है. गुनाह अपराध. या

भाषानुवाद—ग्रन्थों में सिंहावलोकनी (सिंह जिस प्रकार पीछे देखता हुआ चलता है तिस प्रकार) कथा बांधी जाती है सो महावाक्य (विस्तार पूर्वक वर्णन की हुई कथा) के अंत में वाक्य (आगे संक्षेप से वर्णन कियेजाने वाली कथा) का अन्वय लगाना चाहिये अर्थात् छोटी कथा को उसकी बड़ी कथा से मिलकर पुनरुक्ति नहीं जानना ॥ १ ॥ द्रुतविलम्बितम् ॥ अब आगे उसी प्रकार से कहता हूं कि इस पृथ्वी में बादशाह औरंगजेब की आज्ञा के विरुद्ध कोई नहीं हुआ, जिससे किंचित् अपने शरन योग्य विचार कर अकबर मारवाड़ में गया ॥ २ ॥

खजुवापुर संगर साह कीन, सूजा भजाय निज आर्त दीन ॥
तत्थहु कबंध तजि स्वामि प्रीति, अवरंग हमम लुट्टिय अनीति ४
धन कोस जनाँनन लूट ठानि, मरुधर भाजि आयउ तास मानि
तब साह मरुस्थल लियउतारि, जसवंत निमज्जिग बिपति बारि
बहु अब्द मरुस्थल बिनु बिहाय, पुनि दुखिन आय लगि साहपाय
सकुटुंब रचि दिल्ली निवास, बहुकाल खंचि सेवा बिसास ॥ ६ ॥
दै साह बहुरि धर धन्व राज. काबलधर पठयो तान काज ॥
नहि साहु सची सूबा सम्हारि, बहुकाल रह्यो उद्यम बिसारि॥७॥
दिस बिदिस परन दब्बी जमीन, सुनि अलस कोप पुनि साह कीन
रनवास हुतो दिल्ली सु साह, अटक्यो जरि फोजन इहिं गुनाह॥८॥
इक रानी धारत गर्भ आस, हुव अजितसिंह जनि जठर जास॥
दल साह हवेली फिरि दुरंत, अंतहपुर घेर्यो न दुख अंत ॥ ९ ॥
रानिन पहँ पठयो हुकम साह, सुत जन्म सुन्यो नृपकै उछाह ॥
सो देहु सौंपे जा मुल्क चाह, लेहैं बिसासि अब वाहिं साह१०
जसवंत जोधपुर जोग्य नाँहि, सुत देहु भयो जो अत्र आँहि ॥
रनवास सबहि सुनि यह निदेस, उमराव बुलाये निज असेस ११
आहूत सबहि रट्ठार आय, करि मंत्र तत्थ रानिन कहाय ॥

वर्ना ॥ ३ ॥ खजुवापुरइति॥ खजुवा नामक नगर को युद्ध. साह ओरंगजेवनैं. सूजा शुजाशाह नामक. निज अपनों. तत्थ तहां. कबंध रट्ठोर राजा जसवंत सिंहनैं. स्वामि जो ओरंगजेब तासों. हमम वैभव. देशीप्राकृत ॥ ४ ॥ धनकोसइति॥ कोस भंडार. जनानन जनानेनको. निमऽजग बूड्यो. बारि जल तामैं. बहुअब्दइति ॥ अब्द वर्ष. बिहाय बिताय. खंचि काढि ॥ ६ ॥ दैसाहइति ॥ धन्व मरुदेश. तान रचा. सची बनी ॥ ७ ॥ दिसदिसइति ॥ परन शत्रुन. अलस आलस्य. या जसवंतसिंहकों यह शेष. हुतो हो. सु सो. जरिफोजन जरिके गागसों फोजन के जंजीर रूप; वा कटक रूप जानिये ॥ ८ ॥ इकरानीइति जनि जन्म "जनिरुत्पत्तिरुद्भवः" इत्यमरः ॥ जठर उदर जासों. जाके रानिनइति ॥ सो पुत्र. चाह चाहहै ता ॥ १० ॥ जसवंतइति ॥ अत्र यहां. आँहिं हैं. निदेश हुकम. असेस सब ॥ ११ ॥ आहूतइति ॥ आहूत बुलाये. तत्व

पठये नृप काबल दै स्वधाम, सोपै न सुधारत साह काम ॥१२॥
सुत जो भयो सु नहि गुप्त अत्थ, अब ताहि साह मंगत समत्थ ॥
भाखत इहिं देहों धन्वराज, अरु कोप लखत दरसन अकाज १३
तत उचित नांहि तुरकन बिसास, छल होन लगे बहु आसपास॥
अब काढ़ि कुमर जिहिं तिहिं उपाय, कछुवृत्ति जिआवहु धन्वजाय
प्रछन्न जन्यो अप्पन अपत्य, तसमात कहहु भो यह असत्य ॥
तँहँ भट्टिय भट गोइंददास, कापालिक बनि लिय कुमर पास।१५।
भट्टिय रघुनाथ सु पति लवेर, मजि दुर्गदास रट्ठोर फेर॥
ए बान सहाय हुव२भट अमान,कुमरहि निकासि गय इष्ट थान१६
किय जंग अवर सुभटन अछेह, लरि हड्डो रानिय तजिय देह ॥
इम भावसिंह भगिनी सुभाय, निरबाहि पतिव्रत स्वर्ग पाय ॥१७॥
जसवंत कुमर कसि कंठदेस, लहिं काल कढे वे बदलि बेस ॥
तिन छत्र साहसों धन्व जाय, इक बिप्रगेह रक्ख्यो छिपाय ॥१८॥
मरुधर रह्यो न रट्ठोर राज, द्विजगेह कुमर बसि दुख दराज ॥
देल्लीसों साहन हुकम पाय, मरुधर रनवासहु अवर आय॥१९॥
तहिं मिलत मात सुत बिपति बास, तप उग्र सहत अवरंग त्रास॥
इहिं अंतर नृप जसवंत अंत, बसि काल भयो काबल बसंत ।२०।
जसवंत सुवन तबहू बुलाय, इन कुपित जान रक्ख्यो दुराय ॥
नृप अजितसिंह जसवंत जाम, प्रछन्न रहे इम बिप्र धाम ॥२१॥
गजसिंह जनंन यँहँ नास होत, भट दुर्गदास रक्ख्यो उदोत ॥

सिद्धांत. स्वधाम जोधपुर ॥ १२ ॥ सुतजोइति ॥ अत्थ यहां. लखत देखनैं ॥१३॥ ततउचितेति.॥ तत ताकरनसों. कछुवृत्ति कोऊ जीविकासों. धन्व मरुदेश ॥ १४ ॥ प्रछन्नइति ॥ अपत्य पुत्र. भट्टिय भाटी जातिको चत्रिय. कापालिक व्यालग्राहरू ॥ १५ ॥ भट्टियइति ॥ लवेर लवेरा नामक ग्रामको. इष्ट प्रिय थान स्थान:॥ १६ ॥ कियइति॥स्पष्ट ॥ १७ ॥ जसवंतइति.॥ वे दोऊ भार्टी और रट्ठोर तीनों ही ॥ १८ ॥ मरुधरइति ॥ दराज बडो. साहन बादशाहको. अवर हाडी रानी विना ॥ १९ ॥ तहीति ॥ बसिकाल॥ कालवसि ॥ २० ॥ जसवंतइति ॥ जाम जन्मवारी ॥ २१ ॥ गजसिंहइति ॥ जनंन वंश. हुत ३ तीन. सत्र-

नव गुन रु सप्त इक १७३९अब्द मान, जसवंत भूप किय देह हान ॥
तिन दिनन यहै अकबर कुमार, मरुदेस गयो भय साह भार ॥
रट्ठोर नहिंन ऐसे समत्थ, अवरंग खूनि रक्खैं सु अत्थ ॥ २३ ॥
तब तिनहु दयो अकबर निकारि, ईरान गयो वह बल बिचारि ॥
अकबर सु मरयोएरु इस्पहान, सुतज्येष्ठ मरयो प्रथमहि सयान ॥
अवरंग पुत्र अब जियत तीन३, धर काबल पट्टपके अधीन ॥
हुव कामबखस दक्खिन नरेस, पुर दिल्ली आजम लिन्न पेस ॥

॥ दोहा ॥

साहबहादुरके प्रथम, मोजदीन हुव पुत्त ॥
अनय ऐस आलस निलय, जवनी जठर प्रसुत्त ॥ २६ ॥
रूप नगर रट्ठोर नृप, तनया ताके गेह ॥
साह बहादुरकों प्रथम, व्याही अवनि सनेह ॥ २७ ॥
ताकै उदर अजीम भो, दूजो सुवन सिपाह ॥
पूरबधर पुर पट्टनां सूबा जिहिं दिय साह ॥ २८ ॥
सुत रफील आदिक कदर, यह तृतीय अभिधान ॥
अखतर आदि बुलंद पुनि, यहै चतुर्थ अमान ॥ २९ ॥
आलमके च्यारि४ सुत, तिनमैं चतुर अजीम ॥
मोजदीन सबसों बडो, दिल्ली तरुको दीम ॥ ३० ॥
तीन पुत्र निज जनक तट, पुर पटनां सु अजीम ॥
सो आवन हुन साह ढिग, कछु बिसेस नय नीम ॥ ३१ ॥

इ से गुनतालास १७३९ के. मान प्रमान के. अब्द वर्ष से. हान त्याग ॥ २२ ॥ तिनदिनेनि ॥ खूनि खूनी. यावनी. अत्थ यहां. (था समयमैं) ॥ २३ ॥ तबति नइति ॥ तिन रट्ठोरन. अग्र बडो. सुरतान मुहम्मद नामक ॥ २४ ॥ २५ ॥ दोहा ॥ साहेति ॥ जवनी जवन जातिकी स्त्री. ताके. जठर उदरसों ॥ २६ ॥ ॥ २७ ॥ ताकैइति ॥ अजीम अजीमशाह नामक. शाह पितामह ओरंगजेबनैं ॥ २८ ॥ सुतइति ॥ रफीलके आदि कदर यह अर्थ. अखतरके आदि बिलंद अखतरबिलंद नामक ॥ २९ ॥ आलमके इति ॥ दीम लोकें उदेई. (दीवलि) ॥ ३० ॥ तीनपुत्रइति ॥ निज अपनों. जनक पिता आलमशाह ताके. तट काब

आजमकै इक सुत भयो, बखस अंत दीदार ॥
जो हाजरि निज जनक जुत, साह निकट गिनि सार ।३२।
आजम पुव्व लिखी सु करि, दिल्लिय लोभ चलाय ॥
पुर अवरंगाबादतैं, पंचकोस परि आय ॥ ३३ ॥
इहिं अंतर अब देखिये, करत सही नवरंग ॥
सक गुन खट६३फागुन असित, तजिग देह अवरंग ॥३४॥

॥ षट्पात् ॥

सत्रुसल्ल नृप समय साह अवरंग उपज्जिय ॥
हनि अग्रज पितु तरजि छिन्निलिन्नी निज गहिय॥
मरहट्ठन सुनि फैल गयो दक्खिनधर दब्बन॥
बहुत बरस रहि तत्थ रच्यो निज नामक पत्तन ॥
गुन खट तुरंग ससि१७६३साल बनि विक्रम सक फग्गुन असित॥
अवरंग मरिग दक्खिन अवनि अब मरहट्ठन दिन उदित।३५।

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे तातत्रासमरुगतौरंगजेबपञ्चमपुत्राकबरप्रसंगयोधपुरभूपयशवन्तसिंहपूर्वोदन्तस्मारणं १, बहादुरशाहपुत्रचतुष्कगणनानन्तरौरंगजेबनिधनवर्णनमष्टमो मयूखः ॥ ८ ॥

लके सूबा. नाम मूल ताको ॥ ३१ ॥ आजमकैइति ॥ बखसअंतदीदार दीदार बखस नामक ॥ ३२ ॥ आजमेति ॥ पुव्व पहिलैं ॥ ३३ ॥ इहिंइति ॥ गुन ३तीन. खट ६ छै. ताके ६३ त्रेसठि भये तहां सत्रह अनुवृत्तिसों सत्रह से त्रेसठि १७६३ के साल यह अर्थ करिये. असित कृष्णपक्ष ॥ ३४ ॥ षट्पात् ॥ सत्रुसल्लेति॥ अग्रज बडे भाई. पितु पिता ताकों. तरजि तरजना करिकैं. लोके दपटायकैं. पत्तन नगर. गुन ३ तीन. खट ६ छै. तुरंग ७ सप्त. ससि १ एक. यातैं वही सत्रहसे त्रेसठि १७६३ को साल आयो. तामैं ॥ ३५ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बुन्दी के राजा बुधसिंह के चरित्र में औरंगजेब के पांचवें पुत्र अकबर का पिता के त्रास से मारवाड़ में जाने के प्रसंग से जोधपुर के राजा जशवंतसिंह की पूर्वकथा का स्मरण कराना१ बहादुरशाह के चार पुत्रों की गणना के अनंतर औरंगजेब के मरने के वर्णन का आठवां ८ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दो सौ छि-

आदितः षट्चत्वारिंशोत्तरद्विशततमः ॥ २४६ ॥

॥ दोहा ॥

साह मरत आजम सज्यो, यह सुनि वत्त अजीस ॥
मैंनपुरीसौं आगरा, आयो ठहै भट भीम ॥ १ ॥
आय कटकजुत आगरा, किल्ला सजिग सम्हारि ॥
जनकहुसौं पहिलैं रह्यो, आजमपैं हक धारि ॥ २ ॥
उत आजम बुल्ल्यो उमँगि, साह मरन सुनि वत्त ॥
दिल्लीपर दावा रचन, मन्नि फिरयो मयमत्त ॥ ३ ॥

॥ षट्पात् ॥

साह मरन सुनि सजव फिस्यो आजम सुत संजुत ॥
पुर अवरंगाबाद जाय किन्नौं प्रपंच उत ॥
सब घर हसम सम्हारि खरच धन कोस खुलाये ॥
नृप नबाब रचि आम विहित इतमाम बुलाये ॥
कहि इम पठाय सहँसन पदग रेवा तट रुकहु सकल ॥
पहुँचैं न बहादुरसाह प्रति साह मरन अब मंत्र बल ॥ ४ ॥
अतना इम पिल्ली रु सबहि रुक्के रेवा मग ॥
नृप नबाब बिसवासि कह्यो मंडहु प्रपंच पग ॥
अब दिल्लिय अप्पनिय हनहु रन साहबहादुर ॥
पाय पटा द्विगुनत रु ऐस मंडहु रस आतुर ॥
सुनि यहहि मिच्छ हिंदुन सबन धरिग लुब्भि गणिका धरम॥

यालीस २४६ मयूख हुए ॥

॥ १॥ २॥उतइति ॥ मय मद. ॥३॥ षट्पात् ॥ साहेति ॥ सुत दीदारबख्स. उत चा तरफ वा खितर्कमैं. हसम वैभव. देशीप्राकृत. आम बड़ी सभा. विहित योग्य. इतमाम[ ]पदग पैदल सिपाह. रेवा नर्मदा. साहमरन शाह के मरने की खबरि ॥ ४ ॥ अतनाइति ॥ पृतना सेना. "पृतनानीकिनी चमूः" इत्यमरः ॥ पिल्ली भेजी. मग मार्ग. ऐस आराम. लुब्भि लोभ पायकैं. गणिका वेश्या ताकों. भुग्गवै भोगै. जाहि वा वेश्याकों. स्वपच चांडाल. सधन धन स-

भुग्गवैं जाहि स्वपचहु सधन कुल न जास सुकृत न सरम ॥५॥

॥ दोहा ॥

कोटापति नृप रामसौं, कहि आजम कथ सुद्ध ॥
पुर पट्टन तुमसौं लयो, आलमके बल बुद्ध ॥ ६ ॥
अब तुमकौं बुंदिय दई, रचहु जंग नृपराम ॥
सुनि यह हुकम किसोरसुत, किय करजोरि सलाम ॥७॥
बिनु बुंदिय अरु जोधपुर, लिय सब सेन सम्हारि ॥
इतर भूप हाजरि अखिल, इक्क उदैपुर टारि ॥ ८ ॥

॥ पद्धतिका ॥

आमैर भूप जयसिंह पेस, चहुवान राम कोटा नरेस ॥
दतिया पति दलपति नाम सज्जि, नरउर नरेस गजसिंह गज्जि॥९॥
सोपुर महीप गोड़ावतंस, सीसोद रामपुर चन्द्र बंस ॥
चहुवान सिरोही पति सु चंड, ऑंडिच्छ आदि बुंदेल खंड ॥१०॥
हाजरि हुव बीकानेर राय, मालव नरेस रट्ठोर आय ॥
इम भट्टिय जैसलमेर ईस, इत ईडर छप्पन भुव अधीस ॥ ११ ॥
खिच्चिय भदोर जद्दव बघेल, इत्यादि बहुत सजि मंत्र मेल ॥
निज भट समस्त हाजरि नबाब, हुव बिबिध फौज गणना हिसाब१२
सजि कटक लक्ख सप्तक७०००००सम्हारि, हुव लक्ख२०००००
बाजि पक्खर प्रसारि ॥
सजिसहँसपंच५०००मत्त मतंग, पादातिलक्खपंचक५००००० प्रसंग

हित. जास जा चांडाल के. सरम लज्जा ॥ ५ ॥ दोहा॥ कोटेति ॥ सुद्ध सुद्ध. पट्टनि वा पुर को नाम जो बुधसिंहनैं आलम दयो हो ॥ ६ ॥ ७ ॥ बिनु बुंदिय इति ॥ इहां बुंदी जोधपुर कों लच्छन लच्छना सैं करिकैं दोऊनके राजा. ऐसैं सर्वत्र जानिये ॥ ८ ॥ ९ ॥ सोपुरइति ॥ चंद्रवंश चंद्रसिंह सीसोदिये के वंशके चंद्रावत सूर्यवंशी. औंडिच्छ नाम नगर तदादिक दतियासौं इतर औ-रहू बुंदेल जानिये ॥ १० ॥ हाजरि इति ॥ राय राज ॥ ११ ॥ खिच्चियइति॥ छप्पन देश. ईडर नगर. गणना गिनती ॥ १२ ॥ सजिइति ॥ पादाति पयादे

दुवसहँस२००० तोप जंगी दुरूह, सहँसन निसान फहरत समूह॥
फटि असिन बाढ झरि सान फूल,दल रंगरंग बानां दुकूल॥१४॥

॥ मुक्तादाम ॥

सजी अब आजम संगर फौज,पटा गज बाजि करी हित मोज॥
खरे खुरसानन चुंबत खग्ग, चिरैंफटि धारन बाढ उदग्ग ॥१५॥
ग्रहग्रह तंतनि, सिंधुव सोर, घुरे भजि भेरिन भद्दव घोर ॥
दये बहु आयुध आजम बंटि,सलस्तन बंदि लये सिर संटि॥१६॥
कसैं बहु बाहुल कंकट टोप, कसीसत कंद कमानन रोप ॥
उदायुध कोक घसैं सिर गैंन, नचैं रनपैं कहुँ आरुन नैंन ॥१७॥
सनंकत सान अहो निस लोह, परैं झरि फूल हुतासन छोह ॥
तपैं असिधावक पावक ताव, मनौं तरु तिंदु चिनंगिय दाव ॥१८॥
करैं बहु बीर बिधानन दान, मनौं रन इष्ट बधावन मान ॥
भई रजसौं तमसौं मिलि संधि,रह्यो कहुँ सत्व बिसेस न बंधि॥१६॥
करैं रन आगम बीर उछाह, मनौं नर नायकबेस बिबाह॥
रचैं प्रति बासर आजम आम, रहैं इक आहव आहव नाम॥२०॥
बन्यौं दल द्वादसकोस१२बिथार, भ्रमी पहुमी नर बाजिन भार ॥
धरैं उर अच्छरि संग उमंग, करैं भट के भट कुंकुम रंग ॥ २१ ॥
बन्यौं नर आकर दक्खिन भाग, मनौं सुर दच्छ प्रजापति जाग ॥

शिपाही ॥ १३ ॥ दुवइति ॥ ऊह तर्क. तामें न आवै. निसान पताका. असि खड्ग तिनको. सान खुरसान तिनतैं. फूल लोके चिनगी. दुकूल वस्त्र ॥ १४ ॥ मुक्तादाम ॥ सजीइति ॥ पटा आमनके. मोज रीझ ॥ १५ ॥ ग्रहग्रहइति ॥ यह बाजे को अनुकरण. सिंधुव रागविशेष. भद्दवके मेघकी घोर. बंदी बंदन करि ॥ १६ ॥ कसेति॥ बाहुल दस्ताना. कंकट बकतर. रोप बान. "पत्री रोप इषुर्द्वयोः" इत्यमरः ॥ ऊँचे किये हैं आयुध जिननैं. ऐसे सुभट ॥१७॥ सनंकेति ॥ असिधावक सिकलीगर" अस्थासक्तोऽसिधावकः" इतिहैमः॥ तिंदु वृक्षविशेष. ताकी दाव वनमैं अग्नि लगै तामैं "दवो दावो वन्यवन्हि" रितिहैमः ॥१८॥ करैइति॥ मान सत्कार. बासर दिन. आहवयुद्ध. रज रजोगुन. तम तमोगुन. तिनसौं दोऊ यह अर्थ. कहुँ कोऊक ठोर. सत्व सत्व गुन रह्यो ॥१९॥करैंइति॥नायकबेस जोबन अवस्था ॥ २० ॥ २१ ॥ बन्योंइति ॥ आकर खानि. जाग याग (यज्ञ) "यज्ञो

गये रुकि मेकलजा नदि मग्ग, चल्यो अब आजम जग उदग्ग॥२२॥
मही फटि नालन देत दरार, दबैं भर भोगिय भोग हजार॥
प्रकंपत चिक्करि दिग्गज अट्ठ८, मचक्कन घुम्मत कोल कमट्ठ॥२३॥
मच्यो रव कल्प प्रभंजन मान, मनौं पयसागर फेर मँथान॥
चली चढि संग चरक्खन तोप, लगैं बिरचैं गढ पब्बय लोप॥२४॥
किती इक सिंह मुखी बिकराल, करी अहि नक्क मुखी अरिकाल॥
रजैं लिपि नागज आनन रत्त, करैं सिर छाँहँ पताकन छत्त॥२५॥
जुते बृष अैंचत के करि हल्ल, बडे गज पिट्ठि लगावत टल्ल॥
गिलैं अयपिंड घटी दुव ग्रास, चरारत चक्क चरक्खन चास॥२६॥
रहैं प्रतिइक्क बतीस३२जवान, परैं लागि गोलक कोस प्रमान॥

ध्वरो लवो याग:" इत्यमरः॥ मेकलजा नर्मदा. "मेकलकन्यके" त्यमरः॥ २२॥ महीफटिइति॥ भोगिय भोगी (सर्प). "उरगःपन्नगो भोगी" त्यमरः॥भोग फन. कोल वराह॥ २३॥ मच्योइति॥ रव शब्द. कल्प प्रलयकाल के. प्रभंजन पवन के. मान प्रमान. पय दुग्ध. चरक्ख शकटविशेष. देशी प्राकृत॥ २४॥ कितीइति॥ वृक वनकुत्ता "कोकस्त्वीहावृको मृगः" इति हेमसूरिः॥ नक्क नक्र विशेष. रजैं सोहैं. लिपि चित्र रचना विशेष. नागज सिंदूर. "सिंदूरं नागजं नागरक्तं" इतिहैमः॥ आनन मुख. रत्त लाल. छांह छाया. छत्त छत्र॥ २५॥ जुतेइति॥ जुते जुपेहुये. वृष वृषभ. लोके बैल. अैंचत खैंचत. केकेतेही. पिट्ठ पृष्ठि. टल्ल टल्ला. लोके धक्का. अयपिंड लोह के पिंड. गोला यह अर्थ. धटी तोलविशेष. छै ६ गुंजाको एक १ मासक. अष्टादश १८ मासकको एक १ पईसा. चालीस पईसा को एक १ सेर. पंच ५ सेर की १एक धटी. तैसी दुव २ दोय धटीको. चरारत यह चक्रके शब्दको अनुकरण है. चक्क लोके पहिया. चरक्ख तोप के आधार शकट विशेष. चास खबरि. चरक्खन के चक्र कें शब्द ही सों खबरि परै कि यह तोपन को ही शब्द है ऐसी॥ २६॥ रहै इति॥ प्रतिइक्क एक तोप प्रति. जवान यौवनवारे. ३२. यहां जवान सामान्य अवस्था वाचक है परन्तु तोपन के योगसों पुरुष ही जानिये. गोलक गोला. ललक्कत चरक्खन के चक्र द्वारा ललकार करत. लार संग. हली चली. डाकिनि तोप. यहां साध्यवसानासों आरोप विषय तोप तिनको निगरण करिकैं आरोप्यमाण डाकिनि शब्द को प्रयोग कियो यातैं डाकिनिनके कहे तोप जानिये. यहांहु तोप डाकिनि दोऊ शब्दनमैं प्रथमा के जस

ललक्कत आजमके दल लार,हली इम डाकिनि दोयहजार२०००
चली गज पंचसहँस५०००न पंति, भयंकर कज्जल पब्बयभांति
लगैं मग निठ्ठि करेनुन लोभ, डगैं डग डाकन छक्कत छोभ ।२८।
मरोरत साखिन जुत्थप मत्त, परीखत व्याल हिसावन रत्त ॥
बडे बपु भद्र मृगादिकें वंस, सजे गुड साजन अंतक अंस ॥२९॥
बहैं फटकारत सुंडिन व्योम, प्रभा परि पक्क जुव्वन जोम ॥
अहारत इच्छित पै न अघात, जनैं जलपीवनकों घटजात ॥३०॥
उडैं जिम कंदुक अंदुक पाय, जरे त्रिपदीन झुले सम जाय ॥
घुमावत जे सिर बीतन घाव, पयप्रति मंडत अंगद पाव ॥३१॥
कसे मखतूल कपालक कंध, बरत्तन नद्ध हवह्न बंध ॥
जरी कुथ जेवर जोति चमक्क,उयो असिताचलपैं मनु अक्क३२
करैं पथ पंकिल दान पवाह, लगैं नन तोमर भुक्कत राह ॥

मध्यम को लोप जानिये ॥ २७ ॥ चलीइति ॥ पंति पंक्ति. भंति तुल्य. मग मार्ग. निठ्ठि कष्टसां. करेनु हस्तिनी. तिनके. डगैं चलें. डग एक १ पैंड. डाकन डाक. याकों कुद करिकें शत्रुको अल्प प्रहार करनों तिनकरि. छक्कतछोभ चोभ लोके छोभ. तासैं. छक्कत तृप्त होत ॥२८॥ मरोरतेति ॥ साखी वृक्ष. तिनकों. जुत्थप जुत्थ [यूथ] पति हस्तीनके समूह. तिनके पति. परिखत तिरछी घात करिबेवारे हस्ती. व्याल दुष्टहस्ती. "तिर्यग्घाती परिघातो गजो व्यालो दुष्टगजः"इतिहैमः॥ गुड हस्तीकी सिलह. तिन करि "गुडकं हस्तिसन्नाह" मितिमेदिनी ॥ अंतक जमराज. ताके. अंश श्यामतामें तथा क्रोध में ।२९। बहैइति ॥ बहै चलै. सुंडिन सुंडादंडनतैं. पक्क हस्तीके जुव्वन अवस्थामें बिंदु निकसैं ते "बिन्दुजालं पुनः पद्म" मितिहैमः॥ अहारत आहार करत. इच्छित चाह्यो. अघात तृप्त होत. जनैं उत्पन्न किये. बिधाताने यह शोष. घटजात अगस्त्य ॥ ३० ॥ उडैंइति ॥ अंदुक जंजीर "शृङ्खला निगडोऽन्दुकः" इतिहेमचन्द्रः॥ त्रिपदी डगबेरी. तिन करि "त्रिपदी गात्रयोर्बन्धः" इतिहैमः॥ बीत सहाचतनको पगनको झूलनों. तिनके ॥३१ ॥ कसेति ॥ मखतूल रेसम. कपाल कला-वे. बरत्त रस्से. तिन करि. "नध्री वध्री वरत्रा स्या" दितिहैमः ॥ कुथ झूल. उयो उदय भयो. अक्क अर्क ॥ ३२ ॥ करैंइति ॥ पंकिल पंकवारे. दान मद. रा-ह चालिबेकी रीति. सिरी मस्तक को भूषण. देशीप्राकृत. हाटक सुवर्ण. भर्म

सिरी मनि हाटक मंडित सीस, मनौं ग्रह मंडल भर्म गिरीस ३३
करैं नभचारन चंचल चोट, उहैं फटि फेट कपाट रु कोट ॥
घटा घन मद्दवके अनुकार, हले गिरि जंगम पंचहजार५०००।३४।
जुरे हय झंपत जामलल्लक्ख२०००००,तरारन निंदत मारुततक्ख
जरे वर जेवरं पक्खर तीन, तरोगति नीर कि मंडत मीन ॥३५॥
धपैं धरि धोरित आदिक धाव, परैं छिति पातुरिकी गति पाव ॥
प्रदज्जत लासन नासनपौंन, बटा नटके जिम गुंफत गोन ॥३६॥
बनावत नालन भुम्मि बिभाग, मनोगति मप्पन मप्पत माग ॥
उडैं गजगाह मलंगत अच्छ, प्ररोहिग जानि अपाकृत पच्छ॥३७॥
चलैं निज छाँह जक्कत चित्त, घलैं वर घुम्मर भान समित्त ॥
पटीपर पूर लगावत लीह, मनौं मत गोतम पाठक जीह॥३८॥
थरक्कन घुम्मत नीर कि थाल, फलंगत चित्रकतैंबढि फाल ॥
ललैं गलपालन लाल उदोत, सुचंदन चाप कि पन्नग पोत ३९
उठैं झुकि नद्ध तुतंगन अंग, कमानन डारत कंठ कुरंग ॥
कहैं छपि हत्थिनमैं धपि धाव, बनैं जनु बारिद बिज्जु सलाव ४०

सुवर्ण ताके. गिरीस गिरिराज (सुमेरु) तापैं ॥ ३३ ॥ करैइति ॥ नभचार प-क्षी. तिनपैं. घटा हस्तिनके समूह. जंगम चलते ॥ ३४ ॥ जुरेइति॥ जामल दो-य २. तरार उड़ान. तिन करि. मारुत पवन. तक्ख तार्क्ष्य (गरुड़)ताकों. तरोग-ति वेगगति. कि मनों ॥ ३५ ॥ धपैं इति ॥ धोरित गति विशेष. धाव गति. लास लास्य (नृत्य) तिनमैं. नास नासिका. तिन करि. गोन गमन ॥ ३६ ॥ बनावनइति॥ नाल खुरताल. तिनकरि. मप्पन मापिवेकों. माग मार्ग. प्ररोहिग अंकुरित भये. अपाकृत काटे॥३७॥ चलैइति॥ जक्कत चमकत. घुम्मर मंडलनृत्य. भान वक्र मात्रिक विशेष दोरनों. लीह लीक. मत गोतमको न्यायशास्त्र ताके पाठक की. जीह जिव्हा॥ ३८ ॥ थरक्कतइति ॥ थाल छिन्न विचित्रित गुंफित शिखाके तैल तिनकी. सुचंदन श्रेष्ठ चंदन के. चाप धनुष ताएैं. कि मनों. पोत बालक. अच्छे चंदन के चाप के रूप घोरन के स्कंध कहे. सुचंदनसों पन्नगनकी प्रीति विशेष है. अरु चाप नहीं कहते तो स्कंधन की आकृति नहीं आवती. सुचंदनसों. हेतु अलंकार ही जानिये ॥३९॥ उठै इति ॥ झुकि नमिनामिकैं. नद्ध

बहैं छिति छेकत बत्थन घल्लि, कसीसत कंधर ऐंड उझल्लि ॥
कुसानुग जे पटकैं जित जाय, रहैं लखि लोभ पतंगहु पाय ४१
घमंकिय पक्खर घुग्घर नद्द, छमंकिय नेउर भेकाकि भद्द ॥
दिसा बिदिसा बढि हिंसत हेस, सजैं जिन आसन आस सुरेस४२
दुरैं पलटैं कुलटा जिम दिट्ठि, चलैं चरज्यौं परि पत्रिय पिट्ठि ॥
खलीनन लेहनमैं अनुरत्त, सदा जयसूचक जे जव जत्त ॥ ४३ ॥
बनैं चकरी सकरी बिसिखान, महागति द्रौपदिके पट मान ॥
बडे तरु साखन ह्वै कढिजात, बगच्छिनपैं उडि लंघत बात ॥४४॥
भिरैं खुर भोगिय भू भटभेर, फिरैं गज फेटनतैं चकफेर ॥
सजे इम आजमके दलसंग,तरोमय जामल लक्ख२०००००तुरंग
क्रमेलक जुव्वन वेग बिसेस, बनैं जिनतैं घर देस बिदेस ॥
बजावत गल्लन हल्ल बितंड, चलैं धरि पव्वय पिट्ठि प्रचंड ॥४६॥
भरे सल जे दल डेरन भार, हले जुरि घुम्मत सट्ठिहजार६००००
सजे बर बेसर बीस हजार२००००,
तथा सकटावलि तीसहजार३०००० ॥ ४७ ॥
जनाँननके जन वाहन जुत्त,
सजे सिबिका रथ इक्क अयुत्त १००००॥

घंधे ॥ ४० ॥ बहैंइति ॥ कंधर कांधे. ऐंड जगल्ली. तासैं. कुसानुग कुसा चाल ताके. अनुग कह्यो करिवेवारे. पतंग सूर्य ॥ ४१ ॥ घमंकियइति॥ भेक मेंडक लोंके मैंडक. भद्द भाद्रपद. तातैं. हेस हींस. ताको. आस इच्छा॥ ४२ ॥ दुरैंइति॥ चर दास. खलीन लगाम तिनको. लेहन चाटनों तामें. सूचक दिखायदेवारे.जव वेग. तामैं. जत्त बंध ॥ ४३ ॥ बनैंइति ॥ बिसिखा गली तिनको. बात पवन. ॥ ४४ ॥ भिरैंइति॥भोगिय सर्प. अरु भू पृथ्वी. यहां भू के भोगसों सर्प शेष ही जानिये. तरोमय वेगमय. जामल दोय २ ॥ ४५ ॥ क्रमेलकइति ॥ क्रमेलक ऊंट. गल्ल गाल तिनकों. बितंड वेतंड हस्ती ॥ ४६ ॥ भरेइति ॥ सल उष्ट्र. लोके ऊंट. "शलो भोलिर्मरुप्रियः" इतिहैमः ॥ बेसर खच्चर. "वेसरोऽश्वतरो वेगसरः "इतिहैमः ॥४७॥ जनाननके वाहन निबाहिवेकों. जुत्त जुक्त. सिबिका पा-

चली भुव डोरिन सप्पत फौज, उदै हुव आम प्रवीरन ओज ॥४८॥
हजारन होरिय हेति समान, दिसा विदिसा फहराय निसान ॥
　सहस्रकपंच ५००० नकीब जलेब,
　चली पृतना रचि जेवर जेब ॥ ४९ ॥
समात न सेलनके गन गैन, छई भुव पक्खर लक्खन लैन ॥
बिभागन बंटत सत्रुन बंस, उमीरन बीरन के अवतंस ॥५०॥
हरोलन चंड नकीबन हाक, करैं मग लुट्टन बाक कजाक ॥
चले इम दिल्लियपैं रचि दाव, उमंगन आजम औ उमराव ॥ ५१ ॥

(दोहा)

इत आजम इम सजि कटक, प्रभु बनि किन्न प्रयान ॥
उत आलम सुनि उज्झल्यो, सावन मुदिर समान ॥५२॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे दिल्लीपट्टाधिवेशनाभिप्रायौरंगजेबकनिष्ठपुत्राजमशाहस्य दक्षिणदेशाद्दिल्ल्यागमनवर्णनं नवमो मयूखः ॥ ९ ॥
आदितः सप्तचत्वारिंशोत्तरद्विशततमः ॥ २४७ ॥

(षट्पात्)

आलमसाह वकील हुते अवरंग निकट जिन ॥
समय साह अवसान पत्र लिखि छन्न प्रपंचिन ॥
जतु गुटिका बिच रक्खि दूत करि बेस दिगंबर ॥

लकी. ओज तेज ॥ ४८ ॥ हजारनइति ॥ हेति शिखा. तांके झार ॥ "अर्चिर्हेतिः शिखा स्त्रिया" मित्यमरः ॥ जेब शोभा. यावनी ॥४९॥समातेति ॥ गन समूह. गैन गगन तामें. लैन पंक्ति. उमीर वडे वैभवके स्वामी. यावनी. तस ७. भूषण विशेष ॥ ५० ॥ ५१ ॥दोहा॥ इतइति ॥ मुदिरमेघ ॥ ५२ ॥ यह श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में ... ति ॥ ... बुधसिंह के चरित्र में दिल्ली के पाट बैठने के अभिप्राय से ... भूत हुआ. पुत्र आजमशाह का दक्षिण में सेना सझकर दिल्ली पर जा... हत्य. छुमाया नवमा९मयूख समाप्त हुआ और आदि से दो सौ सैंतालीस. यारूद. तासैं. षट्पात् ॥ आलमसाहेति॥ जतु लाखकी. गुटिका गोली. ता

काबल धर पुक्कलिय आनि अटकिय रेवापर ॥
उनमत्त होय सरिता उतरि गति सबेग काबल गयो ॥
निद्रित जगाय अद्धिय रजनि आलम प्रति दल अप्पयो॥१॥
बुल्लो दै कग्गरहिँ छत्र भग्गत सुव भग्गी ॥
अब निवारि निंदरिय पिक्खि पव्वय दव लग्गी ॥
घर फुट्टा जर फुट्टि फुट्टि हिंदुव मिलि आवत ॥
आजम अनय सिचान परत दिल्लिय पारावत ॥
बंधहु प्रपंच मंडहु बिहित यह न बेर फिरि आयहै ॥
बिन जतन गये लव लव बहुरि दूजे कलप दिखायहै ॥२॥

[निःशाणी]

अद्धीके घरियारपैं चर पत्र लगाया ॥
धूजि थरत्थर नाजरूँ अवरोध चलाया ॥
साहबहादुर सैनसैं बरजोर जगाया ॥
जिन खंधैं सुख निंद ते परलोक पलाया ॥ ३ ॥
जिनकी बाहर चाहते तिन धाट बनाया ॥
अब उट्ठैही अप्पनाँ नहिँ छत्र पराया ॥
यौंसुनि बेगम अप्पनी कर ऐंचि उठाया ॥
जाकौं कंत कहावते वह बासर आया ॥ ४ ॥
लाय सिलग्गी भक्खराँ तुम निंद लुभाया ॥
यौं सुनि आलम जग्गिकैँ अवरोध उठाया ॥
कग्गर बंचि प्रपंचकैँ बुधसिंह बुलाया ॥

[illegible] "इतिहैमः ॥ रेवा नर्मदा. दल पत्र. अप्पयो दयो ॥१॥ बुल्लयोइति ॥ भग्गत नष्ट [illegible]त. निंदरिय निद्रा. सिचान लोकमें बाज. पारावत कपोत. "पारावतः कलरवः" इतिहैमः ॥ बिहित योग्य ॥ २ ॥ निःशाणी ॥ अद्धीकेइति ॥ अद्धी अर्धरात्रि देशीप्राकृत. ताके चर दूत. (नाजर) पावनी. अंतःपुर में जायवे योग्य नरवेलधा[illegible]री नपुंसक तिननैं. अवरोध अंतःपुर तामैं. "शुद्धान्तश्चावरोधश्चेत्यमरः ॥ [illegible]न सयन. तासौं. निंद निद्रा ॥३॥ जिनकीइति॥ बाहर सहाय. धाट लोकमें धाड़ा. बासर दिन॥४॥लाय सिलग्गीइति॥ भक्खर पर्वत. देशीप्राकृत.

नैंन मिलाया नेहसैं भुज भार झिलाया ॥ ५ ॥
वंस सताके बीर तू कहि यों बिरुदाया ॥
हिंदू भूप हराम हैं सब फेरि मिलाया ॥
दिल्लीके कुच कुंभपैं कर आजम लाया ॥
जोर जनानैं जारका नहिं जात पचाया ॥ ६ ॥
अब तेरे भुजदंडपैं रसबीर बढाया ॥
बाजीमैं ओर न रह्या पण माथा लगाया ॥
डारैं भुग्गन हूर हैं जितैं जस माया ॥
यों सुनि राव उछाहकैं कर मुच्छ मिलाया ॥ ७ ॥
मुछि सम्हारी संभरी रस सत्त ७ उडाया ॥
थाई बीर रउद्दका इक्कैं छक छाया ॥
ज्यों कंदल कनउज्जके भट संजमजाया ॥
कै गोरी सुरतानपैं सजि कन्ह धकाया ॥ ८ ॥
ज्यों जंभासुर जंगपैं सतसत्त सुहाया ॥
कै द्रोणाचल लैनकों कपिराज कसाया ॥
पीवन पारावार कै घटजात घुमाया ॥
कै वन सुत्ता बिंटिकैं मृगराज जगाया ॥ ९ ॥
कै काकोदर चंपतैं फनफैल बनाया ॥

तिनमैं. अवरोधउठाया दूर किया. कग्गर पत्र. फेकारिकैं. बुधसिंह बुंदी के स्वामीकों. झलाया दिया॥५॥ वंसइति॥ सताके शत्रुशल्यके. जोर पराक्रम. पचाया पाचन किया. दिल्ली मेरे भोगने योग्य स्त्री रूप है;ताके कुच कुंभपैं आजम हस्तक्षेप कियो चाहत है यातैं जनानेके जार आजमका जोर मेरे पाचन नहीं होता ॥ ६ ॥ अबइति ॥ बाजी खेल तामैं. पण दाव. भुग्गन भोगिबेकों. हूर अप्सरा. यावनी. माया वैभव ॥ ७ ॥ मुछिइति ॥ खङ्गधी यह शेष. सत्त सप्त ७. थाई स्थाईभाव. वीररउद्दका वीररस रौद्ररस का उत्साह अरु क्रोध यह अर्थ. गोरी सुलतानपैं. कन्ह पृथ्वीराज चहुवानका काका ॥ ८ ॥ ज्योंइति ॥ सतसत्त सतसत्र. (इन्द्र) शुद्धप्राकृत. कपिराज हनुमान. कसाया सज्जीभूत हुआ. पारावार समुद्र. ताकों. घट कलस. तासों. जात जन्मै ऐसे अगस्त्य. घुमाया उत्साह जुक्त भया ॥९॥ कैइति ॥ काकोदर सर्प. ताकों. साबात यारूद. तामैं.

सोर किधौं साबातमैं दव डुंग मिलाया ॥
जमका शृंखल जानिकैं कहि पाव दबाया ॥
यौं सुनि बत्तैं संभरी मन जंग लगाया ॥ १० ॥
सोक सिलग्गा साहका कहि वैन समाया ॥
सो सिर जोलौं कंधपैं सुख अप्प कुमाया ॥
गही ज्यानपनाहकी हम बीर सिवाया ॥
धर्मइरामी सेर ह्वै कोऊ न कहाया ॥ ११ ॥
अग्गैं पंडव जित्तिकैं कुरुवंस नसाया ॥
रावन किन्नी रामसौं सोही फल पाया ॥
पापन पक्की होनदै दल होहु सिवाया ॥
ऐंचौं आजम कंठमैं धरि चाप अघाया ॥ १२ ॥
यौं सुनि साह सिराहकैं तजबीज लगाया ॥
सेनानी संभर किया चतुरंग सजाया ॥

॥

बड्डे प्रात पयानकौं फरमान चढाया ॥ १३ ॥
जंग नग्गरौं नद्द ह्वै धर काबल छाया ॥
सिंधू राग रनंकिया चढि सोर सिवाया ॥
डेरौं डेरौं सज्ज ह्वै नर बाजि कसाया ॥
जालग तीजे जामका घग्घार बजाया ॥ १४ ॥

डुंग दमंग (चिनगी). जानि इच्छा पूर्वक ॥ १० ॥ सोकइति ॥ सिलग्गा प्रज्वलित भया. समाया समित किया. सोसिर सेरो मस्तक. कंधपैं कांध पर. तोलों यह शेष. कुमाया संचय किया. ज्यान प्राण. सबनके तिनके. पनाह रक्षक. ऐसे आप. तिनकी है यहशेष. ज्यान पनाह ए दोऊ यावनी लब्ज हैं. सिवाया सबसों सिवाय. सेर सिंह. यावनी ॥ ११ ॥ अग्गैंइति ॥ पक्की प्रारब्धकी सिद्धि. दल सेना. होहु यह भू धातु को लोट् लकार के प्रथम पुरुषके भवतु प्रयोग को प्राकृत है. अघाया अतृप्त ॥ १२ ॥ योंइति॥ सिराह प्रशंसा ताकों. कै करिकैं. आम बडी सभा. तजबीज देशीप्राकृत. प्रारब्धकी रचना विशेष. सेनानी सेनापति. संभर बुधसिंह. फरमान हुकम ॥१३॥ जंगइति ॥ रनंकिया यह शब्द को अनुकरण. कसाया सज्जभया. जाम प्रहर ॥ १४ ॥ केइति ॥ घेरों घेरे इ-

के गज घेरौं घल्लिकैं घेरौं गरदाया ॥
काहू व्याज प्रपंचकैं बिरुदाय मिलाया ॥
अंग रुमालों संजिकैं रजरंग उडाया ॥
दै दै मनके मानके संजाव खिलाया ॥ १५ ॥
के जल देगों पायकैं सुख लोभ लगाया ॥
अग्गैं रक्खि गजीनकों विसवास बढाया ॥
झंपि महाउत कंधपैं गति बंदर आया ॥
जंगी होदन मंडिकैं गुड नद्ध बनाया ॥ १६ ॥
धाय धरयारी घोरज्यौं घलि घंट झिलाया ॥
चाप तुपक्कों आदिकैं सब हेति सजाया ॥
बंधि बरत्तों सज्जकैं बड बाक लगाया ॥
फौजों नायक भार ए सिर तेरे आया ॥ १७ ॥
यौं कहि कंधा थप्पिकैं रन रंग रचाया ॥
जंगी अंदुक डारिकैं आलान छुराया ॥
वारी बाहिर बाकतैं रचि डाक डगाया ॥
केक मतंगों तुंगके भुजदंड झुकाया ॥१८॥
मेघाडंबर के कसे सिर अंबर लाया ॥
केक हवद्दों सज्जऽहै गल गज्ज मचाया ॥
यौं नभ अंबर अर्श भू १०००परिमान गिनाया ॥

स्ती के अनुचर तिननें. व्याज कपट. रुमाल वस्त्र के खंड विशेष. तिनकरि. संजाव सव्याव. लोके सीरा. तथा हलवा. खिलाया भक्षणकराया ॥ १५ ॥ केइति॥ देग देशीप्राकृत. बहुत बडे पात्र विशेष तिनकों. गजी हस्तिनी तिनकों. गति तरह. बंदर वानर ताकी. गुड हस्ती की सिलह तिनकरि. नद्ध बंध ॥१६॥ धायइति ॥ हेति आयुध. बरत रस्से तिनकरि. बड बडे. बाक वचन ॥ १७ ॥ यौंइति ॥ अंदुक जंजीर. आलान बंधबेकोखूंटा. तथा खंभा "आलानं बंधनस्तंभः" इतिहैमः ॥ वारी हस्तीको ठान ताके "वारी तु गजबन्धभूः" रितिहैमः॥ तुंग ऊंचे ॥ १८ ॥ मेघइति ॥ मेघाडंबर छायावारे होदा. लोके अंबावाडी.

हत्थी आलमसाहके रन एह सजाया ॥ १९ ॥
लक्ख१०००००तुरंगौं लैनपैं वर साज बनायर ॥
देत खलीनौं दोरपैं नचि कंध नमाया ॥
जंग पलानौं डारिकैं कसि तंग मिलाया ॥
घोर घमंकी पक्खरौं छोनीतल छाया ॥ २० ॥
रंग बिरंगे राह के गजगाह लगाया ॥
छोरि दुबग्गौं ठानतैं चर बाहिर लाया ॥
तुक्कि मलंगौं तुंगपैं रवि रुक्कि लुभाया ॥
तोप हजारा१०००तीरकैं चहकात चलाया ॥ २१ ॥
डारि दवाली बीर जे सजि जंग लुभाया ॥
साहबहादुर सज्ज ह्वै अब बाहिर आया ॥
बारनपट्ट अरोहिकैं फरमान लगाया ॥
कूंच नकीबो बुल्लिकैं हल्लल्ल बढाया ॥
एते मान बिहानका घरियार बजाया ॥
पाय रकाबौं अंडिकैं चढि बीर चलाया ॥
छोनि मचक्की भारकैं फन नाग डगाया ॥
चौंके दिग्गज चिक्करैं उर कल्प भमाया ॥ २३ ॥
ध्यान समाधी छोरिकैं मन चित्र बढाया ॥

के क्रितेफनपैं. नभ शून्य०.अंबर शून्य०.अभ्र शून्य०.भू एक१. ऐसे हजार१००० ॥ १९ ॥ लक्खइति ॥ लैन पंक्ति. तिनपैं. खलीन लगाम तिनकों ॥ २० ॥ रंगइति ॥ राह रीति. तिनकरिकैं. दुबागों दोऊ तरफ बंधके अगारी के रस्से तिनकों. तुक्कि तुलितुलिकैं. तुंग ऊंची. तिनपैं. तोपहजारा तोपनको हजार. हजार १००० तोप यह अर्थ. तीरकैं तीर. उनको निवाला बारूदकी थैली अरु गोला सो उनमें डारिकैं. चहकात चहकनौं. चरखनके शब्दको अनुकरन।२१॥ डारिइति ॥ दवाली मेखलाकों. देशीप्राकृतमैं. बारनपट्ट मुख्यबारन. हस्ती तापैं ॥ २२ ॥ एतेइति ॥ कल्प प्रलयकाल ॥ २३ ॥ ध्यानइति ॥ समाधि समाधि

तहिन धूरि बितानके घन भान पिधाया ॥
सारद पुण्यिमका ससी जिम बारद छाया ॥
दब्बि धरित्ती पक्खरौँ इक ओघ लखाया ॥ २४ ॥
सेलौँ अंबर ढंकिया नभचार रुकाया ॥
झंडे बात झपेटकैं फीलौँ फहराया ॥
तारा उत्तरि पोदकी सुभ सौँन बताया ॥
दक्खिन भारद्वाजनैं हुत लाभ दिखाया ॥ २५ ॥
यौँ दरकुंच अनीकनैं लाहोर निराया ॥
पंजाबी दल बुल्लि कैं कछु तत्थ मिलाया ॥
आलमसाह सिपाह यौँ सजि सेर सिवाया ॥
दिल्लीके सिर दावपैं करि चाव चलाया ॥ २६ ॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पुके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपति बुधसिंहचरित्रे दूतद्वाराबहादुरशाहान्तिकौरंगजेबपञ्चत्वोदन्तप्रापणम् १, सेनापतीकृतबुधसिंहससैन्यबहादुरशाहलवपुरागमनवर्णनं दशमो मयूखः ॥१०॥ आदितोऽष्टचत्वारिंशोत्तरद्विशततमः ॥२४८॥

वारे. तिननैं. चित्र अभिरज. पिधाया अन्तर्ध्यान हुआ. पुण्यम पूर्णिमा. वा दिवस. बारिद मेघ. ओघ समूह ॥ २४ ॥ सेलोंइति ॥ नभचार पक्षी. बात पवन. फीलों फील[हस्ती].यावनी. तिनपैं. तारा वाम दिशसे दक्षिण दिशा काली चिरी आवै ताकों कहिये. पोदकी काली चिरी. सौंन शकुन. भारद्वाज लोके रूपारेल तथा सुलाल्हा सौंनचिरी ॥ २५ ॥ यौंइति ॥ निराया निकटलिया. पंजाबी पंजाबका. दल कटक. बुल्लि बुलाया. तत्थ तहां. सेर सिंह. यावनी. चाव चाह [उत्साह] ॥ २६ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बुंदी के राजा बुधसिंह के चरित्र में दूत द्वारा बहादुरशाह को औरंगजेब के मरने की खबर मिलना, बुधसिंह को सेनापति करके सेना सहित बहादुरशाह के लाहोर आने के वर्णन का दशवां १० मयूख समाप्त हुआ और आदि से दो सौ अड़तालीस २४८ मयूख हुए ॥

॥ गीर्वाणभाषा ॥

लाहोरनामपुरतोऽपि कृते प्रयाणे,
मेघानुकारकबहादुरशाहचम्वा ॥
आयातमाशु दलमीप्सितमागरातो
ऽजीमस्य भूतयुतभाविविदः स्वसूनोः ॥ १ ॥

[उपजातिः]

श्रुत्वाऽवरङ्गं कृतकायहानं, मया समागत्य मनोजपुर्याः ॥
तत्रत्यभूतिर्द्रविणादिरात्ता दुर्गं च सज्जीकृतमागरायाः ॥ २ ॥
स्वास्थ्यं गृहाणेति विचार्य वप्तर्जहीहि चाचार्जितचक्रचिन्ताम् ॥

गीर्वाणभाषा ॥ वसंततिलका ॥ लाहोरेति ॥ मेघानुकारकबहादुरशाहचम्वा मेघाऽनुकृतवत्या बहादुरशाहसेनया लाहोरनामकपुरीसकाशात् प्रयाणे कृते सति आगरात आगरानामकनगरसकाशात् भूतश्रुतभाविविदः अतीतभविष्यद्भानवतः अजीमस्य रूपनगरराज्ञा भागिनेयस्याजीमनाम्नः स्वसूनोः स्व शब्देन बहादुरशाहबोध्यस्तस्य सूनोः पुत्रस्य संबंधि आत्मन ईप्सितं दलं पत्रं आशु शीघ्रं आयातं प्राप्तम् ॥ १ ॥ उपजातिः ॥ श्रुत्वेति ॥ अवरंगं सतिपिता महं कृतकायहानं त्यक्तशरीरं 'ओहाक् त्यागे' इत्यस्मात् भावे ल्युट् ॥ 'युवोरनाका' वित्यनादेशः ॥ मया कर्त्रा मनोजपुर्याः लोके मैनपुरी तस्याः सकाशात् आगरापुरं समागत्य संप्राप्य तत्रत्या तत्र भवा या द्रविणादिभूतिः द्रव्यादिकमैश्वर्यं आत्ता गृहीता तस्या दुर्गं च सज्जीकृतं सन्नद्धीकृतम् ॥ २ ॥ स्वास्थ्यमिति ॥ वप्तः हे पितस्त्वं इति मल्लिखितं विचार्य स्वास्थ्यं स्वस्थतां गृहाण अङ्गीकुरु. चाचार्जितचक्रचिंतां चाचा लघुपितृव्यक आजमशाहनामा तेन आर्जितं संचितं यच्चक्रं सेना तच्चिन्तां । जहीहि त्यज । अत्र युद्धार्थे मया अपि प्रयत्नो वि-

---

॥ भाषानुवाद ॥

लाहोर नाम नगर से मेघ का अनुकरण करनेवाली बहादुरशाह की सेना प्रयाण करते ही आगरा नामक नगर से भूत भावि को जाननेवाले अपने पुत्र अजीम का चाहा हुआ पत्र शीघ्र आया ॥ १ ॥ अवरंग के शरीर की हानि सुनकर मैंने मैनपुरी में आकर यहां का वैभव धन आदि ले लिया और आगरा के गढ को भी सज्जीभूत कर लिया है ॥ २ ॥ हे पिता! इस मेरे लिखे हुए को विचार कर निश्चिन्तता धारण करो और मेरे काका आजमशाह की एकत्र कीहुई सेना की चिन्ता को छोडो । यहां मैंने भी युद्ध का उपाय रच-

विरच्यतेऽत्रापि मया प्रयत्नः प्रलक्ष्यते चाऽऽजमशाहपन्था: ॥ ३ ॥

[इन्द्रवज्रा]

आगम्यतां द्रागभवतापि विद्वन् सेनाभृता बुन्दिनृपेण साकम् ॥
न्यस्यात्र शुद्धांतमुखां विभूतिं जाल्मो रिपुर्जाजवसीम्नि जय्यः॥४॥

(शुद्धप्राकृतभाषा)

(गीतिः)

इअ पत्तं सोऊणं अईमलिहिअं जयायमेण समम् ॥
साहबहादुरजोहा हरिससमड्ढा जिईसवो हूआ ॥ ५ ॥
जह सुससाखित्ते बुट्ठो मेहो पव्हडसालिम्मि ॥
अहव दिणयरो उइओ निसाडिमामुड्डविहलपहिअगणे ॥६॥
वा रोअम्मि असज्झे मिलिओ धन्नंतरी सुहाइसमम् ॥

रच्यते क्रियते. च पुनः आजमशाहपन्थाः आजमशाहस्य मार्गः प्रलक्ष्यते विलोक्यते ॥ ३ ॥ इन्द्रवज्रा ॥ आगम्यतामिति ॥ हे विद्वन् पितः! भवता अपि बुन्दीनृपेण बुधसिंहेन सेनाभृता सेनापतिना सार्धं सह द्राक् शीघ्रं आगम्यताम् विभूतिं श्रीजनानादिकपरिकरं न्यस्य स्थापयित्वा जाल्मः अविचार्यकारी एतादृशः रिपुः आजमशाहः जाजवसीम्नि जाजवनामनगरसीमायां जय्यः जेतुं शक्यः ॥ ४ ॥ शुद्धप्राकृतभाषा ॥ गीतिः ॥ इअ इति ॥ इति पत्रं श्रुत्वा अजीमलिखितं जयागमेन समम्॥ साहबहादुरयोधा हर्षसमृद्धा जिगीषवो भूताः॥५॥ यथा शुष्यमाणक्षेत्रे वृष्टो मेघः प्रवृद्धशालिके॥ अथवा दिनकर उदितो निशि दिङ्मूढविह्वलपथिकगणे॥६॥ वा रोगे असाध्ये मिलितो धन्वन्तरिः सुधया समम्॥

॥ भाषानुवाद ॥

लिया है और आजमशाह का मार्ग देखता हूं ॥ ३ ॥ हे बुद्धिमान पिता! आप भी बुंदी के राजा सेनापति बुधसिंह सहित शीघ्र आओ. जनाना आदि वैभव और जीवन आदि परिकर को यहां रखकर अविचारी (दुष्ट शत्रु (आजमशाह) को जाजव नामक नगर की सीमा में जीतने को समर्थ है ॥ ४ ॥ अजीम का लिखाहुआ यह पत्र सुनकर जय के आगम के साथ बहादुरशाह के वीर हर्ष से पूर्ण जीतने की इच्छावाले हुए ॥ ५ ॥ जैसे बढ़ेहुए धान्य के सूखते हुए खेत पर वर्षा होवे तैसे वा रात्रि के दिशा भूले हुए व्याकुल पथिकों के समूह में सूर्य उदय हुआ॥ ६ ॥ अथवा रोग के असाध्य होने पर अमृत के साथ धन्वन्तरि मिले. वा मुरदा के शरीर में आश्चर्य करनेवाले प्राण फिर आये ॥ ७ ॥

अहवा कुणवसरीरे अब्बो पच्चागया असुखो ॥ ७ ॥

प्रायोव्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

[षट्पात्]

किय उछाह इम साह बंचि कग्गर चूरामस ॥
बुल्लि नृपति बुधसिंह कह्यो तदुदंत बिहित क्रम ॥
इक्क१इक्क१संजोग होत जिहिँबिधि एकादस११ ॥
इम अजीम सठ होत दइव दीसत अप्पन बस ॥
अल्लाह महर सूचक यहै अब न बीच अरि भय अटक ॥
आगरा ओर पद्धति उचित क्रम सबेग हंकहु कटक ॥८॥
यह प्रपंच अनुकूल पिक्खि बुधसिंह चमूपति ॥
किय फोजन दरकुंच मंडि व्यूहन बिदग्ध मति ॥
सेन मध्य सुरतान हक्क नरनाह हरोली ॥
सुवन साहके तीन३बाम दक्खिन चंदोली ॥
जयसिंह अनुज कूरम बिजय लघुवय लखिनृप संग लिय॥
इहिँ क्रम उपेत दब्बत अवनि चलि सबेग चतुरंगिनिय॥९॥
काकोदर कलक्कलत फनन फुंकारि पलटावत ॥
कद्रू हिय अकुलात लखत पुत्तहिँ लचकावत ॥
त्यौँ बिनता उर तिक्ख पुब्ब चिंतत दासीपन ॥
यह कोतुक अदभूत फैलि कस्यपघर फोजन ॥
संकर समाधि तजि तजि सहज कारन लखत बिचार करि॥

अथवा कुणपशरीरे अहह प्रत्यागता असवः ॥७॥
प्रायो ब्रजदेशीया प्राकृती मिश्रित भाषा ॥ षट्पात् ॥ कियइति ॥ चूरामस साम सहित. बुल्लि बुलाय. तदुदंत वा अजीम को वृत्तान्त. ओर तरफ. पद्धति मार्ग. "सरणी पद्धती पद्ये" त्यमरः ॥ ८ ॥ यहइति ॥ व्यूह रचना विशेष. सुवन पुत्र. मोजदीन १ रफीलकदर२ अख्तरचिलंद ३. उपेत सहित ॥ ९ ॥ काकोदरइति ॥ काकोदर यहां शेष. कद्रू नागमाता. बिनता गरुडमाता. पुब्ब पहिलो दासीपनों. कद्रूनें याकों दासी करीही वह भाव. नवमालहेतु नवीन मुंडमाला को कारन. इनहिं इनकों शिवकों. गहकि सों बोलिकैं. गधरि पार्वती१०

नवमाल हेतु कहि कहि इनहिं गहक्कि मोद बाढत गवरि ॥१०॥
कति जन सु भक्ति निर्गुन१ कहत स्वांत बिसय इम कति सगुन२॥
कहिदेहु सकल अभिधान कछु प्रेम अतुल चहियत प्रगुन ॥४४॥

॥ मनोहरम् ॥

कहत परिच्छित१ ज्यों श्रवन१ तैं आप्तकाम,
व्याससुत२ कीर्तन२ तैं बिदित बखानिये ॥
स्मरन३ तैं दैत्यपति३ लच्छी४ पयसेवन४ तैं,
पूजन५ तैं पृथु५ से प्रतापी जिम जानिये ॥
बंदन६ तैं बिदित स्वफल्कसुतं६ पायो इष्ट,
दास्य७ तैं कपीस्वर७ प्रतीति पहिचानिये ॥
सख्य८ तैं किरीटी८ बलि९ स्वात्मके समर्पन९ तैं,
बलि९ से बिमुक्त पद प्रापित प्रमानिये ॥ ४५ ॥

॥ दोहा ॥

यह मध्यम२ श्रेढी इहाँ, भक्ति निरत हे भूप ॥

और जैसे १ समुद्र में गंगा का जल मिल जाता है तैसे मनकी वृत्तिको परमेश्वर में जमाते हैं और शान्तरस, दासभावरस, सखाभाव रस २ निर्मलभावरस और वात्सल्यरस से प्रभुको रमाते हैं. इस भक्ति को कितने ही लोग तो निर्गुण भक्ति और कितने ही इसकों ३ मनका विषय होने से सगुण भक्ति कहते हैं सो ४ नाम कुछ भी कहो परन्तु तुलना रहित ५ सरल गुणवाला अथवा प्रकृष्ट गुणवाला प्रेम होना चाहिये ॥ ४४ ॥ अब आगे नवधाभक्ति के उदाहरण दिखाते हैं कि श्रवण से राजा परीक्षित६स्वरूपानन्द से तृप्त हुआ, ७कीर्तन से शुकदेव प्रसिद्ध हुआ, स्मरण से ८ प्रह्लाद, चरणसेवन से ९ लक्ष्मी, पूजन से प्रतापी राजा पृथु, वंदन से १० श्वफल्क का पुत्र अक्रूर, दासभाव से ११ हनुमान्, सखाभाव से १२ अर्जुन, १३ फिर आत्मसमर्पण से १४ बलि दैत्य, ये इष्ट फल पाकर १५ मुक्तिको प्राप्त हुए मानो ॥ ४५ ॥ हे भक्ति में १६प्रीति करनेवाले राजा यह बीचकी सीढी है जिसमें निष्काम भक्ति से विष्णु भगवान् को प्राप्त होकर

हरि पावत निष्काम व्है, अंत मुक्ति अनुरूप ॥ ४६ ॥
तत्वबोध निरतहु तथा, भक्ति सहित हुव भूरि ॥
सिव१ बिरंचि२ सनकादि सम, प्रेम द्विधा२ रुचि पूरि ॥४७॥
दत्त१ रु कपिल२ बिदेह३ से, बहु रत केवल बोध ॥
व्यापहु भक्तिहु बोधमैं, बोधहि भिन्न बिरोध ॥४८॥

इत्युपास्तिकाण्डम् ॥

गीर्वाणभाषा आर्या ॥

भक्तेः श्रेढी प्रथमा १ यां स्वाधिष्ठाय धर्म्ममात्मीयम् ॥
आद्विजचाण्डालावधि कृत्वा कर्म्माप्नुते परमम् ॥ ४९ ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

षट्पात् ॥

इहाँ धर्म१ आचरन प्रथम१ श्रेढी जो भूपति ॥
सो सामान्य१ बिसेस२ गिनहु द्विरबिधरहि श्रुति संगति ॥
आदि१ बर्ण सन एह१ स्वपचँ परजंत समुद्धर ॥

१अंत में सादृश्य मुक्ति होजाती है ॥ ४६ ॥ २ तत्वज्ञान में लगकर भी शिव, ब्रह्मा, सनकादिकों के समान बहुत भक्ति सहित (भक्त) होकर रुचि पूर्वक दोनों (ज्ञान और भक्ति) में पूर्ण हुए हैं ॥ ४७ ॥ ३ दत्तात्रेय, कपिलदेव और ४ राजा जनक जैसे बहुत केवल अद्वैतज्ञान में ही प्रीति करनेवाले हुए हैं. और ज्ञान (आत्मज्ञान) में भी भक्ति होती है क्योंकि ज्ञान विरोध से भिन्न है इस कारण उसको भक्ति से भी विरोध नहीं है ॥ ४८ ॥

यह उपासनाकाण्ड समाप्त हुआ ॥ आगे कर्मकाण्ड कहते हैं ॥

भक्ति से पहिले जो कर्मकाण्ड रूपी प्रथम सीढी है जिसको पाकर अपने धर्म में स्थित होकर, कर्म करके ब्राह्मण से लेकर चाण्डाल पर्यन्त परम पद (मोक्ष) को प्राप्त होते हैं ॥ ४९ ॥ हे राजा यहां अपने धर्म में चलने की जो प्रथम सीढी है वह ५ वेद से सम्बन्ध रखनेवाली सामान्य और विशेष, इन दो प्रकार की है जिनमें सामान्य धर्म का भार सब मनुष्य मात्र के ऊपर कहा है सो ६ ब्राह्मण से लेकर ७ चाण्डाल पर्यन्त का ८ उद्धार करनेवाला है और दूसरा

गहुगहु बढि वानी भटन भयानी धार धपानी मार मचैं ॥
ढालन लगि ढल्लरि के असि कल्लरि राव सु झल्लरि भाव रचैं॥
कटि हड्ड करक्कैं फिप्फ फरक्कैं तेग तरक्कैं एक उडैं ॥
चोटन असि चंडैं खंडैं खंडैं छोरि वितंडैं गिरत गुडैं ॥ २१ ॥
बिलु मत्थ दुवाहे संमु सिराहे चंडिय चाहे उट्ठि अरैं ॥
डोलैं गज डारे फुट्टि नगारे पत्थ हठारे बत्थ परैं ॥
गजदंत उपारैं कोप करारैं मीरन मारैं वीर बढैं ॥
कटि धार कृपानन गात सु गानन वीर बिमानन केक चढैं॥२२॥
जुग्गिनि जय जपैं कातर कंपैं बाजि बिझंपैं वेग वली ॥
लुत्थिन भुव छावैं वीर बढावैं मिच्चु न मावैं छोह छली ॥
कोटेस बिनाँ हय छंडि महा गय रुट्ठि बडे रय रारि रुप्यो॥
गज बाजि गहम्मह कूह कहक्कह ग्रंघ ग्रहल्लह लोक लुप्यो ॥२३॥

[दोहा]

कोटापति किलकत पर्यो, आलम दल सिर आय ॥
करि सु संध चंडासि कुल, तुट्यो आसिन अघाय ॥ २४ ॥

स्तु वशा वसे' त्यमरः ॥ २० ॥ गहुगहुइति ॥ धपानी धपायवेवारी. केकितेक. असि खड्ग. कल्लरि कालरेकहैकैं. राव शब्द. झल्लरिभाव देवालयमैं वाद्य विशे-ष ताकी तरह. फिफ लोकै फेफरा. तेग खड्ग. तरक्के तडाकैं. एक केवल 'एकं संख्यातरे श्रेष्ठे केवले तरथाऽपि च' तिमेदिनी॥ वितंडैं वेतंडोंके. गुडैं गुड हस्तीकी सिलह. तहां बहुवचनसैं ऐकार है ॥ 'गुडकं हस्तिसन्नाहः' इतिमेदिनी ॥ ॥ २१ ॥ बिलुइति ॥ दुवाहे दोऊ हस्तों से तुल्य प्रहार करैं ते. गजडारे गजन के पटके. पत्थहठारे पत्थ पार्थ ताकी तरह हठवारे. मीरन मीर जवन विशेष तिनकों. गात गवत. सुगानन अच्छे गाननकों ॥ २२ ॥ जुग्गिनिइति ॥ जंपैं कहैं. बिझंपैं विशेष करिकैं खपैं. वीर वीर रस. मिच्चु मृत्यु. नमावैं नहीं मावैं. छोहछली छोभसैं उफनी हुई. यहां देशभाषासैं मिच्चुको स्त्रीलिंग कियो. गय गज. रय वेग. गहम्मह घनी भीर. ग्रहल्लह देशीय प्राकृत. लुप्यो लुप्त भयो ।२३। दोहा ॥ कोटाइति ॥ सुसंध श्रेष्ठ है संधा प्रतिज्ञा जाकै ऐसो ॥ २४ ॥ पद्मपा-

सब मनुजनके सीस भनिय सामान्य धर्म१ भर ॥
दूजो२ बिसेस धर्म१ सु वदिय अप्प बरन१ आश्रम२ उचित ॥
परधर्म बरहु साद्धि रु परत२ निंद्य१हु निज निज होत हित५०
सुनहु धर्म सामान्य१ प्रथम१ संतोष१ छमा२ पुनि ॥
सम३ बहोरि दम४ सौच५सुपहु अस्तेय६ लेहु सुनि ॥
सहित दया७ तिम सत्य८ विहित निज पठन९ विचारहु ॥
आतम१ ब्रह्म२ एकत्व१ धी१० जु दसम१० सु हिय धारहु ॥
सामान्य धर्म लच्छनँ दस१०हिं मुख्य१ इतर अनुगत२सुमति
आर्जव१ रु मैत्र२ अनसूयता३ क्रम परोपकारा४दि कति५१
दसम१० माँहिं नहि दिपत अर्थ जह तह इम अक्खहिं ॥
सम१ मन मतिजय२सद्धि रु दम१ इंद्रियजय२ रक्खहिं ॥
सौच१ न्हान सुख२ सकल बहुरि अस्तेय१ बखानत ॥
बिक्खत परधन बिजन जु गन बिष्टा सम जानत२ ॥

विशेष धर्म अपने अपने वर्ण और आश्रम के उचित कहा है जिसमें १ दूसरे का धर्म उत्तम होने पर भी उसको साधने (चलने) से गिरजाता है और अपना धर्म निन्दनीय होने पर भी उसमें चलना हित (भला) होता है ॥ ५० ॥ अब सामान्य धर्म सुनो कि प्रथम सन्तोष, फिर क्षमा, २ मनको जीतना, फिर इन्द्रियों को जीतना, शुद्धि (पवित्रता) ३ चोरी नहीं करना, दया, सत्य, ४अपने लिये जिसकी विधि होवे उसका पाठ करना ६ अपनी बुद्धि में जीव और ब्रह्म की ५ एकता को धारण करना, यही सामान्य धर्म के दश ७ लक्षण हैं सो मुख्य हैं. और हे श्रेष्ट बुद्धिवाले राजा रामसिंह ८ अन्य ९ सरलता, मैत्री (मित्रता) १० दूसरे के गुण में दोष नहीं लगाना, इस क्रम से कितने ही परोपकार आदि धर्म उपरोक्त दश लक्षणोंवाले धर्म के साथ चलनेवाले हैं ॥ ५१ ॥ ११ उपरोक्त सामान्य दश धर्मों में जिनका अर्थ स्पष्ट नहीं दीखता उनकी व्याख्या करते हैं कि मन और बुद्धि को जीतना सम है, और इन्द्रियों के रोकने का नाम दम है, स्नान आदि सब पवित्रता को शौच कहते हैं, १३ एकान्त में देखेहुए भी पराए धनको विष्टा के समान जानना १२ अस्तेय है, सो इस प्रकार सामान्य धर्म के सब लक्षणों और अपने अपने विशेष

सामान्य१ धर्म्म लच्छन सकल अरु बिसेस२ निज आचरहिं
सत जन्म१००कहुँ न चुक्कहिं सु नर सत्यलोक सासनं करहिं॥५२॥

॥ दोहा ॥

आस्यज१ बाहुज३ ऊरुज३ रु, पज्ज४ प्रभेदन पंति ॥
बिरच्यो बर्ण चतुष्क४ बिधि, भूतल निवसन भंति ॥५३॥
तास अवस्था च्यारि४ तकि, चउमुख आश्रम च्यारि४॥
बटु१ गृहस्थ२ बैखानस३ रु, धरिय भिक्षु४ क्रम धारि ॥५४॥
अवर बर्ण१ आश्रम२ उचित, पहिलैं धर्म्म प्रबोधि ॥
राजधर्म पुनि रावरो, सब कहियत हित सोधि ॥५५॥
पठन१ रु पाठन२ यजन३ पुनि, ध्रुव तिम याजन४ धर्म्म ॥
बितरन५ ग्रहन६हु बिप्र१कै, किय बिधि मुख्य छ६ कर्म्म५६
स्नान१ रु संध्या२दिक सकल, इनमैं निबसत आइ ॥
बिधि को अैसो बिप्र१कै, जो इन६तैं टरिजाइ ॥ ५७ ॥

धर्म का जो आचरण करते हैं और जो मनुष्य सौ जन्म पर्यन्त कहीं नहीं चूक ते वे सत्यलोक का १ पालन करते हैं अर्थात् ब्रह्म रूप से मोक्ष को प्राप्त होते हैं ॥५२॥ २ मुख से ३ भुजा से ४ जंघा से और ५ चरण से उत्पन्न करके इन भेदों से भिन्न भिन्न पंक्तियां करके भूमितल को बसाने की ७ रीति से ६ ब्रह्माने चार वर्ण (यथाक्रम से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र) रचे ॥ ५३ ॥ ब्रह्माने उनकी चार अवस्था देख कर ८ अपने चारों मुखों से, ९ ब्रह्मचारी, गृहस्थ १०वानप्रस्थ११संन्यासी, ये चार आश्रम किये ॥५४॥ हे राजा रामसिंह यहां अन्य तीनों वर्णों और आश्रमों के उचित धर्म १२ समझा कर आपका (क्षत्रियों का) धर्म हितको सोधकर पीछे कहेंगे ॥ ५५ ॥ पढ़ना, पढ़ाना, १३यज्ञ करना, १४ यज्ञ कराना, १५दान देना, १६ दान लेना, ये मुख्य छः कर्म ब्रह्माने ब्राह्मणोंके रचे ॥५६॥ स्नान और सन्ध्या आदि सब इन्हीं उपरोक्त छः कामों में निवास करते हैं, ब्राह्मण के ऐसी कौनसी विधि है कि जो इन छहों कर्मों से टलजावे"संस्कृतमें विधि शब्द पुल्लिंग है परन्तु यहां लोकरूढी से स्त्रीलिंग लिखा है" ॥ ५७ ॥

प्रजात्रान१ यजन२ रु पठन३, भोग प्रसक्ति अभान४ ॥
वीरभाव५ वितरन६ विधि सु, बाहुज२ वर्ण विधान ॥ ५८ ॥
अंहति१ इज्या२अध्ययन३, कृषि४ पसुपालन५ कर्म ॥
वानिज्य६हु ए वैश्य३के, धरे सीस खट६ धर्म्म ॥ ५९ ॥
पठन१ निजोचित यजन२ पुनि, वितरन३ शिल्प विधान ॥
त्रि३बरन सेवा५ कारुता६, पज्ज४ छ६ धर्म प्रमान ॥६०॥

॥ मनोहरम् ॥

बरन चतुष्क४के ए खट६ खट६ कर्म तहँ,
तीन३ तीन३ जीवन उपाय अवधारिये ॥
खट६में सम लय३सौं विप्र१ अरु अप्रसक्तिं१,
त्रान२ सूरता३सौं जीवैं बाहुज२ बिचारिये ॥
वैश्य३ पसुत्रानं१ कृषिकर्म२ रु बनिज३तासौं,
सेवा१ शिल्प२ कारुता३सौं पज्ज प्रतिपारिये ॥
गेह१ देह२ मंडन१।२ सुवैन३ पतिसेवा४ भक्ति५,

१प्रजाकी रक्षा करना, यज्ञ करना, पढना, भोगोंमें आसक्त नहीं होना, और२ दान देना, ये छः ३ क्षत्रियों के कर्म हैं ॥ ५८ ॥ ४ दान देना, ५ यज्ञ करना, पढना, खेती करना, पशुओंका पालन करना और व्यापार करना, ये वैश्यों के मस्तक पर छः धर्म रक्खे हैं॥५९॥ पढना, ६ अपने योग्य यज्ञ करना, दान देना, शिल्प कर्म(दस्तकारी)करना, तीनों वर्णोंकी सेवा करना और७कमीणपन करना अथवा कारीगरी करना, ये छः धर्म ८ शूद्रों के हैं ॥ ६० ॥ चारों वर्णों के ये छः छः कर्म हैं जिनमें से तीन तीन कर्म ९ जीविका के उपाय के जानो. उपरोक्त छः कर्मों में से पढाना, यज्ञ कराना और दान लेना, इन तीन कर्मों से ब्राह्मण जीविका करै और १० भोगों में अनासक्ति, रक्षा और वीरता से ११ क्षत्रिय जीविका करै, इसी प्रकार १२पशुओं की पालना, १३खेती करना और व्यापार करना, इन से वैश्य जीविका करै और सेवा करना (नौकरी), शिल्प, कारीगरी वा कमीणपन से १४ शूद्र अपना पालन (जीवन) करै, घर और शरीर को शोभायमान रखना, श्रेष्ठ(मीठे) वचन बोलना, पति की सेवा करना भक्ति करना और सम्पूर्ण वस्तुओं को शुद्ध रखना, ये मुख्य छः काम स्त्रियों

बस्तुसुद्धि६ सुख्य छ८हि नारिन निहारिये ॥ ६१ ॥

॥ षट्पात् ॥

आश्रम४ धर्म्महु अखिल धरहु अब कर्णा धराधव ॥
पोते त्रि३बर्णज पाइ भनित बय परि द्वितीय२ भव ॥
अजिन१ जटा२ उपवीत३ मेखला४ दंड५ कमंडलु६ ॥
सबिधि धारि दर्भ सय ख्यात गुरु गेह बसैं खलु ॥
मंगि सु द्वि२संध्य भिक्षा मुदित आनि निवेदहिं गुरु अरथ॥
ठहै तस नियोग तो तास ठहै असन१नतो उपवास२अथ६२
इंद्रिय जित१ मित असन२ सील३ श्रद्धा४ नति संजुत ॥
पुनि गुरु इच्छा पठन६ प्रथम पठनीय निगम७ नुत ॥
पठन आदि१ अंत२ पुनि प्रनति मंडहिं श्रीगुरु पय८॥
जुग संध्या मौन९ जिम नियत सावित्री जप१० नय ॥
सायं१प्रभात१गुरु१बिष्णु२शिव३अर्क४कृसानु५उपासना११

के जानो ॥ ६१ ॥ १हे राजा रामसिंह अब आश्रम धर्म भी सब सुनो जिनमें प्रथम ब्रह्मचारी का धर्म कहते हैं कि तीनों वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य) के २ बालक यज्ञोपवीत लेने की कही हुई अवस्था में ३द्विजन्मा होवैं अर्थात् यज्ञोपवीत लेवैं और ४ मृगचर्म, जटा, जनेऊ ५ कटिमेखला (मौंजी अर्थात् मूंजका कटिसूत्र जिसको लोकमें करधनी वा कणगती कहते हैं) दण्ड कमण्डलु (जलपात्र) इनको विधि पूर्वक धारण करके ६ दर्भ (डाभ) को हाथ में लेकर ७ निश्चय ही प्रसिद्ध गुरु के घर में वसै और ८दोनों सन्ध्या अर्थात् प्रातःकाल और सायंकाल को भिक्षा मांग कर प्रसन्नता पूर्वक गुरु की भेट कर देवै जो गुरु की ९ आज्ञा होवै तो खावै और आज्ञा नहीं मिले तो वहां उपवास ही करै॥ ६२ ॥इन्द्रियों को जीतै १०प्रमाण से भोजन करै शील, श्रद्धा और नम्रता युक्त होकर फिर गुरु की इच्छा होवै तब पढै उसमें प्रथम ११ पढने योग्य और १२स्तुति योग्य वेद पढै पढने के आदि और अन्त में गुरु के चरणों में नमस्कार करै दोनों सन्ध्याओंके समय मौन रक्खै और नियम पूर्वक १३गायत्री जप करै यही ब्रह्मचारीकी नीति(न्याय)है सन्ध्या समय और प्रभात समय दोनों समय में गुरु, विष्णु, शिव, सूर्य और १४ अग्नि की उपासना

स्रज१मधु२पल३भूखन४गंध५सह वर्जहिं नारिन बासना॥६३॥

॥ दोहा ॥

इस गुरु गृह पढि आयुको, वंटि चतुर्थ४ विताइ ॥
गुरु अभीष्ट२ दे स्वीय गृह, उपनय३ बिरचहिं आय ॥ ६४ ॥
जो असपिंडा१ जननि कुल, स्वक असगोत्रा२ सुद्ध३ ॥
क्रम सवर्ण४ ऐसी कनी, व्याहैं सु वटु६ मबुद्ध ॥ ६५ ॥

॥ षट्पात् ॥

बिवहिं नारि गृह बसहिं पंच७ सूना जाके जिम ॥
कघर्ट८ चुल्लि९ बहुकरिय१० आहि कंडन११ घरट्ट१२ इम ॥
पंचन मेटन पाप पंच५ मख नित्य गृही पर ॥
पाठन पठन१ मसिद्ध ब्रह्ममख१३ यह बसुधांबर१४॥
बलि सुनहु श्राद्ध तर्पन नृपति मख२ पैत्र२ रु हवनादि३मत॥
सुर१५मख३रु भूतमख४बलि सुनहु नृमख१६५अतिथि पूजन५नियत॥६६॥

॥ दोहा ॥

करे १पुष्पमाला, शहत, मांस, भूषण, सुगन्धि पदार्थ और स्त्रियोंकी संगति, इन सबका त्याग करे ॥ ६३ ॥ इसप्रकार गुरु के घर में पढने में अपनी आयुका चौथा भाग विताकर गुरु को २ मनवांछित देकर अपने घर पर आकर ३ उपनयन संस्कार (ब्रह्मचारी का विद्या की समाप्ति का संस्कार विशेष) करे ॥ ६४ ॥ जो अपनी माता के कुलकी ४ सपिण्डी में नहीं होवे (माता के कुलकी सपिंडी पांच पीढी पर्यन्त और अपने कुलकी सपिंडी सात पीढी पर्यन्त मानी जाती है) और ५ अपने गोत्रकी नहीं होवे उस शुद्ध और अपने वर्ण की कन्या को क्रम से विद्वान् ६ ब्रह्मचारी व्याहे ॥ ६५ ॥ स्त्री को व्याहकर घर में रहता है तब उस गृहस्थी के पांच ७ हिंसा होती हैं ८ जल का घड़ा ९ चूल्हा १० बुहारी ११ ऊखल और १२ घरटी, इन पांचों का पाप मिटानेको गृहस्थ पर नित्य पांच यज्ञ लगेहुए हैं तहां१४हे राजा रामसिंह पढना और पढाना यह तो १३ ब्रह्मयज्ञ है, श्राद्ध और तर्पण यह पितृयज्ञ है, यज्ञ आदि १५ देवयज्ञ है, बलि देना भूतयज्ञ है और अतिथि पूजन १६ मनुष्य यज्ञ नियत है ॥ ६६ ॥

क्रम करि करि मख पंचक५ रु, जति१ बटु२ अतिथि३ जिमाइ
ज्यौं सब निज४न जिमाइकैं, खिल३ तब दंपति२ खाइ ॥६७॥
जाम१ रहत निस नित्य जगि, धर्म१ अर्थ२ गति ध्याइ ॥
सौच१ न्हान२ संध्यादि३ सब, बिधिसह कृत्य बनाइ ॥ ६८ ॥

॥ षट्पात् ॥

महिला ऋतु प्रतिमास धस्र्व चउ अग्ग जु लंघत ॥
अहं बारह१२ सो अधम बालहंताहि होत वत ॥
अष्टमि८।१ भूत१४।२ अमा३०।३ रु अखिल चंद्रा१४।४ एकादसि११।५
इन्ह५।८ तजि अरु खिल२२ अहन मिलहिं तियसन बांछा वसि ॥
गर्भ१ लखि करहिं तबतैं गृही२ संस्थावधि संस्कार सब ॥ १६ ॥
गृहि२ धर्म एह लाघव गदितें अरु वैखानसं३ धर्म अब ॥ ६९ ॥

॥ दोहा ॥

आयु भाग दूजो२ सु इम, ब्याहि रु गेह बिताइ॥
पुत्रन दै सब तब बिपिनैं, जावैं दंपति२ जाइ ॥७०॥

क्रम पूर्वक ये पांचों यज्ञ करके सन्न्यासी १ब्रह्मचारी और अतिथि को भोजन कराके और वैसेही २ अपने सब लोगों को भोजन कराकर जो ३ शेष बाकी) रहै सो आप स्त्री पुरुष भोजन करै॥ ६७ ॥ एक प्रहर रात्रि बाकी रहते नित्य जगकर, धर्म और अर्थ की रीति सोच (विचार)कर फिर शौच, स्नान, सन्ध्या आदि कर्म विधि पूर्वक करै ॥ ६८ ॥ प्रतिमहीने४ स्त्री की ऋतु(रजस्वलापन)के शुद्ध हुए पीछे आगे के चार ५ दिनों को लांघ कर इसके अनन्तर बारह ६ दिन तक ऋतु काल रहता है [यहां पहले चार दिनों का इस कारण से त्याग है कि उन चार दिनों में गर्भाधान होने से बालक अधम और हिंसक पापी होता है] और अष्टमी, चतुर्दशी, अमावास्या, पूर्णिमासी और एकादशी, इन तिथियों को छोडकर बाकी सब ७ दिनों में इच्छा पूर्वक स्त्री से मिलै और गर्भ धारण किया हुआ देखकर गृहस्थ, गर्भाधान से लेकर ८ मरण पर्यन्त के सब संस्कार करै, यह गृहस्थ का धर्म संक्षेप से ९कहा है और अब१०वानप्रस्थ का धर्म कहता हूं ॥ ६९ ॥ इस प्रकार व्याह करके आयु के उस द्वितीयभाग को घर में बिताकर सब पदार्थ पुत्रों को देकर स्त्री और पुरुष दोनों ११ बन

पत्नी व्है संतति प्रिया, जग गृह छोरैं जाहि ॥
बिपिन नतो उभय२ हि बसैं, ताक्कि आकिंचनताहि ॥७१॥

पट्पात् ॥

केवल रहन कृसानु³ उटज४ कंदर२ वा आश्रय ॥
नख१ रु रोम२ मल३निग्रहि सहै सीता१दि३ऋतु३।६न रय॥
नीवारा१दिक वन्य अन्न१ फल२ पुष्प३ कंद४६म ॥
पुरोडास⁷ चरु प्रमुख करैं सह क्रम तिनसौं तिम ॥
अवसेसको सु बिरचैं असन बेर इक्क१ सबकरि बिहित॥
नीवार१आदि४जब होइ नव चतुर तजै तब पुब्ब चित॥७२॥

॥ पादाकुलकम् ॥

जो गिनि बिहितै न्हान डारैं जल१, मंजन करि खोलैं न देह मल
कृत्ति १ रु वल्कल२ दंड३ कमंडलु४, खिलैं दर्भा१दि५ रहैं धारत खलु॥ ७३ ॥

में जाकर जीवै ॥ ७० ॥ यदि स्त्री १ संतान में प्रेम करनेवाली होवै तो उसको घर में ही छोडै और वह भी संतान का स्नेह छोड देवै तो उसको २ कामना रहित देखकर स्त्री पुरुष दोनों ही वन में वास करैं ॥ ७१ ॥ केवल ३ अग्नि रखने के लिये ४ झौंपड़ी (टपरी) वा गुफा का आश्रय लेवै, नख और केश नहीं काटै, शरीर का मैल नहीं उतारै, सर्दी गर्मी आदि ऋतुओं के ५ वेग को सहन करै ६ तृणों से निकलनेवाले जंगली धान्य(सांवां, मलीचा आदि अड़क धान्य) आदि अन्न और फल, फूल, कंद, ७ जवके चूनकी रोटी, होमने के अन्न आदि से क्रम पूर्वक नित्य होम करके "यहां चरु शब्द की संगति से होमका ग्रहण है" उचित कार्य करै होमसे बाकी बचै उसको दिनमें एकबार भोजन करै और ८ जब सांवां, मलीचा, सुरट आदि वन के अन्न नवीन उत्पन्न होजावैं तब वह चतुर पहिले का संग्रह किया हुआ अन्न त्याग देवै ॥ ७२ ॥ ९ विधि समझकर शरीर पर स्नान का जल डालै परन्तु १० मर्दन (मालिस) करके पसीना नहीं उतारै अर्थात् रगड़कर शरीर का मैल नहीं उतारै १२ बाकी डाभको आदि लेकर ११ मृगचर्म, वृक्षों की छाल(भोजपत्र आदि) दंड (हाथमें रखने की यष्टि, लकड़ी) कमंडलु (जलपात्र) १३ निश्चय ही धारण करै ॥७३॥

॥ दोहा ॥

इम तृतीय३ निज आयुको, वन रहि वंट बिताइ ॥
वैखानस३ सन्न्यास४ विधि, पुनि सज्जैं खिन पाइ ॥ ७४ ॥
जोन बिरति तो वह जबहि, रचि अनसन बिधि एह ॥
तत्व२४न तत्व२४मिलाइ तंनु, छोरैं छेम लहि लाह१।२७॥७५॥
ब्रह्मचर्य१हीतैं बिरति, वा गृह१हीतैं आइ ॥
तो जुग२ आश्रम मध्य तजि, जती४ द्रुतहि होजाइ ॥७६॥
रहैं दिगम्बर १ वा धरैं, पट कौपीन पिधान२ ॥
बस्तु कमंडलु१ दंड२ बिनु, न इतर जास निधान ॥ ७७ ॥
बिधि न सिखा१ सूत्र२हु बहन, तो को बिधि खिल तास॥
मिटन अंहं१ ममता२ अवधि, अटैं असंग उदास ॥ ७८ ॥

॥ षट्पात् ॥

संगति भिच्छा समय करैं खिन वसति अटन क्रम ॥
आप१ ब्रह्म२ जग३ इक्क१ भेद बिनु पिक्खि छोरि भ्रम ॥

इसप्रकार अपनी आयु का तीसरा भाग वन में रहकर बितावै वह वानप्रस्थ समय पाकर सन्न्यास लावै ॥७४॥ यदि वानप्रस्थ अवस्था में १उपराम [वैराग्य] नहीं होजावै तो अथवा जिनको वानप्रस्थ अवस्था में ही वैराग्य होजावै तो वहीं पर २ अन्न जल का त्याग करके ४वह समर्थ तत्वों में तत्व मिलाकर लाभ के साथ३शरीर छोडै ॥७५॥ यदि ब्रह्मचर्य से वा गृहस्थ से ही ५वैराग्य उत्पन्न होजावै तो दो वा एक आश्रम बीचमें छोडकर वहींसे६शीघ्र सन्न्यासी होजावैं ॥७६॥ सन्न्यासी या तो नग्न रहै या ७ ढाकने को कौपीन (लंगोटी) रक्खै, उस सन्न्यासी के कमंडलु और दंड, इन दो वस्तुओं के विना और कोई८धन नहीं है ॥ ७७ ॥ उसको चोटी और ९ जनेऊ धारण करने की भी विधि नहीं है तो फिर बाकी की उसके लिये कौनसी विधि होसकती है अर्थात् कोई वस्तु रखने की विधि नहीं है, जहां तक १०अहंता और ममता नहीं मिटै तहां तक वह (सन्न्यासी) ११ संग रहित और उदास होकर विचरै (फिरै) ॥७८॥ १३ बसती की १२ संगति(साथ)भिक्षा मांगने के समय क्षण मात्र करै, आत्मा, ब्रह्म और

ज्ञानकांड३ जो गदित धरहिँ चर्या अवधूत सु ॥
जोजो जहँ जहँ जास पाय परसैं व्है पूत सु ॥
सुप्ति१ प्रबोध२ बिच संधिमैं जो थिति सो निज जानिकैं ॥
जो रहैं मुक्ति१ बंधन२ जुगहि मायामात्र प्रमानिकैं॥७९॥

॥ दोहा ॥

नहि निरोध१ उतपत्ति२ नहि, वर्ति न साधक३ न बद्ध४ ॥
अरु न मुमुक्षु५ न मुक्त६ इह, लब्धहि बिस्मृत लब्ध ॥८०॥
ए बरना४श्रम४धर्म१ इम, सुम सामान्य१ बिसेस२ ॥
अर्थ२ राजनय सुनहु अब, नयपटु राम२०१५ नरेस ॥८१॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणेऽष्टमराशौ बुन्दीन्द्र रामसिंहचरित्रे रावराजारामसिंहार्थज्ञानकाण्डोपासनाकाण्डकर्म काण्डसहितवर्णाश्रमधर्मश्रावणं द्वितीयो मयूखः ॥२॥

आदितः चतुःषष्ट्युत्तरत्रिशततमो मयूखः ॥३६४॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

जगत्, इनको भ्रम छोडकर भेद भाव रहित एक जानै १ जो ज्ञानकांड में कही है उस क्रिया को धारण करै वही अवधूत (संन्यासी) है, उस संन्यासी के जहां जहां जो जो चरणों का स्पर्श करता है वह वह २ पवित्र होता है, सुषुप्ति और जाग्रत् अवस्था की ३ संधि में जो स्थिति है वही अपनी स्थिति जानकर बंधन और मोक्ष दोनों को माया मात्र मानकर रहता है ॥ ७९ ॥ नहीं तो नाश है, नहीं उत्पत्ति है ४ और न साधन करनेवाला है, न कोई बंधन है, न मुक्ति की इच्छा करनेवाला है और न मुक्ति है, जो मिलता है वह केवल विस्मृति (आत्मस्वरूप को भूलना अर्थात् अज्ञान) से मिलता है ॥८०॥ इस प्रकार सामान्य और विशेष दो प्रकार के श्रेष्ठ वर्णाश्रम धर्म हैं हे नीति चतुर राजा रामसिंह अब पुरुषार्थवाली ५ राजनीति सुनो ॥ ८१ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टमराशि में बुंदी के भूपति रामसिंह के चरित्र में, रावराजा रामसिंह को ज्ञानकांड, उपासनाकांड और कर्मकांड सहित वर्णाश्रम धर्म सुनाने का दूसरा मयूख समाप्त हुआ॥२॥ और आदि से तीन सौ चौसठ ३६४ मयूख हुए ॥

(दोहा)

नृप१ अमात्य२ मंत्री३ रु निधि४, देस५ दुर्ग६ बल जुद्द॥
अंग सप्त७ बपु राज्य ए, स्वामी१ अब तहँ सुद्द ॥ १ ॥
सक्ति तीन३ खट६ गुन समुझि, च्यारि४ उपाय विचारि॥
नृप१ जु बहैं इन१३कों नियत, रहैं अजेय सु रारि ॥ २ ॥
निज बस१ सो उत्तम१ निपुन, मध्यम२ दुव२ बस मान॥
बिक्खहु अधम३ अमात्य बस३, स्वामी१ त्रि३ विध सु जान॥३॥

पज्झटिका ॥

ए तीन३ सक्ति सझुझहु अधीस, इन३ करि जिम गंजत सवन ईस॥
सबसिर अमोघ सासन१ बिसेस, अवनीमहेन्द्र प्रभुसक्ति१ एस॥४॥
उपजैं जहँ मंत्र५ जु पंच५ अंग, सो मंत्रसक्ति२ नृप नय प्रसंग॥
उच्छाह होइ उद्यम३ असेस, उच्छाहसक्ति३ इम सो रंसेस॥५॥
अब सुनहु मंत्रके पंच५ अंग, ॥
इक१ इष्ट काज साधन उपाय१, दूजो२ समर्थ तस व्है सहाय॥६॥

राजा, अमात्य, मंत्री, १ कोश[खजाना], देश, गढ और २ सेना ये राज्य के सात अंग जानो. जिनमें प्रथम स्वामी [राजा] का शुद्ध लक्षण कहते हैं ॥ १ ॥ कि तीन शक्ति, छः गुण और चार उपाय, इनको विचारकर जो राजा धारण करता है वह ३ निश्चय ही ४युद्ध में अजेय रहता है ॥२॥ जो राजा५ अपने ही वश में रहता है वह तो उत्तम है, और जो ६ अपने और अमात्य, दोनों के वश में रहता है वह मध्यम है, और जो केवल ७ अमात्य के ही वश में रहता है वह अधम है सो हे सुजान[रामसिंह]इसप्रकार स्वामी तीन प्रकार का जानो ॥ ३ ॥ हे स्वामी ये ही तीन शक्ति जानो. जिनसे स्वामी सब को दबाता है ८ सबके ऊपर अमोघ[पीछी नहीं फिरनेवाली] आज्ञा होवै उसका नाम९ हे राजा रामसिंह, प्रभु शक्ति है अथवा राजा की वह प्रभु शक्ति है ॥ ४ ॥ जिस मंत्र [सलाह] में १०पांच अंग उत्पन्न होवैं उसको ११ नीति के प्रसंग से राजा की मंत्रशक्ति कहते हैं. और सम्पूर्ण उद्यमों में उत्साह होवै उसको १२ राजा की उत्साह शक्ति कहते हैं॥५॥ अब मंत्रके पांचों अंगों का सुनो कि प्रथम तो अनुकूल [इच्छानुसार]कार्य साधने का उपाय है, दूसरा अंग समर्थ होने का है जो कार्य

(षट्पात्)

तजि मतंग भुव कुद्दि कड्ढि असि बर धकि कुप्यो ॥
नट मलंग नचि अंग रंग अंगद जिम रुप्यो ॥
रतन भोज रविमल्ल मग्ग उज्जल करि मानी ॥
तिलतिल धारन तुट्टि भयो अमरन अगवानी ॥
पैंतीस३५वंस सिखवत प्रकट धारत तदपि न धर्म धर ॥
चंडासि वंस रन भजि चलन नन सिक्खो पिक्खो निडर ॥२५॥
चक्ख्यो कछु चिलहनिन कछुक गिद्धिन निज किन्नों ॥
कछुक लक्ष्यो बिसकंठ कछुक कालिय लगि लिन्नों ॥
खाय कछुक खित्ताल डमरुधर ताल डकारयो ॥
भखि जुग्गिनि कछु भाग बहुत अनुराग बढारयो ॥
अटि अटि हड्डु फग्गुन उपम फटि फटि फौजन उप्फन्यौं॥
कोटा नरेस कटिकटि असिन बटिबटि बहु पोसक बन्यौं ॥२६॥

(दोहा)

कोटापति झरि भुव परत, आजम सुत अकुलाय ॥
पट्ट मतंगज पिल्लिकैं, आयो बलहि बढाय ॥ २७ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे निरुद्धनालीयन्त्रशस्त्रोत्थापिताश्वबहादुरशाहसै-

---

त ॥ तजिइति ॥ पैंतीसवंसनिसखवत चहुवान विना और क्षत्रियनके पुरातन और नूतन नव आधुनिक लोक गणनामैं पैंतीस ३५ वंश हैं ते. युद्धमें बहुत ठौर भजि जावत हैं योंही उनकों भजिबो सिखावनों है ॥ २५ ॥ चक्ख्यो इति॥ बिसकंठ शिव तिननैं. खित्ताल क्षेत्रपाल. अटिअटि अटन करिकरिकैं. फटिफटि जुदी व्हैव्हैकें. अथवा फाटि फाटि बटि बटि सबनकों व्हैकैं. पोषक पोषिवेवारो ॥ २६ ॥ कोटाइति ॥ पट्टमतंगज मुख्य हस्ती ॥ २७ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पूके उत्तरायण के सातवें राशि में बुन्दी के स्वामी बुधसिंह के चरित्र में, तोपों का युद्ध रोक कर बहादुरशाह की सेना के घोड़े उठाने में तरवारों से युद्ध होकर कोटा के राव रामसिंह के काम आने का

बलि देस१ काल२ संगति बिचार३, है चोथो४ अवयव विघ्नहार४
सुखहै अमोघ कर्मावसान५, पंचम५ प्रतीकै सो मंत्र मान ॥ ७ ॥
नरनाह सुनहु खट६ गुनन नाम, तँहँ संधि रु विग्रह यान तामैं॥
आसन४तिम द्वैधीभाव५ आँहि, जहँ छ्ट्ठो६ आश्रय कहत जाहि।८।

॥ दोहा ॥

संधि१ मैल२ संबंधज३ रु, इतरेतर उपकार ॥
अरु उपहार४ स नाम इम, चउ४ तस भेद बिचार ॥ ९ ॥

॥ षट्पात् ॥

पैलेमैं गुन पिक्खि आप गुन रँागी व्है इम ॥
छोरि लोभ छर्म संधि करैं१ मैल१ सु जानहु जिम ॥
कन्या दै रु करैं२ सु संधि संबंधज२ धारहु ॥
माँहिं माँहिं उपकार व्है ३ सु उपकार३ निहारहु ॥
पुहवि१ रु रत्न२ गज३ हय४प्रमुख दै करैं४ सु उपहार४यह
चउ४ भेद संधि१ इम अब सुनहु अठ्ठ८ भेद विग्रह असह१०

॥ दोहा ॥

साधन का सहायक है, तीसरा अंग देश काल के १ साथ विचार करने का है, चौथा अंग कार्य के २ अंगों का विघ्न मिटाना है, और अंतका पांचवां अंग कर्म[कार्य] खाली नहीं जाने का सुखकारी है; सो मंत्रके येही पांच ५ अंग मानो ॥ ७ ॥ आगे गुणों के नाम मूल में स्पष्ट हैं ४ तहां ५ है ॥ ८ ॥ प्रथम गुण संधि के चार भेद हैं. इनमें मित्रता से, संबंध से, ६ परस्पर के उपकार से और भूमि आदि देकर उपहार [नजराना] करने से होता है. जिसके लक्षण आगे के छंद में स्पष्ट कहते हैं ॥ ९ ॥ दूसरे(शत्रु) में गुण देखकर आप गुणों में ७प्रीति करके लोभ छोडकर ८ समर्थता से संधि करै वह संधि मैत्रेयज है. और कन्या देकर संधि करै उसको संबंधज संधि जानो. और परस्पर उपकार करके संधि करै सो उपकारक संधि है. और भूमि, रत्न, हाथी, घोड़ा ९ आदि देकर संधि करै उसका नाम उपहार संधि है. इस प्रकार संधि के चार भेद हैं. अब आगे नहीं सहन करने योग्य विग्रह के आठ भेद कहते हैं ॥ १० ॥

बिक्रम१ मंत्र२ सहाय३ बल४ रत्न५ दुर्ग६ आरोग्य७ ॥
इत्यादिक करि हीन व्है, जो नृप बिग्रह जोग्य ॥ ११ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

अष्ट८हि बिग्रह२भेद सुनो इम, जे कामज१लोभज२भूमिज३जिम॥
मानज४अभय५इष्टज६रु मदभव७, एक द्रव्य अभिलाख८धराधव१२
स्त्रीनिमित्त१ इनमैं कामज१ सो, श्रीनिमित्त२लोभज२जानहु सो॥
भूनिमित्तभूमिज३ पहिचानौं, बिरुद निमित्त४ मानभव४ मानौं१३
बिजय निमित्त५जु अभय सु५बिग्रह, सरन निमित्त६नाम इष्टज६सह
बिद्या१धन२जुब्बन३मदिरावस, रचैं७हु बिग्रह२मदज७बीत रस।१४।

॥ दोहा ॥

माँहिंमाँहिं विग्रह२ मचैं, एक१हि अर्थ निमित्त८ ॥
एकद्रव्य अभिलाख८ वह, चिंतहु भूपति चित्त ॥ १५ ॥
मंत्री१मंत्र२ रु कोस३बल४, मित्र५हु न भजत जाहि ॥

---

१ पराक्रम, मंत्र, सहाय, २ सेना, रत्न, गढ, ३ नैरोग्यता आदि से हीन होवै वह राजा विग्रह करने योग्य है ॥ ११ ॥ इस विग्रह के आठ भेद ये हैं. काम से उत्पन्न, लोभ से उत्पन्न, भूमि से उत्पन्न, मान से उत्पन्न, भय से उत्पन्न, इष्टवांछा से उत्पन्न, मद से उत्पन्न, एक द्रव्य की अभिलाषा होने से ४ राजाओं में विग्रह होता है सो सुनो ॥ १२ ॥ ५ इनमें जो विग्रह स्त्री के कारण से होवै उसको कामज कहते हैं. और ६ लक्ष्मी (धन) के कारण विग्रह होवै वह लोभज है. ७ भूमि के कारण होनेवाला विग्रह भूमिज है. और ८ यश [स्तुति] के कारण विग्रह होवै वह मानज है ॥१३॥ विजय करने के कारण होवै जो मानभव, और किसी को शरण रखने के कारण से होवै वह इष्टज कहाता है. विद्या, धन, यौवन और मद्य के वश से जो विग्रह करै वह विना रसवाला मदज विग्रह कहाता है ॥१४॥ ९ एक ही अर्थ के लिये परस्पर विग्रह होवै वह एकद्रव्यअभिलाष कहलाता है ॥ १५ ॥ जिस राजा को मंत्री, सलाह, खजाना, सेना और मित्र १० नहीं सेवन करते होवैं अर्थात् ये जिसके नहीं होवैं और जो मनु में कहे अठारह व्यसनों में से किसी में युक्त और

ऐहैं व्यसनी१ वीरुधा२ सुही, यान३ उचित नृप आहि ॥१६॥

॥ पादाकुलकम् ॥

याला३इह तीजो३गुन अक्खिय, ऋपिन भेद सप्त७हि तस रक्खिय
संधानजा१ पार्ष्णिग्रोधा२ जिम, नाम मित्रविग्रहिनी३ है तिम१७
द्वंद्व२जा४ रु कुल्या५ निर्व्याजा६, शीघ्रगा७हु रंजत जिन्ह राजा ॥
श्रुति धारहु लच्छन अब सत्त७न,पहु जिन कारि पहुँ होइ प्रमत्त न१८

दोहा-पार्ष्णिग्राहसों संधि कारि, जु इतर अरिपर जात१ ॥
जो यात्रा३ संधानजा१, कहत नीति निष्णात॥१९॥
पार्ष्णिग्राहके रोध पर, जु बल रक्खि पुनि जाइ२ ॥
ताहि पार्ष्णिग्रोधा२ कहत, पटु नयआगम पाइ ॥२०॥

॥ पादाकुलकम् ॥

प्रथम कलह अरि१ मित्र२न पारैं, ताहि सत्रुपर सु पुनि सिधारैं३
एह मित्रविग्रहिनी३ यात्रा, मिलि दुव२ जहँ छिन्नैं अरि मात्रा॥२१॥
जाँपर यात्रा सोहु सम्मुख जब, ताकै जाइ४ द्वंद्वजा४ है तब ॥
सत्रु बंधु लै संग सत्रुपर, जाइ५ सु है कुल्या५ बसुधाबर ॥ २२ ॥

१मद्यपी होवै वह राजा यान (चढाई) के योग्य है अर्थात् ऐसे राजा पर चढाई करनी चाहिये ॥१६॥ इस यात्रा(यान)को तीसरा गुण कहा है जिसके ऋपियों ने सात भेद कहे हैं२इन शीघ्रगासे राजा लोग प्रीति करते हैं३हे प्रभुरामसिंह अब इन सातों के लक्षण सुनो कि जिनसे ४ राजा प्रमत्त नहीं होवै ॥ १७ ॥ ॥ १८ ॥ ५ पीठ पर से चढाई करके जीतने की इच्छा करनेवाले शत्रु से सन्धि करके जो अन्य शत्रु पर जावै उसको ६ नीतिनिपुण संधानजा यात्रा (यान) कहते हैं ॥ १९ ॥ पीठ पर से चढाई करनेवाले शत्रुको रोकने के अर्थ७सेना रख कर जो अन्य शत्रु पर जाता है उसको ९नीति शास्त्रको प्राप्त होनेवाले ८चतुर पार्ष्णिग्रोधा यात्रा कहते हैं ॥ २० ॥ प्रथम शत्रु से और १० शत्रुके मित्रों से कलह कराकर फिर उस शत्रु पर चढाई करै और ११दोनों मिलकर उसका धन छीनैं उसको मित्रविग्रहनी यात्रा कहते हैं ॥ २१ ॥ १२ जिस पर यात्रा करैं वह शत्रु युद्ध करनेको सन्मुख आवै उस यात्रा को द्वंद्वजा कहते हैं और १३ हे राजा रामसिंह शत्रु के सम्बन्धियों को साथ लेकर शत्रु पर जावै

स्वस्थभाव सन अरिसिर*संक्रम६, निर्व्याजा६कहियत यह उत्तम
सत्रुहिँ हनन †प्रमाद छोरि सब, ‡सहसा जाइ७सीघ्रगा७ तो तब२३

॥ घनाक्षरी ॥

आसन चतुर्थ४ गुन भेद दस१० ताके अब,
स्वस्थ१ रु उपेक्षा सन२ मार्गअवरोध३ नाम ॥
देस स्वीकरन४ रमनीय तैसैं दुर्गासन६,
निकट७ रु दूर८ पराधीन९ रु प्रलोभ१० ताम ॥
अरि सब मारि राज्य अप्पन अकंटक कैं,
स्वस्थपनसौं जो रहैं१ स्वस्थासन१ सो ललाम ॥
बैरिन निबल जानि अप्पहिं प्रबल मानि,
सैदय जनावैं२ सो उपेक्षासन२ कित्ति धाम ॥ २४ ॥
तटिनी प्रवाह१ दवदाह२ आदि कारनकैं,
राह रुकैं३ आसन४०है मार्ग अवरोध३ गेय ॥
जीति अरि देसकौं करैं जो ताँहँ४ आसन४ सो,
राम२०१४ नरनाह देस स्वीकरन४ नामधेय ॥
सत्रुनकौं मारि तिन्ह नैर धन१ धान्य२ करि,

उस यात्रा का नाम क्रुल्या है ॥ २२ ॥ स्वस्थभाव से शत्रु पर*चढाई करै जिस उत्तम यात्रा को निर्व्याजा कहते हैं और, शत्रु को मारने के लिये † आलस्य तथा असावधानी को छोडकर ‡ अचानक यात्रा करै वह शीघ्रगा है ॥ २३ ॥ चौथा गुण आसन है जिसके दस भेद कहते हैं १ तहां, सब शत्रुओं को मारकर २ राज्य को निष्कंटक करके आप चिन्ता रहित होकर रहैं उसको स्वस्थासन कहते हैं यह सब से सुन्दर है और शत्रुको निर्बल और आप को प्रबल मानकर ३दया जनावै वह उपेक्षा नामक आसन कीर्तिका घर है ॥२४॥ ४नदी के प्रवाह से वा अग्नि लग जाने आदि कारणों से मार्ग रुककर मुकाम होजावै उसको मार्गअवरोध आसन ५ कहते हैं, शत्रु के देशको जीतकर वहां निवास करै उसको हे राजा रामसिंह ६ देशस्वीकरण नामक आसन कहते हैं शत्रुओं को मारकर उनके नगरको धन से और धान्य से

रम्य गिनि तत्थहि रहैं५ सो रमनीय५ श्रेय ॥
जीति दुर्ग अरिकौं तहाँसौं खिल जीतिबेकी,
अच्छी गिनि जो रहैं६ सु दुर्गासन६ है अजेयँ ॥ २५ ॥

दोहा-बल सह रिपु ढिग जाइ बलि, करन महर्घ क्रयान ॥
राज्य बिगारन तस रहैं७, वहे निकट७ अभिधान ॥२६॥
निज देसहिं गिनि दूर नृप, आयो पाउस इक्खि ॥
रचैं सिबिर८ दूरासन८ सु, सद्धत हित नय सिक्खि ॥२७॥
वैरी बस१ वा सुहृद बस२, नृप जो निकसि सकै न ॥
पराधीन९ नामक प्रथित, यह आसन४ नय ऐनं ॥ २८ ॥
कंटक जास बहु दैन कहि, रिपु गंजन रक्खैं१० सु ॥
नाम प्रलोभासन१० नृपति, सूरि दसम१० अक्खैं सु ॥२९॥
वली रिपुन वस करि निवल, कट्टिसकै जु न काल ॥
तहँ द्वैधीभाव५ तब, पंचम५ गुन छितिपाल ॥ ३० ॥
मिथ्यामन१ मिथ्यावचन२, मिथ्याकर्म३ उदार ॥
जुगर२ वेतन४ जुगर२ प्राभृतक५, पंच५हि द्वैध५ प्रकार ॥३१॥

१सुन्दर जानकर वहां रहै सो सुंदर रमणीय आसन है, शत्रु का गढ़ जीतकर वहां से ही२बाकी के देशको जीतना अच्छा जानकर वहीं पर रहै उसको ३ हे अजेय रामसिंह दुर्गासन कहते हैं॥२५॥४बलपूर्वक तथा सेना सहित शत्रुके समीप जाकर५फिर६मोल लेने की वस्तु को महंगी करने और राज्य बिगाड़ने को रहै उसका७नाम निकट आसनहै॥२६॥ जो राजा अपने देश को दूर जानकर और ८वर्षाको आया देखकर रहने को डेरे रचै और नीति की शिक्षा से हित साधन करै वह दूरासन है ॥२७॥ शत्रु के वश में होकर वा ६ मित्र के वश में होकर जो राजा नहीं निकल सकै वह ११ नीति का घर पराधीन नामक १० प्रसिद्ध आसन है ॥ २८ ॥ शत्रु को मारने के लिये १२ सेना को पहुन देना कहकर रक्खे उसको ११ पंडित लोग दसमा प्रलोभासन कहते हैं ॥ २९ ॥ बलवान् शत्रुओं के वश में होकर जो निर्बल १४ समय को नहीं निकाल सकने की अवस्था में द्वैधीभाव को देखै वह राजा का पांचवां गुण है ॥ ३० ॥ ३१ ॥

पादाकुलकम्

बैंनन हित मनमैं बिरोध बहि१, मिथ्यामन१ यह द्वैध५ख्यात महि
बैंननहितरु बिरोध कर्म बिधि२,बरनत मिथ्यावचन२नीति निधि३२
लघु१अरि काज करैं गुरु२लोपन३, मिथ्याकर्म३सु द्वैध५धरहु मन
इक१ सन प्रकट रु छन्न अपर२ सन, वेतनलैं ४ सु वजत जुग
वेतन४ ॥ ३३ ॥
रिपुहिं मरावन दे सु वित्त लहि, तस अरिसौंहु लहैं तिमें वित्त५हि
जुग२प्राभृतक५ नाम तस जानहु, अब छट्टो६ आश्रय६हिय आ-
नहु ॥ ३४ ॥
अप्प निबल दंम भीत अनाश्रय, आश्रय सबल लै सु गुन आश्रय
जास त्रि३भेद सदाश्रय१ जैसैं, अन्याश्रय२ दुर्गाश्रय३ ऐसैं ।३५।
बली सत्रुकों जानि धर्मधर, निबल मिले१ सु सदाश्रय१ नय पर॥
रिपुसौंभीत बलिष्टअपर लहि, व्है तसबस अन्याश्रय२सो कहि३६
भज्जि निबल जो सबल सत्रु भय, सेवहिं दुर्ग६ है सु दुर्गाश्रय३॥

वचनों में हित और मनमें विरोध धारण करैं वह भूमि पर मिथ्यामन नामका द्वैधीभाव प्रसिद्ध है, इसी प्रकार वचनों में हित और १ कार्य(काम) में विरोध होवे उसको नीति ही है धन जिनके ऐसे विद्वान् मिथ्यावचन नामक द्वैधीभाव कहते हैं ॥ ३२ ॥ छोटे शत्रु से २ बडे के नाश] करानेका कार्य करना मिथ्या नाम का द्वैधी भाव है, एक से प्रसिद्ध और दूसरे से छाने ३ तनखाह लेवै उसको जुगवेतन द्वैधीभाव कहते हैं ॥ ३३ ॥ शत्रु को मरवाने को देवै सो ४ धन लेकर ५ इसी प्रकार उसके शत्रु से भी धन लेवै उसका नाम जुगप्राभृत द्वैधीभाव है. अब आगे आश्रय नामक छठा गुण कहते हैं ॥३४॥ आप निर्बल और ७ आश्रय रहित होकर ६ दंड के भय से बलवान् का आश्रय लेवें उस छठे गुण का नाम आश्रय है ॥ ३५ ॥ बलवान् शत्रु को धर्म धारण करनेवाला जानकर निर्बल उससे मिलै उसको ८ नीति के तत्पर लोग सदाश्रय कहते हैं, शत्रु से डरकर ९ दूसरे बलवान को बीच में लेकर उस शत्रु के वश में होवै जिसको अन्याश्रय कहते हैं ॥ ३६ ॥ बलवान् शत्रु से भागकर जो निर्बल १० गढ का आश्रय लेवै वह दुर्गाश्रय है. अब उपाय के चार भेद कहते हैं सो

अब उपाय चउ४ भेद सुनहु यह, साम१भेद२उपदाम३दंड४सह३७
जानहु भूप चउ४हि क्रमतैं जिम, उत्तम१मध्यम२अधम३केष्ट इम
इनच्यारि४नकेभेदमानअब, सहलच्छनप्रभुराम२०१।४सुनौं सब३८

॥ दोहा ॥

कर्णसुभग१ दैविक२ कथित, स्मारक३ लोभज४ सार ॥
बहुरि अप्प अर्पन५ बिदित, पंच५हि साम१ प्रकार ॥ ३९ ॥
पैरचित्तहिं करि प्रीति बस, हित सँलाप गहाइ ॥
साम१ ठहै जु दुहुँ२घाँ सुखद१, कर्णसुभग१ सु कहाइ ॥४०॥
सपथादिक करि परसपर, बिरचै जँहँ बिस्वास२ ॥
समुझहु दैविक२ साम१ सो, पावहिं नीति प्रकास ॥ ४१ ॥
संबंधहिं सुमिराइकैं, ठहै३ सो स्मारक३ होहि ॥
इष्ट परस्पर अप्पि ठहै४, सांत्वन१ लोभज४ सोहि ॥ ४२ ॥
मम बपु है तव अर्थ इम, जंपि रु बिरचै५ जाहि ॥
पंचम५ सांत्वन१ भेद यहु, आत्मअर्पन५ सु आँहि ॥ ४३ ॥
सिद्धिठहै न जहँ साम१सौं, तहँ भेद२हि करतंव्य ॥
जल१ पँय२ सज्जुन हंस जिम, भिन्न किये ठहै भंव्य ॥ ४४ ॥

सुनो ॥ ३७ ॥ १ अधमाधम ॥ ३८ ॥ २ अपने आपको अर्पण करना, ये साम उपाय के पांच भेद हैं ॥ ३९ ॥ ३ दूसरे (शत्रु) के चित्तको प्रीति के वश करके ४ हित के वार्तालाप से साम होवै वह दोनों ओर सुखदाई है जिसको कर्णसुभग कहते हैं ॥ ४० ॥ ५ परस्पर सौगन आदि करके विश्वास कराकर साम करै उसको दैविक साम कहते हैं ॥ ४१ ॥ ६ सम्बन्ध को याद कराकर साम करै उसको स्मारक कहते हैं ७परस्पर वांछा होवै सो देकर ८ साम करै वह लोभज साम है ॥ ४२ ॥ मेरा शरीर तेरे अर्थ है यह ९ कहकर करै वह हे राजा पांचवां आत्मसमर्पण साम१०है ॥ ४३ ॥ जहां साम से कार्य सिद्ध नहीं होवै तहां ११ करने योग्य भेद उपाय है सो जैसे हंस पानी और १२ दूधको भिन्न भिन्न करदेवै तैसे शत्रुओं को भिन्न भिन्न कर देने से१३कल्याण(शुभ) होता है ॥ ४४ ॥

त्रस्त१ अनादृत२ क्रुद्ध३ तिम, भेद२ उचित व्है भूप ॥
रिपुगत निजजन गुप्त रहि, रचैं भेद२ अनुरूप ॥ ४५ ॥

(मनोहरम्)

प्रानभंग१ मानभंग२ वित्तभंग३ बंधक४ त्यौं,
दारलाभ५ अंगभंग६ आद२ भेद खट६ है ॥
प्रानभय दैकैं भेद२ व्है१सो प्रानभंग मान,
हानि भय दैकैं व्है२सो मानभंग२ वटहै ॥
तीजो२ वित्तभंग३ वित्तहानि भय दैकैं व्है३ सु,
कारा२ भय दैकैं व्है४ सु बंधक४ बिकटहै ॥
पच्छ दुव२ पत्नी भय दै व्है५ दारलाभ५ अंग-
भंग भय व्है६सो अंगभंग अति भेदहै ॥ ४६ ॥

॥ षट्पात् ॥

सिद्धि जो न भेदं२ सन जबहि उपदा३ प्रयोग जिम ॥
सोलह१६ बिध नृप सोहु कहत क्रमतैं अभीष्ट१ इम ॥
देश्य२ आब्द३ कर४ द्विरद५ सप्ति६ निवसथ७ पट८ सासन९
पुरट१० कनी११ पननारि१२ खानि१३ बेलाकर१४ भूखन १५
सोलहम१६ भेद प्रतिपत्तिजा१६ सु अर्थ नाम अनुसार इन ॥
नहि बोध प्रकट जिनको न पति ते क्रति कहियत सुनहु तिन ॥४७॥

डराहुआ, अनादर पाया हुआ और क्रोधी राजा भेद करने के उचित है सो अपने लोग १ शत्रुके पास जाकर अपने सदृश भेद रचैं ॥ ४५ ॥ २कैद का भय देकर करैं सो ३भयंकर बंधक नाम भेद है और दोनों पक्ष में ४स्त्री को छीनने का भय देकर भेद करैं उसका नाम दारलाभ है और शरीर के नाश का भय होवै वह अंगभंग नामक भेद है ॥ ४६ ॥ ५ भेद करने से कार्य सिद्धि नहीं होवै तब ६नजराना देनेका प्रयोग करैं सो सोलह प्रकार का है ७इनके अर्थ इनके नामों के ही अनुसार है परन्तु नामों से जिनके अर्थ का ८ ज्ञान (समझ) प्रकट नहीं होता है उनको कहता हूं सो ९ हे पति रामसिंह सुनो ॥ ४७ ॥

(पादाकुलकम्)

मँगैं सुहि देवो१ अभीष्ट१ मत, देबो देस२ सु देश्य२ कहावत॥
सह कुटुंब निवहैं जिहिं धन सन, अब्द इक्क११३वह आब्द३महामन४८
देसहिं रक्खि तास कर देवो४, कर४ नामक उपदा३ वह कैवो ॥
सप्तिदान६ जह तुरग समप्पहिं६, अरु निवसथ७ सु ग्राम जह अ-
प्पहिं७ ॥ ४९ ॥
जबलग व्है ग्राहक सपिंड जन, तबलग जो न लुपत९सो सासन॥
कांचन१० पुरट१० कनी११ कन्या११ कहि, वेश्या१२ तिम पन-
नारि१२ नाम बहि ॥ ५० ॥
रत्न१ सुवर्ण २ रंजत३ निकसैं जहँ, तिहिं देबो १३ खनिदान १३
ख्यात तँहँ ॥
जहँ वहित्र जीवन उतरैं धन, बेलाकर१४ कहियत तस बितरन५१
पीठ१ चमर२छत्रा३दि दान पहु, मान बढन१६प्रतिपत्तिज१६मन्नहु॥
गज५पट८भूखन१५अर्थप्रकटगहि, लेहुसमुझिसत्वरप्रबोधलहि ५२

जो मांगैं सोही देवैं उसका नाम अभीष्ट है, देशका देना है उसको देश्य कहते हैं. जिस धन से१एक वर्ष पर्यन्त सब कुटुम्ब का निर्वाह होजावै उस दान को बड़े लोग आब्ददान कहते हैं ॥ ४८ ॥ देश को रखकर उस देश के २ हासिल को देना है उस भेंट का नाम कर है, जिस नजराने में ३ घोड़े देवैं उसको सप्तिदान कहते हैं और जिसमें ग्राम दियेजावैं उसको निवसथ दान कहते हैं ॥ ४९ ॥ लेनेवाले के ४ सापिण्डी (सातपीढी) तक के मनुष्य रहैं तबतक नहीं लुपै उस दान को सासन कहते हैं ५ सुवर्ण देने को पुरटदान और कन्या देने को कनीदान कहते हैं, वेश्या देने को पननारि नामक दान कहते हैं ॥५०॥ जहां पर रत्न, सोना ६चांदी निकलै उसका देना खानि देना प्रसिद्ध है, जहां ७ जहाज (नाव) की उतराई के धन से जीवन होता होवै उसको ८ देना बेला कर कताहा है ॥ ५१ ॥ ९ सिंहासन, चमर, छत्र आदि मान बढानेवाला राजा का देना है उसको प्रतिपत्तिज कहते हैं और हाथी देने से द्विरद दान, वस्त्र देने से पटदान, गहना देने से भूषण दान कहाता है सो इन के १० नामों से ही अर्थ प्रसिद्ध है वह ११ शीघ्र प्रबोध लेकर समझलो ॥ ५२ ॥

सिद्ध काज जो ह्वै न दान३ सन, पंद्रह१५ भेद दंड४तहँ प्रेरन ॥
देसनास १ अरु अंगछेद २ जिम, गोग्रह३ धान्य हरन ४ बंधन तिम ॥ ५३ ॥
देसहरन६ अरु धन आदान७ हु, पुनि सर्वस्वहरन ८ पहिचानहु ॥
दुर्गभंग९सहस्थानदाह१० श्रुत, देसनिकास११सुतपातन१२जुत५४
अववसिदंड१।१३ आभिचारिक२।१४ इम, अनुचित छलघात ३।१५ जहँ अंतिम३ ॥
पहिले दम बारह१२ प्रबलनके, अग्ग तीन१निंदित अबलनके५५

॥ घनाक्षरी ॥

बेल१ बन२ छेदैं१ त्यों निवाननकों भेदैं२लूटि,
जारैं पुर१ आसन२ कों३ सोतो दंम४ देसनास१ ॥
छेदैं परपच्छिनके अंग२ वह अंगछेद२,
सर्व पसु आनैं घेरि३ गोग्रह३ दुख दुगास ॥
धान्य सब लूटैं४ धान्य हरन सु जानौं बंधैं,
धनकं कुटुंबी५ नाम बंधन५ विदित तास ॥
सत्रुकी प्रजाकों बिसवासवढैं तैसैं रहि,
आपुनी करैं६ सो देसहरन६ बलिष्ठ वास ॥ ५६ ॥
बलतैं दबाइ दंडि सत्रु धनलै७सो धन—

जहां दानसे कार्य सिद्ध नहीं होसके तहां पन्द्रह भेदवाले दण्ड की प्रेरणाकी जातीहै॥५३॥५४॥ प्रथम कहेहुए बारह दंड१प्रबल लोगोंके करनेकेहैं और२आगे (अन्त)वाले निन्दनीय तीन दण्ड निर्बलों के करने के हैं ॥५५॥ बाग को और वनको काटना, जलाशयों को फोड़ना और नगरोंको व ग्रामों को लूटना और जलाना, इस ३ दंडको तो देशनाश कहते हैं ४ शत्रुओं के अंग छेदना अंगछेद है और सब पशुओंको घेरकर लाना यह खोटी आशावाला दुःखदायक गोग्रह नामका दंडहै, सब धान्यको लूटना धान्य हरण दंडहै५धनवानों और कुटुंबियों को बांधना इसका नाम बंधन प्रसिद्ध है, शत्रुकी प्रजा का विश्वास बढै तैसे रखकर अपनी करैं उसपबलवान् वास करनेवाले दण्डको देशहरण कहतेहैं॥५६॥

दान७ सरवस्वलै८ सो जानों सरवस्वहार८ ॥
गढन गिरावैं९ दुर्गभंग९ सो त्यों *खंधावार,
सत्रुकों प्रजारैं१० सो है स्थानदाह१० नाम धार ॥
देसतैं निकासैं११ देसनिर्वासक११ नाम ताको,
जुद्धकरि मारैं१२ जुद्ध घातन१२ सो है उदार ॥
राम२०।१४ प्रभु ऐसैं बलवान होइ ताके करि-
बेके कहे द्वादश१२ ही ए तो दंड४ के प्रकार ॥ ५७ ॥

॥ प्रकृतिः ॥

निबल उचित अब दम त्रय३ भनैं, है विषदंड जु गेर करि हनैं१ ॥
आभिचारिक२जु आभिचारिसौं२, छद्मघात३तिम छल वारसौं३ ५८

(मनोहरम्)

सावधान ऐसैं प्रभुतादिक त्रि३ सक्तिनमैं,
संधि मुख छह६ गुन प्रपंच पटुता धरैं ॥
साम१ आदि च्यारि४ हु उपाय अनपाय जानैं,
भेदन सहित सप्त७ प्रकृति हिये हरैं ॥
वर्ण१ऽऽश्रम२ राज३धर्म राजनय४ नेता न्याय५,

सेना से दबाकर शत्रुको दंड देकर धन लेवैं उसका नाम धनदंड है, और सर्वस्व छीनने को सर्वस्व कहते हैं, गढ के गिराने को दुर्गभंग और शत्रुकी *राजधानी को जलावैं उसका नाम स्थानदाह है, देशसे निकालने को देशनिर्वास और युद्ध करके शत्रुको मारैं उसका नाम युद्धघात है, सो हे प्रभु रामसिंह ये बारह प्रकार के दण्ड तो बलवान् शत्रुके करने के कहे हैं ॥५७॥ अब निर्बल के करने के तीन दंड कहते हैं कि १जहर देकर मारैं उसका नामविष दंड है, और जंत्रमंत्र से मारैं उसको २आभिचारिक दंड कहते हैं ३छलके वार(पेच) से मारैं उसका नाम छद्मघात है ॥५८॥ इसप्रकार४प्रभुता आदि तीन शक्तियोंमें सावधान५संधि आदि छहों गुणों के रचने में चतुर,६नाश रहित साम आदि चारों उपायों को जानैं और भेदोंके साथ राज्य के सातों अंगोंको हृदय में धारण करैं, वर्ण धर्म, आश्रम धर्म, राज धर्म और राजनीतिको ७प्रवृत्त करनेवाला, न्यायचतुर, उदार,

निपुन उदार६ कोस[1] कुधन नहीं भरै७ ॥
ऐसो नृप आपुनैं स्वतंत्र८ आप व्है सो एक॥९,
उद्यमी१० असेस [2]अवनीकों अपनी करैं ॥ ५९ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

सप्त७ राज्य अंगन बिच स्वामी१, [3]नयपटु१ सूर२ होत इम नामी ॥
अंग द्वितीय२ अमात्य२ सुनहु अब, सह लच्छन शेष[4]हु प्रतीक सब६०
[5]श्रुतसंपन्न१कुलीन२धीर३सुचि४, रागद्वेष२वर्जित५आस्तिक[6]रुचि६॥
[7]वाग्मी७सम्मत८साञ्जविसारद९,नयपर्गगल्भ१०अनुकारक११नि[8]र्मद१२
आय१व्यय२पटु[11]१३सत्यसंधै[12]१४इम,सूर१५अवैर१६[13]महासत्व१७हुतिम
उपधा[14]सुद्ध१८कुलक्रम [15]एधित१९, होत सचिव२ऐसे स्वामिनहित६२
अंग तृतीय३ सुनहु मंत्री१ अब, साध्य[16]१असाध्य२बिबेक धरैं सब१॥
देस१सुक्लिष्ट२अपोहन[17]१ऊहन[18]२,निपुन३।३धीर४स्वाकारनि[19]गूहन५ ६३
स्वीय देस सं[20]भूत६ महामति७, गहैं सबन आकृति१ इंगित[21]२गति८॥

---

१ खजाने में खोटे धन को नहीं धरनेवाला २ संपूर्ण भूमि को अपनी करता है ॥ ५९ ॥ राज्य के सात अंगों में स्वामी (राजा) है वह इसप्रकार ३ नीति चतुर और वीर नामी होता है ४ बाकी के सब अंगों को भी अब लक्षण युक्त सुनो ॥ ६० ॥ ५ वेद की सम्पत्तिवाला अर्थात् वेद शास्त्र जाननेवाला कुलवान् धीर पवित्र राग द्वेष से वर्जित६परमेश्वर को मानने में रुचि रखनेवाला ७ उत्तम बोलनेवाला, सन्मानपात्र, शास्त्रों का जाननेवाला ८नीति में बुद्धिमान् ९ अपने सदृश कार्य करनेवाला१०रोग रहित ॥६१॥११आमद खरच के जानने में चतुर १२ सत्य प्रतिज्ञावाला, इसी प्रकार वीर, वैर रहित१३बड़ा पराक्रमी १४ धर्मार्थ आदि चारों पुरुषार्थों की परीक्षा करने में शुद्ध १५ कुल के क्रम से बढ़ाहुआ, ऐसा सचिव होवे सो स्वामी का हित करनेवाला होता है ॥६२॥ राज्य का तीसरा अंग मंत्री है सो सुनो १६ होनेवाले और नहीं होनेवाले सर्व कार्यों के विचार (ज्ञान) को धारण करनेवाला देश काल १७ काम क्रोध शोक आदि से व्याकुल चित्तवाले की १८ तर्कना करनेवाला, निपुण, धीर १९ अपने आकार को गूढ़ रखनेवाला ॥ ६३ ॥ २० अपने ही देश का उत्पन्न हुआ बड़ा बुद्धिमान, सब की आकृति और २१ चेष्टा से गति को जाननेवाला

प्रथित९अलुब्ध१०मंत्ररक्खनपर११,कुपथभूपप्रातिप्यसुपथकर१२ ६४
पंच५हिमंत्रअंगपरिचार्यक१३, आप्त१४कुलीन१५दूरदृग दायक१६॥
ऐसे व्है मंत्री अवनीपन१, पैरन गंजि प्रभु सुजस प्रदीपन ॥६५॥
अंग चतुर्थ४कोस४कहियत अब, संचित जह रत्ना१दि द्रव्य सब॥
पंच५ रत्न तह पुब्ब प्रमानहु, जिनमैं प्रथम१ वज्र१ मनि जानहु ६६
तास पंच५ गुन पंच५ दोस तिम, जंपिय चउ४ छाया वृद्धन जिम॥
लघु१छ६कोन२वसु८कोन३रुनिर्मल४,अग्रतिग्म५ए५तोगुनप्रातिफल
त्रास१ बिंदु२ मल३ रेख४ काकपद५, हीरकं१मैं ए पंच५दोसहद ॥
छाया स्वेत१अरुन२पीत३असित४,है क्रमतैं चउ४वर्णउचितहित६८
मनि दूजो२ मुक्ता२ सु धैराधव, तस इभ१ अहि२ किटि३ तिमि४
सिर संभव ॥
उपजत संख५ सुक्ति६बंस७न उर, धाराधर बिंदुज८अष्टम८धुर६९

१ प्रसिद्ध २ निर्लोभी, शत्रुओं से अथवा किसी अन्य से मंत्र(सलाह) की रक्षा करनेवाला, कुमार्ग में चलनेवाले ३ प्रतिकूल राजा को शिक्षा देकर सुमार्ग में चलानेवाला॥६४॥ मंत्र (सलाह) के पांचों अंगों को ४ जाननेवाला, सत्यवादी, कुलवान ५दूरदर्शी ६राजाओं के ऐसे मंत्री(सलाहकार)होवें वेही७शत्रुओं को मारकर स्वामी के यश का प्रकाश करते हैं ॥६५॥ राज्य का चौथा अंग खजाना है जिसको कहते हैं जिसमें रत्न आदि सब द्रव्य संचय रहता है तहां प्रथम पांच रत्न हैं जिनमें भी प्रथम ८ हीरे को जानो ॥६६॥ जिस हीरे में पांच गुण, पांच दोष और पांच छाया वृद्धों ने कही हैं, इनमें हलका (भार रहित) होना, छकोन, अठकोन, मल रहित और आगे का भाग तीखा होवे ये पांच तो ९ अत्यन्त फल देनेवाले गुण हैं॥६७॥त्रास(मणिदोष विशेष)अन्य रंग का छिड़का मैल,लकीर, काकचरणके समान चिन्ह१०हीरेमें ये पांच ही दोषहैं और श्वेत, लाल, पीली, काली ये चार छाया क्रम से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र११वर्ण हैं सो अपने अपने उचित हित करनेवाली हैं अर्थात् जिसवर्ण की छाया होवे वह उसी वर्ण को हित करनेवाली है ॥ ६८ ॥ १२ हे राजा दूसरा मणि मोती है जिसका जन्म १३ हाथी १४ सर्प १५ सूवर १६ मच्छ इन के मस्तकों में होता है और शंख, १७ सीप और बांस के भीतर भी उत्पन्न होते हैं और आठवीं उत्पत्ति १८ मेघ धारा के बिंदु में भी होती है ॥ ६९ ॥

गुनसर५ज्योति१वृत्तपन२गुरुपन३, अरुविमलत्व४स्निंगधता५रुपन॥
दोसदस१०हि चउ४ बडे छद् छोटे, मन्नहु तहँ पहिले चउ४मोटे७०
सिमिदंग१सुक्तिलग्गन२ अरु तीजो३, जरठ३ दीप्ति१ छायाविनुहीजो
विद्रुमकांति४ चतुर्थ४ दोस बहि, लघु छद्दोस सुनिये अब क्रम
लहि ॥ ७१ ॥
जुबलीबलित१ त्रिवृत्त१ सो तर्जित, वलि चर्पट२बर्तुलता बर्जित२
हैं मलंब३ कृसं३नाम कहावैं, पुनि जु त्रि३कोन४ त्र्यस्र४पद पावैं
खंड५नाम सपिटक अवृत्त५ खिल, कहुँक भुग्न६ कृपापार्श्व६ छ
ठो६ किलं ॥
पीत१ मधुर२ सित३ सिति ४ चउ४ छाया, इनमैं चोथी४ असुभ
अनाया ॥ ७३ ॥

॥ दोहा ॥

तीजो३ मनि मानिक्य३ तहँ, गुन चउ४ औगुन अष्ट८ ॥
बहुसिता१दि धूम्रा२दि छवि, करैं तथा सुख१ कष्ट२ ॥ ७४ ॥

जिनमें १ गोल २ भारीपन (बोझल) ३ निर्मलता ४ सचिक्कणता और ५ मोटा (बडा)पन ये पांच तो गुण हैं और दश दोष हैं जिनमें पहिले के चार बडे और पिछले छः छोटे हैं ॥७०॥ ६ बडे छिद्रवाला अथवा जिसके छिद्र में कीड़ा लगा हुआ होवे वह ७ जिसमें सीप का टुकड़ा लगा होवे ८ विना छाया, जिसकी मंद कांति होवै ९ मूंगा के समान कान्तिवाला ये चार तो बडे दोष हैं और अब छः दोष छोटे हैं सो सुनो ॥ ७१ ॥ कुरियों (सलों) से घिराहुआ १० तीनें गोलाईवाला होवे सो डरानेवाला भयदायक है, फिर चपटा ११ गोलाई रहित १२लंबा होवे उसको कृश कहते हैं,१३और तीन कोनेवालेको त्र्यस्रपद कहते हैं ॥ ७२ ॥ जो खंडित होवे उसका नाम १४ सपिटक है, वह खंडित होने से बाकी का भाग गोलाई रहित होता है १५ कुछ टेढा बांका होवे उसको १६ निश्चय ही कृपापार्श्व कहते हैं, पीली १७महुवा के रंग के समान १८श्वेत १९ काली, ये चार छाया होती हैं इन में चौथी श्याम छाया अशुभ और २०पीड़ाकारी है ॥ ७३ ॥ तीसरा रत्न माणिक्य है जिसमें चार गुण और आठ औगुण हैं और श्वेत आदि व धूम्र आदि बहुत छवि हैं वे २१गुणतो सुख करते हैं और

निर्मलपन१ अतिरक्तपन२, स्निग्धछवित्व३ गुरुत्व४ ॥
गदिते च्यारि४ मानिक्य गुन, ए जिन्ह भद्र उरुत्व ॥ ७५ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

द्वि२ छवि२ दोषहैं जहँ छाया दुव२।१, व्है द्वि२रूप२ तस नाम द्वि२ पद२ हुव ॥
भिन्न जु व्है३सु दोस भेदाव्हय३,रेनुजुत४सु कर्कर निरखहुनय७६
जुपटदोस पय रंग लसुन५ जहँ, तिम जड़६ नाम रंगविनु व्है तहँ
मधु निभ कांति७सु कोमल७मानहु, धूमकांति८धूम्र८सु उरआनहु
मन्नहु इंद्रनील४ चोथो४ मनि, तहँ गुन पंच५ छ६ दोस दये तनि
छाया अष्ट८ कहिय छितिनायक, देखहु गुन५जे अब सुभदायक

॥ दोहा ॥

स्निग्धछवित्व१ सुरंगपन२, रंजन पासप्रदेस३ ॥
गुरु४ता अरु तृनग्राहिता५।१०, इहि गुन पंचक५ एस ॥ ७९ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

सुनहु दोस जहँ पटल११ अभ्रसम१, अभ्र१हि तस अभिधान अनुत्तम

अवगुन दुःख करते हैं ॥ ७४ ॥ निर्मलपना, बहुत लालपना, सचिक्कण छवि और भारीपन ? ये माणिक्य के चार गुण कहते हैं सो ये जिनके होते हैं उनका कल्याण होता है ॥ ७५ ॥ जिसमें दो छाया होवै उसका नाम द्विछवि दोष है २ जो दो रूप रंगवाला होवे उसका नाम द्विपद दोष है, जो माणिक्य फूटा होवे ४ उसका नाम भेद है ५ रेणु[रेत] युक्त होवे उस दोष का नाम कर्कर है ॥ ७६ ॥ ६ दूध के समान श्वेत रंग का जिसमें ७ चिन्ह होवे उसको पट दोष कहते हैं, जो विना रंग का होता है उसका नाम जड़ है ८ महुवे के सदृश जिसकी कान्ति होवे उसको कोमल नाम का दोष मानो और जिसका रंग धूम्र के समान होवे उसका नाम धूम्र दोषजानो ॥ ७७ ॥९चौथा मणि नीलम है ॥ ७८ ॥ सचिक्कण छवि, श्रेष्ठ रंग, समीप के प्रदेश को रंग युक्त करना, भारीपन १०आकर्षण शक्ति से तृण को अपने में चिपका लेना, नीलमणि में ये पांच गुण हैं ॥ ७९ ॥ जिसमें बादल के समान ११ जाला होवे उसका १२ नाम ही अभ्र है सो उत्तम नहीं है,

व्है सह रेनु२ सर्क्करीर आव्हय, द्वै जु भिन्न भ्रम३ त्रास३ सु दृढ
दय ॥ ८० ॥
भिन्न४हि व्है जु भिन्न४ तिहिं भाखत, मृदगर्भ५ जु मृत्तिका ग
र्भ५ मत ॥
अस्मगर्भ६ अस्महि जब अंतर६, बसु८छाया अब सुनहु धरावर८१
नीलीरस१ बेन्नावीसुमन२निभ, लँवलीसुम३ इंदीवर४घन५निभ॥
मननिभ१ घननिभ२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥
सिवगल६ बिष्णुसरीर७ उमासुम८, तिनँ सन्निभ इम अट्ठ८ गिन
हु तुम ॥ ८२ ॥
सिखिगल११मधुकरपच्छ१२१०समहु तस, द्वै पुनि धरि कति कहत
कांति दस१० ॥
पयमैं नील४गेरि पिक्खहु पय, नीलहोइ सुहि नील४सत्य नय८३
मनि पंचम५ मरकत५ इम मन्नहु, पंच५हि गुन तस दोस सप्त७पहु
बसु८छबि अब पंच५हिँ गुन बरनत, सुँरागत्व१नीरेनुक२सम्मत८४
पुनि गुरुता३स्निग्धता४बिमलपन५,देखहु पैंहु सप्त७हि अब दूखन

जो१रेत सहित होवे उसका नाम शर्करी है, हे दृढदयावाले रामसिंह२फूटे हुए का भ्रम देवैं उसका नाम त्रास है ॥ ८० ॥ और जो यथार्थ में ३टूटा होवे उसको भिन्न कहते हैं, जिसके भीतर ४ मिट्टी होवे उसको मृद्गर्भ कहते हैं ५ जिसके भीतर पत्थर होवे उसको अश्मगर्भ ही कहते हैं, हे राजा अब आठ छाया सुनो ॥ ८१ ॥ नीलके रस और ६ तुलसी के पुष्प के सदृश ७ लोवीनामक वृक्ष विशेष के पुष्प ८ नीलकमल और मेघ के सदृश ९ शिव, के कंठ १०विष्णुके शरीर ११हलदी के पुष्प १२इनके सदृश आठ छाया जानो ॥ ८२ ॥ और कितने ही लोग १३ मयूर के कंठ १४ भ्रमरके पंख के समान दो छाया फिर रखकर अब दस छाया कहते हैं १५ नीलमणि को दूध में डालकर देखो सो वह दूध नीला होजावै सोही सच्चा नीलम है ॥ ८४ ॥ पांचवां मणि १६पन्नाहै उसके हे राजा पांच गुण और सात दोषहैं और आठ कान्तिहैं१७ श्रेष्ठ रंग१८विना रेणु(रेत)॥८३॥भारीपन, सचिक्कणता निर्मलपना, ये पांच तो पन्नाके गुण हैं और१९हे राजा अब इसके सात दूषण हैं सो देखो कि जिसमें

होइ रूक्षता१रूक्ष१कहावत, पिटक२नजुत सपिटक२पद पावत८५
छायाहीन३ सु मलिन३ कहीजर, अश्मगर्भ४ अश्मांहि जब अंतर ॥
रजजुत५नाम सर्करं५रक्खिय, दीप्तिहीन६—ज इम आक्खिय८६
पुनि कल्माष७जहाँ कर्बुर पन७, वसु८ छाया अब सुनहु धराधन
सुकसिसु१ केकि२ किंकीदिवि३ छद सम, काच हरित ४ सेवल
सौहल६ क्रम ॥ ८७ ॥
सिरीपसुम७खद्योतपृष्ठ८सह, इनै सन्निम वसु८ छबि मरकत यह
कृत्रिम मनिन परिच्छा कहियत, लाभ उचित निश्चे जिम लहियत

॥ षट्पात् ॥

कृत्रिम वज्र१ जु करत वज्र विद्धहि वह बिगरत१ ॥
कृत्रिम मुक्ता२केर मिटन जल१ लवन२ धोइ२ मत ॥
कृत्रिम रहे मानिक्य१।३ नील२।४ मरकत३।५ मुख तो तब॥
इन३कों घिसि१ औटाइ२ सत्य२ मिथ्या१ परखत सब ॥

---

१ रूखापन होवे वह रूक्ष कहलाता है और जो २छालों [आलों] सहित होवे वह सपिटक पद को प्राप्त होता है ॥ ८५ ॥ ३ हे राजा जो पन्ना कान्ति से हीन होवे उसको मलिन कहते हैं ४ जिसके भीतर पत्थर होवे वह अश्मगर्भ है ५ जो रेत से युक्त होता है उसका नाम सर्कर है ६ जिस में कांति नहीं होवे उसको दीप्ति हीन कहते हैं ॥ ८६ ॥ जिसमें ७ काबरा (रंग बिरंग पन) होवे उसका नाम कल्माषपाद है, इस पन्ने में आठ प्रकार की कान्ति होती है सो हे राजा अब सुनो ८ शुक (सुवा) पक्षी के बच्चे की ९ मयूर की १० चातक (पपीहे) की पंखों के समान, हराकाच ११ कुंगोदनी (कांजी) १२ शैवलतृण (बगता हुआ घास) के समान ॥८७॥१३ शिरीष(वृक्ष विशेष)के पुष्प के और १४ जुगनू (आगिया) की पीठके समान १५ ऊपर कहीहुई के सदृश आठ कान्ति पन्ने की हैं ॥ ८८ ॥ १६कूठा हीरा है वह तो सच्चेहीरे से वेधने पर बिगड़ जाता है और कूठे १७ मोती की शोभा(खिलत) नमक से धोने से मिटजाती है. कूठे माणिक्य १८ नीलम१९ पन्ना २०आदि रत्नों (मणियों) को घिसकर जल में उबालकर सच्चे कूठे की परीक्षा करते हैं सो औटाने से

ठहै कथित१ कुरागर२ रु घृष्ट१ मृदुर२ जे सबै कृत्रिम जानिये ॥
इह रत्न पंच५ ए मुख्य अब मनि सप्तक७ लघु मानिये८९
सूर्यकांत१ जो सूर्यकिरन लहि वँन्हि प्रकासत१॥
चन्द्रकांत२ जो चन्द्रअंस छवि स्राव उपासत२ ॥
पुष्पराग३ बैडूर्य४ स्फटिक५ गोमेद६ रु विद्रुम७ ॥
यह सप्तक७ लघु आहि सकल द्वादस१२ तक्कहु तुम ॥
गुन तीन३ सब१२हि रत्नन गिनहु कांति१ कठिनपन२ स्वच्छपन३॥
तजि पवि१गुरुत्व४गुन ग्यारहम११गुन पवि१गत लाघव४ लखन९०

(दोहा)

इन१ रत्न१न करिकैं अधिप, करैं निचित निज कोस४ ॥
हाटकैं३ सोलह१६ वर्णहै, इनमैं अंत्य१ अदोस ॥ ९१ ॥
पावक तपि न घटैं पुटर२, सोलह१६बर्ण सु जानि ॥
नवरवि१ बिज्जु२ प्रकास निभैं, अँजहिं कोस४न आनि ॥ ९२ ॥
रजत३ नागमिश्रित रुचिर, सुचि ज्वालित बिच सुद्ध ॥

१रंग बिगड़जावे और२घिसने में कोमल होजावे उसको झूठा जानो, ये पांच तो मुख्य रत्न हैं और अब सात छोटी मणियों को कहते हैं ॥ ८९ ॥ सूर्य की किरणों से जिससे ३ अग्नि उत्पन्न होजावे वह सूर्यकान्तमणि है, और चंद्रमा के किरणों से शोभा सहित ४ टपकनेलगे वह उसी की उपासना करने वाली चन्द्रकान्तमणि है ५ पुखराज, वैडूर्यमणि (लहसनिया) स्फटिकमणि, गोमेदमणि और मूँगा ये सात छोटी मणियां ६ हैं ७ हीरे को छोडकर बाकी की ग्यारह मणियों में भारीपन गुण है और एक हीरे में ही ८ हलका होना गुण है ॥ ९० ॥ ९ अपने खजाने में संग्रह करैं, इन मणियों के अंत में सोलह वर्ण का १० निर्दोष सुवर्ण इकट्ठा करैं ॥ ९१ ॥ सोलह वार अग्नि में तपाने से कुन्दन होता है वह ११सुवर्ण अग्नि में तपाने से नहीं घटै तब उसको कुन्दन जानो जो १२ प्रभात के सूर्य और बिजुली के प्रकाश के १३ सदृश होता है ऐसे सुवर्ण को खजाने में १४ संग्रह करै ॥ ९२ ॥ १५शीसा मिलाकर १६अग्नि में जलाने से चांदी शुद्ध होती है

ऐंका ससि संकासरुचि, परिचिंत करहिं प्रबुद्ध ॥ ९३ ॥
रत्न१ रु दुवर२ हाटक२।२ रजत२।३,अघटित१।२घटित२।३अलेस
कोस४ अंग चोथो४ करैं, नय चित निपुन नरेस ॥ ९४ ॥
करके च्यारि४ बिभाग करि, धर्म्म१ अर्थ२ अरु काम३ ॥
तीन३नमैं त्रय३ बंट तजि, धरै चतुर्थ४हिं धाम४ ॥ ९५ ॥
सस्त्र१ बस्त्र२ धान्यादि३ सब, संचय इतरहु सज्जि ॥
पूरन रक्खैं कोस४पहु१, गिनैं सुकरँ सब गज्जि ॥९६॥भेकप्लुतिः
मुक्त१ अमुक्त२ रु मुक्तामुक्त३, यंत्रमुक्त४ प्रहरन१ चउ४ उक्त॥
अरि१असि२सक्ति३रुसर४इत्यादि,बिक्खहुए४क्रमकरि रनबादि६७
बादर१ रांकव२ क्षौम३ बखानि, जिम कौशेय४ बसन२चउ४जानि
सूल१रु रोम२सन३सु पुनिपट्ट४, बस्त्र१न भवक्रम करि चउ४बट्ट९८
सूक१अनसु२असु३ मुरत्रय३धान्य३,सहितसजातिहुसलहमान्य॥

जिसकी क्रांति१पार्वती[गौरी]और चन्द्रमाकी उज्वलता की शंका कराती होवे ऐसी चांदीको चतुर लोग२परीक्षा(पहचान)करके संग्रह करैं ॥९३॥ रत्न, सुवर्ण, चांदी,४घड़ेहुए और३बिनाघड़े इन पदार्थोंसे४राज्यकेचौथे अंग(खजाने)को नीति चतुर राजा पूर्ण करै ॥ ९४ ॥ ६हासिल के चार बंट करके तीन बंट तो धर्म, अर्थ और काम में लगावै और चौथा बंट(हिस्सा)खजाने में रक्खै ॥९५॥ अन्य संचय से भी खजाने को पूर्ण करके राजा उसको ७ सुख करनेवाला मानकर तथा उसको अपने हाथ में(स्वाधीन) किया जानकर सब पर गर्जना करै ॥९६॥ चार प्रकार के ८ शस्त्र कहे हैं जिनमें हाथ से छोडकर चलायाजावै उस चक्र आदि को मुक्त कहते हैं, और हाथसे विना छोडै चलायेजावैं उस तलवार आदि को अमुक्त कहते हैं, और हाथसे छोडकरभी चलायेजातेहैं और विना छोडे हाथ में रखकर भी चलायेजाते हैं वे भाला, बरछी आदि मुक्तामुक्त कहाते हैं, और जो यन्त्रसे प्रेरेजाते हैं उन बाण और गोली आदिको यन्त्रमुक्तकहते हैं, जिन को युद्ध में वाद [हठ] करनेवाले (वीर) ९चक्र, तरवार, बरछी और तीर आदि क्रम से देखो ॥९७॥१०सूतके वस्त्र ११ऊनके वस्त्र १२सणके वस्त्र १३रेसमके वस्त्र ये चार प्रकारके वस्त्र होते हैं ॥ ९८ ॥ १४ मुख्य करके धान्य तीन प्रकारका है, जिनमें चावल,जव, गेहूँ आदिको सूकधान्य कहतेहैं और चना,उड़द,मूँग, मोठ,

सालि१ चनक२ कोद्रव३ क्रम साहि, इनबिच सब्बुरु्ह्हु अखिल१७ उमाहि ॥ ९९ ॥
तैल१४ रु *तूल१५घृता१६ दिहु तत्थ, सोर१७ रु सीसक१८ यंत्र१९ समत्थ ॥
इति९सुखं संचय बिरचि असेस, रक्खहिं संभृत कोस४नरेस १०० दोहा–अंग पंचम५ सु देस५ अब, भनिय चतु४र्बिध सूप ॥
इक१ अनूप१ दूजो२ उचित२, नदीजीव२अनुरूप ॥ १०१ ॥
बृष्टिजीव३ तीजा३ बहुरि, जंगल४ चोथो जानि ॥
उत्तर२ उत्तर२ हैं अधम२, पूरब१ सुखद१ प्रमानि ॥१०२॥
जिहिं प्रदेश उफनाइ जल, ऊपर ऊपर आइ१ ॥
साथ रख कर वहां से १ उपड़ कर २ समुद्र के बढाव के ३भांति४बहुत (भारी) ॥ १५ ॥ ५ चहुवाण बुधसिंह को ६ गर्व ७ पहिले इसका पिता औरंगजेब गया था उसी रीति से ८ चित्तोड़ के नीचे होकर ९ मंदसोर मुकाम किया १० अमरसिंह ने ११ विशेष नम्र होकर १२ हिन्दुस्थान के ऊपर म्लेच्छों के हुकम से १३ रानाओं का कुल ही बचा है १४ तोभी १५ भेजना पड़ा ॥ १६॥ १६ अपना छोटा भाई १७ नाम १८ पति १९ कारण सहित [अपने देश में आये हुए बडों को भेट देनी चाहिये इसकारण से] ॥ १७ ॥ २० हाथी २१ बुधसिंह के लिये, 'अभंग' यह महाराणा का विशेषण है ॥ १८ ॥ २२ मंदसोर नामक पुर में २३ नम्रता पूर्वक २४ बुधसिंह को बहिन का पति जान कर २५ बादशाह के लिये २६ प्रसन्न होकर

सामान्य कवि१ रु वर्जित विवाद२, संस्कृत ३ कवि लहत सु सत १०० प्रसाद ॥
ऐसो भासाकवि१मति अनिंद२,पंचास५०द्रम्म लहत सु प्रसिद्ध७४
इत्यादिनतैं गुन घटि१अनेक, वितरन[2] क्रम बहुविध तिन्ह विवेक॥
पच्चीस२५ आदि१ करि अंत२ पंच५, रोह्यो न चालिस१न बट हु रंच ॥ ७५ ॥
हायन इक१ टारि१ रु लैनहार, पुनि लहत आइ सुहि सुहि प्रकार
इम खट६ऋतु बारह१२मासअंत,अंहति१[3]झर मंडिय जस२उदंत७६
दुव २००० दुव २००० सहस्र कोसन बिदूर, पुर लग्गे आवन बुधन पूर ॥
उज्ज्वल रुचि बुंदिय तिहिंअनेह, गिनिये कि पुरंदर१[4]धनद२गेह७७
तन मान सवन मन धन१ तुलंत, अंकुरि मइ१ सव अह २ सादि १ अंत२ ॥
ऐसे उदारपन करि इलेस, प्रतप्पो परिपालत देसदेस ॥ ७८ ॥
आयुध सब साधक बहु उपाय, मृगयादि कुतूहल रमत राय ॥
आनन कलिंदिका निलय इद्ध, सब ठाम तदपि अद्वैत सिद्ध॥७९॥
चोगान तुरग बाजी प्रचार, खेलैं विदग्ध बिजई खिल्हार ॥
हठि कुसल सिकारिन ठिगनहार, किरि१ केहरि२ ऐसे छल प्रकार ॥ ८० ॥
छलिकैं तिन्ह वेधत सर समूह, दै डाक थकावत गज दुरूह ॥
अवरोध जनन क्रीड़न अनेक,विलसत विदग्ध इम एक१एक१।८१

१ घड़ी बुद्धिवाला नहीं होने पर भी ॥ ७४ ॥ २ दान के क्रम से ॥ ७५ ॥ ३ दान का झड़ रचा ॥ ७६ ॥ ४ इन्द्र का अथवा कुबेर का घर ॥ ७७ ॥ ७८ ॥ ५ यमुना नदी यमराजकी बहिन है इस कारण उस का और यमराज का घर एक ही है सो उपरोक्त कर्मों में तो रामसिंह का मुख यमुना का घर है तोभी सब जगह अद्वैत मत ही सिद्ध है ॥७९॥८०॥ ६ क्रोध दिलानेवाले छोटे घाव लगाकर ॥८१॥

व्युत्थान बनत अैसे अनेह, अन्यत्र अधिप चिंत बोध एह ॥
कवि चंड१ रु आसानंद२केर, सफली हुअ सिच्छा स्वबय बेरा८२।
पौरानिक१ कै हुव सुख प्रबोध, रहिगो द्विज२कै तस तदपि रोध ॥
कवि चंडतैंहु हय अग्ग हंकि, अद्वय४ मय अंतहकरन अंकि॥८३॥
कवि१ सूरि२ सुभट३ सचिव४न कलाप, अखिलन रिझ्झात मन गुनन आप ॥
जिहिँ गुन प्रसार जन बिदित जोहि, स्वामीकहँ समुझ्झत पठित सोहि ॥ ८४ ॥
प्रभु मनु बसीकरन१ मनु प्रभाव, विद्या कि मोहिनी२ मनु बढाव॥
करि नैन१बैन२करि ध्रुव धनेस१,जन जन मन पैठो जनु जनेस८५
पिक्खन१संलापन२के प्रसाद,बिनु बेतन सेवन प्रकटि वाद॥
इम सबन चित्त कर गहि इलेस, देखंत बलि हारत द्रंग१देस२।८६
इम अब्द पंद्रहम१५ बय प्रबेस, बिलसिय बिलास बैभव बिसेस॥
हायन बिंसति२०तम लगबहार, सुख राजस लुट्टिय नीतिसार८७
अब सक नव गज बसु ससि १८८९ अनेह, सुरभि१ रु निदाघ २ बिलसिय सनेह ॥
क्रम निज तजि सावन१ भद्द २ काल, बदल्यो ऋतु पाउस ३ वह बिचाल ॥ ८८ ॥
बुट्ठिय जल ढिग ढिग त्रि३चउ४लेर, पै सो न समय घन प्रचुरघेर

ऐसे समय में तो १ विरोधाचरण बनता है, बाकी अन्य स्थानों में २राजा के चित्त में एक ज्ञान ही रहता है ॥ ८२ ॥ ३ चारण चंडीदान के सुखकारी ज्ञान होगया तो भी आशानन्द ब्राह्मण के उस ज्ञानकी रोक रहगई अर्थात् आशानन्द को ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ ४अद्वैत मत से अपने अंतःकरण को चिन्ह युक्त करके ॥८३॥८४॥५मानों मनुके प्रभाव से मन वश करके, मानों कुबेर के समान ६ राजा निश्चय ही मनुष्य मनुष्य के मनमें घुसा ॥८५॥ देखने और बोलनेकी प्रसन्नता से ७ हठ करके विना ही तनखा सेवा करते हैं ॥ ८६ ॥ ८७ ॥ ८वसन्त और ग्रीष्म ॥ ८८ ॥ ९ परंतु मेघ के अत्यन्त घेर से वर्षा नहीं हुई

[1]सर कर दहि दिस दिस सस्यें १ खेत, अग किसलय २ वीरुध ३ तृन४ उपेत ॥ ८९ ॥
अनलपें अरुख४।२ रु पच्छिम५।२ दुर्ओर, रचि पोन गोन किय भोन रोर ॥
पप्पीह [6]प्यास खिन खिन बढात, घटि लास मयूरन आस घात९०
लालित्य बेल१ बन २ गिरिन ३ लोप, किय झंखर भंखर किरन कोपि ॥
हाकार मचिग गत इस [7]हु होत, श्रोत७न चंडन गय तुट्टि श्रोत९१
गडि भेक १ कमठ २ झख ३ पंक गर्त, [9]पसु सम बिचेष्ट वर्तन बिवर्त ॥
तउ तजन नक्र४ गन तरफरात, जल मति पल छिति तल१ बिसंत जात ॥ ९२ ॥
पवमान२ भान३ इत बिरचि [11]पौन, निपरात करत हत छबि निपान
[12]जलजात१ रु कैरव २ कुमुद ३ जाल, सैवल ४ नल ५ संजुत हुत बिहाल ॥ ९३ ॥

चिपान१ निपान२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥

[13]जनपद मरु१ जंगल२ सिंधु३ जत्थ, अमि सूरसेन४ हरियान५ सत्थ

१गरमी से दिशा दिशा में २खेती के खेत ३कोंपलें ४भूमि पर फैलनेवाली लता और तृणों सहित सब सूख गये ॥ ८९ ॥ ५दक्षिण कोण का और पश्चिम दिशा का इन दोनों ओर का पवन चलकर सब भवन भयंकर कर दिये ६ क्षण क्षण में पपीहे की प्यास बढकर मयूरों की आशा का नाश होकर उनका ७ नृत्य घट गया ॥ ९० ॥ ८आश्विन मास के जाते ही हाहाकार होगया ॥ ९१ ॥ ९मरे हुओं के समान चेष्टा रहित होगये १० भूमि के नीचे घुसजाते हैं ॥ ९२ ॥ पवन और सूर्य की किरणें ११ पान करके समीप लेकर प्रपा (प्याऊ, पो) आदि छोटे जलाशयों को शोभा रहित करते हैं १२ कमल, रात्रिविकासी कमल (गुड़हल तथा गहूल) श्वेत कमल विशेषों के समूह, जलनीली (कुमोदनी) और कमलिनी सहित उस घड़ी अग्नि में जलगये ॥ ९३ ॥ १३ देश

ढुंढार६ सेखवट्टी७ कुढंग, मेवार८ मुलक सु पहार९ संग ॥९४॥
इत्यादि मनुज *उज्जट अगार, सकुटुंब कढे नत भूख भार ॥
इन्ह सूचित देसन अंतराल, हड्डोतिय१०भुव हुव बिकल हाल९५
कंकाल करंकन निचित कोट, इम पसुन अस्थि प्रतिगाम ओट॥
तरु पत्र असन कबलग कराइ,पय नाम मिट्यो रव हाम पाइ९६
कनिका३दि अठ ८ जल घोरि केक, वहिकात सिसुन जन पय बिवेक ॥
जिम मृत तंपादिक ग्रामजन्य१,वचि तिमहिं रहे कहुँ बिरलवन्य९७
पसु तृन१बुसा२दि प्रमितहु न पाइ, खिल ग्राम्य जिपत कहुँ कीट खाइ ॥
नाकँहिं जिम नाकुन ऋच्छ रक्खि, करखत छिति कीटन स्वास सक्खि ॥ ९८ ॥
इम चट्टि पिपीलिक १ दीम आदि, जीवत कहुँ गो १ महिषी २ अजा३दि ॥
तिन्हँ थनन ऐंचि जन अधम ओहि, दित करुन लेत पय अरुन दोहि ॥ ९९ ॥
दधि तस बिलोरि तजि तक्र दूर, कुभृतहु वह बेचन गहत कूर ॥

॥ ९४ ॥ * ऊजड़ घर ॥ ९५ ॥ १ हड्डियों और मस्तकों के समूह के कोट हो गये २ पशुओं की दुर्बलता के कारण दूध के नाम का शब्द ही मिटगया ॥ ९६ ॥ पानी में ३ गेहूँ का आटा घोलकर ४ जैसे वनके पशुओं में गज आदि कोई ही बचे तैसे ग्राम के लोग भी विरले ही बचे ॥ ९७ ॥ पशुओं ने तृण और ५ तुष आदि का ज्ञान भी नहीं पाया अर्थात् इनको जान ही नहीं सके और ग्रामों में ६ कीड़े खाकर कोई ही बाकी जीवित रहे ७ जैसे रीछ अपनी नासिका को उदेही (दीमक) के ऊपर रखकर खैंचता है तैसे पशु स्वास से भूमि के कीड़े खैंचते थे ॥ ९८ ॥ ८ कीड़ियां और दीमक आदि को चाटकर ९ करुणा हीन मनुष्य लाल रंग का दूध दोह लेते थे ॥ ९९ ॥ उस दही को विलोकर १० छाछ को दूर रखकर खोटी वृत्ति करनेवाले उसको बेचते थे

निज सिसुन वेचि कहुँ अन्न आनि, खल वहु असु धारत दुरित
खानि ॥ १०० ॥

ऐसो प्रवृत्त संकट अनेह, संवंधिन ठहर्यो नन सनेह ॥
दयिता१मारी२पति१इहिंदु२काल, हाहारव वाढिय असहहाल१०१
अति व्याकुल तजि इम देस उक्त, आये हड्डोतिय मान मुक्त ॥
प्रभु बुल्लि सचिव धान्नेय पास, करुनापर सासन किय प्रकास१०२
अंवार निचित अप्पन अगार, वरखनतैं चित सब धान्य बार ॥
उनके सवरुप्पय करनकाल, वसुमति रस बिलसन जसविसाल१०३
जन रंक१ कुटुंविय२ दुस्थ जानि, आसन चहि ओहैं आनि पानि
अप्पहुतिन्ह भोजन अर्घउज्झि,सवभंतिविसासहु पुरायसुज्झि१०४
वसु आढय१ कुटुंवी२ जे विपन्न३, उचितार्घ लै रु तिन्ह देहु अन्न ॥
नव कोस निकर भृत द्रम्म १ निष्क२, व्है अधिक गोप गृह
जिम हविष्क ॥ १०५ ॥

सचिवहु निवेदि आकूत सोहि, अन्नालय खुल्लिय विविध ओहि ॥
प्रतिदेस पहुँचि तस जस प्रसार, हुत आये जे खिल तेहु द्वार।१०६।
इम अलप अर्घ किय कल्प अन्न, वसु दुर्विध निवहे जिम विपन्न॥
रहि मुल्लप आढय देसन परत्र,अष्टमप्लव ता सन लहिपअत१०७
इहिं मोल तोल जिम कोल ऊखें, भजि भजि जन आये भनत भूख
वेचे जे अर्भकं जननि१ वप्प२, उनकों छुगाइ वसु आत्थि अप्प१०८

१वे पापों की खान जीते थे ॥१००॥ २ स्त्री को ॥ १०१ ॥ १०२ ॥ अपने घर में वर्षों से संचय किया हुआ धान्य के समूह का ३ ढेर पूरित है ४ भूमि पर ॥ १०३ ॥ ५ दरिद्री ६ कीमत छोड़कर ॥ १०४ ॥ ७ धनवान् कुटुम्बी व्याकुल हैं उनको ८ उचित मोल लेकर, नवीन खजाने में रुपये और मुहरों का समूह भरा है जिससे, श्रीकृष्ण की सम्मति से ब्रज के गोपों के घर में ९होम हुआ था उससे भी अधिक होवै ॥ १०५ ॥ १०अभिप्राय ॥ १०६ ॥ १०७ ॥ ११जैसे गन्नों पर सूवर आवै तैसे १२ बालकों को ॥ १०८ ॥

जानें जिम जाके बर्ण१जाति२, ते भ्रष्ट होन दिय न सिव ताति ॥
कंटक दुकाल इम अन्नसत्र, अधिपति बिस्तारिय जस अमत्र१०९
प्रतिदिन चित सहसन दम्म पूर, दुख भूख जनन हुव जनन दूर ॥
जिन सिसुन लये कुल १ ग्राम २ जानि, तिनके संबंधिनहू ति
तानि ॥ ११० ॥
बुल्लि१ रु मिलाइ२ परिचय बिबेक, सह बास निबाहे इम अनेक॥
बिप्रा१दि बर्ण१४ आश्रम२४ बिधान, सब ब्रात्य न किय जिहिँ
जो समान ॥ १११ ॥
जिनके बसुधा१ बसु२ निज निबाह, ते पहुँचे सु समय घरन ताह
जिन्ह रंकन रंचन वृत्ति जोग, प्रभु सीस बसे ते सुख पुरोग।११२।
लक्खन जमाइ इम पुण्य १ पारि, बलि कोस दम्म २ लक्खन
बिथारि ॥
इस यह दुकाल अंकिय १ अधीस, सब द्वीप जनन जस २ बहिय
सीस ॥ ११३ ॥
निज जनन त्रि ३ हायन लाखि निबाह, लिय खिल करि दुर्लभ
पुण्य लाह ॥
जस दूत बुलाये सुकबि जूह, आनायक कोटिन कोटि ऊह११४
सूदहु तदीय कुल बिरचि मान, जाचक सब पोखे तिम सुजान ॥
दलि दलि दयालु दुस्सह दुकाल, किय नृप सुभांड१८७१४पहिलें
सुकाल ॥ ११५ ॥
दब्बत तिहिँ घन धन१ अन्न२ दान, ऐसो सुकाल किय चाहुवान
इहिँ जस उफान दिस१ बिदिस२ ऐन, हतरोचि१ व्हीडा२ नत ३

१ अन्न का यज्ञ ॥ १०९ ॥ ११० ॥ २ शूद्र नहीं किये ॥ १११ ॥ ११२ ॥ ११३ ॥
३ यश रूपी जाल में ॥ ११४ ॥ ११५ ॥ ४ कान्ति रहित और लज्जित होकर
राजाओं ने नेत्र नीचे किये,

नृपन नैन ॥ ११६ ॥

॥ दोहा ॥

ऐसो असह दुकाल यह, दिनदुल्लह कुल दीप ॥
सु दुख दवि पोखे सकल, हड्ड६१न हेलि महीप ॥११७॥
जनपद हुव उज्जट[1] जिते, वचि हड्डोतिप वास ॥
स्वस्व वसाये ग्राम१ गृह२, पुनि तिन स्वर्घ[2] प्रकास॥११८॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणेऽष्टम ८ राशौ बुन्दीन्द्ररामसिंहचरित्रे आगामिग्रन्थगुम्फनवर्णसंबन्धाख्यालंकारपरित्यागसूचन १ ग्रन्थकर्तृपितृचण्डीदानमृगयामद्यपानादिदुष्टाचरणसूचनपदातितीर्थयात्राविधानाखिलपापमुक्तवेदान्तज्ञानसमधिगमन२प्रतिवर्षनियतीकृतरामसिंहदानविवेचन ३ एकोननवत्युत्तराष्टदशशततमसंवत्सरदुर्भिक्षरामसिंहोदारत्ववर्णनमेकादशो मयूखः ॥ ११ ॥

आदितस्त्रिसप्तत्युत्तरत्रिशततमो मयूखः ॥ ३७३ ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

अन्वय[3] हड्ड६१न इंद्र इम, देसन दलित दुकाल ॥
निवहे सव आपन्न[4] नर, जे सीमागत जाल ॥ १ ॥

॥११६॥११७॥ १ देश में ऊजड़ होगये थे २ अपनी ओर से मूल्य देकर॥११८॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टमराशि में बुंदी के भूपति रामसिंह के चरित्र में. आगे की ग्रन्थ रचना में वर्ण सम्बन्ध नामक अलंकार के छोड़नेकी सूचना करना १ ग्रन्थकर्ता सूर्यमल्ल के पिता चंडीदान के शिकार और मद्यपानादि दुष्टाचरणों की सूचना करने के पीछे पैदल तीर्थ करके सब पापों से मुक्त होकर वेदान्त के ज्ञान में प्राप्त होने का कथन २ प्रत्येक वर्ष में महारावराजा रामसिंह के दान नियत करने का विवेचन ३ अठारह सौ निवासी के दुर्भिक्ष में रामसिंह की उदारता के वर्णन का ग्यारहवां ११ मयूख समाप्त हुआ ॥११॥ और आदि से तीनसौ तिहत्तर ३७३ मयूख हुए ॥

३ हाडाओं के वंश के राजा ने ४ आपदा प्राप्त हुए मनुष्यों को निबाहे ॥ १ ॥

भूपति बिक्रम१ भोज२की, पद्धति लग्गि पवित्र ॥
इहि दुभिच्छ महि मंडियो, चाहुवान जस चित्र ॥ २ ॥

॥ षट्पात् ॥

नभ नव बसु ससि १८९० निपत सुखद लग्गत सुकाल सक
बारिद अभिमत बरसि दरसि आसार महोदक ॥
औषधि गन अन्नादि बिबिध निपजे सीमा बढि ॥
कर्षुक कुल मन मुदित उदित कृषि ताव चाव चढि ॥
बहु बहुरि देस उज्जट बसे प्रान बारि बुंदीस पर ॥
निज सत्रु१आदि मंडल नृपहु पढन लगे नत नुति प्रसर ।३।
बंदी इक१ तिहिं बेर सहर बुंदी पत्तो सजि ॥
सावन५ लग्गत समय भ्रमत अतिसीम दर्प भजि ॥
बाम मग्ग सठ बहत रहत रत पंच५मकारन ॥
तुलसी१ मालहिं तराजि रुद्र अक्ख२हिं करि धारन ॥
नैंकन छिपाइ बरतैं निलज स्वपचादिक सब कृत असन ॥
स्वपचीहु गम्य जाके सुरत दुरतन गज दस्सन दंसन ॥ ४ ॥
चंडबाद कवि चंड इहां प्रभुके अनुकंपित ॥
तिनप्रति मुरि धावयें सचिव मोहन अनरुपा इत ॥
भनि सहाय वह भट्ट खुल्लि बुंदिय रुचि रक्खिय ॥

---

१ मार्ग २ दुर्भिक्ष को मिटाकर ॥ २ ॥ ३ महात्मा मेघ ने अभीष्ट (वांछायोग्य) वर्षा करके मेघधारा दिखाई ४ नहां खेती का उत्साह बढा ५ नम्र होकर स्तुति का विस्तार पढने लगे ॥ ३ ॥ उस समय एक ६ भाट ७ रुद्राक्ष पहनकर ८ भंगी आदि का किया हुआ भोजन खाता था ९ जिसके मैथुन करने में भंगिन भी जाने योग्य थी १० हाथी के दांतों के समान उसके पाप छिपे नहीं थे (हाथी के दांत किसी प्रकार छिपते नहीं हैं) ॥ ४ ॥ ११ रावराजा रामसिंह की कृपा में भयंकर शास्त्रार्थ करनेवाले, अथवा शास्त्रार्थ करने में भयंकर इस ग्रन्थकर्ता सूर्यमल्ल के पिता चंडीदान थे जिनसे बुंदी के सचिव १२ मोहनराम धायभाई ने क्रोध किया

अप्प सचिव अवलंब भयो प्रभुकवि *परपक्खिय ॥
करि निज सु भट्ट दै छन्न कछु अधिपति प्रति किन्नीअरज
आयु प्रवीन कवि भट्ट इक गुनकी जो कहहिं गरज ॥ ५ ॥

॥ दोहा ॥

सुकवि चंड आदिक सदा, प्रचुर रहैं प्रभु पास॥
तिन सबसों यह अधिकतम, बंदी स्वगुन बिलास ॥ ६ ॥

॥ षट्पात् ॥

भूपहिं मोहन भनिय भट्ट यह अद्वितीय भव ॥
रामचंद्र अभिधान बाद बादन बिजयी हुव ॥
तिन दिवसन कवि तात स्वीय प्रभुको लहि सासन ॥
किय भारत उद्योग५पर्व नरभाखा भासन ॥
कवि तत्थ एह संधा करिय सुर१ नर२ बानी सब्दमय ॥
इम अर्थ१ विपुल२ अच्छर१अलप२जुहि आनैं सुहि लै बिजय
सुरबानिय१ भव सब्द बिदित जे पुनि नर बानिय२॥
इह द्विविधहि उद्योग५पर्व अंतर सब आनिय ॥
पंच५ अनुष्टुप प्रमित अर्थ ऐंचिय इक१ अंतर ॥
संधा लिय तहँ सुकवि दिपत जस पूरि दिगंतर ॥
बहु१अर्थ२अलप१अच्छर२विहित जो बिरचैं कहुँ अन्य जन॥

---

*आपके कवि चंडीदानका शत्रु हुआ, उस भाटको अपना करके मोहनराम ने रावराजा रामसिंह से अरज की ॥५॥ चंडीदान आदि श्रेष्ठ कवि आपके पास१ बहुत रहते हैं॥६॥ मोहन नामक धायभाईने राजासे कहा२शास्त्रार्थ करनेवालों से३सूर्यमल्लके पिताने रावराजा रामसिंहकी आज्ञालेकर, उनमें कवि चंडीदान ने यह प्रतिज्ञा की कि४संस्कृत और देश भाषाके शब्दोंमें इसप्रकार थोड़े अक्षरों में बहुत अर्थ लावे वही मुझसे विजय पा सकता है ॥७॥५संस्कृतमें उत्पन्न हुए ६ महाभारत उद्योग पर्व के पांच पांच अनुष्टुप श्लोकों का अर्थ खैंचकर एक एक छंद में लाये वहां चंडीदानने ७यह प्रतिज्ञाली ८उचित अथवा रचकर

तो खुल्लि पाय टुंड्डर[1]तजौं ध्रुवन वजौं[2] अव काव्यधन ॥८॥
करि संधा कवि चंड धीर लंगर पय धारिय ॥
कहिय जोहि इम करहु कवि सु जय[1] जस[2]अधिकारिय॥
अर्जुन[3] शृंखल अग्ग द्विजन भोजन हितदेहैं ॥
जयपट्टहु[4] लिखि जाहि सोपि गुरु गिनि गुन गेहैं ॥
यह नियम धारि किय ग्रंथ वह नाम सारसागर नियत ॥
निर्भयनियोग[5] प्रभुको स्वसिर जु किय सुजनमुख सुखजियत९
बंदी इक[1] व्रजलाल[1] कृष्णधात्रेय आढ्य[6] किय ॥
अधिराजहिं करि अरज ग्राम[1] गौरव[2] गज[3] अप्पिय ॥
सचिव कृष्ण तनु[7] तजत अग्ग सहि साचि खग्ग उर ॥
सुत तस मोहन सचिव धरयो अधिकार राज्य धुर ॥
प्रभुकेर कृपाभाजन परम जानें कवि चंडादि[9] जन ॥
तिन्ह मानहान मिटवान तिम मोरन लग्गो स्वामि मन १०
तब अक्खिय धात्रेय अरज इम प्रभुहि उपह्वरं[10] ॥
चित्तं[11] बढत कवि चंड लहत जयमय पय लंगर ॥
कविअनेक भुवचक्र परत पैर जुरत[12] परिच्छा ॥
संसदं[13] वानिय समर सकल उघरैं धृत सिच्छा ॥
भारती[14] जुद्ध रस स्वाद भर एहु लेहु आनंद इन ॥

---

१ चरण में प्रतिज्ञा का लंगर है जिसको खोलकर इस का पहनना छोड दूंगा और २ काव्य ही है धन जिसके ऐसा कवि फिर निश्चय ही नहीं धजूंगा ॥८॥ ३ श्वेत रंग (चांदी) की सांकलियां ४ विजयपत्र ५ स्वामी की आज्ञा से निर्भय होकर ॥ ९ ॥ ६ धनवान् किया, कृष्णराम धायभाई ने छाती में ८ तिरछी तरवार सहकर.७ शरीर छोड़ा तब ९ चंडीदान आदि मनुष्यों को ॥१०॥ १०एकान्त में अरज की ११चंदीदान आश्चर्य योग्य बढता है कि पैर में विजयी होने का लंगर पहनता है १२शत्रु-आकर जुड़े जब परीक्षा होती है १३सभा में वचन के युद्ध में १४सरस्वती के युद्ध के रस का स्वाद

मिलवाय हमहिं यह भेट अब* बिदित निवेदहु समय बसि।१९।

दोहा—सुनि संभर[1] तिन्ह संग लै, जवनेंईस[2] ढिग जाय ॥
मिलवाये दस्तूर[3] मित, क्रम सलाम करवाय ॥ २० ॥
सीसोदन अक्खी सबहि, नुति[4] जु कहाई रान ॥
आलम अंगीकार किय, नुति रु भेट सनिदान[5] ॥ २१ ॥
बुंदियपति करि सिक्ख तब, लै तिन्ह डेरन आय ॥
नृप कूरम[6] रट्ठोरँहू[7], लीन्हे उभय बुलाय ॥ २२ ॥
अजितसिंह जयसिंहकौं, इक संभर अवलंब[8] ॥
पुच्छिय मंत्र नरेसप्रति[9], कहिकहि कित्ति कदंब[10] ॥ २३ ॥

[षट्पात्]

बंदहु[11] बत्त बुंदीस आय[12] रुकत हम आतुर[13] ॥
लियउ कुप्पि जवनेस छिन्नि आमेर जोधपुर ॥
नहिं निबाहि अब सकत बिभव गज बाजि बिमन[14] अति ॥
स्रोत सफर[15] जिम साह गहत दिनदिन उलटी गति ॥
सुनि यह नरेस[16] अक्खिय उचित बासर[17] कछु धीरज[18] बहहु ॥
सेवन बढाय कछु साहको गत मही सु निजनिज गहहु ।२४।
बुंदियपतिको हुक्म साह दल[19] माँहिं सबनसिर ॥
सीसोदन यह पिक्खि[20] जानि जामिप[21] जग जाहिर ॥
रान सुभट[22] राउत्त देवसिंहह बेघम पति ॥

---

* प्रसिद्ध॥१९॥१बुधसिंह२बादशाह के पास३रीति के अनुसार॥२०॥४नम्रता वा स्तुति५कारण सहित अर्थात् राणाओं ने पहिले नम्रता और भेट कभी नहीं की थी इसकारण से॥२१॥६आमेर का राजा कछवाहा जयसिंह७जोधपुर के राजा राठोड़ अजीतसिंह का ॥ २२ ॥ बुधसिंह का ही८आधार था९बुधसिंह से १० कीर्ति का समूह ॥ २३ ॥ ११ कहो १२ हम आमद रुकने से १३ पीड़ित हैं १४ उदास १५ जल के प्रवाह में मच्छ के समान [बहतेहुए जल में मच्छ उलटा ही जाता है] १६ बुधसिंह ने कहा १७ दिन १८ धारण करो ॥ २४ ॥ १९ बादशाह की सेना में २० देखकर २१ बहिनोई २२ महाराना का उमराव देवसिंह

कवि चंड रचत संधा कुसल करिये विभव विलास किन११
प्रभु अक्खिय जहँ प्रीति सो न मेटहु कूटाश्रय॥
सुहृद्भाव जहँ सुनत तहँ न छल लेस कहन नय॥
पुनि असहन यह पाप महत विस्वासघात मय॥
उज्झहु स्वमति उपाय एह विधि वलित टारि रय॥
तत्थ्य१ रु अतत्थ्य२ न दुरैं तदपि जिहिं जैसो कहिदेत जग॥
दुख सहत चिंति करिकैं हुँरव मिलित द्रोह यह घोरमग१२
यातैं कपट उपाय कवि न कोऊ आकारहु॥
बहु आवत बिनु जतन विविध पावत वसु वारहु॥
जो संभव बनिजाइ बिक्खिलैहैं वानी बल॥
पर दुख चिंतन पाप त्वरित लैजाइ रसातल॥
सुनि यह निदेस मोहन सचिव बिन्नति किय सब स्वामिवस
प्रभुके प्रसाद जो धर्मपथ सु सब गम्य रहिहैं सरस॥१३॥
आवन लगि तिन अहन प्रचुर भूसुर१पौरानिक२॥
मागध३ बंदिय४ सुमति बहुत बिरचहिं कवि वानिक॥
पुब्ब कथित क्रम पाइ घरन जावत लै धन घन॥
तिहिं अनेहँ धात्रेय पाप प्रेरिय कपटीपन॥
व्रजलाल भट्ट वह बुल्लिकैं कुटिल उँपव्हर मंत्र किय॥
बुन्दिय अधीन वंदिन बहुरि लै त्रिच सम्मति सबन लिय॥१४॥

॥ ११ ॥ १ दंभ (छल) के आश्रय से २ इस उपायवाली अपनी बुद्धि को छोड़ दो रीति से ३ टेढे मार्ग के वेग को ४ सत्य झूठ नहीं छिपता ५ गीदड़पन करके ॥ १२ ॥ ६ कपट करके किसी कवि को बुलाना ७धन का समूह पाने हैं ॥ १३ ॥ ८ उन दिनों में ९ बहुत ब्राह्मण १० चारण ११ बड़वाभाट १२ स्तुति करनेवाले भाट १३ उस समय में धायभाई मोहन ने १४ एकांत में (गुप्त) सलाह की ॥ १४ ॥

लंगर पय घृत लखत ईरखाको गिनि आकर ॥
लै ढिग वह ब्रजलाल चविय कवि चंड चंडतर ॥
या कविको उतकर्ष सह्यो नन जात सदस्यन ॥
हमहु रुद्ध मुख होहिं बनत उत्तर कहुँ वस्यन ॥
कविचंड मान निर्मूल करि अप्पन रहहिं अभीत इम॥
तस अर्द्ध कविहु पावहिं ततो जयी करहिं निज पच्छ जिम॥१५॥
भन्यों सचिव सुनि भट्ट वदिय तुमरे सासन वस ॥
रामचन्द्र१ अभिधान इक्क१ वंदिय जाहिर जस ॥
वृत्ति नाँहिं बाहुज२१न पज्ज४१२ वर्द्धकि तस पालक ॥
पै सुनियत कवि निपुन व्यूह उड्डन उत्तालक ॥
जय आस प्रथम१ विनुही जतन पच्छ२न तो तावकँ प्रबल
इक१तंतु१चटर्क२तोरैं अलप मिलिबहु१गज२मोरैं मिसल१६
स्वामी प्रति नटि सचिव ताहि न सक्यो बुलाइ तब ॥
व्याह व्याह बाहुजन अटन ब्रजलाल मिल्यो अब ॥
करि दुर२ मंत्र१ साकूत२ पिहित समझाइ प्रयोजन३ ॥
सो तिहिं आवन सज्ज बिरचि आयो गृह अप्पन ॥
सक्क गगन अंक वसु ससि समय १८९० ॥
सूर्यमल्लस्य काव्यं समाप्तमिदम् ॥

१ चंडीदान कवि अत्यन्त भयंकर है जिसका २ बड़प्पन ३ सभासदों से सहा नहीं जाता ॥ १५ ॥ सचिव का कहा हुआ सुनकर भाटों ने कहा कि तुमारे हुकम में रामचंद्र नामक भाटप्रसिद्ध यशवाला है जिसके ४क्षत्रियों की वृत्ति नहीं है ५ शूद्र खाती (सुथार) उसको पालते हैं ६ तर्कना से समूह को उडाने वाला है ७तुम्हारा प्रबल पक्ष है ८एक तंतुको तो छोटा चिड़ा भी तोड़ सकता है और बहुत तंतु मिलकर हाथी को रोकदेते हैं ॥ १६ ॥ ९क्षत्रियों के विवाह विवाह में फिरते हुए ब्रजलालको वह रामचन्द्र मिला १० अभिप्राय सहित खोटी सलाह करके उसको समझा कर ब्रजलाल अपने घर आगया ॥

श्रीनीतिनिपुण-बुद्धिविशारद-सज्जनशिरोमणि-हरिभक्तिपराय
ण-धर्ममूर्ति-वीर-वदान्य-सोदावारहठ-चारणकुलावतंस-शाहपु
राप्रतोलीपात्र सुयोग्यपितुरऽवनाड़सिंहस्याऽऽत्मजेन, विदुष्याः शृङ्गा
रनामजनन्याः प्राप्तप्रसवपालनबालाशिक्षोपदेशेन, सुशिक्षितैराऽऽ
ज्ञाकारिभिराऽऽत्मजैः केसरिसिंह-किशोरसिंह-जोरावरसिंहैर्विगत
भाव्याऽऽधिना, कविकोविदनिजमातुलकविराजश्यामलदासाऽऽ
प्तकाव्यशिक्षेण, सन्तोषादिसद्गुणसम्पन्नविद्वच्छिरोमणिपरमवैष्ण
वरामानुजसम्प्रदायिनः श्रीमदाचार्यसीतारामाऽऽह्वयगुरोराऽऽसा
दितसंस्कृतविद्येन, सूर्यवंशोद्भवरघुवंशीयराणोत्तशाहपुराधिपराजो
पटाङ्किनाहरसिंहवर्म, आर्यदिवाकररविकुलशिरोरत्नरघुवंशीयगु
हिलोत्तमेदपाटदेशाऽधिपोदयपुराऽधीशसज्जनतादिसद्गुणसम्पन्न
महाराणासज्जनसिंहवर्म, तथातदुत्तराधिकारिमहाराणाफतैसिंहव

श्रीयुत नीति निपुण बुद्धिविशारद सज्जनशिरोमणि हरिभक्तिपरायण धर्म
मूर्ति वीर उदार सोदावारहठ शाखा के चारण कुल के मुकुट शाहपुरा के पो
लपात सुयोग्यपिता ओनाड़सिंह के पुत्र ने, पंडिता सणगारबाई नाम माता
से पाया है जन्म पालन और बालपन की शिक्षा जिसने, श्रेष्ठ शिक्षा पायेहुए
आज्ञाकारी पुत्र केसरिसिंह किशोरसिंह जोरावरसिंह से मिटगई है आनेवा
ले समय में होनेवाली मनकी चिन्ता जिसकी पंडित कवि अपने मामा कवि
राज श्यामलदास से पाई है काव्यशिक्षा जिसने, सन्तोष आदि गुणों से
युक्त विद्वानों के शिरोमणि परमवैष्णव रामानुज सम्प्रदायी श्रीमत् आचार्य
सीताराम नामक गुरु से पाई है संस्कृत विद्या जिसने, सूर्यवंश में उत्पन्न रघु
वंशी राणाउत शाहपुराके पति राजाधिराज पदवीवाले नाहरसिंह वर्मा, और
आर्योंके सूर्य सूर्यकुलके शिरोमणि रघुवंशीय गुहिल राजाके वंशवाले मेवाड़ देश
के पति उदयपुर के अधीश सज्जनता आदि सद्गुणोंकी समृद्धिवाले महाराणा
सज्जनसिंह वर्मा, तथा उनकी गद्दी पर बैठनेवाले महाराणा फतहसिंह वर्मा,
और सूर्यकुल के भूषण राठोड़ कुलके मुकुट मारवाड़ भूमि के पति जोधपुर

र्म, भानुवंशभूषण राष्ट्रकुलाऽवतंसमरुधराधिपजोधपुरेशराजराजेश्वरमहाराजयशवन्तसिंहवर्मभ्यो लब्धाऽतिवदानमानस्वर्णरचितपादभूषणाऽऽदिसत्कारेण, तथातदुत्तराधिकारितत्तुल्यप्रीतिपुरःसरप्रतिपालकमरुधराधीशश्रीसरदारसिंहवर्माश्रितेन, अधीतविद्यां सफलयितुं प्राप्तावसरेण, विद्वद्भिर्निजमित्रैर्लब्धसहायोत्साहेन, शाहपुरानिवासिना कविवरबारहठकृष्णसिंहेन विरचितायामुदधिमन्थनीटीकायां समाप्तोयं सूर्यमल्लविरचितो वंशभास्करनामको ग्रन्थः ॥

के स्वामी राजराजेश्वर महाराजा यशवंतसिंह वर्मा से पाया है दान बडप्पन (पूज्यपन) और पैरों में सुवर्ण के भूषण आदि आदर जिसने, तथा उनके उत्तराधिकारी उनके समान प्रीति पूर्वक पालना करनेवाले मारवाड़ के पति श्री सरदारसिंह वर्मा का आश्रित, मिलगया है पढीहुई विद्याको सफल करने का समय जिसको, पाया है अपने विद्वान् मित्रों से सहाय और उत्साह जिसने शाहपुरा के रहनेवाले ऐसे श्रेष्ठ कवि बारहठ कृष्णसिंह की बनाई हुई उदधिमन्थनी नामक टीका में सूर्यमल्ल का रचाहुआ वंशभास्कर ग्रन्थ समाप्त हुआ ॥

॥ दोहा ॥

कविवर सूरजमल्लकी, यहँ लग कविता आहि ॥
तापर टीका विस्तरी, संधाको हठ साहि ॥ १ ॥
अगेकी कविता यहाँ, रची मुरारीदान ॥
ताकी टीका तजतुहैं, देखत किने निदान ॥ २ ॥
जे निजबुद्धि विवेकजुत, हैं अधुना निजगेह ॥
तिनके विरचित काव्यके, जानो अधिकृत जेह ॥ ३ ॥
तजनेहीके व्यङ्गतैं, सुकवि समुभिहैं सार ॥
कुत्सितवचन प्रयोगको, विरचत नहिँ व्यापार ॥ ४ ॥
को उपकारी ग्रन्थकारि, परउपकार प्रचार ॥
अन्यहि हितसाधन उचित, भुजन उठावत भार ॥ ५ ॥

घनाक्षरी ॥

कवि रविमल्लको बनायो वंशभास्कर सो,
छायो कष्ट शब्द घन छोनीपैं दिखायो छाम ॥
बुद्धिबात बेगतैं विडारि मेघ मंडलकों,
निर्मल दिखाय दीनों रचि टीका अभिराम ॥
कृति कवि कोकनकों दापन अमोघ सुख,
ज्ञापन करायो हिय कंज विकसैबो ताम॥
कूरन कुतर्कि घूक मूक कारि कृष्णकवि ॥
जीवन सफल जान्यों कारि उपकारी काम ॥ ६ ॥
रस व्योम ग्रह महि१९०६ पायो भव कृष्णसिंह,
शाहपुर भूपकों सुहायो सुखमा पसार ॥
मेदपाटभूपमनि सज्जन रिझायो पुनि,
फतैसिंहहूतैं पायो दान मान मीति फार ॥

जोधपुरभूप जशवंतनैं बढायो ज्यूँहीं,
चर्ननमें चामीँकर भूषनको धरि भार ॥
इभ सर नंद इन्दु१९५८ चैत्र श्याम सत्तमिकों,
परन बनाय टीका कीन्हों उपकारी कार ॥ ७ ॥

॥ सवैया ॥

बावन वर्ष बिताय बराबर, सम्मदमैं न लह्योकहुँ अन्तर ॥
सासन जाको महीपनके सिर, होय अमोघ रह्यो सु अमंथर ॥
आयस मात पिता सिर आनिकैं, पुंगव पंथ निबाह्यो परंपर ॥
संसृतिभार सबैं तजिहों रु, अबैं भजिहों करतार निरंतर ॥८॥

॥ दोहा ॥

समय मिले पर सद्धिहों, पर उपकार पवित्र ॥
जाकों पुराय महर्षिजन, मन्नत जगको मित्र ॥ ९ ॥
वह डिंगलको कोस इक, रचि नव निज अनुरूप ॥
काव्य पुरातन अति कठिन, परे निकासहिँ कूप ॥ १० ॥

उत्तरपीठिका

सूर्यमल्लकी कविताके लोभसे हमने इस परोपकारी कार्य का भार उठाया था वह लोभ यहीं पर समाप्त होता है इस कारण हम भी टीका बनाने के भारको इसके साथ ही छोड़ते हैं अर्थात् इससे आगेकी पूर्ति सूर्यमल्लके दत्तक पुत्र मुरारिदानने की है जो स्वयं इस समय विद्यमान हैं उनकी विद्यमानता में भी हमारा टीका बनाना अनावश्यक ही समझा गया इतना ही नहीं किन्तु यह अव्यापार है जिसमें व्यापार करना अनुचित है इसीकारण से आगेके काव्यमें हमने कुछभी हस्ताक्षेप नहीं किया है यहांतक कि कविवर सूर्यमल्लकी छोड़ीहुई मयूख की इतिश्रियां हमने बनाई हैं वह भी आगे की कवितामें बनाना उचित नहीं समझा किंतु जैसा कुछ लिखा हुआ मिला वैसाही छपवा दिया गया है

इस ग्रंथकी प्रथम राशिमें ग्रन्थकर्ता सूर्यमल्लने प्रतिज्ञा की थी कि ग्रन्थ के अन्तिम चार राशिमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों का वर्णन करूंगा परन्तु वह सूर्यमल्ल से नहीं होसका जिसके लिये हमारे कई मित्रोंने अनुरोध किया कि इस ग्रन्थकी उत्तरपीठिकामें उपरोक्त चारों पुरुषार्थों का वर्णन करके ग्रंथकर्ताके अभिप्रायको सफल करदेना चाहिये परन्तु प्रथमतो हमारे शरीर में पक्षाघात, मधुप्रमेह आदि रोगों के होजाने से इतनी शक्ति नहीं रही; इसके उपरान्त ग्रन्थकर्ता के समय में तो इन पुरुषार्थों के लिखने की आवश्यकता थी क्योंकि वे ग्रन्थ उस समय संस्कृत में होने के कारण सर्व साधारण को समझाना अवश्य था परन्तु अब तो वे ग्रन्थ भाषानुवाद सहित छप कर सब प्रसिद्ध होचुके हैं जिनका फिर यहां लिखाजाना केवल पिष्टपेषण है अतएव हमारे मित्रोंका भी इससे संतोष होजाने पर यह विचार छोडकर यहीं पर समाप्ति कर दी गई है. इस ग्रन्थ के अपूर्ण रहने का कारण हमने सूर्यमल्ल के शिष्यों से कई द्वारा सुना है परन्तु उस पर हमको विश्वास नहीं है जिसका सङ्केत रामसिंह चरित्र में जोधपुर में महारावराजा रामसिंहका विवाह होना और बुंदीके धायभाईके मारेजानेकी कथा पर नोट किया है वहां दिखा दिया है

सूर्यमल्ल के मरे पीछे महारावराजा रामसिंह ने सूर्यमल्ल के दत्तक पुत्र मुरारिदान से इस ग्रन्थ की समाप्ति कराकर एक ग्राम मुरारिदान को देकर सूर्यमल्लकी जो स्त्रियां उस समय विद्यमानथीं उनको भी एक एक ग्राम उनके जीवन पर्यंत देकर सूर्यमल्लकी इस सेवाका फल दिया. अब हमारे पाठकों से सविनय प्रार्थना है कि इस टीका का बड़ा भाग हमारी रुग्णावस्था में बनने के कारण जहां कहीं अर्थदोष मिलै उसको कृपा पूर्वक सुधार कर हमारा दोष क्षमा करें. किमधिकं विज्ञेष्वलम् ॥

शाहपुरा के पोलपात सोदाबारहठ शाखा के चारण कृष्णसिंह ने
इस टीका को जोधपुर में समाप्त की ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा॥

॥ दोहा ॥

बसु नव गज भू १८९८ मित बरस, समय सोधि सुभ भूप॥
पहु यात्रा प्रारंभकों, निज मन किय अनुरूप ॥ १ ॥
श्रीभट्टजी महाराज सह, प्रभु दुवर सासन पाइ ॥
उमरावन पंच५न अखिल, नरपति हार्द सुनाइ ॥ २ ॥

॥ षट्पात् ॥

इम बिचारि अजमेर पत्र मंडिय पुहवीपति ॥
बाहुल८ वदि तिथि तीज३ सोमवासर२ साहव प्रति ॥
रजीडंट अंग्रेज सदरलैनहु सब सासक ॥
अरु अजंट चारलिस रिचारडिस तिनको आसिक॥
कलकत्त नगर स्वामी सबन तहँ सु लार्ड प्रति पत्न तिम ॥
लिखि अष्ट८कलम जग जस रहत अधिपहिँ भेजिय छिप्र इम॥३॥

॥ पद्धतिः ॥

मम सेना सन्निधि पंथ मान, व्है नाँहिँ धर्म१गो२ प्रान हान१॥
प्रतिपंथ मम सु दरजा प्रमान, व्है सलक सलामी न तहँ हान२॥
सेना अरु पुरजन सत्थ मोहि, जो नागभ्झाग रत रहत जोहि॥
लखि ताहि पंथ मासूल लैन, व्है हत्थ अमल तो रोष व्हैन ॥५॥
पुनि दुग्ग१ थान२ जो व्है प्रसिद्ध, सब जन हम जावै सरल सिद्ध
बलि चक्र माँहिँ जो सस्त्रबंध, सो नाँहिँ रोक पावै सु संध४ ॥६॥
पुनि पथ स्नानयात्रा प्रसंग, अंतेउर उतरैं जहँ उमंग ॥
जो नीच उच्च व्है पुहवि जत्थ, तो व्है प्रबंध हम तोर तत्थ ॥ ७ ॥
उतरैं जो हम जिहिँ थान आय, पुनि स्नान निमित्तक पट्ट पाय॥
बनवावैं हम तापैंहि बात, रोधक नह बुल्लैं दिन रु रात ॥ ८ ॥
हमरेहि सत्थ व्है नयनर नालि, आवै इम भोलिन नालि नालि॥

तस सलक सलामी नित्य माग, जाकोहु हुक्कम व्है सर्व जाग ॥९॥
कछाँदि वस्तु सब प्रति मुकाम, दल मामकतैं लै सुविधि दाम ॥
दृढ चित्त अग्ग व्है थानदार, सबकों सु दिवावैं वस्तु सार ॥ १० ॥
खत बीच अष्ट८ कलमां लिखाइ, जो तूर्ण चार अजमेर जाइ ॥
अर्पित किय साहब हत्थ ऐन, लैं त्वरित बंचि दल सदरलैन११
प्रतिउत्तर भेजिय इम प्रजेस, अधिपति सु अन्यतर जिम असेस ॥
जो क्रम सु सनातन तिन जवाव, सो सब व्हैजैहैं तिहिं हिसाब१२
तिनदिवस जहाँ व्यवहार तत्थ, आसय दृढ भेजिय तहँ सु अत्थ॥
इम करि रु सर्व भूपति उदार, साज्यादि श्राद्ध सास्त्रानुसार।१३
श्रीरंग सिष्टि लै पुनि रसेस, क्रमकरि रु परिक्रम पुर असेस ॥
सुद्धांत सहित पुनि किय प्रयान,दिय रंक रु भूसुर अमित दान१४
पहु लियउ भीम पट्टप कुमार, तिम कियउ कुमर अर्जुन तयार ॥
गोवर्धन तदनुज गुन गरीय, बचना सु सिष्टि भूवर बरीय ॥ १५ ॥
पथि माता पूजन करि प्रजेस, बलि किय सिकार बुरजहि प्रवेस
सित२ पौष द्वितीयां२ऽऽगिरस५ वार, नाड़ी त्रय३ मध्यहि रजनि
कार ॥ १६ ॥
कोटेस राम प्रति अब्द काज, भेजे पउसाक सु प्रीति भाज ॥
सो पत्र सहित लै रत्नलाल, आइउ पंचोली तहँ उताल ॥ १७ ॥
घटिका सब वित्तत जब सु घस्र, हाजरि बितर्द हुव अष्ट८ अस्र ॥
नजर रु निछावर करि सिरनाय, पढि कुसल तास कृत मिसल
पाय ॥ १८ ॥
आविक्क पुनि अंबर अरज आखि, किय नजर पत्र संमदकराखि॥
अरु कहिय जयश्रीकृष्ण आप, आदेस ममोपरि इम इलाप॥१९॥
पथि संग रहन यात्रा प्रसंग, तसमात चित्त ममहै उमंग ॥

सो अरज सुनि रु तस कुसल किन्न, दयया सह ताकों सीख दिन्न
सित१ पोष१० पंचमी५ सूर वार१, किय वर्षगंठि अर्जुन कुमार ॥
तदनंतर तहँ संबंध ताहि, मंदेस झल्ल नंदन उमाहि ॥ २१ ॥
हिंदूमल्ल जीवन भट हिताय, दिय तार भर्म लांगलि दुराय ॥
तिम पंच५ लांगली१ क्रमक२।५ त्योंहिं२, सिरपेच १ जटित इक्क
पुनि सुयोंहिं ॥ २२ ॥
तिम दियउ२ इक्क१ उरसूत्रिकाहि २, मौक्तिकय कर्णिका ३ हुअ
उमाहि ॥

काहि१ माहि२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥

सिरुपाव४ चतुर्दस१४ पुनि सप्रीति, राजत मतंग५।१ इक हय६।२
सुरीति ॥ २३ ॥
इत्यादिक दुव२ लै आजगाम, हुव अरज त्वरित तहँ हितहि काम
सित१ सोम२ षष्टिका६ पुहवि सक्क, अंबक२ सह घटिका रहत
अक्क ॥ २४ ॥
रचि सभा चोक मानिक रसेस, आहूत सर्व उमरा असेस ॥
दे०पा१दि सिंह दुर्गापुरेस, जय१ विजय२ सिंह आइउ जयेस ।२५।
सचिवा१दि ऊरुजा२ सर्व आइ, प्राघुन हुव हाजरि प्रीति पाइ ॥
अरु अप्प कुमर अर्जुन उमाहि, रहि ब्रह्मघट्ट त्रि३ द्वार काहि।२६।
तिम कतिक तहाँ उमराव तत्थ, अर्चित करि नवग्रह कुमर अत्थ
प्राघुनक प्रथम हे प्रीति पाय, तिन अंक कुमर अर्जुन हिताय२७
भरि कियउ तिलक कुंकुम सुभाल, इम महुर नजर करि तिन
उताल ॥
पूर्वोक्त जवाहर बस्तु पेस, सब कियउ भूप हिंत तहँ असेस॥२८॥
करि सगपन तिन्ह दिन कतिक राखि, अप्पिय सु सीख पुनि कु
सल आखि ॥

संभर प्रति करजोरि बिहित अक्खिय यह बिन्नति ॥
करि नेह गेह पावन करहु मंजु बिवाहहु जामि मम ॥
सुनि यह नरेस स्वीकार किय सिक्ख बिसंगिय साह सम ॥

[दोहा]

दस बासरकी सिक्ख दिय, साह बिदित सनमान ॥
अजितसिंह जयसिंहसौं, तब अक्खिय चहुवान ॥ २६ ॥
बेधम व्याहन जात हम, तुम रहि साह समीप ॥
मन न गिनहु कुमहर महर, उर बिचारि अवनीप ॥ २७ ॥

[षट्पात]

सुनि कूरम रट्ठोर दुहुन अक्खिय सनेह सधि ॥
साह कितवके संग अबहु जैहैं रेवाऽवधि ॥
इहिं अंतर कछु होय ततो रहिहैं संगति सर ॥
नहिंतो ऐहैं सुररि अप्प करियो कछु उप्पर ॥
यह सुनि नरेस पुनि उच्चरिय यह उचित न तुमकौं अवहि ॥
जोलौं बिबाहि आऊँ सजव तोलौं पुनि रक्खहु हितहि॥२८॥

[दोहा]

इम प्रबोधि ढुंढिय अधिप, मन जय जुब्बन मत्त ॥
दसउरतैं दरकुंच करि, पुर बेधम द्रुत पत्त ॥ २९ ॥
पुत्ती अनुपमसिंहकी, फूलकुमारि अभिधान ॥
देवभ्रातै सविनय दई, बुन्दहिं बिहित बिधान ॥ ३० ॥
बान तक्क मुनि इक्क१७६५सक, पुनि माधव मास ॥

१सुंदर २ बहिन ३ मांगी ४ बादशाह से (यहां 'सस' शब्द 'से' का वाचक है) ॥ २५ ॥ ५ दिन की ॥ २६ ॥ ६ अकृपा और कृपा ७ हे राजाओ ॥ २७ ॥ ८ छली [ठग] के साथ ९ नर्मदा नदी पर्यन्त जावेंगे १० साथ चल कर ११ वेग सहित ॥२८॥ १२समझाकर १३ जाजव के युद्ध की जय और जोबन से मन में मस्त होकर १४ प्राप्त हुआ [गया] ॥ २९ ॥ १५ पुत्री १६ नाम१७ भाई देवसिंह ने १८ उचित रीति से ॥ ३० ॥ १९ वैशाख ॥ ३१ ॥

उग्गत रवि सप्तमि७ आरवार३, सामंतसिंह आइउ उदार ॥२९॥
धोउर पुरेस महिपाल धीर, वलि सम्मुह भेजिय तस प्रवीर ॥
जो उपवन भट्टजि असजाइ,अति प्रीति मिलि रु पटगृह सुआइ३०
पुनि रहत वेद४ नाड़ी पतंग, कापरनि कांत आये उमंग ॥
वलि वेल विलासहिँ देवमाँहिँ,अति स्वच्छ जलासय आवआँहिँ३१
सामंत पितृव्यक तहँ सचाह, आतहि प्रभु गौरव दिय उछाह ॥
मिलि बहुरि भुजांतर उर मिलाइ, किय मुजरा तिन्ह अति भवि-
क पाइ ॥ ३२ ॥
संलाप कुसल हुव पुनि सप्रीति, अरु कहिय रहहु रह अप्प रीति॥
कहि इम रु तास दसतूरकिन्न,सीतहि सु जानि स्थुलसीखदिन्न३३
आ धवल तप११पत्तति१जीव५आत, हुव लाल नयन२विश्रामदात
रहि तत्थ द्वितीया२ सुक्र६वार, किय बहुरा जीवक कारदार ॥३४॥
तिम अंकित मुद्रा नाम तास, प्रभु दियउ निरंतर रहन पास ॥
हुव कुच्च तृतीया३सौरि७होत, इढ अप्प नयनपुर किय सु द्योत३५
वदि वासर पंचमि५ चंद्र वत्त, साहव रिचारडिस अर स पत्त॥
प्रेषित किय लंघन हर्ष पाइ, आदि सु अजंट गढइंद्र आइ ॥३६॥
करि साम कोटरिन तत्थ काज, रहतहि तस खवरि सु आत राज
प्रभु भेजिय सह दल अप्पपास, हुव राणी विकटोरियाहुलास३७
सुनि पत्त कियउ अति मेह प्रसारि, दारिद दिय सूरिन इम विदारि
उग्गत बुध४ सत्तमि७ पुनि उदंत, भेजिय अजंट साहव भनंत३८
दंत१ नंत२ अन्त्यानुप्रासः ॥ १ ॥
सेना १ अरु पुरजन २ सहँस दोइ २०००, सुहि जावैं भूपति सं-
गहोइ ॥
अरु दुग्ग१थान२ तहँ पंथ आत, जँहँ व्है असत्त्र सह सेन जात३९
साहव न जात जिम अप्प सत्थ, इम सुनि मुकाम क्रम कारि न

अत्थ ॥ ४० ॥

एकादसि११बदि दिन अर्क१ जात, प्रभु अप्प सिबिरतैं सौध३ पात
श्रीरंग दरस करि तहँ सप्रीति, संसद रचि तत्रहि प्रभु सनीति४१
प्रीति१ नीति२ अन्त्यानुप्रासः ॥ १ ॥

आंत्रद अधीस मुहुकम्म उत्त, आव्हान राम प्रति दियउ छुत्त ॥
हाजरि हुव सत्त७ सु जनहि आइ, प्रभुतैं सुहि अभ्युत्थान पाइ४२
किय मुजरा तिहिँ अति भविक पात, दृढ अप्प पानि सुहृहि दिखात
किय कुसल तास तिन नजर किन्न, दुव २ नाड़ी राखि रु सीख
दिन्न ॥ ४३ ॥

सुदि होत प्रतिपद१ सुक्र६ वार, ॥
, तब कियउ पत्तानुरूप ॥ ४४ ॥

सित सौम्य ४ चतुर्दसि १४ सूर आत, व्याप्टत चतुष्क ४ राखिय
विरुपात ॥

इक्क १ ईस नंद जुत लाल १ आँहिँ, तिम राखि पठान जु जमित
खाँहिँ ॥ ४५ ॥

बलि पन्नाजुतलालहिँ भुवाल, इह मंगल राखिय अंतलाल ॥
थिरराज चतुष्क ४ न अत्थ अप्पि, महिपाल लेख त्रिंसति ३०
समप्पि ॥ ४६ ॥

क्रमतैं जु लेख सुनिये कृपाल, बल आदि सर्व वच आलबाल ॥
रजवार दसावर इतर पत्र, आवैं उदंत तामाँहिँ अत्र॥ ४७ ॥
जो होइ आसु तो झटिति देय, न त्वरित जो सु मम प्रतिहि नेय
अरु स्तैयो १ व्याप्टत २ अन्य आइ, करि दंड इतर बिधि जुत
कराइ२ ॥ ४८ ॥

जन स्वीय अन्यतर राज जाइ, इह स्तेय आदि करि जोहि आइ
तासैं प्रमान डारैं सु तत्थ, पूरब स्वदंड करि तास पत्थ्य३ ॥४९॥

मेवारज मैंनें जात मोसि, पूर्वोक्त लेख जिम स्तैन्य पोसि ॥
साहव अजंटतैं कहि सु लेय४, विधिजुत इत्यादिक तव विधेय५०
इम करत प्रबंध सु राज्य अंग, महिपाल लगत फग्गुन १२ उमंग
रविवार१तृतीया१रमत फग्ग, स्थलकमल गुलालादिक समग्ग५१
इम रमत फग्ग पुरिग्राम१५सु आत,प्रभु चलत सत्थ मार्गीन पात॥
मधु१ लगत मास पत्ताति१पतंग१, साहव रिचारिडिस अर उमंग५२
तंग१ मंग२ अंत्यानुमासः ॥ १ ॥
पट्टनितैं साहव भल्ल केर, मग बैठि डाक हय नां अवेर ॥
आराम नयनपुर राम आइ, तस अत्थ सिबिर प्रभुतैं तनाइ ॥५३॥
तस मिलन अत्थ प्रभु तहँ पधारि, साहव उदंत यात्रिक सु धारि॥
साहव सु उभय२ लै अप्प सत्थ, प्रभु सौध पधारे पग्ग अत्थ५४
तहँ छत्रमहल्ल विच रंग ताहि, अक्खत कवि आह्वय तास आहि
कौसुंभि१ रु कुंकुम२नीर कारि, वर्णक३अवीर४तोखीर५पारि५५
पत्तंग६नीर पुनि करि रु स्फीत, पिचकारिन साहव किय पुनीत ॥
साहव अजंट प्रभुपैं सु वारि, दृढ प्रीति वहुरि दिय तवहि डारि५६
प्रभु अप्प डारि पुनि सहँस १००० धार, किय वर्णक जुत पट्टप कुमार ॥
करिफग्ग अजंटहि सीखदिन्न,अरुअप्प स्नान२आदिक सु किन्न५७
आत्मीय शिविर साहव उम्हात, अंगार३ तीज३ मध्यान्ह आत ॥
तस सम्मुह ड्योढी अप्प जाइ, आनंदित तासह माँहिं आइ५८॥
क्रमतैं जु वैठि पुनि तहँ कृपाल, किय सार्द्ध मुहूर्त२ रहस्यकाल॥
बुंदी१ अरु यात्रा करि प्रबंध, तिन्ह अतर१पान२ दे पुनि सुसंध५१
इम सीख दे रु मग कुसल आखि, तँहँ अप्प नयन२ विश्राम राखि
उग्गत रवि षष्ठी६कविढ्गरीय, विश्राम समाधी दिय तृतीय३ ६०
किय चोरू सप्तमि ७ सनि ७ मुकाम, माधवपुर अष्टमि ८ दिय

विश्राम ॥
नवमी९मुकाम किय पुर पडान, दसमी१०अंगारक३करि निदान६१
डुंगरमलारने किय मुकाम, बाटोंदै एकादसि११ विश्राम ॥
पुनि जीव५द्वादसी१२घस्र आत, नवमो९कुशालगढ चक्र पात६२
पुनि असिता तेरसि१३ कवि६ प्रभात, पीलोदै प्रभु किय सेन पात
हिंडोन चतुर्दसि१४ होत बास, परताप करोली पति हुलास॥६३॥
बलदेव१ बनिक दीवान ख्यात, पुनि प्रियादास२ बाड़व उम्हात ॥
अरु ऊरुज चूनीलाल३ एम, गुस्साही रक्तीगर४ हि तेम ॥ ६४ ॥
सचिवा१दि सुजन चउ४ए पठाइ, मनुहारि बिविध बिधि जुत कराइ
सतपंच५००रौप्य महमानि अत्थ, पक्कान्न मंथनी तास३०सत्थ६५
इत्यादि उहाँ लै त्वरित आइ, रहि रत्ति प्रात पहु हुकम पाइ ॥
हाजरि हुव पटग्रह होत कुच्च, आसिख सलाम करि प्रीति उच्च६६
अरु नजर निछावर अरज किन्न, भूपति जुहार भाखिय अभिन्न
अरु कहिय आगमन इह स्वकीय,गृह करहु पवित्रहि अस्मदीय६७
कीय१ दीय२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥
सतपंच५०० रौप्य पुनि व्है प्रसन्न, ॥
तामैं सुदोइ२ नारंग एम डाल्यौं कंडोल च्यारि४ फल कुसुम२।६८
कूष्मांड इक१ इक१ भूमिकंद, अहिबल्लिपत्र सत चउ४००अनंद
महमानिकरहु स्वीकार एह,सो अरज सुनि रु पुनि करि सनेह६९
करि माफ रौप्य कंडोल राखि, जय रंग कहहु नृपतैं इमाखिं ॥
दै सीख ताहि पुनि कुच्च पाइ, बिश्राम कियउ सूरैट जाइ ॥ ७० ॥
पन्नति १ मुकाम सित दिय बियान, तहँ करत द्वितीया २ दिन॥
मिलान ॥
चूड़ामनि जट्टहि बंस जात, लैवाल मुकुंदाऽऽतित्थ्य आत ॥७१॥
रचि सिबिर सभा लिय तिहिं बुलाइ, हाजरि हुव तहँ सो हुकमपाइ

करि नजरिनिछावर पुनि सलाम,दुव२सचिवहेठ्ठ बैठि रु सुग्राम७२
किय अरज मुकुंदहि फौंजदार, बलवंत कियउ मालुम जुहार ॥
अरु पंचसतक५०० नाणकसु एह,स्वीकारकरहु प्रभु करि सनेह७३
विज्ञप्ति सुनि रु तस भव्य आखि, आतिथ्य रौप्य आदिक सु राखि ॥
व्यवहार भरतपुर करि सुवत्त, दुव२घट्टि राखि तिन्ह सीख दत्त७४
पुनि सदरलैन साहव मिलाप, भेजिय हमीदखाँ सदल आप ॥
तिहिं जाय पत्र दिय करि सलाम, रुहि एह मिलन प्रभु चउ४ मुकाम ॥ ७५ ॥
पुनि दियउ तृतीया तहँ मिलान, सब जन दिय उत्सव गोरि दान
पुनि होत चतुर्थी४ दिन प्रभात, खांअंतहमीयद छदन आत ॥७६॥
तामाँहिं लेख पंचमि५ मिलाप, अरु सदरलैन ह्वै मुद अमाप ॥
कहि रामसिंह राजाधिराज, दृढचित्त रु है वार्द्धक दराज ॥७७॥
तातैं हम चाहत मिलन तूर्ण, पुनि चहत भरतपुर ईस पूर्ण ॥
आवत हम सम्मुह उभय तत्थ,सुनि राम अरज करिं कुचसत्थ७८

॥ दोहा ॥

पंचमि५ दिन करि कुच प्रभु, वैर मुकामन आत ॥
नगर कनावरतैं निकट, पिप्पलतरु इक पात ॥ ७९ ॥
उहां भरतपुर ईसके, वारीदारन आइ ॥
रंजित किन्न बिछात सम, मन वहु मोद मनाइ ॥ ८० ॥

॥ षट्पात् ॥

सदरलैन साहव१ रु भूप वलवंत२ भरतपुर ॥
वाजी४ रथ थित होइ उभय२ सम्मुह उमंगि उर ॥
तीन३ कोस लग आइ वहुरि ठड्डे विछात पर ॥
तव जीवन वहुरा रु हमिदखां तह वकील तर ॥

चहुवान तरनि सन्निधि त्वरित आइ निवेदिय अरज इम ॥
प्रभु वे२ बिछात ठठ्ठे उपरि अप्प पधारहु देर किम ॥ ८१ ॥

(दोहा)

यहै अरज सुनतहि अधिप, तहां हय स्थित आत ॥
अस्त्र बिछायतके उपरि, हुलसित तुरग बिहात ॥ ८२ ॥
सदरलैन साहब समुह, अरु बलवंतहु आइ ॥
सय इक१ भरत पुरेसहू, लिन्नों सीस लगाइ ॥ ८३ ॥
प्रभु तब अप्प सु पानि इक१, आनन छुपस उठाइ ॥
कुसल परस्पर किन्न पुनि, मुद जुत खंध मिलाइ ॥८४॥

॥ षट्पात् ॥

उत्तमंग पुनि सदरलैन कर इक्क लगाइय ॥
तब पहु आनन निकट अप्प सुभ पानि उठाइय ॥
गाइय१ ठाइय२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥
खंध जुट्ट मिलि मुदित हुव२हि रचि कुसल परस्पर ॥
तुच्छ समय तहँ बैठि बत्तकरि देस१ काल२ बर ॥
जेट्टस केर चउ४ तुरग रथ बैठे तीन३हि मुदित मन ॥
बलवंत बाम दक्खिन सदरलैनहु सम्मुह अप्प सन९ ॥८५॥
सिरैरहि रु प्रभु अप्प१ चले डेरन प्रति सत्वर ॥
हुव सु अग्ग जय१ बिजय२सिंह आरुहि तुरंग बर ॥
इम त्रय३ डेरन आइ अधिप सह तजि रु अस्व रथ ॥
बाजी स्पंदन चढि रु वे सु हुव२ चलिय बैर पथ ॥
इत होत सिबिर दाखिल अधिप ताप कीन नाली त्वरित॥
दसपंच१५ फैर उततैं चलत इत नालिय चालिय सहित ॥८६
रित१हित२अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥
हुव हाजरि बलवंत बहुरि जन तहँ सु प्रतिष्ठित ॥

अरज कराइय एह भूप महमानि सेनहित ॥
सासन करहु प्रसिद्ध लेहु पक्वान्न चक्र सब ॥
यह सुनि रु दियजु हुक्म सचिव आवैं मामक जब ॥
मिलि सचिव चक्रपति आदि तहँ जाइ दिवाइय स्वच्छ मन॥
आमोद तत्थ इम राखि पुनि आये व्याप्टत सठ सदन॥८७॥

॥ पादाकुलकम् ॥

षष्ठी६ दिवस मिलान तहाँ दिय, पुनि बलवंत भविक जन आइय
तब प्रभु निकट हमिदखाँ जाइरु,कियउ अरज प्रभुतैं मुदपाइरु८८
प्रभु बलवंत सुजन पठवाये, पधरावन अप्पहिं उत आये ॥
समय प्रजेस हार्द जो पाऊं, सो उनकौं मैं जाइ सुनाऊं ॥ ८९ ॥
सुनि इम अरज निदेस दयो जब, नाड़ी नयन२ रहैं दिनकर तब॥
इम क्रम क्रमन उहाँ तुम जानहु, पुनि तहँ साहब मिलन प्रमा-
नहु ॥ ९० ॥
इम वकील सासन सुनि आयो, सुजन त्वरित बलवंत सुनायो ॥
स्वनृप जाइ तिन वृतानेवेदिय, तब सभ्य रु संसद तयार किय९१
पट्टप भीम २०३।१ कुमार जुत्त पुनि, गोवर्द्धन कुमरहिं प्रभु लिय
चुनि ॥
सेना सर्ब चार भट सारे, प्रभु नवलक्खा बाग पधारे ॥ ९२ ॥
प्रथम जात बलवंत गेहपट, सम्मुह बिंसति२०पैंड वे सु अट ॥
तुच्छ समय पुनिवस्त्रसदन रहि,साहब शिविर बरव्वर क्रमचहि९३
तहाँ अन्य१बलवंत२ सिधाये, रद३२पद सदरलैन समुहाऽऽये ॥
करि सँल्लाप भव्य मुद पाइउ,नृप३हि सौध संसद जहँ आइउ९४
खुरसी अप्प मध्य आरुहि जहँ, भीम२०३।१कुमर दाच्छिन कुरसी
तहँ ॥
तदनंतर जय१ विजय१सिंह दुव२, उपवेसन गोवर्द्धन ततहुव॥९५॥

तातैं बक्र मिसल सम्मुह सन, खुरसिन लग्गिय तास सुभट जन॥
स०यहि सदरलैन साहब रहि, सन्निधि तास भरतपुर ईसहि ।९६।
समय मुहूर्त वृत्त तहँ जंपिय, अतर१ पान२ पुनि चरन निवेदिय ॥
साहब उक्त१ सु अप्प लगाये, पानदान प्रभु नजर निराये ॥९७॥
संग्रहि कहिय सिबिर संजावन, प्रभुकों तब वे दुव२ पहुँचावन ॥
महलनतैं सु चोक लग आये, सदाचार तीन३हिं तहँ पाये॥ ९८ ॥
प्रभु पुनि अप्प सिबिर दाखिल हुव, तुरतहि तहां वे सु आये दुव
जब वहि सिबिर दुर दिस भट राखि रु, प्रभु पुनि मुख्य सिबिर रह चाहिरु ॥ ९९ ॥

खिरु१ हिरु२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥

प्रभु तहँ खुरसी मध्य बिराजिय, सदरलैन उपविष्ट स०य किय ॥

जिय१ किय२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥

पुनि बलवंत अस०यहि पाये, प्रभु तत लार्ड पलास दिखाये।१००।
तामें लेख कोल नामाँको, साहब देखि चविय नृप याको ॥
उत्तर झटिति अत्थ नहिं ऐहैं, बासर कातिक विचारिहु दैहैं॥१०१॥
अतर अप्प दोउ२न पुनि अप्पिय, पहुँचावन प्रभु तिन्हैं गमन किय
बाहिर सिबिर तनावहिं आइ रु, दियउ सिक्ख तिन्ह सुवच दृढाइ रु
बाजी स्यंदन चढि रु सिबिर प्रति, कियउ गमन प्रभु दुव२हि र-
क्खि रति ॥

इत पटआलय अप्प पधारिय, बलाधीस कटिबंध निवारिय।१०३।
षष्ठो६ दिन तहँ रत्ति बिहाई, सुज्जवार१ सप्तमि७ अथ पाई ॥
सत्त७ कोस व्हांतैं कवईपुर, हुव प्रभात दाखिल अंतेउर ॥१०४॥
करत कुच्च पुनि प्रभु तहँ भोजिय, सुजन प्रताप महीप करोलिय॥
इम बिज्ञप्तिआइ तिन्हअक्खिय,भूप मदीयमिलन प्रभुभक्खिय१०५
पुनि निर्देस समयको पावैं, प्रभु सामक द्रुतही पधरावैं ॥

इम सुनि अरज नियोग दयोनृप, हमरो तुम जानहु हुतहीसृप१०६
इम सुनि सुजन पटालय आइ रु, प्रभु इत समय संझकों पाइ रु
कर्म नित्य आदिक सब किन्नों, संसद रचन निदेसहु दिन्नों १०७
बान५ घटी रजनी पुनि बित्तत, चढि इम भूप प्रताप सु चित्तत ॥
उतरयो द्वार पटालय आइ रु,पहु सुनि सम्मुह अप्प पधारिरु१०८
इरु१ रिरु२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥
शस्त बहुरि मिलि कियउ परस्पर, बैठे इक आसन धरनीबर ॥
समय देस वृत्तांत सु जंपिय, नाड़ी इक१ उपवेसन रक्खिय१०९
दै तिन्ह सिक्ख कियो पहुँचावन, अंसुक सदन द्वार लग आवन॥
इम दै सिक्ख अप्प तुरगासहि, सिबिर प्रतापपालके आसुहि११०
कियउ क्रमन प्रभु रत्ति रक्खि रति, सुभट मुख्य---सह संहति ॥
तिन्हैं तबहि आगमन रु सम्मुह, संल्लाप रु उपविष्ट आदि सुह १११
मुह१ सुह२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥
प्रथम रीति जिम कियउ धराबर, जंपिय सिक्ख अप्प तदनंतर ॥
इम सुनि सोहु पुगावन आये, पटगृह द्वार हयसही पाये ॥ ११२ ॥

॥ दोहा ॥

सदाचरन करि तह सुवत, पुनि चल्लिय मुद पाइ ॥
नयन२ घटी रजनीं रहत, हुव दाखिल स्थुल आइ ॥११३॥
अष्टमि८ दिन पुनि तहँ अधिप, राखि रु श्रम विश्राम ॥
शस्त्रादिक पूजन सकल, रंजित किय प्रभु राम ॥ ११४ ॥

॥ मुक्तादाम ॥

कियो नवमी९ कुज३ वार प्रयान, दयो सु कुमेर मुकाम दिवान॥
यान१ वान२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥
तहां बलवंत सुनाग पठाइ, जरी कुथ तास सिरी सु बनाइ ॥११५॥
सुतारन मंडित होदन साजि, पलास बहोरि सु यावनि राजि ॥

कियो तस लंच सु मानुस आइ, कर्यो सुररीकृत भाविक पाइ॥११६॥
दियो दशमी१० दिन डिग्ग सुकाम, रहे तहँ रुद्र११ तिथी प्रभु राम
तहां भवनाभिध सुंदर थान, तिन्है किय देखन गोन दिवान११७
उहाँ ब्रजमोहन दुग्गप आइ, दये तिँहिँ भोन असेस बताइ ॥
बिताइ घटी बसु८हाँ क्षण देस, कियो प्रभु अंबरओक प्रवेस११८
चले पुनि द्वादसि१२ लै चतुरंग, गिन्यो सु मुकामहि मानुसि गंग॥
तहां इक१ गोरधनाऽह्वय सैल, मिटैं जहँ जातहि मानुस मैल ।११९।
अनंग१३ तिथी दिन स्नान उमंग, सु गोन कियो प्रभु मानसिगंग
उहां करि आप्लव अंहति अत्थ, मगायउ नाग१तुरंगम२ तत्थ१२०
सिरी१कुथ२ताहि बनात सु साजि, बनाइ रु तादृश त्योंहि सुवाजि
महीप बहोरि सु द्रम्म पचास५०,तथासर५निष्क१रु चीर२सतास१२१
तुरंग१ बहोरि सनिष्क३हि तीन३, दये पुनि द्रम्म पचीस२५ सु दीन
वल्लापति ॥ १२२ ॥
अंबर१ पिछि रु तार खुगाहिँ, उहाँ दस१० द्रम्म दु२निष्क सु आहिँ॥
प्रदेसन दै इम प्रीति प्रजेस, कियो पुनि अंसुक ओक प्रवेस ।१२३।
मुकाम तहां करि पुरिग्राम दीह, अगेस परिक्रमकों पुनि ईह ॥
प्रभू किय लै अवरोध प्रयान, कियो गिरिराज परिक्रम यान१२४
प्रयान१ मयान२ अंत्यानुप्रासः ॥ १ ॥
निसीथ घटी दुव२ उप्पर जात, प्रदेसन व्हां करि डेरन घात ॥
तिथी पडिवा१बदि माधव२मास,चली सत वै किय बाहिनिबास१२५

॥ दोहा ॥

कियउ द्वितीया२ दिन क्रमन, राजराज प्रभुराम २०२।४ ॥
साहब सुनि आयो सपुह, मथुरा जानि मुकाम ॥ १२६ ॥
सुहु डिपटी अभिधा बिदित, पद रु किलट्टर पाइ ॥
मथुरा तजि सम्मुह मिल्यो, इक१ कोसलों आइ ॥ १२७ ॥

कुंडाउति ब्याही चतुर, बुंदियपति सविलास ॥ ३१ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे हृष्टयवनेन्द्रराज्यदौर्बल्यमारवठक्कुराजितसिंहयोधपुरपट्टाभिषेचनं १ श्रुतमरुदेशोदन्तक्रुद्धयवनेन्द्राजमामित्रत्वापराधहृतामेरकोटानरउरदतियाराज्ययोधपुरप्रयाणं २ हृतयोधपुरालमशाहदक्षिणदेशगमनं सप्तदशो मयूखः ॥ १७ ॥

आदितः पञ्चपञ्चाशोत्तरद्विशततमः ॥ २५५ ॥

[षट्पात्]

चोवन५४गढ जब साह दये आजम रन जित्तत ॥
कोटाहू तिन माँहिँ नृपहिँ दिन्नौं अरिवित्तत ॥
जय उद्धत चहुवान नाँहिँ सम विसम बिचारयो ॥
आतन खुद लरि लैन प्रथम दलँ उतहि हकाँरयो ॥
कँग्गर पठाय लिखि अप्प कर बेघम सनँ बुंदिय नगर ॥
करिलेहु प्रथम कोटा अमल भट मंत्रिय सम्मति समर॥१॥
यह कँग्गर हुत बंचि मंत मंडिय इत बुंदिय ॥
जोधराज परधान वनिँक बयहुह प्रपंचिय ॥
धावँ गंगाराम सूर सुभटन इक्कत करि ॥
कोटा उप्पर कटक बेग मंडिय बीरन बरि ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सातवें राशि में बुन्दी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में बादशाही का निर्बल देख कर मारवाड़ के उमरावों का अजितसिंह को जोधपुर की गद्दी पर बिठाना, मारवाड़ की खबर सुनने से बादशाह का क्रोधित होकर आजम के साथी होने के दोष से आमेर, कोटा, नरउर, दतिया इन चारों राज्यों को खालसै करके जोधपुर पर चढाई करना २ जोधपुर को खालसे करके आलमशाह के दक्षिण में जाने का सत्रहवां मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ पचपन २५५ मयूख हुए ॥

१ बुधसिंह को २ शत्रुओं का नाश होने पर ३ सेना ४ भेजी ५ कागज[पत्र] ६ अपने हाथ से ७से ८युद्ध में सलाह करके ॥ १ ॥ ९ पत्र १० बनियां ११धाऊ

मिलत अनामय पुच्छि करि, सत्रह१७ नालिन फेर ॥
साहब सह आये उमँगि, वस्त्रसदन वह नैर ॥ १२८ ॥
पुनि वृंदावन नैर पहु, मातामही मिलाप ॥
कियो तुरग आरुहि क्रमन, अल्प सत्थ करि आप ॥ १२९ ॥
जाइ अरज सुभ करि जहां, प्रसूमही पय वंदि ॥
आधघरी रहि सिक्ख करि, आये सिबिर अनंदि ॥ १३० ॥

इतिश्री वंशभास्करे त्रयोदशो मयूखः ॥१३॥

॥ गीर्वाणभाषा अनुष्टुप् ॥

राधाकृष्णतृतीयायां कृत्वा श्राद्धादिकं नृपः ॥
पद्भ्यां विश्रामघट्टाय पञ्चम्यां सायमव्रजत् ॥ १ ॥

॥ गीतिः ॥

जयसिंहविजयसिंहेत्याख्यमहाराजसंयुतस्तत्र ॥
आचम्य षट्सुवर्णानुपायनीकृत्य तस्थिवान् घटिकाम् ॥२॥

॥ उपजातिः॥

विलोक्य नीराजनमत्र घट्टे नारायणं चापि गतश्रमाख्यम् ॥
नत्वोपहृत्यं द्रविणं यथार्हं भूपो निवासं स्वमलंचकार ॥ ३ ॥

(*) राजा रामसिंह वैशाख वदि तीज को श्राद्ध आदि करके पंचमी के दिन पैदल विश्राम घाट गया ॥ १ ॥ महाराजा जयसिंह और विजयसिंह के साथ आचमन करके सुवर्ण की छः मोहर भेट करके घड़ीभर बैठा ॥ २ ॥ और आरती के दर्शन करके विश्राम नामक नारायणको पृथ्वी पर साष्टांग विधि

(*) हमारे नियमानुसार टीका की समाप्ति ऊपर करदी गई वहीं पर्यन्त हमारी रचीहुई टीका जाननी चाहिये परन्तु ऐसा सुना गया है कि रावराजा रामसिंह की तीर्थयात्रा के प्रकरण में ग्रंथकर्ता सूर्यमल्ल ने यह एक मयूख सावकाश के समय पहिले बना रक्खा था जिसको सूर्यमल्ल के दत्तक पुत्र मुरारिदान ने अपनी रची कविता में मिला दिया इसकारण सामान्य पाठकों की सुगमता के अर्थ जोधपुरके कविराजा मुरारिदान के अनुरोध से इस एक मयूख का अर्थ फिर लिखदिया जाता है जिसको हमारी नियमानुसार टीका के बाहर जानो इससे आगे की कविता सूर्यमल्ल के दत्तक पुत्र मुरारिदान की रचीहुई होने के कारण इस पर टीका बनाना छोड़ दिया गया है ॥

॥ प्रहर्षिणी ॥

सप्तम्यामुषसि परिक्रमाय पद्भ्यामायस्यन् ददद्थ तत्र तत्र वित्तम्॥
विश्रामं प्रथममथ प्रयागघट्टं संपश्यन्नथ बलदेवघट्टमागात् ॥४॥

॥ वसन्ततिलका ॥

श्यामाभिधं कनकनाख्यमथार्थघट्टं घट्टं ध्रुवस्य कलयन्नथ मोक्ष
तीर्थम् ॥
रङ्गावनी तदनु भूतपतिं महेशं दृष्ट्वातपे स्वशिबिरं पुनराजगाम ॥५॥

॥ उपजातिः ॥

अथो भुजिष्यातनये निवृत्तमसूरिरोगेऽर्जुनसिंहनाम्नि ॥
आचारतः प्राप्तमुदस्तविघ्नमकारयद्भूपतिरम्बुसेकम् ॥ ६ ॥
अश्वे स्थितोऽष्ट्यष्टमिभूतनाथपर्यन्तमेवाथ चलन् पदाभ्याम् ॥
विलोक्य रामं बलभद्रकुण्डेऽथ ज्ञानवापीमवलोकते स्म ॥७॥

॥ स्वागता ॥

बालकृष्णपटशोधनकुण्डं जन्मसद्म पितृबन्धनभूमिम् ॥
भूपतिस्तदनु केशवदेवं पश्यति स्म वनखण्डशिवं च ॥ ८ ॥

॥ शिखरिणी ॥

से नमस्कार करके अपने डेरे पीछा आया ॥ ३ ॥ सप्तमी के दिन प्रातःकाल में पैदल परिक्रमा करने को जहां तहां द्रव्य देता हुआ पहिले विश्राम घाट गया फिर प्रयाग घाट का दर्शन करके बलदेव घाट गया ॥ ४ ॥ वहांसे श्याम घाट, कनक घाट, अर्थ घाट, ध्रुव घाट और मोक्ष तीर्थ गया वहांसे भूतनाथ महादेव के दर्शन करके धूप में अपने डेरे पीछा आया ॥ ५ ॥ जिसपीछे राजा ने पासवानिये पुत्र अर्जुनसिंह को कुष्ठ (कोढ़) रोग मिटाने के अर्थ जल में स्नान कराया ॥ ६ ॥ अष्टमी के दिन भूतनाथ महादेव तक तो घोड़े पर चढकर गया और वहां से पैदल होकर बलभद्र कुंड पर राम (बलदेव) के दर्शन करके पीछे ज्ञानवापी का दर्शन किया ॥ ७ ॥ जिसपीछे राजा ने बालकृष्ण के वस्त्र धोने के कुंड जन्मघर भूमि और माता पिताके बंधनकी भूमि को देखकर केशवदेव और वनखंडी शिव के दर्शन किये ॥ ८ ॥

महाविद्यां देवीमगमददसीयां च सरसीं,
सरस्वत्याः कुण्डं तदनु च तदीयं झरमपि ॥
शिवं गोकर्णेशं तदनु गणपं दीर्घवदनं,
ततस्तीर्थं भूपो दशतुरगमेधाभिधमगात् ॥ ९ ॥

॥ उपजातिः ॥

सरस्वतीसङ्गमकृष्णगङ्गावैकुण्ठघट्टानथ सामघट्टम् ॥
ददर्श भूमीपतिरष्टकुण्डघट्टे हनूमन्तमथैकदन्तम्॥ १० ॥

उपजातिः

ततो द्वारकाधीशमालोक्य देवं पुनः प्राप विश्रान्तिघट्टं क्षितीशः॥
परिक्रान्तिमेतां यथार्हं विधाय निकेतं निजं भूषयामास भूपः॥११।

उपजातिः

ततोभिधाय प्रभुणा नवम्यामाकारणां माथुरपण्डितानाम् ॥
प्रश्नानुवादेतररीतिचञ्चत्तर्कालिरश्रूयत शास्त्रचर्चा ॥ १२ ॥

॥ शालिनी ॥

एकादश्या प्राप्य विश्रान्तिघट्टं तत्र स्नात्वा सावरोधः क्षितीशः ॥
स्तुत्वा भानोर्नन्दिनीं भक्तियुक्तः प्रादाद्दानं शास्त्ररीत्या द्विजेभ्यः१३

वहां से महाविद्या देवी के दर्शन करके अदसिया नामक सरोवर पर, गया, वहां से सरस्वती कुंड और सरस्वती कुंड के झरने को भी देखा तिस पीछे गोकर्णेश्वर महादेव के दर्शन करके दीर्घवदन गणेश के दर्शन किये तिसपीछे दशाश्वमेध तीर्थ गया ॥ ९ ॥ सरस्वतीसंगम, कृष्णगंगा, वैकुण्ठ घाट और साम घाट के दर्शन करके राजा ने वैकुण्ठ घाट पर हनुमान् और गणपति के दर्शन किये ॥ १० ॥ जिसपीछे द्वारकाधीश के दर्शन करके राजा पीछा विश्राम घाट आया, इस परिक्रमा को यथायोग्य रचकर राजा अपने डेरे आया ॥ ११ जिसपीछे राजा ने नवमी के दिन मथुरानिवासी पंडितों को बुलाकर शास्त्रचर्चा सुनी ॥ १२ ॥ एकादशी के दिन राजा ने विश्राम घाट जाकर राणियों सहित स्नान करके और यमुना की भक्तिपूर्वक स्तुति करके

॥ उपेन्द्रवज्रा ॥

गजं शतद्रम्मयुतं विचित्रप्रवेणिपर्याणनिबद्धशोभम् ॥

ददौ महीशो दश१०निष्कयुक्तं द्विजाय सर्वाम्बरपूजिताय ॥ १४ ॥

॥ उपजातिः ॥

अश्वं शतद्रम्मयुतं सपञ्चनिष्कं स्फुरद्राजसुभाण्डशोभम् ॥

वस्त्रैः समस्तैः परिपूज्य भक्त्या ददौ द्विजेन्द्राय महीपतीन्द्रः ॥१५॥

एकैकनिष्कान्वितपञ्चपञ्चद्रम्मार्चिताः पञ्चदशात्र गावः ॥

द्विजेश्वरेभ्योम्बरपूजितेभ्यो भक्त्यात्यसृज्यन्त महीश्वरेण ॥ १६ ॥

सुवर्णमर्त्यादिकमर्चनाङ्गं वधूचितं श्रीयमुनाम्बरौघम् ॥

अष्टाधिकं विंशतिमत्र भूमेर्निवर्तनानामदिशत्प्रजेशः ॥ १७ ॥

॥ इन्द्रवज्रा ॥

सम्पूज्य तं तीर्थगुरुं स्वमाङ्घ्रिशौचादिना जीवनरामसंज्ञम् ॥

नानाम्बरैर्मौक्तिककर्णवेष्टहारान्वितैर्भूषयति स्म भूपः ॥ १८ ॥

॥ उपजातिः ॥

भोज्यं द्विजेभ्यो वसु भूरि चापि संकल्प्य सम्यग्गुरुदक्षिणां च ॥

शास्त्र के अनुसार ब्राह्मणों को दान दिया ॥ १३ ॥ राजाने सौ रुपये और दश मोहर के साथ हाथी दान, सम्पूर्ण वस्त्रों से पूजन करके ब्राह्मण को दिया॥१४॥ और सम्पूर्ण वस्त्रों से भक्ति पूर्वक पूजन करके ब्राह्मण को सौ रुपये और पांच मोहर के साथ घोड़ा दिया ॥ १५ ॥ श्रेष्ठ ब्राह्मणों का भक्ति से पूजन करके एक एक मोहर और पांच पांच रुपयों के साथ पन्द्रह गायें दीं ॥ १६ ॥ राजाने यमुना पर सुवर्ण की मूर्ति आदि का दान दिया. और उस पूजा के अंगभूत स्त्रियों के योग्य वस्त्र समुदाय दिये. और अठाईस निवर्तन भूमि दी. बीस बांस का एक निवर्तन होता है. " निवर्तनं विंशतिवंशसंख्यैः " इति लीलावत्याम् ॥ १७ ॥ जीवनराम नामक तीर्थगुरु को अपने हाथ से चरण धोने आदि विधि से पूजन करके अनेक प्रकार के वस्त्र, मोतियों के कुंडल और हार से सुशोभित किया ॥ १८ ॥ दक्षिणा सहित ब्राह्मणभोजन और गुरुदक्षिणा का संकल्प करके थोड़ासा दिन बाकी रहने पर राजा ने राजकुमार को बनाने

दिनेऽल्पशेषे सकुमारमन्तःपुरं निकेताय समादिदेश ॥ १९ ॥
नीराजनानेहसि तत्र पुष्पवृष्टिं विधायाऽऽव्रजता नृपेण ॥
अकार्यत स्वानुगहस्तिनिष्ठजनेन वृष्टी रजतात्मिकापि ॥ २० ॥
परेद्युराहूय निजाऽनिजान्बुधान्पुरोधसाऽर्च्य प्रतिमूर्त्यदित्तत् ॥
रूप्यं तथान्नादि च पञ्चभोज्यं द्विजान्सहस्रं च तदन्वभोजयत्॥२१॥

॥ अनुष्टुप् ॥

त्रयोदश्यां१३ दिगद्रयङ्गो६७१०न्मितान्स्त्रीसहितान्द्विजान् ॥
अभोजयच्चतुर्वेदान्सपादद्रम्मदक्षिणाम् ॥ २२ ॥

॥ उपगीतिः ॥

राधारमणो भट्टाचार्योपाख्यव्रजकिशोरः ॥
पुत्रोऽस्य रामबाबूरेते वृन्दावननिवासाः ॥ २३ ॥

॥ गीतिः ॥

माथुरगङ्गारामश्चेतिबुधाः प्रागनागता मुख्याः ॥
आजग्मुर्नृपहूता यमुनातीर्थान्तिकोत्सगतसदसम् ॥ २४ ॥

॥ इन्द्रवज्रा ॥

सरिर्नरेन्द्रस्य वरेण्य आशानन्दस्तथा मैथिलबापुदेवः ॥

में जाने की आज्ञा दी ॥१९॥ सायंकाल की आरती के समय में वहां (विश्राम घाट) पर राजा ने पुष्पों की वृष्टि करके रजत (चांदी) की वृष्टि भी की ॥२०॥ दूसरे दिन अपने और दूसरे पंडितों को बुलाकर पुरोहित के द्वारा सब का जुदा जुदा पूजन करके एक एक रुपया दक्षिणा के साथ पांच पकान्न से एक हजार ब्राह्मणों को भोजन कराया ॥ २१ ॥ फिर त्रयोदशी के दिन सवा सवा रुपया दक्षिणा के साथ स्त्रियों सहित छः हजार सात सौ दश चौबे ब्राह्मणों को भोजन कराया ॥ २२ ॥ वृन्दावन में रहनेवाले राधारमण भट्टाचार्य, व्रजकिशोर, व्रजकिशोर का पुत्र राम बाबू और मथुराका गंगाराम ये प्रधान चार पंडित पहिले नहीं आये थे सो राजा के बुलाने पर आये ॥२३॥ ॥ २४ ॥ जिनमें से गंगाराम के साथ राजा के श्रेष्ठ पण्डित आशानन्द और

शास्त्रार्थमातेनतुरत्र गङ्गारामेण सार्धं घटिकोनयामम् ॥२५॥

॥ वसन्ततिलका ॥

ते प्रेषिता निजगृहान्प्रति पंचपंचद्रम्मार्चिता अथ परत्र दिने तु पौरः॥
सद्रम्मदक्षिणमभोज्यत विप्रवर्गः शिष्टाप्यपूरि सहसत्कृतिदेयमात्रा२६

॥ वैतालीयम् ॥

अथ माधवशुक्लपक्षतावनुवृन्दाविपिनं व्रजन्नृपः ॥
निशि षड्घटिभाजि कालियन्हदद्देशे शिबिरं स्वमाविशत्२७

॥ वसन्ततिलका ॥

मातामहीसदनमेत्य परेद्युराप सार्द्धासु षट्सु घटिकासु निशि स्ववासन्
आचम्य कालियन्हदेथ तृतीयतिथ्यां वृंदावनस्य निरियाय परिक्रमाय

॥ इन्द्रवज्रा ॥

गोपालघट्टाद्यमुनाल्पधारापर्यन्ततीर्थानि समेत्य पद्भ्याम् ॥
अश्वेन वासं स्वमुपेत्य मातुः पुण्याय राज्ञार्पित गौस्सनिष्का।२९।

॥ द्रुतविलम्बितम् ॥

अथ विहारिहरिं शिरसा नतो मदनमोहनमेत्य च संस्तुवन् ॥

मैथिल वासुदेव ने एक घड़ी कम एक पहर तक शास्त्रार्थ किया ॥ २५ ॥ तिस पीछे उन चारों पण्डितों को पांच पांच रुपयों के साथ पूजन करके घर पहुँचाये और दूसरे दिन पुरवासी ब्राह्मणों को एक एक रुपये के साथ भोजन कराया और बाकी रही यात्रा को सत्कार के साथ पूर्ण की ॥ २६ ॥ इसपीछे वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को वृन्दावन को जाते हुए राजा ने कालीदह प्रांत में लगेहुए अपने डेरों में प्रवेश किया ॥ २७ ॥ दूसरे दिन नानी के स्थान पर जाकर साढे छः घड़ी रात गये पीछा डेरे आया जिसपीछे तीज के दिन कालियद्रह में आचमन करके वृन्दावन की परिक्रमा करने को निकला ॥ २८ ॥ गोपाल घाट से लेकर यमुना की अल्प धारा तक पैदल होकर तीर्थोंकी परिक्रमा करके घोड़े से अपने डेरे आकर माता के पुण्य के अर्थ राजा ने एक मोहर के साथ एक गौ अर्पण की ॥२९॥ इसके अनन्तर श्रीकृष्ण विहारी को नमस्कार करके स्तुति करता हुआ मदनमोहन को प्राप्त होकर अपनी माता की माता (नानी) का

स्वजननीजननीं स्वशाकृन्नृपः शिबिरमाप निशि प्रहरे गते ॥३०॥

॥ भुजङ्गप्रयातम् ॥

चतुर्थ्यां४ कलिंदात्मजास्वल्पधारास्थलाच्छेपतीर्थानि पद्भ्यामुपेत्य
से चौदह विद्याओं को पढ नीति शास्त्र को प्राप्त हो चौसठ कलाओं को सीख यत्न करते हुए और पढे हुए राज्य के सातों अंगों से पुष्ट होकर अपने से न्यून नहीं ऐसे राजाओं को दबाकर रहने लगा ॥ ५२ ॥ आर्यावर्त के राजा उसका मुंह ताकते थे और बडे बडे वजीर उसकी बुद्धि के वेग को नहीं पहुँचते थे बादशाह भी दूसरे राजाओं को छोडकर आमेर के मुकुट (जयसिंह) को ऊंचा [बडा] आलंबन समझते थे ॥ ५३ नित्य यज्ञ करके नैमित्तिक यज्ञ का एक ही कर्ता पापों का निवारण करके ईश्वर का भक्त जिससे सितारा और दिल्ली के पति सलाह पूछते थे ऐसा चतुरों का अग्रणी (जयसिंह) आर्यावर्त में हुआ ॥ ५४ ॥ बादशाह के सेनापति खांनदौरां ने बडी नम्रता के साथ उस राजा को अपना मंत्री (सलाहकार) बनाया. विष्णुसिंह का पुत्र महात्मा वह कछवाहों का राजा सब में ऐसा प्रकाशमान हुआ कि जैसे दिन में अकेला सूर्य होता है ॥ ५५ ॥ राज्य वृद्धि और शत्रु वश करने की चिन्ता सहित, राजधानी को सब से उच्च बना कर श्रीविष्णुभगवान् से रक्षित, जयसिंह नीति से दिल्लीश के सन्मुख गया और ब्राह्मणों के आशीर्वाद से राज नीति के अनुसार, धर्म और अर्थ [पुरुषार्थ] को चाहता हुआ वह तेजस्वी राजा शत्रुओं का नाश करके भोज के समान राज्य करता था ॥ ५६ ॥

(नर्कुटकम्)

मतिरुडुदारा उल्बणदारिद्र्यतमिस्रहरिः,
समिदतलस्पृगर्णवविलङ्घन एकतरिः ॥
जयनयधार्य्यकार्य्यमननार्य्य उदग्रगति,
र्भुवि यशसा रराज जयसिंह इलाधिपतिः ॥ ५७ ॥

प्रायोदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

[षट्पात्]

इम कूरम जयसिंह हिंदु मिच्छन उप्पर हुव ॥
जाप धरम श्रुति[1] अजन[2] भूरि अध्वरैं[3] बिथ्थरि[4] भुव ॥
निंदत निगम[5] पिछानि जार तुरकान प्रजारन ॥
सहर सिताराधीस मंत्रि खुल्ल्यो तिन मारन ॥
साहू नरेस लहि तब समय दिल्लीपति उप्पर दुसह ॥
सिंधिया बहुरि हुलकर सुभट[6] पिल्ले दुवर दल अमित मँह ॥ ५८ ॥

दोहा ॥

नृप साहू नवलक्ख ९०००००दल, सहर सितारा ईस ॥
पिल्ले हुलकर सिंधिया, दब्बन भुव दिल्लीस ॥ ५९ ॥
इन अवरंगाबाद लरि, पहिलैं अमल प्रचारि ॥
वई[8] नागर सूबा अधिप, दयाबहादुर मारि ॥ ६० ॥

भूपति राजा जयसिंह अपने यश से पृथ्वी पर प्रकाशता था जो बुद्धि के लिये चन्द्र रूप और उत्कट (उग्र) दरिद्र रूपी अथवा अनीति रूपी अन्धकार का नाश करने को सूर्य रूप, युद्ध रूपी अथाह समुद्र को लांघने के लिये अद्वितीय नौका [नाव] रूप जय और न्याय से धारण करने योग्य कार्य का विचार करने से श्रेष्ठ और बडे ऊंचे पदवाला शोभायमान हुआ ॥ ५७ ॥ १ वेद २ देवपूजन ३ बहुत यज्ञ ४ भूमि पर विस्तार [फैला] कर ५ वेद की निंदा करने वाले समझ कर यवनों का बल जलाने के अर्थ ६ सिताराके दोनों उमरावों को भेज ७ सेना के अत्यन्त उत्साह से ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ ८ वह हिंदुओं के कर छुडाने के पत्र पर छाप करानेवाला नागर जाति का ब्राह्मण ॥ ६० ॥

इत *गुज्जर धर जवन इक्क, सरबिलंद [†]सप्रसाद ॥
सूबापति वह साहको , नगर अहमदाबाद ॥ ६१ ॥
सुं[1] बसु[2] गाम सत्तरिसहँस७००००, आयसं[3] जास अधीन ॥
मरहट्ठन सोहू मिल्यो, लिखि पत्रन अघ[4] लीन ६२ ॥
उज्जइनी अकबर[5]नगर, अरु पत्तन अजमेर ॥
सूबा त्रय३ जयसिंहकैँ, सो हुल्लत[6] बल सेरँ ॥ ६३ ॥
इत खटकत दिल्ली उदर, साह मुहुम्मद सूल ॥
कंटक अरि काजीन[8]कौं, अनय अैस अनुकूल[9] ॥ ६४ ॥
मंदं[10] नपुंसक रत[11] मुदित, यौँही पुनि अनुचार[12] ॥
रक्त कापिसायन[13] रहत, सचिवँहु[14] मंद सँमार[15] ॥ ६५ ॥
मोजदीनतैं इक्कसे, भये पंच५ दिल्लीस ॥
दिन दिन बोरि कुरान दिय, रचिय नबी[16] पर रीस ॥ ६६ ॥
इत हुंदिय पति लिखित करि, रच्चि सालकँ[17] सन साम ॥
भिट्टी[18] हित जयसिंह बरि, आरंभिय उपयाम[19] ॥ ६७ ॥
नगर निवाई हिंतु[20] लिय, रानी उभय२ बुलाय ॥
सुंज[21]कुमारि जयसिंहकौं, अथितैं[22] दई परिनाय ॥ ६८ ॥
संगानेर समीप यह, हुंढीपति किय व्याह ॥
दायज वसु[23] त्रय लक्ख३००००० दिय, अधिक दिखाय उछाह ६९
सक चउ बसु सत्रह१७८४समय, तिथि तँपस्य[24] सित आदि ॥

*गुजरात में †प्रसन्नता सहित ॥ ६१ ॥ १ लो २ धनवान अथवा श्रेष्ठ धनवाले ग्राम ३ जिसकी आज्ञा में ४ पाप में ॥ ६२ ॥ ५ आगरा. उस जयसिंह ने ७ बलवान सेना को ६ बुलाई २ ॥ ६३ ॥ ८ काजियों का शत्रु ९ आसक्त ॥६४॥१० वह मूर्ख ११ हींजड़ों के रत[मैथुन]करने में प्रसन्न १२ चलन [बरताव]१३ मद्य में आसक्त १४ उसका वजीर भी मूर्ख १५ कार्य्य था ॥ ६५ ॥ १६ खुदा [यावनी भाषा का ईश्वरवाची शब्द है] ॥ ६६ ॥ १७ साले जयसिंह से मिलाप[सुलह]१८ बेटी [पुत्री] के अर्थ १९ विवाह ॥ ६७ ॥ २० से २१ सूरजकुमारि २२ प्रसिद्ध ॥ ६८ ॥ २३ धन ॥ ६९ ॥ २४ फाल्गुन सुदि एकम

कूरम इम *जामात किय, पति चहुवान †प्रमादि ॥ ७० ॥

पादाकुलकम् ॥

यह बिचार संभर उर आयो, कूरम ‡रिस बसि लिखित करायो ॥
अब रिस गयेँ लिखित मुहिँ अप्पहिँ, थिर सुत §अंक लैन नहिँ थप्पहिँ
बिट्टी¹ निज यह सोधि बिबाही, सत्य लिखित कूरम² यह साही ॥
औरस सुत होहि सु हम लैहैं, दायादजहि³ अंक⁴ धरि दैहैं ॥७२॥
मम जामिज⁵ कृत्रिम जिहिँ मानत, मारहिँ तिहिँ अब न्याय लिखित⁶ मत ॥
जामिँप⁷ अंक अवर कोउ रक्खहिँ, चुंडाउति न पुत्र फल चक्खहिँ ७३
यह जयसिंह नियम अवगाह्यो, सत्य लिखित उप्पर हठ साह्यो॥
बुंदीपति अब दुमन⁸ बिचारैं, टेक न यह कूरम नृप टारैं ॥ ७४ ॥
बुंदी लिखित संग हम बोरी⁹, जुलम भयो चलहिँ न अब जोरी ॥
उर दयिता¹⁰ भव सुत अंकूरी, मुरक्यो नृप लै इम ठग सूरी¹¹ ॥७५॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपति बुधसिंहचरित्रे कोटामहारावार्जुनसिंहमरणमारिताग्रजश्यामसिंहदुर्जनशालनृपीभवन १महाराणासंग्रामसिंहसुतायाः जयसिंहपुत्रेश्वरीसिंहेन सह संबंधप्रदान २ बुंदीमहारावराजबुधसिंहस्य स्वात्मज-

---

* जमाई † भूल से [बुधसिंह ने समझा था कि इस संबंध और दायजा देने के कारण जयसिंह प्रसन्न होकर मेरे हाथ का लेख मुझे पीछा दे देवेगा, इस भूल से) ॥ ७० ॥ ‡ क्रोध के वश § गोद ॥ ७१ ॥ १ पुत्री २ कछवाहे ने इस बात को पकड़ी कि यह लिखावट सत्य है ३ सपिंडी में से ४ गोद रख देवेंगे ॥ ७२ ॥ मेरे ५ भानजे को ६ लिखावट के मत से ७ बहिनोई की गोद ॥ ७३ ॥ ८ उदास ॥ ७४ ॥ ९ डुबोई १० प्यारी चुंडाउति के उदर में पुत्र के जन्म का अंकुर हुआ ११ ठगकीसी सूली [झूठी आशा] लेकर ॥ ७५ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचंपू के उत्तरायण के सातवें राशि में बुंदी के राजा बुधसिंह के चरित्र में कोटा के महाराव अर्जुनसिंह के मरे पीछे बडे भाई श्यामसिंह को मार कर दुर्जनशाल का राजा होना १ महाराणा संग्रामसिंह की पुत्री की राजा जयसिंह के पुत्र ईश्वरीसिंह से सगाई होना २ बुंदी के महा-

भवानीसिंहकृत्रिमत्वप्रदर्शनपूर्वकोदयपुरसंबंधनिवारण २ भवानीसिंहमारणावस्थायां दत्तजयसिंहचुण्डावतिराष्ट्रकूटीजठरजातजयसिंहदत्तदत्तकपुत्रार्थबुंदीराज्यप्रदानप्रतिज्ञाविषयबुधसिंहहस्ताक्षरकरण ४ जयसिंहजयपुरनगरनिर्माण ५ दिल्लीन्द्रपञ्चयवनेन्द्रनिन्दनजयसिंहमन्त्रागतमहरट्टदिल्लीधराक्रमण ६जयसिंहस्य बुधसिंहपुत्रीविवहनं सप्तविंशो मयूखः ॥ २७ ॥

आदितः पञ्चषष्ट्युत्तरद्विशततमः ॥ २६५ ॥

नाराचः ॥

इतैं अरीन जावदाख्य नैर रानको हन्यौं ॥
सुनी अवाज कूर्मराज सज्ज भीरकौं बन्यौं ॥
भनंकि भौंर झौंर के ठनंकि अंदु गै गुरे ॥
कुँदार नैंन चारके तुखार सज्ज संजुरे ॥ १ ॥

रावराजा बुधसिंह का अपने पुत्र भवानीसिंह को कृत्रिम बताकर उसके उदयपुर संबंध होने को रोकना २ भवानीसिंह को मारडालने की अवस्था में चुंडावति और राठोड़ी के उदर से पुत्र उत्पन्न होवें उन पुत्रों को जयसिंह को देकर जयसिंह के दिये हुए दत्तक पुत्र को बुंदी का राज्य देने की प्रतिज्ञा का बुधसिंह का अक्षर करना ४ राजा जयसिंह का जयपुर नगर बसाना ५ दिल्ली के पांच बादशाहों की निन्दा और जयसिंह की सलाह से आए हुए मरहटों का दिल्ली की भूमि को दबाना ६ जयसिंह का बुधसिंह की पुत्री से विवाह करने का सत्ताईसवां २७ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ पैंसठ २६५ मयूख हुए ॥

इधर महाराना के १ जावद नामक नगर को शत्रुओं ने मारा [लूटा] जिसकी २ खबर कछवाहों के राजा (जयसिंह) ने सुनी इसकारण ३ सहाय करने को सज्जित हुआ सो ४ भ्रमरों का समूह उड़कर ५ जंजीरें बजकर ६ हाथी गुड़े (हाथियों को सज्जित करते समय उनको जमीन पर लेटाकर रज झाड़ते हैं इसी कारण उनका गुड़ना लिखा है) ७ कुलटा (खोटी) ८ स्त्री के नेत्र चलने के समान चपल ९ घोड़े सज्जित होकर एकत्र हुए; अथवा कु (पृथ्वी) जिसको विदारण करनेवाले "दृविदारणे" इस धातु से दार शब्द का अर्थ विदारण है अर्थात् अपने चरणों के आघात से भूमि को विदारण करनेवाले और नेत्रों के

चमू हजार अश्व बान५० लै कृपान भानकी ॥
रिसाय कुम्मराय यों चल्यो सहाय रानकी ॥
बुलैं नकीब दोयसै २००हुलैं हरोल हाँकरैं ॥
झुकैं भटालि भीर त्यों रुकैं समीर साँकरैं ॥ २ ॥
बजैं निसानं नाद सो दिसा दिसान बित्थरैं ॥
सँकूक दंदसूककी फटा हजार फुंकरैं ॥
मवासँ बास आसपास जास त्रास कंपये ॥
चकार चीस ह्वै पुरीसँ दिक्करीसँ चंपये ॥ ३ ॥
चले मतंग आदि अंग स्याम रंग सज्जके ॥
कुरंग फाँद के चले तुरंग जंग कज्जके ॥
चले दुबाह के सिपाह स्वामिधर्म संगलै ॥
चली सु तोप सट्ठि६० त्यों चँटक्कि चक्क चीसलै ॥
मिले प्रबीर पँत्रबाह पत्रबाँह बेधते ॥
कमान पंत्थके कमान पत्थकी निसेधते ॥
भिरे भुँवाल भुम्मियाँ सु भागधेयँ भेटलै ॥

समान चलनेवाले [चपल] नेत्रों का धर्म ही चपल है इसकारण यह दूसर अर्थ भी संगत है ॥ १ ॥ १ सूर्य के समान तेजवाली अथवा चमकती हुई तरवारें लेकर २ सेना के अग्रभाग को बढाने की हाक करके ३ वीरों की पंक्ति चढती है जिनकी सकड़ाई [भीड़] से ४ पवन रुकता है ॥ २ ॥ ५ नक्कारों का शब्द बजकर दिशा दिशाओं में ६ फैलता है जिससे ७ कूक सहित ८ शेषनाग के हजार ९ फण फुंकार करते हैं "यहां हजार फणों के योग से सामान्य सर्प शब्द के होने पर भी शेषनाग का ग्रहण है" जिसकी त्रास से आस पास के १० चोरों और लुटेरों के स्थान धूजते हैं और चीस और ११ लाद [विष्टा] करके १२ दिशाओं के हाथी १३ दबे ॥ ३ ॥ १४ हिरणों की छलांग भरनेवाले १५ युद्ध के काम के १६ वीर १७ पहियों के खिचने का चीस करके [यह बल पूर्वक खिचने के शब्द का अनुकरण है] ॥ ४ ॥ अत्यन्त वीर १८ बाणों से १९ पक्षियों को बेधते हुए मिले २० धनुष के मार्ग में (बाण विद्या की रीति में) २१ अर्जुन के धनुष का निषेध करते हुए २२ भूपाल (राजा) और भोमिये २३ हासिल (खिराज) भेट ले लेकर मिले

कहौंन ओजं उँन्नयो जु तास फोज भेटलै ॥ ५ ॥
फरक्कि केतु गैंन यौं बिजैय बैंन बित्थरी ॥
सहाय दैंन कुम्म सैंन रान औंन संचरी ॥
सुनी सु रान कान त्यौं प्रयानँ सम्मुहो कियो ॥
हिले मिले दुहूँ २ नरेस हेत हुल्लस्यो हियो ॥ ६ ॥

[पद्धपात]

मिच्छन धाटि प्रपातें रान जनपैंद जावद सुनि ॥
पृतना सँहँस पचास ५०००० चंडै क्रोधन जोधन चुनि ॥
आभैरो नरनाह पत्त हित चाह उदैपुर ॥
दहलारी लग रान आय सम्मुह मुद आतुर ॥
महिपाल उभय हिय लाय मिलि सुख सह पत्तन संचँरिग ॥
करि दल मिलान कूरम रहिय सुपहुं रान महलन सरिगँ ॥

[दोहा]

सक्र सर बसु सत्रह१७८५समा, लहि कूरम निज भीर ॥
अति आदर रानाँ कियउ, व्है प्रणमन हमगीर ॥ ८ ॥
इक जामिप पुनि दैल अतुल, बहुरि बढ्यो लहि कौल ॥
यातैं लँहँ प्रति नम्र अति, भयउ रान भूपाल ॥ ९ ॥
इक्क१ थाल किन्नौं असन, पुव्व रीति सब पेलि ॥

१किसीमें तेज[पराक्रम]२नहीं उठा कि ३ उस जयसिंह की सेना से टक्कर लेवै॥५॥ आकाश में ४ध्वजा उडकर ५विजय करने के वचन फैले ६राणा के घर में कछवाहे की सेना चली ७ महाराणा ने सम्मुख गमन किया ॥ ६ ॥ म्लेच्छों का ८ धाड़ा ९ पड़ना १० राणा के देश में ११ सेना १२ भयंकर क्रोधवाले १३ प्राप्त हुआ १४पुर में गये १५सेना का मुकाम करके १६वह प्रभु राणा१७ चला ॥ ७ ॥ १८ विक्रम के शक में सत्रहसौ पिच्यासी के सम्वत् में १९ विशेष नम्र होकर ॥ ८ ॥ २० जामाता (जमाई) यहां 'जामि' शब्द का अर्थ 'पुत्री' है सो ही शब्दार्थ चिन्तामणि कारने लिखा है "जामिः दुहितरि" बहुत २१ सेना २२ समय पाकर ॥ ९ ॥ २३ पहिले की जुदा भोजन करने की रीति को हटाकर

कछु अंतर हितमैं न किय, हिंय तब हिंदुन हेलि[1] ॥ १० ॥
कूरमहू करजोरि कहि, मति नति करि पलटाव[2] ॥
मन्नहु अप्पन सुभट[3] मुहिं, जिम सोलह१६ उमराव ॥ ११ ॥
मैं इनहूसौं अनुगतम, ममहित नहिं मरजाद ॥
बिधि सब कैहौं बंदगी, पैहौं रान प्रसाद[6] ॥ १२ ॥
यह कहि कूरम चमर गहि, कियउ रान सिर उठ्ठि ॥
रचि अंजलि[7] तब रानहू, बरजि निठ्ठि हित बुठ्ठि ॥ १३ ॥
इत्यादिक किय अनुगपन[8], कूरम हित निकरंब[9] ॥
जामिपं[10] बिनु रानहु जप्यो, अवर न मम आलंब ॥ १४ ॥

(षट्पात्)

कूरम प्रति दिन इक्क कहिय सीसोद जोरि कर ॥
रामपुरेप[11] संग्राम बदलि अब रहत टेक बर ॥
नैंकन करत निदेस भुम्मि अद्धी पुनि भुग्गत ॥
सुनि अक्खिय जयसिंह वाहि हनिहौं रन उद्धत ॥
रामपुर देहु मोकँहँ नृपति मैं सेवन करिहौं मुदित[12] ॥
कहि यह सलाम जयसिंह किय मुलक लैन लक्खन प्रमित[13] ॥१५॥

महासुंदरी ॥

सुनि यौं मन रानौं खिसानौं महा अहि[14]ग्रस्त छुछुंदरि ज्हैनों परयो ॥
दुवखेर कही इमरोही हुतो तब द्रम्म[15] त्रिलक्ख३०००००दै लैनों परयो
सुनि यौंहू सलाम करी जयसिंह नयो तब रानकौं नैनों[16] परयो ॥

१ हिन्दुओं के सूर्य ने (यह महाराणा का विशेषण है) ॥ १० ॥ २ उत्तर में नम्रता का पलटा करके ३ आपका उमराव. जिसप्रकार सोलह उमराव हैं तिसी प्रकार ॥ ११ ॥ इनसे भी अधिक ४ सेवक ५ करूंगा ६ प्रसन्नता ॥ १२ ॥ ७ हाथ जोड़कर ॥ १३ ॥ ८ सेवकपन ९ हितका समूह १० जमाई के विना ॥ १४ ॥ ११ रामपुर का पति १२ प्रसन्न होकर चाकरी करूंगा १३ लाखों की आमद के प्रमाणवाला ॥ १५ ॥ छुछुंदर को पकड़नेवाले १४ सर्प के समान छुछुंदर को पकड़कर छोडने से सर्प अंधा होजाता है और खाने से मरजाता है १५ रुपये १६ जयसिंह झुका तब राणा को भी झुकना पड़ा

लिय साहकों सेय जो रामपुरा सु कृती कछवाहकों दैनों परयो१६

(दोहा)

नीति निपुन भुव लोभ लगि, इम कूरम तँहँ आय ॥
लियउ रामपुर रानसों, करि नुति[2] लिखित कराय ॥ १७ ॥
रान सचिव कायत्थ तँहँ, कग्गरै[3] छाप करी न ॥
तब कूरम गृह जाय[4] तस, पाई नीति प्रवीन ॥ १८ ॥
पटु प्रपंच इम रामपुर, लियउ नीति लगि लाह ॥
बहुरि रान सन अनुग[6] बनि, किय रहस्यँ[7] कछवाह ॥१९॥

(षट्पात्)

कहिय मंत्र कछवाह दइव[8] हिंदुन सुभ दायक ॥
मिटत जानियत मिच्छ निगम[9] निंदक भुव नायकं[10] ॥
कबहु न सुनत कुरान नहिँन कलमाँ[11] निमाज नेंत ॥
काजिन उप्पर क्रुद्ध मुहँ[12] नन जात महज्जत ॥
रत पान कापिसायन[13] रहत मासूकान[14] जानत महत[15] ॥
बिधि थप्पि संड मोहँन[16] बहत चित प्रपंच[17] कछुहु न चहत ॥
अब बिचारि हम एह मंत्रि[18] बुल्लत मरहट्ठन ॥
सजि प्रपंच तिन संग बोरि तुरकान हिंदु बँन[19] ॥
हे नृप हिंदुन हेलि[20] अप्प इक१ छत्र रहहु अब ॥

---

१ वह चतुर कछवाहे को ॥ १६ ॥ २ स्तुति ॥ १७ ॥ राणा के प्रधान बिहारी-दास कायस्थ ने ३ पत्र पर छाप नहीं की ४ उस बिहारीदास के घर ५ छाप कराई ॥ १८ ॥ ६ सेवक बनकर ७ एकांत में सलाह की ॥ १९ ॥ ८ भाग्य ९ वेद की निन्दा करनेवाले १० भूमि के पति ११ झुकते हैं (यावनी भाषा में परमेश्वर के वाक्य को कलमां कहते हैं अर्थात धर्मोपदेश को नहीं झुकते) १२ मुख १३ मद्य पीने में १४ यावनी भाषा में प्रीति करनेवाले को आशक और जिस पर प्रीति की जावे उसको माशूक कहते हैं उस माशूक को ही १५ बड़ा जानते हैं १६नपुंसकों से मैथुन करते हैं १७राज्य प्रबंध को चित्त पर कुछ नहीं चाहते ॥ २० ॥ १८ सलाह करके बुलाते हैं १९ हिन्दुओं रूपी जल में यवनों को डुबोकर २० हे हिन्दुओं के सूर्य

भुग्गहु दिल्लिय भुम्मि सचिव हम करहिं जेर सब ॥
मरहट्ठ पार[1] मंडहिं अमल अप्पनं चम्मलि वार[2] इत ॥
यह अक्खि बहुरि कूरम अधिप लियउ हत्थ जामिप[3] लिखित॥२१॥

दोहा ॥

लिखवायो पहिलै लिखित, संभरतैं[4] जयसीह ॥
सो दिखाय संग्रामकों, अक्खी सम्मत ईह[5] ॥ २२ ॥

[षट्पात]

सुनहु रान संग्राम साल खट हय सत्रह १७७६ जब ॥
संभरपतिकैं[6] सूनु[7] भयो मम जामि जठर[8] तब ॥
रखत जामिपर रीस कउल जामिप बिनु कारन ॥
कृत्रिम कहि सु कुमार मोहि सौंपत अब मारन ॥
हम कहिय क्यों न जनमत हन्यों अब इहिं हनन प्रपंच अति॥
पापहु तथापि तुम करहु पै मम जनपद[9] अब रहहु मति।२३।
उत्तर पुनि उच्चरिय कउल जगदंब सपथ[10] करि ॥
मैं नहिं हनन समत्थ[11] अप्प यह हनहु बंस अरि[12] ॥
जुलमसील[13] तुम जामि[14] कलह हमसह वह कत्थहिं ॥
कछु तुमतैं नन कहहिं अप्प थप्पत[15] श्रुति[16] अत्थहिं ॥
यह अघ अरिष्ट[17] तसमात अब कूरम[18] जिम तिम मेट करि ॥
कहिहो जु सीस धरिहैं कथित[19] नहिं स्वतंत्र रहिहैं निवारि।२४।
हठ उत्तर सुनि हमहु हेतु[20] कृत्रिम बिच हेरे ॥

---

१ चामल नदी के उधर २ चामल नदी के इधर ३ बहिनाई [बुधसिंह] की लिखावट हाथ में ली ॥ २१ ॥ ४ बुधसिंह से ५ राय देने की चेष्टा कही ॥ २२ ॥ ६ बुधसिंह के ७ पुत्र ८ मेरी बहिन के उदर से ९ मेरे देश में ॥ २३ ॥ १० सौगन ११ समर्थ १२ वंश के शत्रु को (वर्णसंकर होने के कारण यह भवानीसिंह का विशेषण है) १३ जुलम करनेवाला स्वभाव १४ तुम्हारी बहिन का १५ आप वेद के १६ अर्थ का स्थापन करते हो इसकारण १७ पाप का उत्पात १८ हे कूरम (जयसिंह) १९ कहना ॥ २४ ॥ उस लड़के के जाली होने के २० कारण

पै[1] इक्क२न तँहँ पत्त[3] बहुत ऋतैं माँहि निवेरे ॥
कह्यो बुद्ध नृप कबहु निकट रानी मम नाँई[4] ॥
यह जो तो किम अग्ग भये तदुदर[5] दुवरभाई ॥
पुनि कउल एहँ[6] वहँ[7] हरि प्रनत करैं न अघ इर्म कोप कित ॥
बसु८बरस बहुरि न सुन्यौं बितँथ[9] पुनि चुंडाउति अधिक प्रिय ॥२५॥
कुंभाँनी[10] भट दीप बहुरि पुच्छन पठयो हम ॥
रूप्पय सत्तरि सँहँस ताहि दिन्नैं प्रछन्नतँम[11] ॥
तब मैं भंडारेजँ[12] छिन्नि भट दीप निकास्यो ॥
पंच हेतु इम पाय भगिनि पुत्रहि ऋतैं[13] भास्यो ॥
हम तब विचारि चहुवान हठ प्रतिबँच[14] अक्खिय नीति पर ॥
करि लिखित देहु जिम हम कहत कृत्रिम तब मन्नहि कुमर।२४।

(दोहा)

सीसोदनि रठोरि सुत, होहि सु तुमकौं देहिँ ॥
जुँ[15] तुम अंकैं[16] धरि थप्पिहो, सु सुत मन्नि हम लेहिँ ॥२७॥
हम जान्यौं यह लिखित हठि, न लिखहिँ बुद्ध नरेस ॥
हत्यातैं तब डरहिँ हम, इहिँ भल मारहु एस ॥ २८ ॥
लिखि यहैहु दुंक्कर[17] लिखित, मम कर दिन्नौं मुँद्ध[18] ॥
सब हड्डनको सँक्खि[19] धरि, बालिसँ[20] पुंगँव[21] बुद्ध ॥ २९ ॥

शुद्धप्राकृतभाषा ॥

(आर्या)

---

१ परन्तु २ एक भी प्राप्त नहीं हुआ ३ सत्यता में ४ नहीं आई ५ उसके उदर से ६ बुधसिंह तो वाममार्गी और ७ राणी वैष्णव है ८ इसकारण ९ यह झूठ वचन ॥ २५ ॥ १० कुंभावत शाखा के उमराव दीपसिंह को ११ अत्यन्त छाने १२ नगर का नाम है १३ सत्य दीखा १४ पीछा वचन [प्रयुत्तर] ॥ २६ ॥ १५ जो १६ गोद ॥ २७ ॥ २८ ॥ १७ दुष्कर [कठिनाई से किया जावे ऐसा] १८ मूर्ख १९ साक्षि २० मूर्खों में २१ श्रेष्ठ बुधसिंह ने ॥ २९ ॥

संस्कृत अनुवाद ॥

तह्मा लिहि अवकज्जं कज्जं अह्मेहिं सच्चवयणेहिम् ॥
तिम चेयवि तुह्मेहिं कज्जाकज्जं वियज्ज सीकज्जम्॥ ३०।
इन्द्रवज्रा ॥
सोऊण संगामणरिस्सरोवि होऊण सक्खी लिहिअम्मि तह्मि ॥
घेत्तूण णीइं णिअलेहिणीए सो अप्पऊरीकरणं लिलेह ।३१।
उपजातिः ॥
खु पास्सए बिन्दुमईसपट्टे अणोरसो तस्स धियं कुबिट्ठो ॥
दिट्ठूण लेहं बुहसीहकिढं संगामराणा लिहिअं मए वि॥ ३२॥
(इन्द्रवज्रा)
ताणं भड़ाणं बिजिसोलहाणं १६लेहं दले सो इय लेहिऊण ॥
दिढं तदो कुम्मकरम्मि पण्णं लिद्धं हि तह्मा पिहुलं पसाअम्।३३।
प्रायोदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

तस्मात् लिख अपकृत्यं कृत्यमस्माकं सत्यवचनेन ॥ तथैव युष्माभिरपि कार्याकार्यं विचार्य स्वीकार्यम् ॥ ३० ॥ श्रुत्वा सङ्ग्रामनरेश्वरोऽपि भूत्वा साक्षी लिखिते तस्मिन्॥गृहीत्वा नीतिं निजलेखिन्या सोऽपि आत्मोरीकरणं लिलेख॥३१॥खलु पार्श्वके बिन्दुमतीशपत्रे अनौरसस्तस्य बुद्धौ कुपुत्रः॥ दृष्ट्वा लेखं बुधसिंहकृतं सङ्ग्रामराणेन लिखितं मयापि ॥३२॥ तेषां भटानामपि च षोडशानां लेखन्दले स इति लेखयित्वा ॥ दत्तं तदा कूर्मकरे पत्रं लब्धस्तस्मादपि प्रचुरः प्रसादः ॥ ३३ ॥

॥ भाषानुवाद ॥

इसकारण से हमारा कृत्य अकृत्य होवे सो आप सत्य वचन से लिखो. तैसे ही आप भी इस कार्य अकार्य का विचार कर स्वीकार करो ॥ ३० ॥ यह सुनकर राणा संग्रामसिंह ने भी उस लिखित पर आप साची होने का नीति ग्रहण करके अपनी लेखिनी से स्वीकार लिखदिया ॥ ३१ ॥ निश्चय ही बुन्दी के पति के पत्र को देखा. उस (बुधसिंह) की बुद्धि में वह पुत्र अनौरस है सो बुधसिंह के किये हुए लेख को देखकर मुझ (संग्रामसिंह) ने भी लिख दिया है ॥ ३२ ॥ उन सोलह उमरावों से भी उस [संग्रामसिंह] ने वह लेख लिखवाकर वह पत्र कछवाहे [जयसिंह] के हाथ में दिया जिससे बहुत प्रसन्नता हुई ॥ ३३ ॥

(दोहा)

*सभट रानकी †सक्खि इम, ‡बहुल प्रपंच बनाय ॥
बुद्ध लिखित §दल सिर सबिधि, लिय कूरम लिखवाय॥३४॥
कछु दिन रहि कौतुक करत, नृप कूरम तिहिं नैर ॥
पाय रान सन सिक्ख पुनि, आयो पुर आमैर ॥ ३५ ॥
गो कूरम जब रान गृह, ¶बुद्ध तबहि बुंदीस ॥
सह कुटुंब आमैर सन, रचिय प्रयान रिसीस[1] ॥ ३६ ॥
द्विजबर गुरु जयसिंहको, रतनाकर अभिधान[2] ॥
कानीखोह मुकाम तस[3], दिन्नैं तत्थ मिलान[4] ॥ ३७ ॥

(षट्पात्)

जिहिं रतनाकर बिप्र सुगुन जयसिंह सिखायो ॥
स्मृति रु निगम खट६ सत्थ बिबिध नृप धर्म बतायो ॥
चउदह१४पुनि चउसट्ठि६४ कला बिद्या पटु किन्नों ॥
जयसिंह[6] गे दारिद जोग भूसुर[7] जिहिं भिन्नों ॥
धारन कराय सब कुल धरम कलि[8] भूपन सिरमोर किय ॥
जिम जिम प्रताप कूरम जग्यो आचारिज तिम अद्दरिय।३८।
बिनु त्रि३संध्य[9] जलपान जँग्य[10] पंचक५ बिनु भोजन ॥

* उमरावों सहित † साक्षि ‡ बहुत § बुधसिंह के लिखे हुए पत्र पर ॥३५॥ ॥ ३५ ॥ ¶ बुधसिंह ने १ क्रोध सहित गमन किया ॥ ३६ ॥ २ नाम ३ उस रत्नाकर का कार्णीखोह ग्राम था ४ तहां मुकाम किये ॥ ३७ ॥ ५ वेद ६ जयसिंह की जन्मपत्री में दारिद्र योग गया हुआ [प्राप्त] था जिसको ७ इस ब्राह्मण ने मिटाया ८ कलियुग के राजाओं में ॥ ३८ ॥९ तीनों सन्ध्या किये विना जल नहीं पिया १० गृहस्थी के प्रति दिन करने के * पांच यज्ञ किये विना

* पाठो होमश्चातिथीनां सपर्या तर्पणं बलिः ॥ एते पञ्च महायज्ञा ब्रह्मयज्ञादिनामकाः ॥ इत्यमरः ॥ अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम् । होमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञोऽतिथिपूजनम् ॥ अर्थ—विधि पूर्वक वेदपढाना ब्रह्मयज्ञ कहाता है, तर्पण करना है सो पितृयज्ञ है, वैश्वदेव का होम है सो देवयज्ञ कहाता है बलि अर्थात् जीवों को अन्न देना है सो भूतयज्ञ कहाता हैं और घर में आएहुए अतिथि की सेवा करके खान पानादि से सत्कार करना है सो मनुष्ययज्ञ कहाता है इन्हीं प्रतिदिन कियेजानेवाले पांच यज्ञों का नाम महायज्ञ है.

बिनु स्मृतीन[1] व्यवहार ख्यात नय[2] बिनु बसु[3] खोजन ॥
द्विज सुपात्र बिनु दान ध्यान हरि हर बिनु धारन ॥
बिनु बिधि काल व्यवाय[4] मंत्र नय बिनु अरि मारन ॥
बिन न्हान निगम[5] पाठन बहुरि बिनु प्रपंच[6] संगर बिकट ॥
इहिं द्विज प्रसाद[7] कूरम इते नन रक्ख निज भुव निकट ॥
जब कूरम जोधपुर चल्यो व्याहन नय चातुर ॥
तब सय्यद डर ताकि पुब्ब[8] पठयो अंतहपुर[9] ॥
नगर[10] करोली नाह भूप जदुबंस जासभुव ॥
दुग्ग[11] बहादुरदुग्ग धीर रक्ख्यो सु तत्थ धुव ॥
अवरोध[12] संग हो द्विज यहहु तिहिं तहँ दिन्नो देह तजि ॥
तब कुम्भ तास जेठो तनय भूसुर[13] गंगाराम भजि ॥ ४० ॥

दोहा ॥

गंगारामहु अमित[14] मति, भो द्विजराज सुभाय ॥
बहु मख[15] नृप किय जास बल, बलि जैपुर बसवाय ॥ ४१ ॥
निबसथ[16] कानीखोह तस, रहिय आय बुन्दीस ॥
कछवाही आमेर रहि, रचत स्वामिपर रीस ॥ ४२ ॥

(षट्पात्)

इत कूरम गृह आय कालकोबिद[17] प्रपंचकिय ॥
मरहट्ठन छन्न मिलि दई अरजी पुनि दिल्लिय ॥

भोजन नहीं किया १ धर्म शास्त्र के विना जिसका व्यवहार प्रसिद्ध नहीं हुआ २ विना नीति के ३ धन नहीं लिया. सुपात्र ब्राह्मण के विना दान नहीं दिया, विष्णु और शिव के विना ध्यान नहीं किया, उचित समय के विना ४ मैथुन नहीं किया, नीति की सलाह के विना शत्रुको नहीं मारा. विना स्नान किये ५ वेद का पाठ नहीं किया, विना ६ रचना [व्यूह] के भयंकर युद्ध नहीं किया ॥३९॥ ७ कृपा ८ जाने से पहिले ही ९ जनाने को १० नगर ११ बहादुर गढ नामक १२ जनाना के साथ १३ ब्राह्मण गंगाराम का सेवन किया ॥४०॥ १४ अपार बुद्धिवाला १५ यज्ञ ॥ ४१ ॥ १६ ग्राम ॥ ४२ ॥ १७ समयचतुर

रचत दौर[1] मरहट्ठ लूट मंडत चम्मलि लग ॥
जो भेजहु बल[2] बित्त[3] प्रबल हम लरहिं[4] मंडि पग ॥
सुनि साह पुच्छि सचिवन सबन उचित मंत्र यह उच्चरहु ॥
कथ तांव खानदौरां कहिय कहत कुम्म जिम तिम करहु ।४३।

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे महाराणासंग्रामसिंहजावदनामनगरधाटीपतनोदन्तश्रवणसमकालससैन्यजयसिंहोदयपुरगमन १ महाराणासकाशाज्जयसिंहरामपुरप्रापण २ दत्तकपुत्रबुन्दीदानबुधसिंहलेखविषयसाक्षीकृतमहाराणाजयसिंहजयपुरागमन ३ जयसिंहगुरुरत्नाकरप्रशंसया सह महाराजजयसिंहप्रशंसावर्णनमष्टाविंशो मयूखः ॥ २८ ॥

आदितः षट्षष्ट्युत्तरद्विशततमः ॥ २६६ ॥

[दोहा]

इत कोटापति नृप उमँडि, संभर[5] दुज्जनसल्ल ॥
पायो कुम्म[6] जु रामपुर, हठि लुट्यो रन हल्ल ॥ १ ॥

पादाकुलकम् ॥

पंच अठ्ठ मुनि ससि१७८५सम्मित सक, इक बिग्ग्रह कोटा हुव ओचक

---

१ दौड़ अथवा फैलाव २ सेना ३ धन ४ लड़ैं ॥ ४३ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बूंदीके भूपति बुधसिंहके चरित्र में महाराणा संग्रामसिंह के जावद नामक पुर में धाड़ा पड़नेकी खबर सुनने से सेना सहित जयसिंह का उदयपुर जाना १ महाराणा से राजा जयसिंह का रामपुरा पाना २ दत्तक पुत्र को बूंदी देने के बुधसिंह के लेख पर जयसिंह का महाराणा की साक्षी कराकर जयपुर आना ३ जयसिंह के गुरु रत्नाकर की प्रशंसा के साथ महाराजा जयसिंह की प्रशंसा के वर्णन का अठाईसवां २८ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ छासठ २६६ मयूख हुए ॥

५ चहुवाण ६ जयसिंह ने राणा संग्रामसिंह से पाया वह ॥ १ ॥

मेवाउत हड्डा भट *छित्वर, प्रबल सिपाह बहयो छक उप्पर ॥२॥
महाराव भट यहै मत्त मन, घंटीपति राउत †गव्व घन ॥
कछुक बत्त उप्पर वह कोप्यो, लज्ज रु स्वामिधरम सब लोप्यो॥३॥
करउर अग्ग लख्यो जो रनकरि, तिहिं कबंध जयसिंहहिं ‡संहरि॥
रत्ति निकसि हड्डा सु वडेरय, रामपुरप संग्राम सरन गय ॥ ४ ॥
कोटापति सुनि एह कहाई, सरन न रक्खहु चोर सहाई ॥
चंद्राउत सु सुनी न धरी चित, तब धकि[1] दुज्जनसल्ल वढयो तित॥५॥

हरिगीतम् ॥

करि हल्ल दुरजनसल्ल नृप तब रामपुर पर उप्पर्यो ॥
बजि नै[2]द्द मैं[3]दल हद्द सै[4]द्दल भै[5]द्द बद्दल ज्यौं भर्यो ॥
उडि केतु दंति[6]न पंति पंतिन सिंधु तंतिन[7] लग्गये ॥
नखरा[8]ल चा[9]लन बाजि जाल[10]नं ज्वाल ना[11]लन जग्गये ॥६॥
ठननंकि घंटन घोर त्यौं रननंकि कोचै[12]नकी करी ॥
सननंकि सै[13]त्तिन नाल सास झनंकि पक्खर झल्लरी ॥
बिरुदै[14]तें वीर पटै[15]तें कइ कै[16]मनैत सज्जित संक्र[17]मे ॥

*छीतरसिंह ॥ २ ॥ †बहुत गर्व से ॥ ३ ॥ ‡मारकर॥४॥ १क्रोध करके उधर बढा
॥ ५ ॥ तब राजा दुर्जनशाल हल्ला करके रामपुरा के ऊपर उठा जब २ भादवा
के भरे हुए मेघ के समान ४ पूर्ण शब्दायमान होकर ३ मर्दल [ज्यों मृदंग के
आकार 'मादल' नाम से वाद्यविशेष प्रसिद्ध है] का २ शब्द हुआ ६ हाथियों
पर ध्वजा की अनेक पंक्तियें उडकर ७ तांत के बाजों पर सिंधवी [बड़ाराग]
रागनी लगी ८ नखरावाली ९ चालों से घोड़ों के १० समूह की ११ नालों
[खुरतालों] से * अग्नि जगी ॥ ६ ॥ हाथियों के घंट और १२ कवचों की क-
ड़ियें बजीं १३ घोड़ों के नाकों (फुरणों) से श्वास बजकर झालरों के समान
पाखरें बजीं १४ विरुदाये (स्तुति किये) हुए कितने ही १५ पटा फैंकनेवाले
वीर और कितने ही १६ कमानवाले [धनुषधारी] सज्जित होकर १७ चले

* अग्नि शब्द पुल्लिंग है परन्तु लोकरूढी से जहां तहां हमने स्त्रीलिंग लिखा है जिसको अशुद्ध नहीं
जानना चाहिये, इसीप्रकार देवता और दोहा आदि कितने ही स्त्रीलिंग शब्दों को लोकरूढी के कारण
पुल्लिंग करके लिखे हैं उनको भी शुद्ध ही जानें क्योंकि "यद्यपि शुद्धं लोकविरुद्धं नो करणीयं नाचरणीय-
म्" यह प्राचीनों का मत है सो ही समीचीन है ॥

रन सैंनं[1] लखि लगि लैंनं[2] के गनं[3] गैनं[4] गिद्धनके भ्रमे ॥७॥
डगमग्गि अद्रिन कूट[5] तूटत सेतु सागर लुप्पयो ॥
दर[6] छिट्ठिदै भुव पिट्ठि कच्छप निट्ठि निट्ठिन रुप्पयो ॥
नउबत्ति नादनं[7] बीर बादनं[8] छोनि[9] छादन वित्थरयो ॥
जिम भद्द संबरं[10] धूलि डंबरं[11] एम अंबर उच्छरयो ॥ ८ ॥
फटकारि सुंडिन मत्त गै नभ घत्त पच्छिन के करैं ॥
जिन मैंन[12] पव्वय प्रान गंव्वय[13] दान निज्झर[14] निज्झरैं ॥
असवार तोंकें[15] तुखार के भट चक्रचारं[16] फिरावहीं ॥
अबलों सु सिक्खत पौंनं[17] पै वह गौंन रंचन आवहीं ॥ ९ ॥
तिन धार[18] मार भैयार[19] भार हजार भोगप[20] जंक्यो[21] ॥
खुरतार अंग्रन[22] भुम्मि फूटत ज्यों उदुंबरं[23] पक्यो ॥
[24]खुरली सु खिल्हत बीर के मुरली[25] सु सिंधुव उच्चरैं ॥

---

१ युद्ध करनेवाली सेना को देखकर ग्रीधनियों के ३ समूह की २ पंक्तियें लगकर ४आकाश में भ्रमने उड़ने)लगीं ॥७॥ पर्वत हिलकर ५ शिखर तूटनेलगे और समुद्र ने मर्यादा छोडी ६भय की दृष्टि देकर भूमि को पीठ पर लियेहुए कच्छप कठिनाई से खड़ा रहा ७ नोबतों के शब्द ८ वीरों के वचन ९ भूमि को ढकनेवाले होकर फैले १० भादवे की मेघधारा "यहां शम्बर शब्द सामान्य जल का वाचक है परंतु भाद्रपद के योग से मेघधारा का ग्रहण है" के समान धूल [रज] का ११ आडंबर होकर आकाश में उछला ॥ ८ ॥ मस्त हाथी सुंडों को फटकार कर आकाश में कितने ही पक्षियों की घात करते हैं १३ बल के गर्ववाले जिन हाथियों का १२ प्रमाण पर्वतों के समान है उनके दाण (मदधारा) १४ झरणा के समान झरता है कितने ही घोड़ों को १५ बागों में उठाकर वीर १६ चक्र के चलने के समान [गोलकुंडा] फिराते हैं उस गति को १७ पवन अब तक सीखता है "पवन वात्या(वघूल्या)होकर गोलाकार फिरता है सो मानों इसीकी नकल करता है" परन्तु गति कुछ भी नहीं आती ॥९॥ १८ उन घोड़ों की गति [दौड़] की मारके १९ भयंकर भार से हजार २०फणों का पति[शेषनाग]२१ गिरा. उन घोड़ों की खुरतालों के२२अग्र भाग से पके हुए २३ ऊमर वृक्ष के फल की भांति भूमि फटी कितने ही वीर २४ शस्त्राभ्यास के खेल खेलते हैं और २५वंसियों में बडे राग का उच्चार करते

किलकारि जुग्गिनि संग ठेहैं हलकारि भैरव हुंकरैं ॥१०॥
भट भीमलों निज सीमतैं सुत भीम यों चढि संचरयो ॥
लिय घेरि दुग्ग सु रामपुर दल फेरि संगर बित्थरयो ॥
लगि अग्गि तोपन काल कोपन नैर लोपन मंडयो ॥
खगि गोख जालन सौंध सालन दुग्ग गोलन खंडयो ॥११॥
जरि हट्ट पट्टन बट्ट बट्टन धूम धोरनि धुंधरे ॥
दुरि ओक ओकन सोक के पुरलोक संसयमैं परे ॥
प्रांकार गिरि गिरि जात कहुँ छिकि बप्र कपिसिरैं उच्छटैं ॥
कहुँ फुट्टि खोमन तोम गिरि परिखान पूरि सु उप्पटैं ॥१२॥
दगि दाव तुट्टि लदाव मंडप ग्रैव गिद्धनि ज्यों चढैं ॥
प्रासाद पत्थर सोर सत्थरैं ठेहैं थरत्थर के कढैं ॥
छकि छिन्न तोपन छूट के परिकूट गोपुरतें गिरैं ॥
फुलिंग फालन जग्गि ज्वालन चित्रसालन के किरैं ॥१३॥

हैं, किलकार करके योगनियें साथ होती हैं और वीरों को ललकार कर भैरव हुंकार करते हैं ॥ १० ॥ १ भीमसेन के समान वीर होकर अपनी सीमा से महाराव भीमसिंह का पुत्र चढ कर २ चला ३ सेना का घेरा लगा कर ४ युद्ध फैलाया ६ काल के कोप के समान तोपों से ५ अग्नि लगा कर नगर का नाश रचा और गोले लग कर झरोखे, जालियें ७ महल और शालाओं को गिराई ॥ ११ ॥ हाटों में वस्त्र जल कर मार्ग मार्ग में धुवां की धोर से अंधेरा होगया शोक के साथ ८ घरों घरों में छुप कर पुर के लोग ९ जीवन के संदेह में पड़गये कि जीवित रहेंगे या नहीं १० छोटा कोट गिरता है और कहीं पर ११ बडा कोट छिक कर १२ कांगरे उछटते हैं 'जो कोट बीस हाथ से नीचा होवे उसको प्राकार और इससे बडा होवे उसको वप्र कहते हैं और मतांतर से धूल कोट का नाम भी वप है' कहीं पर १३ बुरजों के १४ समूह गिर कर १५ खाइयों को पूरण करके उफलते हैं ॥ १२ ॥ अग्नि लग कर लदाव और मंडप (गुंमज) टूट कर उनके १६ पत्थर गीधनियों के समान आकाश में चढते हैं और १७ बारूद के साथ धुज कर महलों के पत्थर निकलते हैं, तोपों से कट कर १८ नगर के द्वारों से छूट कर उन के शिखर गिरते हैं और अग्नि लग कर १९ अग्निकण उडने से कितनी ही चित्रशालियें गिरती हैं ॥ १३ ॥

छहरात गोलन थंभ के थहरात छत्रिन छुट्टिकैं ॥
छिकि जात छप्पर छज्ज के टिकि जात टप्पर तुट्टिकैं ॥
अंगार छार अगार द्वार बजार बीथिन उच्छरैं ॥
न रहें निवानन छिज्जि नीर समीर ग्रीखमलौं सरैं । १४ ।
जरि जात पर परि जात गिद्धनि डोरि तुट्टत चंगज्यों ॥
झरिजात झंडन दंड के गिरिजात केकिय भंगज्यों ॥
धकि धाम धामन धुम्मतैं पुररामें बिब्भल कुक्कयो ॥
इम हल्ल दुरजनसल्ल करि हरवल्ल झेल्लन[11] झुक्कयो ॥ १५ ॥
दै दै निसैनिन बीर के हमगीर अट्टनपैं[12] चढे ॥
के दोरि अररन[13] तोरि अग्गलैं[14] पोरि मग्ग लगे बढे ॥
वह हड्ड छित्वर आय चैत्वर[15] धीर धारनमैं धर्यो ॥
करि जंग कछु बिधि झारि खग्ग सु फारि फोजहिं निक्खर्यो १६
संग्राम नृप यह काम[16] सुनि तब रामपुर तजि भज्जयो ॥
इत जित्ति दुरजनसल्ल हत्तन[17] लुट्टि पत्तन[18] गज्जयो ॥
बरजोर कूरमभोर[19] कौं गिनि भीति मानससौं[20] भिरी ॥
जयसिंह वह लिय रानसौं इम आन अप्पन नाँ फिरी ।१७।

१गोलोंके गिरने[बरसने]से छतरियोंके थंभ धूज कर छूटते हैं, कितने ही छपरे और छाजे छिकते हैं और कितने २ टापरे टूट कर ठहरजाते हैं दरवाजों के बाहर बजार में और ४ गलियों में अंगार और ३ भस्म उडती है निवाणों में छीज कर पानी नहीं रहा और ग्रीष्मऋतु के समान (गरम) ५ पवन ६ चलने लगा ॥ १४ ॥ जैसे डोरी टूट कर ७ पतंग [कनकव्वा] गिरै तैसे पंख जल कर ग्रीधनियें गिरती हैं कितने ही ध्वजाओं के दंड जल कर ऐसे गिरते हैं जैसे मरेहुए ८ मयूर ऊपर से गिरैं ९ घर घर जल कर धुवां से घबराया हुआ १०रामपुर कूका इसप्रकार दुर्जनशाल हल्ला करके सेना के अग्रभाग को ११ झेलने को बढ़ा॥१५॥१२बुरजों पर चढे और कितने ही १३ कँवाड़ों को और १४ आगळों (अर्गला, भागळ) को तोड़ कर द्वार के मार्ग लग कर बढ़े वह हाडा छीतरसिंह १५ चौक में आकर ॥ १६ ॥ १६ छीतरसिंह के निकलजाने का कार्य सुन कर १७ हाथों से १८ नगर को लूट कर १९ कछवाहों के पति (जयसिंह) को बलवान जानकर २० मन में भय हुआ [डरा] ॥ १७ ॥

(दोहा)

कोटापति नहिँ अमल किय, कूरम नृप भय भार ॥
लुट्टि रामपुर *जाम लग, आयउ अप्प 'अगार ॥ १८ ॥

[षट्पात्]

चंद्राउत सीसोद नृपति संग्रामसिंह इत ॥
पुर बिंझोली आय रह्यो चिंतत प्रपंच चित ॥
मातुल[1] हो परमार नाम बिक्रम बिंझोली[2] ॥
इहिँ कारन[3] तँहँ आय खूब भज्जत कटि खोली ॥
धनकुमरि नाम जननीहु तस ही पीहर इम तत्थ रहि ॥
दिन कछु बिहाय[4] दिल्लिय गयो साहमुहुम्मद सरन गहि ।१९।

(दोहा)

कछु वसु[5] हुंडी नजरि करि, लिय निज भुम्मि लिखाय ॥
दिय कोटा आमेर हुव, बनि बनि पिसुन बताय ॥ २० ॥
कछु दिन रहि निज पुर कस्यों[6], पटा मुलक सब पाय ॥
सरँनि[7] मध्य जयसिंह सों, मास्यो चूक कराय ॥ २१ ॥

(षट्पात्)

तदनंतर[8] संक[9] बान वसु सत्रह१७८५ संबच्छर[10] ॥
अंमा[11] अह्न[12]गर्न पोस भयउ सुत पुनि कूरम घर ॥
रानाउति जाठरज[13] नाम माधव नृप नंदन ॥
सुनत खबरि जयसिंह भुम्मि मंडिय उच्छव घन ॥
दिय द्विजन दान रुप्पय अयुत१००००कथित[13] रीति जप जज्ञ करि ॥
सुत प्रसवकर्म[14] सज्जिय सकल आमनाय अनुसार[15] सँरि ।२२।

---

*एक पहर पर्यन्त 'घर ॥ १८ ॥ १मांमा २बींझोली नामक नगर में ३इसकारण ४बिता कर ॥ १९ ॥ ५ धन ॥ २० ॥ ६ चला ७ मार्ग में ॥ २१ ॥ ८ जिस पीछे ९ विक्रम के शक के १७८५ के वर्ष में १० अमावास्या के ११ दिन १२ उदर से उत्पन्न १३ कहीहुई रीति से १४ जातकर्म १५ वेद के अनुसार चलकर ॥२२॥

(दोहा)

कछवाही भ्रातहिँ कहिय, उदयनैर तुम *पत्त ॥
†भामजको संबंध भो, वा नहिँ अक्खहु ‡अत्त ॥ २३ ॥

॥ षट्पात् ॥

कहि कूरम तव कुप्पि §भ्राम कृत्रिम तिहिँ भाखत ॥
हमतैं ¶इम नहिँ होय बदहु पतितैं जु करहिँ बत ॥
कछवाही सुनि कहिय तुमहु कृत्रिम हम जानत ॥
बिजयसिंह मम अनुज¹ सत्य पै जग नहिँ मानत ॥
यह अक्खि अनुज कटिबंध² गहि खंजर³ खैंचन करिय कर ॥
झंझटि⁴ छुराय कूरम झटिति⁵ आयो बाहिर दै⁶ अरर ॥२४॥

दोहा ॥

कछवाही पिच्छैं⁷ निकसि, द्रुत⁸ निज सत्थ⁹ बुलाय ॥
चढि सपुत्र स्यंदन चली, स्वामी¹⁰ निकट रिसाय ॥ २५ ॥

(षट्पात)

जामिपै¹¹ प्रति जयसिंह तबहि चैर¹² भेजि कहाई ॥
पहुँचे सब तुम पास भलैं बिरचहु मनभाई ॥
हत्या देत जु हमहिँ ततो हम करहिँ लिखित तकि ॥
नतो अप्प गृह जाहु करहु चित चाह पाप पकि ॥
यह सुनत भूप पच्छी कहिय अप्प निवेरहु कलह यह ॥
हैं सदा लिखित अनुसार हम अवर न मन जानहु असह ।२६।
सुनत एह जयसिंह मुख्य मंत्रिय राजामल ॥
पठयो अक्खि प्रपंच लौन भानेज छन्न छल ॥

* गये सो † भानजे का ‡ यहां कहो ॥ २३ ॥ § बहिनोई [बुधसिंह] इसको करतवी कहते हैं ¶ इसप्रकार १ मेरा छोटा भाई २ कमरपंधा पकड़कर ३ शस्त्र विशेष ४ झिटका देकर ५ शीघ्र ६ किंवाड़ देकर बाहिर आगया ॥ २४ ॥ ७ पीछे ८ शीघ्र ९ अपने साथ को ९ पुत्र सहित रथ पर चढके १० बुधसिंह के पास ॥ २५ ॥ ११ बहिनोई बुधसिंह से १२ हलकारा भेजकर ॥ २६ ॥

तब खत्री तँहँ जाय कह्यो कारन रानी प्रति ॥
सुरझ्यो कलह समस्त *अनुज तुम पच्छ करिय अति ॥
कहिहो तँहाँहि सगपन करहिं बुंदीसहु नहिं अब [†]बिमन॥
करि लिखित दिन्न जयसिंह कर किन्न सबहि [१]उररीकरन ।२७।

पादाकुलकम् ॥

तब रानी नृप हिंतु [२]कहाई, [३]भानज निजहिं बुलावत भाई ॥
सुरझ्यो जो विग्रह हित सत्थहि, तो भेजहिं अप्पन सुत [४]तत्थहिं।२८।
तब बुंदीस कह्यो रानी प्रति, तुमरो अनुज [५]बलिष्ठ बढ्यो अति॥
इम सुरझी उरझी सुन [६]चिन्ही, अक्खी उन जिम तिम लिखि दिन्ही
यह सुनि जान्यौं साम भयो अब, समुझ्यो रानी द्रोह मिटयो सब॥
तबहि भवानीसिंह स्वीय सुत, [७]मातुल ढिग पठयो खत्री जुत।३०।
राजामल लै तिहिं तहँ आयो, कुम्भ सुता कँहँ इतन कहायो ॥
दुर्ग माँहिं इक दुर्ग भयंकर, नाम चिल्हटोला [८]काराघर ॥ ३१ ॥
तहँ चढाय बालक वह मार्यो, नृप [९]कूरम काहू न निवार्यो ॥
एह कुमार हमहु [१०]अनुमान्यौं, पै असत्य सत्य न पहिचान्यौं ॥३२॥
कुटिल [११]कुसील लखत कछवाही, इम हम मति कृत्रिम [१२]अवगाही
पुनि बुंदीस [१३]नष्ट मति पिक्खत, देखि हेतु अवरहु [१४]ऋत दिक्खत ३३
[१५]प्राचीनन यह कथ इम रक्खी, यातैं हमहु [१६]अनिश्चय अक्खी ॥

---

*तुम्हारे छोटे भाई [जयसिंह] ने तुम्हारा बहुत पच्छ किया † उदास १ अंगीकार [स्वीकार] ॥ २७ ॥ २ कुंभसिंह से मेरा भाई जयसिंह ३ अपने भानजे को बुलाता है ४ तहां ॥ २८ ॥ ५ बलवान् ६ नहीं देखा ॥ २९ ॥ ७ अपने पुत्र को मामा के पास राजामल खत्री सहित भेजा ॥ ३० ॥ ८ कैद [जेल]खाना ॥३१॥ ९ राजा जयसिंह को किसीने नहीं रोका १० ग्रन्थकर्ता (सूर्यमल्ल) कहते हैं कि इस कुमार के लिये हमने भी अनुमान किया ॥ ३२ ॥ ११ बुरे स्वभाववाला १२ कृत्रिमपन का ही थाह लिया अर्थात् कृतघ्नी ही जाना १३ नष्ट बुद्धिवाला १४ सत्य दीखता है ॥ ३३ ॥ १५ ख्याति लिखनेवाले प्राचीन लोगों ने इस कथा को इसीप्रकार रक्खी है ॥ ३४ ॥ १६ इसकारण हमने भी संदेहवा-

*सुत सुनि सूनु कैद लिय दाही, किन्नो कलह कुप्पि कछवाही ३४
पति सन कहिय हन्यौं तुम पुत्रहि, यातैं तजिहौं देह अमुत्रहि[1] ॥
इम कहि अन्न त्याग अवधारयो[2], व्याकुल नृप तब सोक बिचारयो ३५
मतिजड़[3] भूप कउल[4] निश्चित मन, नारिन नैंक उदास सहैं[5] नैन ॥
बिनयादिक करि कोप बहावैं, अंतर तबहि इष्ट सुख आवैं ।३६।
ललना[6] माल कहैं सु न लुप्पैं, करैं प्रनंति[7] जब जब कोउ कुप्पैं ॥
यह बुंदीपति सील अपूरब, तातैं करि करि प्रनति कही तब ३७
सत्रुन हत्थ तुमहि सौंप्यो सुत, अब क्यौं रिस हम कियउ कहा उत
कहिहो पुनि सोही हम करिहैं, असन लेहु इच्छित[8] अनुसरिहैं ३८
यह सुनि दिय रानी प्रतिउत्तर, कुमर सु[9] मम मंडहु यह कग्गर[10] ॥
तब नृप लिख्यो कलह दुख टारक[11], कछवाहीको एह कुमारक ३९
कलह उग्र रानी पुनि किन्नौं, निट्ठिनैं[12] अन्न दिनैंन[13] बिच लिन्नौं ॥
इत पुनि गरभ धरयो बुंदाउति, होवत जास जग्य जप आहुति ।४०।
इति १ छुति २ अन्त्यानुप्रासः ॥ १ ॥
अब तक्कत कूरम नृप याकैंहूँ, कल सुत होय मंगिहौं ताकैंहूँ ॥
कुमर भयें जामिजै गति कैंहौं[14], दुहिता[15] जो स्वसुतहिं तो दैहौं ।४१।

॥ चौपाई ॥

कूरम इम हेरत जानि काल[16], रक्खे भट जामिकँ[17] रक्खवाल ॥
बुधसिंह रहे हेरत जे घेरि, नृप[18] सुत लोभ लयो मन फेरि ।४२।

ली ही रक्खी है * अपने पुत्र को कैद सुनकर ॥ १ परलोक के अर्थ २ धारण किये ॥ ३५ ॥ ३ मूर्ख बुद्धिवाला ४ वाममार्ग में मन का निश्चय करनेवाला ५ नहीं चाहता ॥ ३६ ॥ ६ स्त्रीमात्र ७ विशेष नम्रता ॥ ३७ ॥ ८ तुम्हारा चाहा हुआ करेंगे ॥ ३८ ॥ ९ यह कुमर मेरा था १० यह पत्र लिख दो ११ टालने [मिटाने] वाली ॥ ३९ ॥ १२ कठिनता से १३ कई दिनों में ॥ ४० ॥ १४ आपकी सी गति हुई सो ही करूंगा अर्थात् मार डालूंगा १५ बेटी हुई तो अपने बेटे ईश्वरीसिंह को परणाऊंगा ॥ ४१ ॥ १६ बालक जन्मने के समय को १७ पहरायत १८ बुधसिंह ने पुत्र के लोभ से जयसिंह से मन फेर लिया॥४२॥

[षट्पात्]

तदनु ईश्वरीसिंह सुपहु जपसिंह पट्ट सुत ॥
रान कुमर जगतेसे सुता व्याह्यो हित संजुत ॥
सर बसु सत्रह१७८५ साल माघ सितै लगन मिलायो ॥
जबहि उदैपुर जाय उचित उपयम करि आयो ॥
इत दक्खि मुलक्क मालव कियउ मरहट्टन मंडू अमल ॥
आजलौं दूर सुनते इनहिं प्रबिसन अब लग्गे प्रबल ।४३।

दोहा ॥

रन अवरंगाबाद रचि, पहिलैं कटक प्रचारि ॥
दयाबहादुर बिप्र वह, सूबापति लिय मारि ॥ ४४ ॥

(षट्पात्)

इहिं द्विज दिल्लिय अग्ग भेटि हिंदुन दुख दिन्नौं ॥
साह हुकम पुनि पाय कुंच दक्खिन सिर किन्नौं ॥
तीन अयुत३०००० तुक्खार सुभट निज संग सिधारे ॥
सहँस बीस२०००००पुनि साह कँटक भट दिन्न करारे ॥
कोटा नरेस प्रति पत्र लिखि दुज्जनसल्लहु संग दिय ॥
इन जाय सरित रेवा उतरि कछुदिन पार मुकाम किय४५
कोटापति करि कपट तत्थ कछु काल बिहायो ॥
द्विज ढिग निज दल रक्खि अप्प कोटा चलि अयो ॥
उत अवरंगाबाद लुट्टि मरहट्ट चलाये ॥
द्विज त्रि३ बेर दल पिल्लि पिल्लि रंचक ठहराये ॥
अति जोर बढिय मरहट्ठ अरि तब द्विज सम्मुह झिल्लये ॥
पासक कृपान चोपरि प्रथितै खेत प्रान पन खिल्लये ।४६।

---

१ जिस पीछे २ राणा संग्रामसिंह के पुत्र जगतसिंह की पुत्री ३ शुदि ४ विवाह ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ ५ आगे ६ घोड़ों [सवार] ७ सेना ८ नर्मदा नदी ॥ ४५ ॥ ९ तहां कुछ समय बिताया १०अपनी सेना ११ब्राह्मण तीन वार सेना भेजकर १२ खड्ग रूपी पासों से युद्धक्षेत्र रूपी १३ प्रसिद्ध चोपड़ में १४ प्राणों का दाव

दयाबहादुर बीर बिप्र नागर सूबा पति ॥
खूब झारि रन खग्ग मारि बहु सत्रु महामति ॥
तिल तिल तेकन तुट्टि बिरचि अच्छरि लगबाँहीँ ॥
गंजि अरिन करि गरद मरद पत्तो दिवँ माँहीँ ॥
जिम जिम प्रमाद मिच्छन जगिय भोगेन जिम जिम भुल्लये ॥
तिम तिम कटाच्छ तिरछे बिरचि दिल्ली जारन बुल्लये ।४७।

(दोहा)

मारि द्विजहिँ मंडत अमल, रेवा लंघि रिसाय ॥
मरहट्ठन मालव लयो, उज्जइनी लग आय ॥ ४८ ॥
लै मंडू दसउर लियउ, निज निज थानाँ रक्खि ॥
सूबापति गुजरातको, सोहु मिल्यो हित सक्खि ॥ ४९ ॥
तबके आवत दक्खिनी, भुव दब्बत बरजोर ॥
अब कूरम कहि मुक्कल्यो, तजहु रामपुर मोर ॥ ५० ॥
जानि इनहु जयसिंहको, रामपुर सु दिय छोरि ॥
अवर देस उज्जैन लग, बढि बढि लिन्न बहोरि ॥ ५१ ॥
कूरम तब मुक्कलि कटक, अमल रामपुर किन्न ॥
मरहट्ठन सैन छन्न मिलि, दिल्ली सिर भरदिन्न ॥ ५२ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे कोटामहारावदुर्जनशल्यरामपुरलुण्टन १ रामपुरपलायितदिल्लीगतरावसंग्रामसिंहपुनारामपुरलेखन २ प्राप्तरा-

---

लगाकर खेला ॥ ४६ ॥ १ स्वर्ग में गया २ भोग भोगने में ३ कटाक्ष ॥ ४७ ॥ ॥ ४८ ॥ ४ हित की साक्षी [गवाही] से ॥ ४९ ॥ ५० ॥ ५ अन्य ॥ ५१ ॥ ६ सेना भेजकर ७ से ८ भार ॥ ५२ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सातवें राशि में बुंदी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में कोटा के महाराव दुर्जनशाल का रामपुर को लूटना १ रामपुरा से भागेहुए राव संग्रामसिंह का दिल्ली जाकर पीछा रामपुरा लिखाना २ जयपुर के राजा जयसिंह का रामपुरा पाकर पीछे आते हुए राव

मपुरप्रत्यागच्छज्जयपुराधीशजयसिंहस्य रावसंग्रामसिंहच्छलघात-
मारणं ३ जयसिंहकनिष्ठसूनुमाधवसिंहजननं ४ जयसिंहस्य स्व-
भागिनेयबुन्दीपट्टराजकुमारभवानीसिंहमारणं ५ जयसिंहपट्टकुमा-
रेश्वरीसिंहोदयपुरविवाहनं ६ गृहीतोज्जयनीकमहरट्ठदशपुरपुराव-
ध्याक्रमणवर्णनमेकोनत्रिंशो मयूखः ॥ २९ ॥

आदितः सप्तषष्ट्युत्तरद्विशततमः ॥ २६७ ॥

[दोहा]

अभयसिंह मरुईस इत, मरुधर राज जमाय ॥
स्वामिधरम बहि साहको, अतिजवै दिल्ली आय ॥ १ ॥
इत नृप कानीखोह रहि, तज्यो बचन गहि गाढ ॥
सक खट बसु सलह१७८६समय, आयउ अब आषाढ॥२॥

[पट्पात]

असित पक्ख आषाढ मास सनिवार चउद्दसि१४ ॥
चुंडाउति उर कुमर भयो दहमास जठर बसि ॥
धांलेयी नृप निकट उल्वँ सहितहि गहि आन्यौं ॥
बुल्ली नीति बिचारि जनन अवलग नहिं जान्यौं ॥
पै अब न छन्न रक्खन उचित कोउ न पुनि कहिहैं कुमर॥
॥ ३ ॥

पादाकुलकम् ॥

संग्रामसिंह को छलघात से मरवाना ३ जयसिंह के छोटे पुत्र माधवसिंह का जन्म होना ४ राजा जयसिंह का अपने भाणेज और बूंदी के पाटवी राजकुमार भवानीसिंह को मरवाना ५ जयसिंह के पाटवी पुत्र ईश्वरीसिंह का उदयपुर में विवाह होना ६ मरहठों का उज्जैण लेकर मंदसोर तक बढने का उनतीसवां मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ सड़सठ२६७मयूख हुए॥
१ धारण करके २ अत्यन्त शीघ्र ॥ १ ॥ २ ॥ ३ कृष्णपक्ष ४ दशमास उदर में वास करके ५ धाय की बेटी ६ नृपसिंह के समीप ७ आवल [जेर की थैली] सहित ८ अन्य मनुष्यों ने अथवा कुमर का जन्म अन्य लोगों ने नहीं जाना

अग्गैं जबहि *भीम हुडी भुव, †तनया तब सूरजकुमारि हुव ॥
रिपु[1]भयसौं सुत सुत करि राखी, भावतसिंह भय[2] सुत भाखी ॥ ४ ॥
जँहँ सुता[3]हिं सुत सुत कहि ठानैं, तिहिं पुनि सुता कहैं जग मानैं॥
सुत[4]हिं सुता[5] कहि कहि जहँ रक्खहिं, ताहि बहुरि कोउ न सुत अ[6]क्खहिं
हुव संतान सबन यह जान्यौं, पुत्री सुत अबहि न पहिचान्यौं ॥
पै[7] छन्नैं रक्खैं नहिं भल मत, ख्यात[8] कियैं कूरम[9] इहिं संगत ॥६॥
हमरी मति सु फुं[10]रत प्रकटावन, पुनि कहिहो सु करहिं किंक[11]रपन॥
धात्रेय[12] जु अनिरुद्ध नरेसह, देवकरन अभिधा[13]न हुतो वह ॥ ७ ॥
ताकी इहिं तन[14]चा धालेई, कोविद[15] नीति कही इम केई ॥
सुहि पुनि नाजर अमर सुनाई, वंटहु सुत भैं[16]व प्रकट बधाई ॥८॥
भावसिंह नृपको यह नाजर, वय नँय[17] वृद्ध[18] रु राजकाज बँर ॥
अग्गैं नृप अनिरुद्ध समय जब, अंतहपुर[19] कोउ बेलँ[20] चल्यो तब॥९॥
सिविका छोरि अपुव्व[21] सयानी, रथहि चढी राजाउति रानी ॥
चिकन ओट कछु लखत प्रपंचकैं[22]. वाहिर कढी अंगुली रंचकैं[23] ॥
कहि तब नाजर अमर करारी[24], छरी[25] तीन३ अंगुलि पर मारी ॥
उपालंभ[26] अनिरुद्ध भूप दिय, नाजर तबहि ओरि कर आक्खिय ११
दासी जन अंगुलि मैं मानी, रानी रथ आरूढ न जानी ॥

है ॥ ३ ॥ * कोटा के महाराव भीमसिंह ने † पुत्री १शत्रु के इस भय से कि अब इनके पीछे कोई पुत्र नहीं है इसकारण बूंदी को दबालेना चाहिये २.यह कह कर प्रसिद्ध किया कि भावतसिंह नामक पुत्र हुआ है ॥ ४ ॥ ३ जहां पुत्री को ही पुत्र पुत्र कहकर रखते हैं ४ तो पुत्र को ५ पुत्री कहकर रक्खेंगे तो ६ उसको फिर कोई पुत्र नहीं कहेगा ॥ ५ ॥ ७ परन्तु ८ प्रसिद्ध करने से ९ जयसिंह इसको मांगता है ॥ ६ ॥ १० हमारी बुद्धि प्रसिद्ध करने में ही चलती है ११ नौकरपन के कारन १२ धायभाई १३ नाम ॥ ७ ॥ १४ बेटी१५नीति चतुर ने कई वार्ता कही १६ पुत्र के जन्म की ॥ ८ ॥ १७ अवस्था और नीति दोनों में वृद्ध १८ श्रेष्ठ १९ जनाना २० किसी बाग में ॥ ९ ॥ २१ अपूर्व २२ शहर आदि की रचना देखने को २३ थोड़ी सी ॥ १० ॥ २४ करड़ी (कठिन) २५ छड़ी २६ ओलंभा ॥ ११ ॥

यातैं रही अंगुली अक्खय[1], नहिं तो लैतो कट्टि रीति नय[2] ॥ १२ ॥
अैसो तुंजक[3] हुतो वह नाजर, किन्नौं तिहिं यँहँ अरज जोरि कर
बुंदिय जो बारिधिं[4] बिच बोरहु, छन्नैं रक्खि ततो नय[5] छोरहु ॥१३॥

(षट्पात्)

सु[6] सुनि भूप बुंदीस कुमर जाहिर तब किन्नौं ॥
दुंदुभि[7] बज्जिग द्वार द्रव्य बिप्रन बहु दिन्नौं ॥
गणाकन[8] अरु नेवगिन[9] कुम्म नृपसौंहु कहाई ॥
सत१०० सत१०० रुप्पय सबन दई जयसिंह बधाई ॥
बुद्धहि[10] कहाय पठई बहुरि सौंपहुँ अब हम हत्थ सुव[11] ॥
गहि लिखित रीति लखि बंधुगन[12] धारहु अवरहि अंकै ध्रुव[13] १४

[दोहा]

कहि पठई बुधसिंह तब, पच्छी ब्याज[14] बिसास ॥
करन देहु जातक करम[15], पुनि भेजहिं तुम पास ॥ १५ ॥

(षट्पात्)

जातकरम सब करिय तनय उच्छव[16] तदनंतर[17] ॥
सुन्यौं कुमर संसार नाम उम्मेदसिंह बर ॥
बहुरि कुम्म इक बनिक[18] सचिव पठयो हीरामल्ल ॥
कह्यो देहु मुहिं कुमर कोहिं[19] तब कियउ ख्यात[20] छल ॥
अक्खिय रिसाय बुंदिय अधिप पुत्रहु कहिं मंगे मिलत ॥

---

१ क्षय रहित २ न्याय की रीति से अंगुली काटलेता ॥ १२ ॥ ३ प्रबंधकर्ता (यह यावनी शब्द अनेकार्थ वाची है, जिसके अर्थ दबदबा शान शोकत प्रबन्धकर्ता आदि कई हैं) ४ समुद्र में डुबोना होवे तो ५ नीति ॥ १३ ॥ ६ सो ७ नगारे बजे ८ ज्योतिषियों और ९ नेग·पानेवालों ने जयसिंह से भी १० बुधसिंह का ११ सुत [पुत्र] १२ लिखावट की रीति से भाइयों के समूह में से १३ निश्चय किसीको गोद रखलो ॥ १४ ॥ १४ छल से विश्वास देकर कहलाई १५ जन्म समय के वेद विहित कार्य ॥ १५ ॥ १६ पुत्र के उत्सव का १७ जिस पीछे १८ बनिया १९ क्रोध करके २० प्रसिद्ध

बरजोर लेहु हो तुम प्रबल हम रन इच्छत[1] खग्ग[2] हत ।१६।
सुनत एह जयसिंह चप्पि कर मुच्छ रिसायो ॥
पन्नग पय दब्बयो[3] किं[4] छुधित सद्दूल खिजायो[5] ॥
तमकि[6] भूप ततकाल[7] सचिव राजामल्ल हुल्ल्यो[8] ॥
कह्यो कहा करतव्य[9] खिज्जि अब उन छल खुल्ल्यो ॥
करि उचित लेहु खत्री कहिय गृहवासिन[10] इन हनहु नन[11] ॥
इच्छित[12] हिं राज बुंदिय अरपि प्रथित[13] निवाहहु लिखित पन[14] १७॥

(दोहा)

तब छित्वर[15] प्रति ढुंढगढ, कुम्म लिख्यो यह चाहि ॥
देवसिंह भेजहु कुमर, बुंदी अप्पहिं ताहि ॥ १८ ॥
प्रथम राज तुमको मिलत, जो यह तुमहिं रुचै न ॥
तो हम अवरहिं अप्पिहैं, वदहु न पिच्छैं बैन ॥ १९ ॥
छित्वरसिंहहु तबहि लिखि, पठई कूरम गेह ॥
हम किंकर बुंदीसके, अनुचित करहिं न एह ॥ २० ॥
अवरहु गोपीनाथ कुल, नटयो अनुक्रम पाय ॥
बुंदीतैं[16] कूरम तबहि, सालम लिन्न बुलाय ॥ २१ ॥
कह्यो धरहु तुमरो कुमर, बुंदी गद्दिय बीर ॥
लखहु एह जामिर्प[18] लिखित, हम सहाय हमगीर ॥ २२ ॥
सठ सालम यह लोभ सुनि, बुल्ल्यो[19] कुमर प्रताप ॥

---

१ युद्ध करना चाहते हैं २ तरवार मारकर ॥ १६ ॥ ३ सर्प को पैर से दबाया ४ किंवा ५ भूखे सिंह को क्रोधित किया ६ क्रोध करके ७ तुरन्त ८ बुलाया ९ क्या करना चाहिये १० अपने घर में वास किये छत्रों को ११ मारो मत "यहां अधिक निषेध-के लिये दो नकारों का प्रयोग है सो अन्य स्थानों में भी जहां 'नन' शब्द आवै वहां अधिक निषेध समझना चाहिये" १२ चाहे जिस को बून्दी का राज्य देकर १३ प्रसिद्ध लेख [लिखावट] की १४ प्रतिज्ञा निबाहो ॥ १७ ॥ १५ छीतरसिंह के नाम १६ जयसिंह ने ॥ १८ ॥ १९ ॥ २० ॥ १७ सालमसिंह को ॥२१॥ १८ बहिनोई [बुधसिंह] की लिखावट ॥२२॥ १९ बुलाया

नय बिचारि सोहू नट्यो, उच्चरि दुरित[1] अमाप ॥ २३ ॥
जड़ सालम बुल्ल्यो जबहि, मध्यम कुमर दलेल[2] ॥
करउरतैं आयो कुटिल, मन इच्छित लहि मेल ॥ २४ ॥
अभयसिंह इत मरुअधिप, बखसि साह[3] बसु जात,
सरबुलंद सिर मुक्कल्यो, दै सूबा गुजरात ॥ २५ ॥
दिल्लीतैं मारव[4] नृपहु, आयो जैपुर[5] अत्थ ॥
बरखनलग[6] जैपुर बस्यो, हो जयसिंहहु तत्थ ॥ २६ ॥
तब दरकुंचन आय तँहँ, मरुपति दिन्न मिलान[7] ॥
इहिँ सुनि कार्नीखोहतैं, चढि आयो चहुवान ॥ २७ ॥
मरुपतिसौं अति हेत मिलि, कहि सब लिखिन कुकाम[8] ॥
जयनिवास उपबन[9] निकट, किय बुंदीस मुकाम ॥ २८ ॥

मुक्तादाम ॥

मिले मरुभूप रु बुद्ध बिनोद, परस्पर डेरन आय प्रमोद ॥
सु हेरकरि गोठिन[10] जिम्मन साजि, दये लिय दोउन[11] बारन बाजि २९
मरू प्रभु डेरन कुम्महु आप, सुतापति[12] जानि मिल्यो सरसाप[13] ॥
कह्यो करि पावन जैपुर जेबँ[14], समालय[15] भोजन[16] कैं चलिये[17] बँ।३०।
कह्यो मरुभूपहु यौं सुनि तत्थ, चलैं हम बुद्ध बलापति[18] सत्थ ॥
ठगे इनकौं तुम जानि प्रमत्त, हमैं इनतैं हित हैयँ न अत्त[19]॥ ३१ ॥
यहै सुनि कूरम अक्खिय एह, चुक्यो मिलि जामिपतैं यहदेह[20] ॥
यहै कहि लै मरुभूपहिँ जाय, दई बिनु जामिपँ[21] गोठि जिमाय॥३२॥

---

१ पाप ॥ २३ ॥ २ दलेलसिंह को ॥ २४ ॥ ३ बादशाह ने धन का समूह देकर ॥२५॥ ४ मारवाड़ का राजा ५ यहां ६ कई वर्षों से वास किया हुआ ॥२६॥ ७ मुकाम ॥ २७ ॥ ८ जयसिंह को लिखावट कर देने का खोटा कार्य कह कर ९ बाग के समीप ॥ २८ ॥ १० गोठें ११ हाथी घोड़े ॥ २९ ॥ १२ अपनी पुत्री का पति जानकर १३ रस युक्त [प्रसन्न होकर] १४ शोभा १५ मेरे घर १६ भोजन करने पर १७ अब चलिये ॥ ३० ॥ १८ यह बुधसिंह का विशेषण है १९ त्याज्य नहीं है ॥ ३१ ॥ २० दहिनाई से यह देह मिल चुका अर्थात् अब कभी नहीं मिलसक्ता "यह काकु भाषा का कथन है" २१ बिना बुधसिंह के ॥३२॥

चल्यो लहि कूरम सिक्ख कबंध, बयो नृप बुद्धहि[1] फेरि प्रबंध ॥
रहो तुम कूरमकी यह जानि, कछू करिहै मम भद्र[2] प्रमानि ।३३।
सु तो सब गो तुमरी लिपि[3] संग, अबैं नँन[4] रक्खहु राज्य उमंग ॥
चलो मम सत्थहि जो चहुवान, ततो इन्है[5] ठिल्लहिँ लै तुम थान ३४
यहै हु न मन्निय बुंदिय ईस, रची मरुभूपतिहू कछु रीस ॥
क्रम्यौं[6] करि कुंचन धँन्व कबंध, रच्यो धर[7] गुज्जर[8] लैन प्रबंध।३५।
इतैं सठ[9] संभरै मोह[10] अरोहैं, क्रम्यौं निज डेरन कानियखोह ॥
दई पुनि बुद्धहिँ कुंभ[11] कहाय, भयो सुत औरस सौंपहु भाय[12]।३६।
रु लै सुत सालम[13] अंक दलेलैं[14], मनौं इहिँ पुत्र गिनौं जहि मेल ॥
न मन्निय फेरिहु बुंदिय नाह, कुप्यो गहि मुच्छ तबै कछवाह ३७
दलेल बुलायउ सालम नंद, मिल्यो नृप कूरम प्रीति अमंद[15] ॥
बरब्बर गद्दिय पैं बइठारि, कह्यो तुम बुंदिय भूप हँकारि[16] ॥३८॥
अबैं तुमकौं दुहिता हम अप्पि, थिरौं[17] निज भुग्गन भेजहि थप्पि।
बिराजहु बुंदिय गद्दिय जाय, सबै हम रौंन[18] समेत सहाय ॥३९॥
रह्यो अभिसेक सुतो लहि कौल[19], सबै सधिहै पुनि सत्रुनसाल।
यहै कहि सालमसिंह बुलाय, प्रबोधित[20] बुंदिय दिन्न पठाय ।४०।
कह्यो बुधसिंहहिँ आन न देहु, सबै तस राज्य रजू करिलेहु ॥
सज्यो तब सालम बुंदिय सीस, हरांम[21] तजी नय धर्म हदीसें[22] ४१

(दोहा)

---

१ बुधसिंह से कहा २ कल्याण ॥ ३३ ॥ ३ लिखावट के साथ ४ नहीं ५ जयसिंह को हटाकर ॥ ३४ ॥ ६ चला ७ मारवाड़ में ८ गुजरात की भूमि लेने का ॥ ३५ ॥ ९ बुधसिंह १० अज्ञान [भूल] पर सवार होकर ११ जजसिंह ने कहलाया १२ लिखावट की रीति पूर्वक ॥ ३६ ॥ १३ सालमसिंह के पुत्र १४ दलेलसिंह को गोद लेकर पुत्र मान कर रहो ॥ ३७ ॥ १५ बहुत प्रीति से १६ ललकार करके कहा ॥ ३८ ॥ १७ अपनी [बुन्दी की] भूमि भोगने को १८ उदयपुर के राणा सहित ॥ ३९ ॥ १९ समय पाकर २० समझाकर ॥४०॥ २१ उस हरामी ने नीति और धर्म की २२ सीमा [मर्यादा] छोड दी ॥ ४१ ॥

यह सुनि कानीखोहतैं, बुद्ध नरेसहिँ छोरि ॥
मुरि मुरि सालममैं मिले, बहु भट सचिव बहोरि ॥ ४२ ॥

पद्धतिका ॥

इक बनिक नाम बानाँ[1]अधर्म, किय मुख्य सचिव जोरत कुकर्म
यह जोधराज *जामिज अनीति, पलट्यो सठ सालमपैं सप्रीति ४३
सुखराम[2]नाम कायस्थ स्वान, भरि लोभ चोधरी उदयभान[3] ॥
नागर द्विज इक जगदीस[4]नाम, हड्डा पुनि क्षितुव[5]हुव हराम ४४
भट अनर्घ पुंज हड्डा भवान[6], थित नैर दुघारी जास थान ॥
पुनि धाइभ्रात सुभराम पाप, मुरि कियउ दुष्ट सालम मिलाप४५
अरु सठ अलोदपुर पति अमान, मातुल सु महारामाभिधान[7] ॥
इत्यादि सचिव भट सठ अनेक, टरि टरि सालम बिच गय सटेक ४६
इत किय प्रपंच कछवाह राय, दिल्ली सु अरज पठई लिखाय ॥
बुंदीस बुद्ध आलस बहंत, चित अब न साह सेवन चहंत ॥४७॥
नहिँ पुत्र[3] आहि इनके निकेत[4], तसमात[5] भ्रातजहिँ[6] राज्य देत ॥
मुहुकम्म वंस सालम अठेल, बर कुमर तास मध्यम दलेल ।४८।
अति गुन प्रपंच रन पटु उदार, बिक्रांत[7] सुभग बर मति बिचार ॥
बुंदीस राज्य अब देत ताहि, अरु मरुप रान हम मतिहु[8] आहि४९
तसमात[9] पटा मुद्रित[10] कराय, मम निकट देहु हजरत पठाय ॥
सुनि साह मुहुम्मद अरज एह, लिखवाय पटा पठये सनेह ।५०।
बुंदिय दलेलसिंहहिँ समप्पि, बुधसिंह पट्ट इहिँ देहु थप्पि ॥
तुम जाहु कुम्म[11] मालव सु देस, आवत गिनीमँ[12] रोकहु असेस ५१
पठये हम रूप्पय त्रि ससि१३००००० लक्ख, इन बल अनीकं[13] बिरच-

*भानजा ॥४३॥ ४४ ॥ १ अनीति का समूह ॥ ४५ ॥ २ नाम ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ ३ है ४ घर में ५ इसकारण से ६ भतीजे को ॥ ४८ ॥ ७ वीर ८ मेरी सलाह भी है ॥ ४९ ॥ ९ इसकारण से १० छाप कराकर ॥ ५० ॥ ११ हे जयसिंह १२ सब शत्रुओं को ॥ ५१ ॥ १३ सेना

हु अपक्ख[1] ॥
उज्जैन वार आवन न देहु, लागि पिट्ठि समस्तन मारि लेहु॥५२॥
कूरम नरेस तव भुज भरोस, हैं हम निचिंत अति मुदित होस ॥
इम लिखि पठाय फरमान साह, कछवाह बंचि मंडिय उछाह॥५३॥

॥ षट्पात् ॥

बंचि साह फरमान हरखि जयसिंह महीपति ॥
रुप्पय तेरह१३लक्ख पाय मंडिग दल[2] दुम्मति[3] ॥
मनतैं मिलि दक्खिनिन अक्खि उप्पर साहायस[4] ॥
किय मालव पर कुंच लुत्थि[5] आमिखं जिम वायस[6] ॥
संगहि दलेल सालम सुवन लै मंडिग दक्खिन चलन ॥
बुंदीस इत सु बिगरयो बिबिध मन्नि न उग्गन अत्थमन॥५४॥
किय बुंदीसँ[7] बिचार जान मालव सालक[8] जिय ॥
बिजयसिंह निज अनुज[9] कुम्म कारागृह[10] रुक्किय ॥
जाहि कहि बरजोर थिरहि जैपुर नृप थप्पहिँ ॥
करि फोजन एकत्त योंहि[11] दारिद अब अप्पहिँ ॥
यह किय प्रपंच बुधसिंह इत सो सब नृप जयसिंह सुनि॥
वह बिजयसिंह सोदर[12] अनुज पठयो हनि करि अनय[13] पुनि५५
ध्रमधार[14] जयसिंह करम अनुचित यह किन्नो ॥
बिजयसिंह हनि अनुज भेजि जामिपै[15] ढिग दिन्नो ॥

---

१ मरहठों का पक्ष नहीं करनेवाला ॥५२॥५३॥ २ सेना ३ दुर्मति (बादशाह से रुपये लेकर उसीके शत्रु मरहठों से मिलजाने के कारण यह विशेषण दिया है)४ बादशाह की आज्ञा ५ मांस के टुकड़े पर ६ काकपक्षी की भांति ॥ ५४ ॥ ७ बुधसिंह ने ८ अपने साले (जयसिंह) के मालवे में जाने के विचार से ९ जयसिंह ने अपने छोटे भाई विजयसिंह को १० कैद कर दिया था ११ जयसिंह को १२ सगे छोटे भाई को १३ अनीति करके मारकर बुधसिंह के पास भेजदिया ॥ ५५ ॥ १४ धर्म को धारण करनेवाले १५ बुधसिंह के पास

कहि पठई पुनि कुम्भ जामि भ्रात रु तव सालक ॥
आयउ यह मम ईस प्रथित ढुंढाहर पालक ॥
इहिं विधि कहाय वह निज अनुज कटक बुद्ध ढिग दगध किय॥
पुनि लिखि पठाय बुंदिय पुरहि प्रति सालम यह मंत्र प्रिय ।५६।

(दोहा)

हम जावत मालव पहुमि, मिलि रुक्कन मरहट्ठ ॥
बुंदिय धर तुम जतन बल, करि रक्खहु नहिं कट्ठ ॥५७॥
साह मुहुम्मद तुमहि सब, बुंदिय धर दिय बीर ॥
सठ बुद्धहिं देहु न धसन, हड्डन पति हमगीर ॥ ५८ ॥
सालम प्रति यह लखि सबल, लै निज संग दलेल ॥५९॥
मालव उप्पर उप्परयो, मरहट्ठन हिय मेल ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे बुधसिंहपुत्रोम्मेदसिंहजयसिंहयाचनं १ बुधसिंहकुलदाननिषेधबुधसिंहदत्तकीकृतकरवरपतिसालमसिंहमध्यात्मजदलेलसिंहार्थजयसिंहबुन्दीसमर्पणं २ प्रदत्तानल्पवित्तमरुधराधीशाभयसिंहयवनेन्द्रमुहुम्मदशाहाहमदाबादोपरिप्रस्थापनं ३ प्रेषितमा-

१ जयसिंह ने २ बहिन [कछवाही] का भाई और तुम्हारा साला ३ मेरा पति [जिसको तुम मेरा स्वामी बनाना चाहते थे वही] ४ प्रसिद्ध ढूंढाड़ देश की पालना करनेवाला ५ बुधसिंह की सेना के पास जलाया ६ यह प्यारा मंत्र ।५६॥ ७ कष्ट नहीं है अर्थात् बादशाह की आज्ञा मंगवा देने के कारण अब बूंदी की भूमि का यत्न करना कुछ कठिन नहीं है ॥ ५७ ॥५८॥ ८ सेना सहित ।५९ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में बूंदी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में बुधसिंह के पुत्र उम्मेदसिंह के जन्म होने पर उसको जयसिंह का मांगना १ पुत्र के देने से बुधसिंह के नांही करने पर करवर के पति सालमसिंह के मध्यम पुत्र दलेलसिंह को बुधसिंह की गोद रखकर राजा जयसिंह का उसको बूंदी देना २ मारवाड़ के राजा अभयसिंह को बहुत धन देकर बादशाह मुहम्मदशाह का अहमदाबाद भेजना राजा ३ जयसि-

र्थनापत्रजयसिंहदलेलसिंहार्थबुन्द्यधिकाराज्ञापत्रलेखन ४ मरहट्टवारणार्थोज्जयिनीप्रस्थातृजयसिंहस्य स्वानुजविजयसिंहमारणं त्रिंशो मयूखः ॥ ३० ॥

आदितोऽष्टषष्ट्युत्तरद्विशततमः ॥ २६८ ॥

दोहा ॥

सक खट बसु सत्रह१७८६समय, उर्ज्ज[1] मास[2] अवदात ॥
कूरम मालव कुंच किय, मनसिज[3] तिथि उमहात ॥१॥
सुता भनाय अधीसकी, बुंदिय पति लघु[4] वाम ॥
संगानैर समीप सो, ही असती[5] रु हराम ॥ २ ॥
सस्सू यह जयसिंह की, सुज्जकुमारि[6] प्रसूति ॥
पलटाई कूरम नृपति, अब नवीन रचि ऊँति[7] ॥ ३ ॥

पज्झटिका ॥

रट्ठोरि निकट जयसिंह राय, पहु[8] दिय दलेलसिंहहिं पठाय ॥
कहि यह सु पुत्र[9] तुमरो कुमार, इहिं गिनहु राज्य थंभन उदार ॥४॥
सुनि यह दलेल सन अति[10] कसूर, कहि पुत्र मिली रट्ठोरि कूर ॥
इम कूरम संगानैर आय, सैंरलू[11] पलटाई छल सहाय ॥ ५ ॥

ह का बादशाह को अरजी देकर दलेलसिंह के नाम पर बूंदी का फरमान मंगाना ४ मरहठों को रोकने के अर्थ उज्जैन जाते हुए राजा जयसिंह का अपने छोटे भाई कैदी विजयसिंह को मारने का तीसवां मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ अड़सठ २६८ मयूख हुए ॥

१ कार्तिक के २ शुक्ल पक्ष में ३ कामदेव की तिथि [ज्योतिषियों में त्रयोदशी तिथि का स्वामी कामदेव है] ॥ १ ॥ ४ बुधसिंह की छोटी स्त्री ५ कुलटा [यहां अत्यन्त कुलटा होने के कारण असती, और हराम एकार्थ वाची दो शब्दों का प्रयोग किया है] अथवा पति से विरुद्ध होने के कारण हराम पद दिया है तो यह अर्थ है कि वह कुलटा और स्वामी हरामी [अधर्मिणी] सांगनेर के समीप थी ॥ २ ॥ ६ सूर्यकुमारी जननेवाली ७ क्रीड़ा [नया खेल रचकर] ॥ ३ ॥ ८ राजा दलेलसिंह को भेजा ९ यह तुम्हारा धर्म पुत्र है ॥ ४ ॥ १० बडे अपराध सहित था तो भी ११ सासू को ॥ ५ ॥

इम दुव२दलेल कूरम *अमान, मिलि नैर निवाई दिय †मिलान॥
बुंदिय लिखि पठई पुनि बिचारि, सालम तुम मंडहु घर सम्हारि६
हम मिलन प्रथम आवहु हजूर, पुनि सुग्गहु बुंदिय ‡कटक पूर ॥
सुनि यह सठ सालम अनय साम, कूरम ढिग आयउ मिलन काम७
मिलि उभय२गाम फुड़वा मिलान, दिय कुम्म सालमहिं सिक्खदान
कहि जावहु बुंदिय तुम निसंक, अब तव कुमार सिर पट्ट[2]अंक८
इहिं लै हम मालव जात आज, सूबा अवंति रक्खन समाज ॥
सालम तुम जावहु गृह सधीर, बुद्धहि नन[3]प्रविसन देहु बीर ॥ ९ ॥
यह अक्खि सालमहिं सिक्ख अप्पि, मालव चलि कूरम कुंच सप्पि
दल [4]भरन भुम्मि फुट्टत दरारि, चंचल मतंग ह्लिय [5]चिंकारि ॥१०॥
वहि सज[6]वं तरारन लेत बाजि, उद्धत भट [7]लड़न कपट [8]आजि ॥
रचि इम दर[9]कुंचन कूर्मराज, कोटा धर संक्रमि प्रथित काज ॥११॥
नदि कुसक तीर परि दल अनंत, ढिल्लिसन फुट्टि गय यह [10]उदंत
कोटा नृप दुज्जनसल्ल कूर, हित सचिव दोय२पठये हजूर ॥ १२ ॥
नागर द्विज बेणीराम नाम, रन चतुर व्यास दौलत्तराम ॥
इम दुव पठाय कूरम अनीक[11], कोटेस रचिय[12]प्रनतिय कितीक १३

[षट्पात्]

कुसक छोरि पुनि कुंच करिय अग्गैं नृप कूरम ॥
सिंधु सरित[13] निवसथ[14] बड़ोद किय तँहँ मुकाम क्रम ॥
उज्जईनीके [15]अनुग गोड़१ उम्मट संभर[16] गन३ ॥
अरु कबंध४ कछवाह६ सुपहु खिच्चिय७सुनि सेवन ॥

*अमाप (अत्यन्त) †मुकाम॥६॥‡पूर्ण सेना से१अनीति का मिलाप करने को ॥७॥२बुन्दी के पाट का लेख॥८॥३बुधसिंह को कदापि मत घुसने देना ॥ ९ ॥ ४ सेना के भार से ५ चीत्कार शब्द [चीसली] करके ॥ १० ॥ ६ वेग सहित ७ सेना के उद्धत वीर मार्ग में कृत्रिम युद्ध करते जाते थे ८ चला ९ प्रसिद्ध कार्य के लिये ॥ ११ ॥ १० वृत्तान्त ॥ १२ ॥ ११ कछवाहे की सेना में १२ विशेष नम्रता ॥ १३ ॥ सिंधु नामक १३ नदी १४ ग्राम १५ सेवक १६ चहुवाण

सूबाधिनाथ कुम्भहिँ समुफ्फि नृप ये सब आयउ निकट ॥
सजि सजि मिलाप जयसिंह सन किय सासन लँखि सिर करट१४

(दोहा)

निज गढ सोपुर गोड़ नृप, उम्मट पट्टनि ईस ॥
कोटापति चंडासि कुल, संभरवार बलीस ॥ १५ ॥
गढँगघव बज्जंगगढ, ये खिच्चिय चहुवान ॥
नरउरपति कछवाह नृप, सुत गजसिंह सयान ॥ १६ ॥
पति ईडर रतलामपति, दुव रट्ठोर दलेस ॥
इत्यादिक उज्जैनके, आये अनुग असेस ॥ १७ ॥

(पादाकुलकम्)

सूबानुग नृप समय सयाने, मिलि जयसिंह सबहि सनमाने ॥
अरु कोटेस पटालय आयो, भीम जनकें भव सोक भुलायो।१८
जान्यौं दई दलेलहिँ बुंदिय, होय यहै इनकैं स्वीकृत हिय ॥
इम बिचारि कोटा अपनायउँ, बहु मुद डेरन जाय बढायउ ॥१९॥
जयहरि लै इम सबन बडे जैव, मंडुवपुर प्रबिस्यो धर मालव ॥
प्रकट दिखात साह किंकरपन, मिल्यो कितव अंतरें मरहट्ठन२०
कछुदिन समर व्याज तहँ कढ्ढि, बहुल पिक्खि दक्खिन दल बढ्ढे॥
लुंभि कटक अप्पन लुटवायो, मरहट्ठन कहँ बिजय मिलायो२१
कछु धन बसनँ निवेदन किन्ने, लोभ छन्न तिनके बचँ लिन्ने ॥

१सूबा का पति [स्वामी]२समीप३ने४जैसे अंकुश को५अपने मस्तक पर हाथी६ सहन करैं तैसे ॥ १४ ॥ ६ चहुवान ॥ १५ ॥ ७ राघवगढ ॥ १६ ॥ ८ सेना के ईश ९ सेवक ॥ १७ ॥ १० सूबा के साथ चलनेवाले ११ पिता भीमसिंह के मरने का शोक मिटाया ॥ १८ ॥ १२ कोटावालों को स्वीकार होजावे इसकारण १३ कोटे को अपना किया ॥ १९ ॥ १४ जयसिंह १५ शीघ्रता से १६ प्रवेश किया १७ छली १८ भीतर के मन से मरहठों से मिला हुआ था ॥ २० ॥ १९ युद्ध के मिष से २० बहुत देखकर २१ उस [जयसिंह] लोभी ने अथवा लोभ करके अपनी सेना को लुटवाई ॥ २१ ॥ २२ वस्त्र २३ वचन

ठहै कूरम इम साह हरामी, किय मरहट्ट मेल भुव *कामी॥२२॥

(दोहा)

†तदनंतर करि सिक्खगो, कोटापुर कोटेस ॥
अवर रहे हाजरि अखिल, नरउर आदि नरेस ॥ २३ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे जयसिंहकोटागमनपूर्वकोज्जयनीगमन १ मरहट्टपुरमरहट्टमिश्रितकपटिजयसिंहस्वानीकलुण्टनमेकत्रिंशो मयूखः ॥३१ ॥

आदित एकोनसप्तत्युत्तरद्विशततमः ॥ २६९ ॥

(षट्पात्)

इत बुंदिय ‡अवनीस चाहि §बुद्धह नृप चल्लिय ॥
कानीखोह मुकाम छोरि बुंदिय दिस छल्लिय ॥
रस बसु सत्रह१७८६संरत पाय अगहन सित पंचमि५ ॥
किय स्वदेसपर कुंच भुल्लि ज्यों मृगथल जल भ्रमि ॥
चट्ठग्गृ निवाई मग्ग चलि भगवतगढ भोरो रहिय ॥
इत सुनि उदंत सालमं यह सु बुंदियतजि सम्मुह बहिय।१।
उग्र बँधिक कछवाह समय सरधि रु सर साहस ॥
हढ गुन साह निदेस चाप चतुरंग रंगरसं ॥

---

* भूमि की कामनावाला ॥ २२ ॥ † जिसपीछे ॥ २३ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सातवें राशि में बुंदी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में राजा जयसिंह का कोटे होकर उज्जैण जाना १ मंहूपुर में मरहट्टों से मिलकर छली राजा जयसिंह का अपनी सेना को लुटवाने का इकतीसवां ३१ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ उनहत्तर २६९ मयूख हुए ॥

‡ बुन्दी का राजा § बुधसिंह १ उद्धता [बढा] २ सम्वत् ३ मृगतृष्णा के जल से भ्रम कर मृगस्थल म जावै जैसे ४ चाटन्नू ५ समाचार ६ सालमसिंह ॥१॥ जयसिंह तो उग्र ७ शिकारी और समय है सो ८ भाथा है जिसमें हठ है सो ही बाण है बादशाह की आज्ञा ही दृढ९ प्रत्यंचा है १०युद्ध के रसवाली सेना है

बन हड्डोतिय बिकट स्वान सालम दलेल सह ॥
लिखित बागुरा[1] लग्गि गाढ मत कुंडल[2] फंद ग्रह ॥
मुग्धपन अलस लहि मोह मन बुद्ध सु मंत्र बिबेक[3] बिन ॥
उनमत्त एँन[4] संभर अधिप इच्छत जल बुंदिय इरिनं[5] ॥ २ ॥

[दोहा]

सुनि इत आवत संभरहिं[6], बनि सालम बुंदीस ॥
लै दल सम्मुह उल्लटयो, स्वामि हराम सरीस[7] ॥ ३ ॥
लहि सीमा बुंदिय मुलक, अड्डो ठड्डो आय ॥
यह सुनि सठ बुंदिय अधिप[8], बाम मुरयो बिहसाय ॥ ४ ॥
जैतसिंह जाजव जयी[9], दिल्लिय रन असु[10] छिन्न ॥
तास देवसिंहह तनय, भकति स्वामि रस भिन्न[11] ॥
नगर पलोधा धाम निज, वैरिसल्ल भव बंस ॥
कुसथल पंचोलास पुनि, ये दुव पुर उत्तंस[12] ॥ ६ ॥
साह समप्पे संभरहि, चोवनगढ गहि बाँह ॥
कुसथल पंचोलास ए, उभय रइजाफों[13] माँहिं ॥ ७ ॥
तब संभर दिय जैत हित, कुसथल पंचोलास ॥
सय्यद सैंन दिल्लिय समर, बिरच्यो जिहिं दिव[14] बास[15] ॥ ८ ॥
तास देवसिंहह तनय, स्वामिधरम रत सूर ॥
ताके पुर कुसथल तबहि, आयउ बुद्ध जरूर ॥ ९ ॥

सो ही धनुष है हाडोती देश रूपी विकट बन और सालमसिंह सहित दलेल-सिंह ही स्वान [कुत्ते] हैं. बुधसिंह ने जयसिंह को लिखावट कर दी वह लिखावट ही १ वागर [फंदा) है जिसमें २ वाममार्ग की दृढता ही फंदों की गांठें हैं मन पर मूर्खपन और आलस्य रूपी मोह लेकर ३ बिना सलाह और विना विचार का वह चहुवाण राजा बुधसिंह रूपी उन्मत्त ४ मृग बूंदी रूपी ५ ऊषर भूमि [मृगतृष्णा] का जल चाहता है ॥ २ ॥ ६ बुधसिंह को ७ क्रोध सहित ॥ ३ ॥ ८ बुधसिंह ॥ ४ ॥ जाजव के युद्ध में ९ जय पानेवाला १० मारागया ११ भीना हुआ ॥ ५ ॥ १२ नगरों के मुकुट ॥ ६ ॥ १३ सिवाय (तरक्की) में दिये ॥ ७ ॥ १४ से १५ स्वर्ग को गया ॥ ८ ॥ ९ ॥

विष्णुसिंह[1] तनया बहुरि, अनुपम[2] तनया आय ॥
ये संगहि रानी उभय२, पति प्रमत्त गति पाय ॥ १० ॥
पुरबाहिर पृतना परिग[3], घन जिम डेरन घेर ॥
देवसिंह महिमानि दिय, बुद्धहिं गोठि द्विरबेर ॥ ११ ॥
परि डेरन लग पांमरे[4], धाम स्वीय[5] पधराय ॥
निज सरबस्व निवेदयो, देवसिंह हित दाय[6] ॥ १२ ॥
यह सुनि पुर बलवन अधिप, अभयसिंह अति धीर ॥
निज दल सजि आयउ निडर, बुंदियपति ढिग बीर ॥१३॥
अभयदेव ये भट उभय२, वैरिसल्ल भव बंस ॥
सम्मलि हुव बुंदीसकैं, देह अगपि सजि दंस[7] ॥ १४ ॥
यह उदंत[8] सुनि इंद्रगढ, सुभट इंद्रसल्लोत ॥
देवसिंह छित्वर सुवन, आयउ दल उद्योत ॥ १५ ॥
कछु किसोर बय बसि कछुक, कूरम भय लहि कूर ॥
देव[9] पृथक डेरा दये, दल संभर[10] तजि दूर ॥ १६ ॥
इत सठ सालम पिट्ठि परि, कृतघन चिंति कुकाम ॥
पत्तन[11] पंचोलास ढिग, किन्ने लरन मुकाम ॥ १७ ॥
कुल बंधव मुहुकम्मके[12], मिलि सब सालम माँहिं ॥
पट्टोलीपुर पति प्रथित[13], मिल्यो जवान सु नाँहिं ॥ १८ ॥
तोप इक्क १ जंबूर सत १००, द्वैसत १०० सजि बंदूक ॥
मिल्यो आनि बुधसिंहसैं, अनुचर धरम अचूक ॥ १९ ॥
त्योंही इक १ नगराज तँहँ, मुहुकम बंस वतंस[14] ॥
सालमसैं न मिल्यो सुभट, पटु विख्यात प्रसंस ॥ २० ॥

१विष्णुसिंह की पुत्री २वेघम के रावत अनोपसिंह की पुत्री ॥ १० ॥ ३पड़ाव से (सेना का डेरा) हुआ ॥ ११ ॥ ४ पांवडे (पगमंडे) ५ अपने स्थान पर ६स्नेह की रीति से ॥ १२ ॥ १३ ॥ ७ कवच सझकर ॥ १४ ॥ ८ वृत्तान्त ॥ १५ ॥ ९ देवसिंह ने १० बुधसिंह की सेना को दूर छोडकर ॥ १६ ॥ ११पुर ॥ १७ ॥ १२ मोकमसिंह के कुल के हाडे १३ विदित ॥ १८ ॥ १९ ॥ १४ मुकुट ॥ २० ॥

[षट्पात्]

सुनि इत रन जयसिंह भीर सालम दल भेजिय ॥
तीन सहँस३०००तुक्खार[2] पंच५उमराव सुख्य प्रिय ॥
ईसरदापुर ईस नाम कोजुव१निसंक नर ॥
सारसोपपुर स्वामि विदित फतमल्ल२वीरवर ॥
साँवल३सुहाड़पुर पति सबल प्रबल अचल४नानेड़ि पति ॥
बहादुरसिंह५कूरम बहुरि बुहानीपुर पति विमति ॥ २१ ॥

[दोहा]

ब्रजभुव बासी सुभट बलि, नरुव[6] बंस कछवाह ॥
नामधेय[7] सिरदार१निज, सो दिय संग सिपाह ॥ २२ ॥
पृथ्वीसिंह२रु कनक३पुनि, उभय नरुव अवतंस[8] ॥
घासीराम४रसोरपति, बलि भट कूरम बंस ॥ २३ ॥
सेरसिंह खिचिय सबल, पुनि जहव परताप२ ॥
हरि१तोंवर झल्ला हुकम१, मारनं करन१मिलाप[11] ॥ २४ ॥
उदयसिंह१पुनि रूप२अरु, जोध३सुरत४भट जत्थ ॥
सालम हित कूरम सजे, सोलंखी चउ४सत्थ ॥ २५ ॥
आमेर[12] पैं पठये इते, लरि बुंदिय भुव लैंन ॥
बिग्रह[13] बहुरि प्रवासें[14] बसि, सब रक्खिय ढिग सैंन ॥ २६ ॥
नरउरपति गजसिंह सुवें[15], जयसिंहहिं तँहँ जंपि ॥
समर प्रपंची मम सचिव, चाहत जय अरि[16] चंपि ॥ २७ ॥
भेजहु तिहिं इनसंग भल, कूरम तब मुसिकाय ॥
संगहि दिय नरउर सचिव, नाम सु खंडेराय ॥ २८ ॥

१इधर युद्ध सुनकर २घोड़े (घोड़ों के सवार) ३ विशेष बुद्धिवाला ॥ २१ ॥ ४ ब्रज की भूमि में रहनेवाले उमराव ५ फिर ६ नरू के वंश का [नरूका] कछवाहा ७ नाम ॥ २२ ॥ नरूकों के८मुकुट ९ पुनि ॥ २३ ॥ १० बुधसिंह को मारने और११सालमसिंह से मिलाप करने का ॥ २४ ॥ २५ ॥ १२ आमेर के पति ने १३मरहठों से युद्ध और१४विदेश में बसने के कारण ॥ २६ ॥१५सुत१६दबाकर

(षट्पात्)

सुभट मानसिंहोत[1] कलह इम पंच५मुख्य क्रिय ॥
अवरहु सुभट अनेक सेन सम्मलि ह्वै[2] त सज्जिय ॥
करि यह दल दरकुंच[3] मुलक मालव तजि मंडुव ॥
जुरि आयउ जंघाल भीर सालम कुसथल भुव ॥
करि दल मिलान सालम कटक्कै[4] हड्डन पति ढिग मिलन हित ॥
इन पंच५भटन आय रु कहिय बुद्ध[5] श्रवन धारहु बिदित २९

(दोहा)

अभयसिंह बलवन अधिप, पट्टनि भज्जिग[6] एह ॥
भीम हिंतु[7] अति भज्जि भय, दुल्लभ मन्नत देह ॥ ३० ॥
जाके बल जयसिंहतैं, अब रन रचहु न एहु ॥
दिनप्रति रुप्पय दोयसत२००, रहि वृंदाबन लेहु ॥ ३१ ॥
नहिं बुल्ल्यो बुंदिय नृपति, क्रम सब सहित कुबैंन ॥
राजाउत पंचन सरिस[8], निठुर दिखाये नैंन ॥ ३२ ॥

(षट्पात्)

कूरमपति भट कुवच प्रकट सुनि सुनि बलवन पति ॥
अभयसिंह अति बीर भयउ धकि प्रलय रुद्र भति[9] ॥
करखि मुच्छ डसि अधर निरखि पंचन५उफनायो ॥
पन्नगें[10] पय चंप्यो कि मत्त मृगराज खिजायो ॥
बुल्लयो बिदित भुज ठोकि बल गल्ल बजत गीदर डरैं ॥
बुधसिंह[11] आन कूरम बलहिं[12] केहरि हम गैडुरि[13] करैं ॥३३॥

(दोहा)

॥ २७ ॥ २८ ॥ १ ये मानसिंहोत राजावतों के नाम से प्रसिद्ध हैं २ शीघ्र ३ शीघ्र चलनेवाले ४ सालमसिंह की सेना में ५ हे बुधसिंह सुनो ॥ २९ ॥ ६ पाटन के युद्ध में भगा था ७ कोटा के राजा भीमसिंह से ॥ ३० ॥ ३१ ॥ ८ रीस (क्रोध) सहित ॥ ३२ ॥ ९ भांति १० सर्प को पैर से दबाया ११ बुधसिंह के सौंगन है कि १२ कछवाहे की सेना को हम सिंह होकर १३ गाडर (भेड़) के स-

भ्रातन अग्गैं हम भजत, गृह रन अनुचित गाय ॥
अवरनतैं रन आहुरत, पव्वयं हडुन पाय ॥ ३४ ॥
इम हकारि बलबन अधिप, धुरि उट्ठिग गहि मुच्छ ॥
फँटाटोप मंडिग मनहुँ, पन्नँग दव्वत पुच्छ ॥ ३५ ॥
तब कूरम सुभटन तमक्कि, सजिय जाय निज सैंन ॥
जुत सालम सब इक्क जुरि, लागि दल बंधिय लैंन ॥ ३६ ॥
देवसिंह छित्वर सुवन, इंद्रगढप सुनि एह ॥
भीरु मन्नि जयसिंह भय, गयो सपरिँकर गेह ॥ ३७ ॥
इदयनरायन हरिय कुल, ए वंधुव उमराव ॥
करन भीर बुंदीसकी, हुत आये रन दाव ॥ ३८ ॥
हड्ड मेव सामंत हर, माधव हर भट मोर ॥
कुल वँल्लन अरु नाथ कुल, ये चौलुक नृपँ ओर ॥ ३९ ॥

शुद्धप्राकृतभाषा ॥

(आर्या)

बिइहअणेहविएगी अणुअं बुंदीसपट्टवं पिक्ख ॥
सालमउत्तपआवो जिट्ठो मिलिओ बुहेण भूवइणा ॥ ४० ॥

प्रायो देशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

मान करेंगे ॥ ३३ ॥ १ घर का युद्ध अनुचित कहकर २ हाडाओं के पैर पर्वत के समान हैं ॥ ३४ ॥ ४ मानों सर्प ने पूंछ दवाते ही ३ फण का आटोप (छत्र) रचा है ॥ ३५ ॥ ५ क्रोध करके ६ सेना की पंक्ति (परेट) बांधी ॥ ३६ ॥ ७ परगह सहित घर गया ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ ८ वालणोत शाखा के९सोलंखी१०बुधसिंह की ओर ॥ ३९ ॥

संस्कृत अनुवाद

विविधानेहोविवेकी अनुजं बुन्दीशपट्टपम्प्रेक्ष्य ॥ सालमपुत्रप्रतापः ज्येष्ठो मिलितो बुधेन भूपतिना ॥ ४० ॥

अनेक प्रकार के समयों को जाननेवाला छोटे भाई को बुन्दीश के पाट का पति देखकर सालमसिंह का बडा पुत्र प्रतापसिंह राजा बुधसिंह से मिला ।४०।

(दोहा)

राजसिंह अन्वय[1] रतन, बंधव निज वरवीर ॥
दौलतसिंहहु सज्जि दल, भट आयउ नृप भीर ॥ ४१ ॥
हाजरि भट प्रथमहिं हुते, महासिंह कुल मोर ॥
असित[2] पक्खके इंदु जिम, लग्यो घटन दल ओर ॥ ४२ ॥
दस हजार पृतना[3] बदलि, सब हुव सालम संग ॥
दस हजार१०००० नृप[4] निकट दल, रहिय रचावन रंग[5] ॥ ४३ ॥
उभय[6] पक्ख अरि मित्र तजि, समय जोर दरसाव ॥
रहिय इंद्रगढ आदि बहु, उदासीन[7] उमराव ॥ ४४ ॥
सालम ढिग तेरह सहँस१३०००, नृप ढिग दस निरधार ॥
इत कुप्यो बलवन अधिप, भुज धरि बुंदिय भार ॥ ४५ ॥
बुद्ध नृपति बरजत रह्यो, दोउन सपथ[8] दिवाय ॥
हठ्ठ भज्जन नाँ सुनैं, लग्गी अंदर लाय ॥ ४६ ॥
अभयसिंह अरु देव इत, अरु कछु संभर[9] सैंन ॥
जिहिँ बिच जे भट सज्ज किय, बरनत तिन्ह कवि बैंन ॥ ४७ ॥
महाराम मातुल[10] कुलज, मुर्यो जु सालम मेल ॥
वाको सुत संग्राम १ इत, सोहि सज्यो गहि सेल ॥ ४८ ॥
प्रेमसिंह२ सज्ज्यो प्रथित[11], नाथाउत रन नूर ॥
बखतसिंह३ जगभानु४ बोलि[12], सजे हठ्ठ अति सूर ॥ ४९ ॥
साँवलदास५ सजोर सजि, गोर[13] बंस उजियार ॥
जोरावर६ कछवाह जुरि, परसुराम७ परिहार ॥ ५० ॥
बरजत नृप बुंदीसकौं, सहठ दिवावत सौंहँ ॥

---

१ वंश ॥ ४१ ॥ २ कृष्ण पक्ष के चंद्रमा के समान ॥ ४२ ॥ ३ सेना ४ बुधसिंह के पास ५ युद्ध करने को ॥ ४३ ॥ ६ दोनों पक्षवालों से शत्रुता और मित्रता छोडकर ७ तटस्थ ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ ८ सौगन दिलाकर ॥ ४६ ॥ ९ बहुतसी सेना ॥ ४७ ॥ १० बुधसिंह के मामा के कुल में उत्पन्न ॥ ४८ ॥ ११ प्रसिद्ध १२ पुनि ॥ ४९ ॥ १३ गौड़ वंश का प्रकाशक ॥ ५० ॥ ५१ ॥

अभयदेव संगहि इते, भटन तनंकिय भौंहँ ॥ ५१ ॥
देवसिंह अभमल्ल हुव, दुल्लह ललिन उदार ॥
अच्छरि दुलहनि आहरिय, जल्प इते जुझार ॥ ५२ ॥
अवर भटन पिक्ख्यो समय, सालम अगुन अनीक ॥
छोरहु नृपहि न इक छिन, को जानैं पै किंतीक ॥ ५३ ॥
जो भूपहु सिर घात जड़, कूरम घल्लहिं कूर ॥
तो सब स्वामि सभीतता, सकुन गंजहिं सूर ॥ ५४ ॥
स्वामि दये न लरन सपथ, बोलि नृप तजन न बैंस ॥
नय विचारि इम इन निकट, सकल रहे सुभटेस ॥ ५५ ॥
वीर जिते पहिलैं वदिय, तिन नंन मन्निय सौंहँ ॥
अभयसिंह संगहि उठिय, भेयद फुरावत भौंहँ ॥ ५६ ॥
कहि कुवैन उठि कूरमन, निजदल पिल्लिय जाय ॥
यह सही न बलवन अधिप, लगिय सोर बिच लाय ॥५७॥
अभयसिंह अरु देव इत, कुप्पि चलिय जिम काल ॥
सिर घँस्सत अंजलोकसौं, पय परसत पायाल ॥ ५८ ॥
सालम अरु कूरम सुभट, जुरि इत प्रबल जरूर ॥
बुंदिय दल सिर बग्गलै, सकल चढे बढि सूर ॥ ५९ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तमराशौ बुन्दीपतिबुधसिंहचरित्रे ज्ञातदक्षिणागतजयसिंहत्यक्तकाणीखोहग्रामबुधसिंहबुन्दीदिग्गमन १ आत्तसैन्यसालमसिंहबुधसिंहसंमुखसरण २

॥५२॥ १जानैती २अब ॥५३॥ ३मारेंगे ॥५४॥ ४सौगन ५पुनि ६उत्तम नहीं है ॥५५॥ ७कहे ८सौगन नहीं माने ९भय देनेवाले ॥५६॥ १०अपनी सेना को भेजी ॥५७॥ मस्तक १२ब्रह्मलोक से ११घिसता है और पैर १३पाताल का स्पर्श करते हैं ॥५८॥५९॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सातवें राशि में बुंदी के भूपति बुधसिंह के चरित्र में राजा जयसिंह को दक्षिण से गया हुआ जान कर रावराजा बुधसिंह का काणीखोह नामक ग्राम को छोड़ कर बुंदी की ओर आना १ सालमसिंह का बुन्दी से सेना लेकर बुधसिंह के सम्मुख जाना २

सालमसिंहसहाय जयसिंहसैन्यसहितजयपुरसामन्तपञ्चककुसथ-लाख्यनगरनिकटसालमसिंहसंमिश्रण ३ प्रत्यहद्विशतमुद्राग्रहणपूर्वकबुधसिंहवृन्दावनवासार्थजयपुरसामन्तभणन ४ जयसिंहभीतित्यक्तबुधसिंहकतिपयबुन्दीसैन्यसालमसिंहमिलनकतिपयसामन्तोदासीनभावतटस्थतासादन ५ सालमसिंहसैन्यभीतबुधसिंहस्य युद्धाकरणार्थस्वसामन्तशपथदापन ६ देवसिंहाभयसिंहादिकतिपयसामन्तशपथभंगपूर्वकसमरसज्जभवनवर्णनं द्वात्रिंशो मयूखः ॥३२॥

आदितः सप्तत्युत्तरद्विशततमः ॥ २७० ॥

[दोहा]

सक हय बसु सत्रह१७८७समय, माधव दरस३०मिलाप ॥
घटिय रुद्र११रबिके चढत, उलटि समुद्रन आप ॥ १ ॥

[दुर्मिला]

दुव सेन उदग्गन खग्ग समग्गन अग्ग तुरग्गन बग्ग लई॥
मचि रंग उतंगन दंग मतंगन सज्जि रनंगन जंग जई॥

सालमसिंह की सहायता पर राजा जयसिंह की भेजी हुई सेना सहित जयपुर के पांच उमरावों का कुसथल नामक नगर के समीप सालमसिंह के सामिल होना ३ जयपुर के उमरावों का प्रतिदिन दोसौ रुपये लेकर वृंदावन वास करने को बुधसिंह से कहलाना ४ जयसिंह के भय से बुन्दी की बहुधा सेना का बुधसिंह को छोड कर सालमसिंह में मिलना और कितने ही उमरावों का उदासीन भाव से तटस्थ रहना ५ सालमसिंह की सेना से डरेहुए बुधसिंह का अपने उमरावों को नहीं लड़ने के सौगन दिलाना ६ देवसिंह और अभयसिंह आदि थोड़े से उमरावों का सौगन नहीं मान कर युद्ध के अर्थ तैयार होने का बत्तीसवां मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ सित्तर २७० मयूख हुए ॥

१वैशाख मास की२अमावास्या के मिलने पर ग्यारह घड़ी दिन चढे पर समुद्रों का ३ पानी उलटा ॥ १ ॥ ४ उदग्र [उछलते हैं अग्रभाग जिनके ऐसे] खड्ग लेकर दोनों सेना के ५ सब लोकों ने घोड़ों की वागें आगे लीं अर्थात् घोड़े बढाये उस युद्ध में युद्ध जीतनेवाले सजेहुए ऊंचे हाथियों का ६ युद्ध हुआ

लगि कंप लजाकन[1] भजि भजाकन वाक कजाकन[2] हाक बढी॥
जिम मेह[3] समंबर यौं लगि अंबर चंड अडंबर खेह चढी॥२॥
फहरक्कि दिसान दिसान बंड बहरक्कि[4] निसान उडैं बिथरैं॥
रसना अहिनायक[5]की निकसैं कि पग झल होरियकी प्रसरैं॥
गज घंट ठनंकिय भेरि[6] भनंकिय रंग[7] रनंकिय कोंच[8] करी॥
पक्खरान झनंकिय बान सनंकिय चाप तनंकिय ताप परी॥३॥
धमचक्क रचक्कन लग्गि लचक्कन कोलि[9] मचक्कन तोल कढ्यो॥
पक्खरालिन[10] भार खुभी खुरतालन ठेपाल[11] कपालन साल बढ्यो॥
डगमग्गि सिलोच्चय[12] शृंग डुले झगमग्गि कृपानन[13] अग्गि[14] झरी॥
बजिखल्ल तबल्लन[15] हल्ल उझल्लन भुम्मि हमल्लन घुम्मि भरी॥४॥
मचि घोरन दौर दुहुओर समीरन[16] जोर उमीरन घोर जग्यो॥
अभमल्ल उछाहन दहु हठी कछवाहन गाहन चाह[17] झग्यो॥
सुव[18] जैत इतैं भट देव सही करि स्वामि[19] महीहित संग मच्यो॥

जिस से १ लज्जित होनेवाले और भागनेवाले कायरों को कंप [धुजनी] लग कर २ युद्ध करनेवाले वीरों के वचनों की हाक बढी और ३ जल सहित मेघ के समान भयंकर आडंबर से आकाश में खेह [रजी] चढी॥ २ ॥ ४ बडी ध्वजायें और छोटी ध्वजायें फरक कर दिशा दिशा में उड कर फैलीं सो मानों ५ शेषनाग की जिव्हा निकलती है अथवा होली की झाल फैलती है उस युद्ध में हाथियों की घंटा ६ नौबत और ७ कवचों की कड़ियें बजीं ८ घोड़ों की पाखरों का झणकार बाणों का झणकार और धनुषों के खिचने से भय हुआ॥ ३ ॥ उस युद्ध में टक्कर लेने से भूमि में लचक लग कर भूमि को धारण करनेवाले ९ वाराह के झुकने का तोल कढा १० पाखरों वाले घोड़ों के भार से खुभी खुरतालों से ११ शेषनाग के कपाल में साल बढा १२ पर्वत हिल कर उनके शिखर डुलने लगे और १३ तरवारों से चमकी हुई १४ अग्नि गिरी, उस हल्ले के बढाव में खाल के ऊपर १५ तबलें (कुठार विशेष] बज कर भूमि हमल्लों से घूमने लगी॥ ४ ॥ घोड़ों की दौड़ से दोनों ओर का १६ पवन चल कर अमीरों [सरदारों] का भयंकर बल जगा उस समय हठवाला छोटा अभयसिंह कछवाहों को मारने की चाह से १७ चला इधर जैतसिंह का १८ पुत्र देवसिंह निश्चय ही अपने १९ स्वामी [बुधसिंह] की भूमि के अर्थ स-

दुहुओर कुलाहक तोप दगी लगि भद्द[2] बलाहक[3] नद्द लज्यो ॥५॥
उततैं कछवाहन उग्र उछाहन बेग सु वाहन वग्ग लई ॥
बनि बुंदिय बालमं[6] जंग सु जालम संगहि सालम दौर[7] दई ॥
परि रिंछि[8] कृपानन चंड चुहानन गिद्धि उडानन गूद गहैं ॥
गन[9] धीर गुमानन पीर प्रमानन बीर कमानन तीरबहैं ॥ ६ ॥
बढि बुत्थिन बुत्थि छई बसुधा[10] लगि लुत्थिन[11] लुत्थि परैं प्रजरैं ॥
घट[12] सेल घमाकन रंग[13] रमाकन हड्ड सु हाकन हौंस हरैं ॥
लखि खग्ग उदग्गन[14] मग्ग लगी जुरि अच्छरि जग्ग प्रजापतिज्यौं[15]।
गलबांह करैं करि बीर बरैं गमनैं गन गैंवरकी[16] गतिज्यौं ॥ ७ ॥
छननंकि उडानन बान छये ठननंकि गयंदन[17] घंट घुरे ॥
फननंकि दुबाहन[18] टोप फटे रननंकि सिपाहन कोच[19] रुरे ॥
डुलि भैरव डैरुवतैं डहकी[20] डरि डाकिनि साकिनि चौंकिचली ॥

ज्जित हुआ उस समय दोनों ओर १ कोलाहल करनेवाली अथवा खोटा लाभ करने (मारने) वाली अथवा कु (पृथ्वी) का लाभ करनेवाली तोपें चलीं जिनसे २ भादवा के ३ मेघ की ४ गर्जना लज्जित हुई ॥ ५ ॥ उधर से बडे उत्साह वाले कछवाहों ने ५ घोड़ों की शीघ्र वागें उठाईं और उनके साथ ही युद्ध में जुल्म करनेवाला सालमसिंह ६ बुन्दी का पति बन कर ७ दौड़ा. भयंकर चुहाणों के खड्गों के ८ निरंतर प्रहारों से उडते हुए गीधों ने गूद ग्रहण किया. धीर लोगों के ६ समूह के घमंड की पीड़ा का प्रमाण करने के लिये वीरों की कबाणों से तीर वहते हैं ॥ ६ ॥ जिनसे बूथें [मांस के टुकड़े] बढ कर १० भूमि ढक गई और ११ लोथ (मृतक शरीर) पर लोथ गिर कर जलने लगी १३ युद्ध में क्रीड़ा करनेवाले वीरों के १२ शरीरों पर भालों के घमाके होकर हाडा क्षत्रियों की हाक उनकी चाहना मिटाते हैं १४ उदग्र तरवारों को देख कर अप्सरायें १५ जिसप्रकार दक्ष पजापति के यज्ञ में गई तिसप्रकार इस युद्ध के मार्ग में लगीं, वे गलबांहीं करके वीरों को वरती हैं और उनका समूह १६ हाथियों की चाल के समान चलता है॥७॥ छनंक शब्द करके उडने वाले बाण छागये और ठनंक शब्द करके १७ हाथियों के घंट बजे फनंक शब्द करके १८ वीरों के टोप फटे और रणंक शब्द करके १९ सिपाहों के कवच बजे भैरव के डैरू से २० चमकी हुई डाकनियें और शाकनियें (देवी की दासी विशेष) डर कर इधर उधर डुल कर चौंक कर चलीं

नचि नारद *नच्चबिसारद ह्वाँ[१]बिबि[१]बारद भाँति मिले खुरली॥८॥
कटि खग्ग कलापं[१] रु दंत कढें कटि कुंभ[२] मउत्तिन मेह फुरैं ॥
तरिता[३] तनु[४] तेग तहाँ तरकैं घन गज्ज मतंगज गज्ज घुरैं ॥
बक पंतिय दंतिय[६] दंत बढे चहुँओर अचानक अंभ चढे ॥
कटिकैं उडि चातक घंट कढे प्रति पक्खर भेक अनेक पढे॥९॥
यह आनि सुमाकरमैं बरखा बढि माधवमास अमा बिथुरयो ॥
लखि नायक[११] सूरन हूरन हूरन[१२] अंगन[१३] अंग अनंग[१४] फुरयो ॥
इत सूरन चंदन अस्त्र[१५] चढे रस कैं इत हूरन राग रचे ॥
उमहे इत सिंधुनकी[१६] ध्वनितैं समुहै[१७] उत सिंजित[१८] सद्द मचे ॥१०॥
इत डाकिनि दूति[१९] कंजाकिनि ओ इत साकिनि नाकिनि[२०] या ससखी ॥
सब हूर सुहागिनि इक्क अभागिनि बुद्द बिभागिनि[२१] सो बिलखी[२२] ॥

---

*नाचने में चतुर नारद नाचा और [दो] मेघों के समान शस्त्र विद्या जाननेवाले वीर मिले।८।हाथियों के१कलावे [गरदनें] कट कर दंत निकलते हैं और २कुंभस्थल कट कर मोतियों का मेह होता है३बीजली के४विस्तार वाले खड्ग चलते हैं और मेघ की गर्जना के समान हाथी गर्जना करते हैं५बुगलों की पंक्ति के समान ६ हाथियों के दंत कट कर अचानक चारों ओर ७ आकाश में चढते हैं और हाथियों के घंटे कट कर चातक [पपीहा] के समान निकलते हैं और पाखरों रूपी अनेक मींडक बोलते हैं ॥ ९ ॥ इसप्रकार ८ पुष्पों की खान ऐसी वसंत ऋतु में ९ वैशाख मास की १० अमावास्या के दिन वर्षा बढी, जहां ११ वीरपतियों को देख कर १२ अप्सरा अप्सरा प्रति १३ प्रत्येक अंग में१४ कामदेव बढा इधर वीरों के चंदन रूपी १५ रुधिर चढा और उधर प्रीति करके अप्सराओं ने गाना रचा इधर वीर लोग१६सिंधवीरागनी [बडाराग] की ध्वनि पर उत्साहित हुए और उधर १७ सन्मुख [अप्सराओं में] १८ भूषणों का शब्द हुआ ॥ १० ॥ १९ युद्ध कराने वाली इधर डाकिनी और इधर साकिनी दोनों सखियों सहित २० अप्सराओं ने यात्रा की. यहां 'य' शब्द यात्रा वाचक है यथा 'या यात्रायाम्' इति शब्दार्थचिंतामणौ॥ वे सब हूरें सुहागिनी हुईं उनमें जो बुधसिंह के २१ बंट में आई वही एक अप्सरा दुहागिन रही सो २२ रोई (बुधसिंह डर कर युद्ध में नहीं आया इसकारण उसके बंट में आईहुई अप्सरा ही निर्भाग्य रही) उस अभागिनी ने

द्रुत हार सिंगार बिगारि दये धुपि अंजन[2] रोदन[3] बारि बह्यो ॥
कर कंकन फोरि मरोरि कलापहिं[4] छोरि अलापहिं[5] ताप सह्यो ॥११॥
यह आइय डाकिनि[6]की सिखई धवहीन[7] भई अब छोहि[8] छई ॥
अनि आरति[9] अच्छरिकी लखिकैं हसि डाकिनि डिंडिम डक्क दई ॥
सहनाइय सुंडिन[10]की करिकैं गन बावन५२गावनमैं गेहकैं[11] ॥
कटि मुंड रु रुंड किरैं[12] इतकौं चौसट्ठि[13]६४न झुंड नचैं चहकैं ॥१२॥
पखरालि[14] तुरंगन पूर किते नखगोल[15] कुरंगन[16] फाल मचैं ॥
भट वार कटारन पार करैं असि[17] झार अँगारन मार मचैं ॥
फटकारि मतंगज[18] सुंडि फिरैं[19] कटकारि चुडानन[20] झुंड झमैं ॥
हलकारि चुरेलिनि होस हरैं ललकारि भयंकर भूत भ्रमैं ॥१३॥
खेंग[21] धारन धार खिरैं खटकैं पलचारन[22] झुंड झटैं झपटैं ॥
खुरतारन भार खुदैं पहुमी असवारन वार दटैं दपटैं[23] ॥

---

१ शीघ्र हार शृंगार बिगाड़ दिये और २ रोने का पानी (अश्रु बहने से उसका रक्त) जल धुप गया, हाथों के कंकणों को फोड़ कर ४ कटिमेखला (कणगती) को मरोड़ (तोड़) कर और ५ गाना छोड़ कर दुःख सहा ॥ ११ ॥ यह अप्सरा ६ डाकिनी के सिखाने से बुधसिंह को वरने को यहां आई थी सो ७ पति से हीन होकर ८ अत्यन्त क्रोध में हुई इस अप्सरा की अत्यन्त ९ पीड़ा देख कर डाकिनी हंस कर अपनी डिमडिमी [वाद्य विशेष] बजाई और उधर हाथियों की कटी हुई १० सूंडों की सहनाइयें बना कर बावन भैरव गाने में ११ प्रसन्नता की बोली बोलते हैं, रुंड और मुंड कट कर १२ गिरते हैं और इधर १३ चौंसठ योगिनियों का झुंड नच कर बोलते हैं ॥१२॥ कितने ही १४ पाखरों वाले घोड़ों का समूह १५ नखरा करनेवाले १६ हिरणों की छलांगें भरते हैं वीर लोग वार से कटार पार करते हैं और १७ तरवारों की ज्वाला से अंगारों की मार मचती है १८ हाथी सूंड को फटकार कर फिरते हैं और १९ सेना के शत्रु चुडाणों के समूह २० चलते हैं उन चुडाणों की हलकार [ललकार] चुड़ैलों की चाह को मिटाती है भयंकर ललकार से भूत फिरते हैं ॥ १३ ॥ २१ तरवारों की धार पर तरवार की धार लग कर खिरती और खटकती है और २२ मांस खाने वालों का समूह शीघ्रता से झपटते हैं घोड़ों की खुरतालों के भार से भूमि खुदती है और असवार अपने वार से २३ दौड़ते और दबाते हैं कितने ही वी

उपकारन कौर किते उमहे सिव धारन काज गहैं सिरकों ॥
दल मारन मार मिले दुवघाँ मद बारन वार चले चिरकों ॥१४॥
घमसानन बान उडाननलै अरि प्रानन पीवत काल अही ॥
चहुवाननके करकी उपमा पवमान न मानस ह्वाँ निबही ॥
करवालन चंड उडी चिनगी भट जालन भीर भिरैं भुरसैं ॥
बढि ज्वाल करालन लोक बरैं दिकपाल कपालन साल बसैं ॥
गजराजन ढाल ढहैं ढरवैं रत भाजन घाय भरें भभकैं ॥
लगि लाजन सूर लरैं लटकैं छटकैं भुव कोजन लोहँ छकैं ॥
कटि कालिक पीहँ किरैं कलिमें फटि मस्तक खंड उडैं फबिकैं
जिम सैलनशृंग खिरैं बिखरैं प्रतिमल्ल पुरंदरके पविकैं ॥ १६ ॥
मथि मंथनि मंत्थ गहैं गतिसों गन गिद्धनि गोदं गिलैं गहकैं ॥
मनु ग्वालिनि मट्ट दही मथिकैं नवनीत निकारन बारनकैं ॥

---

१ उपकार के १ काम पर २ उत्साह युक्त होते हैं और शिव को धारण कराने को मस्तक उठाते हैं सेना को मारने की मार से ३ दोनों ओर से मिले और ४ मस्त हाथियों के मद का पानी बहुत समय तक चला ॥ १४ ॥ ५ युद्ध में उडान लेकर बाण ६ काले सर्पों के समान शत्रुओं के प्राण पीते हैं, वहां पर चहुवाणों के हाथों की उपमा ७ पवन और ८ मन से भी नहीं निभी ९ खड्गों से भयंकर अग्निकण उडकर १० वीरों के समूह से भिड़कर ११ जलते हैं भयंकर ज्वाला बढकर लोक १२ जलते हैं और दिग्गजों के कपालों में शाल बसते हैं ॥ १५ ॥ हाथियों के ऊपर से १३ बडे झंडे गिरकर पड़ते हैं और भरेहुए घाव १४ रुधिर के पात्र होकर उफ़लते हैं भागने की लज्जा लगकर सूरवीर लड़कर लटकते हैं और १५ भूमि के अर्थ गिरकर १६ शस्त्रों से छकते हैं १७ कलेजा और १८ प्लीहा [तिल्ली] कटकर १९ युद्ध में २० गिरते हैं और जिसप्रकार २१ शत्रु २२ इन्द्र के २३ वज्र से पर्वतों के शिखर खिर खिरकर बिखरें तिसप्रकार फटे हुए मस्तकों के टुकड़े उडकर २४ शोभा देते हैं ॥ १६ ॥ २५ बिलोवणी रूपी २६ मस्तक को लेकर गीधनियों का समूह उनको मथकर २७ भेजी [मस्तिष्क] खाकर २८ प्रसन्नता की बोली बोलती हैं सो मानों ग्वालनी दही के २९ मटके को मथकर ३० मक्खन निकालने में

चहि मार दुधार¹ चलैं चमकैं असवार तुखार² कटैं उलटैं ॥
फटि मक्कुन³ ऊरू⁴ फटैं उछटैं कटि बाहुल⁵ बाहुल⁶ बाहु कटैं॥१७॥

(दोहा)

इहिं रन बिच बलवन अधिप, अभयसिंह अति बीर ॥
फतमल्लहिं खोजन फिरत, हुलसि इह्न हमगीर ॥ १८ ॥
जबहि पंच५जयसिंहके, ये कूरम उमराव ॥
बुंदीपति अग्गैं बिदित, बुल्ले कुबच⁷ बढाव ॥ १९ ॥
इनहूमैं फतमल्ल यहँ, सारसोप पति सूर ॥
कहि कातर⁸ अभमल्लकों गह्यो बहुत मगरूर ॥ २० ॥
इहिं कारन अभमल्ल अब, तिहिं हेरत गहि तेग ॥
दुरयो⁹ कहाँ कूरम दुरित, बीर बतावहु बेग ॥ २१ ॥

(षट्पात्)

जिम नागहिं¹⁰ खगराज¹¹ मृगहिं मृगराज¹² महाबन ॥
जंभहिं जिम जंभारि¹³ मधुहिं मानहुँ मधुसूदन¹⁴ ॥
पानी जिम पावकहिं¹⁵ तृनहिं पावक जिम तक्कत ॥
सजव कपोतहिं सेन¹⁶ हनन हेरन जिम हक्कत ॥

बिलंब नहीं करती है. मारना चाहकर दो १ धारोंवाले चमकते हुए खड्ग च-लाते हैं जिनसे सवार और२घोड़े कटकर उलटते हैं उन खड्गों से३जंघात्रा-ण फटकर ४ जंघायें कटकर उछलती हैं और ५ दस्ताने [बाहुत्राण] कटकर ६ बहुत बाहु कटते हैं ॥ १७ ॥ १८ ॥ ७ खोटे बचन ॥ १९ ॥ ८ कायर ॥ २० ॥ ९ डरकर ॥ २१ ॥ जिसप्रकार १० सर्प को ११ गरुड़ और मृग को बलवान् १२ सिंह. जंभासुर को जैसे १३ इन्द्र और जैसे मधु दैत्य को १४ विष्णुभगवान् १५ अग्नि को जैसे पानी और तृणों को जैसे अग्नि, कबूतर को जैसे वेगवान् १६ शिकरा (बाज पक्षी) मारने को हेरकर * चलै तैसे अथवा

---

* इस छन्द में "हनन हेरन जिम हक्कत" इस क्रिया पद के आये पीछे फिर उपमा दी है सो समा-प्तपुनरात्त दोष है परन्तु क्रिया के आये पीछे एक ही उपमा फिर दी जावे वहां यह दोष होता है किन्तु क्रिया आये पीछे फिर अनेक उपमा आजावे वहां यह [समाप्तपुनरात्त] दोष नहीं रहता सो ही यहां जा-नना चाहिये ॥

आखुंहिं बिडाल तिमिरहिं अरुन नर रंकहिं दारिद्रनिभ ॥
फतमल्ल रूप पोमिनि फिरत इम हेरिय अभमल्ल इभ॥२२

(दोहा)

समुख पिक्खि फतमल्लसों, इम अक्खिय अभमल्ल ॥
गीदर गाल बजायकैं, अब किन करत उफल्ल ॥ २३ ॥
इम हकारि बलवन्त अधिप, मंडत बानन मेह ॥
उफनावत आयो उमँडि, दंस न मावत देह ॥ २४ ॥

(षट्पात्)

पय दब्बत अहि पुच्छ मुच्छ अँचत मयंद जिम ॥
सोर मनहुँ सावंत अग्गि लग्गत प्रचंड इम ॥
हेलि मयूख हजार १००० जेठ दुपहर जनु जग्गिय ॥
प्रलय उग्र जिम प्रथित लाय अंखिन अति लग्गिय ॥
कानन प्रमान बानन करखिं कूरम देह सु सेह किय ॥
मदमत्त लक्खहु हड्डे नरद गड्डे पद अंगद गतिय ॥ २५ ॥

[मुक्तादाम]

जुरयो अभमल्ल इतैं रुपि जुद्ध, अरयो फतमल्ल उतैं कलि क्रुद्ध ॥
उभै निज स्वामिनकी मुव आस, तकावत अक्कहिं चक्क तमास॥२६॥
उभैं इन दच्छ बडे उमराव, उभै उमँडे रसवीर उगाव ॥

१चूहे को २बिल्ली ३अंधेरे को सूर्य ४रंक मनुष्य को दरिद्र हेरे तैसे फतहसिंह रूपी ५हथनी को अथवा पद्मिनी (कमलनी) को अभयसिंह रूपी ६हाथी ने हेरा॥२२॥ ॥ २३ ॥ ७ कवच में ॥ २४ ॥ ८ सर्प ९ सिंह १० रजक का बारूद [तोड़ादार बंदूक के कान में डालने के लिये बारूद को दुबारा करके तेज करते हैं उसको 'साबात' कहते हैं और मतान्तर से जामकी [तोड़ा] को भी साबात कहते हैं जो डिंगलभाषा में प्रसिद्ध है; अथवा रजक और साबात दोनों ही बारूद के नाम हैं जो अत्यंत प्रबलता दिखाने के अर्थ वीप्सा के अर्थ में एकार्थवाची दो शब्दों का प्रयोग किया है]११ अग्नि १२ सूर्य १३ प्रलय का शिव जैसे प्रसिद्ध है १४ अंगद के समान चरण रोपे ॥ २५ ॥ १५ युद्ध में क्रुद्ध होकर १६ सेना का तमाशा ॥ २६ ॥

उभै जय थप्पनहारि उथप्पि, उभै उफनाय कुबेनन अप्पि ॥ २७ ॥
उभै दल दुल्लह सज्जित अंग, उभै भर ऐंचत मुच्छ अभंग ॥
उभै अनुरूप रिझावत रंभ, उभै रन अंगनके जय खंभ ॥२८॥
उभै सिव दारिद मिट्टनहार, उभै पलचारनकै उपकार ॥
उभै झमकावत खग्ग उदग्ग, उभै चलि प्रेत हसावत अग्ग॥२९॥
उभै भवतैं तजि मोह अलुब्ध, उभै मन वृत्ति लगावत उद्ध ॥
उभै तुम वाहहु वाहहु अक्खि, उभै करि सूरजकों निज सक्खि ३०
उभै कनकाचलकैं पायन बंधि, उभै दंम उद्धत संहरि संधि ।
उभै तुलसी धरि मस्तक आय, उभै जल गंग उमंग अचाय ॥३१॥
उभै वृषजानि जुरे इक धेनु, उभै करिराज कि इक्क करेनु ॥
उभै इक सिंहनि ज्यों वनईस, जुरे इम कूरम हड्ड जगीस ॥ ३२ ॥
मिले पहिलैं दुव तीरन मार, कढे सर दोउनके भेदि करार ॥
टट्टहिं चंड अतंचन चाप, उडैं सलभा जिम रोपें अमाप ॥ ३३ ॥
हाँ करि दानन यों रन जोर, मिले पुनि सेलन द्वै भट मोर ॥
कंकट भेदि कढे घँट सारि, किधो तरु तेजन अग्ग कुदारि।३४।
बली अभमल्ल दरच्छिय अच्छ, पर्यो छिदि कूरम बाँजि दुपच्छ॥
हाँ इम ओर चढ्यो कछवाह, रुप्यो अभमल्लहु पैंव्वयराह॥३५॥

---

१ चढे ॥ २७ ॥ २ भट ३ अपने सदृश ४ रंभा नामक अप्सरा को 'डिंगल भाषा में सामान्य अप्सरा को भी रंभा कहते हैं' ॥ २८ ॥ ५ शिव का मस्तकों रूपी दरिद्र मिटानेवाले ६ मांस खानेवालों के ७ उदग्र (उछलते) हुए अग्रभाग वाला ॥ २९ ॥ ८ संसार से ९ निर्लोभी १० ऊपर ११ साक्षी ॥ ३० ॥ १२ सुमेरु पर्वत को १३ दंड देने में १४ नीति के प्रथम संधि गुण का संहार करके पीकर ॥ ३१ ॥ १६ वृषभ १७ गज पर १८ हथिनी पर १९ सिंह ॥ ३२ ॥ २० टिड्डियों के समान २१ बाण ॥ ३३ ॥ २२ कवच को और २३ शरीर को फोड़ २४ मानों बांस के वृक्ष का २५ अग्रभाग २६ भूमि को फोड़ कर निकला ॥ ३४ ॥ २७ कछवाहे का घोड़ा दोनों बाजू से छिद कर गिरा २८ पैदल पंक्ति ॥ ३५ ॥

बराच्छिन जंग अपुब्ब बिधायँ, लई अब खाप[2]नतैं हिमलायँ[3] ॥
किधौं घनतैं काढि बिज्जु[4] कराल, किधौं बिलतैं किल[5] कुंडलिका[6]॥३६
किधौं नभतैं ससि द्वैज[7] कला कि, कढी जमके मुखतैं[8] दसना कि॥
हली कि हुतासनतैं[9] काढि हेति[10], मयूख नभोमनितैं[11] अथवेति[12]॥३७॥
कढी ध्वनि व्याकृतितैं[13] कि सकासँ[14], कढे मत गोतमतैं कि समास॥
कटाच्छ किधौं कुलटा दृग कुंजैं[15], पयोभव[16] कोरकतैं अलि[17] पुंज।३८।
कलिंद[18]कतैं निकसी जमुना[19] कि, प्रजापति[20] तैं परिपूरि प्रजा कि ॥
गुनत्रैय[21]तैं कि चले महदादि, महानट[22]की जटतैं[23] प्रमथादि ॥ ३९ ॥
हिमालयतैं जिम गंग हिलोर, किटीश्वर[24]के मुख दंतुलिकोर ॥
अनंतक[25] आननतैं जिम जीह, सटा[26]धुनि थंभहितैं नरसीह[27] ॥ ४० ॥
नवोढनके उरतैं कि उरोज[28], उदैगिरितैं कि दिवाकर[29] ओज ॥
कि अंजनिके उरतैं हनुमान, परासरनंदनतैं[30] कि पुरान ॥ ४२ ॥
सुराधिप[31]के करतैं जिम संब[32], कढे धनु गाँडिवतैं कि कलंब[33] ॥
सही कपिलाननतैं[34] जनु[35] साप, लयायन[36] गायनतैं कि अलाप॥४२॥

अपूर्व युद्ध१करके २ म्यानों में से ३ ठंढी अग्नि सी (यह तरवार का विशेषण है) ४ मेघ से विद्युत् [बिजुली] की कांति ५ निश्चय६काला सर्प [यह आंपी हुई तरवार की उपमा है] ॥ ३६ ॥ ७ दोज के चंद्रमा की कला [जहां जहां अकेला 'कि' आवे वहां किधों, किना मानों अर्थ जानना चाहिये. प्रत्येक स्थान पर इसका अर्थ लिखने से विस्तार होता है] ८ दाढ ९ अग्नि से १० ज्वाला [झाल] १२ अथवा ११ सूर्य से किरणें प्रकाश करें जैसे ॥ ३७ ॥ १३ व्याकरण की १४ समीपता से शब्द कढे जैसे १५ नेत्रों के कोनों से १६ कमल की कली से १७ भ्रमरों का समूह ॥ ३८ ॥ १८ पर्वत विशेष १९ जमुना नदी २० ब्रह्मा से परिपूर्ण प्रजा निकले तैसे २१ सत, रज, तम, इन तीन गुणों से महदादि चौबीस तत्व निकले तैसे २२ शिव की जटा से २३ गण निकले जैसे ॥ ३९ ॥ २४ वाराह के मुख से २५ शेषनाग के मुख से २६ गरदन के केश धुजा कर थांभे से २७ नृसिंह निकले ऐसे ॥ ४० ॥ २८ कुच २९ सूर्य का तेज ३० वेदव्यास से ॥ ४१ ॥ ३१ इन्द्र के हाथ से ३२ वज्र ३३ बाण ३४ कपिलमुनि के मुख से ३५ मानों आप निकला ३६ लय को जानने वाले कलावंत

धपी[1] जनु नीरदतैं[2] जलधार[3], महाबल[4] माधवतैं मनु मार ॥
त्रिलोचनके[5] करतैं कि त्रिसूल, मउत्तिय सुत्तियतैं[6] कि अमूल॥४३॥
कढे इम दोउनर्खापन खग्ग, मिले प्रलयानल[7] ह्वै रन मग्ग ॥
उभै करि लाघर्व[8] दाव दिखात, परस्पर देत प्रहार निपात॥ ४४ ॥
उभै फिरि मंडल[9] टारत वार, मचावत झार दुधारन मार ॥
दई धपि[10] संभर दाहिन अंस, पर्यो कटि कूरम ख्याति[11] प्रसंस॥४५

(दोहा)

हठि कूरम फतमल्ल हनि, अभयसिंह चहुवान ॥
कूरम कोजुत्ररामकौं, पिक्खत गाहक प्रान ॥ ४६ ॥
ईसरदा पुरपति अतुल, वह कोजुब कछवाह ॥
अप्पहिं खोजत इक्खिकैं, अभिमुख[12] रचिग उछाह ॥ ४७ ॥
मिलि दोउनर्किन्नी मुदित, नागफेन[13] मनुहारि ॥
अक्खी पुनि अभमल्ल इम, कूरम सुनहु हकारि ॥ ४८ ॥
सब तुम मिलि हमरे सुनत, भूपहिं डारी भीति[14] ॥
तुमहूमैं फतमल्ल तँहँ, अक्खी अधिक अनीति ॥ ४९ ॥
काकोदरहिं[15] कुपयकैं, कोउन जियत सकोप ॥
फननैं[16] हन्यौं फतमल्लकौं, अब तव सिर आटोप[17] ॥ ५०॥
फबर्त[18] वान फतमल्लके, छत्ति अभय छेत[19] छेक ॥
जनुं[20] छानन जय अरु अजय, बन्यौं तितेउ[21] सबिबेक ॥५१॥

मानों २ मेघ से ३ जलधारा १ दौड़ी. बडे बलवान् ४ श्रीकृष्ण से मानों कामदेव ५ शिव के हाथ से ६ जिसप्रकार सीप से मोती निकले तिस प्रकार दोनों ने म्यानों में से तरवार लेकर ॥ ४३ ॥ ७ प्रलय की अग्नि के समान ८ शीघ्रता से ॥ ४४ ॥ ९ चक्राकार (गोलकुंडा) १० दौड़के चहुवाण ने दहिने कंधे पर दी ११ प्रसिद्ध प्रशंसावाला ॥ ४५ ॥ ॥ ४६ ॥ १२ सामने ॥ ४७ ॥ १३ अफीम की ॥ ४८ ॥ १४ भय ॥ ४९ ॥ १५ सर्प को क्रोधित करके १६ फणों से १७ उठाव ॥ ५० ॥ अभयसिंह की छाती में १९ बाणों के छिद्र करके फतहसिंह के बाण ऐसे १८ शोभा देते हैं २० मानों इस युद्ध के जय और अजय छानने के लिये विचार पूर्वक २१ चालनी [छलणी] बनी है ॥ ५१ ॥

यातैं कोजुवराम अब, मिलि बुल्ल्यो रन माँहिं ॥
जिनके बानन तुम छिदे, तिनतैं गव्वहु नाँहिं ॥ ५२ ॥

[षट्पात्]

यहै सुनत अभमल्ल खग्ग कोजुव सिर भारिय ॥
संजि कोजुव इत संगि हल्ल उग्ग तक्कि प्रहारिय ॥
याके खग्ग उदग्ग कट्टि बाहुल्लैं कर कढ्यो ॥
वाकी संगि अपुव्व चक्खि हिय रीढंक चढ्यो ॥
अरि तब सिराहि बलवन अधिप पुनि असि भारिय मत्थ पर ॥
कटि टोप सीस कट्टिय सकल मनहुँ बिरवंधव वंटि घर ॥ ५३॥

(दोहा)

कोजुवराम सु सिर कटत, बेग बसन सन बंधि ॥
कर इक्क१हि असिवर कराखि, सिर भारिय जय संधि५४
कोजुवको दक्खिन कर सु, इम कढ्यो अभमल्ल ॥
यातैं गहि कर बाम असि, भारी बहुरि उझल्ल ॥ ५५ ॥
टोप कट्टि तिरछी तरकि, तुट्टि परिय तरवारि ॥
अक्खिय तब अभमल्ल इम, बाहहु नैंक विचारि ॥ ५६ ॥
जिहिं करतैं असिबर जुगत, तिरछी तरकत तुट्टि ॥
जनि ताकों इरखैं जननि, क्यों बहु थालन कुट्टि ॥ ५७ ॥
कहि इम कोजुवराम पर, असि भारिय अभमल्ल ॥
सिव गहि लिन्नों उडत सिर, ढरयौ यहहु रनढल्ल ॥५८॥
ईसरदाके पतिहिं इम, बलवन पत्ति हनि वेग ॥
साँवलदास सुढाड पति, तक्क्यो भारत तेग ॥ ५९ ॥

१गर्व मत करो॥५२॥२कोजूराम के मस्तक पर ३ हल्लाना काट कर ४ पीठ को ५ मानों दो भाइयों ने घर का बंट किया ॥ ५३ ॥ वस्त्र ६ से शीघ्र बांध कर ७ श्रेष्ठ तरवार खेंच कर ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ ८ वह युद्ध की ढाल ८ गिरा ॥ ५८॥

(मुक्तादाम)

चवी यह दूतन भूतन चार[2], सुनी सब कूरम साँवलदास ॥
उदायुध[3] उग्र दिवाकर[4] अंस, रहैं इतनी सहि क्यों रघुबंस ॥६०॥
मिल्यो अभमल्लहु उद्धत मान, धपावत धारहिं दै बलिदान ॥
धप्यो कुवलाश्व[6] कि धुंधुहि[7] धारि, किधौं रन रावन राम हकारि६१
किधौं बलपैं बल बासव[8] क्रुद्ध, जटासुरपैं[9] कि वृकोदर जुद्ध ॥
कुं[10] अर्थ[11] भ्रमावत हत्थ कृपान, दिखावत संकरकौं अति दान ६२
सुहाडपै[12] हू इततैं गहि संगि, मिल्यो अभमल्लहिं भैल्ल[13] उमंगि ॥
नची तँहँ तालिनैं[14] चोसठि६४ नारि, रची इम हड्ड रु कूरम रारि ६३
जहाँ तँहँ आवहिं आवहिं जाप, जहाँ तँहँ खूटत खग्गन खापैं[15] ॥
जहाँ तँहँ प्रेत डकारत जोर, जहाँ तँहँ घायन घायल घोर ॥६४॥
जहाँ तँहँ नारदको अति नच्च, जहाँ तँहँ सूरन हूरन सच्च ॥
जहाँ तँहँ भूतन भूख प्रकास, जहाँ तँहँ गिद्धिनि गूद बिलास ६५
जहाँ तँहँ डाकिनि डिंडिम डक्क, जहाँ तँहँ धारनकौ[16] धमचक्क ॥
जहाँ तँहँ हत्थिन चंड[17] चिकार, जहाँ तँहँ फेरविकान[18] फिकार ।६६।
जहाँ तँहँ फुट्टत भूं[19] अति जोर, जहाँ तँहँ त्र्यंबक तंडव[20] तोर[21] ॥
जहाँ तँहँ दिग्गज कातर[22] गज्ज, जहाँ तँहँ सोहत सूरन सज्ज॥६७॥
जहाँ तँहँ कातर कूकत कूक, जहाँ तँहँ चाहत चंचल चूंक[23] ॥
जहाँ तँहँ फुट्टत फीलन[24] मत्थ, जहाँ तँहँ सूरन हूरन[25] हत्थ ॥ ६८ ॥

दूतों रूपी भूतों ने यह २ खबर १ कही ३ ऊंचे किये हैं शस्त्र जिसने ४ सूर्यवंशी ॥ ६० ॥ मानों ६ कुवलयाश्व नामक राजा ७ धुंधु नामक राक्षस को देख कर ५ दौड़ा ॥ ६१ ॥ ८ बलवान् इन्द्र क्रोधित हुआ ९ भीमसेन का युद्ध १० भूमि के ११ अर्थ हाथ में तरवार फिराना हुआ ॥ ६२ ॥ १२ सुहाड़ का पति १३ अच्छे उत्साह से मिला १४ वहां पर तालियें देकर चौसठ योगनियें नचीं ॥ ६३ ॥ १५ तरवारों से म्यान खूटने हैं ॥ ६४ ॥ ॥ ६५ ॥ १६ तरवारों की धाराओं की. हाथियों की १७ भयंकर चीस १८ फेकरियों [स्यालनियां] के फत्कार ॥ ६६ ॥ १९ भूमि २० ताल [वाद्य विशेष] २१ नृत्य की रीति के. दिग्गजों की २२ कायर गर्जना ॥ ६७ ॥ २३ छलघात २४ हाथियों के माथे २५ अप्सराओं का हाथ [हथलेवा जुड़ता है]

जहाँ तँहँ खग्गन खंड[1] खिरंत, जहाँ तँहँ गैवर[2] गंज गिरंत ॥
जहाँ तँहँ जुग्गिनिको जयकार[3], जहाँ तँहँ रुंडन मुंडन मार ।६९।
जहाँ तँहँ साकिनि सोर[4] सुनाव, जहाँ तँहँ पंडित जंग प्रभाव ॥
जहाँ तँहँ हत्थन बत्थन[5] जुट्टि, जहाँ तँहँ तेग तरक्कत[6] तुट्टि ॥ ७० ॥
जहाँ तँहँ सोनित सौं[7] बढि साँद, जहाँ तँहँ प्रेतन भच्छ[8] प्रमाद ॥
जहाँ तँहँ चाल चुरैलिनि चौंकि, जहाँ तँहँ भैरव भैरव[9] भौंकि[10] ७१
जहाँ तँहँ हड्डुन जालिम[11] जोर, इतैं तँहँ दुस्सह[12] कूरम ओर ॥
सुहाडँप[13] कूरम साँवलदास, मिल्यो अभमल्लहिं पुंज[14] प्रकास ॥७२॥
कहैं दुव दाहहु वाहहु कत्थ, रचैं रन त्यों रवि रुक्कत रत्थ ॥
सरैं[15] जलजंत्र कि घायन[16] सोन, जुरैं इन दोउनतैं तँहँ जोन ॥७३॥
लरैं अभमल्ल सु बुंदिय लाज, करैं उत कूरम जैपुर काज ॥
बहैं असि बान वरच्छिन व्रात[17], परैं मनु भद्दव विज्जुव पात ॥७४॥
थेइ थेइ नच्च कबंधन[18] थूल[19], बनैं तँहँ कातर[20] पत्त वघूल[21] ॥
सलंगत भैरव सोनित[22] मत्त, छलंगत गिद्ध बनैं सिर छत्त[23] ॥ ७५ ॥
नचैं निकसे हियपैं[24] कढि नैन, सरोज[25] कि सोन सिलीमुख[26] सैन ॥
कढैं फटि बुक्कन[27] टुक्क निकास, मनों सुमं[28] किंसुक[29] माधव[30] मास ७६

१टुकड़े २हाथियों के समूह ३जय हो जय हो ऐसा शब्द॥ ६९॥ ४कोलाहल ५बाथों से [दोनों हाथों को फैला कर अंक में भर कर बाहु युद्ध होता है] लड़ते हैं ६ तरवारें फिसल कर टूटती हैं ॥ ७० ॥ ७ लोही का कीचड़ ८ खाने का ९ भयंकर १० गाजते हैं ॥ ७१ ॥ ११ जुल्म करनेवाला १२ वह जुल्म कछवाहों की तरफ नहीं सहने योग्य है १३ सुहाड़ का पति १४प्रकाश का समूह ॥ ७२ ॥ १५ फुंहारा चलै जिस प्रकार १६घावों से रक्त चलता है ॥ ७३ ॥ १७समूह ॥ ७४ ॥ १८बिना मस्तक वाले क्रियावान् शरीरों का १९समूह २० कायर २१बघूले (वायु के गोटे) के पत्तों के समान २२ रक्त से मस्त होकर २३ छत्र ॥ ७५ ॥ २४ छाती पर नेत्र निकस कर नाचते हैं सो मानों २५ लाल कमल पर २६ भ्रमर शयन करते हैं २७ बूकों (गुरदों) के टुकड़े होकर फट कर निकलते हैं सो मानों ३० वैशाख मास में २९ ढाक के (केसूला के) २८ पुष्प फूले हैं ॥ ७६ ॥

उडैं सिर अंबर पच्छिन पेलि[2], करैं[3] जनु कालिय कंदुक केलि[4] ॥
उछट्टहिँ ढालनमैं कढि अंत[5], भुजंग टिपारनमैं[6] कि फनंत ॥७७॥
रुरैं[7] सिर अद्ध फटयो इहिँ रारि, दयो जनु जुग्गिनि खप्पर डारि॥
सिखा कटि सूरनकी फहरात, किधौं जयकेतु प्रभंजन[10] पात॥७८॥
किरैं[11] फटि टोपनतैं करवाल[12], फैंटा[13] बिनु लेत भुजंग कि फाल ॥
सुहावत के झरि नक्क[14] समूल, फबैं इसमास[15] मनों तिलफूल ७९
लगैं असि[16] ओठ झरैं कटि लाल, पके जनु बिंब[17] कि पुंज प्रवाल[18]
उडैं कटि दंतन ओघ अखंड[19], खिरैं फटि हीरनके जिम खंड॥८०॥
किरैं[20] सह मुत्ति[21] प्रहारन[22] कान, बनैं सह मुत्ति सु सुत्ति[23] बिधान ॥
जहाँ झरि हत्थ गिरैं अति जुद्ध, किधौं फन पंचकके अहि क्रुद्ध८१
तिरैं वहु खेटक[24] सोनित[25] ताल, मनों कि सरस्वति[26] कच्छप माल॥
झुकैं वहु सूर झटक्कन[27] झार, गिरैं जिम आसव मत्त गमार८२

पक्षियों को २ हटाकर आकाश में १ मस्तक उडते हैं सो ३ मानों कालिका गैंद ४ खेलती है, ढालों के ऊपर ५ आंतें गिरती हैं सो मानों टिपारों में ६ सर्प फिरते हैं ॥ ७७ ॥ इस युद्ध में आधा फटा हुआ मस्तक ७ गुडता [लुडकता] है सो मानों योगिनी ने खप्पर डाल दिया है ८ वीरों की चोटियें कट कर उडती है सो मानों ९ विजय की ध्वजा १० पवन से पडती है ॥ ७८ ॥ टोपों के ऊपर से टूट कर ११ तरवारें १२ गिरती हैं सो मानों १३ विना फण सर्प उछलते हैं १४ मूल सहित नासिका कट कर ऐसी दीखती है कि मानों १५ आसोज मास में तिलों के फूल शोभा देते हैं ।७९। १६ तरवार लग कर लाल होट कट कर गिरते हैं सो मानों १७ बिम्बफल [रक्त फल विशेष] और १८ मूँगों (नग विशेष) का समूह है १९ विना टूटे हुए दांतों के समूह कट कर उडते हैं सो मानों हीरों के टुकड़े होकर खिरते हैं॥८०॥२२ प्रहारों से २१ मोतियों सहित कान २० गिरते हैं सो विधान पूर्वक मोतियों सहित २३ सीपें बनती हैं ॥ ८१ ॥ उस २५ रुधिर के तालाव में बहुत २४ ढालें तैरती हैं सो मानों २६ सरस्वती नदी में कच्छपों की पंक्ति तिरती है (सरस्वती नदी के पानी का रंग लाल प्रसिद्ध है) २७ तरवारें चला कर 'डिंगल भाषा में तरवार के एक वार में दो टुकड़े होजावें उसको झटका कहते हैं परन्तु लौकिक में इसकी रूढी खड्ग में होगई है इसीकारण यहां तरवार लिखा है'

डरावत डाकिनि दंत दिखाय, जरावत साकिनि लावत लाय ॥
तिन्हैं भट नाटकके नट तोर, गिनैं रस अद्भुतही नहिं घोर॥८३॥
गिरैं कहुँ भज्जतें भीरुन सीस, उठावत पुब्ब विहावत ईस ॥
गिलैं तिनको नन गृद्दहु गिद्ध, बुरे इम जे कि मरे भय विद्ध॥८४॥
मिले हुवरया गतिके रन माँहिं, जचैं जुरनों तँइ नाँहिं सु नाँहिं॥
लगी गर बुंदिय जैपुर लाज, करैं नहि अग्घ सरैं नहिं काज ८५
भयो बल साँवलको बल भाव, दयो अभमल्ल पुरंदर दाव ॥
चली पविकी छवि ते असि चंड, खुल्यो सिर साँवल ज्यों गिरि खंड८६

(षट्पात्)

अभयसिंह सुत अत्थ प्रबल सुगतेस१.रु पूरन२ ॥
दासी औरस हुव रहि चले चाहत अरि चूरन ॥
सारसोपके सुभट वढ्ढि पहुंचे सुंढाड़ थल ॥
भट साँवल के भंजि दव्वि नाँनेड़ि दयो दल ॥
इन्द्र हनत पिक्खि कूरम अचल दोउन सुग्गन हूर दिय ॥
उभैं पुत्र मरत अभमल्ल अब लरि अचलेस समीप लिय८७
अचलसिंह तरवारि परिय अभमल्ल बाँजि पर ॥
झरत खंध हय झुकिय इनहु झारिय इहिं अवसर ॥
सूर अचलको सीस तरकि तुट्ट्यो असि उच्छट ॥

॥ ८२ ॥ १ अग्नि लाकर भीर लोग उसका नटों के २ खल की भांति अद्भुत रस ही मानते हैं ३ भयानक रस नहीं गिनते ॥ ८३ ॥ ४ भागते हुए फिर कायरों के मस्तक समझ कर ५ छांड देते हैं, और वे भय से बिंध कर मरे ६ इसकारण बुरे हैं अथवा उन का स्वाद मजा बुरा है ॥ ८४ ॥ ७ वहां बहुत कायरों के मस्तक गिरते हैं जिनको पहिले तो महादेव उठालेते हैं परन्तु नाहीं करने की ही नाहीं थी ८ प्राणों का आघ नहीं करते अथवा पाप नहीं करते ॥ ८५ ॥ सांवलदास का बल राजा ९ बलि की भांति होगया उस समय अभयसिंह ने १० इन्द्र के समान दाव दिया ११ वज्र की छवि से तरवार चली ॥ ८६ ॥ १२ सुढाड़ की सेना में १३ नानेड़ी की सेना को १४ अचलसिंह ने १५ दोनों ॥ ८७ ॥ १६ घोड़े पर

लियउ झेलि लगि लाह नखि बहु मंडि *महानट ॥
अचलहिँ बिदारि अभमल्ल इम लुतन धैर कढ्यो सकल ॥
बिनु बाजि जाय गंज्यो बलिय बुद्धानीपुर पति प्रबल॥८८॥

दोहा ॥

वीर बहादुरसिंह तब, बुद्धानी पुर नाह ॥
अश्व रहित अभमल्लकों, इक्खत रचित उछाह ॥ ८९ ॥
वेग हयहिँ झपटाय बलि, सम्मुह झारिय संगि ॥
अभमल्लहिँ यह लगिय इम, अंग सिर पंबि किं उमंगि ९०

॥ षट्पात्॥

लगत संगि अभमल्ल छत्ति फुट्टन नन छोहिंउ ॥
बिरचि बंपा बखसीस डंकि कूरम दल डोहिंउ ॥
बिनाँ तुरग हठ बंधि तुमुल काऊ नहिँ तक्कत ॥
यह अचिंज्ज सहि संगि बढ्यो सम्मुह अय बंक्कत ॥
जिम तुंला दंड खंभहि जुरत उर प्रबिद्ध अभमल्ल इम ॥
बुद्धानि नगर ईसहिँ सबिधि तुंल्लि पटक्किय अवनि तिम९१

[दोहा]

पर्यो बहादुरसिंह इत, इत सु पर्यो अभमल्ल ॥
इम कूरम भट पंच५ अगि, हनि सुत्तो हरवल्ल ॥ ९२ ॥

पज्झटिका ॥

चहुवान देवसिंहहिँ बिचारि, सिरदार कुम्म नौरव सम्हारि ॥
नाथाउत चौलुक प्रेम नाम, किय आहव नरउर सचिव कौम९३
संग्राम नाम चालुक्य संग, जुरि करनसिंह कछवाह जंग ॥

---

* शिव ने ॥ ८८ ॥ ८६ ॥ १ बरछी २ पर्वत पर ३ वज्र । ९० ॥ ४ सूछित नहीं हुआ ५ मल्ला ६ कूद कर ७ मथा ८ आश्चर्य है कि बर्छी को सहन करके ९ बोलता हुआ १० लकड़ी की डांडी किसी खंभे से बांधी जावै जैसे ११ वेधन होकर १२ तोल (उठा) कर भूमि पर पटकी ॥ ९१ ॥ ॥ ९२ ॥ १३ लड़का १४ सोलंखी १५ कार्य ॥ ९३ ॥

परिहार*परसुधर उक्त प्रचंड, दिय जोध चालुक्कहिं दुसह दंड ९४
गंजन अरि साँवलदास गोर, उडि रूपसिंह चालुक्य ओर ॥
जोरावर †नारव कुम्भ जत्थ, सुरतेस बीर चालुक्य सत्थ ॥ ९५।
बखतेस इड्ड असि करत वाह, चलि उदयसिंह चालुक्य चाह ।
जगभानु इड्ड अति ‡चित्र जंग, सजि कूरम पृथ्वीसिंह संग॥९६॥

(दोहा)

इम बुंदिय आमेर भट, रचिग परस्पर रारि ॥
जुद्ध मिले जल §दुद्ध जिम, ¶अल्बन बग्ग उपारि॥ ९७ ॥

[मुक्तादाम]

चली असि बान बरच्छिन चोट, लगे कति लेत कबुत्तर लोट९८
उलट्टिय सत्त समुद्रन आपं, प्रकट्टिय कूरमको यँहँ पाप ॥
थरक्किय त्यों अतलादिक थान, लरक्किय सेस फटा लचकान९९
तरक्किय कच्छप पिट्ठि सत्रास, बनैं जनु अंडकटाह विनास ॥
टिक्यो किरि तुंडहिं दंतुलि टारि, चिक्यो दिक्कुंजर पुंज चिकारि
छुटैं सिर छत्तिन छत्तिन छोक्कि, कढैं बनतैं जिम कुक्कत कोक्कि ॥
करक्कहिं कोचनकों असि कट्टि, फरक्कहिं बिज्जुव ज्यों घन फट्टि १०१
खरक्कहिं ढालनके कटि खंड, दरक्कहिं तालनसे ध्वजदंड ॥
छरक्कहिं छोनिय छिंछिन रत्त, वरक्कहिं बाहुल टोप बिघत्त॥१०२॥
झरक्कहिं इक्कहिं इक्क झटक्कि, थरक्कहिं रुंड लरक्कहिं थक्कि ॥
गरक्कहिं खंजर पंजर गोदि, जरक्कहिं जोर महाभट मोदि ॥१०३॥

* परशुराम ॥९४॥ †नरूका कछवाह ॥ ९५ ॥ ‡आश्चर्य युक्त युद्ध करनेवाला ॥ ९६ ॥ § दुग्ध ¶ घोड़ों की बागें उठा कर॥ ९७ ॥ ९८ ॥ १ जल २ जयसिंह का ३ फण ॥ ९९ ॥ ४ मानों ब्रह्मांड का विनाश (प्रलय) होवेगा५वाराह का मुख ६ दिग्गजों का समूह चीसलों करके हटे ॥ १००॥७चत्रियों की छातियों को फोड़ कर८मयूर९कवचों को काट कर१०खड्ग११बिजुली॥१०१॥१२ताड़ वृक्ष के समान १३ भूमि को १४ रक्त की छींटों (पिचकारियों] से १५ दस्ताने १६ विशेष घात से ॥ १०२ ॥ १७ शस्त्र विशेष [एक प्रकार की छुरी] १८ शरीर को खोद कर १९ प्रसन्न होकर गिराते हैं ॥ १०३ ॥

प्लवंगन[1] प्रोथ[2] सनंकिय स्वास, भनंकिय भेरि[3] बलाहिक[4] भास ॥
रनंकिय कोचन[5] रोचन रुंड, झनंकिय अक्खर[6] पक्खर झुंड॥१०४॥
खनंकिय हड्डन[7] हड्डन[8] खग्ग, फनंकिय फेनिल[9] सेस समग्ग ॥
छनंकिय बान उडानन छूट, ठनंकिय घंट करी कटि[10]कूट ॥१०५॥
इतैं तँहँ देव उतैं सिरदार, हमल्लन भल्लन देत प्रहार ॥
उभै २ झपटावत सत्तिन[11] सूर, उभै अधिबीर[12] महा मगरूर ॥ १०६॥

(दोहा)

महाचंड अरु चंड मनु, दोऊ भट जम दास ॥
असु[13] दल गाहक अंकुरे[14], रन मोरी[15] भव रास ॥ १०७ ॥

[षट्पात्]

देवसिंहके सुभट हनिय सिरदारसिंह खट६ ॥
नारवके रन रुपि देव सज्जिय द्वादस भट ॥
द्विगुन जोर लखि इतहि अर्क[16] पहिलैं तिन्ह आदरि[17] ॥
अरु मंडल भिदवाय[18] प्रथम पठये स्वधर्म-परि ॥
डाकिनि पिसाच यह कूक दिय सु सुनि सोर नारव[19] सुभट
दस१० मान[20] उग्र अड्डे दुसह बहुरि आनि ठड्डे[21] विकट॥१०८॥

---

१ घोड़ों के २ फुरणों[नासिकाओं] से ३ नौबत ४ मेघ की शोभा से बजी ५ कवचों से शोभायमान धड़ ६ नहीं गिरे हुए अर्थात् हाथी घोड़ों पर लगे हुए पाखरों के समूह बजे॥१०४॥७हाडा क्षत्रियों के खड्ग८शरीर के हाडों पर बजे; या हडों के शस्त्र हाडाओं पर ही बजे [क्योंकि यहां दोनों ओर के युद्ध करने वाले हाडा ही थे] ९ झागों सहित शेष के सब फणा फेन [झाग] सहित होकर फूत्कार करने लगे [यहां फेनों के योग से फणों का ग्रहण है]१०हाथियों के कुंभस्थल कट कर ॥ १०५ ॥ ११घोड़ों को१२वीरों के पति [स्वामी] ॥१०६॥ १३सेना के प्राणों के ग्राहक१४खड़े हुए१५युद्ध में महामारी (प्लेग) का नृत्य हुआ अर्थात् मनुष्यों के समूह का नाश करनेवाली महामारी का नृत्य हुआ ॥ १०७ ॥१६सूर्य ने१७देवसिंह के वीरों का आदर करके१८सूर्य मंडलका भेदन कराकर १९ नरूके २० दश का प्रमाण वाले अर्थात् दश भट आ २१ खड़े हुए ॥ १०८ ॥

(दोहा)

सुभट अठ८निज संटिकैं[1], देवसिंह ढुत[2] दाय ॥
नारवके ते दस१०निगलि, नारव लिय नियराय ॥ १०९ ॥

(षट्पात्)

अब उन्नततम[3] अंस उपर दिनकर[4] आरोहत ॥
चित्र[5] जंग[6] दिय चच्छु[7] मुदित सारथि सह मोहत ॥
देवसिंह सिरदार जय[8] रु राधेय[9] मिले जहँ ॥
बिरचत दुवरबल बंधि तुमुल थल रंग जंग तहँ ॥
सत्तन खलीनं[10] खंचिय अरुन चुक्कि सैंकति[11] फनिपति[12] चक्किय ॥ ११० ॥
दुवरजाम[13] अधिक संजोग सुख तेंदिन[14] चक्क चक्किन तक्किय ॥
जिम द्रोणाचल लैन उठयो अंजनि सुत लासक[15] ॥
अचवन[16] जिम अंमोधि[17] बिदित आतापि बिनासक[18] ॥
चंडी जिम चंडपर खान मुष्टिक संकरखन[19] ॥
पन्नगपर कि सुपर्ण[20] गरबि तैम[21] हिमकर[22] ग्रासन ॥

१बदले में देकर २ नरूके सरदारसिंह को समीप लिया ॥ १०९ ॥ इस समय ३ अत्यंत ऊंचे भाग (मध्यान्ह) पर चढ कर ४ सूर्य ने इस ५ आश्चर्य वाले ६ युद्ध पर ७ चक्षु [नेत्र] दिये और सारथि सहित प्रसन्न होकर मोहित हुए. जहां देवसिंह और सरदारसिंह रूपी ८ अर्जुन और ९ कर्ण मिले तहां दोनों ने बल बांध कर युद्ध क्षेत्र में भयंकर युद्ध किया वहां सूर्य के सारथि अरुण ने घोड़ों की सातों १० लगामें खेंचीं (युद्ध देखने को रथ रोका। और ११ अपनी शक्ति को भूल कर १२ शेषनाग डिगा १४ उस दिन चकवा चकवियों ने १३ दो पहर तक संयोग का अधिक सुख देखा अर्थात् युद्ध का कौतुक देखने के कारण सूर्य दो पहर अधिक ठहरा इससे वह दिन छः पहर का हुआ ॥ ११० ॥ जिस प्रकार१५नृत्य करता हुआ हनुमान द्रोणाचल लेने को उठा. जिस प्रकार१७समुद्र को१६पीने के लिये आतापि नामक राक्षस को१८मारने वाला (अगस्त्य) उठा. चंड दैत्य को मारने के अर्थ चंडी और मुष्टिक मल्ल को मारने के लिये१९बलदेव किंवा सर्प के ऊपर२०गरुड़ और २२ चंद्रमा को ग्रहण करने को घमंड करके२१राहु उठा तिस प्रकार

इम वैरिसल्ल कुल उद्धरन लरि समीप नारव लियउ ॥
मानों कि भीम हढ पय मुररि दुस्सासन उप्पर दियउ १११

भुजंगप्रयातम् ॥

मिले वन्हिके भानुके बंस मंज्झी, दुहूँ फोजमैं ओजतैं मोज दंज्झी
दुहूँ तोरके जोरतैं भुम्मि दब्बी, इतैं गोमुखा भेरि बज्जे अरब्बी ११२
भयो सेस रंकेसके बेस भिन्नों, किटी दंतुली टारिकैं तुंड दिन्नों॥
कढ्यो व्याल पाताल त्राता न कोऊ, सर्यो बेंच्छ बीभैच्छ दौले-
यैं सोऊ॥११३॥
हठी जूटतैं मेरुके कूट हल्ले, चहूँ कोदँ सप्तोर्ध्वके श्रोत चल्ले ॥
भजे लोक स्वर्गादि लोकेसँ भौनैं, लगैं ईसकौं सीसके लाभ लौनैं
भये राग सिंधूनके लोग भिन्ने, नची जुग्गिनी ताल बेताल दिन्न॥
खिरैं हड्डपैं खग्ग बुल्लै अखंडँ, मनौं फग्गमैं चैंचरी दंड मंडैं ॥ ११५ ॥

वैरीशाल के कुल का उद्धार करनेवाले (देवसिंह) ने युद्ध करके १ नरूके सरदारसिंह को समीप लिया सो मानों २ पीछा फिर कर भीमसेन ने दुस्सासन पर दृढ पावंडे दिये ॥ १११ ॥ इस प्रकार ३ अग्नि वंशी और सूर्य वंशी दोनों ४ मांझी (वीर) मिले जिनकी ५ ताप से दोनों ओर की सेना की ६ खुशी ७ जली, उन दोनों ने प्रताप के जोर से भूमि को दबाई और इधर ८ गोमुखा [वाद्य विशेष] नौबत और ९ आरबी ताशे बजे ॥ ११२ ॥ शेष नाग भग्न होकर अत्यन्त दीन के वेस में होगया और १० वाराह ने दंतुली को टाल कर मुख नीचा कर लिया उस समय पाताल में ११ शेष नाग की रक्षा करने वाला कोई नहीं निकला और १३ ग्लानी युक्त होकर १४ कमठ भी १२ छाती के बल चला ॥ ११३ ॥ उन हठ वाले दोनों वीरों के १५ युद्ध करते समय सुमेरु पर्वत के १६ शिखर हिलने लगे और चारों १७ दिशा में १८ सातों समुद्रों के सोते चले 'मतांतर से समुद्र चार माने हैं परन्तु शास्त्रों में बहु मत से सात ही लिखे हैं' १९ स्वर्ग आदि के लोक भग कर २० ब्रह्मा के लोक में गए और २१ शिव को मस्तकों का लाभ २२ सुंदर लगा ॥११४॥ भिड़ कराने (मरवाने) की लागवाला (वीर रस का पोषक) २३ सिंधवी राग हुआ वहां पर चौसठ जोगनियें नचीं और बेतालों ने ताल दी, हड्डियों पर तरवारें गिर कर निरंतर शब्द होने लगा सो मानों फाग में अथवा फाल्गुन मास में २४ गहर [डंडहर] के डंडे बजते हैं ॥ ११५ ॥ दोनों ओर के रूपक बाजे

उभै झल्ली धावै बाजी उडावैं, उभै वारकी मारमैं नाँहिं आवैं ॥
इतैं लज्ज बुद्धेसकी ठोकि ठिल्लैं, उतैं ख्याल जैसिंहके जोर
खिल्लैं ॥ ११६ ॥
उभै जेठके भानके मानैं उग्गे, परैं फौजके ओजके अंसु पुग्गे ॥
बकैं डाकिनी डक्क डैरौं बजाय, घने भेदके मेद भैरौं अघाये ११७
फिरैं फेकरी चंड फेरंड फुल्ले, भिरैं भूत के रत्तमैं मत्त भुल्ले ॥
भ्रमैं गिद्धनी चिल्हनी मेद भक्खैं, रमैं पंकमैं कंक नाँ संक रक्खैं
तपैं रंगी बाजीनके तंग तुट्टैं, छिपैं भीरु विद्राव कैं चाव छुट्टैं ॥
उलट्टी नदी लौं गिरैं को उछट्टैं, फिरैं रीस कैं ईसके सीस फट्टैं ११९
कटी के पताका उडी अभ्र कड्ढैं, चढैं मेघके जोर ज्यौं मोर चड्ढैं ॥
झुकैं झंड बेतंडपैं बात झंपैं, किधौं सैलके सृंग खज्जूरि कंपैं १२०
बन्यौं संकुली सत्थ लै बत्थ बाँहीं, निकंपा पौनपैं ह्वाँ सदागौन नाँहीं

---

१ दौड़ में २ घोड़ों को उड़ाते हैं सो दोनों ओर के प्रहारों में नहीं आते इधर तो बुधसिंह की लज्जा के अर्थ (कि हमारे कारण से ही उसकी लज्जा रह जावे) शत्रुओं को ठोक कर ३ हटाते हैं और उधर जयसिंह के जोर से लड़ाई का खेल खेलते हैं ॥ ११६ ॥ दोनों ही ज्येष्ठ मास के सूर्य के ४ समान उदय हुए जिनकी ५ ताप की ६ किरणों के पहुंचने से सेना गिरती है उन फौजों के गिरने से डाकिनियें डैरव बजाकर बकने लगीं और बहुत प्रकार के ७ मांसों से भैरव ८ तृप्त हुए ॥ ११७ ॥ स्यालनियें फिरती हैं और भयंकर ९ स्याल फूलते हैं १० रुधिर में मस्त होकर भूले हुए भूत परस्पर भिड़ते हैं और उडती हुई गीधनियें और चीलहें मांस खाती हैं उस लोही मांस के कीचड़ में कंक [डीच] पक्षी निःशंक होकर क्रीड़ा करते हैं ॥ ११८ ॥ ११ युद्ध में तपे हुए घोड़ों के तंग टूटते हैं १२ कायर लोग भागकर उत्साह छोड़कर छिपते हैं और कितने ही उलटी हुई नदी के समान उछट कर गिरते हैं और क्रोध करके शिव की मुंडमाला में गएहुए मस्तक भी फटते हैं ॥ ११९ ॥ १५ सेना में कटी हुई १३ ध्वजा ऐसी दीखती है जैसे मेघ के जोर से १४ आकाश में मयूर चढ़ते हैं १७ पवन लगने से १६ हाथियों पर झंडे ऐसे दीखते हैं जैसे १८ पर्वत के शिखर पर खजूर का वृक्ष कांपता है ॥ १२० ॥ २० एक दूसरे को भुजाओं में भरकर वह सेना ऐसी १९ भरगई कि जिसमें होकर पवन का २१ सदागौन [निरंतर ग-

गहे कोर[1] कट्टार के पार[2] गोदैं, खुरैं बाजि के घुम्मिकैं भुम्मि खोदैं
फिरैं के गदा मारि गै[3] मत्थ फोरैं, चिरैं कुंभ[4] मुत्तानिको[5] रंगचोरैं ॥
कढैं हत्थि होदेनके उद्ध[6] कच्छी[7], सुरैं तारकी वग्ग ज्यों वारमच्छी[8] ।
किते कुप्पि होदेनमैं सूर कुद्दैं, मरोरैं निसादीनके[9] कंठ मुद्दैं ॥
भिदैं त्यौं गजाजोंर[10] के जीव झुल्लैं, बढे मोदमैं के पदग्गंत[11] बुल्लैं १२३
नदैं[12] झंझैं[13] की फुट्टि भेरी[14] नगारे, बदैं के बिदारैं हहा हाय हारे ॥
चढी आगि जंगी[15] चिनंगी चमंकी, सिकी[16] झार संसारकी बुद्धि संकी
तपैं पक्खरी बाजि दज्झैं[17] तरक्कैं, जपैं राम के घुम्मिकैं भुम्मि जक्कैं[18]
खिरैं हड्ड के झुंड के खंड खंडी, मनो वुट्ठि ओरेनकी[19] मेघ मंडी ।१२५।
चलैं रोपं[20] त्यौं चाप जीवाँ[21] चटक्कैं, नचैं खेचरी भूचरी प्रान नट्ठैं[22] ॥
बहैं वेगतैं तेग सन्नाह[23] बट्ठैं, किधौं संब्बुकी[24] पंतिमैं तंति कट्ठैं ॥

अग्गैं भो वह बचन क्यौँ सु चुक्कत अब दुम्मति[9] ॥
मंत्रिय इतैं सु मरहट्ठ दल[10] राजामल सब फोरि लिय ॥
इक्क न मलार फुट्टिय अतुल हुलकर राय उपाय हिय।२३।

पादाकुलकम् ॥

रान सुभट[11] हुलकर मिलवाये, बलि[12] संध्या सुत मित्र बनाये ॥
रान सहाय करन तिन धारी, सो राजामल सबहि बिगारी ॥ २४ ॥
रान सुभट दोहूर निकसाये, मुहबिगारि निरखत भुंव[13] आये ॥
पुनि खत्रिय लै सब मरहट्ठन, चलिय रान सिर कुंच कटट्ठन।२५।
कोटा मुलक लुट्टतहि आये, दुजनसल्ल नहिँ हत्थ दिखाये ॥
इम द्रुत[14] आय रान दल[15] घेरयो, फनपति[16] मानहु कुंडल फेरयो॥ २६ ॥
षट्पात्-सक इक नभ वसु सोम१८०१माघ मेचँक[17] पख अंतर॥
मरहट्ठन दिय मार रान बिंटिय रचि संगर ॥
धमि तोपन धमचक्क धुम्मि भोगँन डगमग्गिय ॥
झंडे अरुन[19] प्रजारि झुंड गोलन झगमग्गिय ॥

१ रुपये २ प्रतिदिन ३ कछवाहों की सेना को ४ लोभ करके ५ शीघ्र ६ तुम्हारे छोटे भाई (माधवसिंह) सहित ॥ २२ ॥ ७ बादशाह से शीघ्र ८ घमंड ९ दुर्मति१०राजामल ने इधर मरहठों की सेना को ॥२३॥ ११ राणा के उमरावों ने १२ फिर ॥ २४ ॥ १३ भूमि की तरफ नीचा देखते हुए ॥ २५ ॥ १४ शीघ्र आकर १५ राणा की सेना को१६सर्पों के पति (शेषनाग) ने॥२६॥१७यदि १८ शेष के फणों पर१९उदयपुर के निशान का रंग लाल है

गज हय सिपाह उड्डिय गरद प्रबल अचानक भय परिग ॥
झंपत सिचान[1] खरकोन गति मेवारन[2] मद उत्तरिग ॥ २७ ॥

॥ दोहा ॥

आय अचानक अरध निस, मरहट्ठन दिय मार ॥
भीत रान व्याकुल भयउ, वलि[3] किय साम बिचार ॥ २८ ॥
यह उदंत मरहट्ठ सुनि, रुचि वस छंडिग रीस ॥
साम बिरचि किय रान सिर, दम्म[4] लक्ख बाईस२२००००० ॥ २९ ॥
नृप कूरम अरु रान पुनि, मरहट्ठन[5] मिलवाय ॥
कियउ साम दोऊ२नकै, रस हित कछुक रचाय ॥ ३० ॥
माधवहूके मिलनकी रामचंद्र किय बत्त ॥
सो हुलकर मन्नी नही, रक्ख्यो प्रथक[6] बिरत्त ॥ ३१ ॥
माँधवहू[7] यह सुनि कहिय, मैं ढुंढाहर राज[8] ॥
कैसैं ईश्वरिसिंहसौं, सद्दै मिलन समाज[9] ॥ ३२ ॥
माधव रान बिगारि मुंह[10], तदनु[11] उदैपुर पत्त ॥
मरहट्ठन जुत कुम्म नृप[12], घल्ली बुंदिय घत्त ॥ ३३ ॥
सहर देस लै किय सकल, अमल दलेल अधीन ॥
तारागढ भो नहिं तबहि, बिंट्यो जाय बलीन ॥ ३४ ॥

॥ षट्पात् ॥

धम्मि तोपन धमचक्क कोट तारागढ कंपिग ॥
दुवरकोटा भट देखि जानि परबल यह जंपिग[13] ॥
हम हड्डे बड बीर कढहिं फहरात फतूहन[14] ॥
भग्गे जिम निकसैं न प्रबल लग्गत कलंक पन ॥
जो जानदेहु संजुत रखंत[15] तो कवि कीरति पढ्हि हैं ॥

---

१ तीतर पक्षियों की भांति २ मेवाड़वालों का ॥ २७ ॥ ३ पुनि ॥ २८ ॥ ४ रुपये ॥ २९ ॥ ५ मरहठों ने दोनों राजाओं को मिलाकर ॥ ३० ॥ ६ जुदा रक्खा ॥ ३१ ॥ ७ माधवसिंह ने भी ८ राजा ९ सभा में ॥ ३२ ॥ १० मुख ११ जिस पीछे १२ ईश्वरीसिंह ने ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ १३ कहा १४ ध्वजा उडाते हुए १५ सामग्री सहित

नाँतरि कढ़ैं न हड्डे मरद अड्डे पंजर[1] कढ्ढिहैं ॥ ३५ ॥
सुनि हुलकर दिय वचन रेखत[2] संजुत तुम जावहु ॥
कछुदिन कूरम जोर नाँहिं बुंदिय तुम पावहु ॥
अजितसिंह अरु रूप[3] तवहि कोटेस सुभट हुवर ॥
सजि बल खुल्लि निसान निकसि कोटा अध्वग[4] हुव ॥
लुट्टिय दलेल बुंदिय सकल बुन्दसुतहिं[5] चाहत निरखि ॥
कूरम समेत दक्खिन कटक दिन दुवरक्खिय लुब्ध[6] लखि ३६
जुत दलेल कछवाह तँदनु[7] लै दल मरहट्ठन ॥
कोटा बिंटिय जाय रुट्ठि लुट्टत मग[8] रैठन ॥
ग्राम सगत पुर जाय अप्प उत्तरि चम्मलि तट ॥
लिय पत्तन[9] गरदाय सेन संकुलि[10] बट उब्बट ॥
वज्जिय निसान त्र्यंबक बिखम दुसह फैर तोपन दगिय ॥
अंदर अँलाव[11] मच्चिय मनहुँ लंकापुर बंदर[12] लगिय ॥ ३७ ॥

॥ हीरकम् ॥

दक्खिन दल लै दुरूह[13] कूरम हठ हेरयो ॥
कोटापुर जाय घोर घत्तन[14] घन घेरयो ॥
द्वैरबट दल बंटि अप्प चम्मलि दिस तंडयो[15] ॥
अद्ध सु दल पुव्वओर जाय जोर मंडयो ॥ ३८ ॥
तोपन धमचक्क[16] कोट लोपन पुर लग्गयो ॥
गोलन गजबीन[17] सोर[18] संकुलि दव[19] दग्गयो ॥

---

१ शरीर पड़े पीछे ॥ ३५ ॥ २ सामग्री ३ रूपसिंह ४ मार्ग ५ उम्मेदसिंह को देखना चाहते थे ६ लोभ देखकर ॥ ३६ ॥ ७ जिस पीछे ८ मार्ग के बुंदी और कोटा के दोनों राष्ट्रों (राज्यों) को ९ पुर को घेर लिया १० मार्ग और विना मार्ग में सेना भरकर ११ अग्नि १२ हनुमान् की लगाई हुई ॥ ३७ ॥ १३ कठिनाई से नर्कना में आवै ऐसी सेना लेकर १४ घातों से १५ गर्जना की ॥ ३८ ॥ तोपों के १६ युद्ध में कोट और पुर का लोप होने लगा १७ गजब करनेवाले गोलों ने १८ बारूद भरी हुई १९ अग्नि लगाई

कच्छप फटि पिट्ठी नाग रीढक बररक्कयो ॥
दंतुलि तुटि कोल[2] झोल झंझट[3] झुकि झक्कयो[4] ॥ ३६ ॥
अतल रु बितलादि लोक ओदकि भय भग्गये ॥
दिग्गज डगमग्गि सोच[6] मोचन मद लग्गये ॥
फोजन घन फेर भुम्मि जोजन दुवर ढंकई ॥
ओजन भट भीर जंग मोजन हठि हंकई ॥ ४० ॥
टोलन पवि[7] पात डोलि गोलन[8] गढ बिग्गरैं ॥
गज्जन[9] पुर सोध[10] गोख छज्जन छटके परैं ॥
मंडप फटि के लदाव खंभन गन उच्छटैं ॥
थंभन थहराय ओक ओकन[11] अति उप्पटैं ॥ ४१ ॥
उड्डत गढ खंड फेर गोलन लगि बिक्खरैं ॥
बज्जन कटि पंच्छ[12] जानि पब्बय फटि के परैं ॥
कोट रु कपिसीस[13] ओट उड्डत छबि गैन[14] मैं ॥
चोटन पर चोट लोट लग्गत पुर लौनमैं ॥ ४२ ॥
गोपुर[15] परिकूट अट्ट[16] पट्टन परि वट्ट[17] के ॥
[18]कापथ अतिपंथ[19] होत चम्मलि तट घट्ट[20] के ॥

१शेषनाग की पीठ (सांकल की हड्डी) तूटी२वराह की दंतुली तूटकर३वह उस झगड़े (युद्ध) के झालों से झुककर४गिरा (बैठगया) ॥३६॥५भय से डरकर भागे६शौच (विष्ठा,लाद) और मद छोडने लगे, फौजों के अधिक फैलाव से आठ कोस भूमि ढक गई और वीरों की भीड़ पराक्रम के साथ युद्ध की लहरों में हठ करके चली ॥ ४० ॥ पर्वतों पर ७ वज्र पड़ने की ८ तरह गोलों से गढ बिगड़ने लगा उन तोपों की ९ गर्जना से नगर के १० महल, झरोखे और छाजे तूटकर पड़ते हैं कितने ही लदाव के गुंमज फटकर खंभों का समूह उछटता है और११घर घर में थंभे धूज धूज कर उपटते हैं ॥४१॥ फिर गोलों से गढ के टुकड़े होकर उडते और बिखरते हैं सो मानों वज्र से१२पांखें कटकर पर्वत फटकर गिरते हैं कोट और १३ कांगरों की आड उडकर १४ आकाश में शोभायमान होकर उडते हैं ॥ ४२ ॥ १५ नगर के द्वार के आगे का कोट (पड़कोटा अथवा (घूघस) और १६ बुरजें गिरकर कितने ही १७ मार्ग होते हैं २० चामल नदी के किनारों के घाटों में १८ पगडंडियें (छोटे मार्ग) और १९ बडे मार्ग होते हैं

द्विपंथ रु त्रिक ओ चतुष्क रीति सु सब लुप्पई ॥
कुट्टिमें ढिग छत्ति आनि छत्तिन मिलि उप्पई ॥ ४३ ॥
अंगन घर अंग्गि सोर संगर अति उच्छरैं ॥
जंगन अतिजोर दोर दंगन गढ बिग्गरैं ॥
अंदर अकबक्कि लोक बंदर भय ज्यौं दुरे ॥
मंदिरँ पुर तूटि आनि चम्मलि जल के घुरे ॥ ४४ ॥
डंबर उडि खेह अंक्क अंबर सब लुक्कये ॥
ध्यान सु सिव छुट्टि तान अच्छरि गन चुक्कये ॥
चम्मलि जल छिज्जि मीन सम्मलि घन ओवटे ॥
डुंगर डगमग्गि पक्क उंबर गति के फटे ॥ ४५ ॥
सागर जल सेतु छोरि लोपन भुव लग्गये ॥
कोपन इम कुम्म सेन तोपन दव दग्गये ॥
संगर दुव मास मंडि कूरम इम अंकुरयो ॥
सत्थहि मरहट्ठ पिक्खि दुज्जनसल संकुरयो ॥ ४६ ॥

॥ दोहा ॥

राणांजी संध्या सुवन, जया नाम अति जोर ॥

नगर में १ दो मार्ग, तिरपटा और चौहटे (चोपड़ के बजार) की सब रीतियें मिटगईं ३ ऊपर की छत नीचे की छत से मिलकर २ नींव (बुनियाद) में मिलकर ४ शोभित हुई ॥ ४३ ॥ ५ बारूद की वह अग्नि उस युद्ध में घरों के चौकों में अत्यन्त उछली और उस बलवान् युद्ध के फैलाव में ६ आश्चर्य युक्त गढ बिगड़ने लगा, भीतर के लोक घबराकर जिसप्रकार लंका में हनुमान् के भय से छिपे थे तिसप्रकार छिपने लगे ७ कितने ही मकान टूटकर चामल के जल में ८ घुळ (मिल) गये ॥ ४४ ॥ खेह के उडकर ९ छाजाने से आकाश में १० सूर्य छिपगया अथवा सूर्य और आकाश सब छिपगये, शिव की समाधि छूटकर अप्सराओं का समूह तान चूकगया, चामल का जल छीज कर मच्छियों के साथ बहुत जीव ११ उघले १२ पर्वत हिलकर पके हुए ऊमर वृक्ष के फल के समान फटे ॥ ४५ ॥ १३ मर्यादा छोडकर १४ कोप के साथ कछवाहे की सेना ने इसप्रकार अग्नि जलाई १५ खड़ा हुआ १६ दुर्जनसाल सकुचा ॥ ४६ ॥ राणांजी नामक सिंधिये का १७ पुत्र

ताकै इक[1] गुटिका लगिय, घन रन मंडत घोर ॥ ४७ ॥
यह लखि कुम्म दलेल सौं, चवि दक्खिन हितचाहि ॥
पंच५ ग्राम जुत कापरनि, द्रंग[3] दिवायउ ताहि ॥ ४८ ॥
दक्खिन जोर दलेल लखि, दियउ कापरनिद्रंगं ॥
पुर पट्टनि पुनि सौंकमैं, अप्पिय राज्य उमंग ॥ ४९ ॥
तब पट्टनि लिय दक्खिननि, किय त्रि३भाग वनि कंत ॥
इक१इक१ हुलकर संधिया, इक१विभाग श्रियमंत ॥५०॥
संवत दुव नभ धृति समय १८०२, मेचक माधव[6] मास ॥
पट्टनि यम कोटा प्रधन, गिल्यो गिनीमन ग्रास ॥ ५१ ॥
ग्वाल सुरभि गजपाल[9] गज, चक्कि रंजक पर चेल[11] ॥
जमी देत कर्षुक[12] जिमहि, दिय यह द्रंग[13] दलेल ॥ ५२ ॥
मरिंग[14] याहि रनके समय, चुंडाउति[15] नृप मात ॥
कोटा मध्यहिं दाह किय, पर[16] भय जानि प्रपात ॥ ५३ ॥
मृतक कर्म निज मातको, किन्नौं लघु सुत दीप[17] ॥
हो पुष्कर मरुभूप[18] सह, मिलि उम्मेद महीप ॥ ५४ ॥
दीपकुमरि अरु दीप दुव२, सोदर भगिनी भ्रात ॥
सह झालिय रानी सह्यो, पुर कोटा दुख पात ॥ ५५ ॥
कोटा इम कूरम दई, मरहट्ठन जुत मार ॥
महाराव सठ भीत मन, सम्मुह भो नहिं स्यार[19] ॥ ५६ ॥
रूप्पय सोलह लक्ख१६००००० लिय, मरहठ रु कछवाह ॥

१गोळी॥४७॥२उस जया को ॥ ४८ ॥ ३ नगर॥४९॥५पति बनकर उसके ४ तीन बंट किये ॥ ५० ॥ ६ वैशाख वदि ७ कोटा के युद्ध में ॥ ५१ ॥ जिसप्रकार ८ गउ का ग्वाल ९ हाथी को महावत ११ पराये वस्त्र को १० धोबी १२ भूमि का कर्त्ता, भूलकर और को और की देदेवै तिसप्रकार यह१३नगर दलेलसिंह ने दिया ॥ ५२ ॥ १४ मरी १५ उम्मेदसिंह की माता १६ शत्रुओं के भय का पड़ना जानकर ॥ ५३ ॥१७दीपसिंह ने१८मारवाड़ के राजा के साथ ॥ ५४ ॥ ॥ ५५ ॥ १९ गीदड़ ॥ ५६ ॥

च्यारि४०००००लक्ख पुनि वरस प्रति, लैनैं किय दंग राइ॥
इम कोटा करिराजको, मद दिय कुंम्भ उतारि ॥
कियउ कुच्च निज निज घरन, हुव२दल्ल विजय बिचारि ।५८।

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम७राशौ समाधवसिंहराणाजगत्सिंहजयपुरविजयार्थनिस्सरणदिल्लीतईश्वरीसिंहाऽऽगमनसराजामल्लदक्षिणसैन्यराणावेष्टनदण्डद्रव्यग्रहणकूर्मराजबुन्दीविजयकरणकोटेश्वरसुभटनिष्कासनाऽनन्तरकोटायुद्धकरणराणजिपुत्रजयाऽभिधानगुटिकाहतप्रापणतच्छुल्कीभूतपट्टनिपुरप्रभृतिनिवसथनिवेदनछत्रेन्द्रमातृमरणकोटातोदमद्रव्यग्रहणतच्चतुर्थांशद्दायनिकरस्थापनं द्वादशो १२ मयूखः ॥ २९३ ॥

प्रायोव्रजदेशीया प्राकृतीमिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

इत पुक्खर उम्मेद नृप, माता मरन उदंत ॥
सुनि सब सक्किय वेदविधि, मन्नि धरम दृढ मंत ॥ १ ॥
खरच भीरं नृपकैं बहुत, बिपति सकैं न निवाहि ॥
प्रभु संभर तउ धरम पहु, करैं सु अनुचित काहि ॥ २ ॥
मिलैं जबहि सब सत्थकौं, अप्प प्रसन तब लेत ॥

१ दंड के मार्ग से ॥ ४७ ॥ २ बडे हाथी का ३ ईश्वरीसिंह ॥ ४८ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में माधवसिंह सहित राणा जगत्सिंह का जयपुर को विजय करने के अर्थ निकलना १ दिल्ली से ईश्वरीसिंह का आना २ राजामल्ल सहित दक्षिण की सेना का राणा को घेरकर दंड के रुपये लेना ३ ईश्वरीसिंह का बुन्दी विजय करके कोटा के पति के उमरावों को निकालने पीछे कोटा में युद्ध करना ४ जया नामक राणजी के पुत्र के गोली लगना और उसके सूंफ (रिसवत) में पाटणपुर आदि ग्राम देना ५ उम्मेदसिंह की माता का मरना ६ कोटा से दंड के रुपये लिये जिसके चतुर्थांश का वार्षिक कर (खिराज) स्थापन करने का बारहवां १२ मयूख सम्पूर्ण हुआ और आदि से दोसौ तिरानवें २९३ मयूख हुए ॥

४पुष्कर में ५वृत्तान्त॥१॥६तंगी (सकड़ाई)७उम्मेदसिंह॥२॥८सब साथ को९भोजन

दुवर दुवरदिन लंघन बनैं, डुल्लैं[1] तदपि न चेत ॥ ३ ॥

॥ षट्पात् ॥

असन[2] बेर सह सत्थ[3] पंति चोसर परिजावत ॥
जो व्यंजन सब अत्थ[4] सोहि निज अत्थ लगावत ॥
मोहतें सुभटन चित्त वित्त अप्पत हित जोरत ॥
स्मेरें सुमहिं जिम भृंग सुभट इम नृपहिं न छोरत[5]॥
सब रतन फुट्टि घन घात जिम सूचीमुख कछु उव्वरिय[6] ॥
ते भट उमेद भूपहिं अतुल रहत विंटि सट्ठि६०हि घरिय॥४॥
भट प्रयाग अरु तोक बहुरि कल्यान भ्रात त्रय३ ॥
वीर भवानीसिंह तिमहिं मजबूत धरम मय ॥
सूर धीर सिवसिंह बैरिसल्लोत सहावल ॥
इत्यादिक बड वीर नृपहिं सेवत मन उज्जल ॥
सब धन निवेदिं सहत हुकम बातर्जात जिम राम तट ॥
पिक्खै न हानि अप्पन प्रथिंत रक्खैं हिय पतिकाम रट॥५॥

॥ दोहा ॥

ऐसे भट नृप ढिग रहिय, अवर न विपति प्रपात ॥
तदपि भूप धीरज अतुल, सूर धरम सरसात ॥ ६ ॥
पर सहाय अनुचित परखि, तजि बुंदिय चहुवान ॥
सूर निकसि ऐसे समय, बंधत लैन विधान ॥ ७ ॥

॥ षट्पात् ॥

मरुपतिहू अजमेर भिंटि[12] भूपहिं करि अहर ॥

---

१ तोभी मन नहीं डुलता ॥ ३ ॥ २ भोजन के समय ३ सब के अर्थ ४ धन देता है ५ सुगंधि के कारण पुष्प को भ्रमर नहीं छोड़ै जैसे उमराव राजा को नहीं छोड़ते हैं ६ हीरा घण की चोट से बच जाता है जैसे कुछ सुभट राजा के पास बचरहे ॥ ४ ॥ ७ भेट करके ८ जैसे हनुमान रामचन्द्र के पास ९ प्रसिद्ध १० स्वामी के काम का ही स्मरण है ॥ ५ ॥ ११ आपदा पड़ने से अन्य नहीं रहे, तोभी ॥ ६ ॥ ‥ ॥ १२ मिलकर

समुख जाय सनमान बिरचि आन्यो डेरन बेर ॥
सहं[1] भोजन सह वास बिहिंत रचि हेत बढायउ ॥
उभय[2] मिलन आनंद पुराय[4] जस जगत पढायउ ॥
वय अप्प जदपि सोलह१६बरस अक्खि तदपि छोरन अलस॥
सिखयो चुहान खुरसी सु घर रट्ठोरहिं मृगयादिरस ॥ ८ ॥

॥ दोहा ॥

मरुपतिकैं उमराव इक, ऊदाउत रट्ठोर ॥
बखतसिंह रन पट्टु बिदित, रासि नगर सिर मोर ॥ ९ ॥
अक्खी तिहिं मरुईस सौं, कन्या सुभ मम गेह ॥
बुंदीसहिं व्याहन उचित, अप्प करहु हित एह ॥ १० ॥
अभयसिंह अक्खिय सुनत, तनयाँ बुल्लहु अत्थ ॥
बुंदीसहिं हम व्याहि हैं, सुभ मुहूर्त हित सत्थ॥ ११ ॥
बखतसिंह सुनि बुल्लई, तनया अप्पन तत्थ ॥
परिनाई कहि धन्वपति, संभर नृपहिं समत्थ ॥ १२ ॥
संवत दृग नभ धृति१८०२समा, राध तीज अवदात ॥
इम रानिय कुंदनकुमरि, व्याहयो नृप बिख्यात ॥ १३ ॥
इत दलेल कूरम उभय, दै मरहट्ठन सिक्ख ॥
गुमर जोर जैपुर गये, तोर बिजय रन तिक्ख ॥ १४ ॥
सुतक्षत्रिय सिवदासको, नंदराम अभिधान ॥
बीरन जुत मेटन बिघन, रक्ख्यो बुंदिय थान ॥ १५ ॥
इत संभर[12] यह व्याह करि, आयो नगर भनाय ॥
माता सन हित जुत मिल्यो, करन जोरि नत काय ॥१६॥

१श्रेष्ठ२साथ३उचित४पवित्र यश५उसने घर में था उस सुवड़ (चतुर) ने शस्त्र लिया सीखी थी सो ६ शिकार में राठोड़ को दिखलाई॥८॥९॥१०॥७पुत्री को यहां बुलाओ ॥ ११ ॥ ८ मारवाड़ के पति ने ॥ १२ ॥ ९ विक्रम के शक में १० वैशाख सुदि तीज के दिन ॥ १३ ॥ १४ ॥ ११नाम॥१५॥ १२ उम्मेदसिंह॥१६॥

सस्सू यह जयसिंहकी, नृप बुधसिंह कलत्र[1] ॥
पलटी जो नय[2] तजि प्रथम, तिहिं मंड्यो[3] हित तत्र ॥ १७ ॥
दुलहनि दुल्लह अँग्घ[4] अति, लिन्नैं निलय[5] वधाय ॥
कछुदिन रक्खे मोद करि, मेटन वह अघ[6] माय ॥ १८ ॥
तदनु[7] मात[8] सन सिक्ख किय, बुंदिय सिर नृप सज्जि ॥
दुलहनि रक्खिय तत्थही, रस उज्जल[9] हित रज्जि ॥१९॥
कोटाधीस सहाय सन, पहिलैं बुंदिय पाँय[10] ॥
यातैं नृप बिक्कम अतुल, सज्ज्यो पृथक[11] रिसाय ॥२० ॥
हिंडोली दरकुंच करि, दिन्नैं आनि मिलान[12] ॥
सैंना बारह१२खेटके[13], आनि मिले छक आन ॥२१॥
दुव२ज्जीवौं[14] धनुही करन, दुव२दुव२पिट्ठि निखंगैं[15]॥
कटि[16] कटार बलि[17] बंसुरिय, सिर धवपत्त[18] किलंग ॥ २२ ॥
बायुहिं[19] बा अरु किमहिं का, अंकहिं[20] बुल्लत आँक ॥
भजत लरत लरि पुनि भजत, लैंफि[21] उडि चित्रक लाँकै[22] २३
संगाके अरु सल्लहके, गुंगाके बल घात ।
दासाँके अरु देवके, जग्गूके कुल जात[23] ॥ २४ ॥
सैंनाँ कुल इत्यादि मिलि, इम हुव हाजरि आनि ॥
पहुमी सिर सज्ज्यो नृपति, मन रन उच्छव मानि ॥२५॥

---

१ स्त्री २ नीति छोडकर ३ किया ॥ १७ ॥ ४ आव (आदर) ५ घर में ६ बुधसिंह ने बदल गई थी वह पाप मेटने के लिये ॥ १८ ॥ ७ जिस पीछे ८ माता से ९ शृंगार रस से शोभायमान दुलहन को वहीं छोडी. अथवा दुलहन को वहां छोडकर शृंगार रस की तर्जना की ॥ १९ ॥ १० बुन्दी पाई थी ११ जुदा ॥ २० ॥ १२ मुकाम १३ बारह खेडों के सैने ॥ २१ ॥ १४ हाथों में दो प्रत्यंचा के धनुष (धुर्वी) १५ भाथे (तरकस) १६ कमर में कटारी १७ और बंसी १८ एवं मस्तक पर धोकड़ा (वृक्ष विशेष) के पत्तों की किलंगी ॥ २२ ॥ १९ पवन को २० आक के वृक्ष को २१ नीचे झुक कर उडते हैं २२ चीते के समान कमरवाले ॥२३॥ २३ ऊपर कहे हुये पुरुषों के कुल में उत्पन्न ॥ २४ ॥ २५ ॥

हिंडोली पुरकी प्रजा, जुगलें स्वामि सिर जोय ॥
सैनय दम्म सोलह सहँस१६०००, नजरि किन्न नैत होय२६
नयपट्ट सवन बिसासि नृप, किय बुंदिय सिर कुच्च ॥
वजि सिंधुव डाइल विसम, इम हंकिय मन उच्च ॥२७॥
नंदराम इततैं निकसि, सहँस पंच ५००० सिख संग ॥
पहुमी दब्बत पक्खरन, अब्भें घसत उतंमंग ॥२८॥
बिपरदल आवत बीचँड़ी, मिलिग आनि तजि मोह ॥
गज्जरके घरियार गति, लग्गयो बज्जन लोह ॥२९॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम७राशौ भूभृदुम्मेदसिंहश्रीपुष्करद्वितीयो २ द्वाहकरणादलेलसिंहसहितकूर्मराजजयपुरगमनखत्रिशिवदाससुतनन्दरामबुंदीस्थापनइन्द्रभगायनगराऽऽगमनसपत्नजनन्यभिवादनतत्रैवराज्ञीनिवासनस्वयंबुन्दीविजयार्थसज्जीभवनहिंडोलीनगरसेनाप्रपतनद्वादश १२ खेटमैणासार्थस्वामिवरणपतनविजयार्थप्रस्थानबीचड़ीग्रामसीमाशत्रुसैन्यमिलनं त्रयोदशो १३ मयूखः ॥ १३ ॥ ॥२९४॥

प्रायोव्रजदेशीयाप्राकृतीमिश्रितभाषा ॥

१माथे पर दलेलसिंह और उम्मेदसिंह दो स्वामी देखकर २ नीति सहित रुपये ३ झुककर ॥ २६ ॥ २७ ॥ ४ आकाश को ५ मस्तक से घिसता हुआ अर्थात् जिसका मस्तक ब्रह्मांड से लगा हुआ ॥ २८ ॥ ६ ग्राम का नाम है ॥ २९ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में, भूपति उम्मेदसिंह का पुष्कर में दूसरा विवाह करना १ दलेलसिंह सहित ईश्वरीसिंह का जयपुर जाना २ शिवदास खत्री के पुत्र नन्दराम को बुन्दी में रखना ३ उम्मेदसिंह का भगाय नगर में आकर अपनी सौतेली माता को नमस्कार करना ४ वहां राणी को रख कर अपनी बुन्दी को विजय करने को सज्ज होना ५ हिंडोली में सेना का पड़ाव होकर बारह खेड़ों के मीणों का स्वामी के चरणों में गिरना ६ विजय के अर्थ गमन करके बीचड़ी नामक ग्राम में शत्रु सेना से मिलने का तेरहवां १३ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ चौरानवें २९४ मयूख हुए ॥

॥ चटकप्लुत ॥

दुव२ सेन बग्ग लीनी, *कलि कोप अंख कीनी ॥
फन सेसनाग फुट्टे, †दिग्दंति दंत तुट्टे ॥ १ ॥
धरकी बराह दड्ढा, गिलि अंग कुम्भ ठड्ढा ॥
दिगपाल कंप लग्गे, पुंट[1] इन्द्र१४ भीति भग्गे ॥ २ ॥
सब सिंधु[2] सेतु लुप्पे, कलि[3] जानि वीर कुप्पे ॥
सिवकी समाधि जग्गी, नवमाल[4] आस लग्गी ॥ ३ ॥
कइलास छोरि काली, चढि सिंह संग चाली ॥
चउसट्ठि६४ चौंकि आई, घन मंडि नच्च घाई ॥ ४ ॥
दुवपंच५२ वीर दोरे, जैंव[5] डाकिनीन जोरे ॥
कलिंकार[6] मोद पग्गे, महती[7] बजान लग्गे ॥ ५ ॥
गुन अच्छरीन गाये, अति मोद झुंड आये ॥
नभ[8] गिद्धनीन छायो, रवि रेनुमैं लुकायो ॥ ६ ॥
चहुवान बाजि[9] नक्खे, लखि आखु[10] जानि तक्खे[11] ॥
किलकार वीर बज्जी, समसेर मार सज्जी ॥ ७ ॥
कटि टोप जात झोंके[12], जिम पत्र जोगनीके ॥
तरवारि धार धप्पैं, अरि केतें[13] स्वर्ग अप्पैं ॥ ८ ॥
कर धूंप[14] भूप धायो, इत नंदराम आयो ॥
बिथुरी कजाक[15] बानी, मिलि वीर धीर मानी ॥ ९ ॥
बिबि[16]२ ओर तीर बज्जे, लखि भीरु नीर लज्जे ॥

* युद्ध में † दिशाओं के हाथियों के ॥ १ ॥ १ भूमि के चौदह पुट (लोक) डर कर भागे ॥ २ ॥ २ समुद्रों ने मर्यादा छोड़ी ३ युद्ध जानकर वीर कोपे ४ नवीन मुंडमाला की आशा लगी ॥ ३ ॥ ४ ॥ ५ वेग ६ युद्ध करानेवाला (नारद) हर्षित हुआ और ७ वीणा बजाने लगा ॥ ५ ॥ ८ आकाश ॥ ६ ॥ ९ घोड़े डाले (चलाये) १० चूहे को देख कर ११ ताक्षा नाग ॥ ७ ॥ १२ झोंके जाते हैं (निरन्तर प्रहार को डिंगल भाषा में झोंकना कहते हैं) १३ कितने ही शत्रुओं को ॥ ८ ॥ १४ शस्त्र विशेष हाथ में लेकर १५ युद्ध की वार्ता (डिंगल भाषा में युद्ध का नाम कजिया है जिस संबंधी) ॥ ९ ॥ १६ दोनों ओर

बरछीन वेध लग्गैं, परि सूर *मुत्ति पग्गैं ॥ १० ॥
घट के कटार कड्ढैं, मुख सूर नूर वड्ढैं ॥
फबि सेल पार फुट्टैं, छक लोह प्रान छुट्टैं ॥ ११ ॥
फटि घाय छिंछि झल्लैं, †जलजंत्र जानि चल्लैं ॥
सिख नंदरामके जे, लखि ‡ओदकैं कलेजे ॥ १२ ॥
फटि §कोच गात फट्टैं, जिम केलि ¶गब्भ कट्टैं ॥
गहि ÷कुंत नाभि गेरैं, धमनीन [1]मूल हेरैं ॥ १३ ॥
उलटंत [2]सादि आली, हय होत केक खाली ॥
मग [3]ओर खेह डुल्ले, जम स्वर्ग वट्ट खुल्ले ॥ १४ ॥
गजमत्थ फेट फुट्टैं, जिम [4]गोत्र [5]कूट तुट्टैं ॥
परि भीरु [6]सोक कूईं, परभोग ज्यों [6]असूईं ॥ १५ ॥
गति हीन केक फीके, मन जानि [7]संजमीके ॥
तजि प्रान जात सच्छी, तरु [8]ठुंड जानि पच्छी ॥ १६ ॥
सुधि भुल्लि केक [9]वक्कैं, जड़ जानि सीधु छक्कैं ॥
कटि जात अंत [10]हीसौं, जिम पाप [11]जान्हवीसौं ॥ १७ ॥
तरवारि [12]भाँ चलक्कैं, जिम [13]संपिका सलक्कैं ॥
हुव रत्त रत्त अंगे, [14]रँजतत्व जानि रंगे ॥ १८ ॥
दविजात केक [15]श्रेनी, नैर [16]अस्व ती कि एँनी ॥

*मुक्ति पाते हैं॥१०॥११॥†फुँहारा‡डरे॥१२॥§कवच फटकर शरीर फटते हैं मानों ¶ केल वृक्ष का गर्भ कटता है ÷ भाला लेकर नाभि में घुसेड़ते हैं सो १ मानों नाड़ियों (नसों) का मूल हेरते हैं कि कहां से निकली हैं ॥ १३ ॥ २ सवारों की पंक्ति ३ यमराज ने स्वर्ग का मार्ग खोल दिया ॥ १४ ॥ ४ पर्वतों के शिखर ५ कूप (कुए) में ६ जैसे दूसरे के ऐश्वर्य भोगने से असूया करनेवाला पड़े तैसे ॥ १५ ॥ ७ इन्द्रियों को रोकनेवाले का सच्छी (घृणा के साथ) अर्थात् शरीर की घृणा करके प्राण जाते हैं ८ ठूंठ (बिना पत्तों के वृक्षमूल) को पक्षी छोड़े जैसे ॥ १६ ॥ जड़ मनुष्य ९ मद्य में छकै जैसे १० हृदय से ११ गंगा से ॥ १७ ॥ १२ कान्ति १३ विद्युत (बिजुली) १४ रंगरेज ने अथवा रजोगुण में रंगे हैं ॥ १८ ॥ १५ अश्व जाति के पुरुष से १६ मृगी जाति की स्त्री

मिलि प्रेत डाकिनीसौं, छिय मीँडि गाढ हीसौं ॥ १९ ॥
कुच तिक्ख तास गहैं, जिम बिद्धकैं सु बहैं ॥
कति जोगिनीन छीकैं, वढि जीत लोभ हीकैं ॥२० ॥
सुहि पुंव्व भिंटनेमैं, जनु देत पुष्टि प्रेमैं ॥
कति लै रु संडं लेटैं, प्रतिसंम्क जानि भेटैं ॥ २१ ॥
उदघृष्ट केक सज्जैं, कति पीड़िते न रज्जैं ॥
इम मत्त प्रेत सोहैं, मिलि च्यारि४भाँति मोहैं ॥ २२ ॥
भुव गाम बीचड़ीकी, हुव रत्त रत्त हीकी ॥
भिरि नंदराम भज्ज्यो, लखि खत्रि नीर लज्ज्यो ॥ २३ ॥
सिख तास संम्मुहाये, सैलभा कि दीप धाये ॥
तिन्ह तक्कि भूप नेरे, परि बीच खग्ग पीरे ॥ २४ ॥
इठ लग्गि हड्ड मारैं, दुव हत्थ खग्ग भ्कारैं ॥
कटि वग्ग बाजि फेरैं, हठि नंदराम हेरैं ॥ २५ ॥
भजिकैं छिप्यो सु खत्री, जिम सेन लाव पंत्री ॥
सिख हड्ड दोहु२सज्जे, बिकराल बाढ बज्जे ॥ २६ ॥
अति जंग संकुल्यो व्हाँ, अवमर्द दोन२क्यो व्हाँ ॥
तरवारि केक तुट्टैं, घरियारि जानि फुट्टैं ॥ २७ ॥

दब जावे (जैसे काम शास्त्र में शश, मृग, अश्व इन तीन प्रकार के पुरुष और मृगी, वड़वा, हस्तिनी ये तीन प्राकर की स्त्रियें लिखी हैं जिन की व्याख्या दूजी और तीजी राशि में विस्तार पूर्वक करदी गई है) १ मसल (कुचल) कर ॥ १९ ॥ २ उस डाकिनी के ३ बडा पेधन करते हैं ४ केवल लोभ करके अथवा हृदय में जीतका लोभ करके ॥ २० ॥ ५ प्रथम मिलाप में ६ नपुंसक ७ शय्या पर ॥ २१ ॥ ८ घर्षण (रगड़ना) ९ पीड़ा देतेहुए तृप्त नहीं होते इन उद्घृष्ट और पीड़ित आदि का विषय तीजी राशि में लिख आये हैं अश्लीलता के कारण अधिक लिखना नहीं चाहते ॥ २२ ॥ २३ ॥ १० सन्मुख हुए ११ मानों दीपक पर पतंग दौड़े १२ समीप १३ तरवार से पीड़ित किये ॥२४॥ ॥ २५ ॥ १४ शिकरे से लावा पक्षी ॥२६॥ दोनों ने १५ अवकाश रहित, पीड़ाकारि

निकसंत नैंन गोटे, फदकैं कि भेक[1] छोटे ॥
कति चाप[2] खैंचि[3] झारैं, जिम काल[4] डाच[5] फारैं ॥ २८ ॥
बिच[6] तास भाल ठट्ठा, सुहि जानि तिक्ख दट्ठा ॥
फटि पेट अंत दीसी, पलटी कि पन्नगीसी ॥ २६ ॥
चउ ४ फार हीय मन्ने, जिम कंज[7] च्यारि ४ पन्ने ॥
फटि कालखंज[8] खुल्ले, फबि ज्यों पलास फुल्ले ॥ ३० ॥
सर लीन तुंद[9] कूपी, बिल जानि नाग रूपी ॥
इम भूप जंग मंड्यो, सिख व्रात[10] खग्ग खंड्यो ॥ ३१ ॥
अवसिष्ठ[11] केक लज्जे, मुख अग्ग भीत भज्जे ॥
तिन पिट्ठि हड्ड धाये, त्रय ३ कोसलौं भजाये ॥ ३२ ॥

॥ दोहा ॥

राजामल सोदर[12] सुवन, नंदराम गय भज्जि ॥
सिख कितेक सम्मुह मरे, नट्ठे[13] कति जैंल[14] लज्जि ॥ ३३ ॥
सानुकूल नृपकी नियंति[15], लग्गे लोह न अंग ॥
अरि आहव[16] भज्जे भैंरकि[17], जिम लखि बाज कुलंग[18] ॥३४॥
नागर द्विज नृप भृत्य इक, नंदराय अभिधान ॥
सोहु सूर सम्मुह भयो, किन्नौं हद घमसान[19] ॥ ३५ ॥
मारे सिख बिक्रम अमित, जुरयो बिबिध जैंयकार[20] ॥
लग्गे बंभन बीरकैं, सत्त ७ कृपान[21] समार[22] ॥ ३६ ॥

युद्ध किया ॥ २७ ॥ १ मैंडक २ धनुष को ३ खैंचकर जैसे ४ यमराज ५ मुख फाड़ता है ॥ २८ ॥ ६ उस धनुष के बीच में तीर लगा है सोही मानों यमराज की तीखी दाढ है ॥ २६ ॥ ७ कमल है ८ कलेजा ॥ ३० ॥ ९ पेट की नाभी में बाण घुसते हैं सो मानों बिल में सर्प घुसता है १० सिक्खों के समूह को काटा ॥ ३१ ॥ ११ अवशिष्ट (बाकी के) ॥ ३२ ॥ १२ राजामल के भाई का पुत्र १३ नाठे (भागे) १४ पराक्रम को लजाकर ॥ ३३ ॥ १५ भाग्य १६ युद्ध से १७ चमक कर १८ सिचाण को देखकर कुलंग पक्षी भगै जैसे ॥ ३४ ॥ १९ युद्ध ॥ ३५ ॥ २० जय करनेवाला २१ तरवार २२ मार (प्रहार) सहित ॥ ३६ ॥

सोधि खेत नृप घायलन, लये नृजानन[1] डारि ॥
बुंदिय आप रु भटन जुत, प्रबिस्यो अररन[2] फारि ॥ ३७ ॥
उदयराम पकरयो बनिक, लये अयुत दम[3] दम्म ॥
बैठो नृप बुंदिय तखत, करि निज हत्थन कम्म[4] ॥ ३८ ॥
संबत दुव नभ धृति१८०२समय, सावन तीज३ वलच्छ[5] ॥
असिबर[6] बल किन्नों अमल, अधिपति बुंदिय अच्छ ॥ ३९ ॥
सुनि कछवाह दलेलसों, अक्खी मम दल[7] संग ॥
मारहु जाय उमेदकों, जुरहु वडे बल जंग ॥ ४० ॥
सटि दलेल सुनतहि नटयो, किन्न अरज करजोरि ॥
मंडहु तुम अप्पने[8] अमल, मैं बुंदिय दिय छोरि ॥ ४१ ॥
ताके[9] कर लिखवाय तब, कंग्गर[10] कूरम[11] लीन ॥
नैनवा रु करउरनगर, रक्खे तास[12] अधीन ॥ ४२ ॥
अवर देस अप्पन करन, गिलन[13] अजीरन ग्रास ॥
बुंदियपर पिल्लिय[14] बिकट, पृतना[15] सहँस पचास५०००० ॥ ४३ ॥
नाम नरायनदास इक, खत्री रन हमगीर ॥
राजामल सिवदासको, भ्रात सज्यो बरबीर ॥ ४४ ॥
तिहिँ करि कूरम सेनपति, पठयो बुंदिय लैन ॥
संग दये उमराव सब, उद्धत जे रन ऐन[16] ॥ ४५ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम७राशौ हड्डेन्द्र

---

१ डोलियों में २ कवाड़ तोडकर ॥ ३७ ॥ ३ दंड के दश हजार रुपये ४ अपने हाथों से कार्य करके ॥ ३८ ॥ ५ शुक्ल पक्ष की ६ श्रेष्ठ तरवार के बल से ॥ ३९ ॥ ७ मेरी सेना साथ लेकर ॥ ४० ॥ ८ अपना अधिकार ॥ ४१ ॥ ९ दलेलसिंह के हाथ से १० पत्र लिखाकर ११ कछवाहे ईश्वरीसिंह ने लिया १२ दलेलसिंह के आधीन रक्खे ॥ ४२ ॥ १३ अजीर्ण के ऊपर ग्रास (निवाला) गिटने के लिये भयंकर १५ सेना १४ भेजी ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ १६ युद्ध के स्थान में अनम्र ॥ ४५ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में, हाडा क्षत्रियों

सपत्नसैन्यपींचड़ीयुद्धकरणखत्रिनन्दरामपलायनविजयिरावराट्स्वपुरप्रवेशनदलेलसिंहबुन्दीत्यजनपुनःकूर्मराजपृतनाप्रेषणं चतुर्दशो १४ मयूखः ॥ १४ ॥　　॥२९५॥

प्रायोव्रजदेशीया प्राकृतीमिश्रितभाषा ॥

॥ मुक्तादाम ॥

सज्यो[1] अब कूरम भूपति सैन, लगे भट घुम्मन बुंदिय लैन ॥
बन्यो समयो यह दुस्सह आय, जहाँ फटि बाल तजैं निज माय[2] ॥१॥
पिता सुतकों पतिकों निज नारि, तजैं वह बत्त[3] बनी भयकारि[4] ॥
जनैं जननी जु गिनैं सब ठीक, वहै नर आँहि न मध्य १०००००००००००००००० अनीक ॥ २ ॥
वहै नर आतम संबिद[6] धन्न्य, वहै नर जो न ततो मृग बन्न्य[7] ॥
वहै नरही गुन तीनन३ ईस[8], वहै अवनीसनको अवनीस[9] ॥ ३ ॥
वहै जिम[10] कूट तथा इक सार[11], वहै सब ओर[12] न सुद्द अपार ॥
वहै नर तीन३ अवस्थन[13] एक, वहै सबघाँ[14] सित धारन तेक[15] ॥४॥

के इन्द्र का शत्रु सेना से पींचड़ी नामक ग्राम में युद्ध करना १ नन्दराम का भागना २ जयपाये हुए रावराजा का अपने नगर में प्रवेश करना ३ दलेलसिंह का बुन्दी छोडना ४ फिर कछवाहों के राजा का सेना भेजने का चौदहवां मयूख १४ समाप्त हुआ आदि से दोसौ पिचानवें २९५ मयूख हुए ॥

१ सेना २ अपनी माता को ॥ १ ॥ ३ वार्ता ४ भयंकर, माता के जन्म दिये हुए सभी मनुष्यों की गणना कीजावे तो वह ठीक मूल में लिखी हुई संख्या होती है (पुराणों के मत से इस संसार के सम्पूर्ण मनुष्यों की यह संख्या है) सो तो सभी इस सेना में नहीं ५ है (यदि उक्त संख्या के सभी मनुष्य एकत्र होते तो वह ब्रह्मज्ञानी पुरुष भी मिल जाता) ॥ २ ॥ ६ वह आत्मज्ञानी पुरुष धन्य है और जो वह आत्मज्ञानी पुरुष नहीं है तो उसके विना अन्य पुरुष तो ७ वन के पशु हैं ८ वही आत्मज्ञानी पुरुष सत, रज, तम तीनों गुणों का पति है ९ वह राजाओं का राजा है ॥ ३ ॥ १० इस माया की रचना में ११ सार (तत्व, स्थिर अंश) रूप वही है १२ वह सब ओर व्याप्त है १३ भूत, वर्तमान, भविष्यत्, तीनों अवस्थाओं में वह एक रूप है १४ वह सब ओर श्वेत धारा का १५ खड्ग है ॥ ४ ॥

वहै नरही सब कृत्रिम सक्खि, वहै यह मोघ रह्यो बिच रक्खि ॥
वहै[3]हि वहै गुनको नहिं जोग, वहै बिखई[4] यह अन्न्य सु भोग॥५॥
वहै अज[5] इष्ट अनादि अनंत, गुनत्रय[6]३ नारियको वह कंत[7] ॥
वहै नहितो भव नाहक पाय, बिगारत बालिस[9] जुव्वन माय ॥ ६ ॥
वहै इक१रुंधंत[10] नाहक नारि, वहै सठ अन्नहिको खयकारि[11] ॥
वहै पय[12] मात बिगारनहार, वहै रहि व्यर्थ करैं भुव[13] भार ॥ ७ ॥
भयो नर नारि न लंच्छन[14] एह, नहीं कुच मुच्छनै[15] सुंदर देह ॥
हुते नहिं याविधि[16] के भट हाय, बडे मरनीक तथापि[17] वलाय[18] ॥८॥
कह्यो हम ह्याँ कछु बोध[19] बिचार, सुयो वह बीर गिनैं सब सार ॥
कहा मरनौं अरु जीवन तास[21], कहा सुख दुक्ख सबै इक१भास[22] ९
वहै हि गिनैं निजही[23] सब बत्त, यहै रन तो भल होवहु अत्त[24] ॥
परंतु न हे इस कूरम[25] बीर, गिने सुख अच्छरि[26] स्वर्ग सरीर ॥ १०॥

वही मनुष्य१इस जगत् का साक्षि रूप है वही इस२नाशवान् (झूठे) संसार को रख रहा है३वह ब्रह्म ज्ञानी ब्रह्मस्वरूप आप ही आप (स्वयंज्योति) है, उसमें किसी गुण का योग नहीं है४वह भोग करनेवाला है और यह अन्य जगत् उसका भोग्य है॥५॥५ अजन्मा [जिसका कभी जन्म नहीं होता है] ६ तीन गुण रूपी स्त्रियों का वह ७ पति है ८ वैसा ब्रह्मज्ञानी नहीं है तो यह संसार वृथा पाकर ९वह मूर्ख माता का यौवन वृथा बिगाड़ता है ॥ ६ ॥ वह मूर्ख वृथा एक स्त्री को १० रोकता है ११ वह मूर्ख अन्न का नाश करनेवाला है१२वह मूर्ख माता के दूध को बिगाड़नेवाला है१३भूमि पर व्यर्थ भार करता है ॥ ७ ॥ यह नर होगया है१४स्त्री का चिन्ह नहीं है, नहीं तो स्त्री ही है, इसके कुच नहीं हैं१५ मूंछों से देह सुन्दर है परन्तु पुरुष नहीं है खेद की बात है कि१६इस सेना में इसप्रकार के आत्मज्ञानी वीर नहीं थे१७तोभी बडे मरनेवाले१८बलाय थे (वन पशु विशेष जिसका अत्यन्त क्रोधी होना प्रसिद्ध है और राजपूताने में उसको बूट और बागड़ भी कहते हैं और फारसी में आफत (आपदा)का नाम बलाय है)॥ ८ ॥१९ज्ञान२०सब में सार रूप २१ उस आत्मज्ञानी के मरना जीना क्या है २२ एक सरीखे हैं ॥ ९ ॥ २३ वह सब बात को अपनी ही जानता है तो यह युद्ध भी २४ यहां भले ही होवै २५ कछवाहा ईश्वरीसिंह के वीर इसप्रकार के नहीं थे २६ अप्सराओं के साथ स्वर्ग में शरीर का सुख

रु एहहि केवल[1] सूग्न धर्म, सुही तिन्ह रक्खि कसे दृढ[2] बर्म ॥
सजे भट[3] कूरम[4] मानज सूर, [5]खँगारज[6] नाथज पानि[7]प पूर ॥ ११ ॥
[8]कल्यानज [9]पूरनमल्ल कुलीन, द्वितीयरहु [10]कुंभज [11]आजि अदीन ॥
जथा वनबीर चतुर्भुज[12] जात, घनैं सिव ब्रह्मज [13]इष्टप्रघात ॥ १२ ॥
सजे [14]बलिभद्रज [15]सेखँज सत्थ, घनैं [16]सुरतानज [17]संघ समत्थ ॥
[18]नरूजं रु [19]कुंभज [20]अच्छरि नाह, कढे इन्ह आदि बडे कछवाह ॥१३॥
सज्यो [21]दलईस नरायनदास, लये सब संग जग्यो बल जास ॥
चल्यो दल जैपुरकौं तजि [22]तत्त, बढी रन जित्तहिं जित्तहिं बत्त ।१४।
खुली गजपिट्ठि धुजा [23]पचरंग, चले हय मप्पत [24]छोनि मलंग ॥
भई सह [25]आलिय कालिय गैल, बडे हित [26]उग्र चढे चलि बैल।१५।
चल्यो [27]महती गहि नारद लार, चले गन बावन५२त्यौं [28]पैल प्यार ॥
चली चउसट्ठि६४मलंगत चाल, चल्यो गहि खप्पर खित्तरपाल १६
चले गन डाकिनि [29]जैच्छ चुरेल, पिसाच रु रक्खस गुह्यक गैल ॥
चले कति [30]डंकत इक्कहिं पाय, चले कति [31]दोउन२भू धमकाय॥१७॥
चले कति मंडत नट्ट [32]कुलट्ट, चले कति चौंकि हसे अटअट्ट ॥
चले गन गिद्धनि चिल्हनि घोर, शृगाल रु कंक महा रन सोर ॥१८॥
[33]गहक्किय सेन [34]सिवा किय गोन, चल्यो दल कुम्म [35]प्ररुद्धत पोन ॥

माननेवाले थे ॥ १० ॥ अरु १ वीरों का केवल यही धर्म है, सोही उनने रख कर दृढ २ कवच कसे ३ कछवाहे वीर ४ मानसिंहोत (राजावत) ७ पूर्ण पराक्रमवाले ५ खंगारोत ६ नाथावत ॥ ११ ॥ ८ कल्याणोत ९ पूर्णमल्लोत १० दूसरे कुंभावत ११ युद्ध में दीनता रहित १२ चतुर्भुजोत १३ कितने ही शिव ब्रह्म पोते जिनको युद्ध ही इष्ट है वे उस युद्ध में सजे ॥ १२ ॥ १४ बलिभद्र के वंश के बलिभद्रोत १५ सेखावत १६ सुरताणोत १७ समर्थ समूह १८ नरूके १९ कुंभावत २० अप्सराओं के पति ॥ १३ ॥ २१ सेनापति २२ तहां ॥ १४ ॥ २३ जयपुर की ध्वजा पांच रंग की है २४ भूमि को २५ सखियों सहित कालिका साथ हुई २६ शिव॥१५॥२७ महती नामक वीणा को २८ मांस के प्यार से ॥१६॥२९ यक्ष ३० एक पैर से कूदतेहुए ३१ दोनों पैरों से॥१७॥ ३२ कुलांट ॥ १८ ॥३३ प्रसन्नता की बोली बोल कर ३४ स्यालनियें ३५ पवन को रोकती

अटैं कति मंडि बरच्छिन वार, करैं कति लच्छयन बेध कटार१९
किते खुरलीपैंटु सद्धत खग्ग, मिलैं रचि केक तुपक्कन मग्ग ॥
बनैं कमनैतन पच्छिन बेध, सजैं कति कुंतन केलि सुमेधं ॥२०॥
दिपैं रसबीर गिनैं त्रन देह, छुहे निज साहस देत न छेह ॥
छलैं छक हूर चहे कति छैल, चलैं द्रुत मंडित कुंकुम चैल ॥२१॥
मलप्पत बाजिन के मचकाय, धरातल दब्बत वेग धुजाय ॥
चल्यो दल दुद्धर यों दरकुच्च, उठावत दुग्गनको छक उच्च ॥ २२ ॥
लग्यो भर भोगि पैलट्टन सेस, भयो गिलिअंगदरी कमठेस ॥
तुटी लखि दड्ढ दयो किरि तुंड, भरैं रैद कंपिग दिग्गजझुंड॥२३॥
उडे खुलि केतन कुंभिन कंध, डिगे डर डंकन भीरुन बंध ॥
छिप्यो निस चंद रु बासर अक्क, चहैं निस घूक तथा दिन चक्क२४
सुपैं सुधि नाँ निस बासर संधि, बन्यों तम तोमं प्रभा घन बंधि ॥
चले इत सद्दल मद्दल चौंस, मिले इत बद्दल भद्दल मास ॥ २५ ॥
छल्यो इत पानिप ओ उत नीर, सहायक त्यों रसबीर समीर ॥
घुरैं इत नोबति ओ उत गज्ज, इतैं भुव पाय उतैं नभ सज्ज॥२६॥

हुई कछवाहों की सेना चली १ निशानों (चिन्हों) का ॥ १९ ॥ २ शस्त्राभ्यास में चतुर ३ भालों से क्रीड़ा करते हैं ४ श्रेष्ट बुद्धिवाले ॥ २० ॥ ५ क्रोध में आये हुए ६ रसिक ७ केसरिया वस्त्र ॥ २१ ॥ ८ कितनेही घोड़ों को उडाते हैं ॥ २२ ॥ ९ भार से शेषनाग फणों को १० पलटने लगा ११ कमठ अपने अंगों को गिट (समेट) कर कंदरा रूप होगया १२ बराहने १३ दन्त तूट कर दिग्गज धूजे ॥ २३ ॥१५हाथियों के ऊपर१४ध्वजा खुल कर उडी१६ भय से१७कायरों के बंध डिग कर डरे, रात्रि में चंद्रमा और १८ दिन में सूर्य छिपा, घूघू (उलूक) रात्रि को और १९ चकवा दिन को चाहने लगे ॥ २४ ॥परंतु दिन और रात्रि की संधि (संध्या) की सुधि नहीं रही इसप्रकार २० अंधेरे का समूह२१मेघ की कांति बांध कर रही२२इधर तो शब्दायमान होकर २३ मर्दल (वाद्य विशेष) २४ युद्ध की खबर देकर चले और इधर २५ भाद्रपद मास के बद्दल मिले ॥ २५ ॥ २६ सेना रूपी घटा में पराक्रम और मेघ की घटा में पानी बढा और इनके सहायक सेना में वीर रस और मेघ में २७ पवन हुआ इधर नौबत का शब्द और उधर २८ गर्जना हुई और सज्जित होने को इधर

इन्हैं न चहैं रु उन्हैं जग आस, वनैं इत शस्त्र उतैं जलवास ॥
इतैं बहुरंग उतैं सित स्याम, लसैं इत ओ उत बेग ललाम ।२७।
लसैं इत अग्र उतैं लहरून, दिपैं मुद सूर मयूरन दून ॥
इतैं गजदंत उतैं बक ब्रात, इतैं उत दौरत अग्र दिखात ॥ २८ ॥
इतैं उत पक्खर दद्दुर बुल्लि, इतैं उत गिद्ध रु चातक फुल्लि ॥
इतैं उत खग्ग रु बिज्जुन ओघ, इतैं उत होत धरा नभ मोघ।२९।
इतैं उत ओज इरम्मद भास, रजोगुन बूढनि ब्रात बिलास ॥
झरैं सर यौं उत ऊसर जुत्त, इतैं उत भूपन भम्मन पुत्त ॥ ३० ॥
कहैं इत लैन मही कछवाह, कहैं उत पिक्खिं हमैं वह चाह ॥
कहैं यह नीति बिथारन कत्थ, कहैं वह अन्न प्रचारन अत्थ ।३१।

भूमि प्राप्त हुई और उधर आकाश प्राप्त हुआ ॥ २६ ॥ १ इस सेना को कोई नहीं चाहता था और मेघ की आशा संसार करता था; इधर शस्त्रों का और उधर जल का २ निवास है अथवा जल ही वस्त्र है सेना में अनेक रंग हैं और उधर ३ स्वेत और काला रंग है और इधर उधर दोनों ओर ४ सुन्दर वेग शोभायमान है ॥ २७ ॥ इधर सेना का ५ अग्र भाग और उधर लहरें शोभित हैं, सेना में वीरों को और मेघ में मयूरों को ६ इन दोनों को हर्ष शोभा देता है अथवा इन को दुगुना हर्ष शोभा देता है, सेना में हाथियों के दंत और मेघ में बक (बुगला) पक्षियों का ७ समूह है जो दोनों ओर आगे दौड़ते दीखते हैं ॥ २८ ॥८इधर पाखरें और उधर दादर (मेंडक) बोलते हैं और इधर ग्रीध और उधर चातक फूलते हैं९इधर तरवारों का और उधर बिजुलियों का समूह है, इधर सेना से ढक कर पृथ्वी नहीं दीखती और उधर मेघ से ढक कर आकाश नहीं दीखता ॥२९॥ इधर१०पराक्रम और उधर ११ मेघज्योति का प्रकाश होता है और इधर १२ रजोगुण (रजोगुण का रंग लाल है) और उधर १३ वीरबहूटी (सावण की डोकरी) का विलास है इधर बाणों की वर्षा होती है और उधर१४ऊसर भूमि में बरसता है१५इधर राजाओं के पुत्र हैं और उधर १६ ब्रह्मा का पुत्र (इन्द्र) है ॥ ३० ॥ इधर कछवाहा भूमि लेने को कहता है और उधर इन्द्र पृथ्वी १७ देखने की चाह कहता है अथवा हम को देखते ही वह भूमि चाहना करती है, यह (कछवाहा) तो नीति १८ फैलाने की वार्ता कहता है और वह (मेघ) अन्न का प्रचार करने के १९ अर्थ कहता है ॥ ३१ ॥ इधर तो भूमि को ये अपनी कहते हैं और उधर बहुत घुमंड कर

कहैं इत है सब अप्पन भुम्मि, कहैं उत अप्पन है घन घुम्मि ॥
कहैं इतहैं रवि ढंकन हार, कहैं उत बद्दल ज्यों न बिथार[1] ॥३२॥
कहैं इत चाप[2] चढावन बत्त, कहैं उत सज्जित आयत[3] अत्त ॥
इतैं रज अद्रि[4] उडावन बाद, कहैं उत रक्खहिं संवर सांद[5] ॥ ३३ ॥
कहैं इत मंडहिं गोलिन गान, कहैं उत मूक करैं करकान[6]॥
कहैं इत बानन छावन देस, कहैं उत बुंदनतैं न बिसेस ॥ ३४ ॥
कहैं इत आयुध बुट्ठि अनल्प[7], कहैं उत बुट्ठि करैं हम कल्प[8] ॥
इतैं प्रभु कुम्म[9] उतैं सुरईस[10], इतैं उत सज्जित छोनिय[11] सीस । ३५ ।
बढे दल[12] बद्दल यों रचि बाद, सु सोनित संवर मंडन सांद[13] ॥
दिपे[14] प्रविसे इत बुंदियदेस, अरे बिथुरे[15] उत भुम्मि असेस ॥ ३६ ॥
बन्यौं इम कूरम सेन प्रयान, सुन्यौं नृप बुंदिय धर्म सयान ॥
उयो[16] रनपैं जिम व्याह उछाह, सजे मनबंछित जानि सनाह[17]। ३७ ।

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम ७ राशौ बु-

मेघ अपनी कहता है सेना कहती है कि मैं खेह से सूर्य को ढकनेवाली और मेघ कहता है कि तुमारा १ विस्तार बादलों के समान नहीं है ॥ ३२ ॥ इधर २ धनुष चढाने की बात कहते हैं और उधर मेघ कहता है कि यहां हमारा धनुष ३ लंबा है, इधर तो ४ पर्वतों की रजी करके उडाने का बाद (हठ) करते हैं और उधर ५ जल का कीचड़ करके उनकी (पर्वतों की) रक्षा करना कहते हैं ॥ ३३ ॥ सेनावाले कहते हैं कि गोलियों का गान करेंगे और मेघ कहता है कि ६ गड़ों (ओलों) से बाधिर कर देवेंगे, इधर देश को बाणों से छादित करना कहते हैं और उधर मेघ कहता है कि वे बाण बुंदों से विशेष नहीं हैं ॥ ३४ ॥ इधर ७ बहुत शस्त्रों की वर्षा करना कहते हैं और उधर वृष्टि करके ८ प्रलय करदेना कहता है, इधर तो ९ कछवाहा (ईश्वरीसिंह) स्वामी है और इधर १० इन्द्र स्वामी है, इधर उधर दोनों ११ पृथ्वी पर सज्जित होते हैं ॥ ३५ ॥ इसप्रकार १२ सेना और बादल दोनों बाद करके रुधिर और पानी का १३ कीचड़ करने को चढे १४ सेना तो बुंदी के देश में प्रवेश करके शोभित हुई और मेघ हठ करके संपूर्ण भूमि पर १५ फैल गया ॥ ३६ ॥ १६ युद्ध पर उदय हुआ (उठा) १७ कवच ॥ ३७ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के सप्तम राशि में, बुन्दी विजय करने

न्दीविजयार्थकूर्मराजकटकनिस्सरणस्तनयित्नुसहाऽऽधिक्याभिमा-
ननतद्बुंदीशश्रवणोत्साहवर्द्धनं पञ्चदशो १५ मयूखः॥१५॥२६६॥

प्रायोब्रजदेशीया प्राकृतीमिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

लै बुंदिय नृप [1]प्रसभ लगि, [2]खमगं पताकन खुल्लि ॥
[3]अबलाजुत [4]अनुजा अनुज, कोटा सन लिय बुल्लि ॥ १ ॥
दीपकुमरि अरु [5]दीपहरि, तब बुल्ले छक तोर ॥
रानी भल्लिय सह रुचिर, जय रन जुब्बन जोर ॥ २ ॥
कोटापति नृप बित्त लै, दूनों गरब दिखाय ॥
मन अरि उप्पर मित्र बनि, लिय बुंदिय छक लाय ॥ ३ ॥
सो लखि नृप कृतघन समुझि, उदासीन रहि [6]अत्थ ॥
भुजदंडन लिय अप्प भुव, सजि [7]असु त्याग समत्थ ॥ ४ ॥
[8]गजब कार कोटेस गनि, भयकारक अब भूप ॥
सिर उठाय मूढ न सकत, [9]रद तोरे अहि रूप ॥ ५ ॥
[10]अंतहपुर संजुत अनुज, [11]बुल्ले नृप इहिँ बेर ॥
कोटापति कछुहु न कह्यो, संकित मन गिनि सेर[12] ॥ ६ ॥
तिनहु आय [13]भिंट्यो त्वरित, निज प्रभु भ्रात निसंक ॥
रुचि [14]उपेत भूपति रह्यो, [15]आतपत्र धरि [16]अंक ॥ ७ ॥
[17]अह्न सोलह १६ भुग्ग्यो अधिप, रहि सूरन गति राज ॥

के अर्थ कछवाहों के राजा की सेना का निकलना १ उसका मेघ के साथ अधिकता का अभिमान २ उस को बुन्दी में सुनने से उत्साह बढने का पन्द्रहवां १५ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ छिनवे २९६ मयूख हुए ॥
१ हठ लग कर २ आकाश मार्ग में ३ स्त्री सहित ४ छोटी बहिन और छोटे भाई ॥ १ ॥ ५ दीपसिंह के ॥ २ ॥ ३ ॥ ६ यहां ७ प्राण छोडने को ॥ ४ ॥ ८ गजब करनेवाला ९ दन्त तूटेहुए सर्प के सदृश ॥ ५ ॥ १० जनाना सहित ११ बुलाये १२ सिंह रूप जानकर ॥ ६ ॥ १३ मिला १४ रुचि सहित १५ छत्र सहित १६ भाई को गोदि में लिया ॥ ७ ॥ उस राजा ने वीरों की गति से रह कर १७ सौलह

सबल सज्यो दिन सत्रहम१७, सत्रुन बिसम समाज ॥ ८ ॥
असित भद्द पंचमि५ दिवस, चल्ल्यो अरि चतुरंग[1] ॥
सत्तमि७ दिन भूपति सुन्यौं, जामिनि[2] सुत्तैं जंग ॥ ९ ॥
रैंहसि[3] निवेदिय[4] नाजरन, दासिन जुत इत दाय ॥
जगि पहिलैं रानिय जंप्यो[5], जग्गे अद्रिन लाय ॥ १० ॥
सिंहनि[6] अक्खिय सिंहसौं, कित सोवहु अब कंत[7] ॥
जिन हत्थिन कुंभन जलज[8], ते आवत घुमडंत ॥ ११ ॥
जिनहित लंघन लंघिकैं, खद्दो और न मंस[9] ॥
सहजैं ते आवत सुनैं, वारन[10] भद्दन वंस ॥ १२ ॥
लंबी हत्थल लंक[11] तनु, उंछट[12] परक्खहु आज ॥
भूख न कछुहु भावते[13], रोसिल्ले मृगराज ॥ १३ ॥
जिन कुंभन नख नाहके, बनैं घटा जिम बीज ॥
हम कौतुक वह पिक्खिहैं[14], खुल्लहु रंचक[15] खीज ॥ १४ ॥
इतर[16] मृगन अपराधपैं, नयन उघारत नाहिं ॥
त्यौंही जो यह तक्किहौ[17], यौंही तौ नह आंहि[18] ॥ १५ ॥
भूख निकासहु भोनतैं[19], गंजि गंजन[20] बल गह्ह ॥

दिन तक राज्य भोगा और सत्रहवें दिन शत्रुओं के विषम समूह पर सजा ॥ ८ ॥ १ सेना २ रात्रि में सोते हुए ने ॥ ९ ॥ ३ एकान्त में ४ शीघ्र. रीति पूर्वक ५ रानी ने कहा ॥ १० ॥ ६ रानी रूपी सिंहनी ने राजा रूपी सिंह से कहा ७ हे पति ८ जिन हाथियों के कुंभस्थलों में मोती हैं वे घुमं-ड कर आते हैं ॥ ११ ॥ जिन भद्र जाति के हाथियों के कारण उपवास कर-के अन्य ९ मांस नहीं खाया है वे भद्र जाति के १० हाथी सहज में आते सुने हैं ॥ १२ ॥ लंबी हाथल और पतली ११ कमर की १२ फुरती और दाव की आज परीक्षा करनी है सो १३ हे प्यारे क्रोधवाले सिंह अब भूखे मत रहो ॥ १३ जिन हस्तियों के कुंभस्थलों में पति के नख घटा में विद्युत् के समा-न बनते हैं वह खेल हम १४ देखेंगी सो १५ कुछ क्रोध करो ॥ १४ ॥ जिसप्रकार तुम. १६ अन्य मृगों के अपराध पर नेत्र नहीं खोलते हो उसीप्रकार जो इनको १७ देखोगे तो ये वैसे ही तो नहीं १८ हैं ॥ १५ ॥ बडे बलवान् २० हाथियों को मार कर १९ घर से भूखे को निकालो.

कुंभं सांन तिक्खी करहु, दंढारे घसिं दृढ्ढ ॥ १६ ॥
दृक्कं तरच्छु चित्रक बहुल, इत सिंव स्वान अधप्प ॥
सरभं भरोसैं जियत सब, अब दृग खुल्लहु अप्प ॥ १७ ॥
रमनीके सुनि अंय रुचिर, ऐंड गुंमर अलसात ॥
सिंह कह्यो जगि सिंहनी, होवन देहु प्रभात ॥ १८ ॥
होत रौसिं यह बत्त हुव, कृकवाकुन ध्वंनि कान ॥
उट्ठ्यो तजि गलबाँह अब, चंड सरभ चहुवान ॥ १९ ॥
इत रानिय बज्जत सुनें, गैंरुत गिद्धनिन गैन ॥
बुल्ली अब देर न बहिनि, चित तुम रक्खहु चैन ॥ २० ॥
देनहार गज कालिकन, गूंद पलन अब गाह ॥
तिहिं मम कंतहिं नैंक तुम, सज्जन देहु सनाह ॥ २१ ॥
वीरनके बहुविधि बंपा, लाभ जथारुचि लेहु ॥
असिमुट्ठि रु हयपिट्ठि अब, पतिकों पावन देहु ॥ २२ ॥

और२हे सिंह१ कुंभस्थल रूपी सांण पर डाढों को घिस कर तीखी करो॥१६॥बहुत ३ भेड़िये(बघाळी) ४ अदपेसरे(घघेरे)अर्थात् छोटे सिंह५चीते६गीदड़, कुत्ते भूखे हैं और ये सब७केसरीसिंह (बबरी नाहर) के भरोसे पर जीवित रहते हैं इसकारण अब ८ आप नेत्र खोलो ॥ १७ ॥ ९ प्यारी (स्त्री) के ऐसे रुचिकारक १० वचन सुनकर ११ ऐंड और घमंड में आलस्य करते हुए (यहां ऐंड और गुमर ये दोनों घमंड वाची पर्याय शब्द हैं जो अत्यन्त घमंड दिखाने को एकार्थ वाची दो शब्दों का प्रयोग किया है जो काव्यों की शैली है कि जिसकी अधिकता दिखानी होवे वहां एकार्थवाची दो शब्द देते हैं और व्याकरण का भी यही मत है कि 'वीप्सायां द्वे' वीप्सा में एकार्थवाची दो शब्द होते हैं यथा

॥ श्लोकः ॥

शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिकं न गजे गजे॥
देशे देशे न विद्वांसश्चन्दनं न वने वने ॥ १ ॥)

सिंह ने कहा कि हे सिंहनी प्रभात होने दे ॥ १८ ॥ १२ मुर्गों के बोलने का १३ शब्द हुआ १४ चहुवाण (उम्मेदसिंह) रूपी भयंकर सिंह उठा ॥ १९ ॥ रानी ने १६ आकाश में गीधनियों के १५ पंख बजते हुए सुनें १७ चरबी (मींजी) और मांस को १८ भक्षकर भोजन के अर्थ कालिकाओं को हाथी देनेवाले मेरे पति को कवच पहनने दे ॥ २१ ॥ १९ बरछी का ॥ २२ ॥

इम रानिय इत गिद्धनिन, अकरूयो[1] बिहित बिसास ॥
इत कर ऐंची मुच्छ नृप, पगि[2] रसबीर प्रकास ॥ २३ ॥

॥ षट्पात् ॥

गहत मुच्छ चहुवान फाँक दारिम[3] भुव फट्टहिं ॥
भुव फट्टत अति भार अतल बितलादि[4] उलट्टहिं ॥
अतल आदि उलटंत पानि[5] कच्छप अहि छोरहिं ॥
पान तजत पाताल बारि[6] उच्छलि जग बोरहिं ॥
जल तलँ[7] उफान बुड्डत जगत भग्गहिं लोक[8] प्रपंच भुव ॥
प्रकटहिं[9] कटाह भग्गत प्रलय मगहि मुच्छ बुधसिंह सुव२४

॥ निशाणी ॥

कान भनक तबतैं परी चढि कुंम्म[10] चलाया ॥
तबतैं संभर[11] तंडि[12]कैं सिर अंभ[13] लगाया ॥
लाँह[14] जरूरी लग्गिकैं संध्या क्रम लाया ॥
सावित्री[15] जप इक्क सहँस१००० रस भक्ति रचाया ॥ २५ ॥
नित्य निवेर्‌यो मातको धन बिप्र[16] धपाया ॥
सेनासौं रन सज्जकौं आदेस[17] लगाया ॥
सोर[18] नकीबौं संकुले चहुँओर चलाया ॥
फट्टे[19] कग्गर देसमैं फिरि दूत[20] फिरांया ॥ २६ ॥

---

१ उचित विश्वास २ वीर रस में प्राप्त हो (भीज) कर ॥ २३ ॥ अब यहां कवि उत्प्रेक्षा करते हैं कि उम्मेदसिंह के मूँछ ग्रहण करते ही दाड़िम की फाँक के समान ३ भूमि फटेगी और भूमि के फटने से ४ अतल वितल आदि नीचे के लोक उलटेंगे उनके उलट-ने से शेषनाग और कमठ पराक्रम छोड़ेंगे जिससे पाताल से ५ जल उछल कर ६ संसार को डुबोवेगा ७ नीचे का जल बढने से संसार डूबकर ८ भूमि की लोक रचना मिटजावेगी ९ ब्रह्मांड के नाश होते ही प्रलय होवेगा इस कारण हे बुधसिंह के पुत्र मूँछ को मत पकड़ो ॥ २४ ॥ १० कछवाहा ११ उम्मेदसिंह ने १२ गर्जना करके १३ आकाश में मस्तक लगाया १४ लाभ १५ गायत्री के ॥ २५ ॥ १६ ब्राह्मणों को १७ हुकम दिया १८ शब्द भरा १९ पत्र बंटे २० दूतों ने फिरकर उन पत्रों को फिराये ॥ २६ ॥

झंडे बाहिर गड्डिकैं धुजदंड *झुकाया ॥
†फूल झराया सानपैं असि बाढ चिराया ॥
सिल्लहखानाँ खुल्लिकैं वर हेति बढाया
टोप बकत्तर ओप के दसतान दिपाया ॥ २७ ॥
‡केतौं §छादन कुंकुमा रन मोद रँगाया ॥
केतौं अच्छरि चाहिकैं सिर मोर बनाया ॥
त्रंब त्रहक्के ¶कल्लरे वर बंब बजाया ॥
शहनाइन लग्गी ललक सिंधू सुनवाया ॥ २८ ॥
हड्डोती[१] हाजरि भई कटिबंध[२] कसाया ॥
हूरों[४] सूरों सत्थही बर साज बनाया ॥
यों[५] जावक लग्गेचरन यों लंगर लाया ॥
यों नेउर पग अंकुरे[७] यों मक्कुर्न आया ॥ २९ ॥
यों अद्धोरुक[९] उल्लसे यों दंस[१०] दिपाया ॥
यों आहूत[११] विमान के यों बाजि[१२] मँगाया ॥
यों रागन[१३] पाया प्रमुद[१४] यों सिंधुन[१५] छाया ॥
यों कोनन[१६] लाया करन यों मुट्ठि[१७] मिलाया ॥ ३० ॥

*खडे किये (डिंगल भाषा में अधिक ऊँचे करने को झुकाना कहते हैं) †तरवार के बाढ चीरते समय अग्निकण उडे उसको फूल कहते हैं सिलहखानह खोलकर श्रेष्ठ शस्त्र बांटे॥ २७॥ ‡कितनों के §केसर के रंग के वस्त्र ¶युद्ध के तासे बजे। वीर रस को बढानेवाला सिंधवी राग सुनाया ॥ २८॥ १यहां अजहत् स्वार्था लक्षणा से हाडोती के वीर जानना चाहिये २ कमरबंधा बांधा ४ अप्सराओं और वीरों ने साथ ही ९ श्रेष्ठ साज बनाये (यहाँ 'यों' शब्द से इधर अर्थ जानो) ५ इधर हूरों के चरणों में जावक लगाया और इधर वीरों ने पैरों में युद्ध से नहीं भागने की प्रतिज्ञा के लंगर पहिने इधर अप्सराओं के पैरों में नेवर ७ लगे (बजे) और इधर वीरों के ८ जंघात्राण लगा (यहां प्रथम अप्सरा और पीछे वीरों का सजना यथाक्रम से जानना चाहिये) ॥ २९ ॥ इधर ९ लहँगा (घागरा) और इधर १० कवच शोभित हुए ११ इधर विमान मंगवाये और इधर १२ घोडे मंगवाये १३ रागों से १४ हर्ष पाया १५ सिंधवी राग (बडा राग) १६ हाथों में सितार बजाने की नक्खियें (मजराफ) लगाई १७ खड्ग की मूंठ ॥ ३० ॥

यों बीआ गन अग्गहे[1] यों तेग तुलाया ॥
यों रसना[2] आरोप यों कटिबंध कसाया ॥
यों कुंकुम[3] कुच लग्गि यों दृढ[4] छत्तिन छाया ॥
यों कंचुक[5] मंडे कुचन यों बच्छ बनाया ॥ ३१ ॥
यों बलयावलि[6] हत्थ यों दसतान दिपाया ॥
यों मद्दल[7] भुजबंधसों[8] सब सज्ज सुहाया ॥
हार दवाली[9] दोउँ२घाँ[10] उर अंतर आया ॥
यों मुख बीरी आप यों गंगोदं[11] अचाया ॥ ३२ ॥
यों मंडे नथ नक्क[12] यों धक्कि कोप धमाया ॥
यों दृग रेखा अंजनी[13] रजगुन[14] यों छाया ॥
पिंजूसन[15] ताटंक[16] यों यों कुंडल पाया ॥
सोभा सिर सीमंत[17] यों यों टोप लगाया ॥ ३३ ॥
यों कबरीन[18] प्रसून यों तुररेन झुकाया ॥
यों लग्गे मन मोहं[19] यों मन मोहं बिहाया ॥
नेउर पक्खर नाद त्यों बिबि[21] २ ओर बढाया ॥
तिक्ख॰ कटच्छा[22] सज्ज यों सित[23] भल्ल सजाया ॥ ३४ ॥

---

१ आग्रहे (ग्रहण किये) २ कटिमेखला (कर्धनी) लगाई ३ कुचों पर केसर लगाई ४ छातियों पर कवच छाये ५ अप्सराओं ने कुचों पर कंचुकी (कांचली) रची और इधर वीरों ने वक्ष (छाती) का बनाव किया ॥३१॥ ६ चूड़ियों (कंकणों) की पंक्ति ७ मादलिया (स्त्रियों के भुजों का भूषण विशेष) ८ हाथों में भुजबंध सुहाये (यहां सामान्य हाथ शब्द के कहने में भुजबंध के योग से भुज जानो) ९ पदकता १० दोनों ओर छाती पर आये अर्थात् अप्सराओं की छाती पर पर्तके लगे ११ गंगाजल पिया ॥ ३२ ॥ १२ नासिका में, इधर वीरों ने क्रोध युक्त होकर श्वास प्रश्वास लेना के फुलाये १३ काजल की १४ रजोगुन १५ टोटोर्वाँदी १६ कर्णफूल ये दोनों स्त्रियों के कानों में भूषण हैं इधर वीरों ने कुंडल पहने १७ माथा गुंथवाकर (केशपाश कराकर) सिर शोभा लगाई और वीरों ने टोप लगाये ॥ ३३ ॥ १८ केशपाश में फूल लगाके १९ इधर अप्सराओं ने वीरों को वरने का मन में मोह (स्नेह) लगाया २० और इधर वीरों ने घर से स्नेह छोड़ा २१ दोनों ओर २२ तीखे कटाक्ष २३ तीखे भाले ॥ ३४ ॥

यों खोड़स१६ शृंगार यों *उपचार विधाया ॥
यों मन छाया मैंन यों रनपैं †उफनाया ॥
यों छक्क पाया उरबसी यों [1]नृप उमगाया ॥
यों रंभा हुलसी इतैं बल्ल [2]पित्थल पाया ॥ ३५ ॥
यों मन फुल्ली मैंनका यों [3]अमरैं उम्हाया ॥
यों सु घृताची यों [4]प्रयाग सुराग रचाया ॥
एत्थ सुकेसी सज्ज यों [5]मेरजाद [6]मुदाया ॥
यों बरघोसा नच्चि यों स्वग [7]तोक लुकाया ॥ ३६ ॥
यों हरखांदत अच्छरिन बल्ल भूप बनाया ॥
गज बैंठे [10]इंभपाल गन [11]बिरुदार मिलाया ॥
अंग गरक्की मंजिकैं रन रंग लगाया ॥
थप्पे कुंभ सुबोल्ल दै [12]कुरुबिंद चढाया ॥ ३७ ॥
मंडि कलम जंगालकी हरिताल मिलाया ॥
जंग ढवद्द डारिकैं [13]गुंड साज सजाया ॥
बंधि [14]दरत्तों सिर [15]सिरी धरि धूप [16]धुंआया ॥
मोदक्क गंज मिलायकैं [17]जल बेगन पाया ॥ ३८ ॥
द्रुम चाकर [18]मांकर उछ्छट उढि आसन आया ॥
[19]बैरी बाहिर लैनकों [20]आलान छुराया ॥
करि अग्गैं [21]करिनीनकों रचि [22]डांक डगाया ॥

---

*सोलह प्रकार से देवपूजन किया। इधर अप्सराओं के मन में कामदेव छाया और † इधर वीर युद्ध पर चढे १उम्मेदसिंह २ पृथ्वीसिंह ॥ ३५ ॥ ३ अमरसिंह ४श्रेष्ठ प्रीति ५ सुरजादसिंह ६ हर्षित हुआ ७ तोकसिंह ने ॥ ३६ ॥ ८ हर्षित (प्रसन्न) ९ सेना१०महावतों के समूह ने११स्तुति करके १२ श्रेष्ठ वचन कहकर हिंगुलू लगाया ॥ ३७ ॥ १३ हाथी की पाखर १४ रस्सों से१५मस्तक का भूषण बांधकर १६ धूप देकर धूम युक्त किया १७ लड्डुओं के ॥ ३८ ॥ १८ हाथियों के चाकर बंदरों की भांति कूदकर १९ ठाण के बाहर लेने को २० [illegible] छोडे २१ हथनियों को आगे करके २२ छोटे भालों से क्रोध दिला कर डिगाये

यों[1] बुंदीस अनीकमैं[2] गजराज चलाया ॥ ३९ ॥
मिलि हयपालक[3] मंदुरन[4] तिम हयन तुकाया ॥
खेह गरद्दी कढ्ढिकैं[5] दुति देह दिपाया ॥
कबिका देत कुरंग[6] गति छबिका[7] छक छाया ॥
रविका[8] मन रिझवायकैं पबिका[9] जव पाया ॥ ४० ॥
सीनन पलट मिटायकैं जर जीनन भाया ॥
खीनं[10] न गति पीन न पैसम[11] जैव[12] हीन न जाया ॥
पक्खर अंग पसारिकैं क्रम तंग कसाया ॥
राह पैरोंके[13] लाहकों गजगाह[14] झुकाया ॥ ४१ ॥
वाह चहूँ घों[15] उच्चरी गति थाह न गाया ॥
दीप कनोती चाप[16] दुति खंधों बलखाया ॥
काल व्यालैं[17] गति जालके लटियाल लगाया ॥
कट्टोरे खुर तौरके[18] खुग्तारैं[19] सुहाया ॥ ४२ ॥
दसमी१० के द्विजराजतैं[20] जिम राहु जुगाया ॥
हाटकके गल हल्लरे झल्लरि झननाया ॥
छोरि दुबग्गों मोरिकैं करडोरि झिलाया ॥
नक्खी पायन नेउरी मग सोर मचाया ॥ ४३ ॥
बाजी ए नृप बंटिकैं सब बीर सजाया ॥
अप्प चढे हय हंजपैं[21] करकंज[22] तुकाया ॥

१इसप्रकार२सेनामें॥३९॥३घोड़ों के चाकरों ने ४हयशालाओं में५लगाम देते ही ६ हरिण की भांति७शोभा के८सूर्य का मन प्रसन्न करके९वज्र का वेग॥ ४० ॥ १०जिन की गति क्षीण नहीं है११शरीर के बाल मोटे नहीं हैं १२जिसका वेग हीन नहीं है ऐसे (पवन) के पुत्र१३पंखों का लाभ लेने के राह से १४ गजगाह लगाये ॥ ४१ ॥१५चौतरफ दीपक के समान कनोती और १६ धनुष की टेढ के समान झुका हुआ कंधा१७काले सर्पों के समान अयाल १८ कटोरे के समान खुरों पर चांदी के१९खुरताल शोभित हुए ॥ ४२ ॥२०चन्द्रमा से ॥ ४३ ॥ २१ हंज नामक घोड़े पर उम्मेदसिंह चढे २२ कमल रूपी हाथों में ॥ ४४ ॥

नाथाउत पित्थल अरथ मृगडान मिलाया ॥
अमरसिंह रठोरकौं नटराज चढाया ॥ ४४ ॥
सूर भवानीसिंहकौं दिलयार दिवाया ॥
मेहरनकाज प्रयागकौं खगराज खुलाया ॥
तोक महासिंहोतकौं झपटैत झिलाया ॥
मुहुकमहर मरजादकौं जयनाद दिखाया ॥ ४५ ॥
इत्यादिक हय बंटिकैं नृप बीर बढाया ॥
सोदरजुत सुंदांतकौं कोटा पहुँचाया ॥
ढुंढारे दल ढाहिबे बल अप्प बनाया ॥
बेरबेरतुग्गस बंधिकैं कमनैत कसाया ॥ ४६ ॥
बेरबेर खग्ग वलग्ग कसि कर धूँप धुनाया ॥
बेरबेर चाप बजायकैं सिर अंब्भ लगाया ॥
केक तुपक्कौं धारिकैं अरु मारि उडाया ॥
सेल बरच्छी सज्जिकैं अच्छी गति आया ॥ ४७ ॥
अच्छे बाँजि उडायकैं मन आँजि मिलाया ॥
बैंडाराग अलापिया भैंडा छक छाया ॥
बंदीजन रसबीरमैं भट छाक छकाया ॥
ज्यों गिरिनारी गानपैं सिर नाग उठाया ॥ ४८ ॥
कै जुब्बन बय व्याहपैं नायक हरखाया ॥
जानि मितंपच रंककौं नवही निधि पाया ॥
अंक उदैगिरि आत कै बारिज बिकसाया ॥
पिक्खि मतंगज थूलैं कै सदूल चलाया ॥ ४९ ॥

१ प्रहार करने (शत्रुओं को मारने) के अर्थ ॥ ४५ ॥ २ जनाने को ३ तरकस (भाथे) ॥ ४६ ॥ ४ सुन्दर अथवा टेढे खड्ग कसकर ५ हाथ में खड्ग लिया ६ आकाश में मस्तक लगाया ॥ ४७ ॥ ७ घोड़े ८ युद्ध में ९ कालराराग (सिंधवीराग) १० भाट लोगों ने ॥ ४८ ॥ ११ कृपण दरिद्री को १२ सूर्य के उदय होने पर मानों १३ कमल फूले १४ मानों हाथियों

उत्तरके पवमानतैं घन जानि घुराया ॥
जानि दिवाकर जेठमैं बहु ओज वढाया ॥
इक्खत जिम हिमकर उदै अंबुधि उफनाया ॥
सोलह१६ बेर कि सुकमैं तपनीयँ तपाया ॥ ५० ॥
पावक मारुत पायकैं हेतिनं हुलसाया ॥
कामंदक मग लग्गिकैं बल भूप वढाया ॥
ज्यों करिणीके जालपैं सुंडाल सुहाया ॥
अंधक अग्गैं आनिकैं सिव जानि सजाया ॥ ५१ ॥
गोबर्द्धन कर लैनकों जिम कैन्ह कसाया ॥
जानि जटासुर जंगपैं भुज भीम बजाया ॥
कै गजकेतन कदनकों कपिकेतु कुपाया ॥
ज्यों लंघन जलरासिकों हँनुमा हुलसाया ॥ ५२ ॥
कै रावन बध काजपैं रघुराज रिसाया ॥
कै बाहर प्रह्लादकी नरनाहर आया ॥
जिमि एका१इक१ बिंदुतैं दस १० गुन दरसाया ॥
बढि ऐसैं रसबीरसैं चढि भूप चलाया ॥ ५३ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम७राशौ संभर

का समूह देखकर सिंह चला॥४९॥ १ उत्तर दिशा के पवन से २ सूर्य ने ३ प्रताप ४ चन्द्रमा को उदय हुआ देखकर ५ समुद्र बढा ६ अग्नि में ७ सुवर्ण को (सुवर्ण को सौलह बार तपाने से कुंदन होता है) ॥ ५० ॥ ८ अग्नि ९ पवन को पाकर १० ज्वालाओं से प्रसन्न हुआ ११ कामंदक मुनि की कीहुई नीति के मार्ग लगकर राजा ने सेना बढाई १२ हथनियों के समूह पर हाथी शोभित हुआ १३ अंधक नाम असुर को आगे लेकर ॥ ५१ ॥ १४ गोवर्धन पर्वत को हाथ में लेने के लिये १५ कृष्ण सज्जित हुए १६ भीमसेन ने १७ कर्ण का नाश करने को १८ अर्जुन क्रोधित हुआ १९ समुद्र का उल्लंघन करने को २० हनुमान उत्साहित हुआ॥५२॥ २१ सहाय २२ नृसिंह २३ जिस प्रकार एक के अंक पर एक बिंदी लगने से दश गुना होजाता है ऐसे ॥ ५३ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में, चहुवाणों के राजा

नरेशसज्जीभवनवाहिनीवीरवाजिवारणवर्णनं षोडशो १६ मयूखः
॥ १६ ॥ ॥ २९७ ॥

प्रायोव्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

कुम्म[1] कटक जवही सुन्यौं, हठि हंकत हमगीर ॥
अरु[2] तवही पित्थल अमर, भट आये नृप[3] भीर ॥ १ ॥

॥ षट्पात् ॥

जव कूरम जयसिंह दई बुंदिय दलेल कँहँ ॥
तवहि नगर निम्मान छोरि पित्थल रानाँ[4] पँहँ ॥
उदयनैर अति[5] धर्म गयो निज बल नाथाउत ॥
सुपहु रान संग्राम जाहि रक्ख्यो सनेह जुत ॥
उमराव स्वीय पंद्रह १५ अधर[6] पालसोलि उप्पर प्रथित[7] ॥
वैठारि उच्च आदर बिरचि हरख्यो नृप चालुक्य[8] हित ॥ २ ॥
इक्क समय चालुक्य निडर पित्थल नाथाउत ॥
रहत सभाबिच रान जप्पो बुधहिं[9] अधर्म जुत ॥
स्व[10] प्रभु निंदा सुनत भीम उठ्यो पित्थल भट ॥
पटा सहँस पंचास५००००छोरि हंक्यो[11] वंछित वट ॥
हुन[12] रान पहुँचि नैति[13] जुत कहिय साफ करहु अपराध मम ।
मन्नी न तदपि पित्थल सुमति अक्खी तुम अकुसल अधम ३

का सज्जित होना१सेना के वीर और घोड़े और हाथियों के वर्णन का सौलह-वां १६ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ सित्यानवे २९७ मयूख हुए ॥
१ कछवाह की सेना २ शीघ्र ३ उम्मेदसिंह की सहाय ॥ १ ॥ ४ राणा के पास (उदयपुर) ५ अत्यंत धर्मवाला ६ अपने पन्द्रह उमरावों के नीचे और पारसोली के ऊपर (इस समय सब से नीचे की बैठक आसींद के रावत की है परन्तु उस समय आसींद का ठिकाना नहीं बन्धा था तब से नीचे की बैठक पारसोली के रावकी थी) ७ प्रसिद्ध ८ सोलंखी को हित सहित रक्खा ॥ २ ॥ ९ बुधसिंह को१०अपने स्वामी की११चाहे हुए मार्ग से चला १२शीघ्र १३ नम्रता

*दुजनसल्ल कोटेस सुनत यह सचिव पठायो ॥
लिखि कग्गर अति †ललित बहुत सतकार बढायो ॥
लिखी नगर निम्मान ‡नाह इतही तुमगे घर ॥
आवहु मिलहिं सु अन्न बंटि खेहैं बीरनवर ॥
पित्थल सु बंचि उत्तर लिख्यो क्यौं तुम हठ मंडत घनैं ॥
मम[1] जनक हन्यों आटोनि रन बलि बुंदिय वैरिय बनैं ।४।
अग्ग नगर आटोनि भीम[2] सालम जब जुट्टिय ॥
चालुक देवीसिंह तबहि असि धारन तुट्टिय ॥
कोटापति पुनि कितव[3] वैर बुंदिय पर लायउ ॥
दुवर[4] कारन दल बीच मंडि पित्थल पहुँचायउ ॥
सुनि दुजनसल्ल उत्तर लिखियं जानहु नहिं मम दोख जिय॥
मम[5] जनक हन्यौं तुमरो जनक बुंदियसन पुनि वैर किय ।५।

॥ दोहा ॥

नहिं रुचि तो आवहु नहिन, परिखद[6] बिच मम पास ॥
रहिये घर लहिये रुचिर, पटा सहँस पंचास ५०००० ॥ ६ ॥
इत्यादिक उत्तर लिखि रु, दुजनसल्लहित[7] दिट्ठि ॥
सचिव भेजि निज साम करि, बुल्ल्यो पित्थल[8] निट्ठि ॥ ७ ॥
अमरसिंह रट्ठोर इत, रुट्टल राम[9] कुलीन ॥
कछवाहन बरवाड़ लिय, निकस्यो तब छिति[10] छीन ॥ ८ ॥
निज सुत पंचक५जुत निडर, स्त्रीजन अनुग[11] समेत ॥

सहित ॥ ३ ॥ * कोटा के पति दुर्जनशाल ने † मनोहर ‡ हे निस्माण के पति १ मेरे पिता को आटोण ग्राम के युद्ध में मारा था और बुंदी से वैर किया था ॥ ४ ॥ २ कोटा का महाराव भीमसिंह और सालमसिंह ३ छली ४ पत्र में ५ मेरे पिता ने तुह्मारे पिता को मारा था और बुंदी से भी वैर उन्होंने किया था ॥ ५ ॥ ६ सभा में ॥ ६ ॥ ७ स्नेह दिखाकर अथवा स्नेह की दृष्टि से ८ पृथ्वीसिंह को बुलाया ॥ ७ ॥ ९ रामसिंह रोटला के कुल वाला १० भूमि छिनजाने से ॥ ८ ॥ ११ सेवकों सहित ॥ ९ ॥

सहि बिपत्ति कोटा सहर, आयो नीति *उपेत ॥ ९ ॥
पटा सहँस पैंतीस३५००० मित, करि हित दिय कोटेस ॥
इम रक्खे पित्थल अमर, दुव२ छल तिमिर †दिनेस ॥१०॥
ते भट दुव२ बुंदीसपर, कूरम ‡दल सुनि आत ॥
तजि कोटापतिके पटा, आये रन उमडात ॥ ११ ॥
जोधपुर प[1] गजसिंह सुव[2], कुमर अमर[3] रट्ठोर ॥
मरन आगरा मंडयो, तोरि साहको तोर[4] ॥ १२ ॥
अमर भीर[5] आये तबहि, बलू१ रु भाऊ२ बीर ॥
पातसाहके तजि पटा, हठि जुज्झन हमगीर ॥ १३ ॥
तिमहि रान अमरेस सुत, करन[6] अनुज भट भीम[7] ॥
रक्खि खुरुम सरनैं रच्यो, संगर[8] कासी सीम ॥ १४ ॥
सगताउत मान[9] सु सुनत, छिप[10] उदैपुर छोरि ॥
पहुँच्यो कासी भीम[11] पँह, मरयो साह दल मोरि ॥ १५ ॥
इमहिं बीर पित्थल अमर, कोटा सैन करि कुच्च ॥
[12]समर बेर[13] बुंदीससों, आनि मिले छक उच्च ॥ १६ ॥
अमरसिंह रट्ठोरकी, पतनीके गैंद[14] पूर ॥
दुक्ख हुतो बहु दिननतैं, सक्यो तदपि[15] न सूर ॥ १७ ॥
उतरत चम्मलि आपगा[16], प्रिया भई गतप्रान ॥
सोहु अमर रट्ठोर सुनि, न मुरयो जंग निदान[17] ॥ १८ ॥
अभयसिंह जेठो तनय, पच्छो गेह पठाय ॥
अप्प च्यारि सुत जुत अडर, अमर स बुंदिय आय ॥ १९ ॥
मुहुकमहर त्योंही मरन, मेटन अघ[18] मरजाद ॥

*नीति सहित॥९॥ †छल रूपी अन्धेरे के सूर्य॥१०॥ ‡सेना॥११॥ १ पति २ गजसिंह का पुत्र ३ अमरसिंह ४ बादशाह के प्रताप को तोड़कर ॥ १२ ॥ ५ सहाय॥ १३ ॥ ६ करणसिंह का छोटा भाई ७ भीमसिंह ८ युद्ध ॥ १४ ॥ ९ मानसिंह १० शीघ्र ११ भीमसिंह के पास ॥ १५ ॥ १२ से १३ युद्ध के समय ॥ १६ ॥ १४ रोग १५ तोभी ॥ १७ ॥ १६ नदी १७ युद्ध के कारण ॥ १८ ॥ १९ ॥ १८ पाप

सूर तुपक्क सजि पंचसत५००, आयो *नद्दत नाद ॥ २० ॥
सब भट हिय लाये सुपहु, बहु अद्दरि बुंदीस ॥
सहित प्रीत बंटी सिलह, सज्ज्यो जैपुर सीस ॥ २१ ॥
नाथाउत पित्थल निडर, सज्यो न बपु †सन्नाह ॥
अक्खो इच्छहु जो ‡जियन, लेहु वहै यह लाह ॥२२ ॥
सत बारह१२००इम सेन सजि, सादी[1] पैदग[2] समेत ॥
उडइनि[3]के तट अमरपुर, खजि[4] चिंत्यो रन खेत ॥ २३ ॥
सजि बुंदिय उत्तर तरफ, ढंक्यो नृप हुसियार ॥
पहुमी छाई पक्खरन, सेलन[5] गगनें प्रसार ॥ २४ ॥
कोस तीन३ उप्पर कटक[6], मिले उभय२ रन मोद ॥
उत्तर दक्खिनके अरे, पाउस[7] जानि पयोद[8] ॥ २५ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम७राशौ बुन्दीन्द्रसहायार्थचालुक्यपृथ्वीसिंहकबंधाऽमरसिंहहड्डमर्य्यादसिंहाऽऽगमनसेनाऽभिनिर्याणं सप्तदशो १७ मयूखः ॥ १७ ॥ ॥२९८॥

प्रायोब्रजदेशीया प्राकृतीमिश्रितभाषा ॥

॥ मुक्तादाम ॥

उंयो रसबीर[9] छयो नृप अंग, चल्यो अब सम्मुह लै चतुरंग ॥
चल्यो भट पित्थल[10] संकित सेस, चल्यो सुत च्यारि४नतैं अमरेस[11] ।१।
चल्यो मरजाद[12] नमावत नाग, चले भट सोदर तोग१ प्रयाग२ ॥

---

* गर्जना करता हुआ ॥ २० ॥ २१ ॥ † शरीर में कवच नहीं पहना ‡ जो जीना चाहो सो कवच पहनने का लाभ लो ॥ २२ ॥ १ सवार २ पैदलों सहित ३ नदी का नाम है ४ क्रोध करके ॥ २३ ॥ ५ भालों के फैलाव से आकाश छाया ॥ २४ ॥ ६ सेना ७ वर्षा समय में ८ मेघ ॥ २५ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में, बुन्दी के इन्द्र की सहाय के अर्थ सोलंखी पृथ्वीसिंह, राठोड़ अमरसिंह और हाडा मरजादसिंह का आना और सेना के सम्मुख जाने का सत्रहवां १७ मयूख समाप्त हुआ और आदि से दोसौ अठानवै २९८ मयूख हुए ॥

९ वीर रस उदय होकर १० पृथ्वीसिंह ११ अमरसिंह ॥ १ ॥ १२ मरजादसिंह

भवानियसिंह चल्यो भट भूप, खुमान[2] चल्यो रन रावन रूप ॥२॥
चल्यो हरदाउत देविसुगेस[3], चल्यो सगताउत त्यों अचलेस ॥
चले भट भारत अर्जुन चंड, उदेहरि[4] चालुक ओज अखंड ॥ ३ ॥
चल्यो नर नाहर[5] नाहर बीर, चल्यो नवलेस हठी हमगीर ॥
चल्यो भट कर्ण महारन चाहि, अजीत चल्यो कछवाह उमाहि ४
चले इन्ह आदि बडे बर बीर, धपावन सत्रुन खग्गन धीर ॥
चल्यो इम बुंदिय भूपति चक्क[6], बितंडन[7] पिट्ठि खुली[8] बहरक्क ॥ ५ ॥
अडंबर[9] भो रज[10] अंबर ओघं, मच्यो बडि ध्वांत[11] बन्यौं रवि मोघं[12] ॥
भयो निसिचारन[13] आनँद भुल्लि, डरे डिगि चक्कियं[14] चक्कहु डुल्लि ॥६॥
चले इत बारहसैं १२०० रन रीस, पिंखे[15] उत गज्जि हजार पचीस २५००० ॥
तज्यो भव[16] मोह भज्यो[17] कर तेग, उठे भट राजिय[18] बाजिय बेग ।७॥
घमंधमि भुम्मि धुजी हय धौर[19], घमंघमि घुग्घर पक्खर भार ॥
डमंडमि डाहल डिंडिम डक्क, ठमंठमि सिंधुर[20] घंट ठमक्क ॥ ८ ॥
नरायन[21] पिक्खिय बुंदिय नाह[22], कह्यो जुरि याहि गहो कछवाह ॥
इती कहतैं दुहुँघाँ उमराव, मिले ति[23] मिले पय[24] सक्कर भाव॥ ९ ॥

१राजा का उमराव २खुमाणसिंह॥२॥ ३ देवीसिंह ४ उदयसिंह ॥ ३ ॥ ५ मनुष्यों में सिंह रूप, नाहरसिंह ६ चक्र (सेना) ७ हाथियों की पीठ पर ८ ध्वजा खुलीं ॥ ५ ॥ ६ आकाश में १०रज का समूह छागया जिससे ११ अंधेरा होकर सूर्य १२ ढकगया और उस अंधेरे से भूलकर १३निशाचरों को आनंद हुआ १४ चकवा चकवी भूलकर डरे और पास पासके हटगये ॥ ६ ॥ १५ ईश्वरीसिंह ने भेजे १६ संसार से मोह छोडा और हाथों में १७खड्ग लिये १८ वीरों की और घोड़ों की पङ्क्तियें वेग के साथ उठीं ॥ ७ ॥ १९ घोड़ों की गति से भूमि धूजी, डाहल आदि वैताल और योगिनियें आदि के वाद्य बजे २०हस्तियों पर घंट बजे यहां ठमंठमि घमंघमि आदि अनुकरण के शब्द हैं जिनकी व्याख्या करना अनावश्यक है किन्तु ये शब्द ही व्याख्या है) ॥ ८ ॥ २१ नारायणदास खत्री ने २२ बुंदी के पति (उम्मेदसिंह) को देखते ही कहा कि २३ वे दोनों ओर के उमराव जैसे २४ दूध और सक्कर मिलै तिस रीति से मिलगये ॥ ९ ॥

वज्यो असि हड्डन अड्डन वाढ, गज्यो भय भीरुन बीरन गाढ ॥
दपट्टत लक्खन भक्खन दाय, झपट्टत तक्खनकौं झमकाय ।१०।
लकल्लकि[3] छुट्टिय बान बिथार, धकद्धकि घायन सोनित धार ॥
झगज्झगि आयुध भौ झगमग्गि, धगद्धगि उट्ठिय खग्गन अंग्गि ११
कटक्कटि कंकट वंकट वाढ, खटक्खटि खावन डाकिनि डाढ ॥
चटच्चटि उच्छटि हड्डन संधि, गटग्गटि गिद्ध वपा चय बंधि ।१२।
खनक्खनि टोपनपैं खुरतार, भनब्भनि गोलिन भैरान भयार ॥
झपज्झपि सेनन पच्छैति झुंड, लपल्लपि लुट्टत सिंधुर सुंड ॥ १३ ॥
झमंझमि मार दुधारन झाट, घमंघमि सेलन ठेलन घाट ॥
लसैं असि कुंभनैं फाँक चलाव, बढै रदैं सब्बुवैं तंति वनाव ।१४।
भुजांतैरैं होत कटारन भिन्न, खिचैं परि पंजर खंजर खिन्न ॥
कढैं खैर तोमर दंसैन दारि, फबै प्रैथुरोम किं जालिय फारि ।१५।
चलैं चमक्कैं असि ओज अपार, छपाकैंर बाल कला छबिदार ॥
लटक्कहिं लुत्थिनपैं लगि लुत्थि, उछट्टहिं कट्टहिं बुत्थिन बुत्थि १६

हड्डियों के ऊपर तरवारों का आडा वाढ वजा और कायरों पर भय और वीरों पर गाढ ने १ गर्जना की, खाने के लिये लाखों दौड़ते हैं और २ घोड़ों को झमका कर दौड़ाते हैं ॥ १० ॥ ३ कांपते हुए बाणों का फैलाव छूटा और घावों से धक धक रुधिर वहने लगा. ४ शस्त्रों की कान्ति चमकने लगी और तरवारों की ५ अग्नि प्रज्वलित होकर उठी ७ तरवारों के वाढ से ६ कवच कटकट कारने लगे, खाने के लिये डाकनियों की डाढें खटकने लगीं और हड्डियों की जोड़ें खुलने लगीं ८ चरबी का समूह जोड़कर ग्रीधनियें खाने लगीं ॥ ११ ॥ १२ ॥ ९ गोलियों का भयंकर शब्द होने लगा १० सेन (सिचाणा) पक्षियों के ११ पंखों के समूह झप झप करने लगे और हाथियों की सूँडें लप लप करने लगीं ॥१३॥ दुधारे खड्गों की मार मची और भालों के धकेलने से घाव हुए १२ हाथियों के कुंभस्थलों को चीरें करती तरवारों का चलना शोभा देता है और तांत से १४ साबुन कटै जैसे १३ दांत कटते हैं ॥१४॥ कटारों से १५ छातियें फटती हैं और खंजरों से चीरा हुए अस्थिपंजर खिचते हैं १६ तीखे भाले १७ कवचों को फोड़कर निकलते हैं सो मानों जाल को चीरकर १८ अच्छी शोभा देती है ॥१५॥ १९ द्वितीया के चंद्रमा की कला को विदारण करनेवाले खड्गों का ओज चमकता है ॥१६॥

उच्छट्टहिं घोरनतैं भट आय, खमैं[1] अँह[2] जानि कबूतर खाय ॥
छुरक्कहिं छिछि हरक्कहिं घाय, छुटैं जलजंत्र[3] कि जावक छाय ॥१७॥
चलैं टिकि जानुन[4] के पयभिन्न[5], स्तनंधय[6] केलि कि अंगन किन्न ॥
किते भुव लुट्टत जात अचेत, खिचैं जनु कोटिँस[7] डैंलन[8] खेत ॥१८॥
परे कति ऊरध[9] हत्थ पसारि, किधौं हरि मंदिर वंदन[10] कारि ॥
बबक्कत के गिरि बक्कर[11] बेस, मनौं नमि गात[12] रिझ्झात महेस ॥१९॥
अटक्कत पाय रकाबन इंद्र[13], लटक्कत जानि अँधोमुख[14] सिद्ध ॥
कटैं सिर अंभ[15] फिरैं भ्रमकारि[16], कुलाल[17] कि चक्कहिं[18] भंड उतारि २०
थरत्थर कातर कंप कुठार, बिना तिय ज्यों नर पास[19] तुसार ॥
उडैं फटि पेट फरक्कत अंत, करंडनतैं[20] कि भुजंग कढंत ॥ २१ ॥
बनैं वटके भट के रन बाद, सु ज्यौं अँटके[21] जगदीस प्रसाद ॥
रचैं दुव २ हत्थनके असि वार, किधौं कर खत्तिय[22] कैंठ[23] कुठार २२

१आकाश में कबूतर२कुलांट खाये तैसे३जावक का फुँहारा चलै जैसे॥१७॥कितने ही कटे हुए५चरणोंवाले४घुटनों के बल चलते हैं सो मानों घर के चौक में६दूध पीनेवाला बालक क्रीड़ा करता है, कितने ही अचेत होकर भूमि पर लोटते जाते हैं सो मानों खेत के८ढकलों (ढेलों) पर७चावर (लोष्टभेदन) खिचती है॥१८॥कितने ही ९ ऊंचे हाथ करके पड़े हैं सो मानों विष्णु भगवान् के मंदिर में १० नमस्कार करते हैं ११ बकरे की भांति कितने ही गिरकर अवाच्य शब्द बोलते हैं सो मानों १२ नमस्कार करके शिव को प्रसन्न करते हैं (यज्ञ विध्वंस करके दक्ष के धड़ पर बकरे का मस्तक रखकर फिर जीवित किया तब दक्ष प्रजापति ने बकरे के मुख से शिव की स्तुति करके शिव को प्रसन्न किया था इस कारण अब भी लौकिक में बकरे की बोली से शिव की स्तुति करते हैं) ॥ १९ ॥ १३ नीचे लटकते हैं सो मानों १४ नीचा मुख करके सिद्ध लटकते हैं कटे हुए मस्तक १५ आकाश में १६ चक्र के आकार फिरते हैं सो मानों १८ चाक के ऊपर से १७ कुम्हार भांडा (मिट्टी का पात्र) उतारता है ॥ २० ॥ बुरी भांति कायर ऐसे कांपते हैं जैसे बिना स्त्रीवाला पुरुष पौष मास की १९ ठंड में कांपता है, पेट फटकर आंतें उछलती हैं सो मानों२०पिटारों से सर्प निकलते हैं ॥ २१ ॥ युद्ध में दृढ करके टुकड़े टुकड़े होते हैं सो मानों जगदीश के प्रसाद का२१कलश फटता है, कितने ही दोनों हाथों से तरवार का वार करते हैं सो मानों दोनों हाथों से२२खाती२३काष्ट पर कुठार चलाता है ॥ २२ ॥

सरैं[1] छतजात[2] छिदे उर सैंकि, नमात[3] रजोगुनकी लहरैं कि ॥
गुटी[4] दृग ओर कढैं दृग लै रु, किधौं अलि[5] कामल[6] कोरक[7] लै रु २३
धसैं कढि के दृग सोनित धार, बनैं पृथुरोमन[8] वारि बिहार ॥
सिंचानक[9] अंतहि लै नभ जात, अचानक गोत गुडी सम खात २४
दिसा बिदिसान निसानन[10] नद्द, भनैं जनु घोर बलाहक[11] भद्द ॥
तुटी लगि टोप बजैं तरवारि, मनौं हरि मंदिर झल्लरि झारि ।२५।
भई हलमल्ल[12] चलच्चल[13] भुम्मि, घट्यो बल नाग[14] निसासन घुम्मि ॥
रचैं धनु सिंजिनि[15] बेग बिसाल, किधौं रन थंभत जंभत[16] काल २६
मचैं घन लोहित फुट्टत मत्थ, हसैं लखि जुग्गिनि खप्पर हत्थ ॥
समप्पत[17] हेरि सबै गन सीस, अपूरब हार बनावत ईस ॥ २७॥
थेइत्थेइ घुम्मत डाकिनि मत्त, तमासन प्रेत मलंगत तत्त ॥
किते रस[18] पान पिसाच करंत, रमैं कति लोहित तुंद[19] भरंत ॥२८॥
करैं कति आमिखनैं[20] अनुराग[21], बनावत के मुख मेद[22] बिभाग ॥

बरछी से छाती छिद कर २ रुधिर १ चलता है सो मानों शरीर में रजोगुण की लहरें नहीं ३ समाने के कारण बाहर निकलती हैं ४ गोली नेत्रों में लगकर नेत्र निकालती है सो मानों ५ भ्रमर ६ कमल की ७ कली को लेकर निकलता है ॥ २३ ॥ नेत्र फटकर रुधिर की धार में ऐसे घुसते हैं जैसे ८ मच्छी का विहार जल में होवे ९ बाज पची आंत लेकर आकाश में जाता है और पतंग (कनकौवा) के समान अचानक गोत खाता है ॥ २४ ॥ दिशा दिशाओं में १० नगारों का शब्द होता है सो मानों भादवा के महीने में ११ मेघ का भयंकर शब्द होता है, टोप के ऊपर लगकर तूटी हुई तरवार बजती है सो मानों विष्णु भगवान् के मंदिर में झालर बजती है ॥ २५ ॥ १२ अत्यन्त भीड़ से अथवा बहुत लोगों के मिलकर चलने से भूमि १३ चलायमान होगई और निश्वासों से घूमकर १४ शेष नाग का बल घट गया, धनुष से खिचकर १५ प्रत्यंचा बडा वेग रचती है सो मानों यमराज युद्ध में खड़ा होकर १६ उबासी (जम्हुहाई) लेता है ॥ २७ ॥ मस्तक फूटकर अत्यंत लोहू मचता है जिस को देखकर डाकिनियें हसती हैं और शिव के सब गण मस्तक हेरकर शिव को १७ देते हैं ॥ २७ ॥ कितने ही प्रेत १८ स्वाद लेकर रुधिर पीते हैं और कितने ही रुधिर से १९ पेट भरकर खेलते हैं ॥ २८ ॥ कितने ही २० मांस से २१ प्यार करते हैं और कितने ही २२ चरबी आदिका बंट करते हैं,

करैं मृदु*कीकस जिम्मन केक, अहारत†कोशिक ग्रास अनेक २९
खरे कति ‡घस्मर शुक्रहिं खातु, भये रन दुर्लभ सत्तहिं धातु ॥
रचैं सिव हास नचैं भयकार, जचैं जिय बुंदियको जयकार ॥३०॥
अहत्रह तंतिन सिंधुव सद्द, मच्यो रन अंगन यौं अवमद्द ॥
गहक्कहिं चक्खहिं गिद्धनि गोद, वपा लहि मंडत कंक विनोद ।३१।
निकासत चिल्हनि चंचुन नैन, गहैं हिय सेन गहक्कत गैन ॥
किलोलहिं स्यार सिवा किलकारि, चखैं पल मंडल मंडलँ चारि३२
उठी रन अंगन खग्गन अग्गि, लसी अटवी नव ज्यौं दव लग्गि॥
जरैं गजढालन तालन जूह, जरैं गजसुंडि तमालन जूह ॥ ३३ ॥
कटे पय कुंभिं न तिंदुव तत्त, जरैं गज उन्नत पब्बय जत्त ॥
वरैं हय बालधि तेजन तंब, लगैं लटियाल कि दर्भ कदंब ।३४।
सिखा बलि सूरनकी तृन गुच्छ, मलीमस कास सुडड्डिय मुच्छ ॥

*कितने ही कोमल हड्डियों का भोजन करते हैं †अनेक घूघू निवाले खाते हैं ॥२९॥ कितने ही ‡ भक्षण शील (बहुत खाने वाले) खड़े खड़े ही १ वीर्य ही खाते हैं उस युद्ध में उन घस्मरों को सातों ही धातु दुर्लभ होगई, वैद्यक के मत से वे धातुयें हैं "स्तन्यं रजश्च नारीणां काले भवति गच्छति॥ शुद्धमांसभवःस्नेहो यः सा संकीर्त्यते वसा ॥ स्वेदो दन्तास्तथा केशास्तथैवोजश्च सप्तमम् ॥" २ भयंकर रीति से नाचते हैं और जीव से बुंदी का जय होना ३ मांगते हैं ॥ ३० ॥ ४ इसप्रकार का पीड़ाकारी युद्ध मचा॥३१॥५गीदड़ और गीदड़णियें किल्लोलें करती हैं ६ कुत्ते ७ चारों ओर फिरकर मांस खाते हैं ॥ ३२ ॥ युद्ध के चौकमें तरवारों से अग्नि लगी सो वन में लाय लगने के समान शोभायमान हुई जहां ८ हाथियों के झंडे जलते हैं सोही ताड़ वृक्षों का समूह जलता है और हाथियों की सुंड जलती है सोही ९ तमाल वृक्षों का समूह जलता है ॥ ३३ ॥ १० हाथियों के कटे हुए पग जलते हैं सोही ११ तींदू वृक्ष हैं १२ ऊंचे हाथी जलते हैं सोही जलनेवाले पर्वत हैं १३ घोड़ों का वालछा जलता है सोही१४बांसों का१५वड़ा (समूह)है और घोड़ों की यालें (केसवालियें) जलती हैं सोही १६ डाभ का समूह जलता है ॥३४॥१७वीरों की चोटियें जलती हैं सो १८ घास के पूले हैं, डाढी मूंछें जलती हैं सोही २० कांस (तृणविशेष) का १९ कचरा जलता है

जरैं छगणावलि[1] खेटक[2] जाल, बरैं असिकोस[3] पृथग्विध[4] व्याल ॥३५॥
दहैं द्रु[5] मृदुच्छद[6] छल्लि दुकूल[7], किरैं[8] चिनगी सुहि पौन कुकूल[9] ॥
जरैं तहँ तोमर[10] ते त्वचिसार[11], तचैं[12] गवलावलि[13] रूप तुखार[14] ॥ ३६ ॥
प्रजारिय भूपति यागति अग्गि, झिली रनरंग[15] मिली झगमग्गि ॥
अपूरब फैलिय ज्वाल अलात[16], बचैं तृनके[17] जलके[18] जरिजात ॥३७॥
अनूरुहिं[19] आतुर आक्खिय अक्क[20], चढे रन ढुंढिय जैपुर चक्क[21] ॥
तुरंगम रुक्कहु खंचि खलीन[22], कुतूहल पिक्खहु[23] वीर बलीन ॥३८॥
दिसा बिदिसान कृसानु[24] दिखाँहिं, मच्यो दव ग्रीखम भद्दव[25] माँहिं ॥
निहारहु होत अनीकन[26] नास, तपैं भुव तक्कहु चक्क तमास ॥ ३९ ॥

॥ प्रतिलोमाऽनुलोमार्द्धम् ॥

तुदे[27] नर रीस रवीसम[28] लाल, तुले हय[29] जेम हले सु कराल ॥
लरांक[30] सु[31] लेइ[32] सजे यह लेतु, ललाम[33] स बीर सरीरन[34] देतु ॥ ४० ॥

---

२ ढालें जलती हैं सोही जलने वाले १ छाणों (कंडों) की पंक्ति है ३ तरवारों के म्यान जलते हैं सोही ४ नाना प्रकार के सर्प जलते हैं ॥ ३५ ॥ ७ वस्त्र जलते हैं सोही मानों ६ भोजपत्र के ५ वृक्ष का जलना है और पवन से अग्निकण ८ गिरते हैं सोही ९ तुष की अग्नि उड़ती है १० यहां भाले जलते हैं सोही मानों ११ बांस जलते हैं और वन की अग्नि में जलनेवाली १३ रोजों की पंक्ति के समान १४ घोड़े १२ जलते हैं ॥३६॥ राजा उम्मेदसिंह ने इस प्रकार की अग्नि लगाई सो १५ उस रणरंग में चमकती हुई आनंद पूर्वक ठहरी अपूर्व रीति से उस ज्वाला के १६ अंगार फैले जिनसे १७ तृण (मुख में तृण लेने) वाले बचते हैं और १८ जल (पराक्रम) वाले जलते हैं ॥ ३७ ॥ १९ सूर्य के सारथि अनूरु से २० सूर्य ने कहा कि २१ सेना २२ लगाम खैंच कर घोड़ों को रोक, बलवान् वीरों का तमासा २३ देखेंगे ॥ ३८ ॥ दिशा दिशाओं में २४ अग्नि दीखती है सो २५ ग्रीष्मऋतु के समान भादवा के महीने में अग्नि लगी २६ सेनाओं का नाश होता है सो देखो और भूमि तपती है जिसका और सेना का तमासा देखो ॥ ३९ ॥ (आधे छंद को सीधा पढकर उसीको उलटा पढने से पूर्ण छन्द होजाता है और उसका अर्थ बदल जाता है सो आगे बताते हैं) मनुष्य २७ पीड़ा युक्त होकर क्रोध में २८ सूर्य के समान लाल हुए और जैसे २९ घोड़े उठाये तैसे ही भयंकर चले ३१ सो (वे) ३० लड़नेवाले ३२ स्वाद लेकर यह आनंद लेते हैं और वे ३३ सुन्दर ३४ शरीरों को देते हैं इस छन्द में "तुद व्यथने" इस धातु से

अस्मत्सजातीयेष्वेव प्रसिद्धं गीतनामकं मरुदेशीयं छंदोनाम्ना त्रिकूटबद्धम् ॥

उम्मेद भूपति अंगमैं रस[1]बीर संकुलि[2] रंग[3]मैं बरबीर बारहसै१२०० प्रबीरन चंक्क लै चहुवान ॥

जयपनैं[5] सम्मुह जोरसौं भिलि[6] खग्ग झारिय भोरसौं[7] बर गुमर असिवर[9] समर लागि झैर[10] कुनर छरैंतर[11] हुनैंर[12] हत कर जबर खैंर[13] सर गर्जैंर[14] जय धर अडर भैंर[15] मिलि कचरघैंन[16] कर अमरपुर मचि दैंवर[17] दरबैंर[18] उदर पर मिलि भुंखर[19] पलचर खैंचर[20] चय अैंर[21] खपर खरभर पहर इक्क बजि टक्कर धरपर घोर इम घैंमसान[22] ॥

झैंर[23] बाम तोक्क प्रयागठ्है अमरेस दक्खिन[24] भाग ठ्है मरजाद पित्थल अैंग्ग[25] मंडिय बीच अैंप्पन[26] बाजि ॥

बिरुदालि बंदिनैं[27] बित्थरे अतिबेग सम्मुह उप्परे बजि कैंटक[28]

तुदा शब्द बना है जिसका अर्थ पीड़ित होना है और "लिह आस्वादने" इस धातु से लेह शब्द बना जिसका अर्थ स्वाद लेना है ॥ ४० ॥ "ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) कहते हैं कि यह हमारी (चारण) जाति ही में प्रसिद्ध ऐसा मरुभाषा का गीत नामक त्रिकूटबद्ध छंद है" राजा उम्मेदसिंह अपने शरीर में १ वीररस २ भरकर ३ युद्ध में बारह सौ वीरों की ४ सेना लेकर उस चहुवाण ने ५ जयपुरवालों के सम्मुख ६ भिड़कर ७ प्रभात से तरवार चलाई जहां ८ श्रेष्ठ घमंड के साथ ९ युद्ध में १० झड़ लगकर खोटे मनुष्यों के ११ अत्यन्त छलकों १२ हुनर (इल्म) से मिटाकर १३ बडे तीक्ष्ण बाणों के १४ निरंतर प्रहार से जय को धारण करके निर्भय १५ वीरों से मिलकर १६ शस्त्रों का कवच धारण किया १७ अमरपुरा के युद्ध में १८ दड़बड़ (शीघ्रदौड़) मचकर और उदर के ऊपर १९ शब्द करते हुए मांस खानेवाले मिलकर २० आकाश में विचरने वालों का समूह २१ अड़ा और देवी के खप्परों की खड़भड़ होकर भूमि पर एक पहर टक्कर बजकर इस प्रकार का २२ युद्ध हुआ राजा के २३ वाम हाथ को तोकसिंह और प्रयागसिंह हुए और अमरसिंह २४ दाहिनी ओर रहा, इसीप्रकार मरजादसिंह और पृथ्वीसिंह २५ आगे रहकर बीच में २६ अपना (उम्मेदसिंह का) घोड़ा रहा २७ भाटों की बिरुदावली फैली और गर्व से सम्मुख उठे २८ सेना को दण्ड देनेवाली रचक (टक्कर) हुई

हसनक रचक धमचक अटक[1] देक[2] तक मुलक अकबक अछक
छक भट ललक अति धक[3] तुपक चलि हक सलक[4] इक टक
गरक[5] रँग भक फरक वहरक[6] चमक खुर छुचि[7] झमक चकमक
किलक डक लगि अजक चउ४[9] चक[10] पुलक सक कर घमक प-
खरक अरक रज ढक अाजि[11] ॥
अतिमोद जुग्गिनि उल्लसैं[12] हर देवि नारद त्यों हसैं डरदेत लेत
डकार डाकिनि प्रेत हेत पसार[13] ॥
कमनैतँ[14] तीरन तानिकैं पखरैतँ[15] बेधत पानिकैं[16] बुधतनय[17] हित
जय प्रयाय नय वय छपयँ[18] रनसुमैं[19] अभय अतिसँय[20] बिजय चँय[21] भुव
बलयँ[22] बिसमय प्रलय मय भय समय निरदय उदय रवि नयनि-
लयँ[23] अतिरँय[24] अजय खँयकर[25] अँखयजय[26] अँय[27] उभय सँय[28] पय हृद-
य अँपचय[29] कटय भट रँनय[30] निचय हय गय मार हीन सुमार ॥

१युद्ध में २अटक नदी के जल पर्यंत का देश घबराकर अर्थात् बादशाही देश तक घब-राहट पहुँचकर, और आर्य्यावर्त की सीमा भी अटक ही है अछक छके हुए वीरों ने ललकार करके ३ अत्यन्त क्रोध से बढकर ४ बंदूकों की निरन्तर सलक की (बहुत बंदूकों के एक साथ चलाने को सलक कहते हैं) ५ गहरे रंग में डूबी हुई ६ ध्वजायें उडीं और ८ चमक के समान घोडों के खुरों से ७ अग्नि च-मकी और कालिकाओं की किलकारी होकर उनके वाद्य बजे, प्रसन्नता में संदेह करके अथवा प्रलय का संदेह करके रोमांच होकर १० चारों दिशाओं में ९ अचैन फैला और घोड़ों की पाखरें बजकर ११ युद्ध की रज से सूर्य ढक गया, योगिनियें अत्यन्त हर्ष से १२ फूलती हैं इसीप्रकार महादेव, पार्वती और नारद मुनि हसते हैं, डाकनियें भय देनेवाली डकारें लेती हैं और प्रेतों से स्नेह १३ फैलाती हैं १४ बाण चलानेवाले तीरों को खैंचकर १६ पराक्रम करके १५ पाखरोंवालों को बेधन करते हैं १७ बुधसिंह के पुत्र (उम्मेदसिंह) को विजय प्राप्ति कराने के अर्थ नीति के वचन कहते हैं और १६ युद्ध रूपी पुष्प के १८ भ्रमर २० अत्यन्त निर्भय होकर २१ देशों के समूहवाले २२ भूमि मंडल पर प्रलयमई निर्दय समय का संदेह कराकर सूर्य के समान उदय हुए वे वीर २३ नीति के घर २४ बडे बेगवान् २५ पराजय का नाश करनेवाले और २७ आगे आनेवाले शुभ भाग्य से २६ अक्षय विजय करनेवालों ने २८ दो-नों हाथ, पग और हृदय की २९ हानि (नाश) करके वीरों के ३० समूहों को

तं[1]गी रचैं कति तेहरी किं[2]सु अं[3]द्रि लंघित केहरी फटि मत्थ भे-
जन जुत्थ फैलत नूतन कि नवनीतं[4] ॥

छिकि टोप वाँहुल उच्छटैं[5] कटिकालि[6] कंकँटकी कटैं भट गरट
मिलि थट पुं[9]रट छट पट कुघट घट परि अं[10]वट कट कैंट[11]　कपट
तट अति झपट रन अं[12]ट　उबट बट रट बिकट रैं[13]हचट पलट नट
गति उलट झैं[14]टपट उछट खैं[15]गझट निपैं[16]ट अघ दट दा ट दिय
भिलि निकट प्रतिभट रपट मचि रन प्रकट रजबं[17]ट जुरत चाहत
जीत ॥ ४१ ॥

॥ अन्त्यानुप्रासिनी रोला॥

बुंदी जैपुर उलटि बीर आये ति[18] अखारैं ॥
गायक सिंधू तां[19]र ग्राम आलाप उचारैं ॥
भुम्मि मचक्कैं कटक भार फन नाग पसारैं ॥

काटे और हाथी घोड़ों के समूह तो बिना गिनती (बेसुमार) मारे १ कितने ही घोड़े तीन तीन मलंग लेते हैं सो २ मानों ३ पर्वत को उल्लंघन करता हुआ सिंह मलंग (छलांगें) भरता है और मस्तक फटकर भेजों (मस्तिष्क) का समूह फैलता है सो मानों नवीन ४ मक्खन फैलता है, टोप कटकर ५ दस्ताने (बाहुत्राण) उड़ते हैं ७ कवच की ६ कड़ियों की पंक्ति कटती है ८ वीरों के अत्यन्त समूह मिलकर (यहां अधिकता दिखाने के कारण गरट और थट्ट दोनों एकार्थ वाची शब्दों का प्रयोग किया है) अथवा समूह की भीड़ मिलकर ९ सुवर्ण की क्रांतिवाले (केसरिया) वस्त्र शरीर पर बुरे घाट से पड़े हैं ११ हाथियों के कुंभस्थल कटकर १० खड्डों में गिरते हैं और कपट के किनारे से अत्यन्त झपटकर अर्थात् कपट से दूर भागकर युद्ध में मार्ग और विना मार्ग निरंतर १२ फिरते हैं १३ भयंकर दौड़ से नट की भांति पलटकर और उडकर १४ शीघ्र दौड़ से १५ तरवार की झाट से १६ बहुत पाप को दबानेवाली दपट देकर वे वीर समीप लेकर शीघ्रदौड मचाकर युद्ध में १७ रजोगुण के मार्ग को प्रकट करके विजय को चाहते हुए जुड़ते हैं ॥ ४१ ॥ १८ ते (वे) युद्ध के अखाड़े पर आये १९ गानेवाले सिंधवी रागनी के ग्राम में उच्च स्वर से आलाप लेते हैं "संगीत में स्वरों के समूह को ग्राम कहते हैं वे तीन हैं। यथा ॥ षड्जग्रामो भवेदादौ, मध्यमग्राम एव च ॥ गान्धारग्राम इत्येतत्, ग्रामत्रयमुदाहृतम् ॥१॥

ऐरावततैं सुप्रतीकै लग चीह चिकारैं ॥ ४२ ॥
दहकि दहकि दौलेयँ राज किरिराज पुकारैं ॥
लवणोदकसौं सुद्धनीरैं लग बढन बिथारैं ॥
बल सूदनसौं वामदेवँ लग अजक्क उसारैं ॥
बड़वामुखसौं ब्रह्मलोक लग सोक सम्हारैं ॥ ४३ ॥
इम हड्ड कूरम अभंग बल जंग बिथारैं ॥
बज्जैं आयुध निसितं बाढ अरि गाढ उतारैं ॥
फूटैं सिर तरबूज फाँक कटि लाँकँ कुढारैं ॥
हत्थिन मत्थैं चन्द्रहास हुवर हत्थन म्हारैं ॥ ४४ ॥
सुंडादंडन खंड खेरि अहि रूप उतारैं ॥
के उद्धत संग्रहि कलापैं हठि दंत निकारैं ॥
सैक्किम मालाँकार सोभ अति जोर उपारैं ॥
आधोरैंन घुम्मैं अचेत कपि ज्यौं द्रुम कारैं ॥ ४५ ॥
कुंभनतैं गजभद्र केक मुत्ताहल ढारैं ॥
मानौं मेचक बारिबाह डिगि सीकँर डारैं ॥
चउसट्ठी ६४ मारैं मलंग बावन ५२ बबक्कारैं ॥
हाक हक्कारैं केक जानि गज मार गैलारैं ॥ ४६ ॥

---

१ पूर्व दिशा के दिग्गज (दिशा को धारण करनेवाले हाथी) से लेकर २ ईशान दिशा के दिग्गज तक (क्रम से, ऐरावत १ पुंडरीक २ वामन ३ कुमुद४अञ्जन ५ पुष्पदंत ६ सार्वभौम ७ सुप्रतीक ८ दिग्गजों के नाम हैं) ॥ ४२ ॥ ३ जल जल कर कमठ ४ वराह ५ लवणोद से लेकर, शुद्धजल के समुद्र पर्यन्त समुद्र के सात भेद (लवणोद, क्षीरोद, दधिमंडोद, घृतोद, शुण्डोद, इक्षुरसोद, स्वादु उद अर्थात् शुद्धोद) हैं ६ पूर्व दिशा के स्वामी इन्द्र से लेकर ७ ईशान दिशा के स्वामी शिवतक [पूर्व दिशा से क्रम पूर्वक ईशान दिशा तक के स्वामियों के नाम [इन्द्र, अग्नि, यम, नैर्ऋत, वरुण, वायु, कुबेर और शिव हैं)८ पाताल से ॥ ४३ ॥ ९ तीक्ष्ण १० लंक [कमर] ११ खड्ग ॥ ४४ ॥ १२ हाथी का कलावा पकड़कर १३ मूल को १४ माली की भाँति १५ महावत १६ काले वृक्ष से बंदर गिरै तैसे॥४५॥ १७मोती१८श्याम१९मेघ२०जलकण(बुंद) २१गर्जना॥४६॥

फुट्टैं बक्तर *सिंगिफेट बपु वेधि बिहारैं ॥
टक्करनतैं [1]नागोदं टोप [2]बैल खगन बिदारैं ॥
रुक्के पाय रकाब जोर [3]सादी सिसकारैं ॥
सच्चे कच्चे लखन सूर अति परख उघारैं ॥४७॥
कर तुट्टैं जैसैं [4]ऐंड़ाकु फन पंच उफारैं ॥
अंत्रावलि उरझैं कटार जनु [5]बड़िस बिसारैं ॥
छुरिका छत्तिन छेदि छेदि [6]मस्कर छबिमारैं ॥
॥ ४८ ॥
बुंदी जैपुर लाज बाद परि उभयर प्रहारैं ॥
अमरपुरेकी सीम अंत नर [7]कुणप निहारैं ॥
[8]लोहित लंबी छछक छूटि प्रेतन [9]जक पारैं ॥
[10]सांयक भय दायक [11]दुंसार [12]घायकैं घट सारैं ॥ ४९ ॥
सरिता भो वह [13]संपराय जल [14]सोनितैं धारैं ॥
बुंदी जैपुर [15]तट बिलंद [16]घट बिकट किनारैं ॥
फुल्लि [17]कुसेसय हृदय फाँक छबि [18]अतुल अपारैं ॥
[19]उतपल गन लोचन [20]अनूप हुव [21]बिकच हजारैं ॥ ५० ॥
[22]इंदिदिरैं उप्पर अनेक [23]गुटिका गुंजारैं ॥

---

* सींगवाले पशुओं की फेट से (यहां सिंगि की जगह सांग-पाठ होतो बरछी से बख्तर के फूटने का संबंध अच्छा होता है) १ पेट का कवच (पेटी) २ तरवारों के बल से ३ घोड़ों के सवार ॥ ४७ ॥ ४ सर्प ५ मच्छी पकड़ने कां कांटा ६ वांस की शोभा को ॥ ४८ ॥ ७ मुरदे ८ रुधिर की ९ चैन (आराम) भय देनेवाले १० बाण ११ दोनों ओर फूटकर १२ घाव करनेवाले होकर शरीर को बेधन करते हैं ॥ ४९ ॥ १३ वह युद्ध नदी रूप हुआ जिस में १४ रुधिर है सोही जल हुआ जहां बुंदी और जयपुर ही लंबे १५ किनारे (ढावे) हैं और वे किनारे ही भयंकर १६ घाट हैं अथवा कटे हुए शरीर हैं सोही भयंकर घाट हैं और हृदय की चीरें हैं सोही १८ तुलना रहित अपार फूले हुए १७ शतपत्र कमल हैं, कटे हुए नेत्र हैं सोही २० उपमा रहित २१ फूले हुए हजारों १९ नील कमल हैं (कितनों ही के मत से सामान्य कमल का नाम भी उत्पल है) ॥ ५० ॥ उन कमलों के ऊपर २२ भ्रमरों रूपी अनेक २३ गोलियें शब्द

गजन दंत कटि कटि गिरैं सु [1]करहाट कितारैं ॥
तं[2]बेरम [3]कुंभीर तुल्ल्य बलवान बिहारैं ॥
बाजी गन [4]अवहार बेस मिलि तास मझारैं ॥ ५१ ॥
सुंडि पतित[5] अंकुस समेत बनि [6]बडिस बिसारैं ॥
जि[7]रह गिरी [8]आनाय जानि पल [9]कर्दम पारैं ॥
कटि कटि उहत [10]कालखंज सुहि कमठ सिधारैं ॥
[11]बुक्का चैंप दद्दुर बिं[12]डंबि बहु फदक बिथारैं ॥ ५२ ॥
अंत्रावलि [13]अलगर्द्द रूप [14]संचर्य संचारैं ॥
जल[15]नीली निभ [16]सिंचय जाल इत तिरत अपारैं ॥
जत्थ [17]जलौका जूइकी सु [18]धमंनी छवि धारैं ॥
[19]गंडक संचय अंगुलीन बनि चपल बिहारैं ॥ ५३ ॥
हत्थ नि[20]हाका निकर होय करि [21]चलत कितारैं ॥
कटे तिलक बिचरैं [22]कुलीरैं [23]श्रुति सीप सुहारैं ॥
संख नख रु [24]संबूक संख [25]कीकस [26]अनुकारैं ॥

करती हैं और हाथियों के दंत कट कट कर गिरते हैं सोही १ कमल के जड़ों की पंक्तियां हैं २ हाथी हैं सोही बलवान् ३ मकरों के रूप से विहार करते हैं और घोड़े हैं सोही ४ घड़ियाल (मगर विशेष) के रूप से हैं ॥ ५१ ॥ अंकुश सहित ५ पड़ी हुई हाथियों की सुंडें हैं सोही ६ मच्छी पकड़ने के कांटे को झुलाती हैं ७ कवच हैं सो ही ८ मच्छी पकड़ने की जाल और मांस ही ९ कीचड़ है १० कलेजे कट कट कर बहते हैं सो ही कच्छप चलते हैं ११ बूकों (गुड़दों) का समूह ही मेंडक का १२ भ्रम कर (छलांग) फैलाते हैं ॥५२॥ आंतों की पंक्ति है सोही १३ जल सर्पों का १४ समूह चलता है, यहां १६ वस्त्रों के अपार समूह तिरते हैं सोही १५ शैवाल (कांजी) के सदृश हैं १८ मरेहुए पुरुषों की नाड़ियें (नसें) तिरती हैं सोही १७ जलौकाओं (जोकों) की शोभा धारण करती हैं, कटी हुई अंगुलियों के समूह ही १९ छोटी मच्छियें चपल बन कर चलती हैं ॥ ५३ ॥ कटे हुए हाथों के समूह ही २१ पंक्तियें करके २० गोह (गोहिली) के समान चलते हैं और कटीहुई तिल्लियें (उदरस्थ मांस पिंड) ही मानों २२ केकड़े फिरते हैं २३ कटेहुए कान तिरते हैं सोही सीपें हैं, उस युद्ध में नख हैं सो ही २४ सांखल्या और २५ हड्डियें हैं सोही शंख के २६ सदृश हैं

अँत्थि चूर सिकता अनूप नर सूर निहारैं ॥ ५४ ॥
आवरणिक आँवर्त्त रूप अटि चक्र उघारैं ॥
धूँम लहरि उठैं अनेक अति वात इसारैं ॥
कुंभ कँरीके चक्रवाक ध्रुव पीतन धारैं ॥
छुंदी गिरत हँयच्छटा सु सारस संचारैं ॥ ५५ ॥
चामर बनि चक्रांग रूप बक टोप बिहारैं ॥
घन कारंडव गँजन घंट गिरि गिरि गुंजारैं ॥
उंच्चूल सु आँटी कपाल मँग्गू किलकारैं ॥
गज अंगुलि कटि कटि गिरी सु सिखरी व सुढारैं ॥ ५६ ॥
कातर वीरंणा तंब केक कढि लग्गि किनारैं ॥
शृंगाटकैं करसूंक संघ बिच देत बिहारैं ॥
ऊरु पतित सिंसुमार आभ गॅल उंद्र अपारैं ॥
घुंटक घन सालूक सोभ धर पातितैं धारैं ॥ ५७ ॥

अथवा छोटे शंख, सांखूल्या और शंखों का अनुकरण हड्डियें करती हैं "क्षुद्रशङ्खा : शङ्खनखाः" इत्यमरः ॥ वीर पुरुष हैं वे १ हड्डियों के चूरे को ही उपमा रहित २ रेत निहारते हैं ॥ ५४ ॥ ३ रुधिर में तिरती हुई ढालें ४ चक्राकार (गोल) फिरकर भ्रमि पटकती हैं, ५ यहां धूम (धुवां) है सो ही ६ पवन के इसारे से लहरें उठती हैं ७ हरताल से रंगेहुए हाथियों के कुंभस्थल हैं सो ही निश्चय ही पीलेपनको धारण करनेवाले ८ चकवे हैं, उस युद्ध में कटीहुई ९ घोड़ों की गरदनें गिरती हैं सो ही सारस १० चलते हैं ॥ ५५ ॥ चमर हैं सोहि ११ हंस बनते हैं और १२ बुगलों के रूप से टोप विहार करते हैं १४ हाथियों की घंटा गिर गिर कर बजती है सोही मानों १३ बतक (जलजंन्तु विशेष) बोलते हैं १५ ध्वजाओं के वस्त्र हैं सोही १६ आटी नामक पक्षि विशेष हैं और कटे हुए कपाल हैं सोही १७ जलमुर्ग बोलते हैं कटीहुई हाथियों की अंगुलियें गिरी हैं सोही श्रेष्ठ रीति के १८ कांकड़े के ढंक हैं ॥ ५६ ॥ कितने ही कायर १९ कांस (तृण विशेष) के समूह के समान इस युद्ध रूपी नदी से निकल कर किनारे लगते हैं २० सिंघाड़ों के समान २१ नखों का समूह २२ शोभा देता है २३ पडीहुई जंघा है सोही २४ सूंस (मगर विशेष) की शोभा देती है २५ और कटेहुए गले (कंठ) ही अपार २६ जलमानस (जल माणसिया) है पृथ्वी पर २९ पडेहुए २७ घुटने २८ कमल के मूल (कंद) की शोभा धरते हैं ॥ ५७ ॥

निडर पराक्रम पृथुल[1] नाव नय मंग[2] निहारैं ॥
लंबे केतन[3] बरदवान पवमान[4] प्रसारैं ॥
प्यारे दुल्लभ प्रान रूप आतर[5] कर डारैं ॥
बीर नियामक[6] रस बिसेस सुहि पार उतारैं ॥ ५८ ॥
उट्ठैं घायल लँपन[7] झग्ग बुदबुद अनुकारैं[8] ॥
मज्जा[9] मेदं[10] अनेक ओघ डिंडीर[11] दिकारैं ॥
ऐसी दुस्तर आपगा[12] सु हुव स्रोत[13] हजारैं ॥
बुंदी जैपुर उभयर बीर तिहिँ तिरन बिचारैं ॥ ५९ ॥

॥ दोहा ॥

ऐसी दुस्तर आपगा, बढे तिरन बर बीर ॥
इत उतके आहव अडर, धाराधर[14] कर धीर ॥ ६० ॥

॥ षट्पात् ॥

इत पित्थल चालुक्य असह कूरम प्रताप उत ॥
इत कबंध अमरेस उत सु जद्दव दलेल द्रुत ॥
इत प्रयाग चहुवान सुरत[15] उत कुम्म सुमंतह[16] ॥
इत मरजाद असंक उत सु कूरम जसवंतह ॥
इत तोक बिजय कछवाह उत इत उत कुम्म अजीत दुव२

इस युद्ध रूपी नदी के तिरनेको निर्भय पराक्रम है वही १ बडी नाव है और नीति है सोही उस नाव का २ मस्तक है ३ सेना में लंबी ध्वजा है सोही उस नावका वरदवान (मस्तूल) है जिसको ४ पवन फैलाता है अत्यन्त प्यारे प्राण हैं सोही उस नदी की उतराई के५ कर में डालते हैं "आतरस्तरपण्यंस्या" दित्यमरः॥ वीर रस ही उस६नाव का खेवटिया है सोही उस नदी के पार लगाता है॥५८॥घायलों के७*मुख से झाग उठते हैं सोही उस नदी में बुदबुदों के ८ अनुकरण करनेवाले हैं९अस्थिगत धातु और (मींजी, सार)१०चरबी का समूह ही११फेन (झाग) दीखते हैं ऐसी दुस्तर१२नदी की हजारों १३ धाराएं हुईं ॥ ५९ ॥१४खड्ग हाथों में लिये ॥ ६० ॥१५सुरतसिंह१६श्रेष्ठ बुद्धिमान्॥६१॥

* क्रिया आकर फिर विशेषण दिया जावे उसको समाप्तपुनरात्त दोष कहते हैं परन्तु क्रिया के पीछे फिर अनेक विशेषण व अनेक उपमा दी जावे वहां यह दोष मिटजाता है सोही यहां जानना चाहिये.

इत देव हड्ड हम्मीर उत हरखि कुम्म हमगीर हुव ॥ ६१ ॥

॥ दोहा ॥

हड्ड भवानीसिंह इत, उत माधव कछवाह ॥
इत सगताउत अचल उत, संकर कुम्म सिपाह ॥ ६२ ॥
च्यारि *अमर रट्ठोर सुत, अब तिनके †अभिधान ॥
इत भैरव अंगद अचल, उत कछवाह अमान ॥ ६३ ॥
इत कबंध नवलेस उत, भट कूरम भूपाल ॥
इत ‡सन मान कबंध उत, अर्ज्जुन कुम्म अचाल ॥६४॥
अडर सिवाईसिंह इत, रनपंडित रट्ठोर ॥
अभयसिंह कछवाह उत, मिले उभयर भट §मोर ॥ ६५ ॥
इत सु भट्ट बुंदीसको, जुद्ध निपुन जगराम ॥
उदयसिंह परमार उत, कुपित भिरयो जय काम ॥ ६६ ॥
उभय उभय इत्यादि जुरि, अनी अमर उमराव ॥
किन्नौं रन रविमल्ल कवि, बरनैं बिरुद बढाव ॥ ६७ ॥

॥ पज्झटिका ॥

चालुक्क वर पित्थल जंग चाह, नाथाउत पुर निम्मान नाह ।
पैंसठि६५पदाति[2] सादी[3] पचीस२५,साजि चलिय कुम्म परताप सीस६८
उततैं प्रताप हय सत१००उपेतं[4], खिजि आयो सम्मुह बीर खेत ॥
पित्थल उर मारिय बान पंच५, रन बीर यहहु संक्यो न रंच।६९।
मारकँ[5] सिर झारिय मंडलग्ग[6], कटि टोप कछुक सिर खगियँ खग्ग
तस सुभट इहाँ इक वार किन्न, कर सव्य सांगद सु करिय भिन्न७०
दै जात चलिय पित्थल कृपान, सिर भिन्न होय अरि भुव संयान[1]

॥ ६२ ॥ * अमरसिंह राठोड़ के चार पुत्र † नाम ॥ ६३ ॥ ‡ इधर से ॥ ६४ ॥ §मोड़ (मुकुट)॥६५॥६६॥ १ सूर्यमल्ल कवि स्तुति को बढाकर वर्णन करते हैं ॥ ६७ ॥ २ पैदल ३ सवार ॥ ६८ ॥ सौ घोड़ों ४ सहित यहां (अजहत्स्वार्था लक्षणा से घोड़ों के सौ सवार जानना चाहिये) ॥ ६९ ॥ ५ मारनेवाले पर ६ खड्ग चलाया ७ घुसा ८ भुजबंध सहित वाम हाथ काट डाला ॥ ७० ॥१सोया

पुनि हनि प्रतापके सुभट सत्त७, आयो उडाय हय इत उमत्त।७१॥
हयखंध[1] तेग झारिय प्रताप, हय गिरत भयो पयचार[2] आप ॥
हय हीन तिमहि कर सव्य[3] हीन, पुनि हनिय कुम्भ भट नव ९
प्रवान ॥ ७२ ॥

इहिं बिच प्रताप झारिय कृपान, पित्थल कटयो सुतिल तिल प्रमान
सन्नाह[4] लयो नहि प्रथम सूर, पानिप[5] दिखाय तेंसोहि पूर ॥७३॥
सत्रह१७अरी तेरह१३स्व[6]भट सत्थ, सजि इष्ट[7]लोक पहुँच्यो समत्थ[8]
रट्ठोर अमर जद्दव दलेल, खिजि खिजि इत मंड्यो वीर खेल।७४।
तेतिस३३ पैदग[9] इत कृति२० तुरंग[10], उत सत १०० रु सट्ठि६०अनु-
क्रमें[11] अभंग ॥

लखि कहिय परस्पर वाह वाह, बाहहु तुम वाहहु नेंव[12] सिपाह७५
भिरि प्रथम रचिय सेलन भचक्क, रमि दाव[13] धाय[14] कावन रचक्क ॥
इम फिरत बाजि दोउन२ उडानि, दुव२ भंड कुंडभृत[15] चक्र जानि७६
ननु[16] कै दिनेस[17] अरु जामिनीस[18], गरदाय फिरत हाटक गिरीस[19] ॥
आवर्त्त उदधि[20] जिम दुव२ जिहाज, कलि किंधु[21] कपोत पर उभय
२ बाज ॥७७॥

दुव२ पत्र बातचक्र[22] कि घिरंत, कन्न्या कि उभय कुंदिय[23] फिरंत ॥
दुव२लट्टुव[24] जानि नट सिर दिखाय, इम फिरिय बीर बाजिन उडाय ७८
अमरेस झुक्कि तोमर[25] अभंग, जद्दव हय बेध्यो निडर जंग ॥

॥ ७१ ॥ १ घोड़े के कंधे पर २ पैदल ३ वाम हाथ से ॥ ७२ ॥ ४ कवच ५ पराक्रम ॥ ७३ ॥ ६ अपने वीरों के साथ ७ चाहता था उस लोक में ८ समर्थ ॥ ७४ ॥ ९ पैदल १० यहां लक्षणा से सवार जानो ११ सौ पैदल और साठ सवार इस अनुक्रम से १२ नवीन ॥ ७५ ॥ १३ दाव खेल कर १४ दौड़ १५ कुम्हार के चाक पर दो मटके होवैं इस तरह ॥ ७६ ॥१६अथवा निश्चय ही मानों १७ सूर्य और १८ चन्द्रमा १९ सुमेरु पर्वत को घेरकर फिरते हैं २० समुद्र के भ्रमि [चक्कर] में दो जहाज२१मानों एक कबूतर पर दो बाज हैं ॥ ७७ ॥ २२पवन के गोंद में दो पत्ते घिरे २३ नृत्य विशेष२४गेंद॥७८॥२५भाला

हय गिरत [1]अपर आरुहि दलेल, मारयो कबंध [2]उर सुभर सेल ७९
सहि सेल अमर हनि सत्रु सत्त७, मारयो दलेल [3]असिवर उमत्त ॥
जद्दवहिं मारि अग्गैं [4]जगाम, [5]भिटयो भटेस सीसोद स्याम ॥ ८० ॥
दोउन२ कृपान झारिय दुरहत्थ, [6]मुंडमाल मध्य गय उभय२मत्थ॥
अरि नवें९पच।स२५निज भट उपेत, रठोर गयो [7]निर्ज्जर निकेत८१
इत भट प्रयाग इक्क१ हि अभंग, सुरतेस उत सु हय सट्ठि६० संग॥
मिलि उभय२जंग मंडिय अमान, बदि वाह वाह सिव किय बखान।८२।
[8]पटु प्रथम तुपक झारिय प्रयाग, अरि दोय२हनिय तिम [9]आखु नाग।
[10]हकरांय बाजि पुनि तुपक डारि, कटि हिंतु [11]कालनागिनि निकारि ८३
सुरतेस निकट पहुँचयो प्रयाग, फिरि मंडल खेल्यो [12]हेति फाग ॥
जेजे भट [13]पिल्ले सुरत जत्थ, तेते प्रयाग सब हनिय तत्थ ॥ ८४ ॥
इम फिरत हड्ड हैवर उताल, जिम [14]अनिल अग्गि तृन बिपिन जाल
तिय [15]मृगिय सुरत जिम नर तुरंग, इम [16]सुरतै हड्ड दब्यो अभंग८५
आघात खग्ग दद्द अनूप, किय बहुत कुम्भ [17]आलक्त कूप ॥
खट६ सुभट सुरत पिल्ले [18]खिसाय, [19]पैले प्रयाग पर रन रिसाय।८६।
अभिमन्न्यु लरयो खट रथिन [20]आजि, बिफ्फुरयो प्रयाग इम दपटि बाजि।
दुव २ मारि च्यारि ४ घायल गिराय, खट६ असि प्रहार तिनकेहु खाय ॥ ८७ ॥
सुरतेस सीस हंकिय सजोर, मानहु लखि [21]जिह्मग मत्त मोर ॥

१ दूसरे घोड़े पर चढ़कर २ सुभट ने ॥ ७९ ॥ ३ श्रेष्ठ तरवार से उन्मत्त होकर ४ चला ५ वीरों का पति शीशोदिया श्यामसिंह से मिला ॥ ८० ॥ ६ शिव की मुंडमाला में ७ स्वर्ग में गया ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ ८ चतुर ९ चूहे को सर्प मारे तैसे १० घोड़े को ललकार कर ११ तरवार ॥ ८३ ॥ १२ शस्त्रों का फाग सुरतसिंह ने १३ भेजे ॥ ८४ ॥ १४ पवन से तृणों के वन में अग्नि फिरै तैसे १५ मृगी जाति की स्त्री अश्व जाति के पुरुष से जैसे दबजाती है तैसे १६ सुरतसिंह को हाडा ने दबाया ॥ ८५ ॥ १७ अलते के कूए कर दिये अलते का रंग लाल होता है १८ सिटाकर १९ पूगे ॥ ८६ ॥ २० युद्ध में ॥ ८७ ॥ २१ सर्प

इक१जवन आनि इहिँ बिच उमाहि, बेध्यो प्रयाग सित[1] सँगि बाहि८८
इहिँ सँगि सहित घोटक[2] उडाय, कट्ट्यो सु मिच्छ पुनि पिहुल[3] काय
यँहँ सुरतसिंह किय खग्ग वार, मारयो प्रयाग मृड[4] जानि मार॥८९
ढुंढत जिहिँ हारे कंक[5] ढैंक, नहिँ मिलिय लुत्थि पलचरन[6] नैंक ॥
अवसिष्ठ[7] रहिय नहिँ लैन अग्गि, लुत्थि सु प्रयाग गय असिन[8] लग्गि९०
हनि पंच५ च्यारि४ घायल बिधाय[9], पत्तो प्रयाग निर्जर[10] निकाय[11]॥
मरजाद सु मुहुकम अन्ववाय[12], सतपंच५००पैदग[13] सादी[14] सजाय ।९१।
इत चलिय पिक्खि जसवंत बीर, धुर धर झलायपति कुमर धीर ॥
वहहू सजि खट सय ६०० अश्ववार, इमगीर पैदिक[15] त्योंही हजार
१००० ॥ ९२ ॥
मरजाद सीस धारत मरोर, आयो राजाउत रचत रोर[16] ॥
मरजाद मत्थ तकि तीर तीन३, दपटाय[17] बाँजि कछवाह दीन ॥९३॥
मरजाद सुभट इक नाम मान[18], कूरम हय मारयो दै कृपान ॥
जसवंत अपर[19] हय चढि जरूर, समसेर हन्यों वह मान सूर ॥ ९४ ॥
कूरम निज जद्दव सुभट दोय२, हड्डा सिर हूले[20] कुपित होय ॥
दै चक्क दुहुँन२ मरजाद बिंटि, भालन प्रहार किय भिंटि भिंटि ।९५।
इत हड्ड दुहुँन२ तोमर बिदारि, जद्दवन गयो मरजाद जारि[21] ॥
रट्ठोर बहुरि पिल्ल्यो रिसाय, खग झारि हड्ड लिय सोहु खाय ।९६।
पठये इम कूरम दस१० सिपाह, लिन्ने ति मारि लगि बिजय लाह ।
हड्डा सुमेरु पठयो बहोरि, दिन्नों कृपान तिहिँ खंध दोरि ॥ ९७ ॥

को देखकर १ तीक्ष्ण बरछी चलाकर ॥ ८८ ॥ २ घोड़ों ३ बड़े शरीर वाले को ४ शिव ने कामदेव को मारा जैसे ॥ ८९ ॥ ५ दोनों मांसाहारी पक्षि विशेष हैं ६ मांस खानेवालों को ७ जलाने को अवशिष्ट [बाकी] नहीं रहा ८ तरवारों के लग गया ॥ ९० ॥९करके१०देवताओं के११स्थान [स्वर्ग] में गया१२हुकमसिंह के वंश में१३पैदल १४ सवार ॥ ९१ ॥ १५ पैदल ॥ ९२ ॥ १६ १७ घोड़ा दौड़ाकर ॥ ९३ ॥ १८ मानसिंह ने १९ दूसरे घोड़े पर ॥ ९४ ॥ २० बढाये वा भेजे ॥ ९५ ॥ २१ हजम करगया ॥ ९६ ॥ ९७ ॥

उपवीत उतरि मरजाद *अंस, बैठो†तनुत्र भिदि‡पृष्ठिवंस॥
इहिं घाय भयो §संभर अचेत, खिन धरिय मोह[1] ढरि परिय खेत ९८
तजि मोह बहुरि बिनुही तुरंग[2], जसवंत हिंतु[3] किय उठ्ठि जंग ॥
पुनि मारि अठ्ठ८ कूरम प्रबीर, सुत्तो [4]सतल्प संगर सधीर ॥ ९८ ॥
इम खाय सत्रु एकोनबीस१९,[5]बलि करिय चेत घायल बतीस ३२
विंटिय तब अच्छरि डारि बाँहि, मरजाद [6]पत्त इम [7]नाकमाँहि १००
चोरासी८४निजभट रहिय खेत, सतदोय२००भये घायल सु चेत॥
इत तोकसिंह मिलि छोह[8] अंग, उत बिजयसिंह कूरम अभंग१०१
दुव२दपटि [9]बीतिं रीतिन दिखाय, दुव२करत वार असि घाय दाय
रन [10]चत्वर दुव२ जयखंभ रूप, दुव२ स्वामि धर्मधर भटन [11]भूप१०२
दुव२ [12]द्विरद इक्क [13]धेनुक दिखात, दुव२ सिंह जानि इक [14]बस्त आत
यँहँ तोक चंड असिबर चलाय, गति वज्ज [15]बिजय दिन्नों गिराय१०३
इत अजित अजित कछवाह [16]दोय२, हथियार मार मिलि मत्त होय
गोलिन लगि दोउन२ हय गिरंत, व्है [17]पदिक जुरे बलवंत [18]हंत १०४
[19]आतापि उभय२ जिम जुरत जुद्ध, कैधौं [20]चरनायुध उरझि क्रुद्ध ॥
जिम [21]त्रोटि नखर [22]खरकोन जंग, [23]दाक्षाय्य कंक [24]जनु अतुल दंग१०५
भिरि इम प्रवीर बनि छिन्न भिन्न, करि कित्ति दुहुँन२[25]दिवँ बास किन्न
इत देवसिंह हड्डा उदार, हरदाउत सत्रुन गिलनहार ॥ १०६ ॥
हम्मीर कुम्भ सिर बिरचि हाक, जग कतल करत आयो [26]कजाक

* कंधे में † कवच फट कट कर ‡ पीठ की हड्डी में § बहुवाण १ मूर्छा॥ ९८ ॥ २ बिना घोड़े ३ से ४ रथशय्या ॥ ९९ ॥ ५ पुनि [फिर] ६ गया ७ स्वर्ग में गया ॥१००॥ ८ क्रोध ॥ १०१ ॥ ९ घोड़ों को १० युद्ध के चौक में ११ उमरावों वा वीरों के राजा ॥ १०२ ॥ १२ दो हाथी एक १३ हथनी पर १४ एक बकरे पर १५ विजयसिंह को ॥ १०३ ॥ १६ दोनों अजितसिंह १७ पैदल १८ खेद है (घोड़े मरजाने से खेद के वचन कहे हैं) ॥ १०४ ॥ १९ चील्ह पक्षी २० कुक्कुट (मुरगे) २१ चंचू और नखों से २२ तीतर पक्षी लड़ै जैसे २३ गीध २४ मानों ॥ १०५ ॥ २५ स्वर्ग में ॥१०६॥ २६ युद्ध में

मिलि उभय२भाद्रपद सुदिर मान, आसार हेति बरखत अमान१०७
हम्मीर इहाँ करि असि प्रहार, वह देव न राख्यो अश्ववार ॥
तब पदिक होय रचि नट मलंग, सौरसन झटकि ऐंच्यो सुसंग१०८
पयचार उभय२ इम बनि प्रबीर, हठ पुब्ब जुरिग देव रु हमीर ॥
हलकारि खग्ग झारत दुहत्थ, ललकारि होत पुनि लुत्थि बत्थ१०९
तुट्टिय लागि दोउन२ असि तनंकि, कट्टार तबहि झारिय झनंकि ॥
छर्म मल्ल जुद्द पुनि रचि अछेह, दुव२ वीर गिरे इम छोरि देह ।११०।

॥ षट्पात् ॥

सुभर भवानीसिंह महासिंहोत उमँडि इत ॥
उत माधव कछवाह हलिय, निज स्वामि बिजय हित ॥
खुरन अग्ग भुव खुंदि मुंदि पँन्नग सहस्र मुख ॥
तुमुल झारि तरवारि रारि मंडिय रावन रुख ॥
मिटि गुमर पिट्ठि कच्छप मुरकि दुरकि निट्ठि सूँकर छविग
भारुन भटेस धिक्कारि भिरत दिक्करि गन चिक्करि दविग ११२
जिम आखंडल जंभ सव्यसाची राधासुत ॥
स्वामी तारक सूर भीम कीचक बल अद्भुत ॥
पुनि हलहेति प्रलंब सूनसागिर अरु संबर ॥
अंजनिनंदन अक्ष वज्रतुंड रु काकोदर ॥
मैनाकस्वसा जित सुरमहिष आजगवी अंधक असुर ॥

१भादों के मेघ के समान २खड्गों रूपी पानी॥१०७॥३घोड़े को मार डाला ४कर्पट नंच-ला (कर्धनी अथवा कमरबंधा)॥१०८॥ ५पैदल ॥१०९॥ ६समर्थ॥११०॥ ७शेषनाग के रावण की भाँति ८घमंड मिटकर १० वराह ठहरा ११ कायरों को धिक्कार देकर १२ दिशाओं के हाथियों के समूह १३ चीत्कार शब्द करके दबगये ॥ १११ ॥ १४ इंद्र और जंभासुर १५ अर्जुन और १६ कर्ण १७ स्वामिस्वकार्तिक और १८ तारकासुर भीम और कीचक १९ बलदेव और प्रलंबासुर जैसे २० समुद्र का पुत्र कामदेव और २१ शंबरासुर २२ हनुमान और २३ अक्षयकुमार २४ गरुड़ और २५ सर्प २६ पार्वती (देवी) और २७ महिषासुर, जैसे २८ शिव और अंधक असुर अड़े

इहिँ रीति झपटि आहव अजिर[1] बीति[2] दपटि लग्गे लरन।११२।
कूरमको करवाल[3] हठु झिल्ल्यो तोमर[4] पर ॥
कटत कुंत[5] असि कड्ढि अनखि झारिय इहिँ अवसर ॥
कूरमको सिर कट्टि निडर किय रुद्र निवेदन[6] ॥
इम अछ्त[7] रहि अप्प अरिन मंडिय उच्छेदन[8] ॥
वर बाजि नाव खेयक[9] बलिय कुच्छेयक[9] दिय बलि[10] करट[11] ॥
जय धारि फिरिग जानिय जगत भिरिग भवानियसिंह भट११३
इत सगताउत अचलसिंह कूरम उत संकर ॥
इत प्रबीर लवअंस[12] उत सु कुंस[13] बंस भयंकर ॥
इत बुंदिय धर अरर[14] उत सु ढुंढाहर तालक[15] ॥
उदयनेर इत ओप उत सु जैपुर उज्जालक ॥
इत इक्क१उत सु दस१०हय अधिप इत सिव रक्खक बिष्णु उत ॥
कलिकार[15] फुरे हिय सुम[16] बिकासि निकसि जुरे कलिकार[17] नुत।११४।

॥ दोहा ॥

दस१० दस१० झेलि प्रहार दुवर, रहे ति घायल रंग ॥
आयु भयो बलवान यहँ, मेटी त्रिदिव[20] उमंग ॥ ११५ ॥
इत भैरव अमरेस सुत, रनकोबिंद[21] रठोर ॥
अर[22] अमान कछवाह उत, जवी[23] जुरिग अतिजोर[24] ॥ ११६ ॥
कूरम खग्ग कबंधकैं, दिन्नों तमकि सदंध ॥
कटि बाहुलैं[25] कर अद्ध कटि, बैठो लागि सबिंध[26] ॥ ११७ ॥

तैसे १ युद्ध के आंगन (चौक) में २ घोड़े दौड़ाकर लड़ने लगे ॥ ११२ ॥ ३ खड्ग ४ भाले पर ५ भाले कटते ही ६ शिव के भेट किया ७ आप (खुद) घाव रहित शत्रुओं को ८ काटना शुरू किया ९ कौक्षेयक (खड्ग) से १० बलिदान (भोजन) दिया ११ काक पक्षियों को ॥ ११३ ॥ १२ लव के वंश में (सीपोदिया क्षत्रिय) १३ कुश के वंशवाला (कछवाहा क्षत्रिय) १४ कपाट १५ ताला १६ कलियों के आकार से हृदय फूलकर १७ पुष्प होगये १८ युद्ध करनेवाले नारद से १९ स्तुतियोग्य ॥ ११४ ॥ २० स्वर्गकी ॥ ११५ ॥ २१ युद्ध चतुर २२ शीघ्र अथवा अड़ (लड़) करके २३ वेगवान् जुड़े २४ अतिबल से ॥ ११६ ॥ २५ दस्ताना २६ पाँचे तक ॥ ११७ ॥

ऐसैंही इक अंस[1] पर, खाय उभय२ तस खग्ग ॥
मार्यो कुम्म अमानकौं, इम रठोर उदग्ग ॥ ११८ ॥
पुनि कूरम भगवंत प्रति, जुर्यो मलंगत मत्त ॥
दोउन२ असिवर छाक छकि, तजे कलेवर[2] तत्त ॥ ११९ ॥
इत कबंध नवलेस उत, भट कूरम भूपाल ॥
अरे इच्छनै[3] जोरे[4] उभय२, कर तिच्छन करवाल ॥ १२० ॥
मानौं अद्दव मेघमैं, चपला जुग२ चमकाय ॥
झटके[5] इम झमकाय दुव२, हुव चटके घन घाय ॥ १२१ ॥
इमहि बीर सनमान इत, उत अर्ज्जुन कछवाह ॥
तिल तिल कटि पहुंचे तविष[6], लै दुव२ अच्छरि लाह ॥१२२॥
अडर सिवाईसिंह इत, सूर अभय उत सज्जि ॥
परे खेत घायल उभय२, रुहिरँ छक्कन[7] रज्जि ॥ १२३ ॥
इत भट्ट सु बुन्दीसको, जयगाहक जगराम ॥
उदयसिंह परमार सिर, धप्यो प्रसारत धाम[8] ॥ १२४ ॥
कुंत[9] इक्क१ परमारको, खाय महारिय खग्ग ॥
किन्नौं प्रबल करोडियाँ[10], अरि सिर खंध अलग्ग ॥ १२५ ॥
उदयसिंहकौं मारि इम, बिंट्यो जद्दव वग्ध ॥
देह छोरि दिय पत्त दुव, अच्छरिं मंडिय अग्घ ॥ १२६ ॥
ज्यौं संगर कनउज्जके, चंद लर्यो असि चंड ॥
इम जुट्यो जगराम यँहँ, खंडन करि बपु खंड ॥ १२७ ॥
इत्यादिक इत उत लरत, बुंदी सुभट बिसेस ॥

---

१ कंधे पर ॥ ११८ ॥ २ शरीर ॥ ११९ ॥ ३ शीघ्र ४ नेत्र मिलाये ॥ १२० ॥ ५ तरवारें (यहां लक्षणा से तरवार का ग्रहण है, नहीं तो एक वार में दो टुकड़े होजाने को डिंगळभाषा में झटका कहते हैं) ॥ १२१ ॥ ६ स्वर्ग में ॥ १२२ ॥ ७ रुधिर की छक्कों से शोभित होकर ॥ १२३ ॥ ८ तेज तथा अपना स्वरूप ॥ १२४ ॥ ९ भाला १० भाटों की एक जाति ॥ १२५ ॥ ॥ १२६ ॥ ॥ १२७ ॥

बिय असि झारत बुद्ध[1] सुव, दुपहर चंड दिनेस ॥ १२८ ॥

॥ मुक्तादाम ॥

चल्यो इत भुपति झारत खग्ग, झरैं अरि घायल डारत झग्ग ॥
इतैंउत घोर मचैं अवमद्द[2], इतैंउत आवहिं आवहिं नद्द ॥ १२९ ॥
इतैंउत मुंडन छादित भुम्मि, इतैंउत डोलत घायल घुम्मि ॥
इतैंउत सं[3]कुलि लुत्थिन लुत्थि, इतैंउत बाढ बिखेरत बुत्थि ।१३०।
इतैंउत खंजर होत दुसार, इतैंउत फुट्टत पट्टि[4]स पार ॥
इतैंउत होत तुपक्कन मग्ग, इतैंउत बेधत सेलन[5] अग्ग ॥ १३१ ॥
इतैंउत तीरन ढंकत गैन[6], इतैंउत उद्धत संगितसैन[7] ॥
इतैंउत उग्र रचैं रन रोर[8], इतैंउत पात[9] गदा अति जोर ॥ १३२ ॥
इतैंउत चाप चटक्कन[10] चक्क, इतैंउत धूपन[11]की धमचक्क ॥

॥ तचक्क१मचक्क२अन्त्यानुप्रासः ॥ १ ॥

इतैंउत पा गति आयुध छुट्टि, इतैंउत मुट्ठिन[12] मारत मुट्ठि ॥ १३३ ॥
इतैंउत भोंहँन चुंबत मुच्छ, इतैंउत उड्डत गोदन[13] गुच्छ ॥
इतैंउत अंब्बन[14] लग्गत लीह, इतैंउत कातर कड्ढरि जीह ॥१३४॥
इतैंउत तुट्टत संकुलि[15] सीस, इतैंउत सूर रिझावत ईस ॥
इतैंउत डाकिनि खाजत खेत, इतैंउत पानि[16] पसारत प्रेत ॥ १३५ ॥
इतैंउत डोलत अंत्रन व्याल[17], इतैंउत फुट्टत कंठ कपाल ॥
इतैंउत धावत सोनित धार, इतैंउत कीकस[18] बृंद अपार ॥ १३६ ॥
इतैंउत नैंन उछट्टत कड्ढि, इतैंउत बाहु फरक्कत बड्ढि ॥
इतैंउत टोप बकत्तर टूक, इतैंउत हू[19]रव हूरव हूक ॥ १३७ ॥

---

१ बुधसिंह का पुत्र ॥१२८॥ २ पीड़ाकारी युद्ध ॥१२९॥ ३ भरगई ॥१३०॥ ४ कटारी ५ भालों के अग्र भाग से ॥ १३१ ॥ ६ आकाश को ७ बरछियों से सेना ८ शब्द ९ प्रहार ॥ १३२ ॥ १० चक्र (सेना) ११ तरवारों की १२ मुक्कों से अथवा खड्ग की मूंठों पर मूठी मारते हैं ॥ १३३ ॥ १३ मस्तिष्क (भेजों) के समूह १४ घोड़ों की पट्टी ॥ १३४ ॥ १५ अवकाश रहित १६ हाथ फैलाते हैं ॥१३५॥ १७ आंतों के सर्प १८ हड्डियों के समूह ॥ १३६ ॥ १९ हू हू, शब्द अथवा हूरों (अप्सराओं) का शब्द

इतैंउत बावन गावनहार[1], इतैंउत जच्छ जपैं जयकार ॥
इतैंउत नारद अक्खत वाह, इतैंउत साकिनि देत सिराह ॥ १३८ ॥
इतैंउत चौंकि फिरैं चउसट्ठि६४, इतैंउत सूरन सज्ज समट्ठि[2] ॥
इतैंउत तंडव[3] मंडत रुंड, इतैंउत झुक्कत झुंडन झुंड ॥ १३९ ॥
इतैंउत बाहहु बाहहु झुल्लि, इतैंउत तेगन झारत तुल्लि ॥
इतैंउत बाजिन वग्ग तमाम, इतैंउत कुद्दत गैवर[4] ग्राम ॥ १४० ॥
इतैंउत पक्खर घंटन घोर, इतैंउत ऑग्गि[5] सिलग्गत सोर[6] ॥
इतैंउत वद्दलके अनुकार, इतैंउत लोहित[7] छुट्टत धार ॥ १४१ ॥
इतैंउत चाप सु वासव चाप, इतैंउत गज्ज सु गज्ज अमाप ॥
इतैंउत सीकर[8] गोलिन गोट, इतैंउत दंतिन दंत बकोट[9] ॥ १४२ ॥
इतैंउत ओज इरम्मद[11] धारि, इतैंउत त्यौं तड़ितौं[12] तरवारि ॥
इतैंउत ठट्ठै लहरू[13] हरवल्ल, इतैंउत घुग्घर दद्दुर[14] गल्ल ॥ १४३ ॥
इतैंउत बीर सु उत्तर वात[15], इतैंउत सूर मयूर सुहात ॥
इतैंउत चातक घंटन[16] आलि, इतैंउत अत्थि[17] फिरैं करकालि[18] ॥ १४४ ॥
इतैंउत कातर[19] भौलि उदास, इतैंउत हूर[20] कृषीबल आस ॥
इतैंउत जीगनैं[21] ठट्ठै चिनगीन, इतैंउत स्याम घटा करटीनैं[22] ॥ १४५ ॥
रच्यो नृप यौं रन पाउँसरूप[23], धपावत सत्रुनतैं निज धूँप[24] ॥
लयो ढिग जाय नरायनदास, प्रहारन मार रची चहुँपास ॥ १४६ ॥

॥ १३७ ॥ १ गान करनेवाले बावन भैरव ॥ १३८ ॥ २ समष्टि (समूह) ३ नृत्य ॥ १३९ ॥ ४ हाथियों के समूह ॥१४०॥ ५ अग्नि ६ सदृश ७ रुधिर बरसता है सोही पानी है ॥ १४१ ॥ ८ इन्द्र धनुष, गोळे और गोळियां चलती हैं सोही ९ जलकण हैं १० हाथियों के दन्त हैं सोही बगुले हैं ॥ १४२ ॥ ११ पराक्रम है सोही मेघज्योति है१२तरवारें ही बिजुली है१३ सेना का अग्रभाग है सोही लहरें हैं १४ घुघरे हैं सोही मैडकों का शब्द है ॥ १४३ ॥ १५ धीर हैं सोही उत्तर का पवन है१६घंटाओं की पंक्ति ही चातक है१७अस्थि (हाड) बिखरते हैं सोही१८ओलों की पंक्ति है ॥ १४४ ॥१९ऊँठों रूपी कायर उदास हैं २० अप्सराओं रूपी खेती की आशा है२१अग्नि कण ही जुगनूँ है २२ हाथी हैं सो ही काली घटा है ॥१४५॥२३वर्षा रूपी युद्ध रचा २४ तरवार को ॥ १४६ ॥

मरे भट भूपतिके सत तीन ३००, भये सत पंचक५०० घायनखीन॥
भज्यो गज खत्रियको लखि भार, भयो तब कुद्दि रु हैं[1] असवार॥
इते बिच कूरम बिक्रम[2] आय, दई तरवारि घनैं करि दाँय[3] ॥१४७॥
भयो तिहिं हंजक[4] है पय भिन्न, तऊ झपटाय हनैं अरि तिन्न ३ ॥
भिरयो वह बिक्रम आनि बहोरि, लयो नृप[5] कूरमको सिर तोरि १४८
यहै लखि कूरम भैरव आनि, जुरयो नृपतैं दल मारत जानि ॥
महीपति उप्पर खग्ग[6] सुमोच, खँग्यो[7] कछु पक्खरिपैं कटि कोर्च[8]१४९
करी पुनि हंज[9] हयच्छट चोट, कढ्यो कछु पै न रुक्यो नृप घोटं[10] ॥
चली नृपकी तपकी तरवारि, लयो वह भैरव मारत[11] मारि ॥१५०॥
इतेबिच कुम्म मिल्यो महताप, दये सर च्यारि४ चटक्कत चाप ॥
लगे नृपकै दुव२ दारित दंस[12], लगे हयकै दुव२ दाहिन अंस[13] ॥१५१॥
रुक्यो नहिं रंच तऊ नृप ओज, चल्यो अरि मारत फारत फोज ॥
तहाँ पुरपीलँपती[14] चहुवान, भिरे दुव२ थाँन[15]१ तथा सुरतान२ ।१५२।
नरूकेर[16] त्यों हरनाथ३ तृतीय, इन्हैं नृप रुक्किय गाढ[17] गरीयँ ॥
उमैर चहुवानन झारिय खग्ग, करे तिनके सिर भूप अलग्ग१५३
तथा सहि नोंरवकी[18] तरवारि, लयो हरनाथहुको हय मारि ॥
घनी इम जैपुर बीरन नारि, करी नृप जोगिंनि[19] कंकन झारि १५४
जहाँ हरदाउत हू नगराज, लरयो नृपको भट[20] हुंदिय लाज॥
कहार हठी१ हु रह्यो नृप पास, लरयो सँहँ[21] दोलतराम खवास१५५

१घोड़े पर चढा।२विक्रमसिंह ने ३दाव (पेच)॥१४७॥ ४हंज नामक घोड़े का पैर कटगया।५उम्मेदसिंह ने (इस चरित्र में जहां जहां केवल नृप, भूप, पहु, संभर, चहुवाण शब्द आवै तहां तहां बुंदी के राजा उम्मेदसिंह को जानना चाहिये) ॥१४८॥६छोड़ा (खड्ग का प्रहार किया)७घुसा (बैठा)८कवच फट कर ॥ १४९ ॥ ९ हंज नामक घोड़े के कंधे पर १० राजा का घोड़ा ११ मारते हुए को मार लिया ॥ १५० ॥ १२ कवच फोड़कर १३ दाहिने कंधे पर ॥ १५१ ॥१४पुर का नाम है१५थानसिंह ॥ १५२॥ १६ नरू के वंशवाला१७भारी दृढता से ॥ १५३ ॥ १८ नरूके की १९पिशाचा ॥ १५४॥ २० राजा का उमराव २१ साथ ॥ १५५ ॥

तथा सठ भीरु भजे सतच्यारि४००, रची इम जैपुरत नृप रारि।१५६।
तथा सतच्यारि४००मरे अरि तत्त, परे पुनि घायल व्है सतसत्त७००
नरायन खेत खरो अघ धोय, घनों दल क्यों न तहाँ जय होय १५७
कढ्यो नृप बुंदियपैं धक धारि, मरैं तब कोन करैं पुनि रारि ॥
इतैं कछवाहन खोजिय खेत, लख्यो रन अंगन चित्र*उपेत।१५८।
कहाँ तरफैं भट तुट्टत स्वास, लरैं कहुँ लुत्थि करैं कहुँ हास ॥
बकैं कहुँ घायल व्है सुधि हीन, जिकैं कहुँ जानुन झुक्कत झीन १५९
डरें कहुँ अंत्रन डारत ग्रीव, फिरैं कहुँ नैंन चलैं कढि जीव ॥
करैं कहुँ सुंडिनके[1] उपधान, रटैं हरिकों रन तल्प[2] सयान ॥१६०॥
लरैं कहुँ मत्त परासुन[3] ओट, लुरैं कहुँ लेत कबूतर लोट ॥
भरैं कहुँ बायु करैं उनमत्त, धरैं कहुँ सीस कलेजन छत्त ॥१६१॥
गिरैं कहुँ पाय पटक्कत घुम्मि, रहे कहुँ रुट्ठि रकावन झुम्मि ॥
लरैं कहुँ सूतनतैं भरि बत्थ, झरैं कहुँ जावक[4] जंत्रव मत्थ ॥१६२॥
परे कहुँ बीर अधोमुख भूरि, लुरे कहुँ गाफिल चट्टत धूरि ॥
दबे कहुँ कुक्कत हत्थिन हेठ, जरे कहुँ पब्बय ज्यों दव[5] जेठ ॥१६३॥
रहे कहुँ कुंजर[6] कुंभन लग्गि, मनों जुवतीन[7] अनन्यज[8] जग्गि ॥
तिरैं कहुँ सोनित व्याकुल व्रात[9], भिरैं कहुँ भेदत गिद्धन गात १६४
करैं कहुँ दंतनतैं कटकट्ट, जरैं कहुँ जुग्गिनिपैं रॅंहपट्ट[10] ॥
पढै कहुँ कृष्ण[11] कह्यो वह ज्ञान, भनैं कहुँ सांख्य[12] बनैं भगवान१६५
चखैं कहुँ लोहित ओठन[13] चब्बि, लुरैं कहुँ कंकन पंखन दब्बि ॥
अटैं कहुँ आतुर इक्कहि पाय, हटैं कहुँ पीडित जंपत हाय ॥१६६॥

॥१५६॥१५७॥ * आश्चर्य सहित ॥१५८॥ † गिरैं ॥ १५९ ॥ १ तकिया २ रणशय्या पर सोते हुए ॥१६०॥ ३ मृतक शरीरों की ओट में ॥१६१॥ ४जावक के फुँहारे के समान॥१६२॥५ज्येष्ठ मासमें पर्वतों में अग्नि जलै जैसे ॥१६३॥ ६हाथियों के कुंभस्थलों से लगकर ७स्त्रियों से ८ कामदेव के जगने से९समूह ॥१६४॥ १० थप्पड़ ११ गीता का ज्ञान १२ सांख्यशास्त्र के मत को कह कर स्वयं ब्रह्म बनते हैं ॥१६५॥ १३ होठों को चबाकर लोहू चखते हैं ॥ १६६ ॥

कहैं कहुँ वैद्य बुलावन बत्त, चहैं कहुँ अच्छरिकों रसरत्त ॥
झुलैं कहुँ घोरनपैं मृत झुंड, रुलैं कहुँ*तंडव मंडत रुंड ॥ १६७ ॥
खिजैं कहुँ चिल्हनिपैं†पलखात, लसैं कहुँ‡फेरुन मारत लात ॥
गहैं कहुँ§स्वानन तोरत गूद, बनैं कहुँ साकिनिके हित¶सूद ॥१६८॥
नटैं कहुँ अंतक दूतन भीत, गिनैं कहुँ रीझत डाकिनि गीत ॥
मिलैं कहुँ प्रान अपानन मेल, सिटैं कहुँ प्रोत[1] निहारत सेल १६९
लखैं कहुँ नाक जुरावन बिक्ख, कढैं कहुँ कायन[2] तोमर तिक्ख ॥
नये कहुँ दुल्लह चिंतत नारि, कहैं कहुँ पुत्रहि पुत्र पुकारि ॥१७०॥
डिगैं कहुँ निट्ठि गहैं हय पुच्छ, मिलैं कहुँ उट्ठि मगोरत मुच्छ ॥
जकैं कहुँ बाजि स्खलक्कत जीन, हलैं कहुँ हत्थिय सुंडि बिहीन१७१
ढुरैं कहुँ आनक दुंदुभि फुट्टि, डरैं कहुँ केतन[3] तेगन तुट्टि ॥
गिरे कहुँ पाट्टिस[4] खग्ग कमान, गिरे कहुँ खेटक[5] तोमर बान ॥१७२॥
गिरे कहुँ बाहुल[6] कंकट[7] टोप, गिरे कहुँ कोस[8] उरंगम[9] ओप ॥
गिरे कहुँ गंज क्रमेलक[10] खंड, ढरे बनिजारनके जनु टंड ॥१७३॥
गिरे कहुँ पक्खर वग्ग[11] खलीन, गिरे कहुँ तुंग खरे खग खीन ॥
गिरे कहुँ गुच्छ बनें गजगाह, गिरे कहुँ प्रोथ[12] बजावत बाह[13]॥१७४॥
गिरे कहुँ गैंवर मोहि अमाप, गिरे कहुँ अंकुस घंट कलाप ॥
गिरे कहुँ पुष्कर[14] आसन कान, गिरे कहुँ पेचक[15] ओ प्रतिमान[16] ॥ १७५ ॥
गिरे कहुँ कुंतल[17] मुच्छ कुघाट, गिरे कहुँ मुंड रु तुंड[18] ललाट ॥
गिरे कहुँ नेत्र रदच्छद[19] लाल, गिरे कहुँ नक्र ध्वनिग्रह[20] गल्ल ॥१७६॥

---

*नृत्य रचते हुए ॥ १६७ ॥ †मांस खाने से ‡ गीदड़ों को लात मारते शोभा देते हैं § कुत्तों को ¶ साकिनियों के लिये रसोईदार (बबरची) बनते हैं ॥ १६८ ॥ यमराज के दूतों को डरकर नटते हैं कि हम को मत लेजाओ १ भालों को शरीरों में घुसते हुए देखकर ॥ १६९ ॥ २ शरीरों से तीखे भाले ॥ १७० ॥ ॥१७१॥ ३ ध्वजा, तरवारों से कट कर पड़ी है ४ कटार ५ ढाल ॥ १७२ ॥ ६ दस्ताने ७ कवच ८ तरवारों के म्यान ९ सर्पों की शोभा से १० ऊँटों के टुकड़े ॥१७३॥ ११ लगामें १२ फुरणे बजाते हुए १३ घोड़े ॥ १७४ ॥ १४ पोगर (सुंड का अग्रभाग) १५ हाथियों के पूँछ का मूलभाग १६ हाथियों के दंतों के बीच का भाग ॥ १७५ ॥ १७ मूँछों के केस १८ मुख १९ लाल होठ २० नाक, कान और

गिरे कहुँ*काकुद जिब्भन जूह, गिरे कहुँ†मल्लक दल्ल समूह ॥
गिरे कहुँ‡ग्रीवन त्यों§कृक्क फाटि, गिरे कहुँ काकल[1] कंठ[2] कृकाटि १७७
गिरे कहुँ कूर्प्पर[3] खंडिक कंध, गिरे कहुँ जत्रु[4] भुजा मणिबंध[5] ॥
गिरे कहुँ अंगुल[6] अंगुलि टूक, गिरे कहुँ ज्यों कर त्यों कररूक[7] ।१७८।
गिरे कहुँ पंसुलि रीढक तोम[8], गिरे कहुँ पुप्फस[9] कालिक[10] क्लोम[11]
गिरे कहुँ नाभि पुरीतति[12] गंज, गिरे कहुँ फुफ्फि फबे हिय कंज ॥ १७९ ॥
गिरे कहुँ त्यों त्रिक[13] सक्थिन संघ[14], गिरे कहुँ जानु जुदे जुगर जंघ
गिरे कहुँ पिंडिय गोहिर[15] फुट्टि, गिरे कहुँ एडिय घुंटक[16] तुट्टि ।१८०।
लख्यो कछवाहन यों रन थान, धरे सब घायल खोजि नृजान ॥
निकारिय सल्ल जथा सुखकार, चिकित्सक[17] बुल्लि रच्यो उपचार[18] ।१८१।
मरे तिनके बिधिसों किय दाह, बनैं तिम प्रेतक्रिया निरबाह ॥
दिवावत यों जय दुंदुभि डक्क, चल्यो अब बुंदिय जैपुर चक्क ॥ १८२ ॥
बिथारत बट्टन[19] अप्पन आन, उठावत सत्रुन सीम अमान ॥
जंयो[20] नृप कूरम अक्खत जोध, कथंचित[21] भो जु समावत क्रोध ॥ १८३ ॥
महाबल जो जयके छक मत्त, प्रसारत ओदक[22] बुंदिय पत्त ॥
पुरी पुनि झंड रुपे पचरंग, दिसा बिदिसान सुन्यों यह दंग[23] ।१८४।
भयो मन मोदित कूरम नाह[24], स्वसेनहिं[25] अप्पिय वाह सिराह ॥

गला ॥ १७६ ॥ * तालुआ और जीभों का समूह † दन्त और दाढों का समूह ‡ गले के दोनों पसवाड़े § गला १ कंठमणि २ गरदन का ऊँचा भाग ॥ १७७ ॥ ३ हाथ की कुहनी ४ गले की संधि (हसली की हड्डी) ५ पूंचा ६ अंगूठा ७ नख ॥ १७८ ॥ ८ समूह ९ फेफरा १० कलेजा ११ तिल्ली १२ आंतों के समूह ॥ १७९ ॥ १३ माकड़ी का हाड और साथलों का १४ समूह (घुटनों के ऊपर के भाग को साथल और साथल के ऊपर के भाग को जांघ कहते हैं) १५ पिंडुलियों और पादग्रन्थि (गिरिये) १६ घुटने ॥ १८० ॥ १७ वैद्यों को बुलाकर १८ इलाज ॥ १८१ ॥ १८२ ॥ १९ मार्गों में २० ईश्वरीसिंह की जय हुई (जय शब्द पुल्लिंग है जिसको यहां लोक रूढी से स्त्री लिंग लिखा है) २१ अत्यन्त प्रयत्न से हुआ उस क्रोध को मिटाते हैं ॥ १८३ ॥ २२ भय फैलाते हुए बुन्दी में गये २३ युद्ध ॥ १८४ ॥ २४ कछवाहों का पति (ईश्वरीसिंह २५ अपनी सेन.

करे गज बाजि पटा बखसीस, गिन्यौं*जयसिंहज अप्पहिं ईस१८५
दये सब भूपनकौं जयपत्र, लिखी वह हड्ड भज्यो तजि छत्र ॥
सु आवहिं जो तुमरी भुव माँहिं, ततो ¹इत कछ्छहु रक्खहु नाँहिं१८६
लई इम बुंदिय कुम्म बहोरि, जिला गढ कोट सजे बलजोरि ॥
फिर्यो सब देस नरायनदास, लग्यो ²कर लौन ³ससैन हुलास१८७
इतैं अब जो हुव ⁵भूप चरित्र, सुनौं नृप ⁶राम रचौं वह ⁷चित्र ॥
पचास सहस्र ५०००० नमैं असि झारि, कढ्यो नृप पूरब फोजनि फारि ॥ १८८ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम ७ राशौ बुन्दीन्द्रकूर्मकटककलहकरणं कूर्मप्रतापसिंहीयसप्तदश १७ स्वकीयत्रयोदश १३ सुभटसहितचालुक्यपृथ्वीसिंह १ शूरसप्तक ७ सहितयादवदलेलसिंह १ मारकस्वसुतत्रय ३ सुभटपञ्चविंश २५ त्युपेतकबन्धाऽमरसिंह २ सयवनशत्रुपञ्चक ५ सहितहड्डप्रयागसिंह ३ स्वचतुरशीति ८४ झलायपुरीयैकोनविंशति १९ सुभटयुतहड्डमर्यादसिंह ४ तोकसिंहप्रहतकूर्म्मविजयसिंह ३ स्वनामसजातीय ४ संयुतकूर्म्माऽजितसिंह ५ सकूर्महम्मीर ४ हड्डदेवसिंह ६ सम्भरभवानीसिंहाऽऽक्रान्तकूर्ममाधवसिंह ५ कावन्धत्रिकाक्रान्तकूर्म्माऽमान

को *जयसिंह के पुत्र ने अपने को बुन्दी का पति जाना ॥ १८५ ॥ १ शीघ्र ॥ १८६ ॥ २ हासिल ३ सेना सहित ४ प्रसन्न होकर ॥ १८७ ॥ ५ उम्मेदसिंह का ६ राजा रामसिंह ७ उसका चित्राम रचता हूँ सो सुनो ॥ १८८ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में बुन्दी के इन्द्र का कछवाहे की सेना से युद्ध करना, कछवाहे प्रतापसिंह के सत्रह और अपने तेरह सहित सोलंखी पृथ्वीसिंह का, और सात वीरों सहित यादव दलेलसिंह को मारने वाले अपने तीन पुत्र और पच्चीस वीरों सहित राठोड़ अमरसिंह का, यवन सहित पांच शत्रुओं के साथ हाडा प्रयागसिंह का, अपने चौरासी और झलाय नगर के उन्नीस वीरों सहित हाडा मर्यादसिंह का, कछवाहे विजयसिंह को मारकर तोकसिंह का अपने ही नामवाले और अपनी जातिवाले अजितसिंह का, कछवाहा हम्मीरसिंह सहित हाडा देवसिंह का, कछवाहा माधवसिंह को मारने वाले चहु-

हरजन कँहँ ॥ ३ ॥
पति संभर चल्ल्यो दक्खिन प्रति, रहि वेघम इक[१]रत्ति महामति ॥
दरकुंचन इम पत्त अवंतिय, श्राद्ध अपरपक्ख[६]ग तत्थहि किय ॥४॥
हंके पुनि लग्गत नवरत्ते, अष्टमि ८ दिन रेवा तट पत्ते ॥
तँहँ दक्खिन पति चोकीदारन, मंग्यो कर वह सरित उतारन ॥५॥
सुनि नृप कहिय हम न कर देहैं, जब उन अक्खिय पार न जैहैं
तब तिन्ह भूप पिटाय बिडारे, पोतन करि निजतंत्र[११] पधारे ॥ ६ ॥
श्रीओंकार१ ईस दरसन करि, मांधाता२ जुत पूजि पयन परि ॥
रेवा नदि पुनि लंधि वडे रंय[१२], पत्त नगर बुरहानपुराह्वय[१३] ॥ ७ ॥
जोतिलिंग सिव१अरचन मंडिय, विश्वकर्म प्रतिमा२दरसन किय ॥
पुर अवरंगाबाद गये पुनि, गोदावरी बहुरि न्हाये धुनि ॥ ८ ॥
श्राद्ध१[१५]वपन२उपवास३बिहित सब, बिरचि अग्ग बुन्दीस चलिय तब
उर्ज्ज[१६] असित इम गय धरि नय[१७] धुर, बापगाँव नामक हुलकरपुर ९
पुण्यापुर[१८] मल्लार हुतो तब, खंडू नृप सतकार कियो सब ॥

---

१ दीपसिंह ॥ १ ॥ २ कामदार का पुत्र ॥ २ ॥ ३ मना किया ४ सुदि ॥ ३ ॥ ५ बुंढिसालू६दूसरे पक्ष में गयेहुए "ज्योतिष में शुक्लपक्ष को द्वितीय मानते हैं" ॥ ४ ॥ ७ नर्मदा के किनारे ८ नदी उतारने का ॥ ५ ॥ ९ निकाल दिये १० नावों का ११अपनेआधीन करके॥६॥१२वेग से१३बुरहानपुर नाम का॥ ७ ॥ १४ नदी में ॥८॥ १५मुंडन१६कार्तिक वदि में१७नीति के धुरको धारण करके ॥९॥१८ पूना में

सम्मुह जाय बधाय रु लिन्नैं, हय सिरुपाव निवेदन किन्नैं ॥१०॥
मुदित रची दिन प्रति महिमानी, दुलभ सिकार अनेक दिखानी॥
अहे[1] कति रहत मलारहु आयो, बिबिध हेत मिलि दुहुँन २बढायो ११
बुंदिय[2] खबरि गई नृपपैं तब, सचिवन अग्गैं दुखित प्रजा सब ॥
हरजन धन छिन्नत नन हारैं, बनिकन दै अभिसाप[3] बिगारैं ॥१२॥
चोरनतैं मिलि द्रव्य चुरावैं, खोसि खोसि सबको बसु[4] खावैं ॥
सुनि उदघोस[5] कियो नृप निश्चय, निकस्यो सत्य तबहि मंड्यो नय
भजनेरीपति सेरसिंह भट, हरजनकौं पकरन पठयो झट ॥
तिहिं आप रु माठुंदा पत्तन, हड्डा घेरिलयो वह हरजन ॥ १४ ॥
कोटेस[6]हिं तिहिं तबहि कहाई, भजनेरी[7] पैं गहत सुहिं[8] भाई ॥
अप्पहि दये संग इनके हम, करहु सहाय स्वदासन हे छम ॥१५॥
कोटापति सुनि करि त्वरिताई[9], छतनौं[10] दैन सहाय पठाई ॥
जो पहुँचे न इते बिच करि जय, गहि हरजनहिं सेर बुंदिय गय १६
तारागढ कारा[11]बिच डारयो, बंधन लहि तब दर्प बिसारयो ॥
बापगाँवँ मल्लार जुद्धजित, निज कन्न्या उपयम[12] मंडिय इत ॥१७॥
बुन्दीसहु बहुधन खरच्यो जहँ, लगनकाल इक बत्त सुनी तहँ ॥
अगहन मास बिसद अह[13], तज्यो छत्रपति साहू बिग्रह[14] १८
हुलकर घर अति सोक तास हुव, सुता बिवाहि चलन चिंत्यो ध्रुव
अनुंज[15] बापगाँवँहि नृप रक्खिय, हरजन पुत्र अरज यह अक्खिय१९
द्वैरदिन सिक्ख मोहि नृप दीजै, त्वरित[16] आनि मिलिहौं दिन तीजै३
द्वैरदिन सिक्ख ताहि तब दिन्नौं, कछु न संक भजिजावन किन्नौं२०
इत हड्ड१ रु हुलकर२ अनुरत्त[17], पहिलैं दुव२ पुण्यपार्पुर[18] पत्ते ॥

॥ १० ॥ १ कितने दिन ॥ ११ ॥ २ बुन्दी की ३ झूठा दोष ॥ १२ ॥ ४ धन ५ हाका ॥ १३ ॥ १४ ॥ ६ कोटा के पति को ७ भजनेरा का पति ८ हे समर्थ ॥ १५ ॥ ९ शीघ्रता १० सेना ॥ १६ ॥ ११ कैद में १२ विवाह ॥ १७ ॥ १३ दिन १४ शरीर ॥ १८ ॥ उमेदसिंह ने अपने १५ छोटे भाई दीपसिंह को बापगांव में ही छोडा ॥ १९ ॥ १६ शीघ्र ॥ २० ॥ १७ प्रीति सहित १८ पूनामें

होतहँ सचिव सदासिव हितमय, नन्ह पितृव्य[1]क सीमा जित नय[2]२१
संभरपति सम्मुह वह आयो, दिन दस१० रक्खि सनेह दिखायो ॥
इन हरजन सुत बापगाँव रहि, जनकहिँ सुनि पक्करयो विरोध चहि२२
नृप[3] अनुजहिँ फोरन किय दुर्नय, फुट्टयो नहिँ तब भजि कोटा गय ॥
इत संभर१ हुलकर१ पुराया सन, पत्ते उभय२ सितारा पत्तन॥२३॥
हहहिँ आत सुनत हरखायो, सम्मुह नन्ह कोस इक१ आयो ॥
डेरा काफरखोह दिवाये, पुनि महिमानी साज पठाये ॥ २४ ॥
साहू भूप मरयो बिनु संतति, पृथुल[4] राज्य किम रहैँ बिनाँ पति॥
साहू पितामही[5] तारा तँहँ, अरु प्रधान श्रीमंत नन्ह जँहँ ॥ २५ ॥
मंत्र विचारि पनालागढ सन, राम बुलायउ संभा नंदन[6] ॥
अग्गैं नृप सिवराज कर्ण निभ[7], भूखन कविहिँ दये बावन५२ इभ[8]२६
संभा हुव ताको लघु सोदर, दिन्नौं जाहि पनालागढ बर॥
ताकै सुत यह रामनाम हुव, सो अब किय‌उ सितारापति ध्रुव २७
राजाराम१ वहुरि संभरपति१, मिलिवाये दुव२ नन्ह महामति ॥
बैठे दुव२ इक१ तखत बरब्बर, चले दुर२ओर मोरछल१चामर२८
डोले त्रय३ पुनि नन्ह मँगाये, राजाराम बिवाह रचाये ॥
साहू पट्ट राम इम बैठो, इत इक लरन घूँसल्या पैठो ॥ २९ ॥

॥ दोहा ॥

कहि अग्गैं श्रीमंत द्विज, बाजेराय प्रधान ॥
रघू नाम भट घुंसल्या, पठयो हिंदुसथान ॥ ३० ॥
तिहिँ जनपद[9] गुड़वान१ अरु, खानदेस२ लिय जित्ति ॥
हाकिम पंडित भासकर, रक्रव्यो तँहँ करि कित्ति ॥ ३१ ॥
पच्छो पुनि दक्खिन गयो, मृत सुनि बाजेराय ॥

१काका २ नीति से ॥ २१ ॥ ३ राजा के छोटे भाई सेरसिंह को ॥ २२ ॥ २३ ॥
॥ २४ ॥ ४ बड़ा ॥२५॥ साहू की ५ दादी. संभा का ६ पुत्र ७ सदृश ८ हाथी
॥ २६ ॥ २७ ॥ २८ ॥ २९ ॥ ३० ॥ ९ देश ॥ ३१ ॥

सोव रह्यो श्रीमंत सुत, नन्ह न जानैं न्याय ॥ ३२ ॥
नन्ह हुकम लै छन्न तब, कतिक पिसुन भट ओर ॥
खानदेस गुड़वानमैं, आये बनि वरजोर ॥ ३३ ॥
तत्थ रघू भट भासकर, मार्‌यो इन करि जंग ॥
अप्पन थानाँ रक्खि तँहँ, पार्‌यो देस प्रसंग ॥ ३४ ॥
वत्त यहै सुनि घुंसल्या, तबतैं धरत विरोध ॥
अब आयउ श्रीमंतसों, जुद्ध रचन सजि जोध ॥ ३५ ॥
हुलकर पति तँहँ बीच परि, दोउरन बैर मिटाय ॥
आनि रघू१ श्रीमंतकै, दिन्नों पयन लगाय ॥ ३६ ॥

इतिश्रीवंशभास्करेमहाचम्पूकेउत्तरायणेसप्तमराशावुम्मेदसिंहचरित्रेबुन्दीन्द्रसितारापूःप्रस्थानतिरस्कृतमहाराष्ट्रमहिमरेकलजोल्लङ्घनप्रतितीर्थस्नानप्रत्यर्चाऽर्चनविहितविधेयसम्भरेशमल्लाराऽधिष्ठानबापग्रामप्रविशनखण्डूसन्मुखाऽऽगमनाऽऽदितत्सत्करणश्रुततदुदन्तहुलकराऽऽगमनहड्डेन्द्रहरजनाऽमात्यदेशदुःखश्रवणप्रेषितस्वभ्रातृसेरसिंहवश्यवेष्टनहरजनाऽऽहूतकोटाकटकपूर्वभजनगरीभर्त्तृनिगृहीतबुंदीपुटभेदनताराडुर्गप्राकारप्रवेशनोम्मेदसिंहहुलकरसुताविवाहबहुवसुवितरणातत्पश्चलोचल्लमराडलमर्दकशीर्षोद्दसितारास्वामिसाहूश्म-

१ बालक ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥

इतिश्री वंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में उम्मेदसिंह के चरित्र में बुन्दीन्द्र का सितारा नगर को प्रस्थान करना, मरहटों की महिमा का तिरस्कार करके नर्मदा को उल्लंघन करना, करने योग्य हरेक तीर्थ में स्नान और हरेक मूर्ति का पूजन करके रावराजा का मल्लार के स्थान बापगांव में प्रवेश करना, खंडू का सन्मुख आने आदि से उसका सत्कार करना, राजा के समाचार सुनकर हुलकर का आना, हड्डेन्द्र का हरजन के दिये देश के दुःख को अमात्यों से सुनकर अपने भाई सेरसिंह को भेजकर हरजन को पकड़ने के लिये घेरना, हरजन की बुलाई कोटा की सेना के आने से पहिले अजनेरी के पति (सेरसिंह) से पकड़ेहुए (हरजन) को बुन्दी नगर के तारागढ के किले में कैद करना, उम्मेदसिंह का हुलकर की बेटी के विवाह में

शानसदनसमासादनश्रवणापैत्र्यर्णापकरणाव्याजनीताऽवसरहार जनिकोटाऽऽगमनप्रहृष्टपुरपापुरसदाशिवसत्कृतमल्लारो१म्मेदसिता रासम्प्रापणश्रीमन्तसन्मुखाऽऽगमनपनालापतिरामराजाऽधिपत्याऽभिषेचनतबुन्दीन्द्रसम्मिलनतदेकाऽऽसनसन्निविशनन्हरामराव-विवाहनमहाराष्ट्रमण्डनसितारेशसुभटरणरसिकरघूपूर्वाऽपमानसूचनतत्कुपिततद्योधनाऽऽगमनमल्लारतद्विग्रहपरासनरघूश्रीमन्तचरणापातनं त्रयस्त्रिंशो३३मयूखः ॥ ३३ ॥ आदितः॥३१४॥

॥ प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

दोहा—हरजन पुत्त दलेल इत, कोटा जाय प्रमत्त ॥
पठये लिखि नृप अनुज प्रति, बापगाँव इम पत्त ॥ १ ॥
अप्प रहहु मम संग अरु, कोटा आवहु दीप¹ ॥
तो बुंदिय पुर तखत धरि, मन्नैं तुमहिं महीप ॥ २ ॥
दीपसिंह ए पत्र द्रुत², पठये अग्रज पास ॥
लखि तिन्ह मंद दलेलको, सुपहु तज्यो बिसवास ॥ ३ ॥

॥ षट्पात् ॥

नगर सितारा नीच हुछ नाहर हरदाउत ॥
निज नृप सम्मति बिनुहिं जानि अप्पहिं सु जुद्ध जुत ॥

बहुत द्रव्य देना, वहांके मुसल्मानों के मंडल को मारनेवाले सीसोदिया सितारा के स्वामी साहूका मरघट में घर करना (मरना) सुनना, पिता के ऋण को दूर करने के मिस से अवसर पाकर हरजन के पुत्र का कोटे आना, सदाशिव से सत्कार किये हुए मल्लार और उम्मेदसिंह का पूना देखकर सितारे जाना; श्रीमन्त का सन्मुख आना, पनाला के पति रामराजा का राज्याभिषेक होना, उससे बुन्दी के राजा का मिलना, मरहठों के मंडन सितारा के स्वामी के सुभट रणरसिक रघूके पूर्व अपमान को सूचित करना, उसका कुपित होकर युद्ध करने को आना, मल्लार का उसके वैरको मिटाना, रघूको श्रीमन्त के चरणों में गिराने का तेतीसवां मयूख समाप्त हुआ ।३३। और आदि से तीन सौ चौदह मयूख समाप्त हुए ॥३१४॥

॥ १ ॥ १ हे दीपसिंह ॥ २ ॥ २ शीघ्र ॥ ३ ॥

हुलकर प्रति किय अरज अग्ग नभ बसु सत्रह१७८०सक ॥
टोडा लिय जयसिंह डारि मिच्छन पर ओदक ॥
आवाँ१ पुरी रु दुन्नी१ उभय२ थान लये हमरेहु तब ॥
टोडा सु दिन्न तुम साधवहिँ तो बखसहु मम भुवहु अब ॥४॥

॥ दोहा ॥

कुप्प्यो हुलकर सुनत यह, सोर रह्यो पुर छाय ॥
अक्खी नृप कहते हमहिँ, तो बनतोहु उपाय ॥५॥
इम सन भिन्न प्रबुद्ध२है, बिगराई निज बत्त ॥
अनि इम नाहरतैं भयो, बुंदियभूप बिरत्त३ ॥६॥
अग्गैं नन्न्ह अमात्य इत, रामचंद्र अघरत्त ॥
रानहि सम्मलि लैनकौं, पठये कोटा पत्त४ ॥ ७ ॥
दुत बिश्वेश्वरनाम द्विज, निज वकील कोटेस ॥
उदयनैर पठयो तबहि, फोरन रान नरेस ॥ ८ ॥
तानैं मिलि जगतेसको, लिन्नौं मन पलटाय ॥
दक्खिन देस प्रधानपैं, दिय इम पत्र लिखाय ॥९॥
दै बुंदिय उम्मेद हित, अनुचित हुलकर कीन ॥
करहु कथित५ कोटेसको, तो हम सर्व अधीन ॥ १० ॥
जोलौं ए दल६ दूत लै, निकसैं नैर बिहाय ॥
तोलौं अक्खिय रान प्रति, दयाराम द्विजराय ॥ ११ ॥
कोटेसहिँ जानहु कुहक७, मिल्यो सु जैपुर माँहिँ ॥
सुनिहो रंचक दिननमैं८, है तुमतैं हित नाँहिँ ॥ १२ ॥
सु सुनि रान चलमति कहिय, कछु दिन परख बिधाय९ ॥
दक्खिन पत्र पठायहैं, तोलग देहु धराय ॥ १३ ॥
भैंसरोर पति स्वसुरहो, चुंडाउत भट लाल ॥

भय ॥ ४ ॥ ५ ॥ २समझदार होकर ३विरक्त ॥६॥ ४पहुंचा ॥७॥८॥९॥ ५ कहना ॥ १० ॥ ६ पत्र ॥ ११ ॥ ७ कपटी ८ थोड़े दिनों में ॥ १२ ॥ ९ करके ॥ १३ ॥

ता पँहँ कृष्ण[1] दलेल सुत, इत दिय पत्र उँताल[2] ॥ १४ ॥
पत्र रावराजोपपद, रानाँको लिखवाय ॥
सो मम ढिग भेजहु स्वसुर, प्यारे अवसर पाय ॥ १५ ॥
इम लिखि पठयो उदयपुर, अप्पन वनिक वकील ॥
सोहु मिलायो रान सन, करि हट लाल कुसील[3] ॥ १६ ॥
लघुमति[4] पत्र लिखाय दिय, कृष्ण कथित परिमान ॥
जल कुल्ल्या[5] जिम रान मन, फेरयो फिरत अजान ॥ ॥१७॥
बखतसिंह नागोर पति, इत सठ मंडि मरोर ॥
दिल्ली दल[6] बुल्ल्यो[7] बहुरि, दैन जोधपुर जोर ॥१८॥
अरजी अहमदसाह सुनि, पुनि पठयो बल[8] पूर ॥
जवन सलावतखान जहँ, सेनानी[9] करि सूर ॥ १९ ॥
कूरम ईश्वरिसिंहकी, तनयाँ सन बिख्यात ॥
रामसिंह मरुराजको, पहिलैं[10] सगपन जात[11] ॥ २० ॥
यातैं आवत जोधपुर, सुनि छिल्लिय दल सोर ॥
कुम्महिं मरुपति भीरकों, बुल्ल्यो गिनि बरजोर ॥ २१ ॥
तब कूरम आमेर पति, उत्तर पठयो एह ॥
फोज खरच भेजहु ततो, आवहिं भीर सनेह ॥ २२ ॥

॥ षट्पात् ॥

अग्गैं नृप करते सहाय सुनि बिपति परस्पर ॥
फौजखरच लेते न जदपि होतो भर संगर[12] ॥
जामाता[13] सन कुम्म मेटि रीति सु धन मंगिय ॥
तब मरुभूप सनेम[14] लक्ख१५००००दम्मन भरनाँ दिय ॥

१ कृष्णसिंह २ शीघ्र ॥ १४ ॥ १५ ॥ ४ बुरे स्वभाववाला ॥ १६ ॥ ४ तुच्छ बुद्धिवाले (बदमाश) ने ५ नहर ॥ १७ ॥ ६ सेना ७ बुलाई ॥ १८ ॥ ८ सेना ९ सेनापति ॥ १९ ॥ १० पेटी से ११ हुआ था ॥ २० ॥ ॥ २१ ॥ २२ ॥ १२ युद्ध का भार १३ जमाई से १४ आधे सहित एक लाख अर्थात् डेढ लाख

सजि तब अनीक जयसिंह सुव कोटा भेजिय [1]कग्गरहिँ ॥
हम संग होय जवनन हनहु तो बुंदिय तुम बस करहिँ २३
यह कहाय करि कुंच चल्यो मरुपति सहाय पर ॥
मरुपतिसौं अति मोद मिल्यो तीरथगुरु [2]पुक्खर ॥
नगर मेरता [3]तदनु जाय दोउनरमिलान दिय ॥
इत दिल्ली दल ईस उदयपत्तन [4]दल भेजिय ॥
हम संग होहु जगतेस नृप सह माधव सेवा[5]नुरत ॥
[6]अग्रजहिँ मारि अप्पहिँ हनहु तो [7]अँनुजहिँ जैपुर तखत ।२४।
यह सुनि सज्जिय रान होन दिल्लिय दल सम्मलि ॥
इत कोटा अधिराज कुम्भ कग्गर वंचिय वलि ॥
हुव तयार तव हड्ड करन कूरम किंकर पन ॥
बुंदिय लोभ बिधाय रचन दिल्लिय दलतैं रन ॥
पुरजन कितेक कछु काम तँहँ कोटाके गय उदयपुर ॥
तिन कहिय जात कोटेस सजि जैपुर सम्मिलि दल [10]प्रचुर २५
दयाराम द्विज तबहि रान यह सुनत सिराह्यो ॥
अक्खिय हम सन हेत नाँहि कोटेस निबाह्यो ॥
यह सुनाय वे पत्र लिखे दक्खिन पहुँचावन ॥
दिन्नैं ते द्विज हत्थ प्रीति बुंदियपर लावन ॥
द्विज दयाराम ते दल [11]सँकल सहर सितारा मुकलिय ॥
तब उभय हड्ड हुलकर [12]तमकि [13]कग्गर बंचत कोप किय ।२६।

॥ दोहा ॥

पुनि मल्लार खिजि नन्नह पर, रुठि चल्ल्यो निज देस ॥
सुनत नन्नह अड्डो फिर्यो, बुल्ल्यो बिनय बिसेस ॥२७॥

---

१ पत्र ॥ २३ ॥ २ पुष्कर में ३ जिसपीछे ४ पत्र भेजा ५ सेवा में प्रीति करके ६ ईश्वरीसिंह को ७ माधवसिंह को ॥ २४ ॥ ८ पति ९ बुन्दी का लोभ करके १० बहुत सेना ॥२५॥ ११ लघु पत्र १२ खिजकर १३ पत्र बाचते ही ॥२६॥२७॥

छमहु कोप मल्लार छमं, सुनहु बत्त मम एक ॥
सचिव अष्ट८ यह मुख्यहे, अग्गैं विहित बिबेक ॥ २८ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

श्रीपतिराव१ हुते सबमैं इनं, प्रतिनिधिको उपपद पायो जिन ॥
तिन मुख अग्गैं मम प्रपितामह, बिश्वनाथ१ बितये अनेक अह २९
बाला २ हुव पुनि बिश्वनाथ सुत, तेहु रहे मुख अग्ग बिनय जुत ॥
श्रीपति संग पेसें रहिबे सन, तिनहिं पेसवा कहन लगे जन ॥३०॥
बाजेराय३ भये बालासुत, मामक जनक पेसवा नय जुत ॥
श्रीपतिराव मरे प्रतिनिधि जब, तुम पंचन हमरो जस किय तब ३१
श्रीपतिकी तब मुख्य सचिव गति, बाजेरायहिं दई छत्रपति ॥
अंक छाप जिम खनितँ उघारे, सो तुम सुनहु गद्यकरि सारे ॥३२॥

॥ सचरणगद्यम् ॥

श्रीसाहूराजाछत्रपति हर्षनिधान बाजेराय बालाजी पंडितप्रधान ए अंक छापमैं खुदाय हमारे पिता पेसवा बाजेराय छत्रपतिनैं मुख्य प्रधान कीनैं ॥

अरु उनके देहांतके अनंतर श्रीसाहूराजाछत्रपति हर्षनिधान नन्हांजीबाजेराय पंडितप्रधान ए अंक सितारेश्वरनें छापमैं खुदाय दीनैं ॥

तदनंतर जब छत्रपति साहू परलोक गये ॥
तब पनालागढसों पितृव्यक संभाके पुत्र राजाराम आयकैं सिताराके अधीस भये ॥ ३३ ॥
अब वेही अंक नईछापमैं राजारामके नाम सहित खैनाये ॥
सो सब इत्यादिक अभ्युदयके फल तुम पंचननैं प्रसंसापूर्वक

१ समर्थ ॥ २८ ॥ २ पति ३ कायम मुकाम का ४ दिन ॥ २९ ॥ ५ स्वाधीन रहने से ॥ ३० ॥ ६ मेरे पिता ॥ ३१ ॥ ७ खुदवाकर ८ आगेवाले गद्य छन्द से ॥ ३२ ॥ ९ पीछे १० जिसपीछे ११ काका ॥ ३३ ॥ १२ खुदाये १३ ऐश्वर्य

मिलाये ॥

तुमहीनैं हैदराबादके नबाब निजामनमुलककौं जेर करि रूपयेमैं सिक्का अपने अंककौ खुदाय जागीरी पटामें हैदराबादही पच्छो उनकौं दिवाय बंदगी सितारेकी कराई ॥

अरु गुजरातको मालिक दामा गायगंवाल साठिहजार६०००० सेनाको सिरदार फिराऊ भयो ताकौं कैदकरि दंडलै रु गुजरात कौं अपनैं अधीन बनाई ॥ ३४ ॥

तुमारे प्रतापतैं इत्यादिक अभ्युदय देखि सबननैं सितारेकौं कुमारिकेश्वर कह्यो ॥

तिनके रूठि गयें रामराजाके राज्यमें स्वामिधर्मी सचिव कोन रह्यो ॥

ऐसो आदेस श्रीमंतको सुनि हुलकरनैं दयाराम द्विजके पठाये दैल दिखाये ॥

अरु कही कोटादिक्क कूर बुंदीससों बैर करैं सो पापिष्ठ पंडित रामचंद्रके सिखाये ॥ ३५ ॥

॥ दोहा ॥

सुनत पत्र श्रीमंत करि, रामचंद्र पर रीस ॥
सज्जित हिंदुसथानपर, किन्नों हुलकर ईस ॥ ३६ ॥
कछुदिन पहिलैं नन्न्हसों, रामचंद्र कहि बत्त ॥
संध्याको अधिकार सब, छिन्न्यों पिसुन प्रमत्त ॥ ३७ ॥
निंदा बहुरि मलारकी, कहि कहि कितव कुढारें ॥
अप्पहिं हिंदुसथानपर, हुव मालिक हुसियार ॥ ३८ ॥

१ इस शब्द का अपभ्रंश गायकवाड़ हुआ है अर्थात् ये लोग पहिले गऊओं के चराने से गायकवाले कहाते थे ॥ ३४ ॥ २ जिस देश में वर्ण व्यवस्था है उसका नाम कुमारिका है ३ पत्र ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ४ चुगल ॥ ३७ ॥ ५ बुरी भांति ॥ ३८ ॥

अब ताको यह कपट लखि, नन्ह दयो सु निवारि ॥
किय तयार मल्लार कँहँ, बंलि विस्वास बधारि ॥३९॥
राजोरा सटवा १ तबहि, हुलकर निज उमराव ॥
दस हजार १०००० दल संगदै, पठयो अग्ग सचाव ॥ ४० ॥
अक्खी तुम पहिलैं चलहु, दब्बहु हिंदुसथान ॥
चातुरमास बिताय हम, आवहिं कटक अमान ॥ ४१ ॥
तब सटवा दरकूंच करि, लंघि नगर उज्जैन ॥
आयो सुनि दिस दिस उठिय, ओदैक भूपन ऐन ॥ ४२ ॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम ७ राशावुम्मेदसिंहचरित्रे कोटागतहारजनिदलेलसिंहबुन्दीन्द्रसोदरदीपसिंहभेदनपत्रलिखनं१ष्टाऽनुजप्रेषितत्पत्रसितारासंस्थितरावराडमात्यविश्वासत्यजननिजपुराऽऽवा १ दूणयु २ क्करणाहरदाउत्तनाहरसिंहमल्लारविज्ञापनकोपतत्तदनूरीकरणश्रुतेनहड्डेन्द्रस्वभटकुत्सनसम्भवगतश्रीमन्ताऽमात्यपण्डितरामचन्द्रराणाभेदनपत्रकोटेशविप्रविश्वेश्वरोदयपुरप्रेषणाबिभित्सुमायामूढराणाबुन्दीदुर्जनशल्यदापनपत्रालिखनप्रस्थितःतद्द्विजदयारामनिवारणदालेलिश्वशुरचुंडाउत्तलालसिंहजामातृ–

१ पुनि ॥ ३६ ॥ ४० ॥ ४१ ॥ २ भय ३ राजाओं के घरों में ॥ ४२ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में उम्मेदसिंह के चरित्र में, कोटा में गये हुए हरजन के पुत्र दलेलसिंह का बुन्दी के पति के छोटे भाई दीपसिंह को फोड़ने का पत्र लिखना १ छोटे भाई के भेजे हुए उसके पत्र को देखकर सितारा में ठहरे हुए रावराजा का अमात्य का विश्वास छोडना २ अपने पुर आँवाँ और दूणी के निकालने की हरदाउत नाहरसिंह का मल्लार से अरज करना और उसका क्रोध सहित अस्वीकार करना सुन कर हड्डेन्द्र का अपने उस उमराव की निन्दा करना ३ श्रीमन्त के अमात्य रामचन्द्र का राणा को फोड़ने का पत्र प्राप्त करके कोटा के पति का ब्राह्मण विश्वेश्वर को उदयपुर भेजना और उसकी माया में मूर्ख राणा का दुर्जनशाल को बुन्दी देने की सम्मति का पत्र लिखकर भेजने में ब्राह्मण दयाराम का रोकना ४ दलेलसिंह के श्वशुर चूंडा लालसिंह का जमाई के अर्थ राणा से रावराजा

हितराणाशवराट्पदपत्रलेखननागोरपुरेशराष्ट्रोड़बखतसिंहस्वसहायदिल्लीसैन्याऽऽह्वयनतद्गीतयोधपुरेशराष्ट्रोडरामसिंहस्वीयश्वशुरकूर्मराजाऽऽह्वानानीतसार्द्धलक्ष १५०००० मुद्रासितजामातृद्रव्यसमाहूतमहारावप्रस्थितजयसिंहिपुष्करक्षेत्रजामातृमिलननृपद्वय २ मेरतापुरपत्तनापालनप्राप्तदिल्लीशसेनानीपत्रराणाजिगमिषुभवनश्रुतकोटेशशत्रुभावराणापूर्वलिखितदयारामाऽर्पणपुरातत्सितारामेषणश्रीमन्तश्रुतैतदुदन्तकुपितयियासुहुलकर १ हड्डेन्द्रा २ ऽनुनयनज्ञातरामचन्द्रकौहक्यनन्हतदधिकारमल्लाराऽऽर्पणमल्लारस्वभटसटवाहिंदुस्थानागमनं चतुस्त्रिंशो ३४ मयूखः ॥ आदितः ॥३१५॥

प्रायो ब्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

इत कोटापतिको बहिकायो, बुंदिय लरन कृष्ण वह आयो ॥
दै घेरा तोपन रन मंडिय, खोमैं बैरण कँपिसिर कछु खंडिय ॥ १ ॥
लग्गे कहन सेस दिग्गज गन, बिरचहु बाहुज नास बिरंचन ॥

के पदका पत्र लिखाना४ नागोर पुर के पति राठोड़ बखतसिंह का अपनी सहायको दिल्ली की सेना को बुलाना और वह सुनकर जोधपुर के पति राठोड़ रामसिंह का अपने श्वसुर कछवाहा राजा (ईश्वरीसिंह)को बुलाना५ जमाई से डेढ लाख रुपये लेकर कोटा के महाराव को बुलाकर जयसिंह के पुत्र का पुष्कर क्षेत्र में जमाई से मिलना ७ दोनों राजाओं का मेड़ता नगर में मुकाम करना और दिल्ली के सेनापति का पत्र पाकर राणा का जानेकी इच्छा वाला होना और कोटा के पति का शत्रु भाव सुनकर पहिले लिखे पत्रों का दयाराम को देना८ उसका उन पत्रों को सितारापुर भेजना और श्रीमन्त का उस वृत्तान्त को सुनकर कोप से जानेवाले हुलकर और उम्मेदसिंह को नहीं जाने देना ६ रामचन्द्र का छल जानकर नन्ह का उसका अधिकार मल्लार को देना और मल्लार और अपने उमराव सटवा का हिंदुस्थान में आने का चौतीसवां मयूख समाप्त हुआ ॥ ३४ ॥ और आदि से तीन सौ पन्द्रह मयूख समाप्त हुए ॥ ३१५ ॥

१कृष्णसिंह२खोम(बुरज)३कोट४कांगुरे ॥१॥ ५क्षत्रियों का नाश करो६हे ब्रह्मा

इनको बीज रहैं छिति जोलौं, रंचक चैन इमै नहिँ तोलौं ॥२॥
दिस दिस यह कोलाहल अद्भुत, बुंदिय इम विंटिय दलेल सुत ॥
नहिँ नृप*तदपि कढ्यो अंतर[1] दल,चालुक[1]कायथ[2]हत्थ चलाचल

॥ षट्पात् ॥

सोलंखी संग्रामसिंह १ जोराउर नंदन ॥
कायथ मोजीराम २ कढे अरि करन निकंदन[3] ॥
मारे के रन अपर झारि निर्भर[4] समसेरन ॥
देर न किय दालेलि[5] भज्यो भीरुक तजि डेरन ॥
नैनवा मग्ग लिय रुक्कि इन तब सु जाय कोटा रहिय ॥
कोटेस हिंतु दै द्रुत कटक करहु भीर अब इम कहिय॥४॥

॥ दोहा ॥

गो बुंदिय तुमरे कहैं, आयो रैखत[6] लुटाय ॥
बल बिनु बैर न बाहुरत, सँत्वर[7] देहु सहाय ॥ ५ ॥
दुजनसल्ल उत्तर दयो, दिवस भीरके ए न ॥
कछुक काल छन्नैं रहहु, सटवा आत ससैन[8] ॥ ६ ॥
राजोरा दरकुंच रचि, कोटा सन लहि दंड ॥
द्रुत पहुँच्यो अजमेर दिस, मंडत अमल अखंड ॥ ७ ॥
खत्री केसवदासकै, पठये सटवा पत्र ॥
बखतसिंह सन बैर तुम, अनुचित करहु न अत्र ॥ ८ ॥
कूरम मति केसव कहिय, बरजत तुमहिं मलार ॥
जो चहिहैं अब जंग तो, ढहिहैं सब ढुंढार ॥ ९ ॥
बरज्यो इत बखतेसहू, मरहट्ठन भय मानि ॥
लै बहु धन मरुपाल[9]सौं, बुल्ल्यो न लरन बानि ॥ १० ॥

॥ २ ॥ * उम्मेदसिंह नहीं था तोभी १ भीतर की सेना निकली २ चपल ॥ ३ ॥ ३ नाश ४ निर्भर (बहुत) ५ दलेलसिंह के पुत्र ने ॥ ४ ॥ ६ सामग्री ७ शीघ्र ॥ ५ ॥ ८ सेना सहित ॥ ६ ॥ ७ ॥ ८ ॥ ९ ॥ ९ मारवाड़ के राजा से

सुनि तब ईश्वरिसिंहहू, खटवा[1] नीति सुनाय ॥
क्यों पुनि पुनि दिल्लिय कटक, बालिस[2] लेत बुलाय ॥ ११ ॥
हुलकरको यह सुनि हुकम, तब नबाब डरि तत्त ॥
सफ्दर खान सलावतहु, पच्छो दिल्लिय पत्त ॥ १२ ॥
कुम्महिँ जानि सहाय कर, रामसिंह मरुराय ॥
केसव हठि रोक्यो कलह, इहिँ कारन अकुलाय ॥ १३ ॥
सम्मति हरगोविंदकी, लै कवंध नृप राम ॥
कुम्महिँ अक्खिय केसवहु, है यह स्वामि हराम ॥ १४ ॥
माधव१ अरु उम्मेद२ सों, याकै प्रीति अँजस्र[3] ॥
छन्नैं आवत जात छई[4], घनें गये इम घस्र[5] ॥ १५ ॥
कोउक पत्र फरेब करि, लिपि ताकी लिखवाय ॥
तैसोही लिखि कुम्मको, दिन्नों बिदित दिखाय ॥ १६ ॥
सु लखि पत्र जयसिंह सुव[6], मन्नी सत्यहि मुग्ध[7] ॥
बुल्लि[8] सभा अंतर बन्यों, केसव उप्पर क्रुद्ध ॥ १७ ॥
केसव अक्खिय जोरि कर, इतरनको छल एह ॥
असु[9] कीजै तनु अंतरित, निकसैं जो मम लेहँ[10] ॥ १८ ॥
मन्नी तदपि न मातृमुख[11], सुनहु राम नृप हाय ॥
करि हठ दिन्नों केसवहिँ, पापी गैरल[12] पिवाय ॥ १९ ॥
बुल्ल्यो तँहँ जयसिंह सुव, हे पाँमर[13] मतिहीन ॥
मिलि तैंही मल्लारसैं, खर जैपुर किय खीन ॥ २० ॥
च्यारि४ परग्गन सोदरहिँ, हड्ड२ हिँ बुंदिय देस ॥
कितव[14] दिवाये प्रसभ[15] करि, वाको फल सहि एस ॥ २१ ॥

॥ १० ॥ १ मल्लार के उमराव खटवाने बख्तसिंह को मना किया २ मूर्ख ॥ ११ ॥ १२ ॥ १३ ॥ १४ ॥ ३ निरन्तर ४ पत्र ५ दिन ॥ १५ ॥ १६ ॥ ६ सुत ७ मूर्ख ने ८ बुलाकर ॥ १७ ॥ शरीर से ९ प्राण दूर करे १० लेख ॥ १८ ॥ ११ तो भी उस मूर्ख ने नहीं मानी १२ जहर पिलादिया ॥ १९ ॥ १३ नीच ॥ २० ॥ १४ हे ठग १५ हठ करके

कहाँ सहायक१ तव कुमति, मूरख वह मल्लार ॥
वाहि बचावन प्रान अब, बुल्लहु क्यों न लवार ॥ २२ ॥
सुनि अक्खिय केसव सुमति, स्वामि हनैं जब दास ॥
त्राता कोन द्वितीय२ तँहँ, गिलत सिंह गज ग्रास ॥ २३ ॥
केसव केसव ध्यान करि, पुनि पुनि बिरचि प्रनाम ॥
गहि भाँजन पिन्नौं गरल, रटि अच्युत हरि राम ॥ २४ ॥
लेत जहर आवत लहर, नील नँहन४ यह भाखि ॥
बिनु आगस५ जो देत बिख, सो पावत श्रुति साखि ॥ २५ ॥
इम कहि इक१घटिका अवधि, केसव छोरयो काय ॥
बहुलँ७ छिन्नि ताको बिभव, लाई कूरम८ लाय ॥ २६ ॥
आयो जैपुर कुम्भ इम, मंत्री पटु निज मारि ॥
सटवा यह बदनीति सुनि, बिबिध लिखिय बिसतारि ॥२७॥
सुनि हुलकर श्रीमंतसों, अक्ख्यो यह अपराध ॥
हठ पूरब लिन्नों हुकम, बिरचन जैपुर बाध ॥ २८ ॥
हुलकर१ हड्ड २ रु नन्न्ह ३ पुनि, तजिग सितारा तत्त ॥
सक हय नभ धृति १८०७ चैत्र सित, पुन्यापत्तन पत्त ।२९॥
तनय स्वीय उपवीत तँहँ, बलि निज अनुज बिवाह ॥
पुण्या किय श्रीमंत प्रभु, अति हित उभय उछाह ॥ ३० ॥
महिमानी उम्मेदकी, बहु श्रीमंत बनाय ॥
प्रीति सहित अनुकूल पन, दिन दिन अधिक दिखाय ॥३१॥
रामचंदके कथित करि, संध्याको अधिकार ॥

॥ २२ ॥ १ रक्षा करनेवाला ॥ २३ ॥ केशवदास ने २ श्रीकृष्ण का ध्यान करके ३ पात्र लेकर विष पीगया ॥ २४ ॥ ४ उस नीले नखोंवाले ने यह कहा "जहर खानेवाले के नख नीले होजाते हैं" ५ अपराध ६वही पीछा पाता है यह वेद की साक्षी है ॥ २५ ॥ ७ बहुत ८ कछवाहे ने लाय लगाई ॥२६॥२७॥ ॥ २८ ॥ ६ पूना नगर में प्राप्त हुए ॥ २९ ॥ ३० ॥ ३१ ॥

भयो खालसै किन्न अब, ताकी अरज मलार ॥ ३२ ॥

॥ षट्पात् ॥

सुनहु नन्ह हम अग्ग लियउ मालव जवनन सन ॥
तब पत्तन उज्जैन महाकालेस निकेतन१ ॥
परमार सु आनंद१ मैं२ रु संध्या३ राणांजिय३॥
तीनन३ तजि हिय गांठि सत्य इहिं रीति सपथ२ किय ॥
इक१चित्त स्वामि कारिज्ज करहिं अरु जो होवहिं काल बसि ॥
तो तास सुतन जीवैं सु जन हिय लगाय पालहिं हुलसि॥३३॥

॥ दोहा ॥

यह करार जो भुल्लि अरु, चलिहैं कुमति कुचाल ॥
ताहि महाकालेश्वरहु, प्रगट करहिं पैमाल ॥ ३४ ॥
हमरे हुव संधा३ यह सु, जानत तुमहु अजेय ॥
रामचंदके कथित करि, संध्या नहिं अपमेय४ ॥३५॥
रुप्पय पैंसठि लक्ख ६५००००० तब, दै मलार बिच रक्खि ॥
संध्या सन श्रीमंत लिय, सेनापति तिहिं रक्खि ॥ ३६ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

हुलकरको श्रीमंत कथित५ किय, संध्या जया६ लगावन निज हिय॥
नाम चमारगौंद तस पत्तन७, आयउ ताहि मनावन अप्पन ॥ ३७ ॥
लै तिहिं संग गये पुराया जब, रचिय मंत्र हुलकर १ संध्या२ तब ॥
हिन्दुसथान माँहिं अप्पन दुव२, स्वामी नन्ह तयार करे ध्रुव॥३८॥
रह्यो परंतु उहाँको बहुतर८, बित्त हायनिक९ रामचंदकर ॥
जो न रहैं अप्पन बस यह धन, तो करैंहि वह दुष्ट दुष्टपन ॥ ३९॥

१ मंदिर में २ सोगन किये थे ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३ प्रतिज्ञा ४ अपमान (अनादर) करने योग्य ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ५ कहना ६ जया नामक सिन्धिया का ७ सिन्धिया के पुर का नाम चमारगोंदा था ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ ८ अत्यन्त ९ वार्षिक (सालाना) धन ॥ ३९ ॥

यह तब दुहुँन२ नन्हपति अक्खिय, आब्दिक[1] कर अपनैं[2] कर रक्खिय ॥
श्रीमंतहु यह अरज मन्नि लिय, हिंदुसथान अधीन दुहुँन२ किय४०

॥ दोहा ॥

तबतैं हिंदुसथानकी, खरनीको कर सर्व ॥
हुलकर संध्याऽधीन[3] हुव, आब्दिक वित्त अँखर्व[4] ॥ ४१ ॥
सिक्खदैन श्रीमंत पुनि, संभर डेरन आय ॥
तरल निवेदे दस १० तुरग, करटी[5] दुव२ अतिकाय ॥
भूखन मनिन अनर्घ[6] दुव२, दस १० सिरुपाव उदार ॥
दिन्नी बुंदिय सिक्ख इम, करि संभर सतकार ॥ ४३ ॥
सक[7] मुनि नभ बसु इंदु १८०७ सम, सावन पंचमिस्याम॥
बुंदिय आयो करि बिजय, धरनीपति निज धाम ॥ ४४ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम ७ राशावुम्मेदसिंहचरित्रे कोटेशप्रेरितदालेलिकृष्णसिंहबुन्दीवेष्टनरावराट्सुभटसोलंखिसंग्राम १ कायस्थमोजीराम २ तदभिभवनकृष्णसिंहकोटासहायप्रार्थनदुर्ज्जनशल्यतदनङ्गीकरणराजोरासटवावखतसिंहे २ श्वरीसिंह २ युद्धवारणश्रुतपैशून्यकूर्म्मराजखलिकेशवगरलदापनजा

१ सालाना खिराज २ अपने हाथ में ॥ ४० ॥ ३ आधीन ४ बहुत धन ॥४१॥ ५ हाथी ॥ ४२ ॥ ६ अमूल्य ॥ ४३ ॥ ७ विक्रम के शकं का सम्वत् ॥ ४४ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के सप्तमराशि में उम्मेदसिंह चरित्र में कोटा के पति की प्रेरणा से दलेलसिंह के पुत्र कृष्णसिंह का बुन्दी घेरना और रावराजा के भट सोलंखी संग्रामसिंह और कायस्थ मोजीराम का उस के सम्मुख होना १ कृष्णसिंह का सहाय के अर्थ कोटा के पति की प्रार्थना करना और उसका अस्वीकार करना २ राजोरा सटवा का बखतसिंह और ईश्वरीसिंह का युद्ध रोकना और चुगली सुनकर कछवाहों के राजाका केशवदास को जहर देना १ यह वृत्तान्त जानकर हुलकर का जयपुर को

ततदुदन्तहुलकरजयपुरध्वंसिनीनन्हाऽऽज्ञानपनतदनुश्रीमन्त १ हु २ हुलकर ३ पुण्यापुराऽऽगमनकृततनयोपवीता १ऽनुजविवाहो २ ऽसवनन्हमल्लारवचनाऽनुकूलसन्ध्याजयासेनाऽधिकाराऽर्पणमल्लार१ जया २ हिंदुस्थानप्रेषणाेरीकरणनन्हबुन्दीन्द्रशिविरागमनतुरगदश क १० करटियुग २ मणिभूषणद्वया २ ऽऽदिनिवेदनरावराड्बुन्द्या ऽऽगमनं पञ्चत्रिंशो ३५ मयूखः ॥ आदितः ॥ ११६ ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

कोटापति संकल्प सब, करे नियति प्रतिकूल ॥
रामचंद्र सन हित रच्यो, मोघ भयो सु समूल ॥ १ ॥
पलटायो जगतेस पुनि, सावधान हुव सोहि ॥
बुंदी पठयो कृष्ण कों बलि, भजि सु पराजित मोहि ॥ २ ॥
जैपुर सम्मलि पुनि जुरन, लग्गो करन प्रयान ॥
बरज्यो सटवा कुम्भ तब, थकि बैठो निज थान ॥
ऐसो अनुचित ईरखा, किन्नौं जड़ कोटेस ॥
न फल्यो उद्यम नीचको, सोक रह्यो अवसेस ॥ ४ ॥
उदयनैर सन रान इत, दयाराम द्विज संग ॥
पठयो टौंका उपकरन, अनुसरि प्रीति उमंग ॥ ५ ॥

नाश करने की नन्हकी आज्ञा लेना और जिसपीछे श्रीमन्त, उम्मेदसिंह और हुलकर का पूना नगर में आना ४ पुत्र की जनेऊ और छोटे भाई का विवाह करके नन्ह का मल्लार के वचनों के अनुकूल सिन्धिया को जया नामक सेना का अधिकार देना और मल्लार व जया को हिन्दुस्थान में भेजना मंजूर करना ५ नन्ह का बुन्दी के राजा के डेरे आना और दश घोड़े, दो हाथी, दो जड़ाऊ भूषण आदि भेट करना और रावराजा का बुन्दी आने का पैंतीसवाँ मयूख समाप्त हुआ ॥ ३५ ॥ और आदि से तीन सौ सोलह मयूख हुए ॥३१६॥

१ भाग्य ने उलटे कर दिये २ निरर्थक ॥ १ ॥ ३ कृष्णसिंह को ॥ २ ॥ ३ ॥
४ पाके ॥ ४ ॥ ५ सामग्री ॥ ५ ॥ ३

हाटक साखति उभय२ हय, मैदकल इक१ मातंग ॥
सूचीमुखं सिरपेच इक१, दुव२ सिरुपाव सुरंग ॥ ६ ॥
टीकाको यह साज दिय, दयाराम द्विज सत्थ ॥
परंपरा दसतूर पुनि, सुनिये राम समत्थ ॥ ७ ॥
अग्गैं सुपहु सुभांड सुत, नृप नारायनदास ॥
रन रानाँ संग्रामकी, टारी दुस्सह त्रास ॥ ८ ॥
मंडूपुरप नबाबको, इक्का भट लिय मारि ॥
संभरको सीसोद तब, बहु आसान बिचारि ॥ ९ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

प्रथम रान संग्राम भीर करि, बाबरको बहु कटक हन्यों लरि ॥
च्यारि अग्ग चालीस४४घाय सहि, बिजय कियो बुंदीस धर्म वँहि१०
इक्का सुगल पहै पुनि मार्‌यो, अपनैं सिर उपकार बिचार्‌यो ॥
भटन सहित यह मंत्र रान किय, बिनई पुनि बुंदीसहिं बुल्लिय ११
तुम हमतैं कछु भेट अब्द प्रति, इच्छत लेहु रक्खि निज उन्नति॥
रचि तब नर्म कह्यो संभर पहु, पट्टिस१खग्ग१ कोसं दुव२पेसहु१२
बेर तीन३ हायन बिच लैहैं, तब तुम पर इहुन हित व्हैहैं ॥
भेजहु प्रथम बिजयदसमी१० दिन१, पुनि गुनगोरि३ दिवस२ आ-
हुँठ इन ॥ १३ ॥
बरसगांठि दिन३ बहुरि पठावहु, तो हमहेत गिनैं तुमरो वहु ॥
यह नृप नर्म रान स्वीकृत किय, अवरहु प्रीति रीति इम बंधिय१४
हाटकं साज उपेतं इक्क१ हय, इक्क१ तरवारि सुद्धि तिहिं सनिसय॥
इक्क१ निखंग इक्क१ बिसिखांसन, चीरा इक्क१ मूल्ल मिति जास न१५

१ सुवर्ण की २ मस्त हाथी ३ हीरों का ॥ ६ ॥॥ ७ ॥ ८ ॥ ९ ॥ ४ धर्म धारण करके ॥ १० ॥ ११ ॥ ५ हंसी करके ६ कटार और खड्ग के दो म्यान भेजो ॥ १२ ॥ ७ हे आहड़ नगर के पति अथवा अहाड़ा क्षत्रियों के पति "आहड़ पुर में राज्य रहने के कारण शीशोदिया क्षत्रियों को अहाड़ा तथा आहड़ा कह॰ ते हैं"॥१३॥१४॥ ८ सुवर्ण के साज ९ सहित १० धनुष ॥१५॥

असि१ पट्टिस१ के कोस२ सहित चहि, इक१ सिरुपेच इते८ भेजन कहि ॥
तबतैं चली रीति वह आई, सो रानहिं नहिं मिटत सुहाई ॥१६॥
दथाराम द्विज तत्थ रान अब, टीँका संग ए८हु पठये सब ॥
बुंदिय रान सचिव१ द्विज २ लाये, बिजयदसमि १० दिन नजरि कराये ॥ १७ ॥

॥ दोहा ॥

उज्ज[1] अमावसि निस तदनु[2], चौकीदारन फोरि ॥
तारागढ सन कढि गयउ, दुरजन वह छल जोरि ॥ १८ ॥
इत दक्खिन अब वे उभय२, मुनि नभ धृति१८०७इसमास॥
हुलकर संध्या सज्ज हुव, लगि दिगविजय हुलास ॥ १९ ॥

॥ षट्पात् ॥

बिजयदसमि१० दिन बीर सेन हंकिय सागर सम ॥
संध्या तहँ हुलकरहिं कहिय कछु काम गेह मम ॥
मैं चमोरगौंडा प्रवेसि वह करि द्रुत आवत ॥
अप्प चलहु इत अग्ग अवनि सत्रुन अपनावत ॥
यह कहि जया सु गय निज नगर इत मल्लार हंकिय कटक
दिस बिदिस बल फुट्टिय दुसह रचहिं कोन दक्खिन रटक२०
हुलकर सुत जुत हंकि लंघि चम्मलि इत आयउ ॥
वृत्त सुनत बुंदीस जाय सम्मुह गृह लायउ ॥
अरु इध नभ धृति१८०७अब्द मास अगहन पख उज्जल ॥
दुहुँन रनैनवा जाय भिंटि तोपन किय कंदल ॥
तब सठ दलेल सुत कृष्णा वह अंतहपुर तजि भज्जि गय ॥
इक्क१ रु मल्लार२ ताकी तियन पठई पीहर बिरचि नय ।२१।

४ ,४।१कार्तिक मास की२जिसपीछे ॥१८॥३आश्विन मास में ॥१९॥४सिन्धिया ५ पुर का नाम है ५भूमि ॥२०॥६वृत्तान्त७युद्ध किया८जनाने को छोडकर॥२१॥

॥ दोहा ॥

नगर समीधी१ नैनवा२, करउर३ ए सब लिन्न ॥
तिनमें नृप बुन्दीस तब, अमल अप्पनों किन्न ॥ २२ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम ७ राशावुम्मेदसिंहचरित्रे कोटेशयत्ननिष्फलीभवनराणातिलकोपहारबुन्दीप्रेषणहरजनकारानिष्कसनमल्लारहिंदुस्थानाऽऽगमननयनपुरयुद्धकरणदालेलिपलायनबुन्दीन्द्रतद्भूम्युद्धरणं षट्त्रिंशो मयूखः ॥ ३६ ॥
आदितः ॥ ३१७ ॥

प्रायो ब्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा॥

॥ निःशाणी ॥

इम सुत भीरु दलेलका तजि तियन पैलाया ॥
ताके देस असेसमैं नृप अमल बिधाया ॥
पुनि हुलकर संभर सहित अमरख उफनाया ॥
खत्री केसव वैरपैं जयनैर चलाया ॥
फट्टी पन्नग संकुली फन पलटि फिराया ॥
खुल्ले नैंन महेसके नवँ माल लुभाया ॥
लग्गा बावन५२ संगही रन कौतुक आया ॥

॥ २२ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में, उम्मेदसिंह चरित्र में, कोटा के पति का यत्न निष्फल होना १ राणा का तिलक की सामग्री बुन्दी भेजना २ हरजन का कैद से निकलना ३ मल्लार का हिन्दुस्थान में आना "सामान्य रीति से सभी भारत वर्ष का नाम हिन्दुस्थान है परन्तु विशेष करके भारत वर्ष के पूर्वी प्रान्त को हिन्दुस्थान कहते हैं" नैणवा पुर में युद्ध करना और दलेलसिंह के पुत्र कृष्णसिंह का भागना तथा बुन्दी के पति का उसकी भूमि लेने का छत्तीसवां मयूख समाप्त हुआ ।३६। और आदि से तीन सौ सत्रह ३१७ मयूख हुए ॥

१ भागा २ किया ॥ १ ॥ ३ शेषनाग की सांकल (पीठ की लंबी हड्डी) फटी ४नवीन मुंडमाला का लोभ लगने से शिव के नेत्र खुले युद्ध का खेल देखने

जाल बनाया जुग्गिनी कर ताल बजाया ॥ २ ॥
गिद्धनि चिल्हनि गैनमैं गन के गेहकाया ॥
धूरि बिलग्गी भानुकैं सब भानु छिपाया ॥
शृंग मचक्के मेरुके धर खंड धुजाया॥
हाक नकीबनकी मची दल डांक लगाया ॥
सुनि आवत दक्खिन कटक कूरम अकुलाया ॥
दुत कग्गर बुंदीसपैं लिखवाय पठाया ॥
छंडी छोनिय रावरी हम साम बनाया ॥
हुलकर सम्मलि होय क्यों अब दंड उपाया ॥ ४ ॥
किन्नौं प्रथम करार जो नहिँ नैंक मिटाया ॥
अब कैसे अपराधपैं मल्लार कुपाया ॥
केसव आयस नाँ किया इम झारि गिराया ॥
दास तदपि आमेरका इनका न नसाया ॥ ५ ॥
अग्गैं रंचक दोसपैं अतिदंड न गाया ॥
समुझावहु तुम संभरी हुलकर हठ आया ॥
एकाँकी अब अप्पका अवलंब बनाया ॥
ए कग्गर आमेरका सुनसीन सुनाया ॥ ६ ॥
बिनय भरे सुनि बैन ए संभर सकुचाया ॥
मंत्र बिरचि मल्लारतैं हिय गूढ खुलाया ॥
हुलकर अक्खी भूपतैं नहिँ बैर सिवाया ॥
दक्खिन निंदा अद्दरी बलि दर्प्प बढाया ॥ ७ ॥
मारत केसवदासकों उन बैन लगाया ॥

को बावन वीर संग हुए योगिनियों ने समूह बनाकर हाथ की ताली बजाई।२। गिद्धनियों और चीलहों के समूह १ आकाश में २ प्रसन्नता की बोली बोले ३ लगी ४ सूर्य की किरणों के धूलि लगकर सब ५ सूर्य को छिपा दिया ६ सेना को क्रोध दिलाया ॥ ३ ॥ ७ पत्र ८ भूमि ॥ ४ ॥ ९ केशवदास ने हुक्म नहीं माना इस कारण ॥ ५ ॥ १० अकेले आपका ॥ ६ ॥ ७ ॥

जिहिं बलतैं बुंदी बहुरि चउ४ देस गुमाया ॥
सो हुलकर तेरो कहाँ अब अंतक आया ॥
ऐसैं कहि अपराध बिनु पटु सचिव नसाया ॥ ८ ॥
ताहीके हठ दोसपैं इत मैं चलि आया ॥
मारनका नहिं मंत्र पैं अति दर्प छकाया ॥
यातैं रुप्पय दंडका लैहैं मनभाया ॥
बुंदीपति सुनि बैन ए प्रतिबैनं लिखाया ॥ ९ ॥
कूरम हम तुमरैं कहैं हुलकर समुझाया ॥
पै पिसुननकी मन्निकैं तुम दर्प दिखाया ॥
यातैं आयस नन्हका लहि कटक चलाया ॥
केसवदास बिनासका इन ओगुन गाया ॥ १० ॥
मारनका नहिं मंत्र पै धन लैन धकाया ॥
प्रत्यागत इच्छैं नहीं एहू हठ आया ॥
यातैं अप्पहु अप्पहू दम दम्म सिवाया ॥
लै तिनकौं टरिजाँहिंगे दल खरच दुखाया ॥ ११ ॥
ए कग्गर कूरम सुनत इत मंत्र उपाया ॥
देनाँ दम्म न उचित करि लरनाँ चित लाया ॥
अक्खी हरगोविंदसौं रनही मन भाया ॥
वीरन बुल्लहु बेगही दल सजवं सुहाया ॥ १२ ॥
कूरम याकी कन्यका रक्खी करि जाया ॥
यातैं हरगोविंदहू अवसर यह पाया ॥
बुल्ल्यो मेरी जेबमैं दल लक्ख १००००० सजाया ॥
जब चाहैं तब लीजिये भट संगर भाया ॥ १३ ॥

१काल ॥ ८ ॥ २उत्तर ॥ ९ ॥ ३चुगलों की ४घमंड ५नन्ह का हुकम लेकर ॥ १० ॥ ६पीछा जाना नहीं चाहता ८ आपभी ९ दंड के रुपये ७ दो ॥ ११ ॥ १०शीघ्र ॥ १२ ॥ ११ हरगोविन्द नाटानी की कन्या को १२स्त्री ॥ १३ ॥

मरहट्ठे मन भीरु है जब बाजि उठाया ॥
तबही पायन लग्गिहै ओदक[1] अकुलाया ॥
तुम आमैर अधीसव्है सिर छत्र धराया ॥
वे अनुचर द्विज दीनकों इत आत सिखाया ॥ १४ ॥
भिच्छा[2] मंगनहारका जिन ओदन[3] खाया ॥
ते प्रभुकौं पहुँचै नहीं अति त्रास डराया ॥
कहाँ जेठ दिनंकर[4] कहाँ खद्योत[5] खिसाया ॥
कहाँ सिंह गजरिपु कहाँ किंखि[6] दुब्बल काया ॥ १५ ॥
कहि कहि हरगोविंद इम कूरम बहिकाया ॥
हरिनारायन पुत्र निज पक्ख १५ पुँब्ब[7] सिखाया ॥
सब जैपुर पतिके सुभट सुत संग दिवाया ॥
सेखावाटी मुल्कमैं पहिलैंहि पठाया ॥ १६ ॥
अच्छे तोप तुरंग गन सब तत्थ चलाया ॥
कूरम जब मंग्यो कटक[8] मंडी तब माया[9] ॥
सो ढिग लक्ख १००००० अनीक है यह छंद्म[10] रचाया ॥
दक्खिनका उत पत्रदै बल[11] बेग बुलाया ॥ १७ ॥
आवैं जितनैं अंतरँगैं[12] इम दिवस गुमाया ॥
इततैं हुलकर हड्ड नृप दरकुंच चलाया ॥
जैपुरतैं लय३ कोसपैं निज दल उतराया ॥
झिलि[13] झलाँनाँ[14] कुंडपैं झंडाल झुकाया[15] ॥ १८ ॥
नट्टानी[16] तब सचिव निज कछवाह बुलाया ॥

१भय से ॥१४॥ जिसने२भिक्षा मांगनेवाले(ब्राह्मण)का३अन्न खाया४ज्येष्ठ मास का सूर्य५जुगनू (आगिया). दुर्बल शरीरवाला ६बन्दर ॥१५॥७एक पक्ष पहिले ही ॥ १६ ॥ ८ सेना ९ इन्द्रजाल १०छल ११सेना ॥ १७ ॥ १२बीच में १३ ठहर कर (प्रसन्नता पूर्वक ठहरनेको डिंगल भाषा में झिलना कहते हैं) १४झलाना नामक कुंड पर१५झंडे खड़े किये(डिंगल भाषा में अत्यन्त ऊंचा करने को अथवा खड़ा करने को झुकाना कहते हैं) ॥ १८ ॥ १६ नाटानी जाति का वैश्य

बुल्ल्यो तैं तव जेबमैं दल लक्ख १००००० बतायो ॥
वाकों कह्हु पार अब अरि अंतिक आया ॥
विनु उद्यम तेरे कहैं दिन वीस बिताया ॥१९॥
बुल्ल्यो हरगोविंद तब तुम आखु लगाया ॥
तिन कट्टी मम जेब ओ बल सब बिखराया ॥
नट्टानी यह जंपिकैं निज गेह पलाया ॥
इत आमेर अधीसकों अब त्रास दबाया ॥ २० ॥
हय अंबर धृति १८०७ पोस बदि नवमी९ दिन पाया ॥
तास निसाके जाम जुग२ नृप निट्ठि गुमाया ॥
जानी बनिक बिरोधकैं भावी बिगराया ॥ २१ ॥
छन्नैं गरल अमत्र इक मतिमंद मँगाया ॥
सुतो ताको पान करि हुव२ नैंन मिचाया ॥
काहू नहिं जानी यहै नृपनैं बिख खाया ॥
खात समैं इक पत्रमैं इम अंक लगाया ॥ २२ ॥
सुनिये संभर मात जे अनुचरन उठाया ॥
ईश्वर लेहँ मिटैं नहीं जुग जुग जे गाया ॥
प्याला केसवदासकों पाया सुहि पाया ॥
असैं लिखि आमेरपति इम बेर बिहाया ॥ २३ ॥
जानी सचिवन मात जब पुर द्वार लगाया ॥
इत खंडू हुलकर तनय नृप डेरन आया ॥
अक्खी चढि अप्पन चलैं भट लै मन भाया ॥
बाहिरतैं लखि आयहैं पुर सुनत सुहाया ॥ २४ ॥

---

१ सजीव ॥ १९ ॥ २ चूहे ३ भगा ॥ २० ॥ ४ उस दिन की रात्रि के दो पहर कठिनाई से विताये ॥ २१ ॥ ५ जहर का ६ पात्र ७ मूर्ख ने ॥ २२ ॥ ८ हे चहुवाण रामसिंह सुनो ९ सेवकों ने १० लेख ११ जो विष का प्याला केशवदास को पिलाया सो ही पीछा १२ मिला १३ शरीर छोडा ॥ २३ ॥ २४ ॥

सह खंडू नृप संभरी चढि तबहि चलाया ॥
संग लये भट तीन सत३०० निज परख गिनाया ॥
जैपुरके प्राकार[1] ढिग रहि तुरग विहाया ॥
इक अटा[2] चढिकैं सकल पुर त्यौं दृग लाया ॥ २५ ॥
जैसैं जैपुर सिल्पमत जयसिंह बसाया ॥
भेदी कोउक अंग[3] ते कहि भिन्न बताया ॥
यह कूरम सचिवन सुनी दुव२ देखन आया ॥
तब पुर दक्खिन द्वारका द्रुत अरर[4] खुलाया ॥ २६ ॥
सिविका[5] हरगोविंद१ चढि बाहिर कढि धाया ॥
विद्याधर१ त्योंही बहुरि दुव२ सम्मुख चलाया ॥
आय निकट बुंदीससौं सब वृत्त कहाया ॥
जैसी बिधि गर[6] रत्तिमैं नृप गरल चखाया ॥ २७ ॥
दोहू२ सचिवनकौं सुनत इन सँपथ[7] कराया ॥
तब सच्ची गिनि सेनमैं यह वृत्त[8] पठाया ॥
सो सुनि हुलकर सैन लै जैपुर ढिग आया ॥
करि मुकाम प्राकार तट निज थूंल[9] तनाया ॥ २८ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम ७ राशावुम्मेदसिंहचरित्रे हुलकर१ हड्डेन्द्र२जयपुरप्रस्थानप्राप्तकूर्मराजपत्ररावराजमल्लाराऽनुनयनकथितकेशवदासवैरहुलकरजैपुरगमनमंत्रिहरगो-

१कोट के पास रहकर घोड़ों से उतरे २ छत पर चढकर सब नगर देखा ॥२५॥ ३ नगर के उन अंगों को ४कपाट ॥ २६ ॥ ५ पालखी पर६राजा ने विष खाया ॥ २७ ॥ ७ सौगन कराये ८ वृत्तान्त ६ डेरा ॥ २८ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में उम्मेदसिंह चरित्र में, हुलकर और हाडा क्षत्रियों के इन्द्र का जयपुर पर गमन करना १ कछवाहों के राजा का पत्र पाकर रावराजा का हुलकर से विनय करना २ कहे हुए केशवदास के वैर पर हुलकर का जयपुर जाना ३ मंत्री हरगोविन्द का पीठ पीछे सेना को निकाल कर जयसिंह के पुत्र को विश्वास देना ४ शत्रु

विन्दपरोत्थसैन्यनिष्कासनजायसिंहिविश्वसनज्ञातशत्रुसामीप्यसैन्य रहितपीतगरलकूर्म्मराजदेहत्यजनबोधसिंहि १ मल्लारि २ जयपुर वहिर्दर्शनजयपुरस्सचिवतत्सम्मिलनहुलकराऽऽह्वानप्राकाराऽधःप्टत नापातनं सप्तत्रिंशो ३७ मयूखः ॥ ३७ ॥ आदितः ॥ ३१८ ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

पोस असित दसमी१० दिवस, इम जयपत्तन आय॥
पुनि प्रबंध अपनों करन, लिय बुंदीस बुलाय ॥ १ ॥
अक्खी तुम जावहु नृपति, लखि पुर राजनिकाय ॥
अंतहपुर जुत अप्पनौं, ज्ञामिक देहु जमाय ॥ २ ॥
तब पुर अंतर जाय नृप, धरि चोकी सब ठाम ॥
कहिय आय मल्लार प्रति, भये नृपहिं खट६ जाम ॥ ३ ॥
उचित दाह कछवाहको, अब न विलंब बिधेय ॥
इते काल रंक न रहैं, श्रुति अक्खत सुहि श्रेय ॥ ४ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

सुनि हुलकर कछु सोक सहित हुव, जैपुर सचिव बुलाये वे दुव२॥
हरगोविंद१ बहुरि बिद्याधर१, तिनहिं कह्यो दाहहु नृप सत्वर५
तब तिन अरज मलारहिं किन्नौं, चोकी तुम अप्पन धरि दिन्नौं॥
कोस सबहि नहिं हत्थ हमारैं, किहिंठाँ सन उंपकरन निकारैं६

को समीप जानकर सेना रहित कछवाहे राजा का जहर पीकर शरीर छोड़-ना ५ बुधसिंह के पुत्र और मल्लार के पुत्र का जयपुर को बाहर से देखना ६ जयपुर सचिवों का उनसे मिलना और हुलकर को बुलाना और कोट के नीचे सेना का पड़ाव करने का सैंतीसवां मयूख समाप्त हुआ ॥३७॥ और आदि से तीन सौ अठारह ३१८ मयूख हुए ॥

१ पादि ॥ १ ॥ २ राजमन्दिर (महल) ३ जनाना सहित ४ अपने पहरायत ॥ २ ॥ ५ राजा को मरे छः पहर होगये हैं ॥ ३ ॥ ६ वेद कहता है सो ही श्रेष्ठ है ॥ ४ ॥ ७ शीघ्र ॥ ५ ॥ ८ खजाने ९ किस जगह से १० सामग्री ॥ ६ ॥

इन आच्छिय हम सन लै जावहु, नहिँ*निदेस किम कोस खुलावहु
यह सुनाय निज कोसनतैं तब, सामग्री हुलकर पठई सब ॥७॥
ताहि संग बनिक[1] रु विद्याधर[1], लै तब उभय[2] गये पुर अंदर ॥
राज्य बडो कछु काम न आयो, हुलकरतैं खंपन नृप पायो ॥८॥

॥ दोहा ॥

महलन बिच निष्कुट[2] रुचिर, जयनिवास अभिधान[3] ॥
किन्न दाह कछवाहको, तिहिँ ढिग विहित विधान[4] ॥ ९ ॥
बिगरी ईश्वरिसिंह मति, बरस इक[1] पहिलैंहि ॥
सुपहु राम सोंपे सुनहु, नर कहे इम व्हैंहि ॥ १० ॥
मत्त भयो जयसिंह सुव, जैपुर गद्दिय पाय ॥
खान[1] नाम इभपाल[5] इक, किन्नौं सचिव बढाय॥ ११ ॥
जवन वहै उनमत्त भो, नृपको हेत निहारि ॥
अति अनीति लग्गो करन, पर नारिन घर डारि ॥ १२ ॥
कूरम आसव[6] पान करि, इकदिन बुल्ल्यो[7] वाहि ॥
मंदिर श्रीगोबिंदके, चित कछु मंत्रन[8] चाहि ॥ १३ ॥
बरज्यो इतरन[9] तदपि तहँ, किन्नों कुम्भ अज्ञान ॥
आधोरनके[10] हत्थतैं, पानकरसको[11] पान ॥ १४ ॥
पुनि वासों गलबाँहँ करि, फिर्‌यो निरंकुस होय ॥
जब आसव मद उत्तर्‌यो, सोच्यो तब सठ रोय ॥ १५ ॥
दिवाकीर्ति[12] इक दैधिषव[13], बारी संस्तुव२ नाम ॥
सोहु बढायो सचिव करि, दै सिविका गज गाम ॥ १६ ॥

---

*हुकम ॥ ७ ॥ १ मुरदे को ओढाने (ढकने) का वस्त्र ॥ ८ ॥ २ गृहवाटिका (घर का बगीचा) ३ नाम ४ उचित विधि से ॥ ९ ॥ १० ॥ ५ महावत को ॥ ११ ॥ ॥ १२ ॥ ६ मद्य पीकर ७ उस महावतको बुलाया ८ सलाह करने की इच्छा से ॥ १३ ॥ ९ अन्य लोगों ने मना किया तोभी १० हाथी के महावत के हाथ से उस मंदिर में ११ मद्य पान किया ॥ १४ ॥ १२नाई १३अविवाहिता(नातेवाली)

अंत्यज लोक अनेक इम, रक्खे ढिग पटु जानि ॥
मरयो सु कूरम लै गरल, यँहँ दक्खिन भय आनि ॥ १७
*बारनारि इक रूप[1] वसु, मन्त्री तिय करि मेल ॥
सोहु जरी रचि सहगमन, जयनिवास गृह[2]वेल ॥ १८ ॥
दूजेदिन हुलकर तनय, किन्नौं खंडुव वत्त ॥
कूरम गृह सुंदर सुनत, पातुरि बहु गुन रत्त ॥ १९ ॥
लखि अच्छी तिनमाँहिंसौं, चुनि चुनि कल्हि मँगाय ॥
घर इम सुग्गन रक्खिहैं, गिनत समर्थ न न्याय ॥ २० ॥
यह उदंत[3] अवरोध[4] गत, सुनि पातुरि भय पग्गि ॥
एकादसि[5] वासर जरी, एकादस ११ लहि अग्गि ॥ २१ ॥
रानिनहू यह भय सुनत, इक गृह सोर बिछाय ॥
सबन विचारी उडनकी, करन प्रान बिनु[6] काय ॥ २२ ॥
तब आतुर नाजर जनन, अक्खी बाहिर आय ॥
जो न बनैं सँत्वर जतन, रानी जन उडि जाय ॥ २३ ॥
आये हुलकर संग यँहँ, माधवकेहु वकील ॥
वनिक कन्ह कोविर्द[8] बहुरि, कूरम प्रेम कुसील[9] ॥ २४ ॥
तिन यह सुनि हुंदीस प्रति, अक्ख्यो अनुचित कर्म ॥
भूप सुनत अति कोप भरि, धरयो लरन भट धर्म ॥ २५ ॥

॥ षट्पात् ॥

[10]असनायित हरि अंग मनहुँ बिच्छिय[11] अल[12] मारिय ॥
[13]सगर सापन असह अंखि जनु कपिल[14] उघारिय ॥

स्त्री का पुत्र ॥ १६ ॥ १७ ॥ *वेश्या रूप ही है १ धन जिसके २ घर (महलों) के बाग में ॥ १८ ॥ १९ ॥ २० ॥ ३वृत्तान्त ४जनाने में गया ५ एकादशी के दिन ॥ २१ ॥ ६ शरीर को विना प्राण करने के लिये ॥ २२ ॥७शीघ्र उपाय नहीं होवेगा तो ॥ २३ ॥ ८ चतुर ९ खोटे स्वभाववाला ॥ २४ ॥ २५ ॥ मानों १० भूखे सिंह के शरीर में ११ वीछू ने १२डंक मारा किंवा १३ सगर के पुत्रों को श्राप देने को १४ कपिलदेव ने नेत्र खोले, मानों कालिका ने शुंभ असुर के ऊपर

काली मनहुँ कराल सुंभ उप्पर त्रिसूल लिय ॥
दलन जंभ दंभोलि[1] पकरि पलट्यो कि सचीप्रिय[2] ॥
श्रीवत्सधर[3] कि सिसुपालके अंतिम आगस[4] उज्झलिय ॥
इम भूप सुनत खंडुव अनय करखि[5] मुच्छ बुल्लिय बलिय२६
सुनहु वत्त मल्लार सल्ल मिच्छन[6] उर अप्पन ॥
पठये तुम पुणपेस[7] धर्म हिंदुन दृढ थप्पन ॥
अनय अज्ज[8] इक सुनिय तनय भवदीय[9] कहत यह ॥
नृप जैपुर पति नारि गेह डारहिं करि अग्गह[10] ॥
सब ठाम लज्ज एकहि समुझि अब खंडुव वरजन उचित॥
उनमाँहिं हमहु नहिंतो अबहि इहुन हिय तुमतैं न हित ॥२७॥

॥ दोहा ॥

हैं हमरी बेटी बहिनि, उनके आलय[11] माँहिं ॥
त्योंही समझहु चतुर तुम, उनकी हम घर[12] आँहिं ॥ २८ ॥
अज्ज बिपत्ति जु एक बिच, सो दूजे बिच सोहि ॥
मनुजनको[13] तब जब मरन, तो बर[14] अवसर कोहि ॥ २९ ॥
हम सिर तुम आसान किय, इन पर डारि चपेट ॥
जो समुझहु कृतघन हमहिं, तो बुंदिय वह भेट ॥ ३० ॥
यह अनीति जो नीति करि, मन्नैं हमहु प्रमत्त ॥

भयंकर त्रिशूल लिया, किंवा जंभासुर को मारने के लिये १ वज्र पकड़ कर २ इन्द्र पलटा, किंवा ३ श्रीकृष्ण शिशुपाल के अंतिम ४ अपराध पर चढे "श्रीकृष्ण ने शिशुपाल की माता को वरदान दिया था" कि शिशुपाल हमारे सौ अपराध करेगा तबतक हम उसको नहीं मारेंगे सो युधिष्ठिर के यज्ञ में एक सौ एक अपराध करने पर उसको मारा था इस प्रकार बुंदी का राजा (उम्मेदसिंह) खंडू की अनीति को सुनकर मूंछ ५ खेंचकर वह बलवान् बोला ॥ २६ ॥ ६ यवनों के उर में साल हैं ७ पूना के पति ने ८ आज एक अनीति सुनी है ९ आप का १० आग्रह ॥ २७ ॥ ११ घर में. हमारे घर में १२ हैं ॥ २८ ॥ १३ मनुष्यों को. अवसर का मरना ही १४ श्रेष्ठ है ॥ २९ ॥ ३० ॥

अखिल दिखावैं अंगुलिन, बिक्ख बिक्ख कहि बत्त ॥ ३१ ॥
धरम चलावत नयधरैन, तुम सहाय भुव लीन ॥
अधरम करि लैबो उचित, पाक दमनँ पदवी न ॥ ३२ ॥
सोदरतैंहु सखा अधिक, सो कूरम तुम सूर ॥
यातैं खंडुव मात वे, तिनकौं तक्कत कूर ॥ ३३ ॥
नृपति अंखि सची निरखि, जानी यह मरिजाय ॥
हित करि हुलकर हड्डकौं, लिन्नौं हृदय लगाय ॥ ३४ ॥
काल देस आलोच करि, चित्त धरम दृढ चाहि ॥
तरज्यो अप्पन पुत्रकौं, संभर नृपहि सिराहि ॥ ३५ ॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणो सप्तम ७ राशावुम्मेदसिंहचरित्रे कूर्म्मराजमरणाज्ञानाऽनन्तरहड्डेन्द्रपूर्वकमहाराष्ट्राजामिकजयपुरदत्तगादत्तस्वोपहारहुलकरकूर्म्मराजदाहनतत्पूर्वाऽनाचारकथनैकवारस्त्रीतत्सहगमनमल्लारिकूर्म्माऽन्तःपुरलुट्टनमननश्रुततदुदन्तैकादश ११ भुजिष्याज्वलननिवसनसर्वराज्ञीजनवन्हिविशनविचारणाज्ञाततद्वृत्तान्तहड्डेन्द्ररोषाऽरुणीभवनमल्लारशिक्षादानवाक्प्रतोदप्र

१नकटा नकटा कहकर ॥३१॥ धर्मको चलाने और२ नीतिको धारण करने को बुंदी की भूमि पीछी ली है ३ बुढापा ४ बिगाड़ने की पदवी लेना उचित नहीं है।३२। ५ सगे भाई से भी मित्र अधिक होता है सो ईश्वरीसिंह और तुम पाघ ,बदल कर सखा हुए हो ६ इस कारण ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ७ विचार कर ८ धर्मकाधा ॥ ३५ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तम राशि में, उम्मेदसिंह चरित्र में, कछवाहों के राजा के मरने का ज्ञान हुए पीछे हड्डेन्द्र आदि का मरहठों के पहरायत रखना १ हुलकर का सामग्री देने से कूर्मराज का दाह होना और उसके पहिले के दुराचारों का कहना २ उसके साथ एक वेश्या का सती होना३ मल्लार के पुत्र का कछवाहे के जनाने को लूटने का विचार करने का वृत्तान्त सुनकर ग्यारह पासवान स्त्रियों का अग्नि में प्रवेश करना और सब राणियों का अग्नि में प्रवेश करने का विचार करना ४ यह वृत्तान्त जानकर हड्डेन्द्र का क्रोध में लाल होना और मल्लार को शिक्षा देने रूपी वचनों के चाबुक से समझाये हुए हुलकर का हड्डेन्द्र को हृदय लगाना ५ अपने पुत्र खंडू को

दंडाधितहुलकरहड्डेन्द्रहृदयाऽऽश्लेषणास्वपुत्रखरडूतर्जनमष्टत्रिंशो मयूखः ॥ ३८ ॥ आदितः ॥३१९॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ षट्पात् ॥

सुनि अक्खिय मल्लार प्रबिसि जैपुर बुंदियपति ॥
कूरम सचिवन कहहु मोद रक्खहु लासहु मति ॥
प्रकट जाय प्रच्छन्न कुम्म नृप तियन कहावहु ॥
धन्य सती तुम धरम सोहु हम तियन सिखावहु ॥
कछु बोधहीन खंडुव कहिय आगसँ बखसहु मोहि यह ॥
निजनाथ मित्र मम सिर निडर सासन करहु सखीन सह॥१॥

॥ दोहा ॥

सुनि इम हड्ड नरेस तब, बिस्वासे सब जाय ॥
अक्खी डरहु न नैक अब, हम तुम संग सहाय ॥ २ ॥
तबहि पाय बिस्वास तिन, प्रतिउत्तर दिय एह ॥
उपकारहि अपकार पर, नृप तुम किन्न सनेह ॥ ३ ॥
स्वापतेय अब दंडको, मंगहिं यह मल्लार ॥
कछुक घटावहु जतन करि, सोपै संभरवार ॥ ४ ॥
कोटि पंच५०००००००हुल्लकर कहे, लैन दम्म हठ लाय ॥
बुल्ल्यो तँहँ नृप करि बिनय, जुलम सह्यो किम जाय॥५॥
बहुत बेर दक्खिन दलनँ, कूरम दंडित कीन ॥
लखि श्रद्धा बसु लीजिये, इन्ह गिनि निबल अधीन ॥ ६ ॥

धमकाने का अड़तीसवां मयूख समाप्त हुआ ॥३८॥ और आदि से तीन सौ उन्नीस ३१९ मयूख हुए ॥

१ डरो मत २ जनानी ड्योढी पर ३ विना विचार से ४ अपराध ५ मैं तुम्हारे पति का मित्र हूं सो निर्भय होकर मेरे मस्तक पर आज्ञा करो ॥ १ ॥ २॥ ३ ॥ ६ धन ॥ ४ ॥ ५ ॥ ७ सेना ने ८ धन ॥ ६ ॥

कारिज[1] पर खरचत कला[2], मूलहिं रक्खि समग्ग[3] ॥
अरथ[4] पटुनकी रीति यह, अक्खी ह्वन अग्ग ॥
कला बढत पुनि मूलकरि, मूल मिटैं सु मिटाय॥
जैसें रंजका[5] मूल जुत, लयो न पुनि लहराय[6] ॥ ८ ॥
जातैं पुनि बहु उप्पजहिं, ऐसो रक्खि उपाय ॥
अक्खहु हम श्रद्धा उचित, हठ तजि हुलकर राय ॥ ९ ॥
हम मन्नहिं आसान यह, देखहु सक्ति उदार ॥
कुल्ल्या[7] जल होय न कबहु, पूरन पारावार॥ १० ॥
तब निहारि भूपति बिनय, काल१ देस१अरु काज१ ॥
दम्म कोटि इक१००००००० दंडके, रक्खे हुलकर राज ॥११॥
तीन३ अंस श्रीमंतके, चोथो४ निज करि चित्त ॥
ऐसे क्रम आमैर सन, बँटन मंग्यो बित्त ॥ १२ ॥
कतिक दम्म[9] मनि गन कतिक, भूखन कतिक नवीन ॥
करि किम्मति गज हय कतिक, दंड माँहिं तब दीन ॥१३॥
वारी संभुव१ खान२ बेलि[10], पीलु[11]पाल पकराय ॥
दम्म घटे तिनमैं दये, हरगोबिंद कहाय ॥ १४ ॥
कीलितैं[12] तब दोऊन२ करि; लै लक्खन हठ लग्गि॥
कोटि अंक१००००००० पूरन कियउ, प्रकट लोभ बस पग्गि
इत माधव कछु अध्वभैंव[13], खेद उदैपुर टारि ॥
पत्तो पत्तन रामपुर, पाय परग्गन च्यारि४॥ १६ ॥
निज पतनी रट्ठोरि लिय, दोहँद[14] लच्छन धारि ॥

१कार्य पर२व्याज(सूद)खरच करते हैं३समग्र४धन में चतुर लोकों की ॥७॥ मूल रहने से ही व्याज बढता है और मूल के मिटने से व्याज (सूद) उसके साथ ही इस तरह मिटजाता है जैसे ५ रजके (घास विशेष) को मूल सहित ले लेने से फिर ६ हरा नहीं होता ॥ ८ ॥ ६ ॥ ७ नहर के पानी से ८ समुद्र नहीं भरता॥ १० ॥ ११ ॥ १२ ॥ ९ कितनेक तो रुपये ॥ १३ ॥ १० पुनि ११ महावत को ॥ १४ ॥ १२ कैद करके ॥ १५ ॥ १३ मार्ग से पैदा हुआ ॥ १६ ॥ १४ गर्भ

कूरम उच्छव[1] तास किय, अष्टम८ मास उतारि ॥ १७ ॥
यातैं हुल्लकर संग इत, आयो नहिँ कछवाह ॥
कन्ह१ रु प्रेम१ वकील दुव२, लखनैं[2] पठाये लाह ॥ १८ ॥

॥ षट्पात् ॥

ईश्वरिसिंह निपात सुनत हुल्लकर दैल[3] मुक्कलि ॥
बुल्लिय माधव बेग बंचि पत्र सु आयो चलि ॥
संगानेर समीप रह्यो कति दिन मुकाम करि ॥
बारह१२ दिवस बिताय गयो जयनेर गर्ब भरि ॥
सुनि आत कटक जयपुर सहिन बुंदियपति१हुल्लकर२बलिय
जद्दव नरेस३ खंडुव४ सजव हत्थिन चढि सम्मुह हलिय॥१९॥

॥ दोहा ॥

जद्दव नृप गोपाल जँहँ, नगर करोली नाह ॥
मंत्र करन मल्लार सन, आयो मिलन उछाह ॥ २० ॥
वह१ अरु खंडुव इक्क१ इभैं[4], बैठि चले तिहिँ बेर ॥
प्रथम कहे ते२ रहि पृथक, फैलत फोजन फेर ॥ २१ ॥
मिले परस्पर मन मुदित, सबै बिहित[5] सतकार ॥
इक्क१ अनेकँप[6] आरुहे, माधव१ अरु मल्लार२ ॥ २२ ॥
कुम्भ कह्यो न मुहूर्त्त अब, प्रबिसैं नहिँ पुर पोरि ॥
अब प्रबिसहु हुल्लकर कहिय, सँध्या आत बहोरि॥ २३ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

इम कहि नगर प्रवेस करायो, निज महलन माधव नृप आयो ॥
पहुँचावन मल्लार-आदि सब, गये जलेबचोक लगि ए तब ॥२४॥
चढे गजन डेरन पुनि आये, बलि उत्तरि कटिबंध[8] बिहाये ॥

१ उत्सव ॥ १७ ॥ २ लाभ देखने को ॥ १८ ॥ ३ पत्र भेज कर ॥ १९ ॥ २० ॥ ४ एक हाथी पर ॥ २१ ॥ ५ उचित ६ एक हाथी पर माधवसिंह और मल्लार चढे ॥ २२ ॥ ७ फिर जया नामक सिंधिया आता है ॥ २३ ॥ २४ ॥ ८ कमरबंधे खोले

हुलकर निज बुल्ले जोमिक[1] जन, माधव अमल कियो जयपत्तन[2]२५

दोहा-संध्या पुनि राणोजि सुत, सजि दुद्दर बहु सैन ॥
जयपत्तन आयो जया, अति जव छंकत ऐन[3] ॥ २६ ॥

॥ गीतिका ॥

सुनिकैं जया जयनैर आवत हड्ड १ कूरम २ हू चढे ॥
दलमैं नकीवन दोरि आरव[5] जान संम्मुहके[4] पढे ॥
सह भूप जद्दव १ पुत्र खंडुव २ लै मलार १ हु संक्रम्यौं[6] ॥
इम च्यारि ४ चक्कन[7] चालतैं भय च्यारि ४ चक्कनमैं भ्रम्यौं[8]२७
मुदपाय मुत्तियडुंगरी तक जाय सम्मुह ए मिले ॥
सब पुच्छि मंगल माँहि माँहिं बहोरि पत्तन त्यौं पिले ॥
अरु चंदपोरि मुकाम अप्पन दै जया तँहँ उत्तर्‌यो ॥
पुनि मंत[9] मित्त[10] मलारतैं दम[11] बित्त बंटनको कर्‌यो ॥ २८ ॥
तबही मलार पचीस लक्ख२५०००००लये ति[12] दोउ२न बंटये
श्रियमंतके पुनि पंचसप्तति लक्ख७५०००००दक्खिन प्रेरये ॥
अरु जैपुरेस दुहून २ सौं महिमानि जिम्मनकी कही ॥
सुनिये महीपति राम जो इक१ हाँ चही इक१ नाँ चही ॥२९॥

दोहा-हुलकर १ बत्त सु अद्दरिय, पै संध्या १ किय नाँहिं ॥
छुल्ल्यो जैपुर देत बिख, मिट्ठी[13] कहि खिनमाँहिं ॥ ३० ॥
देखि रीत बुंदीसकी, आरंभत तुम एह ॥
पै हड्ड अकपट प्रथित[14], गाढ कुहक[15] यह गेह ॥ ३१ ॥

हुलकर ने जयपुर के खजानों पर अपने १ पहरायत रक्खे थे सो बुलालिये २जयपुर में ॥२५॥ ३मार्ग को ॥ २६ ॥ ५ सम्मुख जाने के ४ शब्द पढे ६ चला ७ चतुरंगिणी सेना के चलने से ८ चारों दिशाओं में भय फैला ॥ २७ ॥ ९ मंत्र. अपने १० मित्र मलार से जया ने ११ दंड के धन को बांट लेने के लिये कहा ॥ २८ ॥ १२ते (वे) ॥ २९ ॥ १३ मीठी वार्ते कहकर ॥ ३० ॥ १४ कपट रहित प्रसिद्ध हैं १५ जयपुर का घर बडा छली है ॥ ३१ ॥

॥ षट्पात् ॥

सोदर[1] कहँ जयसिंह अग्ग हालाहल अप्पिय ॥
मारे पुत्र[2] रु मात[3] तदपि पप्पिय[4] नन तप्पियं[4] ॥
मानें हनिय मारूफ[5] जलधि[6] बिस्वास निमँज्जत ॥
ढुंढाहरके ढोल बिदित याही गति बज्जत ॥
तातैं न हमहि निश्चय तुलत स्वागत हम मन्न्यौं सकल ॥
कछु बित्त तुरग पुनि भेट करि कुंच करावहु छोरि छल ॥३२॥
तदनंतर मरहट्ट ढंग[8] अंतर[9] दूजे दिन ॥
क्रय[10] बिक्रय कछु करन बहुत प्रविसे संका बिन ॥
तिनकी बंधन तोरि इक्क १ बड़वाँ[11] पुर आई ॥
सो सेखाउत सठन छन्न ग्रह बंधि छुपाई ॥
लखि ताहि खुल्लि लावन लगे उन तब झारिय खग्ग झँर[12]॥
यह इक्क मचिग पत्तन अखिल अरु द्वारन लग्गे अँरर[13] ॥३३॥
सुनत सोर गहि सजव लोक पत्थर असि लट्ठन ॥
पुरके मिलि मिलि प्रचुर लगे मारन मरहट्ठन ॥
है जन च्यारि हजारि ४००० च्यारि तिनके बिभाग करि ॥
अंस तीन ३ असुहीन[14] भये लवं[15] इक १ घाय भरि ॥
बाहिर गये ति पुरजन बहुत भजत हनैं दक्खिन भट्टन ॥
बुंदीस कटक आय रु बचे करि कितेक अतिजंव[16] अटन ॥३४॥

॥ दोहा ॥

आनत बाँमी[17] अप्पनी, दक्खिन लोक अदोस ॥

१सगे भाई विजयसिंह को २जहर दिया था ३तो भी पापी ४तृप्त नहीं हुआ ५मानसिंह ने ६ विश्वास रूपी समुद्र में ७डूबते हुए को ॥३२॥ ८जिस पीछे ९नगर में १०लेन देन को ११घोड़ी बंधन तुड़ाकर शहर में चली आई १२ शीघ्र तरवार चलाई १३दरवाजों के किवाड़ लगगये ॥ ३३ ॥१४तीन पांती के मारेगये १५एक पांती के घायल हुए १६ शीघ्रता से भगकर ॥ ३४ ॥ १७ अपनी घोड़ी लाने में

अपराधी जैपुर जनन, रच्यो *अलीकहि रोस ॥ ३५ ॥
मनुज समर्थनके मरत, तक्क्यो माधव त्रास ॥
भावी निज चिंतत भयो, संतत[1] हारि निसास ॥ ३६ ॥
हुलकरराज समीपहो, कुम्म[2] सचिव इहिं काल ॥
प्रान बचन पायन पर्यो, बनिक सु कन्ह बिहाल ॥ ३७ ॥
देखि ताहि हुलकर सदय[3], बुंदिय सचिव बुलाय ॥
अक्खी संभर पास इहिं, धरहु जिवावन जाय ॥ ३८ ॥
दक्खिन जन नहिं[4]तो दुमन, अब आयसं इच्छै न ॥
ढुंढत जन ढुंढारके, हनत फिरत रुकिहै न ॥ ३९ ॥
मयाराम१ कायत्थ तब, दयाराम२ द्विजराज ॥
पत्ते लै बुंदीस प्रति, कन्ह जिवावन काज ॥ ४० ॥
संध्या कुप्पित[5] एह सुनि, बिरचन[6] जैपुर बाध ॥
बहु माधव थप्पिय बिनय, अप्पिय तब अपराध ॥ ४१ ॥
प्रचुर[7] बित्त लिय दंड पुनि, अरु पठई कहि एह ॥
यहँ[8] भेजहु घायल अखिल, दाह करहु मृत[9] देह ॥ ४२ ॥
जन हजार१००० घायल जबहि, दल पठाय सब दिन्न ॥
तिन सहँस३०००कुणपन त्वरित, क्रम्म उचित बिधि किन्न ४३ ॥
गढके गोलंदाज इक१, दिन्नी तोप दगाय ॥
निज रुचिसों कि निदेससों, जानी सो नहिं जाय ॥ ४४ ॥
फुरत[10] वन्हि पर[11] फोजमैं, लग्गयो गोलक लोल[12] ॥
बहुरि तास बिग्रह बढ्यो, कूरम चुक्यो कोल ॥ ४५ ॥
कुंच तबहि दुव२ सेन करि, संध्या१ हुलकर१ सत्थ ॥

---

* झूठा क्रोध रचा ॥३५॥ १निरंतर ॥३६॥ २माधवसिंह का कामदार॥३७॥ ३ दया सहित ॥ ३८ ॥ ४ हुकम नहीं चाहते ॥ ३९ ॥ ४० ॥ ५ सिंधिया कोपित हुआ ६नाश करने को ॥ ४१ ॥ ७फिर दंड का बहुत धन लिया ॥ ४२ ॥ ८सेना में भेज दिये ९ मुरदों का ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ १० अग्नि लगते ही ११ पराई (मरहठों की) सेना में १२ चपल गोला लगा ॥ ४५ ॥ ४६ ॥

अंकरोर जाय रु भये, संगर रचन समत्थ ॥ ४६ ॥
धुज्जि तबहि जयनैर धंव, संध्या१ हुलकर१ पास ॥
गोलंदाजहिँ लै गयो, आतुर नम्र उदास ॥ ४७ ॥
बुल्ल्यो इहिँ किय हुक्म बिनु, है मम दोस यहै न ॥
दोऊ२ तुम सागस दमन, नमनैं किये हित नैन ॥ ४८ ॥
बिनय पिक्खि दोउश्न बहुरि, दुव लक्ख२०००००हि लिय दम्म ॥
आगसैं किन्नों माफ वह, कारिय कुंच जय कम्मैं ॥ ४९ ॥
आयो तब करि सिक्ख इत, निजपुर संभर नाह ॥
टौंका जैपुर बुक्कलिय, रक्खि सनातन राह ॥ ५० ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणे सप्तम ७ राशावुम्मेदसिंहचरित्रे बुन्दीशकूर्म्मशुद्धान्तत्रासध्वंसनकोटि १००००००० द्रम्म कूर्म्मदण्डदापनरामपुरेशमाधवसिंहपत्नीरट्ठोडिदोहदलक्षणसीमन्तोत्सवकरणप्राप्तमल्लारपत्रतज्जयपुराऽऽगमनराज्यप्रापणाऽनन्तरसन्ध्याजयाऽऽगमनकूर्म्मगृहभोजनानङ्गीकरणवड़वानिमित्तबहुलमहाराष्ट्रजनमरणातत्क्रुद्धहुलकर १ सन्ध्या२ पुनर्दण्डनयनकूर्म्मनिजनालीयन्त्रप्रेरकतन्निवेदनपुनर्नीतलक्षद्वय २००००० द्रम्मदक्षिणसैन्य

१जयपुर का पति ॥४७॥ तुम दोनों २ अपराधी को दंड देनेवाले हो ३ हित के नेत्रों से मैंने नमस्कार किया है ॥ ४८ ॥ ४ अपराध ५ जय करने को ॥४९॥५०॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के सप्तमराशि में, उम्मेदसिंह चरित्र में बुन्दी के पति का कछवाहे के जनाने के त्रास को मिटाना और कछवाहे को दंड के कोड़ रुपये देना १ रामपुरा के पति माधवसिंह की स्त्री राठोड़ी का गर्भ के आठ मास का उत्सव करना २ मल्लार का पत्र पाकर उस (माधवसिंह) का जयपुर आना और राज्य पाये पीछे जया नामक सिंधिया का आना ३ कछवाहे के घर में भोजन करने का अस्वीकार करना और घोड़ी के कारण बहुत मरहठों का मरना, उस क्रोध से हुलकर और सिंधिया का फिर दंड लेना ४ कछवाहे का अपनी तोप को चलानेवाले को नजर करना, फिर दो लाख रुपये लेकर दक्षिण की सेना का गमन और रावराजा का बुन्दी आना [illegible]की सामग्री जयपुर भेजने का उनचालीसवां मयूख समाप्त हुआ॥३९॥

प्रस्थानरावराडूबुन्दीऽऽगमनतिलकोपहारजयपुरप्रेषणामेकोनचत्वारिंशो ३९ मयूखः ॥ ३९ ॥ आदितः ॥३२०॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा॥

॥ पादाकुलकम् ॥

इत मनसूरअली अभिधानक, अहमदसाह बजीर अचानक ॥
पठयो कटक रचन घमसानन, हनन फुरक्काबाद पठानन ॥ १ ॥
नवलराय कायथ सेनानी, तिँहिँ इत जाय रारि तब तानी ॥
बंगस खानमुहम्मद बीबी, गज्जैं उतहु धरैं न गरीबी ॥ २ ॥
अवलोपन नहिँ नैंक उघारैं, राज्य फुरक्काबाद सम्हारैं ॥
नवलराय तिँहिँ सन किन्नौं रन, नारि सबल बस तदपि भई नन।३।
कायथ तब करि सपथ संधि किय, दै बिसास दल तास लुट्टि लिय
बीबी तिँहिँ दुव२मास हारि बलि, किन्नों आनि बजीर हिंतु कलि४
नवलराय कायत्थ हन्यौं तब,सहँस पचास५००००कटक लुट्ट्यो सब
लखि यह भीरु बजीर पँलायो, अति आतुर दिल्लिय पर आयो ॥५॥
कछु रुप्पय तिँहिँ दैन कहाये, बलि सहाय मरहट्ट बुलाये ॥
आकाश में छायेहुए भाले ऐसी शोभा देनेलगे मानों १ यज्ञ में खड़े किये हुए डाभ (दर्भ) नहीं समाये, धनुप की टंकार करके भय रचाते हैं सो मानों २रुई में पिंजण ३ झणकार करती है ॥ ३७ ॥ टोप और कवचों की जुड़ी ४ पंक्ति चमकती है सो मानों सेना के साथ काले रंगवाली ५ घटा चली है और मस्त हाथियों पर ध्वजा ऐसी शोभा देती है मानों पर्वतों पर सरूके ६ वृक्ष खड़े हैं ॥ ३८ ॥ विजय करने को ७ छड़ीदारों की पंक्ति आगे बोलती है जिनके हृदय स्नेह से फूलकर हरोल को ८ आगे बढाते हैं ९ दमामी (ढोली) साथ लगकर बड़े राग के दोहे लगाते हैं और प्रशंसा के योग्य रौद्र रस के स्थायी क्रोध और वीर रस के स्थायी उत्साह को जगाते हैं ॥३९॥ १० लगामों में तुले हुए ११घोड़ों के कांधे ऐसे जाते हैं मानों१२धनुप की प्रत्यंचा में बंधे हुए, १३ हरिण जाते हैं अथवा धनुप की प्रत्यंचा में हरिणों को बांधने जाते हैं १४ऊंची होती हुई छाया को देखकर चमक कर उडते हैं और हिलते हुए कान १५ कतरणी की बराबरी करते हैं ॥४०॥ १६पत्थरों पर खुरतालें लगकर अग्नि कणों की ज्वाला उडती है सो मानों जुगनुओं (आगियों) की पंक्ति उडती १७ दीखती है. फूले हुए फुरणों में श्वास चलता हुआ शोभा देता है सो मानों १९बिना टिकड़ी (सुलफे) का १८ ग्रामीण लोगों का हुका फूकता है ॥ ४१ ॥ अथवा जैसे २१कालबेलिये के हाथ में पकड़ा हुआ २० सर्प फुंकार करे तैसे तथा जैसे वृषभ (बैल) की २२ नासिका में २३ नाथ (नाककी रस्सी) पोई होवे

उदै अक्कको चक्क यौं सज्जि आयो लये बिंटि मैनाँ मनो
मेघ छायो ॥ ४२ ॥

॥ दोहा ॥

मैंननके सब खेट इम, बिंटिलये नृप जाय ॥
सुनत वेहु सज्जित भये, बल खल अतुल बढाय ॥ ४३ ॥

॥ षट्पदी ॥

कर मक्खर कोदंड उभयर मक्खर गुन ओपित ॥
उपासंग दृढ उभयर पिट्ठि पूरन आँरोपित ॥
कटि अय कठिन कटार वेसन दारिमं मसि रंगिय ॥
सिखिचंद्रक धवपत्र कालितें सिर ललित किलंकिय ॥
अपिहितं कपाल फैंटा गरद कहिकहि डुडुवं लरन किलं ॥
बंसिय बजात अपसव्य कर किलकारत आये कुटिल ४४
स्योस्यों करि सिव सुमिरि भये सन्नुद्ध मैंनन गन ॥
इततैं संभर भटन बाजि पटकिय मिलाय मन ॥
उततैं तीरन ओघ संगि इततैं घट सारत ॥
हनन सेन उत हक्क इत सु पक्करन उच्चारत ॥

और यो फुंकार करे तैसे करते हैं १ सूर्य के उदय होते ही इसप्रकार की २ सेना सजकर आया और जैसे मेघ छावै तैसे छाकर मैनों(मीणों) को घेरलिया ॥ ४२ ॥ १ सब खेड़ों को घेरालिये ॥ ४३ ॥ उन मैंनों के हाथ में ४ मक्कर [बांस] के धनुष और ५ बांस की ही दो दो प्रत्यंचा शोभायमान हैं ७ बाणों से भरे हुए पीठ पर दो दृढ ६ भाथे लगेहुए ८ कमर में कठिन लोह का कटार और १० दाड़िम की स्याही में रंगे हुए ९ वस्त्र, मस्तक पर ११ मयूर के पंखों और धोकड़ा के वृक्षों के पत्तों की अथवा धावड़ा नामक वृक्षों के पत्तों की १२ लगाईहुई सुंदर किलंगियें १३कपाल नहीं ढकैं ऐसे गोलाकार बंधेहुए मस्तक पर फैंटे जो१५निश्चय ही१४डूडू शब्द कहकर लड़नेवाले (खैराड़ के मीणों का युद्ध प्रारंभ करने का यह सांकेतिक शब्द है १६ दहिने हाथ से वंशी बजाते हुए वे कुटिल किलकारी करके आये ॥ ४४ ॥ १७ स्योस्यो नाम से शिव का स्मरण करके १८ मीणों का समूह १९ उधर से तीरों का समूह २० इधर से बरछियें

कटि रुंड मुंड लंप पय किरत गिरत चाप जीवा जटित ॥
खननंकि वाढ आयुध खिरत फिरत तूंन जित तित फटित४५
उलटिजात असवार पलटि तुक्खार प्रवीरन ॥
ए खंडत तिन्ह अनखि जुलम मंडत वे तीरन ॥
जाम जुगल२ इम जुज्झि निवल अव खल सिर नावत ॥
परे आनि नृप पयन सयनँ जोरत अकुलावत ॥
पहु अजितसिंह यह रन प्रथम करि इम मैंनन जेर किय ॥
लुटवाय खेट बारह१२लये बरस अढारह१८ वय बलिय४६

॥ दोहा ॥

चोरी गोवध आदिके, मैंनन लिखित कराय ॥
सबके सस्त्र गिरायकैं, दिय कृषिकर्म लगाय ॥ ४७ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणेऽष्टम८राशावजितसिंहचरित्रे सपत्नीकश्रीजिदुम्मेदसिंहपुष्करस्नानभूपबहादुरसिंहतत्कृष्णगढाऽऽनयनश्रीजि १ द्राणा २ ऽरिसिंह२ सम्मिलननासरदामार्गनिजाऽऽश्रनाऽऽगमनबुन्दीन्द्रप्रथम १ महाराजकुमारप्रतापसिंहोद्भवनज्ञातकृष्णगढराणाऽतिवासरुद्धतत्पट्टपपुत्रहम्मीरसिंहसन्ध्युपाख्ययवनशीपोंहभूमिभागधेयानिग्रहस्वभृत्यास्वापतेयाऽऽदानरावराडजित–

शरीरों को वेधती हैं १ हाथ पग गिरते हैं २ प्रत्यंचा से जड़ेहुए ३ फटेहुए आधे फिरते हैं ॥ ४५ ॥ ४वीरों के घोड़े पलटकर ॥ ३८ ॥ ५दो पहर पर्यन्त इस प्रकार लड़ कर ६ मस्तक झुकाकर ७ हाथ जोड़ कर ८ बारह खेड़े लुटवालिये ॥ ४६ ॥ ९ खेती के काम में लगादिये ॥ ४७ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टमराशि में, अजितसिंह के चरित्र में, स्त्री सहित श्रीजित् का पुष्कर स्नान करना और कृष्णगढ़ के राजा बहादुरसिंह का उसको कृष्णगढ लाना १ श्रीजित् का राणा अरिसिंह से मिलना और नासरदा के मार्ग से अपने आश्रम को आना २ बुन्दीपति के प्रथम राजकुमार प्रतापसिंह का होना और राणा का कृष्णगढ में अत्यन्त रहना जानकर उसके पाटवी पुत्र हम्मीरसिंह को रोककर सिंधी नामक यवनों का शीपोदियां की भूमि का हासिल ले अपनी तनखा का धन लेना ३

सिंहपुनर्मैंणागणविध्वंसनशस्त्राभ्यासपूर्वकस्तेय १ गोवधा२ऽऽदिरो धतल्लेखलेखनं प्रथमो १ मयूखः ॥ १ ॥ आदितः ॥ ३४१ ॥

॥ प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

अग्गैं बिनु अपराध जोरजुत, ग्राम सुहाके इक सगताउत ॥
हन्यौं इहि तस बैर चिंति यँहँ, तमकि भूप अव दल हंकिय तँहँ ॥१॥
मानपुरा१ रु सुहा१ निवसथ दुव२, मारि बिडारि बिजय लिन्नौं ध्रुव
बहु सीसोद पक्करि करि बिनु मद,आयउ पुर थानौं निज जनपद।२।
तँहँ नरेस किय यह बिचार मन, इततैं नाँहिं रुकत गैनैंजन ॥
यातैं कहुँक बिहित गढ बंधैं, इत तातैं चोरन चित रंधैं ॥ ३ ॥
बिल्लहटा१ मेवारँ ग्राम जँहँ, पिक्खयो उचित बनायो गढ तँहँ ॥
रानाँ सन यह वत्त कहाई, इततैं रुक्कंत न तेय उपाई ॥ ४ ॥
यातैं यह तुमरो निवसथ लिय, हम तँहँ दुष्ट दमन गढ बंधिय॥
अपरं लेहु हमसौं तुम या सम, करहिं रुद्ध यातैं तसकरक्रम ॥ ५ ॥
बिल्लहटा इम गढ बंधायउ, गढपति रक्खि रु बुंदिय आयउ ॥
बसु लोचन धृति १८२८ सक तदनंतरँ, एकादसि ११ ससि राध त्रि सद पर ॥ ६ ॥
गो नृप वंसवहाला व्याहन, सुहृद जन्य सजि अतुल उछाहन ॥
राउल पृथ्वीसिंह सुता प्रिय, बखतकुमारि अभिधान व्याहि लिय

रावराजा अजितसिंह का फिर मैनों के समूह को नाश करना और शस्त्रों के प्रहारों से नाश करके चोरी और गोवध आदि रोकने का उनका लेख लिखाने का प्रथम १ मयूख समाप्त हुआ ॥१॥ और आदि से तीनसौ इकतालीस ३४१ मयूख हुए ॥

॥ १ ॥ १ ग्राम २ अपने देश में ॥ २ ॥ ३ ॥ ३ चोरी करनेवाले ॥ ४ ॥ ४ ग्राम ५ दूसरा ६ चोरों का चलना ॥ ५ ॥ ७ जिसपीछे ८ वैशाख सुदि ॥ ६ ॥ ९ मित्रों की बराती (जनेती) सजकर १० नाम ॥ ७ ॥

लगन दिवस बिलहटा सिर हुत, चढे जाजपुरके रानाउत ॥
सुनि श्रीजित चिंतिय विचार चित, कुंदिय भूप गयो ब्याहन हित॥८॥
इत सु लैन बिलहटा आये, रानाउतन बिरोध रचाये ॥
नृप संधा बिगरैं सु न अच्छी,श्रीजित सोचि चढ्यो तब कच्छी॥९॥
श्रीजित संग चढी खिल सेना, मानहु सत्थ हिमालय मेना ॥
परे जाय रानाउत दल पर, कतल मची जनु काल प्रलयकर॥१०॥
चलन लगे सर संगि तुपक असि,लगे फिरन गोमायु गिद्ध लसि॥
भेजा भचकि उडत आकासहिं,लोल रचत कंदुक जनु लासहिं॥११॥
ओपित धनुख बान संधित इम, उत्तरकुरु बिच अमरनदी जिम ॥
ब्रह्मपुरी जिम पुंख बिराजत, सैलन पर संपर्व सर साजत ॥ १२ ॥
भल्ल उदधिसंगम गति भासैं, ताहि लखत भीरुन गन त्रासैं ॥
तुपकें चलाय भरत हठि हेरत, गोखी बिच कि बीज कृखि गेरत॥१३॥
परत मरत कति मात पुकारत, अकुलावत कुक्कत अति आरत ॥

१बीलहटा ग्राम पर॥८॥२ राजा की प्रतिज्ञा३घोड़े पर चढा॥९॥ अजितसिंह की बरात में गये पीछे४बाकी बची जो सेना श्रीजित् (उम्मेदसिंह)के साथ चढी सो मानों हिमालय के साथ मेना नामक उसकी स्त्री हुई ॥१०॥ तीर, बरछी, बंदूक और तरवारें चलनेलगीं ५ गीदड़ शोभित होकर फूलने लगे, मस्तकों की टक्कर होकर आकाश में उडते हैं सो मानों ६ चपल गैंद ७ नाच करते हैं ॥ ११ ॥ धनुष में संधान किया हुआ बाण ऐसा शोभा देता है जैसे ८ उत्तरकुरु देश में ९ गंगा नदी शोभा देती है "उत्तरकुरु धनुष के आकार टेढा है" १० काशी पुरी के समान उस (गंगा रूपी) बाण के पंख शोभा देते हैं अर्थात् पंख तो काशी पुरी है और गंगा के मार्ग में आनेवाले पर्वतों के समान ११ गांठों सहित बाण शोभा देता है अर्थात् तीर की गांठें ही पर्वत हैं ॥ १२ ॥ १२ तीर की भाल (फल) है सो ही गंगा का और समुद्र का संगम दीखता है जिसको देखते ही पाप के समान १३ कायरों का समूह डरता है "यहां गंगा के योग से पाप की तर्जना ऊपर से की जाती है" १४ बंदूक को चलाकर हठ पूर्वक पीछी भरते हैं सो मानों १५ ऊरे (बीज डालने की बांस की नळी) में खेती का बीज डालते हैं ॥ १३ ॥ गिरते हुए और मरतेहुए कितने ही लोग माता माता पुकारते हैं और अत्यन्त १६ पीडित होकर कूकते हैं मेत नेत्रों रूपी

चक्खत प्रेत नयन *शृंगाटक, निधरक रचत अछकछक नाटक१४
फटिफटि निकसि †झोम फहरावत, ‡दर्पी मह रसना कि दिखावत॥
ऊरध होत बहत §असि ऐसैं, जान्हवि धार मेरु सिर जैसैं ॥१५॥
प्रभु श्रीजित अरि बहु इम पारे, बनिजारन टंडा जनु डारे ॥
सेननसहित [1]अयुत रानाउत, देखि हत्थ तजि [2]रखत भजे द्रुत ।१६।

॥ दोहा ॥

बहु सीसंक[3] बारूद बलि, तुपक [4]नालि जंबूर॥
इत्यादिक सगुन सिबिर, सकल छिन्निलिय सूर॥ १७ ॥
बिल्लहटाके दुर्ग बिच, रखत वहै सब रक्खि ॥
पहुँच्यो आश्रम गेहपतिहि, अप्पहु भरि यह आक्खि॥
करि उपयम दुलहनि सहित, अजितसिंह इत भूप ॥
भैंसरोरगढ कुंभकारि, आयो रूप अनूप॥ १९ ॥
जो माहजि उज्जैन रन, गइयो चौंडहर मान ॥
तिहिँ अहिमानी भंसम करि, रक्ख्यो तहँ चहुवान ॥ २० ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

अग्ग रान जगतेस चौंडहर, सलूमरीस कुबेर सहोदर ॥
लाल नाम सोलह[12]१६सम थप्प्यो, अरु तिहिँ भैंसरोरगढ अप्प्यो२१
भो नृप जब अरिसिंह छत्र धरि, तब वह लाल बुलायो अहरि ॥

* सिंघाड़े चलते हैं और पूर्ण तृप्त होकर निर्भयता से नाटक करते हैं ॥१४॥ पेट फटफट कर † तिल्ली बाहर निकलती है सो मानों ‡ कामी महिष (भैंसा) जीभ दिखाता है "कामी भैंसा भैंस के मूत्र स्थान को सूंघकर जीभ निकाला करता है" § तरवारें ऊंची होकर ऐसी बहती हैं मानों सुमेरु के शिखर से गंगा की धारा बहती है ॥ १५ ॥ श्रीजित् ने इस प्रकार बहुत शत्रु मारे सो मानों बनजारों ने बालध डाली है १ दश हजार २ सामग्री छोडकर ॥ १६ ॥ ३ शीशा ४ तोपें ॥ १७ ॥ ५ बीलहटा के किलेदार से कहा कि ६ ये सामान भर कर देना ॥ १८ ॥ ७ विवाह ८ दुलह ॥ १९ ॥ ९चूंडावत मानसिंह १०हठ करके ॥ २० ॥ ११ आगे १२ लालसिंह को सोलह उमरावों के समान ॥ २१ ॥

अक्खी पुर बग्घोरं पधारहु, मं.मक नाथ पितृव्यक मारहु ।२२।
पुरबग्घोर सुनत गो पापी, धिग्करि द्रोह मिलनको थापी ॥
नाथ कहिय तुमरो बिस्वास न,पठवहु कहि आवहु मम पास न२३
सिव इकलिंग लाल तव दिच दिय, कपटी पुनि अंदर प्रवेस किय॥
नाथं करत सिव पूजन पायो, लाल तास सिर तोरि गिरायो २४
ताको सुत यह भैंसरोरपति, मानसिंह अभिधान भीरुं मति ॥
इहिं कारि हठ रक्खो नृप आवत, पुनि सु डरयो गढबिच पधरावत

॥ दोहा ॥

सामग्री तब गोठिकी, दिन्नी सिंविर पठाय ॥
गृह न दिखायो बंहम बस, जिन इनके गढ जाय ॥ २६ ॥
सरिता चम्मलि बंभनी, दोउन२ संगम तत्थ ॥
अट्ठोत्तरसत १०८ धेनु दिय, संभर नाह समत्थ ॥ २७ ॥
चढि प्रातहि दरकुंच रचि, रनपट्टु संभर राय ॥
सक वसु दग धृति १८२८ सुंक्रसैं, प्रविस्यो बुंदिय आय।२८।

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणेऽष्टमराशावजितसिंहचरित्रे स्मृतपुरातनबन्धुवैररावराजमानपुर १ सुहा २ ग्रामेशाऽऽदिशीसोदनिग्रहणस्वराष्ट्रधाणापुराऽऽगमनराणाग्रामविझहटास्वदुर्गबन्धनतत्स्पर्द्धिग्रामानिविविदिषुराणाऽलुनयनकुन्त्यागतप्रस्थितरावराड्वंशवहालापुरेशशीसोदराउलपृथ्वीसिंहदुहितोद्वहनपश्चाद्राणाउत्तसैन्य

१पागोर में जाकर २ मेरे काका नाथसिंह को मारो ॥ २२ ॥ २३ ॥ ३ लालसिंह ने ४ नाथसिंह ॥ २४ ॥ ५ कायर ॥ २५ ॥ ६ डेरों में भेजदी ७ सन्देह से ८ यह गढ कहीं इनके न चलाजावे ॥ २६ ॥ ९ चामल और पावणी नदी के संगम पर ॥ २७ ॥ १० ज्येष्ठ मास में २८ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टमराशि में, अजितसिंह के चरित्रमें, पहिले का भाई का वैर याद करके रावराजा का मानपुरा और सुहा के पति शीसोदियों को पकड़ना और अपने देश धाणापुर में आना १ राणा के ग्राम पीलाहटा में अपना गढ बांधना और उसकी बराबर का ग्राम निश्चय

विल्लहट्टावेष्टनश्रुतशात्रवश्रीजितत्समायोधनकृतविजयस्वाश्रमाऽऽगमनस्वीकृतचुण्डाउत्तमानसिंहसत्कारसम्भरेशस्वपुरप्रविशनं द्वितीयो २ मयूखः ॥ २ ॥

आदितः ॥ ३४२ ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

ऋतु पाउस अंतर *तदनु, नृपकै कुमर प्रताप ॥
कृष्णगढप दौहित्र वह, गत हुव रोग अमाप ॥ १ ॥
तदनंतर याही बरस १८७८, सित दसमी१० इसमास ॥
पतनीजुत श्रीजित चल्यो, प्राची तीरथ आस ॥ २ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

प्रथम गयो केसवपुरपट्टनि, न्हान१ दान२ किय तत्थ उचित भनि॥
इसके अंत ग्रहन ससिके पर, सुबरन१ भूमि२ दये पुनि संभर॥३॥
इंदगढाधिप भक्तराम जँहँ, आयो मिलन लैन संभर कँहँ ॥
प्रसभपुब्ब करजोरि अरज करि, स्वीय निलय लैगो हित अनुसरि ॥ ४ ॥
तँहँ श्रीजित दुव२ रत्ति बिताई, पुनि ब्रजभूमि हंकि द्रुत पाई ॥
गिरि गोवर्द्धन दीपमाल दिन, न्हान२दान२किय कथित द्दुइन॥५॥

ही खेड़े ने को राणा का विनय करना २ बुन्दी आकर प्रस्थान करके रावराजा का पांखबाड़ा पुर के पति सीसोदिया रावल पृथ्वीसिंह की पुत्री से विवाह करना और पीछे से राणावतों की सेना का पीलहट्टा को घेरना सुनकर उन शत्रुओं से श्रीजित् का युद्ध करना और विजय करके अपने आश्रम में आना३ चुंडावत मानसिंह का सत्कार स्वीकार करके रावराजा का अपने पुर(बुन्दी) में आने का दूसरा २ मयूख समाप्त हुआ ॥२॥ और आदि से तीन सौ बियालीस ३४२ मयूख हुए ॥

*जिसपीछे॥१॥१आश्विन मास में२पूर्वदिशा के तीर्थों की आशा से ॥२॥३आसोज सुदि पूर्णिमा को ॥३॥४हठ पूर्वक५अपने घर॥४॥६द्वाडाओं के पति ने ॥५॥

पुनि मथुरा करि उचित रीति सब, अतुल दान वृंदावन किय अब
पुनि दरकुंच कडामानिकपुर, सुरतटिनी न्हायो संभर सुर ॥ ६ ॥
करि उपवास१ दान२ विधि संजुत, दरकुंचन पहुँच्यो प्रयाग द्रुत॥
वपन३१ न्हान२ उपवास३ दान४ विधि, करि अरु कृपन लयो कासी निधि ॥ ७ ॥
चेतसिंह कासीपुर भूपति, लैगो सम्मुह आय महामति ॥
तँहँ निज धाम राजमंदिर रहि, चतुर समस्त उचित सद्धिय चहि।८।
अजितसिंह बुंदीस भूप इत, आयो नगर इंद्रगढ धरिहित ॥
तब सम्मुह कल्ल्यानखेट तक, भक्तराम पहुँच्यो भट नायक॥९॥
लैगो नृपहिं बधाय निजालय, रक्ख्यो अति सतकारि निपुन नय॥
तँहँ जेठो भट भक्तराम सुत, कुमर नाम सनमान बिनय जुत।१०।
ताहि बुलाय भूप हड्डन पति, अभ्युत्थान दयो अद्दरि अति ॥
यह नवीन किन्नौं नृप आदर, आयो रहि दिन पंच५निज नगर।११।
उदयनेर इत संधी जवनन, हँक लिय चुकि मेवार मुलक सन ॥
छर्लासिसुमैं न मिले करि मानहिं, लैन गयो ति कृष्णगढ रानहिं१२
कछुदिन रान बिसास न किन्नौं, पुनि संधिनको आसय लिन्नौं॥
तब अरिसिंह चल्यो निज देसहिं, स्वसुरहु गो पहुँचान नरेसहिं१३
निज जनपद रानहिं प्रबिसायो, तब रट्ठोर कृष्णगढ आयो ॥
इत जसवंत देवगढ स्वामी, हुव छँलवाल सहाय हरामी ॥ १४ ॥
पृथ्वीसिंह भूप कूरमपति, निज दौहित्र जानि रचि विन्नति ॥
सुत लघु सहित जाय जैपुर सठ, अरिसिंहहिं मारन मंड्यो हठ१५
राजसिंह हम्मीरदेव हर, सेनापति फोरयो तँहँ सत्वर ॥
जट्टनकौं तजि कछुक अनख लहि, समरू हुतो फिरंगी तत्थहि१६

१गंगा नदी २ देव ॥ ६ ॥ ३ मुंडन ४ उस कृपण ने काशी रूपी निधि को ली ॥ ७ ॥ ८ ॥ ९ ॥ ५ अपने घर ॥ १० ॥ ६ ताजीम ॥ ११ ॥ ७ तनखाह ८ रत्नसिंह में ॥ १२ ॥ १३ ॥ ९ अपने देश में १० रत्नसिंह की सहाय ॥१४॥१५॥१६॥

सो पठयो अरिसिंहहिँ मारन, कुप्पि चल्यो समरू रन कारन ॥
दै कछु दम्म मिलाय ताहि लिय, रान[१]रु समरू[२]भये मित्रप्रिय१७
रान साम पंडेर ग्राम करि, भरतपुरहि पुनि गो सु गर्व भरि॥
इत अरिसिंह उदैपुर आयो, संधिनजुत निज अमल जमायो ॥१८॥
भीम[१] सलूमरि नाह हुकम लहि, चुँडाउत आयो किल्ला चहि ॥
कछु छलकरि सिं[२]सु सचिव डरायो, खाली गढ चित्तोर करायो१९
तदनु[३] रान पठयो बुंदिय दल, बिल्लहटा तुम लयो अप्प बल ॥
रक्खन ताहि चित्त जो लावहु, तो यँहँ सेवन अनुज[५] पठावहु॥२०॥
रुप्पय लक्ख१०००००पटा तिहिँ दै हैं, बिल्लहटाहु[६] दत्त गिनि लैहैं॥
यह सुनि नृप निज अनुज बहादुर, पठयो दै भट संग उदयपुर२१
काका अर्ज्जुनसिंह रान तँहँ, पठयो सम्मुह सुनत हड्ड पँहँ ॥
दै तिहिँ पटा सुभट निज थप्प्यो, बिल्लहटासु तदँपि[७] नहिँ अप्प्यो२२

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणेऽष्टम ८ राशावजित सिंहचरित्रे बुन्दीन्द्रमहाराजकुमारप्रतापसिंहदेहत्यजनश्रीजित्प्राची तीर्थयात्राप्रस्थानहड्डेन्द्रेन्द्रगढगमनभक्तरामकुमरसन्मानसिंहाऽर्थाऽभ्युत्थानाऽर्पणानीतभृत्याद्रम्मसन्धियवनकृष्णगढगमनराणाऽरिसिंहमेदपाटाऽऽनयनजयपुरगतसपुत्रदेवगढेशचुण्डाउत्तजसवन्तसिंहराणानिपातविचारणाफिरङ्गिसमरूमेदपाटप्रेषणातदरिसिंहमैत्रीकरणा

॥ १७ ॥ १८ ॥ १ सलूमर का पति भीमसिंह २ रत्नसिंह के सचिव को ॥ १९ ॥ ३ जिसपीछे ४ पत्र ५ छोटे भाई को नौकरी करने भेजो ॥ २० ॥ ६ दियाहुआ गिन लेवेंगे ॥ २१ ॥ ७तो भी बीलहटा नहीं दिया ॥ २२ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टम राशिमें, अजितसिंहके चरित्र में, बुन्दीपति के कुमर प्रतापसिंह का मरना और श्रीजित् का पूर्व दिशा के तीर्थों को जाना १ हाडाओं के पति का इन्द्रगढ जाना और भक्तराम के कुमर सन्मानसिंहको ताजीम देना२ तनखाह के रुपये ग्रहण करके सिन्धी यवनों का कृष्णगढ जाना और राणा अरिसिंह को उदयपुर लाना ३ पुत्र सहित जयपुर गये हुए देवगढ के पति चुंडावत जशवंतसिंह का राणा को मारने

सलूम्मरीशचुण्डाउत्तभीमसिंहचित्रकूटस्थछलपत्त्रनिष्कासनराणा
बिल्लहटाऽर्थबुन्दीवर्णदूतप्रेषणरावराट्सोदरबहादुरसिंहोदयपुरप्र-
स्थापनतद्बिल्लहटावर्जितपटोपटङ्किग्रामादिप्रापणं तृतीयो३ मयूखः॥
॥ ३ ॥ आदितः ॥३४३॥

॥ प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

इत बुंदीस भूप रानिनजुत, इक दिन ससक[1] सिकार गयो द्रुत ॥
ताल[2] जोधसागर उपबन[3] जँहँ, ससग्राहक[4] हो ग्रावबाट[5] तँहँ ॥ १ ॥
बनवाई बग्गुरि[6] ताके मुख, सह अवरोध[7] रह्यो तँहँ सह सुख ॥
घेरयो दासिन बिपिन[8] पिछि रन, उठि उठि आन लगे तब ससगन ॥ २ ॥
कछुक काल कौतुक इम किन्नों, अवरोधहिं आयसं[9] पुनि दिन्नों ॥
उपबन तब आये बनिताजन, अप्प चल्यो पुनि इक्क अडर मन ॥ ३ ॥
बल्लभदास १ अनोपराम दुव २, नाजर संग इतर कोउ न हुव ॥
खर्ब[10] तुरग आरूढ नरेश्वर, उपबन[11] ओर चल्यो हंकत अर ॥ ४ ॥
इक १ गहिलोत गुलाब नाम सठ, लाल अनुज[12] तँहँ किय अपुब्ब हठ ॥
जामिक[13] दिट्ठि बचाय रु आयो, धर्व[14] अंतर रहि बिसिख[15] चलायो ॥ ५ ॥
फुट्टो वह कर वाम कलाई, चहुवानहु तब संगि चलाई ॥

का विचार करना और सलूमर के पति चुंडाउत भीमसिंह का चीतोड़ में स्थित छलचाल के पत्र को निकालना २ राणा का बीलहटा के अर्थ बुन्दी पत्र भेजना और रावराजा का अपने सगे भाई बहादुरसिंह को उदयपुर भेजना उसको बिल्लहटा के बिना, पट्टा उपटंक ग्राम आदि मिलने का तीसरा ३ मयूख समाप्त हुआ ॥३॥ और आदि से तीनसौ तितालीस ३४३ मयूख हुए ॥

१ खरगोशों की २ तलाव ३ बाग ४ खरगोशों को पकड़ने का ५ पत्थरों का कोट ॥ १ ॥ ६ वागर (फंदा) ७ जनाना सहित ८ वनको ॥ २ ॥ ९ जनाने को आज्ञा दी ॥ ३ ॥ १० छोटे घोड़े पर चढ़कर ११ बाग की तरफ शीघ्र चला ॥ ४ ॥ १२ लालसिंह के छोटे भाई ने १३ पहरायतों की नजर बचाकर १४ धोकड़ों के वृक्षों के भीतर रहकर १५ बाण चलाया ॥ ५ ॥

अरिकै भजत लगी सु पिट्ठि पर, रीढक*[1]रपटि धसी तिरछी धर६
परि पुनि उट्ठि [2]त्वराकरि लज्ज्यो, बाट सु [3]ऊरुदघ्न चढि भज्ज्यो ॥
नृप हय [4]खर्ब रुक्यो सु कोट करि, पिट्ठि लग्यो तव कूदि सलपभरि७
सजव गयो अरि दै तरु अंतर, [5]उपवन त्यों सुररयो तव संभर ॥
याको भ्रात लाल [6]अभिधानक, हो मालिक [7]मृगया सब थानक।८।
ताको नृप कोउक [8]हेलन पर, कटवायो अग्गैं दक्खिन कर ॥
तास अनुज यँहँ बैर बिचारिय, तमकि तीर संभर कर मारिय ॥९॥
बिक्रम सक वसुद्दग धृति१८२८हायन, असित माघ बिच छन्नउपायन
सीसोदक गहिलोत गुलावसु, प्रविसि प्रदोसकाल तिंहिं वन पसु१०
[10]बालिसं मारि भूप कर बानहिं, [11]तिमिर सहाय गयो निज थानहिं॥
[12]तदनु झलाय भनाय नगर हुव, २ इह्व नृपति संबंध बिदित हुव११
[13]जनकं पितृव्यक जोध सुता जँहँ, थूहनि रन व्याही [14]कूरम कँहँ ॥
ताकी धाइ [15]पुत्रसुत मति वर, पट्टु सुखराम नाम नय तत्पर ॥१२॥
नृप किय सुकरुय सचिव गुज्जरवह, इम बुंदीस वितावत सुख [16]अह
पुनि लग्गत नव द्दग धृति १८२९ संवत, [17]आरवाँर एकादसि ११
संगत ॥ १३ ॥
[18]राधमास अवदात पक्ख पर, पुर झलाय व्याहन गो संभर ॥
अनुज बहादुर उदयनेर सन, [19]आँसु बुलाय संग लिय अप्पन।१४।
इम दुल्लह सज्जित बरात जुत, पुर झलाय प्रमुदित पहुँच्यो द्रुत ॥
चढि राजाउत सुतन चलाये, उभय २ कोस सम्मुह सब आये१५

*बांसे की हड्डी पर फिसल कर१भूमि में ॥६॥२शीघ्रता करके३जवा पर्यन्त ऊंचे मार्ग पर चढकर४राजा का घोड़ा छोटा था इस कारण ॥७॥ ५ बाग को६लालसिंह नामक ७शिकार के सब स्थानों का ॥८॥ ८ अपराध पर ॥ ९ ॥ ९ सन्ध्या समय ॥ १० ॥ १० मूर्ख ने ११ अंधेरे की सहाय से १२जिस पीछे॥११॥१३पिता (उम्मेदसिंह) के काका जोधसिंह की पुत्री१४राजा जयसिंह को१५उसकी धाय का पुत्र, श्रेष्ठ बुद्धिवाला ॥ १२ ॥ १६ दिन १७ मंगल वार ॥ १३ ॥ १८ वैशाख सुदि १९ शीघ्र बुलाकर ॥ १४ ॥ १५ ॥

कीरतिसिंह झलायनाथ सुत, बखतावर १ अभिधान प्रीति जुत॥
अभयसिंह २ ईसरदा स्वामी, भैरवसिंह ३ सुहाड़प नामी॥ १६ ॥
नृपहिं बधाय लैगये पत्तन, घरघर उच्छव अतुल भये घन ॥
अंध स्वसुर समुख न इम आयो, पुनि दुल्लह तोरन पधरायो ।१७।
नीरांजन आदिक तदनंतर, विधि करि व्याह लई दुलहनि वर ॥
अंध स्वसुर पद्धति बड पावन, करी अरज इलकाब बढावन ।१८।
अग्गैं लिखत राजश्री ठाकुर, धाम नाम पुनि तंदनु काम धुर ॥
तुम जामात अरज चित लावहु, महाराजपद पत्र लिखावहु ॥१९॥
लखि तँहँ नृपहु स्वसुर नंति अति प्रिय, महाराज श्रीठाकुर पद दिय
इम शृंगारकुमरि अभिधान सु, चल्यो व्याहि बुंदिय चहुवान सु२०
स्वसुर पुरोहित कृपाराम कँहँ, बहुधन१ कुंडल २ कर्टक३दये तँहँ॥
पुनि दरकुंच चल्यो छेकत पथ, सरित बनास बनहटा निवंसथा२१।
अर्बुदंजा इम लंघि जुद्ध जय, प्रविस्यो नागरचाल वडे रय॥
सुनि पुर नगर भ्रात संभर पहु, सम्मुह गो नारवें सिरदारहु ।२२।
द्वि २ सिरुपात्र दुव २ हय इक्क १ भूखन, नृपकी नजरि निवद्दि मुदित मन ॥
निस इक१ रक्खि दई महिमानी, उनियारेसैं प्रीति पहिचानी।२३।
पुनि बदि जेठ चउत्थि४ चलायो, अतिजव दुर्ग नयनंपुर आयो ॥

॥ १६ ॥ १ श्वसुर अन्धा था इस कारण ॥ १७॥ २ आरती ३ बड़ी पद्धति पाने के लिये ॥ १८ ॥ ४ जिसपीछे मुख्य काम की वार्ता ५ तुम जमाई हो इस कारण ॥ १९ ॥ ६ नम्रता ॥ २० ॥ ७ कानों में पहनने के मोती ८ कड़े ९ग्राम से॥२१॥ १०(*) बनास नदी ११ नरूका ॥२२॥ १२ उणियारा के पति ने ॥ २३ ॥१३नैणवा.

(*) हम ऊपर लिख आये हैं कि अर्बुद (आबू) पर्वत से निकलनेवाली बनास नदी पश्चिमवाहिनी होकर पश्चिम के समुद्र में अन्य नदियों में होकर मिलती है. और यह बनास नदी कुंभलगढ़ के पास ऊनावड़ ग्राम के पास से निकल कर पूर्ववाहिनी होकर चामल नदी में और फिर जमुना, गंगा में होकर पूर्व समुद्र में मिली है ॥

दुलहनि स्वपुर तहाँसन भेजिय, ब्याहन अप्प भनाय गमन किय।२४।
उदयभान सम्मुह तब आयो, पुनि लहि कोल निलय पधरायो ॥
नव दुव२ धृति १८२९ सक जेठ दसमि १० दिन, असित पक्ख
बुध वार हहु इनं ॥ २५ ॥
भूप दलेल सुता हुलसित हिय, बखतकुमरि अभिधान ब्याहि लिय॥
पुनि पुष्कर आयो संभरपति, महादान किय न्हाय महामति।२६।
करि पुनि कुंच कृष्णगढ आयो, पै निज स्वसुर तत्थ नहिँ पायो॥
बिरदसिंह सालक सम्मुह गय, अति प्रवीन बिद्या गुन आलय।२७।
रहि कछु दिवस भाम पुनि हंकिय, दरकुंचन आयो पुर बुंदिय ॥
पुर बाहिर राजाउति रानी, तबलग रही प्रीति पहिचानी ॥ २८ ॥
अब दुलहनि दुव२ सहित नरेस्वर, किय प्रवेस बुंदियपुर अंदर ॥
याहि बरस१८२९ कोटेस गुमानहु, ब्याहन गो बेघम लै दलबहु।२९।
मेघ तनूज प्रतापकुमारी, कोटा परनि गयो छलकारी ॥
कासी सन श्रीजित इत हंकिय, गयो जाय पितरन सद्गति दिय।३०।
पुनि किय बैजनाथ सिव दरसन, बरदवान पहुँच्यो प्रसन्न मन ॥
ताके नृप मंडी महिमानी, श्रीजित कीरति सबन सुहानी॥ ३१ ॥
पहुँच्यो पुनि बालेसुरबंदर, तँहँ मरहट्ठ भटन मंग्यो कर ॥
बढ्यो कलह तब सस्त्र प्रहारे, सत्रु सिपाह अट्ठन मित मारे ॥३२॥
पुनि द्रुत होय जिहाजपुर चालिय, बलि वेतरनी न्हाँन१ दान२ किय॥
नाभिगया पुनि पितर तृप्त करि, कटक होय गय जगदीस नगरि३३
प्रथम मारकंडेयाश्रम जहँ, इंद्रद्युम्न श्राद्धपुनि किय तँहँ ॥
बहुरि महोदधि न्हाय श्राद्ध करि, पुरुसोत्तम परसे पुनि श्रीहरि ।३४।

१ वहांसे दुलहन को बुन्दी भेजा ॥ २४ ॥ २ समय पाकर घर में पधराया ३ झाडाओं के पति ने ॥ २५ ॥ २६ ॥ ४ साला ॥ २७ ॥ ५ बहिनोई ॥ २८ ॥ ॥२९ ॥ ६ मेघसिंह के पुत्र प्रतापसिंह की कन्या ॥ ३० ॥ ३१ ॥ ७ हासिल ॥ ३२ ॥ ॥ ३३ ॥ ८ मार्कंडेय के आश्रम ॥ ३४ ॥

दिन दुव२ वेर नयन सुख लिन्नों, पुनि प्रयान कछुदिन रहि किन्नों ॥
न्हाय स्वेतगंगा अघ जालन, अतिजव होय अढारह१८नालन।३५।
आयो तदनु रामगढ पत्तन, मिल्यो भूप ताकोहु मुदित मन ॥
बहुरि होय कासी वेखानस, धुरख्यो विंध्यवासिनी मानस ॥ ३६ ॥
पुष्पदंत जँहँ साप मुक्त हुव, किन्नों तँहँ देवी दरसन ध्रुव ॥
तीरथराज होय पुनि सत्वर, चित्रकूट सेवन करि संभर ॥ ३७ ॥
होय ओंडछा झाँसी आयउ, नरउर बहुरि मिलान लगायउ ॥
रामसिंह कूरम नरउरपति, मिल्यो आय सम्मुह मंजुल मति।३८।
श्रीजित नजरि तुपक इक१किन्नी, महिमानीहु उचित बिधि दिन्नी॥
पुनि केसवपट्टनि मिलान दिय, कथित रीति तँहँ न्हान१दान२किय३९
एकादसि ११ नव दुव धृति १८२९ सक मित, आश्रम निज आयो भद्दव सित ॥
बाहुल गो वेघम पुनि तपबँल, मातामही न्हवाय गंगजल ॥ ४० ॥
बलि पुष्कर हित गमन बिधायउ, अतिजव हंकि कृष्णगढ आयउ॥
महिमानी रट्ठोर भूप दिय, मन्नि ताहि पुष्कर मंजन किय ॥ ४१ ॥
हैं अजमेरु स्वीय आश्रम बलि, अगहनमैं आयो अतिजव चलि ॥
सुत बुंदीपतिकैं तदनंतर, विष्णुसिंह अभिधान भयो वर ॥ ४२ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणोऽष्टम ८ राशावजितसिंहचरित्रे भ्रातृकरच्छेदवैरोज्जिहीर्षुशीशोदगुलाबसिंहबुन्दीन्द्रबाहुवाणवेधनतदन्धकारसहायपलायनसचिवीकृतगुर्ज्जरसुखरामराव

॥ ३५ ॥ १ जिसपीछे २ वानप्रस्थ (उम्मेदसिंह) ३ मन ॥ ३६ ॥ ४प्रयाग ॥ ३७ ॥ ५ मुकाम ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ ६ कार्तिक मास में ७ तपस्वी ८ नांनी को ॥ ४० ॥ ९ गमन किया १० स्नान किया ॥ ४१ ॥ ४२ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टमराशि में, अजितसिंह के चरित्रमें, भाई के हाथ कटाने के वैर को लेने की इच्छावाले शीशोदियागुलावसिंह का बुन्दी के पति के भुज को बाण से वेधना और उसका अन्धेरे में भागना १ गूजर सुखराम को सचिव करके रावराजा का भलाय के पति राजाउत

राड्भ्हलायपुरेशराजाउत्तकूर्म्मकीर्त्तिसिंहसुताविवहनवर्द्धितश्वशुरसत्कारस्वीकृतनारवशरदारसिंहस्वागतबुन्दीप्रेषितनवोढपरिणीत — भणायपुरभपरठ्ठोड़दलेलसिंहदुहितृकपुष्करस्नातगृहीतशालविरुदसिंहस्वागतद्वयूढरावराड्बुन्दीप्रविशनकोटेशगुमानसिंहवेघमपुरपतिचुण्डाउत्तशीर्षोद्दसिवाईमेघपौत्रीपरिणायनजगदीशाऽवधिसेवित — प्राचीतीर्थश्रीजित्स्वाऽऽश्रमाऽऽगमनाऽनन्तरगङ्गोदकमातामहीस्नापनकृष्णगढमार्गाऽनुष्ठितपुष्करस्नानपुनराश्रमाऽऽगमनरावराड्राजकुमारविष्णुसिंहोद्भवनं चतुर्थो ४ मयूखः ॥ ४ ॥

आदितः ॥ ३४४ ॥

प्रायो ब्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

सक नव दुव धृति१८२९पोस बदि, द्वादसि१२ मंगल वार ॥
विष्णुसिंह बुंदीसकै, प्रकट्यो राजकुमार ॥ १ ॥

॥ सोरठा ॥

यह दौहित्र उदार, बंसबहालाधीसको ॥
अमरं[1] अंस अवतार, अजितसिंह नृपकै भयो ॥ २ ॥
श्रीजित तदनु[2] सप्रीति, गंगाजल उच्छव कियउ ॥

कछवाहे कीर्तिसिंह की पुत्री से विवाह करना और श्वशुर का सत्कार बढाकर नरू के सरदारसिंह के स्वागत को स्वीकार करके, दुलहन को बुन्दी भेजकर भणाय के राठोड़ दलेलसिंह की पुत्री को विवाह कर, पुष्कर का स्नान करके साले विरुदसिंहका स्वागत ग्रहण करके दो रानियें व्याहेहुए रावराजा का बुन्दी में आना २ कोटा के पति गुमानसिंह का वेघम के पति चुंडावत सिवाई मेघ सिंह की पोती परनना ३ जगदीश पर्यन्त के पूर्व के तीर्थ करके श्रीजित् का अपने आश्रम में आना, जिसपीछे नांनी को गंगाजल से स्नान कराना और कृष्णगढ के मार्ग से पुष्कर स्नान करके फिर आश्रम पर आना ४ रावराजा के राजकुमार विष्णुसिंह के होने का चौथा ४ मयूख समाप्त हुआ ॥ ४ ॥ और आदि से तीन सौ चवालीस ३४४ मयूख हुए ॥

॥ १ ॥ १ देव अंश ॥ २ ॥ २ जिस पीछे

निज कुटुंब रचि नीति, कोटादिक एकत्र किय ॥ ३ ॥

दोहा–अस्थिपालको जनन सब, बुंदिय लिन्न बुलाय ॥
पठये करि पहिरावनी, पुनि गंगोदक पाय ॥ ४ ॥
तदनंतर फग्गुन असित, सक नव दुव धृति१८२९ मान ॥
देस सम्हारन काज इत, किय अरिसिंह प्रयान ॥५॥
बुन्दी जनपदके निकट, पुर संकरगढ नाम ॥
आय तत्थ अरिसिंह नृप, किन्नौं कटक मुकाम ॥ ६ ॥
श्रीजितपँहँ पठई अरज, लिखि निजकर नृप रान ॥
तुम अनिच्छहो रैजऋषि, बिहित योग बिज्ञान ॥ ७ ॥
हम सेवक दरसन चहत, अधिक रहत जिय आस ॥
सुनि श्रीजित गो हिय हुलसि, सजव रान नृप पास ॥८॥
आय समुख अरिसिंहहू, लैगो सिविर बधाय ॥
त्यागी नहिँ बैठो तखँत, श्रीजित बिधि समुझाय ॥ ९ ॥
चोकाउप्पर भिन्न रहि, किय संलाप सनेहु ॥
अक्खिय तँहँ अरिसिंह इम, बिल्लहटा तजि देहु ॥ १० ॥
ताहि साटि बुंदीससौं, लेहु इतर तुम ग्राम ॥
अथवा रुप्पय आयमित, श्रीजित कहिय सुधाम॥ ११ ॥
तदनु सिक्ख करि संभरी, अप्पन आश्रम आय ॥
अक्खिय इम बुंदीससौं, मिलहु रानसौं जाय॥ १२ ॥
स्वीय सचिव इत रानहू, अमरचंद अभिधान ॥
बंभन बुंदिय सुक्कल्यो, पधरावन चहुवान ॥ १३ ॥

॥ ३ ॥ १ अस्थिपाल के वंश (सम्पूर्ण हाडाओं) को ॥ ४ ॥ ५ ॥ २ देश के समीप ॥ ६ ॥ ३ हे राजऋषि तुम इच्छा रहित हो सो ॥ ७ ॥ ८ ॥ ४ डेरे में ५ गादी पर नहीं बैठा ॥ ९ ॥ ६ आसन पर जुदा रहकर ७ स्नेह से बात की ॥ १० ॥ ८ बदले में ९ अन्य १० आमदनी के माफिक ॥ ११ ॥ १२ ॥ १३ ॥

अग्गैं कुमर प्रताप ढिग, कारामैं[1] जगतेस ॥
सेवन रक्ख्यो बिप्र सो, हंक्यो दक्खत देस ॥१४॥
अमरचंद्र कहि मुक्कलिय, अनय[2] सुरथपुर आय ॥
मेरे सम्मुह दर्प तजि, आवहु संभरराय ॥ १५ ॥
दयो सुनत बारूदमैं, मानहु खदिर[3] दमंग ॥
सजि तनुत्र निर्मोक सम, भो नृप कुपित भुजंग[4] ॥ १६ ॥
हुकम पठायो बिप्रपँहँ, रे कातर बिपरीत ॥
सिंहनकी समता करत, फेरव[5] होत फजीत ॥ १७ ॥
सु सुनि बिप्र खिजि तब कहिय, है दर्पित[6] बुंदीस ॥
पहिलैं पिक्खहिँ जाय तिँहिं, बहुरि दिखावहिँ रीस ॥ १८ ॥
इम बिचारि आयो सु द्विज, व्है सिबिका आरूढ ॥
कोउन सम्मुह मुक्कल्यो, मन्नि भूप तिँहिं मूढ॥ १९ ॥

॥ षट्पदी ॥

संधी[9] भट लिय संग बडे कमनैत बहादुर ॥
तोड़े सिलगत तुपक पकरि प्रबिसे बुंदिय पुर ॥
बंर्म१० टोप२ बाहुलं३न जटित सब अमरचंद जुत ॥
चिंतत रन मन चंड रुके गंजपारि[12] आय द्रुत ॥
संधी तथापि[13] संतपंच५००लै हठ करि द्विज परिखद[14] गयउ ॥
अभिमन्यु तनय[15] जनु कलि कुमति तच्छक पर तंडत भयउ२०

॥ दोहा ॥

अमरचंद्र आसिख दयो, रक्खि बडो मगरूर ॥

१ कैद में ॥ १४ ॥ २ अनीति ॥ १५ ॥ ३ खैर वृक्ष की अग्नि (यह अग्नि तेज बहुत होती है) ४ सर्प की कांचली के समान कवच सज कर वह राजा सर्प के समान कुपित हुआ ॥ १६ ॥ ५ गीदड़ ॥ १७ ॥ ६ घमंडी है ७ जिसको पहिले जाकर देखोगे ॥ १८ ॥ ८ पालखी पर चढकर ॥ १९ ॥ ९ सिंधी यवनों को १०कवच ११ दस्ताना १२ हाथी पोल पर रोके १३ तोभी १४सभा में गया १५ मानों कलियुग की कुमति से परीक्षित ने तक्षक नाग पर गर्जना की ॥२०॥

उद्यो नहिँ भूपति अनखि, सु लखि महाबल सूर ॥ २१ ॥
सचिवन सुभटन निठिकारि[1], बिन्नति सेनति सुनाय ॥
कलह घटावन प्रसभँक्रम[2], दिन्नोँ नृपहिँ उठाय ॥ २२ ॥
तदपि मिसल मरजाद तजि, वैठन लग्गो बिप्र ॥
डोढीरच्छकँ[3] ओर तब, छोहि लख्यो नृप छिप्र ॥ २३ ॥
सैन समुझि बुंदीसकी, तानैं द्विज ढिग आय ॥
दे करँ[4] बगल उठाय द्रुत, दयो मिसल बैठाय ॥ २४ ॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणेऽष्टम ८ राशावजितसिंहचरित्रे रावराड्राजकुमारविष्णुसिंहोद्भवनश्रीजिद्गङ्गोदकोत्सवकरणराणाऽरिसिंहस्वदेशाऽटनतच्छ्रीजित्सम्मिलनशीर्षोदस्वसचिवामरचन्द्रबुन्दीप्रेषणतदरुंतुदविप्रकटुप्रलपनं पञ्चमो ५ मयूखः॥५॥
आदित॥३४५॥

॥ गीर्वाणभाषा ॥ स्वागता ॥
तत्समीक्ष्य कुपितोऽमरचन्द्रः कोपयन्निव नरेन्द्रमवोचत् ॥
ग्राममर्पयतु बिल्लहटाख्यं सन्धिमेत्य भजतादरिसिंहम् ॥१॥
अन्यथा सपदि सन्ध्युपटङ्कैः शस्त्रसूरियवनैस्तदमीभिः ॥

॥ २१ ॥ १ नम्रता पूर्वक २ हठ के क्रम से ॥२२॥ ३ द्वारपाल की ओर क्रोध करके देखा ॥ २३ ॥ ४ बगल में हाथ देकर ॥२४॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टमराशि में, अजितसिंह के चरित्र में, रावराजा के राजकुमार विष्णुसिंह का होना और श्रीजित का गंगाजल का उत्सव करना १ राणा अरिसिंह का देशाटन करना और श्रीजितका उनसे मिलना २ शीषोद का अपने सचिव अमरचन्द को बुन्दी भेजना और उस ब्राह्मण का मर्म वेधनेवाले वचनों का कहने का पांचवां ५ मयूख समाप्त हुआ ॥५॥ और आदि से तीन सौ पैंतालीस ३४५ मयूख हुए ॥

उस बात को देखकर क्रोध में आया हुआ अमरचन्द, राजा को क्रोध करानेवाले वचन बोला कि बिल्लहटा नामक ग्राम देदो और सन्धि (मिलाप) करके अरिसिंह (अड़सी) की सेवा करो ॥ १ ॥ नहीं तो ये सिन्धी पदवीवाले यवन शस्त्रविद्या में पंडित, केश पकड़ कर नीचा मुख करके तुम्हारे राजापन को

न्यङ्नमव्य सकचग्रहमास्यं नीयते तत्र नृपत्त्वमपास्य ॥२॥
एवमादिभिररुन्तुदवाक्यैः क्रुच्छरासनविसृष्टकलम्बैः ॥
बुन्दधीशहृदयं परिभिद्य प्रस्थितस्सहसाऽमरचन्द्रः ॥ ३ ॥
कोपितस्तदनु संभरराजः पन्नगेश्वर इवाङ्घ्र्युपगूढः ॥
विप्रवाक्यकरणो ह्यरिसिंहः कारकं प्रथममेवममंस्त ॥४॥
तत्र शूरसचिवैर्नृपवर्यो बोधितः समयवेल्लनविद्भिः ॥
सन्धनीय उदयादिपुरेशो रावराडनुदिनं भवतेति ॥ ५ ॥
विप्र एव कुटिलो बलशंसी विग्रहं विरचयंस्तदवादीत् ॥
स्वामिशासनमृतेऽनयमूर्त्तिं राज्यभारकलितोद्धतदर्प्पः ॥६॥
गम्यतामवनिराडरिसिंहं सज्जनो ह्यनुचितं स न कर्त्ता ॥
सन्निशम्य सचिवोक्तमवाच्यं तर्ज्जयिष्यति तमेव सरोषम्॥७॥
एवमादिवचनैरवनीशश्चालितः सचिवयोक्तृभिरार्य्यैः ॥
कम्पयन्स दिगिभार्णवभूमिं लुम्पयन्नवटकापथशैलान्॥८॥

दूर कर, शीघ्र लेजावेंगे ॥ २ ॥ इत्यादि क्रोध रूपी धनुष से छोड़े हुए बाणों के समान मर्म वेधन करनेवाले वचनों से, बुन्दीपति के हृदय को घायल करके वह अमरचन्द यकायक (अचानक) उठचला ॥३॥ जिसपीछे जैसे पैर से दबाया हुआ सर्प कुपित होवे तैसे चहुवाण राजा कुपित हुआ और वह अरिसिंह ब्राह्मण (अमरचन्द) का कहा करनेवाला, प्रथम कहनेवाले का करनेवाला अर्थात् जो पहिले कहै उसी को माननेवाला हुआ ॥ ४ ॥ तब समय की उलटा पलटी को जाननेवाले उमराव और कामदारों (अहलकारों) ने श्रेष्ठ राजा को समझाया कि हे रावराजा आपको उदयपुर के स्वामी से सदैव सन्धि (मिलाप) करना उचित है ॥ ५ ॥ राज्य के भार से (सचिव होने से) आया है बड़ा घमण्ड जिसको, अपने पराक्रम को जनानेवाला, अनीति की मूर्ति, ऐसे कुटिल ब्राह्मण ने ही, विना स्वामी की आज्ञा के लड़ाई को रचकर ऐसे वचन कहे हैं ॥ ६ ॥ हे महाराज आप अरिसिंह के समीप चलिये, वह सज्जन है सो अनुचित नहीं करेंगे, किन्तु अमात्य के कहेहुए कुवचनों को सुनकर क्रोध से उस (अमरचन्द) को ही धमकावेंगे ॥७॥ अमात्यों के कहेहुए इत्यादि वचनों से, राजा चलायमान होकर, दिग्गज और समुद्रों के साथ पृथ्वी को कंपाता हुआ, खड्डे, कुमार्ग और पर्वतों का नाश करता हुआ ॥ ८ ॥ ऊपर को बढ़ीहुई

छादयन् रविमुदग्ररजोभिः सादयन्हयखुरैरतलादीन्॥
ल्हादयन्नतुलसैन्धवरागैर्नादयन्निजभटान्हरिगर्जम् ॥९॥
पेषयन्नुपलपादपगुल्मान्प्रेषयन्स्वपृतनां युधि जेतुम् ॥
श्लेषयन्भरमहीन्द्रफणाभिः प्रेषयन्नखिलदिक्ष्वतिभीतिम् १०
स्पन्दयन्नधरकच्छपपृष्ठं स्पन्दयन्गिरिषु खानिजधातून् ॥
नन्दयन्स हितबान्धववर्गान्क्रन्दयन्नहिततस्करदुष्टान्॥११॥
जृम्भयन्धनुरुदारकरेण स्तम्भयन्विशिखविद्धविहङ्गान् ॥
दारयन्नवनिदारकदंष्ट्रां कारयन्पलभुजां मुदमुच्चैः ॥१२॥
घोषयन्समरवादनवर्यान्पोषयन्पथि समागतदीनान् ॥
मोषयन्नसिरुचाऽचिरभाभां शोषयन् गमनधूलिभिरब्धीन्१३
साधयन्स्वजनसङ्गरवृत्तिं बाधयन्परजनाननकान्तिम् ॥
सोऽरिसिंहशिविरं तरसेत्थं रावराडजितसिंह इयाय ॥ १४ ॥

धूलि से सूर्य को ढकता हुआ, घोड़ों के खुरों से अतल आदि लोकों को दुःखी करता हुआ, अत्यन्त सिन्धवी रागों (वड़ेरागों) से हर्ष करताहुआ, सिंहगर्जना से अपने वीरों को नाद कराता हुआ ॥ ९ ॥ पत्थर, वृक्ष और लताओं को पीसता हुआ, युद्ध जीतने के अर्थ अपनी सेना को चलाता हुआ शेषनाग के फणों से भार को मिलाता हुआ, सब दिशाओं में भारको भेजता हुआ ॥ १० ॥ भूमि से कच्छप की पीठ को रगड़ता हुआ, पर्वतों की खानों में उत्पन्न होनेवाली धातुओं को बहाता हुआ, हित के साथ बान्धव वर्ग (सम्बंधियों के समूह) को आनन्द देता हुआ, शत्रु, चोर और दुष्टों को रुलाता हुआ ॥ ११ ॥ दहिने हाथ से धनुष को खैंचता हुआ अथवा वह उदार, हाथ से धनुष को खींचता हुआ, बाणों से छिदे हुए पक्षियों को स्तंभन करता हुआ सूवरों की दाढों को तोड़ता हुआ अथवा वराह की दाढों को तोड़ता हुआ, मांसाहारियों को बड़ा हर्ष कराता हुआ ॥ १२ ॥ युद्ध के श्रेष्ठ बाजों को बजवाता हुआ, मार्ग में आएहुए दीनों का पोषण करता हुआ, तरवार की सुन्दर और चञ्चल कान्ति को छकाताहुआ, चलने की धूलि से समुद्र को सुखाता हुआ ॥ १३ अपने लोगों की युद्धवृत्ति को साधता हुआ, शत्रुओं के मुख की कान्ति को मिटाता हुआ, इसप्रकार वह रावराजा अजितसिंह अरिसिंह के डेरे को चला ॥ १४ ॥

॥ मन्दाक्रान्ता ॥

आगच्छन्तं शिविरमधुना बुन्द्यधीशं निशम्य,
द्रागभ्यागात्सभटसचिवः सोऽपि राणोऽरिसिंहः ॥
आनन्दोत्कं सुमिलनमभोभोदूद्वयोर्भूमिभर्त्रो-
र्वीरांश्चान्यानुभयत इतान्मेलयाञ्चक्रतुस्तौ ॥ १५ ॥

॥ द्रुतविलम्बितम् ॥

प्रथममिन्द्रगढाधिपतेः सुतो रणपटुः सनमानसमाह्वयः१॥
तदनु माधववंशमहार्णवोद्भवशशी भगवंत२इति स्फुटः ॥ १६ ॥
अथ च धोवडपत्तनपात्मजः समिति भैरवभैरवभैरवः३ ॥
इतिमुखा अरिसिंहमहीभृताप्यजितसिंहभटा मिलिताः सुखम्॥१७॥

॥ उपजातिः ॥

अथाऽपरे तत्र सलूम्परीशश्चुण्डाउतोभीम१उपेत्य पूर्वम्॥
आमेटनाथश्च ततो द्वितीयो वीरः फतेसिंह२उदारभावः॥१८॥
बिजोल्यिशास्ता परमारजातिर्नीतिप्रपञ्ची शुभकर्णनामा३॥
इत्यादयः सम्भविनः पृथक् तेऽरिसिंहवीरा मिलिता नृपेण॥१९

॥ शार्दूलविक्रीडितम् ॥

बुन्दी के पति का अपने डेरे आना हुआ सुनकर उमराव और मन्त्रियों सहित वह राणा अरिसिंह भी शीघ्र सन्मुख आया, उन दोनों राजाओं का सुन्दर मिलाप आनन्द को बढानेवाला हुआ और उन दोनों राजाओं ने दोनों ओर के वीरों को परस्पर मिलाये ॥ १५ ॥ प्रथम तो इन्द्रगढ के पति का पुत्र, युद्ध में चतुर सन्मानसिंह, पीछे माधवसिंह के वंश रूपी समुद्र से उत्पन्न हुआ चन्द्रमा के समान भगवन्तसिंह, जिसपीछे धोवड़ा नगर के पति का पुत्र युद्ध में भैरव के समान स्पष्ट भयङ्कर भैरवसिंह ॥ १६ ॥ इत्यादि अजितसिंह के उमराव आनन्द पूर्वक महाराणा अरिसिंह से मिले ॥ १७ ॥ अब दूसरी ओर के, सलूम्बर का स्वामी चुण्डावत भीमसिंह, दूसरा आमेट का पति बड़ा पराक्रमी वीर फतहसिंह ॥ १८ ॥ और तीसरा बींजोल्यां का पति पँवार जातिवाला नीति में चतुर शुभकर्ण, इत्यादि महाराणा अरिसिंह के मिलने योग्य उमराव अजितसिंह से पृथक् पृथक् मिले ॥ १९ ॥ इस प्रकार जीतने में नहीं आवे ऐसा

बुन्दीशोऽजितसिंह१ एवमजितो भूपोऽरिसिंहस्तथा,
राणोट्टङ्कितो मिथोऽमिलदिह श्रीचाहुवाणेश्वरः ॥
स्मृत्वा तत्सचिवोक्तवाक्यकुलिशं नोपायनं चाप्यदा-
न्नाङ्घ्रिस्पर्शमपि व्यधान्नवयमाऽहीन्दु१८२९प्रमाणे शके२०
पञ्चम्या ५ सहितेऽवलक्षशकले श्यामे तपस्याऽऽह्वये,
सम्मिल्येत्थमुभावथो विविशतुः स्वं स्वं निचोलालयम् ॥
मुद्राः कृष्णगढाऽधिपस्य सुतया शीर्षोद्हराड्याऽनुजा-
भर्त्रे बुन्द्यधिपाय पञ्चशतकं ५०० खाद्यैः समं प्रेषिताः।२१।
राणाऽपि द्रविणं खखेन्द्रिय ५०० मिता मुद्रास्तथा प्रेषिताः,
पश्चात्फाल्गुनशुद्धषष्ठ६दिवसे चातुर्भुजो रावराट् ॥
सुत्रामेव बलाऽऽलयं पटगृहं प्राप्तोऽरिसिंहस्य सो-
भ्युत्थानादिविधेयरीतिरचनैः सत्कारितः स्वागतैः ॥ २२ ॥

॥ इन्द्रवज्रा ॥

पश्चाद्रहोमन्त्रणदूष्यमागाद्राणा१सनाढ्याऽमरचन्द्र१युक्तः ॥
शम्भू३सनाम्ना सनवाडभर्त्रा राणाउतेनाऽपि तथा समेतः ॥२३॥

बुन्दी का पति अजितसिंह और तैसे ही शत्रुओं पर सिंह रूप राणा पदवी को धारण करनेवाला अरिसिंह (अड़सी) दोनों परस्पर मिले, इस मिलाप में चहुवाणों के ईश्वर रावराजा अजितसिंह ने उस अमात्य (अमरचन्द) के वज्र रूपी वचनों को स्मरण करके न तो राणा का नजराना किया और न चरण स्पर्श किया यह मिलाप सम्वत् अठारह सौ उनतीस१८२९फाल्गुन सुदि पञ्चमी को हुआ, इस प्रकार दोनों मिलकर अपने अपने डेरों में गये और कृष्णगढ़ के अधिपति की पुत्री जो सीसोदिया (अरिसिंह) की राणी थी, उसने अपनी छोटी बहिन के पति बुन्दी के पति अजितसिंह के अर्थ मिठाई के साथ पांच सौ रुपये भेजे ॥ २० ॥ २१ ॥ तैसे ही राणा ने भी पांच सौ रुपये भेजे जिसपीछे फाल्गुन सुदि छठ के दिन चहुवाण रावराजा जैसे इन्द्र, बलिराजा के स्थान पर प्राप्त होवै तैसे राणा अरिसिंहके डेरे पर प्राप्त हुआ और ताजीम आदि उचित स्वागत से सत्कार पाया ॥ २२ ॥ तिसपीछे एकान्त में सलाह करने के निमित्त, सनाढ्य जाति के प्रधान अमरचंद, सनवाड़ के पति राणा उत शंभूसिंह के साथ राणा अरिसिंह जुदे डेरे में गये॥ २३॥

बुन्दीपुरीन्द्रो२ भगवंतसिंहं१ माधाणिहड्डं समिदुग्रवीर्यम् ॥
सीलोरसङ्कपतिं सुनीतिं सत्कोकिलग्रामपुरानिवासम् ॥ २४ ॥
वीरं द्वितीयं२ सनमानसिंह२ हड्डेन्द्रसल्लोतपदोपटङ्कयम् ॥
श्रीभक्तरामस्य कुमारवर्यं संयोधिनं चेन्द्रगढाऽधिपस्य ॥ २५ ॥
दाधीचवंशध्वजमार्यवन्द्यं व्यासं तृतीयं३ द्विजमुख्यमन्त्रम् ॥
गोपालरामाभिध३मासताहं सैतत्त्रयं३ मंत्रगृहे निनाय ॥ २६ ॥
तत्र स्थितानां घटिका१ व्यतीता राणाऽरिसिंहेन सुगन्धतैलम् १॥
स्वर्णाभपर्णोत्तमवीटकाश्च स्तम्बेरमः१ स्वोच्छ्रयशङ्कितार्कः॥२७॥
॥ उपजातिः॥
निरस्तमूल्ये परिधानपूर्णे लोके स्फुटे ये सिरुपावर्वाच्ये२॥
तुरङ्गमौ२ द्वौ२ जितवातवेगौ मण्यादिभिः सञ्जटिता च भूषा१।२८।
इत्याद्यथाऽर्हाऽर्हणमुख्यमानैर्निवेदितं भूपतयेऽजिताय ॥
सत्कारितः सोऽजितसिंहवर्म्मा स्थूले स्वकीयं समुपाजगाम ॥ २९ ॥
इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणेऽष्टम ८ राशावजित—

तहां पर बुन्दीपति अजितसिंह ने युद्ध में उग्र प्रतापी सीलोर नगर के पति को जो पहिले कोकिल (कोइला) ग्राम में रहता था उस माधोसिंहोत हाडे भगवन्तसिंह और ॥ २४ ॥ दूसरे वीर इंद्रगढ के पति श्रीभक्तराम के पुत्र योद्धा इन्द्रमल्लोत्त पदवीवाले सन्मानसिंह को ॥ २५ ॥ और तीसरे प्रामाणिक आर्यों के पूज्य बडी सलाह देनेवाले दाधीचवंश की ध्वजा व्यास गोपालराम इन तीनों को उस सलाह करने के डेरे में लिये ॥ २६ ॥ वहां पर एक घड़ी भर समय व्यतीत हुआ जिसपीछे राणा अरिसिंह ने, इत्र (अंतर) सुवर्ण के वरक लगे पान बीड़े, अपनी ऊंचाई से सूर्य को शङ्कित करनेवाला (इसकी ऊंचाई की आड से अंधेरा नहीं होजावे ऐसी शंका करानेवाला) एक हाथी अमूल्य वस्त्रों से पूरित लोक में सिरुपाव के नाम से प्रसिद्ध दो सिरुपाव, वायुके वेग को जीतनेवाले दो घोड़े, और मणियों का जड़ाहुआ एक भूषण ॥ २७ ॥ २८ ॥ इत्यादि, बडे मान के साथ राजा अजितसिंह के भेट किये इसप्रकार सत्कार पाकर वह अजितसिंह अपने डेरे आया ॥ २९ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टम राशि में, अजितसिंह के

सिंहचरित्रेऽमरचन्द्रविल्लहटानिमित्तकटुतरभाषणाभविष्यत्सन्धियवनत्रासोद्देशनकोपितरावराट्तत्पत्यागमनसचिवसुभटोक्तबुन्दीन्द्राणासैन्यसाधेयशङ्करगढगमनसम्मुखाऽगताऽरिसिंहसम्मिलनसुभटादिमिथोमेलनचरणाऽपिस्पर्शात्सम्भरोपायनाऽढौकनस्वस्वशिविरविशनसपत्नीकशीर्षोद्दहट्टेशाऽर्थमुद्रापञ्चशती ५०० प्रमुखस्वागतवस्तुप्रेषणारावराड्द्वितीय २ दिनराणापटाऽऽलयगमनसत्रय ३ सद्वय २ भूपद्वय २ मन्त्रणाराणासुगन्ध १ पर्ण २ गज ३ वाजि ४ वस्त्र ५ भूषण ६ हड्डेन्द्रनिवेदनतत्स्वसिविरागमनं षष्ठो ६ मयूखः ॥६॥
आदितः॥३४६॥

॥ गीर्वाणभाषा ॥इन्द्रवज्रा ॥

राणाऽरिसिंहोऽपि दिने द्वितीये२ बुन्दीन्द्रदौकूलनिवासमागात्॥
सत्कारितोऽनेन च सर्वभावैस्तद्वत्समुत्थानसुभाषणाद्यैः ॥ १ ॥

॥ उपजातिः ॥

चरित्र में, अमरचन्द का बीलहटा ग्राम के कारण अत्यन्त कड़ुए वचन कहना और आगे आनेवाले समय में सिन्धी यवनों का भय देना १ रावराजा को क्रोध करा कर उसका पीछा जाना और बुन्दी के पति का उमरावों और मंत्रियों के कहने से राणा की सेना से घिरेहुए शंकरगढ में जाना२ सन्मुख आये हुए अरिसिंह से मिलना और उमराव आदि को परस्पर मिलाना ३ चहुवाण का राणा के चरणों का स्पर्श नहीं करके नजराना नहीं करना और दोनों का अपने डेरों में जाना ४ स्त्री सहित राणा का हाडाओं के पति के अर्थ पांच सौ रुपये आदि स्वागत(महमानी)के पदार्थों का भेजना५ रावराजा का दूसरे दिन राणा के डेरे जाना और बुन्दी के तीन और उदयपुर के दो जनों सहित दोनों राजाओं का सलाह करना६ राणा का इत्र, पान, हाथी, घोड़े, वस्त्र, भूषण, हड्डेन्द्र को देना और उसके अपने डेरे में आने का छठा ६ मयूख समाप्त हुआ ॥६॥ और आदि से तीन सौ छियालीस ३४६ मयूख हुए ॥

दूसरे दिन राणा अरिसिंह भी बुन्दीपति के डेरे आये और अजितसिंह ने भी उसी रीति से ताजीम, सुन्दर संभाषण आदि से सब प्रकार से सत्कार किया ॥ १ ॥ और प्रीति बढाने के अर्थ बुन्दी के पति अजितसिंह ने एक बात

प्रीत्येधनायाऽकुरुताऽन्यदेकं बुन्दीश्वरो हस्तयुगे२ वसूनाम् ॥
थेलीतिशब्दस्फुटबुद्ध्यमानद्वयं२ गृहीत्वा ह्यरिसिंहदेहात् ॥ २ ॥
उत्तार्य तस्यैव च सेवकेभ्यो ददद्यथेन्द्रः कृतसत्रकार्यः ॥
द्रव्यं सुखं घ्रेय१ मथाऽपि चर्व्यं ताम्बूल२ मिद्धं पुरटप्रकाशम ॥३॥
निवेदयामास गजं१ सुदन्तद्वयं२ वियद्दर्शनघूर्णनेन ॥
संकेतयन्तं समरेऽसुहानेर्भुञ्ध्वन्तु नाकीयसुखं यथेच्छम् ॥ ४ ॥

॥ इंद्रवज्रा ॥

मद्दन्तकीलद्वय२सेवनेन तिष्ठन्तु वा क्षेपयितास्मि नाके ॥
सञ्चालयंतं श्रवणौ विशालौ दाचाग्र्यसम्पातिरिवाऽऽत्मपक्षौ ॥५॥

उपजातिः ॥

अश्वौ२तथा क्षिप्रगतौ हि वायोः पृष्ठस्थितत्वादिव निर्बलत्वम् ॥
संसूचयंतौ खरहेषणेन प्रसन्नवस्त्राणि३ तथा नवानि ॥ ६ ॥
हीराद्यमूल्योत्तमरत्नभूषा४ मित्यादि संगृह्य च सम्भरेशात्॥
अथाऽऽज्ञया सैन्ययुतोऽरिसिंहः स्वयं निचोलालयमेप आयात् ॥७॥

यह की कि अपने दोनों हाथों में धन (रुपयों) की थैली जिसका स्पष्ट नाम है लेकर अरिसिंह के शरीर पर ॥ २ ॥ उतार (नोछावर) कर, राणा अरिसिंह के ही सेवकों को, जैसे इन्द्र यज्ञ समाप्त करके देवै तैसे दी, तिस पीछे सुख पूर्वक गन्ध लेने योग्य इत्र, चबाने योग्य सुवर्ण के वरक लगे हुए पान बीड़े ॥ ३ ॥ और श्रेष्ठ दो दांतोंवाला एक हाथी दिया, वह हाथी आकाश की ओर देखकर मस्तक घुमाता था सो मानों यह संकेत [इसारा] करता था कि युद्ध में मरकर स्वर्ग का यथेच्छ सुख भोगो ॥ ४ ॥ मेरे इन दोनों दांतों रूपी कीलों के सेवन से ठहरो तुमको मैं अभी स्वर्ग में फैंक देता हूं और यह संकेत करके अपने दोनों बड़े कानों को गीध पक्षी संपाति की भांति दिखाता था ॥ ५ ॥ तैसे ही वायु के समान शीघ्र चलनेवाले और अपने से पीछे रहजाने के कारण वायु की निर्बलता को अपने तीखे हींसने से सूचना करनेवाले दो घोड़े और सुन्दर नवीन वस्त्र ॥ ६ ॥ हीरा आदि रत्नों से जड़ाहुआ उत्तम मूल्य का भूषण (सिरपेच) इत्यादि चहुवाण (अजितसिंह) से लेकर, सीख लेकर सेना सहित अरिसिंह अपने डेरे गया ॥ ७ ॥

॥ इंद्रवज्रा ॥

आगत्य च प्रेषितवान् स्वकीयं दूतं स यत्राऽजितसिंहभूपः ॥
संदेशहारेण तदा यदुक्तं तच्छ्रूयतां रामधराऽधिनाथ ॥ ८ ॥

॥ उपजातिः ॥

चुण्डाउतो बेघमपुर्यधीशः समाख्यया नाम सिवाइमेघः१ ॥
अन्यस्तथा शंकरदुर्गनाथो२ राणाउतः स्वामिविरोधचञ्चुः ॥ ९ ॥
कन्हाउतो रामपुरश्च कोजू३स्तथा तृतीयो३ऽमरदुर्गभर्त्ता ॥
राणाउतश्चापि जलिंघरीशो४द्वेषानुगः साहसिकश्चतुर्थः४ ॥ १० ॥
चत्वार४एते भवदीयपक्षान्निरस्तशङ्का गणयंति नो नो ॥
वशेऽस्मदीये विनियोजनीया धूर्त्ताः खलास्ते भवता नियम्य ॥११॥
श्रुत्वेति दूतोक्तमुदारसत्त्वः श्रीरावराडाविरचीकथत्तम् ॥
चुण्डाउतैर्वेघमपत्तनेशैः कृतोऽस्मदीयो बहुधोपकारः ॥ १२ ॥
विस्मृत्य युष्माभिरतस्तदागः सम्मेलनीयः स सिवाइमेघः ॥
वयं हि मध्यस्थपदं दधानास्तमानयेम प्रसभं पुरस्तात् ॥ १३ ॥
राणाउतः शंकरदुर्गनाथः१ कन्हाउतश्चाऽमरदुर्गदुर्गी२ ॥

डेरे आकर राजा अजितसिंह के पास अपना दूत भेजा, उस दूत ने जो आकर कहा सो हे भूपति रामसिंह सुनो ॥ ८ ॥ वेघम का पति चुण्डाउत सिवाई मेघसिंह, दूसरा शंकरगढ का पति राणावत, स्वामी से विरोध करना ही है धन जिसके "व्याकरण में चञ्चु और चणप् प्रत्यय धन अर्थ में होते हैं" ॥ ९ ॥ तीसरा अमरगढ का पति, राम शब्द से पहिले है कोजू जिसके अर्थात् कोजूराम कान्हावत, चौथा द्वेष के साथ रहनेवाला हठी राणाउत जलिंघरी का पति ॥ १० ॥ ये चारों आपके पक्ष से निडर होकर हमको नहीं मानते हैं इस कारण आप इन दुष्ट धूर्तों को पकड़कर हमारे वश में करो ॥ ११ ॥ दूत के कहे हुए ये वचन सुनकर बडे पराक्रमी श्रीरावराजा ने स्पष्ट कहा कि वेघूं के पति चूंडाउतों ने हमारे पर बहुत उपकार किये हैं ॥ १२ ॥ इस कारण आप भी उसके अपराध को भूलकर सिवाई मेघसिंह के साथ मिलाप कर लो, हम बीच में पड़कर उसको बलात्कार (जबरीसे) आप के सामने ले आवेंगे ॥ १३ ॥ और शंकरगढ के पति राणाउत और अमरगढ के गढवाला [पति] कान्हाउत्त, ये

उभाऽवमू नः शरणागतौ तद्वयं न तद्विप्रियमाचरामः ॥ १४ ॥
अन्हाय यूयं कुरुत प्रकामं तौ जेतुमाजौ प्रततं प्रयत्नम् ॥
जलंधरीशं यमने यदीच्छा चमूं प्रयच्छंतु न मेत्र पक्षः ॥ १५ ॥
मत्कोट्टपालोऽपि गमिष्यतीतः सार्द्धं तया केशवरामनामा ॥
विजित्य तत्रत्यजनान् सलीलं निस्सारयिष्यत्युत नात्र चित्रम् ॥१६॥
श्रुत्वेति राणाः परिपंथिभावं गतोप्यऽमात्यं त्वमरादिचंद्रम् ॥
सम्प्रेषयामास जलिंधरीशं चतुःसहस्रेण४०००बलेन युक्तम् ॥१७॥
सकोट्टपालोऽपि नियोजितः संजगाम वेगादरिसिंहसिद्ध्यै ॥
जलिंधरीदुर्गनिवासिनो नॄन्निस्सारयामास ददौ च दुर्गम् ॥१८॥
राणाउताश्चाऽपि यथाप्रतिष्ठं प्रवेशिता बुन्ध्यवनौ सकांताः ॥
पश्चादपृष्ट्वाऽजितसिंहभूपं राणा गतः शंकरदुर्गभूतः ॥ १९ ॥

॥ इंद्रवज्रा ॥

खैरूणसंज्ञं पुरमध्यसंस्थं दग्ध्वाऽगमत्सोऽमरदुर्गभूमिम् ॥
वुध्वेति बुंदीपतिमाप्तकोपं सर्वेऽवदन्यत्रगतस्स राणाः ॥ २० ॥

दोनों हमारे शरण आये हैं इसकारण हम दोनों का बुरा नहीं करेंगे ।१४॥ आप उन दोनों को युद्ध में जीतने का उपाय शीघ्र करो और जलिंधरी को [यहां अजहत्स्वार्था लक्षणा से जलिंधरी के पति का ग्रहण है] कैद करने की इच्छा है तो इसमें मेरा पक्ष नहीं है ॥ १५ ॥ केशवराम नामक मेरा कोतवाल भी उस सेना के साथ जावेगा सो वहां के लोकों को लीला (सहज) से जीत कर निकाल देवेगा इस में कोई आश्चर्य नहीं है॥१६॥ यह सुनकर राणा ने शत्रु भाव को प्राप्त होकर उस प्रधान अमरचन्द को चार हजार सेना के साथ जलिंधरी भेजा ॥ १७ ॥ अरिसिंह की कार्यसिद्धि के अर्थ भेजाहुआ वह कोतवाल भी शीघ्र गया और जलिंधरी के गढ में रहने वाले मनुष्यों को निकाल कर गढ देदिया ॥ १८ ॥ और राणाउतों को प्रतिष्ठा के साथ निकाल कर स्त्रियों सहित बुन्दी के देश में प्रवेश कराया पीछे राजा अजितसिंह से बिना पूछे ही, राणा शंकरगढ की भूमि से गया ॥१९॥ फिर मार्ग में आये हुए खैरूणा नामक ग्राम को जलाकर वह राणा अमरगढ की भूमि में गया, इस बात को जानकर क्रोध में हुए बुन्दीपति को सब (उमराव और सचिवों) ने कहा कि जहां राणा गया है ॥ २० ॥ वहां हम लोगों

॥ उपजातिः ॥

गंतव्यमस्माभिरपीति वाक्यं निराकृतं भूपतिनाऽतु मेति ॥
न स्मः कदैवाऽनुचरास्तदीयाः पृष्टागतं नापि कुतोऽनुसारः ॥२१॥
योग्योस्मदीयो भवतीति वाचं ब्रुवन्नपीयाय भृशोक्त एभिः ॥
यातेन तत्राऽमरदुर्गभूमिं स्थितं समीपेऽमरचंद्रनाम्नः ॥ २२ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके उत्तरायणोऽष्टम ८ राशावजित सिंहचरित्रे राणाबुन्दीन्द्रशिविरागमनरावराट्तद्देहवसुधानीद्वयो २ त्तारणसुंगध १ ताम्बूल २ गज १ वाजि २ वस्त्र३ भूषा४ऽऽदिनिवेदनप्राप्तस्वपरस्त्यप्रेषितदूतराणाबेघम १ शंकरगढा २ऽमरगढजलिघरीशाऽदिनिग्रहणाऽर्थकथनहड्डेंद्रतदनूरीकरणजालिघरीविध्वंसनाऽबोधितबुंदीशराणाऽमरगढगमनस्वसुभटसचिवनितांतोक्तरावराट्तदनुकरणं सप्तमो मयूखः ॥ ७ ॥

आदितः ॥३४७॥

॥ गीर्वाणभाषा ॥ उपजातिः ॥

को भी चलना चाहिये, इन वचनों का राजा अजितसिंह ने निषेध किया कि हम उनके कभी अनुचर (नौकर) नहीं हैं जो वे तो विना पूछे ही गये और हम उनके साथ लगे रहे ॥ २१ ॥ यह बात हमारे योग्य नहीं है, ऐसे वचन बोलता हुआ उन उमराव और सचिवों के अत्यन्त कहने से तहां अमरगढ की भूमि में अमरचन्द के पास ठहरा ॥ २२ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के उत्तरायण के अष्टमराशि में, अजितसिंह के चरित्र में, राणा का बुंदीपति के डेरे आना और रावराजा का [राणा] के शरीर पर दो धन की थेलियों का नोछावर करना१ इत्र, पान, हाथी, घोड़े, वस्त्र, भूषण आदि नजर करना और राणा का अपने डेरे आकर अपना दूत भेजकर बेघम, शंकरगढ, अमरगढ, जलिघरी के पति आदि को पकड़ने के अर्थ कहलाना और हाडा के पति का उसको अस्वीकार करना २ जलिघरी का नाश करके बुन्दी के पति को विना जताये राणा का अमरगढ जाना३ अपने उमराव और सचिवों के अत्यन्त कहने से उनके सदृश करने[अमरगढजाने]का सातवां मयूख समाप्त हुआ ॥७॥ और आदि से तीनसौ सैंतालीस३४७ मयूख हुए ॥

अत्रापि यातोऽमरचंद्रशर्मा पुरो नृपस्याऽस्य तथाप्यतुष्टः॥
दृष्ट्वैवमाशु प्रजगाद बुंदीपतिर्मया गम्यत अद्य बुंदी ॥ १ ॥
श्रुत्वेतिभूपोऽप्यमरेंदुना द्रागवीवदत्प्रेषित अद्य दूतः ॥
यदुच्यते तेन विधाय कार्यं तद्गम्यतां स्वं नगरं यथेच्छम् ॥२॥
ततो गतौ स्वस्वनिकेतनं तौ संप्रैषयद्दूतमथोऽरिसिंहः ॥
उक्तं च तेन स्फुटमेत्य भूपं निवेद्यतां बिल्लहटाख्य आशु ॥ ३ ॥
ग्रामोऽस्मदीयस्तत एतु बुंदीं निशम्य धीरोऽजितसिंह इत्थम् ॥
अचीलपत्तत्र तु दुर्गमेकं कृतं मया चौरनिरोधनाय ॥ ४ ॥

॥ इंद्रवज्रा ॥

तद्वप्रदेशे स्वशयान्मयाऽपि क्षिप्ता शिलाऽयासभृता प्रसह्य ॥
तस्मात्क्षमध्वं बलचौरसंघाद्देशे वयं वोऽवनमाचरामः ॥ ५ ॥
ग्रामोऽपरस्तद्द्विगुणो यथेच्छं संगृह्यतां वा नियमो विधेयः ॥
एतावतो वित्तसमुच्चयस्य प्रत्यब्दमस्ति ग्रहणेन तुष्टिः ॥ ६ ॥

॥ उपजातिः ॥

श्रुत्वेति न स्वीकृत एषु पक्षो राणाऽरिसिंहेन कदाऽपि कोऽपि॥

यहां अमरगढ में भी अमरचन्द शर्मा इस राजा अजितसिंह के सामने गया तोभी इसको देखते ही अप्रसन्न होकर बुन्दी के पति ने कहा कि मैं आज ही बुन्दी जाता हूं ॥ १ ॥ यह सुनकर महाराणा ने भी अमरचन्द द्वारा शीघ्र ही कहलाया कि आज दूत भेजा है सो वह जो कहे उस कार्य को करके पीछे यथेच्छ अपने नगर को जाओ ॥ २ ॥ तिसपीछे दोनों अपने डेरे में गये तब अरिसिंहने दूत भेजा उसने राजा ने स्पष्ट कहा कि हमारे बीलहटा नामक ग्राम शीघ्र नजर करो तब बुन्दी जाओ, यह सुनकर धीर अजितसिंह ने कहा कि वहां पर तो मैंने चोरों को रोकने के अर्थ किला बनवाया है ॥ ३ ॥ ॥ ४ ॥ इस देश में दुष्ट चोरों का समूह होने के कारण मैंने इसके कोट की नीम में बडे परिश्रम और हठ के साथ अपने हाथ से पत्थर डाले हैं इस कारण से क्षमा करो हम आपकी प्रीति चाहनेवाले हैं ॥ ५ ॥ इस से द्विगुण[दुगना] दूसरा ग्राम आपकी इच्छा होवे सो लेवें वा कोई ऐसा नियम कर लेवें कि प्रतिवर्ष इतने रुपये लेने से आप प्रसन्न होवेंगे ॥ ६ ॥ यह सुनकर राणा अरि

उक्तं च नास्मत्कथनेन यर्हि प्रदीयते सन्धिभिरात्तशस्त्रैः ॥ ७ ॥
निवेद्यतां संवसथः स एवेत्येवं वचो जातविवृद्धमन्युः ॥
श्रीरावराजाऽजितसिंहवर्मा तदा बभूव प्रलयाऽर्कचण्डः ॥ ८ ॥
ततश्च तद्वत्सर १८२९ एव चैत्राऽसिते दले पूर्व१दिनेऽवशिष्टे ॥
घटीत्रये३ घोटसुखाऽनुभूत्यै बहिर्जगामोद्धतदर्पराणाः ॥ ९ ॥
अर्वाधिरूढश्चहुवाणभूपोऽप्यगाच्च तत्रैव महेन्द्रकल्पः ॥
हत्वा शशौ द्वौ२ स्वबलेन युक्तौ तारागणैश्चन्द्रमसाविवान्यौ॥१०॥
सुरैः सुरेशाविव शुद्धसत्वौ समुद्यता आगमनाय सद्म ॥
तथाऽऽहवेच्छू अमलायताक्षौ यथाऽऽगतौ दिग्विजयाय सज्जौ ॥

॥ मालिनी ॥

हतदिनपतिकान्त्योः सङ्गमोऽसम्भविष्णु
स्तरणिज इव लोकेऽपूर्वजन्येकहेतुः ॥
अपिच पदकृतोऽपि भ्रान्तिकृत्पण्डितानां

सिंह ने इनमें से एक भी बात को स्वीकार नहीं की और कहा कि यदि हमारे कहने से नहीं देते हो तो उस गाम को शस्त्रधारी सिन्धियों से देना, इन वचनों से बड़े क्रोध में आया हुआ रावराजा अजितसिंह प्रलय के प्रचण्ड सूर्य के समान हुआ ॥ ७ ॥ ८ ॥ जिस पीछे उसी सम्वत् १८२९ में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा के दिन दो पहर में (मध्यान्ह में) तीन घड़ी दिन बाकी रहे घमंड के साथ राणा घुड़दौड़ करने को बाहर गये ॥ ९ ॥ घोड़े पर चढकर इन्द्र के समान रावराजा भी वहीं गया वहां दो खरगोशों को मारकर अपनी अपनी सेना के साथ जैसे तारागण के साथ चन्द्रमा होवे तैसे ॥ १० ॥ जैसे देवताओं के साथ इन्द्र होवे तैसे, निर्मल बड़े नेत्रोंवाले, दिग्विजय के अर्थ तैयार होवे तैसे युद्ध की इच्छावाले दोनों राजा डेरे आने को तैयार थे ॥ ११ ॥ हत की है सूर्य की कान्ति जिन्होंने उन दोनों का संगम असंभव वाला है, यमराज की भांति लोकों में अपूर्वता का एक कारण है, देखो पदों में संगम किया है सो भी पण्डितों को भ्रांति करनेवाला है, क्योंकि भू धातु से इष्णुच् प्रत्यय वेद में होता है सो यहां लोक में किया है यही भ्रांति करनेवाला है "कौमुदी कर्ता भी इसके समाधान में 'निरंकुशाः कवयः' यही लिखते हैं" निश्चय

मृगपतिरपि सङ्गादत्र यातो मुधैकः ॥ १२ ॥
भवति विपुलताऽतो ह्यर्थसङ्कल्पनातो
विविधबुधमनस्सु प्रत्ययानां तथाहि ॥
तदुभय २ नृपतिभ्यां क्षिप्रदेशान्तरित्वे
व्यवहृत इह बोध्ये द्वन्द्वलाभः प्रतिष्ठाम् ॥ १३ ॥
इतिमतिशतकारी तत्त्वबोधैकहारी
सुरपुरपटुनारीकामनासम्प्रचारी ॥
सकलसकलधारी स्वर्विहारोपकारी
समजनि जनिताऽरिव्रातनिःशेषकारी ॥ १४ ॥
अवददमलबुद्धिर्बुन्द्यधीशो महात्मा
भवितरि दिन एता वांभविष्याहं तु ॥
गमनमिह विधेयं तथ्यमाज्ञाप्य राज
न्निति विविधवचांसि प्रश्रुतान्यश्रुतानि ॥ १५ ॥
नरपतिररिसिंहः कारयामास नैवं

अजितसिंह रूप सिंह के साथ से अरिसिंह अकेला वृथा आया ॥१२॥ जैसे पण्डितों के मन में विविध अर्थ की कल्पना से प्रत्ययों की विपुलता होती है, तैसे ही इसके अर्थ की कल्पना से विपुलता होती है. बोध्य (जनाने योग्य)को व्यवहार में लाने से दोनों का लाभ और प्रतिष्ठा होती है, जिसको दोनों राजाओं ने दूसरे देश में फेंक दिया है॥ १३ ॥ इसप्रकार सैकड़ों मति (बुद्धि) करनेवाला, तत्त्वबोध (ज्ञान) का हरण करनेवाला, स्वर्ग की चतुर स्त्रियों की कामना का प्रचार करनेवाला, सम्पूर्ण रीति से, सगुण शिव को धारण करनेवाला, तथा सब कलाओं से युक्त सबको धारण करनेवाला, जो जन्म से ही शत्रु हैं उनके समूह को निश्शेष (नाश) करनेवाला ॥ १४ ॥ निर्मल बुद्धिवाला महात्मा बुन्दी का पति बोला कि मैं तो आगामि दिन[कल] को जानेवाला हूं सो हे महाराज यहां पर ठीक आज्ञा देकर जाओ इत्यादि अनेक वचनों को सुने अनसुने किये और न दोनों नेत्रों से राजा अजितसिंह को देखा. तिस पीछे राणा के किसी सेवक चत्री ने कठोर वचन कहा कि आगामि दिनमें तुम्हारा जाना कैसे होवेगा ॥ १५ ॥

न च नयनयुगेनाऽदर्शि भूपोऽपि तेन ॥
तदनु परुषवाचं क्षत्रियः कश्चिदूचे,
कथमुत गमनं स्यादागतोऽस्ति त्वदीयम् ॥ १६ ॥
उदयपुरनरेशो निर्बलो बुध्यते किं
तदनु च रणशीलाः सिन्धिनः किं न दृष्टाः ॥
नयनपथमुपेतैर्दुस्सहं भीरुहड्ड
त्वयि सति यवनैस्तैरावृतेऽधोदुकूले ॥ १७ ॥
समलशमलमुक्ति चक्रिष्यस्यपि द्रा-
गिति कटुतरवाग्भिस्तर्जयन्तं स्वकीयम् ॥
नहि नहि वचनानां पात्रमेषां धरारा-
डिति किमपि स नोचेऽक्षाऽरिसिंहश्च शृण्वन् ॥ १८ ॥
निजनिलयमुपेतं मुक्तपन्थानमारा-
दुदयपुरनरेशं प्राऽवदद्बुन्दधीशः ॥
भवति जिगमिषाऽतः श्रीमता मुक्तिमिच्छं-
स्थित इह पुर एवाऽस्मीति चाऽन्यच्चकार ॥ १९ ॥
यवननयप्रवृत्तो यः शिरःस्पर्शरूपो-
मुजरविति करेणा क्रीयतेऽकारि सोऽपि ॥

